K^2 *bēdha* ,, K^3 *buḍā samunda samīru.*

156. Ics *puni rājā.* K *jau rājā.* 2. K *piai curu ēka lēī.* Icd *jō tehi parai.* Ia K *pãtha paraga.* U *patha paiga na dēī.* 3. Ia *jahi kē mana.* Is UK *hia mãhā.* 5. Is *jaga*

kāṭhī. 6. Ia pōtai hiā—jasa dīā. Ic janu dīā. Id hoi dīā. Is barai jō hīā. U b… dīā. K tehi dīā. 7. K^2 biraha sīka hoi. 8. U mada jō prēma kā. Is kiē dīpa. 9. I… taba lagi. K pataŋga jau.

157. Id second half *kila kila uṭhā dēkhi ḍaru.* Is has *kala kalā* and *kala kal…* throughout. U and K *kilakilā*, &c. P are not vocalised. 2. Ia *puni uṭhai.* Id second half *gā ḍhīraja wei dēkhi hilōrā* (mixing up this and the preceding line. U *kilakilāi kai uṭhai.* 3. Ia UK *hoi bahurai.* U *jōjana dasa.* K *jōjana sai.* 4. Ia *saraga kahā̃.* Ib and U have *saraga lahu.* 5. Ia *mahā̃ta arāmbha.* Ia UK *samū̃da mā̃ha.* Ia *mahana arambha.* U *mahānarambha.* K *mahānāra samū̃da.* 6. Ib *jaisai bhawā̃i.* K *jōjana sai ... jānahu phirai.* Ia K *paralai* in both instances,—*jabahī̃, tabahī̃.*

158. 1. Ias *āi sata.* K *samudra sata hīe na ḍōlā.* 2. Ia *siŋghala-pantha jo.* 3. Is K *kalakalā.* K *sọ lāgai tīrū.* 4. Ia UK *asa rēkha.* Iac N *ninārā.* 5. Ib *tē̃tisa sahasa kōsa kai.* Id U *kai bāṭā.* K *ati sā̃kara cali sakai ko bāṭā.* 6. Ids K *paini jahā̃ tāī̃.* K *jā kai paturāī.* 7. Ibs make this the second line of the set. Ia *aisē ṭhāū̃.* K^2 *ehī ṭhāū̃ kō guru sā̃ga kijay | guru sā̃ga hōi pāra tau lījai ||* K^3 *aisē ṭhāū̃ gurū sā̃ga kījai | guru sā̃ga hōi pāra tau dījai ||* Icd U and K have a different line, *viz*:—

Ic	*ihai pantha saba kāhū jānā*	*hōi dusara bisuāsa nidānā* ||
Id	*wahī* ,, ,, ,, ,,	,, ,, *punu swāsa* ,, ||
U	,, ,, *jānā saba kāhū*	*wahī pāntha mā̃ha hōi nibāhū* ||
K	,, ,, ,, ,, ,,	,, ,, *jau* ,, ,, ||

8. U *ōhī.* K *hāihai nirāsahi āsa.*

159. In Ia This set of *caupais* comes immediately after No, 148. It is omitted by U. 1. Is *sura saba hōhu.* 2. Ia *ṭhākura jehi ka sūra jia hōī | sēwaka tehi ka niḍara jia sōī ||.* Ic *mana hōī.* 3. Ia second half, *sira saū̃ dēi ughāri na kā̃dhā.* K *sira lē dēi bhāra nahi kā̃dhā* 5. Ia *au baikū̃tha saū̃ nāhina kājū.* Ia *naraka hutē̃.* 6. Id *nēha pā̃tha.* Ia *āni pantha ehi lāwā.* K *jō mohi ihai pantha lagāwē* (*pāwē* at end of preceding hemistych). 7. *kāṭha lāgi gāḍhahu ohi ḍhīlā | būḍaū̃ samū̃da,* &c. Is *kō tehi kōha gārha kā ḍhīlā |* K has *jō kichu likhā sōi pai hōī | au saba mithā̃ karai jō kōī ||* 8. K *kahi samū̃°.* 9. Ic *kōi kachū* Id K *kou.*

160. Ic *bīju para.* Id *parachāhī̃.* Is *bīju asa.* K *koi camakai bijulī parachāhī̃.* U has *kou* or *kōu* throughout. 2. Ia *kōi calā baila.* K *baila asa wārū.* 3. Ia *bhāra saū̃.* Ic *bhāra tehi.* Id *bhāra bhai.* Is *bhāra lāī̃.* U *garua jāni kai thākā.* K *jāni mana.* 4. Ia *pōhī kara.* Ia *sira mā̃°.* U *kōū būḍi.* K *kōī būḍi gaē gali mā̃ṭī.* 5. Ia K *jasa ḍōlā.* Ic *para ḍō°.* Ids *jyau ḍō°.* U *sama ḍō°.* 6. K *kōī phirai.* UK *phirā karai.* K^2 *kōī karari pāta janu ḍōlā |* K^3 *kōī karahī pāta para ḍōlā |* 8. K *kōi milā adharāti.* 9. The following are the readings—

Ia	*jā kara*	*jasa huta sāū̃ nija*
Ib	,,	*jō huta sāju jasa*
Ic	,,	*sāju jaisa huta*
Id	,,	*huta jasa sāju*
Is	,,	*jaisa sāju hōta*
U	,,	*huta jasa khēwā*
K	,,	*hōta sāju jasa*
K^2	,,	*hatā sāju jasa*
K^3	,,	*jaisā sāja huta*

Id *tehi ghāṭa.* K *sō āwā tehi.*

161. 2. U *bhayau hulāsa hiē tana chāwa.* K *purī tana chāwā.* 4. U *asta astaī* Is and K have *astu.* No vowels in P. K *andha jo rahai.* 5. Ia *kawā̃la bigāsata bigas. dēhī.* Ic *bhawā̃ra bāsa hoi.* U *kamala bigāsa taisa bhā hīā | bhawā̃ra kamala mili kai rasa pīā ||* K *bhawā̃ra darasa.* 6. *kirīrā* P do not vocalise, exc. B. which has کریرا *karērā.* All N have किरौरा. K^2 K^3 *karīrā.* Ia K *cugahī ratana.* 8. Ia *bāsa lēhi ohi āi.* U *līnha kamala rasa bāsa.* 9. Ia K *sūkhā kāṭha cabhāi.* U *dādara b…na kai sakā bhalē jo āchai pāsa.*

.2. 1. Ib has this line No. 3. Its first line is given below. Icd *dina ūā.* 2. Ia .a *tana.* 3. Icd *sirāna sarīrū.* 5. Id *gagana kahā̃.* 6. Iab *au sō kacapaci bhaeu sā.* K *tehi para pūniu sasi.* 7. K last hemistych, *sabahi ṭhāũ ūā janu tāra* ||. 9. . *aisa bāsa jaga.* U *tasa saba lakhai subhāu.* K *jasa īchā jehi kē mana sō tahawā̃ gau pāu* ||. Ib substitutes for this set of caupāis the following—

Cau.|| *Rājai disiṭi pantha naga dēkhī* | *bhai pāthara saba mōrī tēkhī* ||
kā lei karaũ pāra nirabhāra | *taba jo līnha kā karia bhā̃ḍārā* ||
kachu mohi hātha lāga jō chā̃ḍā | *ṭhāwahī ṭhāu rahā saba gāḍā* ||
siddha purukha saba jā saũ bhāgē | *jeī sētē̃ tahā̃ hātha na lāge* ||
asthira hōī bhāra so khā̃cā | *panthī lei pātha jia na bā̃cā* ||
sātau parabata kie gā hāthā | *sāta-u gurū duhū̃ jaga sāthā* ||
kawā̃la lāga bhawā̃rā jasa garahī | *maku jiu jāi bēgi nahi tarahī* ||
Do.|| *Dhana au daraba mōra padumawati* *haũ bēdhā jehi pēma* |
sāta-u samū̃da dēaũ nechāwara *milaũ tau jaba taba pēma*||162*a*||

Cau.|| *Sāta samū̃da jasa pantha bakhānī* | *sāta-u nā̃ghi dīpa niarānī* ||

pawana bāsa, &c., as in text; besides this first line given here, all the seven *caupāis* (making eight in all) of the text are given.

163. 1. Iac *tuī.* 3. Is K *machīdura.* 4. Is *pēma tū̃.* K *bhūmi akāsū.* 5. Ia UK *bijurī kanaka.* Ic *bijurī loai.* Id *bijurī ghaṭai.* Ib has *kanai*, with v. l. on margin *loai.* 6. Ia *tehi sasi ēka ka°* ...... *mandila.* Id *mōtī naga.* 7. Ia *nakhata ahai.* Id *ū̃cha āsā.* U *nakhata āchi.* 8. U *aura tarāini pāsa.* K *gagana tarāī pāsa.* 9. Ia UK *tū̃ rabi āū.*

164. 1. Iac *kara gā na pahū̃°.* Id *kara khāni pahū̃°.* Is *kāna.* U *nayana dēkha pai kara na pahū̃°.* K *dēkha magu jā na pa°.* 3. U *dhāi bāju saũ mānusa sūdhā.* 4. Ia U *cā̃da sūra.* Ia *ā̃taricha.* 5. Ia U *mārā cakara āi bhuī rahā.* 6. Iad UK *nidānā.* 7. Is U *pāni uṭhā uṭhi.* K *mēgha uṭhā uṭhi.* 8. *rāwana saũha bilōkatahi.*

165. 2. UK *budhi ēka.* U *pahilaī darasana hō taba bhōgū.* 3. U *maṇḍapha.* 4. Iac K *waha khikhinda* (see ii, 1) *parabata jasa* (K *tasa*) *mērū.* Is *yaha khā̃ḍa hai jasa.* U *waha khaṇḍahi sō parabata.* Icd *taba phērū.* U *tasa phē°.* K *asa phē°.* 6. Ias K *pūjai āi* U *āu.* K *sabai sansārū.* 7. Ia *darasa merā°.* K *hoihai ehi bidhi.* 9. Ids UK *pūjihi mana kai āsa.*

166. 1. Iad U *gagana caḍhi dhāwaũ.* K *parbata kahā saraga para dhā°.* 2. Iad *pāū̃.* 3. UK *mō mana oha ū̃cē kara cāū̃* | K second half *dina dina ū̃cē rākhaũ pāū̃*||. 4. K *nāū̃* for *pāū.* 5. Ia UK *ū̃ca sēia darabārū.* 6. Iad K *caḍhata.* Iad *ū̃ca budhi bū°.* UK *ū̃cai rā̃dhi ū̃ca mati* (K *budhi*). 7. Iad U *ū̃ca kāja jīu.* 8. U *ū̃cai kara.* K *ū̃cai mana.* Iab K insert the following here. It is evidently not genuine—

Cau.|| *nīcai sā̃ga niti hōi nicāī* | *jaisai hansa kāga kai nāī* ||
nīcai kaba-hū̃ na hōi bhalāī | *nīcai saũ ṣaba jāi muḍāī* ||
nīca na kaba-hū̃ jia mauna rākhai | *nīca na kaba-hū̃ mū̃ha saũ bhākhai* ||
nīca na kaba-hū̃ āwai kājā | *nīcai rahai na ēka-u tājā* ||
nīcai saũ sā̃ga kaba-hū̃ kījai | *nīca pantha pāu nahī dījai* ||
nīcai nahi lījia bewahārū | *nīcai nāhi dījia bhā̃ḍārū* ||
nīca ṭhāũ na bā̃dhia ghārā | *nīcai ṭhāũ būḍa jala mārā* ||
Do.|| *hōī nīca na kaba-hū̃* *jehi ū̃cai mana bhāu* |
nīca jo ū̃ca bināsahī *nīca ka ihai subhāu* ||

There are minor differences of reading which it is not necessary to quote.

167. 2. K *kai parabōdha caleu parabātā.* 3. Ic U *mā̃ḍapha.* 4. Ia *amī sadā phara pharai apū°.* Is *ā̃brita karī phara.* Is UK *au bahu lāga.* 5. Ic U *maṇḍapha*, and so always. This spelling will not be recorded again.

168. 1. N K² and K³ *sahasa bīsa.* 4. Iads *kā mohi.* Ic *kā tumha.* Ic *kā lahi.* UK *kā maī.* 6. K *hōhu dayāla niraguna ke dātā.* 7. K *tū dēnihāra nirāsinha āsā* | *purawanihāra dēna sukha bāsā* ||. 8. Iacd UK *vidhi kahai na.*

(बेटा,) राज्य, पाट (सिंहासन), स्थान वा फौज, और (सब पुर के) ... (ये सब) तुम्हीं से उज्ज्वलित हैं, अर्थात् तुम्हारे-ही से इन सब की शोभा है, ... दुलहा के बरात की शोभा नहीं होती। (सो मेरे बुढापे की ओर निहार कर, ... विनती को स्वीकार करो। यहीं) बैठ कर (इसी स्थान के सुख) भोग को रस मान ... अर्थात् यहाँ के जो सुखोपभोग हैं, उन्ही को सुरस समझो। (पद्मावती के रस-भोग की लालसा में फँस कर, घर बार को विध्वंस कर, ऊपर कहे हुए सब पदार्थों को) अँधेरे में कर, न चलो, अर्थात् तुम घर के चिराग हो, तुमारे बाहर होते-ही सब अँधेरे में पड, तडप तडप और कलप कलप, विकल हो, मर जायँगे, सो इन को अनाथ कर आप न जाइये॥ १३१॥

चउपाई।

मोहिँ यह लोभ सुनाउ न माया। का कर सुख का कर यह काया॥
जो निआन तन होइहि छारा। माटी पोखि मरइ को भारा॥
का भूलउँ एहि चंदन चोवा। बइरी जहाँ अंग के रोवाँ॥
हाथ पाउँ सरवन अउ आँखी। ए सब भरहिँ आपु पुनि साखी॥
सूत सूत तन बोलहिँ दोखू। कहु कइसइ होइहि गति मोखू॥
जउ भल होत राज अउ भोगू। गोपिचंद नहिँ साधत जोगू॥
उह-उ सिसिटि जउ देख परेवा। तजा राज कजरी-बन सेवा॥

दोहा।

देखि अंत अस होइहइ गुरू दीन्ह उपदेस।
सिंघल-दीप जाब मइँ माता मोर अदेस॥ १३२॥

माया = माता, वा राज्यादि सुखोपभोग सामग्री। काया = काय = शरीर। निआन = निदान = अन्त में। तन = तनु = शरीर। छार = क्षार = भस्म। माटी = मृत् = मट्टी। पोखि = आपोष्य = पोषण कर = पाल कर। भारा = भार = बोझा। का = क्व = क्या। भूलउँ = भूलूँ। चोवा = च्युत द्रव्य = चुवा कर जो सुगन्ध द्रव्य बने। बइरी = वैरी = शत्रु। अंग = अङ्ग। रोवाँ = रोम = रोआँ। हाथ = हस्त। पाउँ = पावँ = पाद = पैर।

श्रवण = कान। आँखी = अचि = आँख। भरहिँ = भरती हैँ = पूरी करती हैँ। आप = स्वयम्। पुनि = पुनः = फिर। साखी = साची = गवाही। सूत सूत = सूत्र सूत = एक परिमाण (१०६ दोहे की टीका देखो)। दोखू = दोष। कछु = हो। होइहि = होगी। गति = प्राप्ति। मोखू = मोच। जउ = यदि। गोपिचंद = गोपी-चन्द = एक बंगाले का राजा। साधत = साधते। जोगू = योग। उह-उ = सोऽपि = वह भी। सिसिटि = सृष्टि = संसार। जउ = जो = यदा = जब। देख = देखा। परेवा = पराये को। वा, परेवा = पारावत, यहाँ साधारण पची। कजरी-बन = कज्जलि-वन, वा कदली-वन। सेवा = सेवन किया = रहने लगा॥ अंत = अन्त। अस = एतादृश = ऐसा। होइहइ = होगा। गुरू = गुरु। उपदेस = उपदेश = शिचा = ज्ञान। जाब = जाऊँगा। अदेस = आदेश = कथन = कहना॥

(राजा ने कहा, कि) माता मुझे यह लोभ न सुना, वा मुझे इस माया का लोभ न सुना (जो, कि पिछले दोहे में विस्तार-पूर्वक वर्णित है)। (क्योँकि यह संसार का सुख और शरीर चण-भङ्गुर हैँ, सो) किस का सुख और किस की शरीर है, अर्थात् न किसी का सुख और न किसी की शरीर है, सब नाशवान् हैँ; उस की भूल है जो अपना समझता है॥ जब (निश्चय है, कि) तनु अन्त में (एक दिन) चार हो जायगी, (तो) कौन (ऐसा मूर्ख है, जो इस) मट्टी का पालन कर, बोझे से मरे, अर्थात् शरीर को लालन पालन से मोटी कर, केवल बोझा बढाना है, और कुछ फल-सिद्धि नहीँ॥ (और जो तैँ ने चन्दन-चोवे का पिछले दोहे में वर्णन किया, सो मैँ) इस चन्दन-चोवे में क्या भूलूँ, अर्थात् नहीँ भूल सकता, (क्योँकि) जहाँ, अर्थात् जिस चन्दन-चोवे के लेपन में, अङ्ग के रोएँ वैरी हैँ, अर्थात् लेपन में भी सुख नहीँ है, जहाँ असावधानी ऊई, कि मर्दन से रोएँ टूटे, फिर बरतोर की पीडा से लेपन का सुख सूखा, और हाय हाय पडी। यहाँ रोवाँ में अर्द्ध-चन्द्र होने से अनुप्रास का भङ्ग 'नानुस्वारविसर्गौ चित्रभङ्गाय' (वाग्भटविरचितकाव्यानुशासन १ अध्याय) इस वचन से नहीँ होता। अनुप्रास इत्यादि सब चित्र काव्य-ही में परिगणित हैँ जैसा, कि साहित्यदर्पण के चतुर्थपरिच्छेद में लिखा है—

'प्रधानगुणभावाभ्यां व्यङ्ग्यस्यैवं व्यवस्थिते।
उभे काव्ये ततोऽन्यद्यत्तच्चित्रमभिधीयते॥'

(हे माता), हाथ, पैर, कान और आँख, ये सब इन्द्रियाँ फिर आप साची भरती

हैं, अर्थात् मनुष्य के पाप-पुण्य को सदा साक्षी देने के लिये देखा करती हैं. २८।
रूत रूत पर (सब अङ्ग) इस तनु में दोष-ही बोलते हैं, अर्थात् शरीर के प्रति
दुष्ट-ही कर्म करने की चाह रखते हैं, (तो भला) कहो (कि) कैसे मोक्ष-प्राप्ति हो
(सो, हे माता, सुन तो सही) यदि राज्य और (सुख) भोग भले होते, अर्थ.
इन्हीं से यदि जीव निस्तार पा जाता, (तो) (राजा) गोपी-चन्द (इन को त्याग कर
योग न साधते, (क्योंकि जब सुखोपभोग-ही से मोक्ष-प्राप्ति हो तो कौन ऐसा मूर्ख है
जो, कि अतिकष्ट-साध्य योग-साधन में शरीर को तपावे)। गोपी-चन्द बङ्गाले के
एक राजा थे, भर्तृहरि की बहिन मैनावती इन की माता थी; इस प्रकार भर्तृहरि के
भैने गोपी-चन्द हुए। गोरख-नाथ ने जिस समय भर्तृहरि को ज्ञानोपदेश दिया था,
उसी समय मैनावती भी गोरख-नाथ से दीक्षा ली थी, और गोरख-नाथ के अनुग्रह से
समझ लिया था, कि संसार की विषय-वासना में फँसने से इस जीव का निस्तार
नहीं हो सकता। मैनावती बङ्गाले के राजा से व्याही गई थी, और इस को एक पुत्र
गोपी-चन्द और एक कन्या चन्द्रावली ये दो सन्तान हुए थे। चन्द्रावली का विवाह
सिंहल-द्वीप के राजा उग्र-सेन से हुआ था। पिता के मर जाने पर गोपी-चन्द बङ्गाले
का राजा हुआ, और सुख विलास करने लगा। एक दिन पुत्र के शरीर की शोभा
निरख, मैनावती ने सोचा, कि संसार की विषय-वासना में फँस जाने से मेरे पुत्र की
यह कान्तिमान् शरीर इस के पिता के शरीर की नाईं नष्ट भ्रष्ट हो जायगी। सो पुत्र को
बुला कर, ज्ञानोपदेश दिया, कि बेटा, यदि अमर हो कर, जीवन-मुक्त हुआ चाहो, तो
जलन्धर-नाथ से, जो इस समय रमते रमते भाग्यवश तेरी वाटिका में आ उतरे हैं,
शिष्य हो, योग साधन करो। इस पर गोपी-चन्द को ज्ञान हुआ, और राज-पाट छोड
कर, जलन्धर-नाथ से दीक्षा ले योग साधन के लिये कज्जलि-वन (कदली-वन) चला
गया, और सिद्ध हो गया, और पीछे से अपनी बहिन चन्द्रावली को अति विनती से
उसे भी दीक्षा दे कर, योगिन बनाया। गोरख-पंथियों के सम्प्रदाय में जब कोई चेला
हो कर, नया योगी बनता है, तब पहले गुरु की यह आज्ञा होती है, कि अपने घर
जा कर, अपनी पत्नी को माता कह कर, अन्न-भिक्षा माँगो, और जब वह देने लगे,
तब उस से 'पुत्र भिक्षा लो' यह कहवा कर, भिक्षा ग्रहण करो। इस प्रकार वह नया
योगी भिक्षा ले कर, उस भिक्षा को जब गुरु को देता है, तब गुरु को विश्वास होता
है, कि इस से योग सधेगा। सो जिस समय नया योगी हो, योग के सब चिन्ह

शृङ्गी, सेली, गुदरी, खप्पर, कर्ण-मुद्रा, कौपीन, कमण्डलु, भस्म (राख), ॱर, झोला इत्यादि को धारण किये, गोपी-चन्द प्रधान पट्ट-रानी पाटम-देवी से ॱ माँगने के लिये आया है; उस समय पाटम-देवी और उस से जो जो बातेँ ॱ हैँ, उन को संप्रति योगी लोग नाना प्रकार की गीतोँ मेँ गाया फिरते हैँ। ॱङ्गतेरे ऐसे मनोहर स्वर से गाते हैँ, कि उस करुणामय-वृत्तान्त को सुनने से सहृदय पुरुषोँ के नयनोँ से आँस की धारा बहने लगती है। योगियोँ से गीतोँ का संग्रह कर, आज कल बहुत लोगोँ ने कुछ अपनी कल्पना से हेर फेर कर, इस कथा को पुस्तकाकार मेँ छपवा भी डाला है। गोपी-चन्द को एक कन्या थी; भिक्षा माँगने की वेला मेँ इस ने भी बहुत माया कर, चाही थी, कि पिता मेरा योग तज दे। यद्यपि योगी लोग अपनी गीतोँ मेँ गोपी-चन्द को बङ्गाले का राजा कह कह कर, गाया करते हैँ, तथापि बङ्गाले मेँ इस कथा का अल्प, और और-ही प्रकार से प्रचार होने से (मानिक-चन्द्र-राजार गान* और पूरण-प्रसाद का छपवाया गोपी-चन्द, की कथा देखो), और राजपुताने और मालवा प्रान्त मेँ इस आख्यायिका का विशेष कर प्रचार होने से मुझे ऐसा अनुमान होता है, कि यह गोपी-चन्द राजपुताने वा मालवे का कोई राजा रहा हो तो आश्चर्य नहीँ। इतिहास-वेत्ताओँ को इस का पूरा पता लगाना चाहिए॥ वह (गोपी-चन्द ने) भी जब देखा, कि (यह संसार की) सृष्टि पराई है, वा पक्षी के सदृश (जो एक स्थान पर स्थित नहीँ रहते, इधर उधर उडा फिरा करते हैँ) है, (तब) राज को तजा (और योग साधने के लिये) कदली-वन का सेवन किया॥ देहरा दून से ले कर हृषीकेश, वदरिकाश्रम, और उस के उत्तर के हिमालय के प्रान्त सब कजरी-वन कहे जाते हैँ। संस्कृत मेँ इस वन को कदली-वन कहते हैँ। लोक मेँ इसी कदली का अपभ्रंश कजरी हो गया है। इस वन मेँ केले (कदली) के वृक्ष विशेष कर के हैँ, इसी से इस का नाम कदली-वन पडा। इस वन मेँ हाथी बहुत रहते हैँ, और यह सिद्धोँ के रहने का स्थान है। विना सिद्ध हुए मनुष्य इस वन मेँ नहीँ प्रवेश कर सकता। इस वन मेँ आज तक अमर-स्वरूप हनुमान् जी सुख से विश्राम करते हैँ। द्रौपदी के सहित पाण्डव लोग जब वदरिका-श्रम मेँ पहुँचे हैँ, तब नर-नारायण के दर्शन करने पर छ रात्रि तक वहाँ ठहरे थे। उसी समय वायु मेँ उडता हुआ एक सहस्र-पत्र का कमल सुगन्ध से भरा द्रौपदी के

* J. A. S. B., Vol. xlvii, 1878, Part I, pp. 135 and ff.

दृष्टि-गोचर हुआ। द्रौपदी इस कमल को पा कर, बहुत प्रसन्न हुई और भी [29.1]
प्रार्थना की, कि नाथ इस कमल के अनेक और पुष्प ले आइये। इस पर भी
ढूंढने चले। मार्ग में हनुमान् जी मिले।

(स भीम-सेनस्तच्छ्रुत्वा सम्प्रहृष्टतनूरुहः।
शब्दप्रभवमन्विच्छंश्चचार कदली-वनम्॥
कदली-वन-मध्यस्थमथ पीने शिलातले।
ददर्श स महाबाहुर्वानराधिपतिं तदा॥
भारत वन-पर्व, १४६ अध्याय, श्लो० ७५-७९)

हनुमान् जी ने भीम-सेन से कहा, कि इस वन में आगे सिद्धों के विना गति नहीं।

(अतः परमगम्योऽयं पर्वतः सुदुरारुहः।
विना सिद्ध-गतिं वीर गतिरत्र न विद्यते॥
देवलोकस्य मार्गोऽयमगम्यो मानुषैः सदा।
कारुण्यात् त्वामहं वीर वारयामि निबोध मे॥
भा० वन-प०, १४६ अ०, ९२-९३ श्लो०)

अन्त में हनुमान् और भीम-सेन से परस्पर परिचय होने से हनुमान् की कृपा से भीम-सेन ने कुवेर की वाटिका में उस पद्म के अनेक पुष्पों को पाया। भारत, वन-पर्व, अध्याय १४५-१५६ में इस की सविस्तर-कथा लिखी हुई है। प्रसिद्ध है, कि अश्वत्थामा, बलि, व्यास, हनुमान्, विभीषण, कृपाचार्य और परशुराम ये सात चिर-जीवी इसी कदली-वन में रहते हैं। इस वन में अमृत-फल होते हैं॥ इस वन में कज्जल के ऐसे हाथी बहुत रहते हैं इसी कारण कदाचित् किसी ने इस का नाम कज्जलि-वन रक्खा हो। परन्तु इस नाम का कहीं पता नहीं लगता। इसी कदली-वन के अन्तर्गत-ही शिमला है, जो कि आज कल यहां पर ग्रीष्म में यूरोप के वासियों का प्रधान-स्थान है॥

अन्त में (सब की दशा) ऐसी-ही होगी, अर्थात् सब नष्ट हो जायँगे, (इस बात को) देख कर, गुरु (शुक, वा ध्यान में 'सिद्ध होइ कहँ गोरख कहा' इस से गोरख-नाथ) ने (मुझे) उपदेश दिया है। (सो) मैं सिंहल-दीप (अवश्य) जाऊँगा (और), हे माता, (यही) मेरा कहना है, अर्थात् यही मेरी आप से विनती है; आप मेरी माता हैं, सो विघ्न न पडिये, हर्ष से वहाँ जाने के लिये आज्ञा दीजिये॥ १३२॥

चउपाई ।

नाग-मती रनिवासू । कोइ तुम्ह कंत दीन्ह बन-बासू ॥
ो हमहिँ करिहि भोगिनी । हम-हूँ साथ होब जोगिनी ॥
हम लावहु अपनइ साथा । कइ अब मारि चलहु सइँ हाथा ॥
म्ह अस बिछुरइ पीउ पिरीता । जहवाँ राम तहाँ सँग सीता ॥
जब लहि जिउ सँग छाड न काया । करिहउँ सेव पखरिहउँ पाया ॥
भलेँ-हि पदुमिनी रूप अनूपा । हम तइँ कोइ न आगरि रूपा ॥
भवँइ भलहिँ पुरुखन्ह कइ डीठी । जिन्ह जाना तिन्ह दीन्ह न पीठी ॥

दोहा ।

देहिँ असीस सबइ मिलि तुम्ह माथइ निति छात ।
राज करहु गढ चितउर राखहु पिअ अहिवात ॥ १३३ ॥

रोअहिँ = रोअइ (रोदिति) का बहु-वचन । नाग-मती = रत्न-सेन की प्रधान पट्ट-रानी । रनिवासू = राज्ञी-वास = रनिवास = अन्तःपुर, यहाँ अन्तःपुर में रहने-वालीं और रानियाँ । कंत = कान्त = मनोरम पति । बन-बासू = वन-वास । को = कः = कौन । करिहि = करेगा । भोगिनी = भोग जिस को हो, अर्थात् भोग करने-वाली । साथ = सार्थ = सङ्ग । होब = होँगी । जोगिनी = योगिनी = योगिन । कइ = की = या तो । लावहु = लगावो । अपनइ = अपने । मारि = मारयित्वा = मार कर । सइँ = से । बिछुरइ = विच्छुडति = बिछुडता है । राम = अयोध्या के राजा, जगत्प्रसिद्ध रावण-संहार-कर्त्ता । सीता = जो सीत, अर्थात् हल के अग्र से भूमि जोतने की वेला उत्पन्न हुई, मिथिलेश जनक की मानी हुई पुत्री, जो रामायण की कथा से जगत्प्रसिद्ध है । करिहउँ = करूँगी । सेव = सेवा = टहल । पखरिहउँ = पखारूँगी = पखारइ (प्रचालयति) का भविष्यत्-काल । पाया = पाद = पैर । पदुमिनी = पद्मिनी = पद्मावती । अनूपा = अनुपमा । तइँ = तैँ = से । कोइ = कोऽपि पुंलिङ्ग में, यहाँ कापि = कोई । आगरि = अग्रा = श्रेष्ठा = आगरी = बढ कर । रूपा = रूप में । भवँइ = भ्रमति = घूमती है । पुरुखन्ह = पुरुख (पुरुष) का बहु-वचन । डीठी = दृष्टि । जिन्ह = जिन्हँ = यान् = जिन को । जाना = जानइ (जानाति) का भूत-काल । तिन्ह = तिन्हँ = तान् = तिन के प्रति । दीन्ह = देइ (ददाति)

का भूत-काल = दिये। पीठी = पृष्ठ = पीठ॥ देहिँ = देइ का बहु-वचन।
आशिष् = आशीर्वाद। मिलि = मिलित्वा = मिल कर। राखहु = राखइ (रक्षा
लोट लकार में मध्यम-पुरुष का बहु-वचन। पिअ = प्रिय = पति। अहिवात
आधिपत्य = सौभाग्य = सोहाग॥

नाग-मती (और) रनिवास की और रानियाँ रोती हैँ, (और कहती हैँ, कि) हे कान्त, आप (तुम्ह) को किस ने वन-वास दिया, अर्थात् किस ने ऐसा बहकाया, कि (राम-चन्द्र के ऐसा) राज छोड कर, योगी हो चले॥ (सो) अब हम-लोगोँ को कौन भोगिनी करेगा, अर्थात् अब हम-लोग किस के संग भोग-विलास करेँगी। (सो हे नाथ,) हम-लोग भी (आप के) साथ योगिन होँगी॥ (हम-लोगोँ की प्रार्थना है, कि) या तो हम-लोगोँ को अपने साथ लगावो, अर्थात् अपने साथ ले चलो, या अब, अर्थात् अभीँ, (अपने) हाथोँ से (हम-लोगोँ को) मार कर, (तब) चलो, अर्थात् जावो॥ (क्योँकि) आप ऐसे प्रीति के करने-वाले (पिरीता = प्रीति-कर्त्ता, वा पिरीता = प्रीतः = प्रसादितः) हमारे-लोगोँ की सेवा से प्रसन्न प्रिय (पीउ) (जब) बिछुडते हैँ, (तब यहाँ आप के विना हम-लोगोँ का क्या काम, (क्योँकि) जहाँ राम तहाँ संग मेँ सीता (का रहना भी उचित है), अर्थात् जहाँ आप तहाँ हम-लोगोँ का भी रहना नीति-संमत है॥ (हे प्राण-प्रिय, हम-लोग मार्ग मेँ आप को तनिक भी कष्ट न देँगी, किन्तु) जब तक शरीर के संग को जीव न छोडेगा, अर्थात् जब तक जीती रहेँगी, (आप की) सेवा करेँगी (और थकने पर धूल से भरे आप के) पैरोँ को धोयेँगी॥ (मान लिया, कि) भले से, अर्थात् अच्छी तरह से पद्मावती का रूप अनूप हो, (परन्तु, नाथ, निश्चय जानिये, कि) रूप मेँ हम-लोगोँ से बढ कर कोई नहीँ है॥ (रानियाँ विनय करती करती हार गईँ, तब आपस मेँ कहती हैँ, कि आश्चर्य है कि) पुरुषोँ की दृष्टि (तुरन्त-ही) भलहिँ, अर्थात् अच्छी तरह से, घूम जाती है, अर्थात् फिर जाती है, (और पुरुषोँ का विलक्षण स्वभाव है, कि) जिन (पदार्थोँ) को जान लिया, अर्थात् समझ लिया, कि ये मेरे योग्य हैँ, तिन (पदार्थोँ) के लिये पीठ नहीँ दिये, अर्थात् उन की लालसा मेँ पुरुष-लोग प्राण तक दे देते हैँ परन्तु पीछे नहीँ हटते॥

सब मिल कर आशीर्वाद देती हैँ, (कि नाथ,) आप के माथे के ऊपर नित्य छत्र लगा करे, अर्थात् आप सर्वदा राजा बने रहेँ। (सो) (प्राण-)प्रिय, (हम-लोगोँ

अभ्यर्थना है, कि) चित्तौर गढ का राज्य कीजिये, (बाहर योगी बन, वन वन
(ये) (और हम-जोगोँ का) अहिवात रखिये ॥ १३३ ॥

चउपाई ।

तुम्ह तिरिआ मति हीन तुम्हारी । मूरुख सो जो मतइ घर नारी ॥
राघउ जो सीता सँग लाई । राश्रोन हरी कउन सिधि पाई ॥
यह संसार सुपन जस मेरा । अंत न आपन को कोहि केरा ॥
राजा भरथरि सुनि न अजानी । जेहि के घर सोरह सइ रानी ॥
कुचन्ह लिए तरवा सोहराई । भा जोगी कोउ संग न लाई ॥
जोगिहि कहा भोग सउँ काजू । चहइ न मेहरी चहइ न राजू ॥
जूड कुरुकुटा पइ भखु चहा । जोगिहि तात भात सउँ कहा ॥

दोहा ।

कहा न मानइ राजा तजी सबाई भीर ।
चला छाडि सब रोअत फिरि कइ देइ न धीर ॥ १३४ ॥

तिरिया = स्त्री । मति = बुद्धि । हीन = अल्प = कम । मूरुख = मूर्ख = बेवकूफ । मतइ = मत करता है = सलाह करता है । घर = गृह । नारी = स्त्री से । राघउ = राघव = दश-रथ के पुत्र, राम । सीता = राम-पत्नी । लाई = लगाई = लिया । राश्रोन = रावण = लङ्का का प्रसिद्ध राजा । हरी = हरइ (हरति) का भूत-काल । कउन = क्व नु = कौन । सिधि = सिद्धि । पाई = पावइ (प्राप्नोति) का भूत-काल । सुपन = स्वप्न = सपना । जस = यथा = जैसा । मेरा = मेला = जहाँ बहुत से लोग एकट्ठे होते हैं । को = क्व नु = कौन । कोहि केरा = किस का । भरथरि = भर्तृहरि = संवत्-कर्त्ता-प्रसिद्ध उज्जयिनी के राजा, विक्रम के छोटे भाई । सुनि = सुनी = सुनइ (शृणोति) का स्त्री-लिङ्ग में भूत-काल । अजानी = अयानी = अज्ञानिनी । सोरह = षोडश । सइ = शत = सै । रानी = राज्ञी । कुचन्ह = कुच (स्तन = छाती) का बहु-वचन । तरवा = पाद-तल = तल-पाद । सोहराई = सोहरावइ (सु-हारयति) का भूत-काल । भा = अभूत् = भया = हुआ । जोगी = योगी । जोगिहि = योगी को । कहा = क्व हि = क्या = किम् । काजू = कार्य = काम । चहइ = (चदति वा चतति) = चाहता है । चह परिकल्कने । (कल्कनं शाठ्यम् ।

इति सिद्धान्तकौमुद्याम्) धातु दुष्ट होने के अर्थ में है, इस लिये चहति से बनना अर्थासङ्गति होता है। परन्तु प्राकृत में जाने से धातुओं का अर्थ बदल भी इस लिये दहइ (दहति), सहइ (सहते), वहइ (वहति), उजहइ (उज्जहाति) के चहति से चहइ का होना विशेषत: संभव है। बहुतों के मत से इस का मूल इच्छ और बहुतों के मत से पाली चघति, जिस का गमन अर्थ है, है। मेहरी = मेहर (कृपा करने-वाली = स्त्री। राजू = राज्य। जूड = जड = जूडा = ठंढा। कुरुकुटा = कर्कर: = खर कतवार मिला। पइ = अपि = निश्चय। भखु = भक्ष्य = भक्षण = भोजन। चहा = चहइ का भूत-काल। तात = तप्त = गर्म। भात = भक्त ॥ मानइ = मन्यते = मानता है। तजी = तजइ (त्यजति) का स्त्रीलिङ्ग में भूत-काल। सवाई = सर्वापि = सभी। भीर = भीरु = भय से, अर्थात् राजा के विना हम-लोगों की क्या गति होगी, इस भय से डरी ऊई रानियाँ। छाडि = आछुद्य = छोड कर। रोअत = रोती ऊई। धीर = धैर्य ॥

(रानियों के विनय करने पर राजा ने कहा, कि) तुम लोग स्त्री हो, तुमारे लोगों को कम बुद्धि होती है, (और) वह (सो) मूर्ख है जो घर में (बैठ) नारी से सलाह करता है ॥ (तुम लोग सीता-राम का जो दृष्टान्त दिया उस का वृत्तान्त सुनो) जो राम ने सीता को संग लिया, (तो उस सीता को) रावण ने हर लिया (सो बे-चारे राम उसी के ढूँढने में समय को बिता दिया; योगी बनने पर भी) कौन सिद्धि को पाया, अर्थात् विना सिद्ध ऊए जैसे गये थे, वैसे-ही घर लौट आये; यदि सीता को न ले गये होते, तो अवश्य निश्चिन्त हो पर-ब्रह्म के ध्यान से सिद्धि को प्राप्त करते ॥ (सो) यह संसार वैसा-ही है जैसे स्वप्न का मेला, अर्थात् जैसे कोई सपने में देखे, कि किसी मेले में हैं, जहाँ लाखों मनुष्य एकट्ठे हैं, फिर आँख खुलने पर वह मेला झूठा ठहर जाता है, और वह मनुष्य अकेला-ही खाट पर पडा, अनेक बाट पर मन दौडाया करता है। उसी प्रकार इस संसार में जो अनेक भाई, बन्धु, धन, दारा देख पडते हैं, वे सब अन्त में कोई भी अपने नहीं हैं, अर्थात् यदि वे सब अपने होते तो अन्त में प्राण छूटने पर अवश्य अपने साथ चलते। (सो रानी-लोग, निश्चय समझो, कि अन्त में) कोई किसी का नहीं, (सब कोई जैसे अकेला आता है, उसी प्रकार अकेला-ही हाथ पसारे उठ जाता है, एक तिनका भी कोई अपने साथ नहीं ले जा सकता) ॥ (तुम-लोग) अयानी हो, वा हे अयानी, (तुम लोगों ने) राजा भर्तृहरि को नहीं सुना है, जिस के घर में सोरह से रानियाँ थीं ॥ (और वे सब

स्तनों को लिये (उन्हीं स्तनों से रात दिन राजा भर्तृहरि के) तरवे को रगड़ा करती थीं, (परन्तु राजा भर्तृहरि ने एक सेवा को भी न स्वीकार किया) योगी हो गया, (और) किसी (रानी) को संग न लिया॥ धारा नगरी के राजा गन्धर्व-सेन की चत्रिया स्त्री से शङ्ख, विक्रम, और भर्तृहरि, तीन पुत्र थे। राजा के मरने पर बड़ा पुत्र शङ्ख राजा हुआ। कुछ दिन बीते अवसर पा कर विक्रम, अपने विक्रम से शङ्ख को मार, आप राजा हुआ। विक्रम, बहुत वर्षों तक राज-सुखोपभोग कर, अपने छोटे भाई भर्तृहरि को राज्य का भार सौंप, आप संसार के चरित्रों को देखने के लिये देशाटन करने को चला गया। भर्तृहरि राज्य को पा कर खूब विषय-वासना में भूले; सोरह से रानियों से विवाह किया, जिन में अनूपा-देवी, चम्पा-देवी, पिङ्गला, और श्याम-देवी, ये प्रधान हैं। राजा के नगर में एक ब्राह्मण तपस्या करता था; तपः-सिद्धि होने पर उस के देवता ने एक अमर-फल दिया और कहा, कि जो इसे खायगा वह सदा अमर हो कर, युवा बना रहेगा। ब्राह्मण फल को ले कर घर आया और इस वृत्तान्त को अपनी ब्राह्मणी से कह सुनाया। ब्राह्मणी वृत्तान्त को सुन कर, बहुत रोई और कहने लगी, कि इस दरिद्रावस्था में फल खा कर, और अमर हो कर, अनन्त-काल तक मानापमान धो कर, भिक्षा माँगते माँगते, इधर उधर ठोकर खाना पड़ेगा, जिस से भला मैं मर जाना समझती हूँ। सो आप इस फल को किसी धनी के हाथ बँचिये, जिस से अधिक धन मिले, और हम लोगों का सुख से जीवन निवहे। ब्राह्मण इस बात को सुन कर, राजा भर्तृहरि के पास गया, और उस फल का माहात्म्य सुनाया। राजा ने लाख रुपये पर उस फल को खरीदा। सन्ध्या समय उस फल को लिये राजा श्याम-देवी के घर आया, और फल की महिमा सुना कर, कहा, कि तुम मेरी सब रानियों से प्यारी हो, इस लिये मैं तुम्हें यह फल देता हूँ, और तुम इसे खा जाना; खा जाने से तुमारा यह मनोहर यौवन ऐसा-ही मनोहर बना रहेगा। श्याम-देवी राजा के कोतवाल से मिली थी। राजा के चले जाने पर उस ने अपना प्राण-प्रिय समझ, उस फल को कोतवाल के हवाले किया, और कहा, कि इस के खाने से तुम सदा अमर हो कर ऐसे-ही जवान बने रहोगे। कोतवाल उस फल को लिये अपने घर आया, और एक वेश्या को, जिसे वह प्राण से भी अधिक चाहता था, दिया, और कहा, कि इस के खाने से तेरा यह मनोहर रूप ऐसा-ही अचल मनोहर बना रहेगा। वेश्या उस फल को लिये अपने घर आई,

२९.

और सोचने लगी, कि इस फल को खा कर, अमर और अजर हो कर, अ॰ तक व्यभिचार दुराचार से कहाँ तक पाप की गठरी भारी करती रहूँगी, सो॰ यह, कि यह फल राजा को दूँ। इस बात को मन में ठान, वह राजा भर्तृह॰ पास गई, और फल-स्तुति के साथ उस फल को राजा के कर कमल में समर्पण किय॰ राजा ने फल को पहचाना, और वेश्या को बहुत सा धन दे, विदा कर, महल ॰ जा, श्याम-देवी से पूछा, कि तुम ने उस फल को क्या किया; उस ने सहज स्वभाव से हँस कर, मनोहर वाणी से कही, कि आप का प्रसाद समझ कर, आदर-पूर्वक खा गई। इस पर राजा ने रानी को फल देखा कर, लज्जित किया, और संसार की यह गहन लीला देख, अपने को, तथा रानी इत्यादि को—

'यां चिन्तयामि सततं मयि सा विरक्ता सा चान्यमिच्छति जनं स जनोऽन्यसक्तः।
अस्मत्कृते च परितुष्यति काचिदन्या धिक् तां च तं च मदनं च इमां च मां च॥'

इस श्लोक से धिक्कार देता हुआ, राजा पाट छोड, संसार से विरक्त हो, गोरख-नाथ से दीक्षा ले, योगी बन, देश विदेश फिरने लगा। एक दिन चाँदनी रात में भर्तृहरि-योगी ने राह में पडे हुए तथा चमकते हुए उज्ज्वल थूँक को रुपया समझ, उठाने के लि॰ झुक कर, हाथ फैलाया, और जब नीचे की ओर निकट दृष्टि पहुँची तब थूँक ॰पहचान कर, हाथ को हटा लिया, और अपनी तृष्णा को धिक्कार देता—

'भ्रान्तं देशमनेकदुर्गविषयं प्राप्तं न किञ्चित् फलं
त्यक्त्वा जातिकुलाभिमानमनिशं सेवा कृता निष्फला।
भुक्तं मानविवर्जितं परगृहे श्वाऽऽशङ्कया काकवत्
तृष्णे जृम्भिणि पापकर्मनिरते नाऽद्यापि सन्तुष्यसि॥'

इस श्लोक को बनाया। राजा भर्तृहरि संस्कृत के बडे पण्डित थे। इन्हों ने व्याकरण के ऊपर बहुत कारिका बनाई है, और संस्कृत में इन के बनाये नीति-शतक, वैराग्य-शतक, और शृङ्गार-शतक सर्वत्र बहुत-ही प्रसिद्ध हैं। ऊपर का प्रथम-श्लोक नीति-शतक और दूसरा वैराग्य-शतक का है। योगी लोग, जो सारंगी बजा कर, इन की गीत गाया करते हैं, उन के मत से इन के योगी होने की ऐसी कहानी है, कि रानी श्याम-देवी ने इन से एक दिन कहा, कि आप राजा हैं, परन्तु आप को शिकार खेलते कभीँ नहीँ देखा। इस पर एक दिन राजा शिकार खेलने के लिये वन में गया। वहाँ एक काले मृग पर जैसे-ही बाण को साधा तैसे-ही उस की

कहा, कि राजा इसे मत मारो, इस के मारने से हम लोग राँड हो जायँगी। ने मृगी की बात अनसुनी कर, उस कारे मृग को मार डाला। इस पर मृगी ने दिया, कि इस को मार कर, आप ने जैसा मुझे अनाथ किया, इसी प्रकार तीन न के बीच में आप के योगी होने से आप की सब रानियाँ अनाथ हो जायँगी। निदान राजा उस कारे मृग को मार कर, घर ले चला। राह में गुरु-गोरख-नाथ को देख कर, बडे आदर से दण्डवत् किया। इस पर बडे क्रोध से गोरख ने ललकारा, कि तैँ ने इस काले मृग को मार कर, सत्तर मृगियोँ को राँड बनाया। सो तूँ महा पापी है, तेरा दण्डवत् मैँ नहीँ स्वीकार करता। इस पर भर्तृहरि ने व्यङ्ग से कहा, कि आप तो बडे सिद्ध हो, इस मरे मृग को जिलाय क्योँ नहीँ देते, जिस से मेरा पाप कट जाय। गोरख ने भर्तृहरि को राज-मद में भूला समझ, अपना परिचय देने के लिये, झोली से एक चुटुकी भभूत निकाल, मरे मृग के ऊपर फँका। फँकते-ही वह मृग सजीव हो, चौकडी भरने लगा। इस आश्चर्य को देख, राजा गोरख के पैरोँ पर पडा, और उन से दीक्षा ले, घर बार छोड, योगी हो गया। राजा योगी हो कर, जिस समय अपनी रानी श्याम-देवी को माता कह कर, अन्न-भिक्षा माँगने लगा है, और रानी से विनय करने लगा है, कि हे रानी, तुम मुझे पुत्र कह कर, अन्न-भिक्षा दे दो, बाजी योगियोँ के मुख से उस समय की मनोहर गीत बहुत-ही प्यारी मालूम होती हैँ। सुनने से रोएँ खडे हो जाते हैँ, रुलाई आने लगती है॥ (राजा रानियोँ से कहता है, कि) योगी को भोग से क्या काम। (योगी) न स्त्री चाहता है, न राज्य को चाहता है॥ (किन्तु) निश्चय कर के ठंढा (और रूखा सूखा खर कतवार मिला भोजन चाहता है। योगी को गर्म भात से क्या काम॥

राजा (किसी का) कहना नहीँ मानता है, सभी (रोती और डरती) रानियोँ को तज दिया। सब रोती हुई (रानियोँ) को छोड कर चला, (ऐसा निठुर हो गया, कि) फिर कर, (रानियोँ को) धीरज भी नहीँ देता है, (कि घबडावो मत, कुछ दिन बीते सिंहल की सैर कर, मैँ फिर आप लोगोँ से आ कर, मिलूँगा और सुख-भोग करूँगा)॥ १३४॥

चउपाई।

रोअइ मता न बहुरइ बारा। रतन चला जग भा अँधिआरा॥
बार मोर रज बाउर-रत्ता। सो लेइ चला सुआ परबत्ता॥

रोअहिँ रानी तजहिँ पराना। फोरहिँ बलइँ करहिँ खरि
चूरहिँ गिउ-अभरन अउ हारू। अब हम का कहँ करब सिँग
जा कहँ कहीँ रहसि कइ पीऊ। सोई चला का कर यह जी
मरइ चहहिँ पइ मरइ न पावहिँ। उठइ आगि सब लोग बुझावहिँ
घरी एक सुठि भएउ अँदोरा। पुनि पाछइ बीता होइ रोरा॥

दोहा।

टूट मनइ नउ मोती फूट मनइ दस काँच।
लीन्ह समेटि सब अभरन होइ गा दुख कर नाँच॥ १३५॥

रोअइ = रोदिति = रोती है। मता = माता = मा = महतारी। बहुरइ = अवहोलति = वहोलति = बहुरता है = फिरता है। बारा = बाल = बालक। रतन = रत्न = रत्न-सेन। चला = चलइ (चलति) का भूत-काल। भा = अभूत् वा अभवत् = भया = हुआ। अँधिआरा = अन्धकार। बार = बाल = बालक = बेटा। मोर = मेरा। रज = रजस् = रजो-गुण। बाउर = वातुल = बौरहा। रत्ता = रक्त = संसक्त। बाउर-रत्ता = वातुल-रक्त = बौरहे के ऐसा रक्त (वातुलवत्-रक्तः)। सुआ = शुक = सुग्गा। परबत्ता = पर्वतीय = पर्वत का। पराना = प्राण। फोरहिँ = फोरइ (स्फोटयति) का बहु-वचन। बलइँ = वलय = कङ्कण, यहाँ कङ्कणाकार काँच की चूरी। खरिहाना = खड-स्थान = धान्य-राशि रखने का स्थान = खरिहान = जहाँ धान्य को काट कर एकट्ठा करते हैँ। चूरहिँ = चूरइ (चूर्णयति) का बहु-वचन। गिउ-अभरन = ग्रीवा-आभरण = गले का गहना, झमेल, हँसुली, टीक, दुलरी, तिलरी, इत्यादि। हारू = हार = मोतियोँ की माला। करब = करैँगी (प्राकृत करअव्वम् = कर्त्तव्यम्)। सिँगारू = शृङ्गार। रहसि = रहस = क्रीडा। कइ = कर। पीऊ = प्रिय। जीऊ = जीव। मरइ = मरना। चहहिँ = चहइ = (चहति) का बहु-वचन। कोई इच्छति कोई पाली चघति से चहइ बना है ऐसा मानते हैँ (२५७ पृष्ठ देखो)। पइ = अपि = यहाँ परन्तु। उठइ = उत्तिष्ठते = उठती है। आगि = अग्नि। बुझावहिँ = बुझावइ (बोधयति) का बहु-वचन। घरी = घटी = घडी। सुठि = सुष्ठु = अच्छी तरह से। अँदोरा = आन्दोलन = कोलाहल। पाछइ = पश्चात् = पीछे। बीता = बीतइ (व्यत्येति) का भूत-काल। रोरा = रोरुदा = अति-रोदन॥ टूट =

(...स्फुट्यति) का भूत-काल। मनइ = मण = मन = चालीस सेर का एक परिमाण। नव = नौ। मोती = मौक्तिक = मुक्ता। फूट = फूटइ (स्फुट्यति) का भूत-काल। (...)ट = समेत्य = बटोर। अभरन = आभरण। दुख = दुःख। नाँच = नाट = नृत्य॥

(रत्न-सेन की) माता रोती है (परन्तु) पुत्र (बालक) (रत्न-सेन) नहीँ फिरता है, (सो) रत्न-सेन (सिंहल की ओर) चला, (जिस से) जग, अर्थात् चित्तौर गढ, मेँ अँधेरा हो गया॥ (माता रो रो कर कहती है, कि जो) मेरा बेटा रजो-गुण मेँ, अर्थात् हाथी घोडे इत्यादि के सुखोपभोग मेँ, बौरहे के ऐसा रक्त था; सो (उस को यह) पर्वत का शुक (हीरा-मणि) (बहका कर) ले चला॥ रानी लोग रोती हैँ, (अपने) प्राण को तजती हैँ, अर्थात् तजा चाहती हैँ। (और) चूरियोँ को फोरती हैँ, (और उन चूरियोँ के चूर का) खरिहान करती हैँ॥ (छाती पीट पीट कर) ग्रीवा के आभरण और हार को चूर करती हैँ। (और रो रो कर, उच्च-स्वर से विलपती हैँ, कि) अब हम लोग किस के लिये (का कँह) शृङ्गार करँगी॥ जिस को खेल कूद कर, प्रिय प्रिय कहा, वही (रत्न-सेन) चला। (सो अब) यह जीव किस का है, अर्थात् किसी का नहीँ है। अब इस जीव के रहने से कुछ फल नहीँ, इस को शरीर से बाहर-ही कर देना उचित है, क्योँकि सच्चा जीव-रूप पति-ही जब चला तो इस अधम जीव के रखने से क्या फल॥ (इस प्रकार मन मेँ सोच विचार, हाय मार मार, सब रानियाँ) मरना चाहती हैँ, अर्थात् मरने के लिये छूरी माङ्गर लेती हैँ, परन्तु (क्या करेँ) मरने नहीँ पातीँ। (जब पति-विरह की दुःसह) आग (हृदय मेँ) उठती है (जिस के ज्वाला को न सह कर सब मरना चाहती हैँ, उस समय) सब लोग (नाना प्रकार की सीता, दमयन्ती) संबन्धिनी कथा को कह कह कर, उस विरहाग्नि को) बुझा देते हैँ॥ (निदान राजा के चले जाने पर) एक घडी तक बडा कोलाहल हुआ (जहाँ देखो, तहाँ रोदन-ही के शब्द)। फिर पीछे महा-रोदन हो कर, बीत गया, अर्थात् सब कोई रो विलप कर, शान्त हो गये। ईश्वर की प्रबल इच्छा समझ, 'हरेरिच्छा गरीयसी' इस सिद्धान्त को सत्य विचार, लोगोँ ने हृदय मेँ धीरज को बाँध लिया॥

(रानियोँ के विकल हो कर, हार और चूरियोँ के तोडने फोडने से) नव (...) मोती टूटी, (और) दश मन काँच, अर्थात् चूरी, फूटी। (सब रानियोँ ने और ...)॥ आभरणोँ को समेट लिया, अर्थात् अङ्ग से उतार, अलग कर दिया। (...)त्ता॥

चित्तौर गढ में) दुःख का नाँच हो गया, अर्थात् सर्वत्र ऐसा राजा के शोक छा गया, जानों दुःख नट का वेष कर, चारो ओर नाँच रहा है। जहाँ तहाँ हाय हाय मच रही है॥ १२५॥

चउपाई।

निकसा राजा सिंगी पूरी। छाडि नगर मेला होइ दूरी॥
राए रंक सब भए बिओगी। सोरह सहस कुअँर भए जोगी॥
माया मोह हरी सइँ हाथा। देखेन्हि बूझि निआन न साथा॥
छाडेन्हि लोग कुटुँब सब कोऊ। भए निनार दुख सुख तजि दोऊ॥
सवँरइ राजा सोई अकेला। जेहि रे पंथ खेलइ होइ चेला॥
नगर नगर अउ गाउँहि गावाँ। चला छाडि सब ठाउँहि ठावाँ॥
का कर घर का कर मढ-माया। ता कर सब जा कर जिउ काया॥

दोहा।

चला कटक जोगिन्ह कर। कइ गेरुआ सब भेसु।
कोस बीस चारि-हुँ दिसि। जानउँ फूला टेँसु॥ १३६॥

निकसा = निकसइ (निष्कसति, कस गतौ भ्वादि) का भूत-काल। सिंगी = शृङ्गी = हरिण के सींग का बाजा। पूरी = पूरइ (पूरयति) का स्त्री-लिङ्ग में भूत-काल। मेला = मिला = मिलइ (मिलति) का भूत-काल। होइ = भूत्वा = हो कर। दूरी = दूर। राए = राय = राजा, अर्थात् छोटे राजा। रंक = रङ्क = दरिद्र। बिओगी = वियोगी। सोरह = षोडश। सहस = सहस्र = हजार। कुअँर = कुमार = राज-कुमार। जोगी = योगी। हरी = हरइ (हरति) का स्त्री-लिङ्ग में भूत-काल। देखेन्हि = देखइ (बौद्धों के संस्कृत में द्रक्ष्यति = पश्यति) का भूत-काल में बहु-वचन। बूझि = बुद्धा = बूझ कर = समझ कर। निआन = निदान = अन्त में। साथा = सार्थ = संग। छाडेन्हि = छाडइ = छोडति (छुडति) का भूत-काल में बहु-वचन। लोग = लोक = प्राणी। कुटुँब = कुटुम्ब = घर के लोग। निनार = निरालय = निराल = अलग। सवँरइ (स्मरयति) = स्मरण करता है। अकेला = एकाकी = एकलः (प्राकृत एक + इल्ल स्वार्थे)। खेलइ = खेलति।

...थ । गाउँ = गावँ = ग्राम । ठाउँ = ठावँ = स्थान । मढ-माया = मठ-माया = ...यों विभव = घर का ऐश्वर्य ॥ गेरुश्रा = गैरिक । भेसु = वेष = सूरत । कोस = क्रोश । ...) = विंशति । फूला = फूलद (फुल्लति) का भूत-काल । टेँसु = पलास ॥

...जा राजा (घर से बाहर) निकसा (और) सिंगी को पूरा, अर्थात् बजाया, (और) ...गर को छोड कर, दूर हो कर, अर्थात् नगर छोड, दूर जा कर, (साथियोँ से) मिला ॥ (राजा की नगरी में जितने) राय और रङ्क थे, सब वियोगी भये, अर्थात् सब राजा के वियोग से व्याकुल हो कर, घर-बार से मन मोर, वैराग्य धारण किये। (और) सोरह हजार राज-कुमार (राजा के संग) योगी हुए ॥ (सब राज-कुअँरोँ ने) माया और मोह को हाथ से हर लिया, अर्थात् योग की लालसा से माया और मोह को अपनी मुट्ठी मेँ कर लिया, (और) अन्त मेँ समझ बूझ कर (ज्ञान-दृष्टि से राज-कुअँरोँ ने) देख लिया, [कि इस असार संसार मेँ (अन्त मेँ किसी का) साथ नहीँ है। सब कोई साथ छोड देँगे, अकेले-ही उस ईश्वर के यहाँ जाना पडेगा। इस से उत्तम है, कि जो लोग अन्त मेँ मेरे संग को छोडँगे, मैँ पहले-ही से उन लोगोँ का संग तजूँ] ॥ (यह सोच विचार कर के) सब किसी ने कुटुम्ब लोगोँ को छोड दिया। (और इस प्रकार से ज्ञान-चक्षुषा सब सुख-दुःख को असार समझ, सब राज-कुअँर विरक्त हो, ईश्वर मेँ मन को लगा कर) दुःख और सुख दोनोँ को तज कर, (संसार से) अलग हो गये ॥ राजा (रत्न-सेन) अकेला उसी को (सोई) स्मरण करता है, जिस के मार्ग मेँ चेला हो कर, खेलता है, अर्थात् कवि कहता है, कि रे (मन, वा प्रेमी जन,) राजा जिस पद्मावती के लिये गुरु का चेला बन कर, मार्ग मेँ खेलता है, अर्थात् बौरहे के ऐसा नाचते कूदते चल रहा है; हृदय मेँ अकेला, अर्थात् केवल उसी पद्मावती को स्मरण करता है, अर्थात् सब से परे प्रकृति-रूप परब्रह्म पद्मावती-ही को मान कर, उसी के ध्यान मेँ निमग्न हो रहा है ॥ (राजा) सब को छोड कर, नगर नगर, और गावँ गावँ, और स्थान स्थान, चला, अर्थात् पद्मावती के ढूँढने के लिये नगर से नगर, गावँ से गावँ, और स्थान से स्थान को, चला ॥ (महम्मद कवि कहते हैँ, कि जब हृदय की आँख खुल गई तो निश्चय हो गया, कि) किस का घर और किस की मठ-माया, अर्थात् घर की सम्पत्ति। सब कुछ तिस का है, जिस का, कि जीव और शरीर है, अर्थात् जिस सच्चिदानन्द का दिया यह जीव और शरीर है, उसी का सब कुछ है। जो अपना कहे, सो झूठा और संसार की माया मेँ भूला हुआ है ॥

सब गेरुए रंग का वेष कर, अर्थात् गुदरी इत्यादि सब पहिरावा गेरुए से रंग कर, योगियों की (सोरह हजार कुअँरों की) सेना चली। (उस घडी ऐसी शोभा जानों बीस कोस तक चारो ओर पलाश फूला हुआ है। फूल लगने की बेर पलाश के पत्ते सब झड जाते हैं, बहुत दिनों तक पलाश-वन में चारो ओर फूल ललाई-ही अनल-ज्वाला के ऐसी दिखाई देती है; इसी पर बिहारी ने अपनी सत-सई में उत्प्रेक्षा किया है, कि

'फिरि घर कौं नूतन पथिक चले चकित चित भागि।
फूल्यौ देखि पलास-बन समुहैं समुझि दवागि॥'
(लाल-चन्द्रिका, दोहा ५६७)

पत्तों के झड जाने पर टेँसू जो फूलता है, उस पर किसी कवि ने अन्योक्ति से पलाश से पत्ते का उलाहना देना कहा है, कि

'सीत सहे बरषा सहे आतप सहे पचास।
हम बिछुडे तुम फूलिहो ऐसे मीत पलास'॥

इस पर पलाशान्योक्ति यह है, कि

'फूले फूले कहत हैं भूले हैं सब लोग।
मीत तुमारे सोग से हम लीन्हे हैं जोग॥' ॥ १३६ ॥

चउपाई।

आगइ सगुन सगुनिअइ ताका। दहिउ माँछ रूपइ कर टाका॥
भरे कलस तरुनी चलि आई। दहिउ लेहु ग्वालिनि गोहराई॥
मालिनि आइ मउर लेइ गाँथइ। खंजन बइठु नाग के माथइ॥
दहिनइ मिरिग आइ गा धाई। प्रतीहार बोला खर बाईँ॥
बिरिख सवँरिआ दाहिन बोला। बाईँ दिसि गीदर तहँ डोला॥
बाएँ अकासी धोबइनि आई। लोवा दरस आइ देखराई॥
बाएँ कुररी दहिनइ कूचा। पहुँचइ भुगुति जइस मन रूचा॥

दोहा ।

जा कहँ सगुन होहिँ अस अउ गवँनइ जेहि आस ।
असट-उ महासिद्धि तेहि जस कबि कहा बिआस ॥ १३७ ॥

आगइ = अग्रे = आगे । सगुन = शकुन = कार्यारम्भ के समय और पदार्थों के दर्शन वा चेष्टा से कार्य की सिद्धि वा असिद्धि जान लेना । सगुनिअइ = शाकुनी = शकुन-विद्या (शाकुन) के जानने-वाला = सगुनिया । ताका = ताकइ (तर्क्यते) का भूत-काल = तर्क किया, वा देखा । दहिउ = दधि, वा स्वार्थ क प्रत्यय से दधिकम्, प्राकृत में दहिओ = दही । माँछ = मत्स्य = मछली = मच्छ । रूपइ = रौप्य = रूप्य = चाँदी । टाका = टाङ्क-पात्र, जो टाँकी से गढ कर बनाया गया हो । भरे = भरे हुए = भरित । कलस = घट । तरुनी = तरुणी = सौभाग्यवती युवती । लेहु = लेइ (लाति) का लोट लकार में मध्यम-पुरुष का बहु-वचन । ग्वालिनि = गो-पालिनी = अहिरिन । गोहराई = (घर्घरायते = पुकारती है = गोहराती है । मालिनि = माली की स्त्री = मालिनी । मउर = मयूर = मयूर के आकृति की फूल पत्ते की टोपी, जो विवाह के समय दुलहे के शिर पर मङ्गल समझ कर, बाँधी जाती है । गाँथइ = ग्रथ्नाति = गाँथती है । खंजन = खञ्जन = खिडरिच = एक प्रसिद्ध पक्षी, जो शरदृतु में देख पडता है, और स्थान विशेष में जिस के दर्शन से बहुत शुभाशुभ फल कहा जाता है । नाग = सर्प, वा नाग = हस्ती । माथइ = मस्तक = माथ । दहिनइ = दक्षिणे = दहिने भाग में । मिरिग = मृग = हरिण = एक हरिण । प्रतीहार = द्वारपाल = डेवढी-दार । बोला = बोलइ (वल्गति) का भूत-काल । बाईं = वामे = वाम भाग में = बाईं ओर । बिरिख = वृष = बैल । सवँरिआ = श्यामलक = काला । गीदर = गीदड = शृगाल = सिआर । अकासी = आकाशीय = आकाश की । धोबइनि = धोबिन = धावनी, यहाँ आकाश में उडने-वाली लाल चील्ह, जिसे क्षेम-करी भी कहते हैं । लोवा = लोमाशिका = लोमडी । दरस = दर्शन । कुररी = कुरला = टिटिहरी = टिट्टिभ । कूचा = क्रौञ्च = कराकुल = ताल का पक्षी जो पङ्क्ति बाँध कर अकाश में उडते हैं । भुगुति = भुक्ति = भोग । जइस = जैसा = यथा । रूचा = रुचा = रोचते ॥ गवँनइ = (गम्यते) । आस = आशा = उम्मेद = इच्छा । असट-उ = अष्टापि = आठ-हु । कबि = कवि । बिआस = व्यास = प्रसिद्ध भारत के रचयिता तथा अष्टादश पुराण के कर्त्ता ॥

२९.१

(राजा के यात्रा-समय) आगे, अर्थात् राजा के संमुख, शकुन के जानने
शकुन को देखा, कि (कोई) चाँदी के पात्र में दही और मत्स्य ले कर ।
शकुन-शास्त्र में नीचे लिखे ५० मङ्गल द्रव्य हैं जो यात्रा वा शुभाशुभ-का
देख पडने से शुभ फलद हैं—

'दध्याज्यदूर्वाचतपूर्णकुम्भाः सिद्धान्नसिद्धार्थकचन्दनानि।
आदर्शशङ्खामिषमीनमृत्स्नागोरोचनागोमयगोमधूनि॥
गीर्वाणवीणाफलभद्रपीठपुष्पाञ्जनालङ्करणायुधानि।
ताम्बूलयानासनवर्द्धमानध्वजातपत्रव्यजनाम्बराणि॥
अम्भोजभृङ्गारसमृद्धवह्निगजाजवाद्याङ्कुशचामराणि।
रत्नानि चामीकरताम्ररूप्यं बद्धैकपश्वोषधयः सुरा च॥
वनस्पतिर्नूतनशाकमेव माङ्गल्यपञ्चाशदियं प्रसिद्धा।
शुभेषु कार्येष्वशुभेषु चैव कार्योद्यतानां शुभदः सदैव॥'

(वसन्तराज-शाकुन, पञ्चमवर्ग, २—६ श्लोक)

दही १। घृत २। दूर्वा (दूब) ३। चावल ४। जल-पूर्ण कलस ५। पका हुआ अन्न ६। सरसो (शर्षप) ७। चन्दन ८। दर्पण ९। शङ्ख १०। मांस ११। मत्स्य १२। मृत्तिका (मट्टी) १३। गोरोचन १४। गोबर १५। गौ १६। शहद १७। देवता की प्रतिमा १८। वीणा १९। फल २०। भद्रपीठ (सिंहासन) २१। पुष्प २२। अञ्जन (काजर वा सुरमा) २३। अलङ्करण (आभूषण) २४। शस्त्र २५। ताम्बूल (पान) २६। सवारी (यान) २७। आसन २८। वर्द्धमान (जैनियों का एक विशिष्ट चिह्नमय पात्र) २९। ध्वजा ३०। छाता ३१। पङ्खा ३२। वस्त्र ३३। कमल ३४। भृङ्गार (सुराही) ३५। बरती आग ३६। हाथी ३७। बकरा ३८। बाजा ३९। अङ्कुश ४०। चामर (चवँर) ४१। रत्न (हीरा इत्यादि) ४२। सुवर्ण (सोना) ४३। तामा ४४। चाँदी ४५। बँधा हुआ पशु ४६। ओषधि ४७। सुरा (मदिरा) ४८। वनस्पति (वन-वृक्ष) ४९। नया साग ५०॥ ४५ वाँ मङ्गल-द्रव्य चाँदी है, इस लिये चाँदी के पात्र में दधि और मत्स्य के कहने से तीन मङ्गल-द्रव्य (१, १२, ४५ वाँ०) हो गये॥ कलस को (जल से) भरे सौभाग्यवती युवती चली आई। (सामने से) ग्वालिन 'दही लो (दही लो') पुकारने लगी॥ मालिन (राजा के सामने) आ कर, मौर ले कर, गाँथती है, अर्थात् मालिन मौर को गाँथने लगी, अर्थात् २२ वाँ

॥ पुष्प का दर्शन भी राजा को हुआ। खञ्जन, नाग (=सर्प वा हस्ती) के ॥र बैठ गया (जिस का दर्शन भी राजा को हो गया) ऐसे खञ्जन के दर्शन से नक्षों का वाक्य है, कि राज्य-प्राप्ति होती है—

'तुरङ्गमातङ्गमहोरगेषु सरोजगोछत्रवृषेषु येन।
पूर्वे च दृष्टोऽहनि खञ्जरीटो निःसंशयं तस्य भवेन्नृपलम्'॥

(वसन्तराज०, १० वर्ग, १४ श्लो०)

'राजा की दाहिनी ओर दौड कर, एक हरिण आ गया। दक्षिण भाग में ओज (विषम, अर्थात् १, ३, ५ इत्यादि) हरिण शुभफलद हैं।

ओजाः प्रदक्षिणं शस्ता मृगाः सनकुलाण्डजाः।

(बृहत्सं० ८५ अ०, ४३ श्लो०)

प्रतीहार और खर बाईं ओर बोला, अर्थात् जैसे द्वार-पाल राजा को देख कर अदब से बाईं ओर खडा हो कर, जय बोलने लगा, उसी प्रकार बाईं ओर खडा हो कर गदहा भी अपनी भाषा में राजा के लिये मङ्गल-ध्वनि करने लगा।

'ओजा मृगा व्रजन्तोऽति धन्या वामे खरस्वनः।'

(मुहूर्त्त-चिन्तामणि, यात्रा-प्रकरण, १०४ श्लो०)॥

काला वृष दाहिनी ओर बोलने लगा। शाकुन में साधारण किसी बैल का दक्षि ओर शब्द शुभ लिखा है। कवि ने कृष्णा गौ के सदृश कृष्ण बैल को पवित्र समझ कर, कृष्ण विशेषण दिया है।

'वामोऽनुलोमस्य रवः खुरेण शृङ्गेण चाग्रे खननं पृथिव्याः।
प्रशस्यते दक्षिणतस्य चेष्टा तथा निशीथे निनदो वृषस्य॥'

(वसन्तरा० १० व०, १० श्लो०)

तहाँ पर, अर्थात् जहाँ राजा था वहाँ बाईं ओर गीदड (आ कर) डोलने लगा। शकुन के सब ग्रन्थों में बाईं ओर शृगाल का आ कर, न चलना अशुभ फल को देने-वाला है, इस लिये लेखक-प्रमाद से जो 'नहिँ' लिख गया था उस स्थान में 'तहँ' किया है। और गादुर, जिसे चमगादुर भी कहते हैं, रात्रि-चर है, दिन को उस के दर्शन से अशुभ फल होता है, क्योँकि सामान्यतः रात्रि-चर जन्तु, प्रायः दिन को निर्भय हो कर दिखाई दें तो शाकुन में अशुभ-फल कहा है, इस हेतु 'गादुर' के स्थान में 'गीदर' किया है।

२८।

'अनर्थहेतुर्गतिशब्दहीनः सदा शृगालः खलु दृष्टमात्रः।
शस्ताऽऽहि वामा गतिरस्य शस्तो वामो निनादो निशि यो बहूनाम्॥'
(वसन्त०, १४ व०, ४० श्लो०)॥

आकाश की धोबिन, अर्थात् क्षेम-करी, बायें भाग में आई। कहावत है, कि वसुदेव कृष्ण को नन्द के घर पहुँचा कर, वहाँ से यशोदा की कन्या को उठा लाये, और कंस ने उसी कन्या को देवकी के अष्टम-गर्भ की बालिका समझ, पत्थर पर पटकने के लिये, उस बालिका के पैर को हाथ से पकड कर, ऊपर की ओर घुमाने लगा; उस समय वह बालिका इसी क्षेम-करी का रूप धारण कर, कंस के हाथ से निकल, कंस को शाप देती हुई, आकाश में उड चली। फिर मिर्जापुर के पास विन्ध्याचल पहाड के ऊपर देवी-स्वरूप हो कर ठहरी, जो अब तक सब लोगों से पूजित है। देवीपुराण के ४० वें अध्याय में लिखा है, कि

'क्षेमान् देवेषु सा देवी कृत्वा दैत्यपतेः क्षयम्।
क्षेमङ्करी शिवेनोक्ता पूज्या लोके भविष्यसि॥'

इस के दर्शन के समय उसी स्थान में

'कुङ्कुमारुणसर्वाङ्गि कुन्देन्दुधवलानने।
मत्स्यमांसप्रिये देवि क्षेमङ्करि नमोऽस्तु ते॥,

यह प्रणामार्थ मन्त्र भी लिखा है॥ संप्रति प्रसिद्ध संस्कृत शाकुन-ग्रन्थों में इस पक्षी का कोई विशेष फल नहीं लिखा है, परन्तु लोक में प्रसिद्ध है, कि यात्रा में इस का दर्शन शुभ है। तुलसी-दास ने भी अयोध्या से जनक-पुर में बरात चलती समय लिखा है, कि 'छेमकरी कह छेम विसेखी'। कवि ने स्त्री-लिङ्ग होने के कारण, अथवा कुररी के सदृश समझ, शुभ-फल के लिये बायें का ग्रहण किया है। लोमडी आ कर (राजा को अपना) दर्शन दिखाया, अर्थात् दर्शन दिया। शाकुन-शास्त्र में लिखा है, कि

'सिद्धैः सदा सर्वसमीहितानां स्याल्लोमशी दर्शनमात्रमेव।'
(वसन्त०, १४ व०, ४४ श्लो०)॥

बायें भाग में कुररी (टिटिहरी) और दहिने भाग में क्रौञ्च बोलते देख पडे। (प्राणी को) जैसा मन में रुचे वही भोग (उस के पास) पहुँचता है, (जिन के दर्शन से प्राणी मनो-वाञ्छित भोग को पाता है)।

'वामं प्रवासे रटितं हिताय तथोपरिष्टादपि टिट्टिभस्य।
टिटीति शान्तं टिटिटीति दीप्तं शब्दद्वयं चास्य बुधा वदन्ति ॥'

(वसन्त०, ८ व०, १३ श्लो०)

शाकुन-शास्त्र में एक जोडे क्रौञ्च के दर्शन से फल कहा है, और यह जोडा चाहे जिस दिशा में देख पडे सर्वत्र शुभ-ही फल है। इस पक्षी का धर्म भी है, कि सारस के ऐसा सदा नर-मादे दोनों संग-ही रहते हैं। इस लिये यहाँ 'कूचा' से एक जोडा कूचा समझना चाहिए। और सब भाग की अपेक्षा दहना भाग विशेष कर के उत्तम है। इस लिये ग्रन्थ-कार ने 'दहिनइ' यह लिखा है। सारस के जोडे के ऐसा क्रौञ्च के जोडे का भी फल लिखा है।

'दृष्टार्थसिद्धिः सकलासु दिक्षु स सारसद्वन्द्वविलोकनेन'।

(वसन्त०, ८ व०, ९ श्लो०)

'स वेदितव्यः कथितोऽर्थकारी क्रौञ्चद्वयस्याप्ययमेव मार्गः।'

(वसन्त०, ८ व०, ११ श्लो०)॥

जिस को ऐसे शकुन होते हैं, और (वह इन शकुनों से) जिस की आशा से गमन करता है। तिस की (वह आशा पूरी होती है, और) आठो महा-सिद्धि प्राप्त होती है, जैसा कि (महा) कवि व्यास ने कहा है। (आठो सिद्धि के लिये ४६ पृष्ठ में १८-२२ पङ्क्ति देखो)। भारतवर्षीय विद्वानों को विश्वास है, कि अन्धकासुर मारने के लिये पहले महादेव जी ने इन शकुनों को प्रगट किया; उस के पीछे तारकासुर के मारने के लिये, जब महादेव के पुत्र स्वामी कार्त्तिकेय जी उद्यत हुए तब शिव ने इन को उन शकुनों को बताया। फिर जम्भदैत्य के मारने की बेला में स्वामी कार्त्तिकेय ने इन्द्र को इस शाकुन को बताया। इन्द्र से कश्यप, कश्यप से गरुड ने इस ज्ञान को पाया। शिव जी के अनुग्रह से ऋषि, गर्ग, भृगु, व्यासादिकों ने पाया। इस परम्परा से यह शाकुन-शास्त्र पृथ्वी पर आया। भारत और वाल्मीकि रामायण में भी अनेक स्थानों पर निमित्तों का, अर्थात् शुभाशुभ शकुनों का वर्णन है। ऋषियों में भगवान के चौबीस अवतार के मध्य १७ वें अवतार में व्यास की गणना होने से, कवि ने व्यास को महान् समझ कर, व्यास-ही का ग्रहण किया॥ १३७॥

२९.१

चउपाई।

भएउ पयान चला पुनि राजा। सिंगि-नाद जोगिन्ह कर बा।
कहहिँ आजु किछु थोर पयाना। काल्हि पयान दूरि हइ जान
ओहि मेलान जउ पहुँचइ कोई। तब हम कहब पुरुख भल सोई
हहिँ आगइ परबत कइ पाटी। बिखम पहार अगम सुठि घाटी॥
बिच बिच नदी खोह अउ नारा। ठाउँहि ठाउँ उठहिँ बटपारा॥
हनुव[illegible] सुनब पुनि हाँका। दहुँ को पार होइ को थाका॥
अस मन जानि सँभारहु आगू। अगुआ केर होहु पछ-लागू॥

दोहा।

करहिँ पयान भोर उठि पंथ कोस दस जाहिँ।
पंथी पंथा जे चलहिँ ते का रहहिँ ओनाहिँ॥ १३८॥

पयान = प्रयाण = यात्रा। सिंगि-नाद = शृङ्गी-नाद = शृङ्गी बाजे का शब्द। बाजा = बजइ (वाद्यते) का भूत-काल। किछु = किञ्चित्। थोर = थोड = थोडा = कम। पयाना = पयान। काल्हि = कल्यम् = बीता ऊआ दिन, परन्तु अब भाषा में बीता और आगामि दोनों दिनों के लिये व्यवहार किया जाता है = कल। दूरि = दूर। जाना = यानम् = गमनम्। मेलान = मेलन = मिलान = मेल में बराबर। जउ = यदि = जौं। कहब = कहेँगे। पुरुख = पुरुष = आदमी। भल = भर = भला = भव्य। सोई = स एव = वही। हहिँ = हइ का बऊ-वचन = अहहिँ। आगइ = अग्रे = आगे। परबत = पर्वत। पाटी = पट्टिका = पटिया = शिला। वा पाटी = परम्परा = एक के वाद दूसरा। बिखम = विषम = कठिन = नीँचे ऊँचे। पहार = प्रहार = पर्वत। अगम = अगम्य = जाने योग्य नहीँ। सुठि = सुष्ठु = अच्छी तरह से = अत्यन्त। घाटी = घट्टी = सङ्कुचित राह। बिच बिच = बीच बीच। खोह = खन्धक = कन्दरा। नारा = नल = नार। ठाउँ = ठावँ = स्थान। उठहिँ = उठइ (उत्तिष्ठते) का बऊ-वचन। बटपारा = वाट-पाल = राह के मालिक = डाँकू। हनुवँत = हनुमन्तः = हनुमान्। सुनब = सुनियेगा। हाँक = ऊङ्कार = गर्जना। दऊँ = देखेँ = क्या जानैँ। थाका = स्थगित होता है = थकइ (स्थगति) का भूत-काल। अगुआ = अग्रग वा अग्रुक (प्राकृत में उकः स्वार्थे) = आगे जाने-वाला। पछ-लागू = पश्चाल्लग्न =

[..]।-वाला ॥ भोर = भूरि = प्रातःकाल = दिन = सबेरा। कोस = क्रोश। इस = इग।
[..]= जाइ (याति) का बज-वचन। पन्थी = पथिक। पंथा = पन्थाः = मार्ग। जे = ये।
[..]हँ = चलइ (चलति) का बज-वचन। का = किम् = क्या। रहहिँ = रहइ (रहति)
[..] बज-वचन। ओनाहिँ = ओनाइ (अवनमति) का बज-वचन = झुँक जाते हैँ ॥

याचा ऊई और (पुनः) राजा चला। (चलने के समय) योगियोँ का शृङ्गी-नाद बजा, अर्थात् याचा में मङ्गल के लिये चलती बेला योगियोँ (सोरह हजार कुअँरोँ) ने अपनी अपनी सिंगी को बडे उच्च-स्वर से बजाया ॥ (मार्ग में सब योगी आपस में) कहते हैँ, कि आज (तो) कुछ थोडी-ही यात्रा है, अर्थात् 'स्वल्पारम्भः क्षेमाय भवति' (किसी कार्य के करने में आरम्भ में उस का थोडा करना भला होता है), इस सिद्धान्त से आज तो थोडा-ही चलना है, (परन्तु) कल से पयान में दूर जाना है, अर्थात् कल से मंजिल कडी होगी ॥ (सो) यदि कोई उस (ओहि) (मंजिल में) मेल से पऊँचे, अर्थात् पीछा न दे बराबर साथ देता रहे, तब हम (लोग) कहँगे कि वह भला, अर्थात् उत्तम मनुष्य है ॥ (क्योँकि) आगे पर्वतोँ की शिला हैँ, अथवा पर्वतोँ की परम्परा हैँ, (और वे) पहाड (बडे-ही) विकट (विषम) हैँ, (उन की) घाटी अत्यन्त अगम्य हैँ ॥ बीच बीच में (उन पहाडोँ के) नदी, कन्दरा और नारे हैँ। स्थान स्थान पर राह के मालिक, अर्थात् ठग वा डाँकू लोग, जो पर्वतोँ में अपनी अपनी सीमा बाँध कर, उन सीमाओँ तक के राजा बन बैठे हैँ, वे लोग (अपनी सीमा के भीतर पथिकोँ के आने पर 'कर-झुलौनी' कर के लिये, वा विशेष धनी समझ लूटने के लिये) उठते हैँ ॥ (योगी लोग कहते हैँ, कि फिर आगे दक्षिण लङ्का के निकट हम लोग) हनुमान् की हाँक सुनैँगे, (उस हाँक को सुन कर) देखैँ कौन (साहस कर, विना घबडाये) पार होता है, (और) कौन (घबडा कर) थक जाता है, अर्थात् थक कर, वहीँ रह जाता है। कहावत है, कि जब राम-चन्द्र लङ्का को जीत कर, इस पार सेतु-बन्ध के पास आये, तब वहाँ के साधु-जन बडे विनय से कहे, कि कुछ काल बीते राक्षसोँ के सन्तान जब बऊत बढ जायँगे, तब फिर वे लोग इस पार आ कर, हम लोगोँ को नाना प्रकार की पीडा देंगे। सो हे भगवन्, भक्तवत्सल, अनुग्रह कर, हम लोगोँ के कल्याण के लिये कुछ उपाय कर जाइये। इस पर राम-चन्द्र ने हनुमान् को आज्ञा दिया, कि तुम अपने अंश का एक दिव्य पुरुष नियत कर, उसे यहाँ चौकी-दार कर दो, जिस में राक्षस लोग भय से इस पार न आवैँ। इस आज्ञा से

हनुमान अपना एक द्वितीय रूप बना कर समुद्र के तट पर स्थापित कर दिन। समय समय पर हाँक मारा करता है, और उस हाँक के भय से राक्षस लोग तक इधर नहीँ बढते॥ (योगी लोग आपस में कह कर औरोँ को सावधान क हैँ, कि) ऐसा मन में (दुर्गम मार्ग को) जान कर (सब कोई) आगे (अपने को सँभारो; (और खबर्दार, संग न छोडो) आगे-वाले के पछ-लगू हो, अर्थात् जो आगे चले उस के पीछे पीछे क्रम से लगे ऊए सब कोई चलो जिस में संग न छूटे॥

(इस प्रकार योगी लोग सावधान हो कर प्रत्यह) भोर को उठ कर यात्रा करते हैँ (और प्रति दिन) दश कोश जाते हैँ (कहीँ रुकते नहीँ हैँ)। (कवि कहता है, कि) जो पथिक, मार्ग मेँ चलते हैँ, वे (ते) क्या रह जाते हैँ? (और किसी अन्य पदार्थ के लिये वे लोग राह मेँ) क्या झुँक जाते हैँ?; अर्थात् वे लोग सदा अपनी मंजिल पूरी किया करते हैँ, और राह मेँ रुकते नहीँ, और दूसरी वस्तु की लालसा से उस ओर झुँकते नहीँ। जो वस्तु मन मेँ बस गई है, उसी के ध्यान मेँ उसी के आश्रम मेँ पऊँचने का यत्न करते हैँ॥ १३८॥

चउपाई।

करहु दिसिटि थिर होहु बटाऊ। आगू देखु धरहु भुइँ पाऊ॥
जो रे उबट होइ परहिँ भुलाने। गए मारे पँथ चलहिँ न जाने॥
पायन्ह पहिरि लेहु सब पवँरी। काँट चुभइ न गडइ अँकरवरी॥
परेउ आइ अब बन-खँड माहाँ। डंडाकरन बीझ-बन जाहाँ॥
सघन ढाँख-बन चहुँ दिसि फूला। बहु दुख मिलिहि उहाँ कर भूला॥
झाँखर जहाँ सो छाडहु पंथा। हिलगि मकोइ न फारहु कंथा॥
दहिनइ बिदर चँदेरी बाएँ। दहुँ कोहि होब बाट दुहुँ ठाएँ॥

दोहा।

एक बाट गइ सिंघल दोसर लंक समीप।
हहिँ आगइ पँथ दूअऊ दहुँ गवँनब कोहि दीप॥ १३९॥

दिसिटि = दृष्टि = आँख = नज़र। थिर = स्थिर। बटाऊ = वाटेहः (वाटस्य-ईहा-इच्छा यस्य) = बटोही = राही। आगू = आगे = अग्रे। देखु = देखइ (दृश्यते) का

...ार मैं मध्यम-पुरुष का एक-वचन। धरऊ = धरइ (धरति) का लोट् लकार मैं ...-पुरुष का एक-वचन। भुइँ = भूमि। पाऊ = पाद = पैर = पायँ। उबट = उद्वाट = ...-मार्ग। परहिँ = परइ (पतति) का बहु-वचन = पडते हैँ। भुलाने = भेलेन = भूल कर। ...हरि = परिधाय = पहन कर। पहिरि लेऊ = पहर लो = पहन लो। पवँरी = पामरी = पादुका = लतरी। काँट = कण्टक = काँटा। चुभइ = (चोपेत्, चुप मन्दायां गतौ भ्वादि) चुभे। गडइ = (गडेत्) गडे। अँकरवरी = कर्करी = कङ्करी = सिकटी। बन-खँड = वन-खण्ड = वन-विभाग। डंडाकरन = दण्डकारण्य = दण्डक-बन। बीझ-बन = व्यूह-वन = सेना-संबन्धि-वन। वा बीझ-बन = विन्ध्य-वन = विन्ध्याचल का वन। जाहाँ = जहाँ = यत्र। सघन = गञ्झिन = गह्वर। ढाँख-बन = ढाँक का वन = पलाश का वन। मिलिहि = मिलेगा। झाँखर = झटि-खर = कँटीले वृक्ष = झरबेरे इत्यादि। हिलगि = हिरिकि = हिरुक् = नगीच हो कर = निकट हो कर। मकोइ = मकोय = एक कँटीला वन-वृक्ष। बिदर = विदर्भ-देश, यहाँ राजा नल रहते थे और पीछे से जहाँ राजा भीष्म रहते थे, जिस की कन्या रुक्मिणी कृष्ण से व्याही गई थी। चँदेरी = चँदेल राजपूतोँ की राजधानी, जहाँ का शिशुपाल राजा था, जिस के साथ रुक्मिणी का विवाह होना निश्चित हो गया था। यह चँदेली पहले निजाम हैदराबाद के राज्यान्तर्गत वर्हाड (बरार) जिले के अन्तर्गत थी। लार्ड विलिसली (Lord Wellesley) के समय मेँ हैदराबाद के प्रधान मन्त्री राजा चन्दू-लाल के प्रबन्ध से फौजी खर्च के लिये निजाम की ओर से वर्हाड अङ्गरेजी गवर्नमेण्ट को दिया गया। चँदेली के डुपट्टे, सारी और पाग बहुत-ही प्रसिद्ध हैँ। एक एक सादे डुपट्टे पाँच पाँच सौ के बनते हैँ। आज कल यह ग्वालियर राज्यान्तर्गत है। दऊँ = देखेँ = क्या जानेँ। होब = होँगे। दुऊ = दोनोँ। ठाएँ = ठावँ = स्थान॥ दोसर = दूसरा वा दूसरी। समीप = निकट = पास। दूअऊ = दोनोँ। गवँनब = गमन करेँगे = जायँगे। दीप = द्वीप॥

(राजकुँअर आपस मेँ कहते हैँ, कि हे) बटोही, स्थिर हो, दृष्टि करो, आगे देखो (और सावधान हो कर) भूमि मेँ पैर को धरो॥ (क्योँकि), रे (भाई), जो (कोई) उद्वाट, अर्थात् मार्ग से भ्रष्ट हो कर, भूल से (दूसरी राह मेँ) पड जाते हैँ। (वे लोग निश्चय समझो, कि) मारे गये। (और वे लोग निश्चय समझो, कि) चलना नहीँ जानते॥ (सो) सब (कोई) पैरोँ मेँ पावँरी को पहन लो, (जिस मेँ पैरोँ मेँ) न काँटा चुभे और न कंकरी गडे। (देहली-दीप-न्याय से न का दोनोँ ओर संबन्ध है)॥

२९५

अब (सब कोई) वन-विभाग में आ कर पडे हो, जहाँ दण्डकारण्य व्यूह-वन है, अर्थात् सेना-संबन्धि वन है वा विन्ध्याचल का वन है। पुराण-वचन है, कि सूर्यवंश का एक दण्डक नाम राजा था। वह एक दिन सेना के साथ का के लिये दक्षिण दिशा की ओर गया। वहाँ शुक्र की कन्या को देख कर, शिर हो, उस से बलात् व्यभिचार किया। इस पर शुक्राचार्य ने शाप दिया, कि सैन्य तुम जड-स्वरूप वृक्ष हो जाव। इस प्रकार शुक्र के शाप से दण्डक-वन ऊआ, जि सब वृक्ष सेना के संबन्ध-ही से ऊए, इस लिये कवि का कहना बऊत ठीक है। रा चन्द्र की वन-यात्रा में अगस्त्य के कहने से राम ने इस दण्डक-वन में प्रवेश कर, शापोद्धार किया है। अरण्य-काण्ड में तुलसी-दास ने भी अगस्त्य-वाक्य कहा है, कि 'दण्डक-वन पुनीत प्रभु करऊ। उग्र साप मुनि-बर कर हरऊ॥' संप्रति दक्षिण में नासिक-प्रान्त के सब स्थल, पञ्चवटी इत्यादि दण्डक-वन के अन्तर्गत-ही हैं॥ (आगे) रो दिशा में पलाश का सघन वन फूला ऊआ है। वहाँ के भूले को, अर्थात् यदि हाँ कोई राह भूल जाय, तो उस को बऊत-ही दुःख मिलेगा॥ सो (सब कोई) हाँ झाँखर, अर्थात् कँटीले वृक्ष हैं उस राह को छोडो, (और) मकोय के पास जा और, (उस के काँटे से) कंथे को न फारो॥ (आगे) दहनी ओर विदर्भ और बाईं ओर चँदेरी है, (सो) देखें (हम लोग) दोनों स्थानों में (जाने के लिये जो दो ईं उन दोनों में से) किस बाट में होंगे, अर्थात् देखें किधर चलना होगा। ओर से राजा पूर्व की ओर चला है, इस लिये राह में दहनी ओर विदर्भ का ना और बाईं ओर चँदेरी का छूटना यह संप्रति नक्शे से भी ठीक पड जाता है॥

(आगे बढ कर) एक राह सिंहल को और दूसरी लङ्का के पास गई है, (और) वे दोनों राह आगे-ही हैं, (सो) देखें किस दीप में हम लोग जायँगे, अर्थात् देखें किस दीप में जाना होगा। राजा रत्न-सेन पद्मावती के प्रेम में विकल हो कर, उसी के ध्यान में निमग्न हो, किसी से कुछ बात-चीत नहीं करता है, इसी से राज-कुअँरों को पक्का भेद नहीं मालूम है, कि किस राह से और कहाँ चलना होगा। और राजा को भी राह तो विदित-ही नहीं है, केवल प्रेम-रस से मतवाला हो शुक के कहने से चल पडा; इस लिये जब सब योगी-रूप कुअँर आपस में इस तरह की बात-चीत करने लगे, तो हीरा-मणि समझा, कि राह न मालूम होने से ये लोग भटक रहे हैं, और संशय में पडे हैं, इस लि उन लोगों का संशय मिटाने के लिये अगली चौपाई में शुक का बोलना न्याय-प्राप्त है॥

चउपाई ।

बोला सुआ सरेखा । अगुआ सोई पंथ जेइ देखा ॥
उडइ न जेहि तन पाँखू । लेइ सो पलासहि बोडइ साखू ॥
अंधा अंधइ कर संगी । पंथ न पाउ होइ सह-लंगी ॥
मति काज चहसि जउ साजा । बीजा-नगर बिजइ-गिरि राजा ॥
पूछहु जहाँ गोँड अउ कोला । तजु बाएँ अँधिआर खटोला ॥
दक्खिन दहिनइ रहहिँ तिलंगा । उत्तर माँझहि करहकटंगा ॥
माँझ रतनपुर सीह-दुआरा । झारखंड देइ बाउँ पहारा ॥

दोहा ।

आगइ बाउँ उडइसा बाएँ देहु सो बाट ।
दहिनावरत देइ कइ उतरु समुद के घाट ॥ १४० ॥

इति जोगी-खंड ॥ १२ ॥

तत-खन = तत्क्षणे = उसी बेला में । बोला = बोलइ (भलते, भल परिभाषणहिंस. दानेषु भ्वा. वा वदति, वद व्यक्तायां वाचि भ्वा.) का भूत-काल । सुआ = शुक । सरेखा = सु-लेख = श्रेष्ठ । अगुआ = अग्रुक वा अग्रग = आगे चलने-वाला । सोई = सोऽपि = स एव = वही । पंथ = पन्थाः = मार्ग । जेइ = येन = जिस ने । देखा = देखइ (दृश्यते) का भूत-काल । का = क्व = किम् = क्या । उडइ = उडे = उडइ (उड्डीयते) का लिङ् लकार में प्रथम-पुरुष का एक-वचन । तन = तनु = शरीर । पाँखू = पक्ष = पंखा । पलासहि = पलास को (पलाशम् = पत्र = पत्ता) = पत्ते को । बोडइ = बोरइ (बोडयति) = बोरता है = बुडाता है = डुबाता है । साखू = शाखा = डार । अंधा = अन्ध । अंधइ = अन्धे । संगी = सङ्गी = साथी । पाउ = पावे = पावइ (प्राप्नोति) का लिङ् लकार में प्रथम-पुरुष का एक-वचन । होइ = भवति = होता है । सह-लंगी = सह-लग्न = साथ-लगा, वा सह-लंगी = सह-लङ्घी = साथ साथ लाँघने-वाला । सुनु = शृणु = सुनो । काज = कार्य । चहसि = (चतसि वा चदसि वा चहसि) चहइ का मध्यम-पुरुष में एक-वचन । साजा = सानन्त करना = पूरा करना । बीजा-नगर = विजय-नगर । बिजइ-गिरि = विजय-गिरि = काँटा नगर का पहाड । गोँड = एक जङ्गली मनुष्य-जाति = कहारोँ का एक भेद = गोण्डः

(संस्कृत)। कोल = एक ज… जाति = भीलोँ का एक भेद, जो मध्य-प्रदेश का इत्यादि मेँ विशेष कर … हैँ। तजु = तजइ (त्यजति) का लोट् शिर मध्यम-पुरुष का एक-वचन। …से = बाईँ ओर। अँधिआर खटोला = … टोला = अन्धकोँ का स्थान। …के प्रभेद मेँ एक जाति। पाणिनि ने व्याकरण मेँ लिखा है, 'अन्ध्यन्धक… अष्टाध्यायी (अ० ४ पा० १ सू० ११… काव्यप्रकाश मेँ लिखा है, कि

'येन ध्वस्तमनोभवेन … पुरा स्त्रीकृतो
यश्चोद्वृत्तभुजङ्गहारवलयो …ऽधारयत् ।
यस्याहुः शशिमच्छिरो हर … मामराः
पायात् स स्वयमन्धकक्षयकरस्त्वां … वः ॥'
…ास)

यह श्लोक शिवपक्ष और विष्णुपक्ष दोनोँ मेँ है। … अन्धक = राक्षस, और …ष्णुपक्ष मेँ अन्धक = यदुवंशियोँ का प्रभेद। यह अन… दँ। १ जब कि भगवान् कृष्ण मथुरा को छोड कर, … …किखन = दक्षिण। दहनइ = दक्षिणे = दहनी ओर। तिलंगा = तैल… रहने-वाले …पञ्चद्राविड मेँ एक जाति। करहकटंगा = कर्णाटक। रतन-पुर = रत्नपुर = … सिंह-दुआरा = सिंह-द्वार = जगन्नाथ जी के यहाँ जाने के लिये प्रधान द्वार, … हो कर, लोग जगन्नाथ …मेँ प्रवेश करते हैँ। झारखंड = झारखण्ड = एक प… जो वैद्यनाथ … होता हुआ जगन्नाथ-पुरी के प्रान्त तक चला गया है॥ … देश = जहाँ उत्कल-जातीय ब्राह्मण होते हैँ। दहिनाबरत = …फेरा = प्रदक्षिणा। उतरु = उत्तरइ (उत्तरति) का लोट् लकार मेँ …पुरुष का एक-वचन। समुद = समुद्र। घाट = घट्टः = जहाँ, कि उतार का … हो = उतरने योग्य समुद्र का तट ॥

…राजा को राह न जानने से घबडाहट मेँ देख कर) उसी … बोला, (कि घबडावो मत) आगे वही है, जो कि राह को देखे हुए है, अर्थात् मैं राह का देखने-वाला आगे हूँ घबडाने की बात नहीँ ॥ जिस के तनु मेँ पक्ष नहीँ है वह (सो) क्या उडे, अर्थात् वह… सकता। वह (सो) (तो) पत्ते को ले कर, शाखा को डुबा देता है, …

...ये पंनी [illegible] से बडी नाव समझ उस के ऊपर बडी डार को धर कर, ले ..., जिस कर्म से डार-ही बूड जाती है। शुक का तात्पर्य है, कि आप लोग ... विहीन हैँ, सो आप लोगोँ की सामर्थ्य न...ीँ, कि इस मार्ग को पूरा कर ...वती के देश मेँ पऊँचँ, और आप लोगोँ का साहस करना वैसा-ही है, जैसे ... के ऊपर डार (शाखा) को धर उस को समुद्र-पार ले जाना ॥ (और) जैसे अन्धा अन्धे का साथी हो, (और ठीक) राह को न पावे (और लाचार हो कर उस अन्धे के) साथ लगा होता है, अर्थात् हैरान होने पर भी उस अन्धे के साथ साथ लगा रहता है (तैसे-ही यहाँ आप लोगोँ की दशा है), अर्थात् आप लोग इस समय अन्धे के सदृश मेरे हाथ मेँ हैँ, मैँ जिधर चाहूँ उधर आप लोगोँ को फिरा सकता हूँ॥ (सो मैँ पक्षी हूँ, आकाश-मार्ग से चाहे जिधर उड कर जा सकता हूँ; मेरे पीछे लगने से काम न चलेगा। राजन्) मति को सुनो, अर्थात् मुझ से मति लो। यदि (अपना) कार्य पूरा करना चाहते हो (तो), (आगे) विजय-नगर मेँ विजय-गिरि का राजा है॥ जहाँ, अर्थात् तिस की राजधानी मेँ (अनेक जङ्गली) गोँड और कोल हैँ, (उन से ठीक ठीक राह को) पूँछो। और (आगे) बाईँ ओर अन्धक-टोला (पडेगा) ... ना ... छोड दो, अर्थात् बहक कर, उस की ओर न जावो॥ (जिस) दक्षिण (दिशा ... चलना है उस राह की) दहनी ओर तैलङ्गी लोग रहते हैँ, और उत्तर की ओर ... बीच मेँ कर्णाटक लोग रहते हैँ॥ (आगे) बीच मेँ (माँझ), अर्थात् राह-ही ... रतनपुर, और सिंह-दार है (जहाँ से लोग जगन्नाथ-पुरी जाते हैँ)। झार-खण्ड पहाड को बायेँ दे कर अर्थात् बाईँ ओर छोड कर॥

(और उस के) आगे बाईँ ओर उडीसा है, सो (उस) बाट को भी बायेँ दो, अर्थात् उसे भी बाईँ ओर छोडो, (इस प्रकार) दहिनावर्त्त दे कर, अर्थात् दाहिनी-ही ओर झुँकते झुँकते समुद्र के घाट पर उतरो॥ १४०॥

ऊपर जो अर्थ लिख आये हैँ वह परम्परा से देशोँ के नाम और स्थान विना जाने पुराने लोगोँ का है। आचार्य के समय जिन जिन देशोँ के जो नाम प्रसिद्ध थे उन के परिचय के लिये प्राचीन ग्रन्थोँ से ले कर, कुछ वृत्तान्त लिखते हैँ। इस विषय मेँ मुझे पूर्णतया सहाय, पण्डित भैरवदत्त, गवर्नमेण्ट क्वीन्स कालेज के पुस्तकालयाध्यक्ष ने दी है। इस लिये उन को जहाँ तक धन्यवाद देँ सब थोडा है।

...ारण्य जो कि १४१ वेँ दोहे मेँ है और जहाँ पहले डेरा पडा

'मिरगारन मँह भच्छ बसेरा' इस पाठ के अनुसार, यह वह स्थान है, ...-वचन। दिन नर्मदा के तट पर लोग ठहरे। जो कि पहले विजय-नगर में था और ... का नीमार में है। यहाँ तीन पर्वतों के कुछ ऊँचे शिखरों के निवेश से नर्मदा ... छोटे तीन खण्ड हो गये हैं। और वे शिखर एक पुल के तीन ताखे से जान पड... जिन्हें हरिण सहज में कूद जाते हैं। इसी लिये इस का नाम हरिण-पाल पडा ... यह आज तक एक विशिष्ट तीर्थ समझा जाता है। (See Malcolm's Central India, Vol. I., p. 13).

बिदर—बाँसवाडा, डोँगरपुर, परतापगढ, बरोदा, खानदेश इत्यादि सब बिदर में है, जैसा कि Cunningham साहब के प्राचीन भारतवर्षीय भूगोल के नक्शे से स्पष्ट है। और Col. Tod साहब के राज-स्थान, (Tod's Rājasthān, Vol. I., p. 166, ed. 2nd, 1877), नामक पुस्तक से भी विदित है।

चँदेरी—ग्रन्थ-कार के समय बुँदेलोँ के अधिकार में थी। और इस की सीमा मालवा तक थी। परन्तु अब छोटा सा एक नगर ग्वालियर के राज्य में चँदेरी नाम का रह गया है, जिस का उत्तर अचांश २४°। ४२′। और ग्रीनविच से पूर्वदेशान्तर ...°। ११′॥ यहाँ की पगडी (मण्डील) और डुपट्टे इत्यादि बहुत प्रसिद्ध हैं। और ...नगर अकबर के समय में मालवे के सूबे के बारह सर्कारोँ में से एक सर्कार था। ...मय इस की दक्षिण-सीमा उज्जयन के सर्कार से मिली हुई थी। सरोँज, जो कि उज्जयन के निकट है, वह भी इसी के अन्तर्गत था। (See Thornton's Gazetteer, p. 194, and Āīn-i-Akbarī, Vol. II., pp. 201–203, Jarrett's translation).

बिजय-गढ—ग्रन्थकार के समय में नर्मदा के दोनों ओर फैला हुआ प्रसिद्ध राज्य था। परन्तु समय के फेर फार से अब एक छोटा सा नगर इन्दोर के राज्य में रह गया है, जो कि नर्मदा के दाहिने तट पर है। यह अकबर के समय, सूबे मालवा के बारह सर्कारोँ में से एक सर्कार था। इस का उत्तर अचांश और देशान्तर नीमार के आसन्न अचांश २२°। ३०′। पू० दे० ७७°। १′। ग्रन्थकार के कथनानुसार यहाँ के गावने-वाले बहुत प्रसिद्ध थे। 'बीजानगर केर बड गुनी' ऐसा रत्न-सेन के सभा-वर्णन में कहा है, जब कि अलाउद्दीन चढ आया था। यहाँ पर गोँड, भील, और कोल बहुत रहते थे और यह देश नीमार से ले कर दक्षिण-पूर्व की ओर गोँडवाने के नाम से प्रसिद्ध था। आज कल खानदेश और उडीसा के मध्यगत देश

...ये नाम से प्रसिद्ध हैँ। और किसी समय मेँ यह सब देश गढ-मण्डला के ...कार मेँ थे, जहाँ गोँड-लोग राज्य करते थे, और अब भी गोँड-लोग वहाँ ...त से बसते हैँ।

...अँधियार (Anjārī) = अकबर के समय बिजय-गढ के २९ महालोँ मेँ से एक ...हाल था, जिस का क्षेत्रफल १२७१२ बीघा था, आमदनी १७०७०९२ दाम थी। यह नर्मदा के तट पर एक छोटा सा राज्य था। कदाचित् अन्जार नदी के तट पर अब भी इस के खँडहर मिलेँ जो, कि हुशङ्गाबाद और हँडिया के जिले से होती हुई नर्मदा मेँ दक्खिन की ओर से मिलती है। अन्जार का अपभ्रंश अँधियार जान पडता है। आज कल अब इस का पता नहीँ मिलता (See Āīn-i-Akbarī, Vol. II., pp. 204–206; and, for Anijala river, Hunter's Gazetteer, Vols. V., X., pp. 442 and 327 respectively, under Hoshangābād and Nimār).

खटोला — का राज्य अँधियार के राज्य से लगा हुआ उत्तर की तरफ था, जिस से आज कल, सागर, दमोह, शाहगढ इत्यादि जिले बने हैँ। यह राज्य गढ-मण्डला के राज्य का पश्चिम-भाग था। जिस की राजधानी बुन्देल-खण्ड मेँ कहीँ शाहगढ के निकट खटोला के नाम से प्रसिद्ध थी। ईशा के ११ वेँ शतक मेँ य... राज्य गढ-मण्डला के राज्य से अलग हुआ जिस को कि १५ वेँ शतक के अन्त... राजा वीर-सिंह देव ओरछावाले ने नष्ट किया। (See Hunter's Gazetteer, Vo... IV., p. 108, History of Damoh; Āīn-i-Akbarī, Vol. II., p. 200). और यह नग... अकबर के समय सूबा मालवा के सर्कार कन्नौज (गढ-मण्डला) के ५७ महालोँ ... एक महाल था, जिस की आमदनी १२१००० दाम थी। और अकबर की तर... ५०० सवार और ५०,००० सिपाही रहते थे। उस समय भी यह गोँडोँ की बस्ती खटोले-ही के नाम से प्रसिद्ध थी। इस खटोले से स्पष्ट विदित होता है, कि अन्जार ही ग्रन्थ-कार का अँधियार है।

तिलङ्गा — तैलंगाना (See Hamilton's Description of Hindustan, Vol. II., p. 121). उस समय वर्हाड (बरार) देश को तैलंगाना कहते थे और अब भी वर्हाड तैलंगाना के नाम से इतिहासोँ मेँ प्रसिद्ध है।

करह-कटंगा = गढ-कटंग (See History of the Garha-maṇḍala Rājās, by Sleeman, in J. A. S. B., Vol. VI., pp. 621 and also Āīn-i-Akbarī, Vol. II., pp. 199–200. See also Blochmann's translation, Vol. I., Index). गढ यह

एक प्राचीन नगर नर्मदा के तट पर संप्रति जबलपुर के दक्षिण की ओर भे-वचन। पर था। इस का उत्तर अक्षांश २३°। ९'। पूर्व देशान्तर ८०°। १६'। जबलपुर का अक्षांश २३°। ११'। पू० दे० ८०°। १६'। जो कि बहुत काल तक समग्र गोंडवार का प्रधान राजस्थान था। कटंगी — एक टूटा-फूटा नगर भाँडर पहाडी के निम्न हिरण्य-नदी के उत्तर तट पर जबलपुर से २२ मील वायुकोण पर सागर की सडक पर है। अक्षांश० २३°। २६'। ३०"। दे० ७९°। ५०' पूर्व इस का है। यहाँ पहले बन्दूक अच्छी बनती थी। गढ-कटंग वा गढ अकबर के समय सूबे मालवा के बारह सर्कारों में से एक सर्कार था। यह आज कल जबलपुर रेल के स्टेशन के निकट पड जाने से सब भ्रष्ट हो गया। केवल एक मदन-महल नामक स्थान बच गया है॥

रतन-पुर = रत्न-पुर — (See Hamilton's Description of Hindustan, Vol. II., p. 22; and also Cunningham's Archæological Survey of India, Vol. VII., pp. 214–216). जो कि आज कल बिलास-पुर के जिले में है। उस समय भी इसी नाम से प्रसिद्ध था। इस का उ० अ० २२°। २१' और पू० दे० ८२°। २५'॥

छीह-दुआरा (Chhindwara). (See Thornton's Gazetteer, p. 903 and 203, ed. of 1857; and also the Atlas of the Society for the Diffusion of [U]seful Knowledge, Vol. I., Map of India No. 6).

'छिन्दवारा', जो कि मध्य-प्रदेश में आज कल एक जिला है, पहले यही सिंदवारा के [ना]म से प्रसिद्ध था। इस का उ० अ० २३°। ३'। ३०" दे० ७८°। ५९' पू०।

झारखंड — छत्तीसगढ और गोंडवाने के उत्तर-भाग को मुसल्मानों ने अपने [इति]हास-ग्रन्थों में झारखंड नाम से लिखा है। इस में उत्तरीय गोंडवाने का बहुत भाग पहाडी-भाग है जो कि सर्कार चुनार और सूबे बिहार तक चला गया है। (See Hamilton's Description of Hindustan, Vol. II., p. 6; and Āīn-i-Akbarī, Vol. I., Index).

उडीसा — यह आज तक इसी नाम से प्रसिद्ध है।

गज-पति — कलिङ्गदेशाधिपति, महेन्द्राधिपति (राजमहेन्द्री) उत्तरीय-सर्कार के प्राचीन राजाओं की पदवी है, जो कि समुद्र के अधिपति कहलाते थे। (रघुवंश, ७ स०। श्लो० ५४)। और जिस का बडा बन्दर कोरिङ्गा नदी के किनारे पर (जो कि महानदी की एक शाखा है) है। यह बन्दर प्राचीन समय से प्रसिद्ध है। कोरिङ्गा का उ० अ० १६°। ४०'॥ दे० ८२°। ४४' पू०। राजमहेन्द्री का उ० अ० १६°। ५९'॥

र्थे । ५३। पू०। अलाउद्दीन ने (१२९५ ई०) जब दक्षिण पर चढाई की ...फिरिश्तः (فرشته) ने राजमहेन्द्री के राजाओँ को स्वतन्त्र राजा कहा है। ...Hamilton's Description of Hindustan, Vol. II., p. 80).

...इन सब से सिद्ध होता है, कि 'माँझ रतन-पुर सीह-दुआरा' का रतन-पुर और ...संदवारा दोनोँ के बीच से होते। और झारखण्ड के पहाडी-भाग को बाईँ ओर छोडते (झार-खंड दइ बाउँ पहारा) चलना चाहिए ऐसा अर्थ करना चाहिए। इन सब देशोँ के अनुसार जिस मार्ग से राजा रत्न-सेन चित्तौर से समुद्र-घाट तक पहुँचा उस का नक्शा अलग पत्र पर लिखा है। विशेष संभव है, कि उस समय यही राह रही हो।

राह मेँ आज कल जो नगर पडते हैँ उन के नाम—

चित्तौर, निंबारा (Nimbārā), नीमच, मण्डलेश्वर, जौडा, रतलाम, इन्दोर, नीमार (मृगारण्य = हरिण-पाल), बीजानगर, हँडिया, ऊशंगाबाद (अँधियार, खटोला), मण्डला, लाँजी, नवागढ, जयपुर, राजमहेन्द्री, करिङ्गा।

हरिण-पाल तक सब देश राजा के परिचित थे। इस लिये वहाँ तक सुगमता से यात्रा हुई। इसी लिये इस का वर्णन अनावश्यक समझ कवि ने नहीँ किया। ... वहाँ से प्रति दिन दश दश कोस चलने पर एक महीने के आसन्न मेँ लोग गज-प... यहाँ पहुँचे 'मासेक लाग चलत तेहि बाटा'। नक्शे मेँ हरिण-पाल से राजमहे... तक नापने से राह ७५० अँगरेजी* मील होती है, जिन के हिन्दुस्तानी कोस ३... होते हैँ जो कि प्रतिदिन दश कोस चलने से ३३ दिन मेँ पूरे पडते हैँ। ... नियम से जो राह नक्शे मेँ है वह प्रायः ठीक मालूम होती है। कवि ने मध्य-प्रदेश से विशेष परिचित होने के कारण, वहाँ के अनेक स्व-समय के प्रसिद्ध देशोँ के नामोँ को लिखा है। फिर आगे झारखण्ड, उडीसा कह, झट गज-पति तक पहुँचा दिया। उस समय उधर डाँकुओँ के रहने के कारण बहुत प्रसिद्ध नगर भी नहीँ थे॥

---

* हिन्दुस्तानी कोस = ८००० हाथ। अँगरेजी मील = ५२८० फु० = ३५२० हाथ, इस लिये यदि य, हिन्दुस्तानी कोस मेँ र, मील समझो तो ८००० य = ३५२० र। ३२० का अपवर्त्तन देने से २५ य = ११र इस लिये यदि य = ११, तो र = २५। अर्थात् अँगरेजी २५ मील मेँ हिन्दुस्तानी ११ कोस होते हैँ॥

-वचन ।
ष का
शिर

अथ राजा-गजपति-संबाद-खंड ॥ १३ ॥



चउपाई ।

होत पयान जाइ दिन केरा । मिरगारन मँह होत बसेरा ॥
कुस-साँथरि भइ सेज सुपेती । करवट आइ बनी भुइँ सेती ॥
...या मइल तस पुहुमि मलीजइ । चलि दस कोस ओस तन भीजइ ॥
...वँ ठावँ सब सोअहिँ चेला । राजा जागइ आपु अकेला ॥
...हि के हिअइ पेम-रँग जामा । का तेहि भूख नीँद बिसरामा ॥
...न अँधिआर रइनि अँधिआरी । भादउ बिरह भण्उ अति भारी ॥
किंगरी हाथ गहे बइरागी । पाँच तंत धुनि यह एक लागी ॥

दोहा ।

नयन लागु तेहि मारग पदुमावति जेहि दीप ।
जइस सेवातिहि सेवई बन चातक जल सीप ॥ १४१ ॥

पयान = प्रयाण = यात्रा = गमन । मिरगारन = मृगारण्य = जिस वन में केवल मृग-ही रहते हैं । बसेरा = वास = शिविर = डेरा । कुस-साँथरि = कुश-संस्तर = कुश का बिछौना = कुश का आसन । सेज = शय्या । सुपेती = सौप्तिकी = सूतने के योग्य । करवट = प्राकृते कडिवट्टी = संस्कृते कटि-वृत्तिः = करवट करना वा लेना वा बदलना = सूतने में इधर से उधर फिर जाना । बनी = वर्णा = वर्णन के योग्य शोभित है ।

...। सेती = से। कया = काय = शरीर। मइल = मल = मैल। पुङ्गमि = पुङ्गमी। मलीजइ = मलिन होती है (मलिनायते)। दस = दश। कोस = ओस = अवश्याय, यहाँ पसीने का जल-बिन्दु। तन = तनु = शरीर। भीजइ = ...ते = चमकती है = भीँगती है। वा, भीजइ = भिनत्ति = भिद्यमान होती है। ठावँ = ...न। सोअहिँ = सोअइ (शेते) का बहु-वचन। जागइ = जागर्त्ति = जागता है। आपु = आप = आत्मा = स्वयम्। अकेला = एकलः। हिअइ = हृदये = हृदय मेँ। पेम = प्रेम। रँग = रङ्ग। जामा = जन्म लिया, वा जम गया। भूख = बुभुक्षा। नीँद = निद्रा। बिसरामा = विश्राम = आराम। अँधिआर = अन्धकार। रइनि = रजनी = रात। अँधिआरी = अँधिआर का स्त्रीलिङ्ग। भादउ = भाद्रपद = भाद्व महीना, जो वर्षा-ऋतु के मध्य मेँ होता है। बिरह = विरह = वियोग। किँगरी = बैरागियोँ की सारंगी, वाद्य-विशेष। गहे = ग्रहण किये। बइरागी = वैराग्यी = वैरागी = योगी। पाँच = पञ्च। तंत = तन्तु = किँगरी के तार। धुनि = शब्द = आवाज। लागी = लगी। मारग = मार्ग = राह। पदुमावति = पद्मावती। दीप = द्वीप = सिंहल-द्वीप। जइस = यथा = जैसा। सेवातिहि = स्वाती को। सेवई = सेवइ = सेवते। चातक = पपीहा (दोहे की टीका देखो)। सीप = सीपी = शुक्ति, जिस मेँ मोती उत्पन्न होती है॥

दिन को यात्रा होती जाती है, अर्थात् लोग दिन भर चलते हैँ, (जब संध्या समय आता है, तब) मृगारण्य मेँ डेरा पड़ता है, अर्थात् जिस वन मेँ व्याघ्रादि प्राणि हिंसक जन्तु नहीँ रहते, केवल मृग-ही रहते हैँ, ऐसे वन मेँ, प्राण जाने का भय रहने से, लोग ठहर जाते हैँ। वा अपने परिचित स्थानोँ के बाहर जाने के लिये लोगोँ ने नर्मदा के तट पर मृगारण्य (हरिण-पाल) मेँ पहला वास किया॥ कुश की चटाई (साँथरि) (वही) सोने योग्य शय्या हुई है, अर्थात् जो लोग मखमल की शय्या पर सोते थे, वे लोग अब कुश की चटाई पर सोते हैँ। करवट भूमि से आ कर बनी है, अर्थात् भूमि-ही पर करवट लेने की शोभा है, क्योँकि चारपाई पर तो सावधानी से करवट लेना पड़ता है; सावधानी न रखने से भूमि पर गिर जाना पड़ता है, और भूमि मेँ तो बे-खटके चाहो करवट लेते कई बल खाते जाओ, परन्तु गिरने का डर नहीँ; सो लोग जमीन-ही पर करवट लेते हैँ॥ (राह मेँ चलते चलते पदाघात-धूलियोँ से शरीर भर जाती है, इस लिये) जैसी भूमि (खर कतवार, धूर इत्यादि से) मलिन होती है; उसी प्रकार (लोगोँ की) शरीर मलिन हो जाती है

दश कोस चल कर, अर्थात् दश कोस की कडी मंजिल करने से, शरीर-वचन।
(ओस) से भीँग जाती है। दश के ग्रहण से कवि ने स्पष्ट किया, कि प्रति का
दश कोस चलते थे, जो राजकुअँरो के लिये बक्रुत है॥ (डेरा पडने पर) और
अर्थात् कुअँर लोग, (यथा योग्य) स्थान स्थान में सोते हैँ, (परन्तु) राजा आप
(पडा) जागा करता है॥ (राजा को क्योँ नहीँ निद्रा आती इस पर कवि कह
हैं, कि) जिस के हृदय में प्रेम-रङ्ग का जन्म हुआ, वा जिस के हृदय में (गाढा हो
कर) प्रेम-रङ्ग जम गया, (फिर) तिस को क्या भूख, निद्रा और विश्राम, अर्थात्
इस प्रेम-रस की ऐसी नशा है, कि इस में भूख, प्यास, निद्रा, विश्राम, सब शरीर से
बाहर हो जाते हैँ; हृदय, आँख, नाक, कान, बुद्धि, सब में वही प्रेम-रस बस कर
तरङ्ग मारा करता है॥ (सघन वन-वृक्षोँ के कारण) अन्धकार वन में, (और) अँधेरी
रात में (राजा के लिये पद्मावती का) अत्यन्त भारी विरह (जो है सोई जानैँ)
भाद्व (वर्षा के बीच का मास) हो गया (भया)॥ (ऐसी भादोँ की अँधेरी घन-घेरी
रैन में) वैरागी, अर्थात् संसार से विरक्त हुआ राजा रत्न-सेन, हाथ में किँगरी को
लिये (गहे), (बजा रहा है, जिस के) पाँचो तारोँ की धुनि में यही एक (पद्मावती)
लगी है, अर्थात् 'पद्मावती, पद्मावती' यही पाँचो तारोँ में से धुनि निकलती है
(जैसे वैरागी सिद्ध होने के लिये अपनी शरीर-रूपी सारंगी के पञ्चतत्त्वरूप वा
पञ्चप्राण-रूप तारोँ से 'राम राम' यही धुनि लगाये रहता है)॥

(राजा के) नयन तिसी मार्ग में लग गये, जिस द्वीप में कि पद्मावती है, (जैसे योगी के नयन हृदय-द्वीपान्तर्गत परब्रह्म-रूपा प्रकृति पद्मावती-ही की ओर लग जाते हैँ)। जैसे वन में चातक, जल में सीपी, (ये दोनोँ) स्वाती को सेवते हैँ, अर्थात् स्वाती-ही का भजन किया करते हैँ, (तैसे-ही राजा ने सब संसार के जाल से बाहर हो, केवल 'पद्मावती पद्मावती' रट लगाया है)। आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वफाल्गुनी, उत्तरफाल्गुनी, हस्त, चित्रा और स्वाती। इन दशोँ नक्षत्रोँ में जब तक सूर्य रहता है, तब तक वर्षा ऋतु रहती है, परन्तु यह प्रसिद्ध कहावत है, कि चातक (पपीहा) स्वाती-ही का जल पीता है। तुलसी-दास ने भी इसी कहावत पर लिखा है, कि

तुलसी के मत चातकहि केवल प्रेम पियास।
पियत स्वाति जल जान जग जाँचत बारह मास॥ (दोहावली) २०८ दो०।

...ये को लोग पालते हैँ, और वह सब नक्षत्रोँ का जल पीता है। मैँ नहीँ ...पा, कि कैसे यह कहावत भारतवर्ष मेँ प्रसिद्ध हुई। कदाचित् पालने से ...की प्रकृति बदल जाती हो। यह भी प्रसिद्ध कहावत है, कि समुद्र मेँ जो ..., एक जन्तु-विशेष, रहता है, वह समुद्र मेँ रह कर भी केवल स्वाती-ही का पानी ...ता है, और उस पानी-ही से उस के पेट मेँ मोती का जन्म होता है। किसी मुसल्मानी कवि ने इसी कहावत पर समुद्रान्योक्ति कहा है,

ऐ समंदर देख ली हम ने तेरी दरया दिली।
तिश्ने लब रक्खा सदफ् को बूँद पानी की न दी॥

اى سمندر دیکهه لي همنے تیري دريا دلي
تشنه لب رکها صدف کو بوند پاني کي ندي ॥१४१॥

चउपाई।

मासेक लाग चलत तेहि बाटा। उतरे जाइ समुद के घाटा॥
रतन-सेन भा जोगी जती। सुनि भेँटइ आवा गज-पती॥
जोगी आपु कटक सब चेला। कवन दीप कहँ चाहहिँ खेला॥
भलेहिँ आए अब माया कीजिअ। पहुनाई कहँ आएसु दीजिअ॥
सुनहु गज-पती उतरु हमारा। हम तुम्ह एक-इ भाउ निनारा॥
नेवतहु तेहि जेहि महँ यह भाऊ। जो निरभउ तेहि लाउ नसाऊ॥
इह-इ बहुत जउ बोहित पावउँ। तुम्ह तइँ सिंघल-दीप सिधावउँ॥

दोहा।

जहाँ मोहिँ निजु जाना कटक होउँ लेइ पार।
जउ रे जिअउँ तब लेइ फिरउँ मरउँ त ओहि के बार॥१४२॥

मासेक = मासैक = एक महीना। लाग = लगा। उतरे = उतरइ (उत्तरति) के भूत-काल का बहु-वचन। घाटा = घट्ट = घाट। जोगी = योगी। जती = यती। भेँटइ = भेँटने। आवा = आयात् = आया। गज-पती = गज-पति = कलिङ्ग देश का राजा, जो आज कल विजयनगर का राजा मद्रास हाते मेँ है, इस राजा के यहाँ दश हजार हाथी रहते थे; इसी हाथियोँ की अधिकता से इसे लोग गज-पति कहते थे। आज कल ... इजानगर के राजा हैँ उन के नाम के संग भी 'गज-पति' यह उपाधि लगी हुई है

जिस राजा की आज्ञा से प्रोफेसर म्याक्समूलर ने दूसरी वार ऋग्वेद को ण-वचन ।
उस का नाम पशुपति-आनन्द-गजपति-राज था। कालिदास भी कलिङ्ग ष का
प्रशंसा मैं लिखते हैं, कि ष्टिर

प्रतिजग्राह कालिङ्गस्तमस्त्रैर्गजसाधनः ।
पक्षच्छेदोद्यतं शक्रं शिलावर्षीव पर्वतः ॥
(रघुवंश, ४ सर्ग, ४० श्लो०)

असौ महेन्द्राद्रिसमानसारः पतिर्महेन्द्रस्य महोदधेश्च ।
यस्य क्षरत्सैन्यगजच्छलेन यात्रासु यातीव पुरो महेन्द्रः ॥
(रघुवंशः ६ स० ५४ श्लो०)

जिस प्रकार कलिङ्ग-राजा बहुत हाथी के रहने से गज-पति कहाता है, उसी प्रकार बहुत घोडों के रहने से केकय-राजा को (जिस की पुत्री कैकेयी, अयोध्या के राजा दशरथ से ब्याही थी) अश्व-पति कहते हैं। वाल्मीकि ने लिखा है, कि

स तत्र न्यवसद्भ्रात्रा सह सत्कारसत्कृतः ।
मातुलेनाश्वपतिना पुत्रस्नेहेन लालितः ॥
(वाल्मी० रामा०, अयो० का०, १ स० २ श्लो०)

चाहहिँ = चाहइ (चदति, चहति वा इच्छति) का बहु-वचन। खेला = क्रीडा = सैर। माया = करुणा = कृपा = दया। कीजिअ = कीजिये। पहुनाई = प्राघुणीयः = पाहुन के योग्य सत्कार = पहुनई। मुरारिनाटक मैं लिखा है, कि पाहुणहत्थेण सप्पमारणं खु एदं (प्राघुणहस्तेन सर्पमारणं खल्वेतत्)। आयसु = आज्ञा। दीजिअ = दीजिये। उतरु = उत्तर। भाउ = भाव = अभिप्राय। निनारा = निराला = निरालय। नेवतहु = नेवतइ (निमन्त्रयति) का लोट् लकार मैं मध्यम-पुरुष का एक-वचन। भाउ = भाव। निरभउ = निर्भाव = विना भाव का। लाउ = लगावो (लगयत)। नसाउ = नसावो = (नाशय)। इहइ = यही। जउ = यदि = जो। बोहित = बडी नाव = जहाज। तुम्ह तइँ = तुम्ह तैं = तुम से। सिधावउँ = सिधाइ (सेधति) का लोट् लकार मैं उत्तम-पुरुष का एक-वचन = जाऊँ॥ निजु = निज = स्वयम् = आप। बार = द्वार = डेवढी॥

तिस बाट मैं चलते एक मास लगा। (लोग) समुद्र के घाट (पर) जा कर उतरे॥ (उस घाट का अधिपति कलिङ्गाधिराज) गज-पति, यह सुन कर, कि

[illegible] गढ का राजा) रत्न-सेन योगी यती ऊआ है, अर्थात् योगी यती हो कर [illegible], भेँट करने आया ॥ (और विनीत हो कर कहा, कि) आप योगी, (और) [illegible] ना (आप के) शिष्य, कौन दीप की सैर किया चाहते हैँ ॥ (बऊत दिनोँ से [illegible] सा थी, कि आप का दर्शन हो, सो) अच्छा ऊआ (भलेहिँ) (कि आप) आये, [illegible] व (मेरे ऊपर) अनुग्रह (माया) कीजिये; और पऊनाई के लिये (मुझे) आज्ञा दीजिये, अर्थात् मेरे ऊपर अनुग्रह कर मेरे आतिथ्य को खीकार कीजिये ॥ (इस बात को सुन कर राजा रत्न-सेन ने कहा, कि) हे गज-पति, हमारे उत्तर को सुनिये; (इस मेँ संशय नहीँ, कि राज्य, धन, यश, प्रताप, कुल, गोत्र, गौरव इत्यादि मेँ) हम तुम्ह एक-ही हैँ, अर्थात् कुल, गोत्र और राज्य-श्री के नाते से हम आप एक-ही* हैँ, (समान मेँ पऊनई करना शास्त्र-संमत-ही है, परन्तु इस समय मेरा) भाव निराला है, अर्थात् मैँ राज्य-श्री से विरक्त हो कर योगी हो गया हूँ, और आप राज्य-श्री मेँ अनुरक्त हैँ, सो योगी और भोगी की कैसी पऊनाई, यह लोक-विरुद्ध है॥ (सो) जिस मेँ यह भाव हो, अर्थात् जो तुमारे ऐसा राज्य-श्री मेँ अनुरक्त हो, तिसे नेवतो। (और) जो निर्भाव है, अर्थात् जो राज्य-श्री से विरक्त हो गया है, तिसे (जो आतिथ्य को) लगावो, अर्थात् उस का जो आतिथ्य करो (तो उसे) नसावो, अर्थात् उस के तप को नाश करो, अर्थात् योगी को भोग-विलास की ओर ले जाना मानो उस के योग को नष्ट करना है॥ (सो मेरे लिये) यही बऊत (सत्कार है, जो आप से) जहाज को पाऊँ, और (आप के अनुग्रह से) सिंहल-दीप को जाऊँ। अर्थात् आप यहाँ के प्रधान अधि-पति हैँ, सो विना रोक-टोँक के जहाज इत्यादि के साहाय्य से मुझ सिंहल-दीप को पऊँचा देँ, यही मेरे लिये सब से बढ कर सत्कार है॥

जहाँ, अर्थात् जिस सिंहल-दीप मेँ, मुझे खयं जाना है, (सो भी अकेले नहीँ, किन्तु) कटक ले कर पार होऊँ, अर्थात् कटक ले कर पार होना चाहता हूँ। (सो) अरे गज-पति, जो जीऊँ, अर्थात् यदि जीव है, मर न गया, (तो यही इच्छा है, कि पद्मावती को) ले कर तब फिरूँ; और मरूँ तो उसी (पद्मावती) के दार पर मरूँ, अर्थात् या तो पद्मावती को संग-ही ले कर फिरूँगा, या उस की डेवढी पर प्राण तजूँगा ॥१४२॥

---

* इतिहासोँ से स्पष्ट है कि चित्तौर-राज-वंश ही का गज-पति था। आज कल के जो विजयनगर के राजा हैँ वह भी अपने को उदयपुर (चित्तौर) महाराज के वंश मेँ बतलाते हैँ॥

चउपाई। वचन।

गज-पति कहा सीस पर माँगा। इतनी बोलि न होइहि खाँ का
ए सब देउँ आनि नउ-गढे। फूल सोई जो महेसहि चढे
पइ गोसाइँ सउँ एक बिनाती। मारग कठिन जाब केहि भाँती॥
सात समुदर असूझ अपारा। मारहिँ मगर मच्छ घरिआरा॥
उठइ लहरि नहिँ जाइ सँभारी। भागहिँ कोइ निबहइ बइपारी॥
तुम्ह सुखिआ अपनइ घर राजा। इत जोखीउँ सहहु केहि काजा॥
सिंघल-दीप जाइ सो कोई। हाथ लिए आपन जिउ होई॥

दोहा।

खार खीर दधि जल-उदधि सुर किलकिला अकूत।
को चढि नाँघइ समुद ए (सात-उ) हइ का कर अस बूत॥ १४३॥

गज-पति = समुद्र-तट का अधिपति = कलिङ्ग का राजा। सीस = शीर्ष = शिर। माँगा माँगा ऊआ = याचना। इतनी = इयत्। बोलि = बोली = वचन। होइहि = होगी। खाँगा = खञ्ज = खाली। आनि = आनीय = ले आ कर = आन कर। नउ-गढे = नव-गढे नये गढे ऊए। महेसहि = महेश को। पइ = अपि = परन्तु। गोसाइँ = गो-स्वामी = गो (इन्द्रियाँ) के स्वामी = इन्द्रियों को अपने आधीन रखने-वाला। सउँ = सेँ = से। बिनाती = विनति = विज्ञप्तिका = विनय। मारग = मार्ग = राह। जाब = जाइयेगा = जाइ (याति) का भविष्यत्काल। भाँती = भङ्गी = रीति, जो काठिन्य को भग्न करे = प्रकार। सात = सप्त। समुदर = समुद्र। असूझ = असूह्य = जो ऊहा योग्य नहीँ = जो न देख पडे वा असूझ = अशुद्ध। अपारा = अपार = जिस का पार न हो। मगर = मकर = एक विशिष्ट जल-जन्तु। मच्छ = मत्स्य = रोहू, पहिने, तिमिङ्गिलादि। घरिआरा = ग्राह = घरियार। भागहिँ = भाग्येभ्यः = भाग्योँ से। निबहइ = निर्वहति = निबहता है। बइपारी = व्यापारी व्यापार करने-वाला = वणिक्। सुखिआ = सुखी = सुख-चाहने-वाले। अपनइ = अपने। इत = इयत् = इतना। जोखीउँ = जोखिम = नुकसान = हानि। सहहु = सहइ (सहते)

... प्रकार में मध्यम-पुरुष का बहु-वचन ॥ खार = चार = खारा । खीर = चीर = ... धि । जल-उदधि = जल का समुद्र । सुर = सुरा = मद्य । किलकिला = 'किल-... ऐसा जल के लहरों से घोर शब्द करने-वाला समुद्र । अकूत = अकूतः = जिस को ... न सकैं कि, इतना है, अर्थात् जो असंख्य रत्नों से परिपूरित हो, इस का नाम ... कवि ने १६१ वें दोहे में 'मान-सर' कहा है। नाँघइ = लाँघइ = लङ्घयेत् = नाँघे = लाँघे । बूत = भूति = पराक्रम ॥

गज-पति ने कहा, कि (आप की यह) याचना, (कि मुझे बोहित मिलैं, जिन से सेना समेत, समुद्र पार हो कर, सिंहल-दीप को जाऊँ) मेरे शिर पर है, अर्थात् आप की आज्ञा शिरो-धार्य है। इतने वचन में चुटि (कसर) न होगी, अर्थात् आप के इस वचन को मैं अवश्य-ही पूरा करूँगा ॥ ये सब (जहाजों) को (मैं) नये गढे ऊए देऊँ, अर्थात् जो जहाज नये-गढे ऊए हैं, जिन से आज तक अभीं काम नहीं लिये गये हैं, उन सब को ला कर आप के लिये मैं दे सकता हूँ; (क्योंकि जो फूल महेश (महादेव) को चढे, वही फूल फूल है, अर्थात् महादेव के शिर पर चढने-ही से फूल का नाम फूल पडा है, नहीं तो वे किस काम के। इसी प्रकार आप ऐसे महानुभावों की उचित सेवा करने ही से मैं गज-पति कहलाता हूँ, न तो मैं दक्षिण का रहने-वाला किस गिनती में। इस लिये जैसे चुन चुन के उत्तम प्रसून ईशान के पूजन के लिये लोग रखते हैं इसी प्रकार मैं भी चुन चुन के अति नूतन-ही बोहितों को आप की सेवा मैं समर्पण करूँगा ॥ परन्तु गो-स्वामी से, अर्थात् आप योगि-राज से, एक विनती है, कि (सिंहल की) राह कठिन है, (आप) किस प्रकार से जाइयेगा, अर्थात् आप के जाने योग्य सिंहल की राह नहीं है ॥ (क्योंकि उस राह में) असूझ और अपार सात समुद्र हैं, (जिन में) मगर, मच्छ और घरियार (प्राणियों को) मार डालते हैं ॥ (उन सातो में ऐसी) लहर उठती हैं जो सँभारी नहीं जाती हैं, अर्थात् उन के धक्कों से बडे बडे जहाज नहीं सँभर सकते, मनुष्यों की क्या गिनती है। भाग्यों से (हजारों में) कोई (एकाध) बैपारी निबह जाता है, अर्थात् उन सातों के पार हो जाता है॥ (सो) आप, हे राजा, अपने घर के (सदा के) सुखिया हो, किस काम के लिये इतना जोखिम सहते हो, अर्थात् काहे जी के ऊपर खेलते हो ॥ (राजन्, निश्चय जानिये) वह कोई (विरला) सिंहल-दीप को जाता है, जो कि अपने जीव को हाथ में लिये हो, अर्थात् जो अपने जीव को,

काल के दानार्थ, संकल्प करने के लिये हाथ में लिये हो, वह सिंहल-एक-वचन। सकता है; आप ऐसे सदा के सुखियों का काम नहीं, कि सिंहल-द्वीप पुरुष का साहस करे॥

चार, चीर, दधि, जलोदधि, सुरा, किलकिला और अकूत, ये सात समुद्र हैं। = (ऐसा है जो जहाज पर) चढ कर, इन सातो समुद्रों को नाँघे; (और) किस का ऐ पराक्रम है (जो इन सातो के लाँघने के लिये साहस करे)। पुराणों में सर्वत्र चार, चीर, दधि, घृत, इचु-रस, सुरा, और खादु-जल के समुद्र लिखे हैं; इन में चार, चीर, दधि, सुरा, खादु-जल = जल, ये मलिक महम्मद के कहे हुए समुद्रों से मिलते हैं; केवल इचु-रस और घृत इन दोनों के स्थान में यहाँ किलकिला और अकूत हैं। ऊख के रस को जब कराहे में खौलाते हैं, तब वह भी भयङ्कर तरङ्ग और किलकिला अव्यक्त शब्द करने लगता है, (भारत शल्य पर्व, अध्याय ३०, श्लो, ४६ में भी लिखा है कि 'ततः किलकिला शब्दः प्रादुरासीद्विशाम्पते'।) और दूध से दधि, दधि-मन्थन से तब सब दूधों का रत्न-रूप घृत उत्पन्न होता है। इस लिये जान पडता है, कि कवि ने भयङ्कर किलकिला शब्द को ले कर इचु-रस के स्थान में 'किलकिला', और रत्नों से भरा रत्न-रूप, मानसर अकूत, रत्न-रूप घृत के स्थान में रक्खा। ऐसे तात्पर्य से एक-वाक्यता हो जाती है॥ १४३॥

चउपाई।

राज-पति यह मन-सकती सोऊ। पइ जेहि पेम कहाँ तेहि जीऊ॥
जो पहिलइ सिर देइ पगु धरई। मूए केरि मीचु का करई॥
सुख सँकलपि दुख साँबरि लीन्हा। तउ पयान सिंघल कहँ कीन्हा॥
भवँर जान पइ कवँल पिरीती। जेहि मँह बिथा पेम कइ बीती॥
अउ जेइ समुद पेम कर देखा। तेइ एहि समुद बूँद परि-लेखा॥
सात समुद सत कीन्ह सँभारू। जउ धरती का गरुअ पहारू॥
जेइ पइ जिउ बाँधा सत बेरा। बरु जिउ जाइ फिरइ नहिँ फेरा॥

दोहा।

रंग नाथ हउँ जा कर हाथ ओही के नाथ।
गहे नाथ सो खाँचई फेरत फिरइ न माथ॥ १४४॥

...ती = मनः-शक्ति = मन की शक्ति, अर्थात् जीव। सीउ = शिक्षा = सीख। ...पि, यहाँ परन्तु। पेम = प्रेम। जीऊ = जीव। सिर = शिर। देइ = दत्त्वा = ...। पगु = प्रग = पग = पैर। धरई = (धरति) धरता है। मूए = मरे हुए = ...। मीचु = मृत्यु। करई = (करोति) = करता है। सँकलपि = संकल्प्य = संकल्प कर ...दे कर। दुख = दुःख। साँबरि = संबल = राह-खर्च। तउ = तदा = तब। पयान = प्रयाण = गमन = यात्रा। जान = जानइ = (जानाति)। कवँल = कमल। पिरीती = प्रीति = स्नेह। बिथा = व्यथा = पीडा। बीती = बीतइ (व्यत्येति) का भूत-काल में स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन। समुद = समुद्र। बूँद = बिन्दु। परि-लेखा = परि-लिखइ (परि-लिखति) का भूत-काल। सात = सप्त। सत = सत् = सत्य-प्रेम। सँभारू = सम्भार = भार = बोझा। धरती = धरित्री = पृथ्वी। गरुश्र = गुरु = गढू = भारी पहारू = प्रहार वा प्रस्तार = पहाड। बाँधा = बाँधइ (बध्नाति) का भूत-काल। बेरा = बेडा = नाव। बरु = वर = बल्कि = चाहे। फिरइ = (स्फुरति) फिरता है = लौटता है। फेरा = फेरने से = लौटाने से ॥ रंग = प्रेम-रङ्ग। नाथ = नाथा हुआ (नाथृ बन्धने) हउँ = अस्मि = हूँ। हाथ = हस्त। नाथ = बन्धन = नकेल। गहे = गृह्णन् = पकडे हुआ खाँचई = (कर्षति) खीँचइ = खीँचता है। फेरत = फेरने से। माथ = मस्तक, यहाँ शि...

(राजा रत्न-सेन ने कहा, कि) गज-पति, यह (आप की) शिक्षा मन की ... (जीव) से है, अर्थात् यदि जीव ठेकाने रहे, तो मन इस शिक्षा को मान सकता ... परन्तु जिस के (हृदय में) प्रेम हुआ, अर्थात् प्रेम ने प्रवेश किया, तिस को ... जीव, (क्योंकि एक म्यान में दो तलवार नहीं रह सकती, एक वन में दो सि... नहीं रह सकते, एक नगर में दो राजाओं का अधिकार नहीं हो सकता, सो जीव से बडा प्रतापी जो प्रेम, सो मेरे हृदय में अधिकार कर लिया, अब जीव का कहाँ ठेकाना) ॥ जो पहले-ही शिर दे कर, पैर धरता है, (१२५ वें दोहे में शुक के उपदेश से राजा ने संकल्प कर लिया था, कि पद्मावती के प्रेम-मार्ग में शिर का... कर दे दूँगा, और उस मार्ग में चलूँगा; इस पर राजा कहता है, कि मैं पहले-ही शिर दे कर तब इस प्रेम-मार्ग में चलने को तयार हुआ। सो जो पहले-ही से शिर दे कर मार्ग में पैर को धरता है, वह तो मरा-ही है, और मरने पर तब मार्ग मे... चल रहा है, इस लिये मार्ग में परम क्लेश की मर्यादा है मृत्यु सो) मरे हुए को मृत... क्या करती है, अर्थात् कुछ नहीं कर सकती, मरे को क्या मारेगी ॥ (मैं) सुख क...

खाइ = खावे =
खा॰ बेगि = बेग =
ब्रा॰ एक-व॰ ॥

र (इस राह की) खर्चौ दुःख-ही को लिया, अर्थात् पहले-ही ... वचन। ... इस प्रेम-मार्ग में दुःख-ही खाने पीने को मिलेगा; (ऐसा मन में ... का ...ल की याचा किया॥ (हे गज-पति, मेरी इस बात को सुन कर, ...र ...प मुझे मन में पागल समझते हों,) परन्तु (निश्चय समझिये, कि) निश्चय ...-ही कमल की प्रीति जानता है; जिस में प्रेम की व्यथा बीती है, अर्था... ...मल-विरह से जो असह्य पीडा होती है, उसे भ्रमर भोग चुका है, तब कमल-प्रीति के सुख को जानता है, जिस से लुब्ध हो रात में कमल के संपुटित होने पर कैदी-सा पडा रहता है, परन्तु वहाँ से टरता नहीं। सो आप के ऊपर प्रेम-व्यथा नहीं बीती है, आप इस को नहीं जान सकते; कहावत है, कि 'न हि वन्ध्या विजानाति सूतिका-परिवेदनाम्' 'बाझ न जान प्रसव की पीरा'। 'जा के पैर न फटी बेवाई। वह का जानइ पीर पराई'॥ और जिस ने प्रेम का समुद्र देख लिया, तिस ने इस समुद्र (चार, चौर, इत्यादि) को बूँद लिखा है, अर्थात् तिस के मत से ये समुद्र, जिन का भयङ्कर वृत्तान्त आप ने सुनाया है, एक जल-विन्दु के समान हैं॥ सत्, अर्थात् मेरा ...य-प्रेम सातो समुद्रोँ का सँभार किया है, अर्थात् सातो समुद्रोँ का जो दुःख-भार है, ... मेरा सत्य-प्रेम सँभालेगा, (क्योँकि) यदि पृथ्वी है, (तो उस के आगे) पहाड की ...ता (भार) क्या है, अर्थात् कुछ भी नहीं है। पृथ्वी सब पहाडोँ की गुरुता ...भाले-ही है; इसी प्रकार धरित्री-सदृश मेरा सत् (सत्य-प्रेम) पहाड-सदृश सातो ...मुद्रोँ के दुःख-भार को अवश्य सँभालेगा॥ जिन्होँ ने निश्चय से, जीव से सत-रूपी नाव को बाँधा है, अर्थात् जीव को पक्का कर सत-रूपी नाव को जो तयार कर लिया है; वे लोग (उस नाव पर चढ कर) चाहे जीव (चला) जाय (परन्तु) फिर ...रने से नहीं फिरते॥

(सो हे गज-पति) रंग, अर्थात् प्रेम-रङ्ग, (जिस का वर्णन १४१ वेँ दोहे में ...जेहि के हिअइ पेम-रँग जामा। का तेहि भूख नीँद बिसरामा॥' यह कर आये हैँ) जिस का मैँ नाथा हूँ, उसी के हाथ में नाथ है, अर्थात् नकेल है। (वही प्रेम-रङ्ग) नकेल को पकडे खीँच रहा है, (मेरा) शिर (माथ) फेरने से नहीं फिरता, अर्थात् आप की शिक्षा मन में आती है परन्तु क्या करूँ, लाचार हूँ, पद्मावती का प्रेम-...ङ्ग मुझे नाथ कर अपने प्रबल कर से पद्मावती-ही की ओर खीँच रहा है, किसी ...कार से मेरा शिर फेरने से नहीं फिरता है॥ १४४॥

चउपाई ।

= सीख ।

पेम-समुदर अइस अउगाहा । जहाँ न वार न पार न दत्त्वा =
जउ वह समुद गाह एहि परे । जउ अउगाह हंस हिअ ऊए =
हउँ पदुमावति कर भिख-मंगा । दिसिटि न आउ समुद अउ गंग कर
जेहि कारन गिउ काँथरि-कंथा । जहाँ सो मिलइ जाउँ तेहि पंथा । =
अब एहि समुद परेउँ होइ मरा । पेम मोर पानी कइ करा ॥
मर होइ बहा कतहुँ लेइ जाऊ । ओहि के पंथ कोउ धरि खाऊ ॥
अस मन जानि समुद मँह परऊँ । जउ कोइ खाइ बेगि निसतरऊँ ॥

दोहा ।

सरग सीस धर धरती हिआ सो पेम-समुंद ।
नयन कउडिआ होइ रहे लेइ लेइ उठहिँ सो बुंद ॥ १४५ ॥

पेम-समुदर = प्रेम-समुद्र = प्रेम का समुद्र । अइस = एतादृश = ऐसा । अउगाहा = अवगाढ = कठिन । वार = जिधर खडे हो उधर का तट । पार = दूसरी ओर का त थाहा = तल = थाह । जउ = यदि । समुद = समुद्र । गाह = गाध = थाह = जो अथ न हो = जिसे थहा सकते हैं । अउगाह = अगाध = अतल-स्पर्श = जिस के तल का पता न लगे = जिस की गहराई का पता न लगे । हंस = एक पक्षि-विशेष, यहाँ प्राण । हिअ = हृदय । तरे = तरइ (तरति) का भूत-काल में बहु-वचन । पदुमावति = पद्मावती । भिख-मंगा = भिक्षुक = भिखारी = भीख माँगने-वाला । दिसिटि = दृष्टि = नेत्र = आँख । गंगा = गङ्गा, प्रसिद्ध पवित्र नदी । कारन = कारण = सबब = हेतु गिउ = ग्रीवा = गला । काँथरि = कथरी = गुदरी । कंथा = कन्था = गुदरी का चोलना मिलइ = मिले = मिलइ (मिलति) का लिङ् लकार में प्रथम-पुरुष का एक-वचन मरा = मर = मृतक = मुर्दा । पेम = प्रेम । पानी = पानीय = जल । करा = कला = अंश = भाग । बहा = बहइ (वहति) का भूत-काल । कतहुँ = कुत्र हि = कुत्रापि = कहीं । धरि = धृत्वा = धर कर = पकड कर । खाऊ = खाउ = खावे = खाइ (खादति) का लिङ् का प्रथम-पुरुष में एक-वचन । जानि = ज्ञात्वा = जान कर । परऊँ = परइ (पतति) का लोट् में उत्तम-पुरुष का एक-वचन, यहाँ परऊँ = परउँ = पडता हूँ ।

खाद = खावे = खाय = खाद (खादति) का लिङ् में प्रथम-पुरुष का एक-वचन। बेगि = वेग = शीघ्र। निसतरऊँ = निसतरद (निस्तरति) का लोट् में उत्तम-पुरुष का एक-वचन ॥ सरग = स्वर्ग = आकाश। सीस = शीर्ष = शिर। धर = धरा = धड = शिर के नीचे का शरीर-भाग। धरती = धरित्री = पृथ्वी। पेम-समुंद = प्रेम-समुद्र। कउडिआ = = कौडी। उठहिँ = उठद (उत्तिष्ठते) का बहु-वचन। बुंद = विन्दु ॥

रत्न-सेन गज-पति से कहता है, कि) प्रेम का समुद्र ऐसा कठिन है, जहाँ पार, न थाह है, अर्थात् उस के सीमा का पता-ही नहीं है, कि कहाँ र न उस की गम्भीरता-ही किसी के मन में आती ॥ (सो) यदि इस बिओगशाप के कहे समुद्र) में पडने से (परे) वह (प्रेम-समुद्र) गाध हो यदि ाप = गाध हो (परन्तु) हृदय के हंस, अर्थात् प्राण, (उस प्रेम-समुद्र को अवश्य) तरे न्अर्थात् अवश्य तरँगे, यह निश्चय है। हंस उडने में कभी थकते नहीं, चाहे तो दिन रात उडा करेँ; इसी तात्पर्य से रत्न-सेन ने अपने प्राणों को हंस बनाया, ि ये चलने में थकने-वाले नहीं; इस लिये अवश्य-ही प्रेम-समुद्र को तरँगे। भारत कथा-आ, कि एक वेर सब पक्षियों ने मिल कर हंस को अपना राजा बनाया; स पर वैश्य-पुत्रों के बहकाने से काक ने कहा, कि हंस में कौन गुण है, राजा ने के योग्य मैं हूँ। इस विवाद पर काक और प्रधान हंस दोनों समुद्र के इस र से उस पार और विना विश्राम लिये उस पार से इस पार आने के ि उडे। ाक इधर से जाते-ही थक कर, समुद्र में गिर पडा, और हंस, विश्राम के इस पार से उस पार चला गया, और उधर से इस पार चला ; राह में मृत-प्राय जल में पडे काक को भी पीठ पर लादे हुये चला । इस से पक्षियों को निश्चय हो गया, कि हंस के उडने का वेग अमं । है ्त-कर्ण-पर्व, अध्याय ४१) ॥ (रत्न-सेन कहता है, कि मैं) पद्मावती का मंगा हूँ, अर्थात् मुझे जिस भिक्षा की इच्छा है, वह भिक्षा पद्मावती-ही के पास स लिये मैं दूसरे के द्वार पर भिक्षुक बन कर, उस भिक्षा को नहीं पा ; केवल पद्मावती-ही के द्वार का भिक्षुक हूँ, (इस लिये संसार के सुख-साधन-ियों के लिये प्रधान जो रत्न, उन से भरा) समुद्र, और (परलोक-सुख की दाची) (दोनों) (मेरी) दृष्टि में नहीं आते, (क्योंकि जिस रत्न का मैं भिक्षुक हूँ ून दोनों के पास नहीं है) ॥ (सो) जिस (पद्मावती-रत्न) के [illegible] कमाया था,

कथरी का कन्था (पडा) है; वह (सो) जहाँ मिले उसी राह में मैं जाऊँ, अर्थात्
जाऊँगा ॥ (सो) अब (तो) इस (प्रेम-समुद्र) में मुर्दा हो कर, पडा हूँ; जिस में,
अर्थात् जिस समुद्र में मेरा प्रेम पानी का भाग है, अर्थात् जैसे दूध, दही, सुरा के
समुद्रों में क्रम से जल के स्थान में दूध, दही, और सुरा हैं; उसी प्रकार इस प्रेम के
समुद्र में जल के स्थान में मेरा प्रेम है ॥ (सो अब तो) मुर्दा हो कर (प्रेम
बहा हूँ, (चाहे वह समुद्र) कहीं ले जाय; (चाहे) उस (पद्मावती)
कोई पकड कर (धरि) खावे (मुझे इस की कुछ भी परवाह नहीं) ॥
जान कर, (इस) समुद्र में पडता हूँ। यदि कोई (मुझे) खावे तो (भल
इस अपार विरह-सागर से) शीघ्र निस्तरों, अर्थात् शीघ्र निस्तार पाऊँ ॥

(मेरा) शिर तो स्वर्ग पर (टँगा) है, और धड धरती पर (पडी) है १४५ ॥
शिर में जो मस्तिष्क (मगज़) है, वह नष्ट हो गया है, केवल धड बे-काम हो
धरती पर पडी है, (और) हृदय में वह (सो) प्रेम-समुद्र है, अर्थात् हृदय में
प्रेम-समुद्र, तरल तरङ्ग मार रहा है। दोनों नयन (उस समुद्र के) कौडी हो रहे हैं
बूँदों को ले ले कर उठते हैं, अर्थात् पद्मावती के ध्यान से जब तक नयन बंद
हैं, तब तक जानों नयन-रूपी कौडी उस प्रेम-समुद्र में डूबी रहती हैं, और
विरह-व्यथा से व्याकुल होने से उन नयनों में जल-विन्दु भर जाते हैं, तब जो न
खुल जाते हैं, उन की छवि ऐसी है, जानों उस प्रेम-समुद्र की कौडियाँ प्रेम-विन्दु
ले ले कर ऊपर उठ आई हैं। कौडी, घोंघे के सदृश एक समुद्र का जल-जन्तु
जो प्रायः सर्वत्र प्रसिद्ध है। भाषा में नयन शब्द पुलिङ्ग है, इस लिये K 3 पुस्त
पाठ 'होइ रहे' को उत्तम समझ, मूल में निवेशन किया है। बहुत रोते
आँखों की काली पुतली में सफेदी आ जाती हैं, इस लिये आँखों में विशेष
आ जाने से कौडी की उपमा देना बहुत-ही योग्य है ॥ १४५ ॥

चउपाई ।

कठिन बिओग जोग दुख-दाहू। जरत मरत होइ ओर निबा
डर लज्जा तहँ दुअ-उ गवाँनी। देखइ किछू न आगि न पा
ओहि आगइ धावा। पानि देखि तेहि सउँह धसा

जस बाउर न बुझाए बूझा। जउनहि भाँति जाइ का सूझा॥
मगर मच्छ डर हिअइ न लेखा। आपुहि चहइ पारभा देखा॥
अउ न खाहिँ ओहि सिंघ सँदूरा। काठ-हु चाहि अधिक सो झूरा॥
काया माया संग न आथी। जेहि जिउ सउँपा सोई साथी॥

दोहा।

जो किछु दरब अहा सँग दान दीन्ह संसार।
का जानी केहि सत सती दइउ उतारइ पार॥ १४६॥

बिओग = वियोग = विरह = जुदाई। जोग = योग। दुख = दुःख। दाह = दाह = ताप = जलन। जरम = जनम = जन्म। जरत = जरता है = जरइ = ज्वलति। ओर = अन्त = अ-लव। निबाह = निर्वाह। डर = भय। लज्जा = लाज = शर्म। दुअ-उ = द्वावपि = दोनों। गवाँनी = गमन कर जाती हैं = चली जाती हैं = खो जाती हैं। [...]छू = किञ्चित् = किछु = कुछ। आगि = अग्नि = आग। पानी = पानीय। आगइ = [...] = आगे। धावा = धाव = धावइ (धावति)। सउँह = सन्मुख = सामने। धसावा = [ध]सा-आवा = धसा आता है, धसा = धसइ (ध्वंसते) का भूत-काल। आवा = आव = आवइ (आयाति) = आता है। बाउर = वातुल = बौरहा। बुझाए = बुझाने से = सम-[झ]ाने से। बूझा = बूझइ = (बुध्यते)। जउनहि = य एव नु हि = जौन। भाँति = भङ्गी = रीति, जिस से संशय भग्न हो। सूझा = सूद्ध = सुन्दर ऊहा, यहाँ सूझा = देखा = सूझइ (शुध्यति) का भूत-काल। मगर = मकर = एक भयङ्कर जल-जन्तु। मच्छ = मत्स्य, रोह, पहिना इत्यादि। हिअइ = हृदये = हृदय में। लेखा = लेख = लिखइ (लिखति) = लिखता है = अर्थात् ख्याल करता है। पारभा = प्रभा = अपने प्यारे की कान्ति, जिस का कि प्रेम उत्पन्न हुआ है। खाहिँ = खाइ (खादति) का बहु-वचन। सिंघ = सिंह = प्रसिद्ध गज-वैरी जन्तु। सँदूरा = शार्दूल = एक प्रकार का व्याघ्र (शार्दूलद्वीपिनौ व्याघ्रौ, अमरकोश)। काठ-हु = काष्ठतोऽपि = काठ से भी। [च]ाहि = च हि = निश्चय से। झूरा = झीर्ण = सूखा। काया = काय = शरीर। माया = [...]च दारादि का स्नेह। आथी = अस्ति = सार वस्तु। जिउ = जीव। सउँपा = समर्पण किया। सोई = स एव = वही। साथी = सार्थी = सङ्गी॥ दरब = द्रव्य = धन। अहा = आसीत् = था। सँग = सङ्ग। सत = सत् = सत्पुरुष = सज्जन। सती = पतिव्रता = सुशीला

[...]साया था,

= साध्वी स्त्री। दइउ = देव = भगवान् = ईश्वर। उतारइ = उतारे = उतारइ (उत्तारयति का लिङ् लकार में प्रथम-पुरुष का एक-वचन ॥

(कवि कहता है, कि) वियोग के योग से, अर्थात् विरहाग्नि के संयोग से कठिन दुख-दाह है, अर्थात् कठिन दुःख देने-वाला दाह (ताप) उत्पन्न होता है, (जिस से विरही) जन्म (भर) जरा करता है, अन्त में निर्वाह होता है, अर्थात् अन्त में प्राण देने-ही से छुटकारा पाता है, और कोई उपाय-ही नहीं, जिस से वह ताप शान्त हो। कवि का अभिप्राय है, कि योग साधते साधते मर कर, दूसरी काया पाने से, और सिद्ध हो जाने से, जिस का विरह हुआ है, उस के मिलने-ही से वह दाह शान्त होता है॥ तहाँ, अर्थात् विरहाग्नि-दाहावस्था में डर और लज्जा दोनों निकल जाती हैं, अर्थात् जैसे साधारण आग में सुवर्ण को तपाने से सुवर्ण-मिलित मालिन्य भस्म हो जाते हैं; उसी प्रकार विरहाग्नि के बीच में पडने से शरीरस्थ लोकापवाद-जन्य लज्जा, और प्राण जाने का भय, ये दोनों भस्म हो जाते हैं, (इस लिये वह विरही प्राणी) न आग, न पानी, कुछ भी नहीं देखता है (क्योंकि दे तो तब जब प्राण का भय हो)॥ (वह विरही) आग देख कर, उस के आगे- दौडता है। पानी देख कर, उस के सामने धसा आता है॥ जैसे बौरहा समझाने नहीं समझता, (चाहे) जौन भाँति से (कहो) क्या सूझा जाता है? अर्थात् क्या उस को कुछ सूझ पडता है? अर्थात् नहीं सूझ पडता, (उसी प्रकार से विरही को भी कुछ नहीं सूझ पडता)॥ (वह विरही) हृदय में मगर मच्छ के डर का लेखा नहीं करता, अर्थात् समुद्र में जाने से मगर मच्छ खा जायँगे; इस का उस को कुछ परवाह-ही नहीं; (वह) आप-ही प्रभा को देखा चाहता है, अर्थात् जिस के विरह-दाह से मर रहा है, उस के कान्ति-दर्शन-ही को वह सब से प्रधान समझता है॥ और उसे सिंह व्याघ्र भी नहीं खाते हैं (खाने के लिये जहाँ उस के निकट आये तहाँ विरहाग्नि-ज्वाल से उन के मुह जरने लगते हैं, इस लिये सिंह व्याघ्र भी विरही को नहीं खाते, यह कवि का तात्पर्य है)। विरहिणी के वर्णन में खानखाना ने भी) यह बरवा लिखा है —

'बिरहिनि ढूँढन बन गइ बाघ भेँटान। बघवा सूँघि न खाग्रस बिरहिनि जान ॥'

(और विरह-ज्वाल के ताप से) वह (विरही) काठ से भी अधिक निश्चयेन झूर अर्थात् शुष्क रहता है॥ उस के संग में न (उस की) शरीर, न (घर की) माया

न अस्ति (कुछ खाने पीने की चीज) कुछ भी नहीँ रहती, जिस को (उस ने अपना) जीव सौंप दिया है, वही (केवल उस का) साथी है, अर्थात् जिस के लिये घर बार घर छोड, प्राण देने को तयार है, वही उपास्य-देवता-सदृश उस का साथी है ॥

(सो) जो कुछ द्रव्य संग में थी, सब को संसार में दे दिया, अर्थात् राजा रत्न-सेन ने, इस बुद्धि से, उस स्थान में जितने गज-पति के राज्य में सत्पात्र लोग थे सब में अपने सा का धन दान दे कर, लुटा दिया, कि क्या जानें किस सत् (पुरुष) और सती (स्त्री) (के आशीर्वाद) से भगवान (समुद्र के) पार उतारे, क्योंकि शास्त्र में लिखा है, कि दान पुण्य से क्या नहीं होता। कहावत है, कि एक वार अकबर ने बीरबर से पूँछा, कि संसार में सब से बढ कर कौन कर्म है, जो मृत्यु को भी कुछ काल के लिये हटा दे; इस पर बीरबर ने कहा, कि पृथ्वीनाथ, यह सामर्थ्य दान-ही में है जो कि मृत्यु को भी कुछ काल के लिये हटा देता है। इस पर बादशाह चुप हो रहे। दिन बीते बादशाह बीरबर को संग लिये वाटिका-विहार करते थे। अकस्मात् के ऊपर एक काक ने बीट कर दी, उस के धोने के समय अँगूठी में पानी न इस बुद्धि से बादशाह ने अपने मोहर की अँगूठी को निकाल, बीरबर के हाथ में और कहा, कि खबर्दार इसे खो मत देना, खो देने से जान से हाथ धो बैठोगे। लौटने पर, स्मरण न रहने से बीरबर, अँगूठी अपने जेब में रक्खे, अपने घर और बादशाह अपनी महल में पधारे। वहाँ बादशाह को स्मरण हुआ, कि बीरबर के छकाने के लिये यह अवसर अच्छा उपस्थित हुआ है; सो यह सोच किसी चतुर चार के द्वारा बीरबर के जेब में से उस मुदरी को चुरवा मँगाया, और जिस में किसी प्रकार से मुद्रिका न पाई जाय, यह विचार, उसे अपने हाथ से यमुना में फेंक दिया, और प्रातःकाल होते-ही मुद्रिका के लिये बीरबर के घर सिपाही को भेजा। बीरबर अपने जेब में मुद्रिका को न पा कर, बहुत घबराये, और सिपाही से कहा, कि बादशाह से प्रार्थना करो, कि सन्ध्या के समय दर्बार में मैं मुद्रिका के साथ स्वयमुपस्थित हूँगा। सिपाही के चले जाने पर, सब घर बाहर ढूँढा, मुद्रिका कहीं न मिली, तब बादशाह की आज्ञा स्मरण कर, बीरबर अपने जीने की आशा कर, और यह विचार कर, कि अब मरण समय में दान पुण्य करना चाहिये, णों को दान देने लगे। दान-दुन्दुभि सुन कर, नाना प्रकार के लोग बीरबर के घर डे। एक मल्लाह भी एक विशाल मत्स्य को, जिसे तुरन्त-ही यमुना में फँसाया था,

ले कर, वहाँ पहुँचा, और बीरबर को वह मत्स्य भेंट में दिया, जिस के बदले बीरबर से
बहुत कुछ पाया। बीरबर ने आज्ञा दिया, कि इस मत्स्य को पकावो, और जो गरीब,
खाने लायक हों, उन्हें और व्यञ्जनों के साथ इसे भी खिलावो। पकाने के लिये लोगों ने
ने मत्स्य को फाडा तो उस के पेट में से वही बादशाही मोहर-वाली मुद्रिका निकली,
जिसे ले कर, बडे आनन्द से बीरबर सन्ध्या को दर्बार में पहुँचे, और बादशाह के
हाथ में उस मुदरी को दी। बादशाह ने मुद्रिका को देख कर, बडे आश्चर्य में हो,
बीरबर से कहा, कि इसे तो मैं ने स्वयं यमुना में फेंक दिया था तुम्हें कैसे मिली?।
बीरबर ने कहा, कि पृथ्वी-नाथ, दान के प्रभाव से यह मुझे मत्स्य के पेट में से मिली;
इस पर बादशाह को विश्वास हुआ, कि सत्य है, बडी बडी विपत्ति दान से हट जाती
हैं॥ इसी बुद्धि से राजा रत्न-सेन ने भी सर्वस्व-दान दिया। आगे की चौपाई में कवि
भी दान-महिमा-वर्णन के लिये उद्यत हुआ ॥ १४६ ॥

चउपाई ।

धनि जीअन अउ ता कर हीआ। ऊँच जगत महँ जा कर दीआ॥
दिआ सो सब जप तप उपराहीँ। दिआ बराबर जग किछु नाहीँ॥
एक दिआ तइँ दस-गुन लाहा। दिआ देखि सब जग मुख चाहा॥
दिआ करइ आगइ उँजिआरा। जहाँ न दिआ तहाँ अँधिआरा॥
दिआ मँदिर निसि करइ अँजोरा। दिआ नाहिँ घर मूसहिँ चोरा॥
हातिम करन दिआ जो सीखा। दिआ रहा धरमिन्ह महँ लीखा॥
दिआ सो काज दुहूँ जग आवा। इहाँ जो दिआ ओही जग पावा॥

दोहा ।

निरमर पंथ कीन्ह तिन्ह जिन्ह रे दिआ किछु हाथ।
किछु न कोइ लेइ जाइहि दिआ जाइ पइ साथ॥१४७॥

धनि = धन्य। जीअन = जीवन। हीआ = हृदय। ऊँच = उच्च = ऊँचा। जगत =
जगत् = संसार। दीआ = दान = दत्त, वा दीआ = दीपक = दीप = दीया = चिराग
उपराहीँ = उपरि हि = ऊपर। जग = जगत् = संसार। किछु = किञ्चित् = कुछ। तइँ =
तें = से। दस = दश। गुन = गुण। दस-गुन = दश-गुण = दस-गुना। लाहा = लाभ =

फायदा। उँजिआरा = उज्ज्वलकार = उज्ज्वल। अँधिआरा = अन्धकार। मँदिर = मन्दिर = घर। निसि = निशि = रात्रौ = रात में। अँजोरा = उज्ज्वल = उजेला = प्रकाश। मूसहिँ = मूसइ (मुष्णाति) का बहु-वचन। चोरा = चोर। हातिम = मुसल्मानोँ मेँ एक प्रसिद्ध दानी। करन = कर्ण = भारत का प्रसिद्ध धीर, वीर, और दानी। सीखा = शिक्षा पाया, वा सीखा = शिखा = चोटी। धरमिन्ह = धर्मिणः = धर्मि-जन। लीखा = लेखा = गणना। काज = कार्य = काम। दुहूँ = द्वौ हि = दोनोँ। आवा = आव = आवइ (आयाति)। इहाँ = इह = यहाँ॥ निरमर = निर्मल = उज्ज्वल = स्वच्छ = साफ। पंथ = पन्थाः = मार्ग = राह। जाइहि = जायगा = जाइ (याति) का भविष्यत्-काल मेँ एक-वचन। पइ = अपि = निश्चय से = अवश्य, वा पइ = पर। साथ = सार्थ = सङ्ग॥

(मलिक महम्मद कहते हैँ, कि) तिस (पुरुष) का धन्य जीवन और हृदय है, जिस का, कि दान, वा दीया (प्रताप) जगत् मेँ सब से ऊँचा, अर्थात् बढ कर है॥ वह (सो) दिया अर्थात् दान, वा दीया (प्रताप), सब जप (और) तप के ऊपर है। दान (दिया) वा दीया (प्रताप) के बराबर जगत् मेँ कुछ नहीँ है, अर्थात् संसार मेँ ऐसी कोई वस्तु नहीँ जो दान वा प्रताप की बराबरी करे। भारत, शान्तिपर्व, सर्ग २९ की कथा मेँ व्यास लोग ऊपरी कथा कहते हैँ, कि राजा रन्तिदेव कई दिन उपवास करने पर, खेत मेँ झडे हुए जवोँ को चुन लाये और उन से जो सत्तू तयार हुआ, उस को ब्राह्मण, अपने, पत्नी, पुत्र, और पुत्र की पत्नी के हेतु पाँच विभाग कर, पत्तलोँ मेँ परोस, ब्राह्मण का भाग अलग निकाल, जैसे-ही जँवने के लिये बैठे, तैसे-ही राजा के धर्म को ध्वंस करने के लिये विश्वामित्र पहुँचे, और कहा, कि 'राजन् बुभुक्षितोऽस्मि' इस पर राजा ने ब्राह्मण का अलग रक्खा हुआ भाग उन के आगे बडे आदर से रख दिया। उस के खा जाने पर मुनि ने कहा, कि 'राजन् नैतावता भोजनेन तृप्तिर्जाता'। तब राजा ने क्रम क्रम से अपना, अपनी पत्नी का, तथा पुत्र का और पुत्र-बधू का, सब भाग विश्वामित्र को खिला कर, उन्हेँ आदर-पूर्वक विदा किया। और इधर क्षुधा-वेदना से चारो के प्राण स्वर्ग-प्रयाण के लिये उठ खडे हुए। इस कठिन दान को देख कर, देवोँ ने धन्य धन्य कह, दुन्दुभी बजाई, और चारो को विमान मेँ बैठा, मङ्गल-स्तुति करते स्वर्ग को ले गये। यहाँ विश्वामित्र के पत्तल पर जो उच्छिष्ट सत्तू पडा था, उस के खाने के लिये एक नेउरा आया। पत्तल चाटने के समय उस के नाभी से ऊपर शरीरार्द्ध-भाग मेँ जो उच्छिष्ट लगे, उस के कारण उस की आधी देह

सोने की हो गई। जब युधिष्ठिर ने राजसूय किया, और बज्रत ब्राह्मणों को भोजन कराया, उस समय उस नेउरे ने यह सोच, कि उस यज्ञ में ब्राह्मणों की जूठी पत्तलों पर लोटने से मेरी बाकी आधी देह अवश्य सोने की हो जायगी, वहाँ आ कर, घूर पर पडी जूठी पत्तलों के ऊपर लोटना आरम्भ किया। युधिष्ठिर के साथ कोठे पर बैठे कृष्ण उस नेउरे के, वार वार लोट कर, शरीर के निरेखने पर खिल खिला कर हंस उठे। युधिष्ठिर कुछ आमर्ष से हँसी का कारण पूँछने लगे। युधिष्ठिर के हठ पकडने पर कृष्ण ने उस नेउरे को देखाया और कहा, कि देखो राजा रन्तिदेव के ब्राह्मण-भोजन के उच्छिष्ट में लोटने से इस की आधी देह सोने की हो गई है, अवशिष्ट देह को भी सोना बनाने के लिये तुमारे यज्ञ के ब्राह्मण-भोजन के उच्छिष्ट में लोट रहा है, और वार वार अपनी देह को निरख रहा है, किं सोने की ऊई, कि नहीँ, परन्तु वह देह ज्योँ की त्योँ बनी है, सोने की नहीँ होती है। इस पर युधिष्ठिर ने लज्जित हो कर, कृष्ण से पूँछा, कि क्या मेरी यज्ञ निर्विघ्न पूरी नहीँ ऊई। कृष्ण ने कहा, कि युधिष्ठिर, तुमारी यज्ञ अवश्य निर्विघ्न पूरी ऊई, परन्तु राजा रन्तिदेव के यज्ञ की बराबरी नहीँ कर सकती। राजा रन्तिदेव ने अपना पेट काट कर, ब्राह्मण के मुख में ऊत किया, सो उन की यज्ञ सर्वोत्तमोत्तम ऊई। सच है दान के बराबर जगत् में कुछ नहीँ है, तहाँ भी ऐसा दान, जिस से कि प्राण पर आ बने॥ एक देने से दस-गुना लाभ होता है अर्थात् जगत् में सब प्राणियोँ की यही इच्छा रहती है, कि कुछ नुक्सान हो जाय, परन्तु प्रतिष्ठा लाभ हो, सो आदर-पूर्वक एक से प्रतिष्ठा पाने के लिये तो उस को दान दिया, और उस ने दस जगह दानी की प्रशंसा किया, जिस से उस दानी की दश-गुणित प्रतिष्ठा हो गई। जैसे एक दीये से दस-गुना लाभ होता है, अर्थात् दसो दिशा की वस्तु प्रकाश से मिल जाती है। दिया (दान) को देख कर, (दानी के औदार्य पर) सब जगत् (उस दानी के) मुख को चाहता है, अर्थात् सब कोई चाहता है, कि ऐसे पुण्यात्मा के मुख का दर्शन हो। जैसे दीये को देख कर जग में सब कोई उस दीये के मुख को चाहता है, अर्थात् दीप-शिखा को लक्ष्मी-रूप समझ, सब कोई प्रणाम करने के लिये उस दीये के मुख का दर्शन चाहता है॥ दिया (दान) आगे उँजेला करता है, अर्थात् परलोक-मार्ग को देखाता है, जैसे दीया आगे (राह में) उँजेला करता है। जहाँ दिया (दान) नहीँ है, तहाँ अन्धकार है,

र्थात् उस के लिये परलोक-मार्ग अन्धकार-मय है, जैसे जहाँ दिया (दीप) नहीं है हाँ अन्धकार रहता है ॥ दिया (दान) रात को घर में उँजेला करता है, अर्थात् रात को घर में दानी के सो जाने पर भी दान-प्रताप ऐसा प्रकाशित रहता है, कि उस के आतङ्क से चोर, चाईं, कोई भी, उस के पास नहीं पहुँच सकता; वह दान-प्रताप सदा उँजेला रखता है, जैसे दीया (दीप) रात को घर में उँजेला करता है। (जहाँ) दिया (दान) नहीं है (उस) घर को चोर मूसते हैं, अर्थात् न देने से कृपण के धन का यही परिणाम है, कि उसे दूसरा ले लेता है। भर्तृहरि ने भी लिखा है, कि—

'दानं भोगो नाशस्तिस्रो गतयो भवन्ति वित्तस्य।
यो न ददाति न भुङ्क्ते तस्य तृतीया गतिर्भवति ॥' (भर्तृहरि-नीतिशतक)।

न भी एक प्रकार का दान-ही है, किन्तु कुपात्र में देने से इस दान से कोई नहीं) जैसे दीया न रहने से घर को चोर मूस लेते हैं ॥ हातिम और कर्ण ने देया (दान) को सीखा, अर्थात् दान देने का जो अभ्यास किया; (इसी लिये तक उन दोनों का) दिये (दान)-ही से धर्मियों में गणना रही है, अर्थात् -कीर्त्ति-ही से आज तक उन के नाम धर्मि-गणना में वर्त्तमान हैं, वा, हातिम कर्ण के, दिया (दीप, प्रताप) की जो शिखा (प्रज्वलित हुई है, उसी कारण ह) दिया (प्रताप) धर्मियों के बीच लिखा रहा है, अर्थात् उन के प्रताप का विशेष वर्णन धर्मियों के बीच आज तक इतिहासों में लिखा हुआ है ॥ दिया (दान) जो है सो दोनों जगत्, अर्थात् इस लोक और परलोक दोनों, में काम आता है, जैसे जग में दिया (दीप=दीया) जो है सो दोनों, अर्थात् घर के भीतर बाहर दोनों, काम में आता है। यहाँ, अर्थात् इस लोक में, जो कुछ दिया हुआ है (वही) दूसरे जगत् में, अर्थात् पर-लोक में, पाया जाता है, अर्थात् अन्त समय कुछ भी नहीं काम आता और न कोई संग चले, एक दान-पुण्य-रूप धर्म-ही साथ देता है, और वही साथी हो कर, ईश्वर के यहाँ सहायक होता है। शास्त्र में भी लिखा है, कि 'धर्म एकः सहायः' जैसे यहाँ जिस का दिया (धर्म-दीप-प्रकाश) है वही परलोक जाँ भी (प्रकाश के लिये उस धर्मी को) मिलता है ॥

र के (कवि कहता है, कि) रे (मन, वा मित्र) जिस ने (अपने) हाथ से कुछ दिया, अर्थात् दान-पुण्य किया, (निश्चय समझो, कि) तिस ने (पर-लोक यात्रा में अपने लिये) निर्मल राह किया है, अर्थात् वही दान-दीप की उज्ज्वल-शिखा उस के अन्त

समय स्वर्ग जाने में निर्मल राह देखाती है। कोई कुछ भी नहीं ले जायगा, (पर निश्चय से दिया (दान) अवश्य साथ जाता है, अर्थात् अन्त में सब कोई साथ छो देता है परन्तु दान-धर्म-ही सदा साथ दिये रहता है॥

हातिम मुसल्मानों में एक बडा प्रसिद्ध वीर, धीर, और दानी हो गया है। जैसे विक्रम की प्रशंसा में सिंहासन बत्तीसी, बैताल-पचीसी बनी ऊई हैं ; उसी प्रकार इस की प्रशंसा में पारसी में 'हातिम ताई' बनी है। इस के पिता का कुल तै वंश में था। इस लिये इसे लोग हातिम ताई कहते हैं, अर्थात् हातिम तै वंश का। एक सौ की कन्या ऊस्नबानू से विवाह करने के लिये एक राज-पुत्र, मुनीरशामी, ऊआ। परन्तु ऊस्नबानू की प्रतिज्ञा थी, कि जो कोई मेरे स्थिर किये ऊए प्रश्नों का उत्तर करेगा उसी से मैं विवाह करूँगी। मुनीरशामी को, उत्तर न होने ऊस्नबानू ने वर्ष दिन की अवधि दी थी। यह रोता ऊआ वन में गया, वहाँ हाति भेंट ऊई। हातिम ने प्रतिज्ञा की, कि मैं तेरे बदले सातो प्रश्नों का उत्तर कर प्रतिज्ञानुसार बडे बडे दुःखों को भोग कर, हातिम ने उन उत्तरों को और मुनीरशामी से ऊस्नबानू का विवाह कराया। यह हातिम यमन नगर राजा था। एक वार एक भेडिये ने एक प्रसूता हरिणी को, भक्षण करने के लि पकड लिया। अनाथ उस मृगी का बच्चा कैसे जीयेगा; इस विचार से भेडिये को दधीचि के ऐसा अपने चूतरों की मांस दे कर, हरिणी को छोडाया। यह ऐसा दानी, मानी और सत्यभाषी था, कि पशुओं में भी इस का यश फैल रहा था। जैसे ऋक्ष-पति जाम्बुवान् नें कृष्ण से अपनी कन्या जाम्बुवती का विवाह किया; उसी प्रकार जब ऊस्नबानू के पहले प्रश्न (एक वेर देखा है, दूसरी वार देखने की अभिलाषा है) के उत्तर की खोज में इस ने वन-यात्रा किया है; उस समय इस का यश और नाम सुन, उस समय का ऋक्ष-पति ने इस के साथ अपनी कन्या का विवाह करना निश्चित किया। परन्तु हातिम ने अस्वीकार किया। इस पर ऋक्ष-पति ने हातिम को कैद किया। अन्त में एक दिव्य-पुरुष के कहने से हातिम ने उस ऋक्ष पति की पुत्री से विवाह किया और उसी के प्रसाद से पहले प्रश्न के उत्तर को पाया। यह सब मनोहर कथा 'हातिम ताई' में हैं। मुन्शी नवलकिशोर ने इस हिन्दी-अनुवाद भी छपवा दिया है जो 'आरायश-महफिल' (ارایش محفل) इस ना से प्रसिद्ध है।

कुन्ती, विवाह होने के पहले एक दिन यमुना नहाने गई थी। उस की शोभा को देख, सूर्य उस पर आसक्त हुए। उसी सूर्य के शुक्र से कर्ण की उत्पत्ति हुई। सूर्य के प्रसाद से कुन्ती का कुमारी-धर्म नहीँ नष्ट हुआ। पीछे से यह पण्डु से व्याही गई। कुन्ती ने कर्ण को जन्मते-ही लोकापवाद-भय से यमुना मेँ बहा दिया। यह बहते बहते प्रयाग मेँ गङ्गा जी मेँ आया। वहाँ से बहते बहते विहार मेँ पहुँचा। वहाँ एक रथ-कार (लोहार वा बढई) की स्त्री राधा ने इसे पकडा और वंश मेँ कोई पुत्र न रहने के कारण, अपना पुत्र मान लिया। राधा का पति इन्द्र-प्रस्थ मेँ पण्डु के यहाँ रथ बनाने पर नोकर था। नोकरी पक्की हो जाने पर पीछे से राधा भी अपने पुत्र कर्ण को लिये, अपने पति के साथ इन्द्र-प्रस्थ मेँ रहने लगी। दुर्योधन की मित्रता से कर्ण शस्त्र-निपुण और बडा प्रख्यात हुआ। यह बडा-ही वीर, धीर, और दानी था। जिस घडी यह पूजा कर के उठता था, उस समय जो कोई सत्पात्र जो कुछ माँगता था, नाहीँ नहीँ करता था। इस का जन्म शरीरस्थ कवच और कुण्डल के साथ हुआ था। एक वेर पूजा के समय इन्द्र ने आ कर, कवच और कुण्डल को माँगा। इस ने तुरन्त अपनी शरीर मेँ से नोच कर, इन्द्र को कवच और कुण्डल दे दिया (भारत आदिपर्व, अध्या० ६७, श्लो० १४१-४२) इस स्थान पर व्यास लोग कर्ण के औदार्य पर अनेक कहानी सुनाते हैँ।

युधिष्ठिर ने एक वेर कृष्ण से पूँछा, कि हमारे लोगोँ मेँ कौन दानी है, कृष्ण ने कहा, कि कर्ण; इस पर युधिष्ठिर उदास हुए। कुछ दिन बीते वर्षा-ऋतु मेँ एक ब्राह्मण आ कर, कृष्ण के साथ कोठे पर बैठे युधिष्ठिर से विनय किया, कि [illegible]राज, ब्राह्मणी को लडका हुआ है, सो शीत-निवारणार्थ कुछ इन्धन चाहिए। युधिष्ठिर ने भण्डारी को आज्ञा दिया, कि ब्राह्मण को इन्धन दो। भण्डारी ने [illegible]ह्मण से कहा, कि इस समय भण्डारे मेँ इन्धन नहीँ है; मनुष्य वन मेँ भेजा गया है; आप एक पहर के बाद आइये, यथेच्छ इन्धन मिलेगा। इस पर युधिष्ठिर ने भी ब्राह्मण से यही कहा, कि पहर भर के बाद आ कर, भण्डारी से यथेच्छ इन्धन [illegible]। वह ब्राह्मण वहाँ से फिर कर, कर्ण के घर पर आया जो युधिष्ठिर के [illegible] के सामने-ही था। और उन से भी इन्धन के लिये प्रार्थना की। कर्ण ने भी इन्धन के लिये भण्डारी को आज्ञा दिया। दैवात् उन के यहाँ भी भण्डारे मेँ इन्धन [illegible] रहा। इस लिये भण्डारी ने ब्राह्मण से विनय किया, कि देवता, पहर भर के बाद

दच्छिन मिलेगा। इस पर कर्ण ने क्रुद्ध हो कर, भण्डारी को डाँटा, कि मूर्ख, पर
भर में तो संभव है, कि ब्राह्मणी शीत के कारण व्याकुल हो, सो मेरी चारपाइयाँ
चीर कर, आज के लिये ब्राह्मण को यथेच्छ दच्छिन दे। इस पर भण्डारी ने कर्ण
कई चारपाइयों के पाटी गोडे चिरवा कर, ब्राह्मण को दच्छिन दिया। इस पर कृष्ण
युधिष्ठिर को देखा कर कहा, कि क्या आप के पास चारपाइयाँ न थीँ, जिन
ब्राह्मण को आप दच्छिन दे सकते? सो देखो कर्ण की उदारता। इसी लिये मैं ने
तुमारे लोगोँ में सब से अधिक उदार कर्ण को कहा है। इस बात को सुन
युधिष्ठिर ने लज्जित हो, नीचे शिर कर लिया।

व्यासोँ की दूसरी कहानी ऐसी है—। बडे भोर कर्ण की सत्यता और दान
शीलता देखने के लिये एक वेर योगी बन कर, महादेव जी आये। जैसे-ही योगी
दार पर पहुँचा, तैसे-ही अन्तःपुर से बाहर कर्ण उठा हुआ चला आता था। योगी
चार आँख होते-ही, प्रणाम करने के अनन्तर, बडे भोर योगी के आने का कार
पूछा। योगी ने कहा, कि आप से कुछ माँगने आया हूँ, यदि आप तीन वेर वचन
दें तो मै माँगूँ। कर्ण ने कहा, कि योगि-राज, आप माँगिये मैं निःसंशय दूँगा
दूँगा, दूँगा। इस प्रकार तीन वेर वाचा बँधा कर योगी ने कहा, कि तुमारे पुत्र
विकर्ण की मांस खाने चाहता हूँ। उस में नियम यह, कि आप अपनी पत्नी के साम
उस का शिर काटिये, और आप की पत्नी उस कटे शरीर की बोटी बोटी चीर कर
पानी से अच्छी तरह धो कर, बटलो-ही में धर कर, पकावे। पकने पर वही थारी मे
परोसे, और आप मुझे जेवाँवैं, और आप की वही पत्नी, जब तक मैं भोजन न
कर लूँ, बैठी बेनिया डोलावे। परन्तु इतना ध्यान रक्खो, कि इस कृत्य के आदि से
अन्त तक तुमारे और तुमारी पत्नी के आँखों से आँसू के एक बूँद न निकले। यदि
किसी के आँख से एक बूँद भी टपकेगा तो मैं भोजन न करूँगा और शाप से
तुमारी सब श्री भस्म कर डालूँगा। इस पर धैर्य धर, कर्ण घर के भीतर पत्नी के
पास गया; और कदाचित् पुत्र के शिर काटने में यह विघ्न करे, और यथोचि
योगी के नियम का न पालन करे, इस भय से, अनेक मनोहर मधुर वचनों
पत्नी की सेवा में लग गया। पति-व्रता पत्नी भी बडे आदर से पति के पैरों प
गिर कर, विनय करने लगी, कि नाथ, ऐसा कौन सा कार्य-भार आ पडा, जिस
लिये इस दासी की इतनी सेवा में आप के सब अङ्ग नाना प्रकार की भङ्गी में ल

ऊए हैं। कर्ण ने कहा, कि यदि तुम राजी हो कर देने को कहो और कार्य में भाँजी न पडो, तो मैं करूँ। पत्नी ने कहा, कि प्राण-नाथ, मेरे लिये संसार में ऐसी सार वस्तु-ही नहीं जो आप की आज्ञा से बाहर हो; तन, मन, धन, परिवार-जन, सब आप का है; निःसंशय आज्ञा हो दासी सर्व प्रकार से आज्ञा पालन करेगी। पत्नी के इस वचन पर कर्ण ने योगी के वृत्तान्त को सुना कर, कहा, कि मैं यह सब करने का वचन उसे दे आया हूँ, अब, प्राण-प्रिये, तुमारी-ही देरी है; इस पर पति आज्ञा को—

'गुरुरग्निर्द्विजातीनां वर्णानां ब्राह्मणो गुरुः।
पतिरेको गुरुः स्त्रीणां सर्वत्राभ्यागतो गुरुः॥'

इस मनु-वाक्य से सब से भारी समझ, वह भी पति के साथ सब काम करने को तयार ऊई। निदान योगी के नियमानुसार दोनों ने वैसा-ही कर देखाया। जब पुत्र-मांस परोस कर कर्ण योगी को जेवाँने लगा, और उस की पत्नी बेनियाँ डोलाने लगी, तब अत्यन्त प्रसन्न हो कर, धन्य धन्य कहते, महादेव जी प्रगट हो कर, उस के पुत्र विकर्ण को जिला दिया, और बऊत कुछ वर-प्रदान देते दम्पतियों की सत्यता को सराहते अपनी कैलासपुरी को पधारे। जैसे श्रवण, गोपीचन्द, भर्तृहरि के चरित्रों को लोग गाया करते हैं; तिसी प्रकार बऊत से लोग इस कर्ण-कहानी को भी अनेक मनोहर गीतों में गाया करते हैं॥ १४७॥

चउपाई।

सत न डोल देखा गज-पती। राजा दत्त सत्त दुहुँ सती॥
आपुन नाहिँ कया पइ कंथा। जीउ दीन्ह अगुमन तेहि पंथा॥
निहचइ चला भरम डर खोई। साहस जहाँ सिद्ध तहँ होई॥
निहचइ चला छाडि कइ राजू। बोहित दीन्ह दीन्ह सब साजू॥
चढा बेगि अउ बोहित पेले। धनि वेइ पुरुख पेम-पँथ खेले॥
पेम-पंथ जउ पहुँचइ पारा। बहुरि न आइ मिलइ तेहि छारा॥
तिन्ह पावा ऊतिम कबिलास्तू। जहाँ न मीचु सदा सुख बास्तू॥

दोहा ।

एहि जीअन कइ आस का जस सपना तिल आधु ।
मुहमद जिअत-हि जे मुए तिन्ह पुरुखन्ह कहँ साधु ॥ १४८ ॥

इति राजा-गजपति-संबाद-खंड ॥ १३ ॥

सत = सत्य = सत्य-प्रतिज्ञा = सत्य-सङ्कल्प । डोल = डोला = दोलित हुआ = डगा = डोलइ (दोलति) का भूत-काल । दत्त = दान । सत्त = सत्य = सत्य-व्रत । सती = समीचीन = सची । कया = काय = शरीर । पइ = अपि = निश्चय । अगुमन = आगमने = आगमन-ही में = प्रारम्भ-ही में = आगे-ही । निहचइ = निश्चय = निःसंशय । चला = चलइ (चलति) का भूत-काल । भरम = भ्रम = संशय । डर = भय । खोई = खो कर = नष्ट कर । साहस = विना समझे बूझे कर बैठना = हिम्मत से विना विचारे काम करना । सिद्धु = सिद्धि = मनोरथ का पूरा होना । छाडि = छोड कर (सञ्छुद्य) । राजू = राज्य । बोहित = वोहित = जहाज = बडी नाव । दीन्ह = देइ (दत्ते) का भूत-काल । सब = सर्व । साजू = साज = सामग्री । चढा = चढइ (चरति) का भूत-काल । बेगि = वेगेन = शीघ्र । पेले = पेले गये = चलाये गये = पेलइ (पेलति) से कर्म में प्रत्यय है । धनि = धन्य । पुरुख = पुरुष = मनुष्य । पेम-पँथ = प्रेम-पथ = प्रेम का मार्ग । खेले = खेलहिँ = खेलइ = (खेलति) का बहु-वचन । जउ = यदि । पहुँचइ = पहुँचे । पारा = पार । बहुरि = भूयः = फिर । आइ = आगत्य = आ कर । मिलइ = मिलति । छारा = छार = भस्म = राख । ऊतिम = उत्तम । कबिलासू = कैलास, वा कबिलासू = क-विलास = ब्रह्मा का विलास, अर्थात् ब्रह्म-सुख । मीचु = मृत्यु । बासू = वास = स्थान ॥ जीअन = जीवन । आस = आशा = उम्मेद । जस = यथा = जैसे । सपना = स्वप्न । तिल = तिलान्न । आधु = अर्ध = आधा । साधु = समीचीन ॥

(बार बार समझाने पर भी) गज-पति ने देखा, (कि राजा का) सत्य-व्रत, अर्थात् सिंहल जाने का सत्य-सङ्कल्प न डगा । (और मन में निश्चय किया, कि राजा का दत्त, अर्थात् दान (जो अभी निर्विघ्न समुद्र-पार होने के लिये किया है) और सत्य-सङ्कल्प दोनों सच्चे हैं, अर्थात् राजा के जी से लग गई है, कि मैं सिंहल को जाऊँ ॥ (कवि कहता है, कि सच है, जिस ने) आगे-ही से उस राह में (जाने के लिये अपना) जीव दे दिया है; उस की अपनी-ही शरीर नहीं है, (किन्तु) निश्चय जो कन्था है, अर्थात् जीव दे देने पर शरीर कहाँ । जो शरीर देख पडती है, उसे शरी

न समझो किन्तु कन्या समझो, जो कि निर्जीव और बे-काम है ॥ (गज-पति मन मैँ कहता है, किं राजा रत्न-सेन) संशय और डर को खो कर, अर्थात् भुला कर, निश्चय से, अर्थात् दृढता से, (सिंहल को) चला है, सो, जहाँ (ऐसा) साहस है तहाँ (अवश्य-ही) सिद्धि (मनोरथ-सिद्धि) होती है ॥ सो राजा निश्चय से राज्य को छोड कर, (सिंहल को) चला है, (यह गज-पति ने अपने मन मैँ निश्चय कर, रत्न-सेन को) जहाज दिया (और जहाज-उपयोगि) साज (सामग्री) को भी दिया ॥ (राजा) शीघ्र (जहाज पर) चढा और जहाज चलाये गये। (कवि कहता है, कि) धन्य वे पुरुष हैँ, जो कि प्रेम-मार्ग मैँ खेलते हैँ, अर्थात् जो कि सब से उत्तम मन-बहलाव प्रेम-मार्ग-ही को जानते हैँ ॥ यदि (कोई) प्रेम-मार्ग के पार पहुँचे, (तो वह) फिर (इस संसार मैँ) आ कर, तिस (संसार के) भस्म मैँ नहीँ मिलता है, अर्थात् वह जन्म मरण से मुक्त हो प्रेम-मय पर-ब्रह्म मैँ लीन हो जाता है ॥ वे लोग (तिन्ह) उत्तम कैलास वा ब्रह्म-विलास को पाते हैँ, जहाँ मृत्यु नहीँ है (और) सदा सुख से स्थान है, अर्थात् जहाँ मृत्यु-भय से मुक्त हो, प्राणी सुख से अचल स्थान मैँ विराजता है ॥

(मुहम्मद कहते हैँ कि) इस जीवन की क्या आशा, जैसे स्वप्न और तिल का आधा, अर्थात् जैसे स्वप्न की स्थिति बहुत थोडे काल तक रहती है, और एक तिल-ही छोटे परिमाण के कारण बहुत अल्प काल तक एक स्थान मैँ रहता है, तहाँ तिल के आधे की स्थिति तो और भी बहुत अल्प है; एक क्षण मैँ दृष्टि-गोचर हुआ, दूसरे क्षण मैँ वायु-वेग से अन्यत्र चले जाने से अगोचर हो गया। इसी प्रकार मनुष्य का जीवन है। इस क्षण मैँ वर्त्तमान है, दूसरे क्षण मैँ नहीँ जानते, कि इस की स्थिति कहाँ होगी। (इस लिये जब यह जीव क्षण-भङ्गुर है तब इस के ठहराने का यत्न सब निष्फल है, सो) जो लोग जीते-ही मर गये हैँ, अर्थात् जो प्रेम-पथ मैँ चले हैँ, (क्योँकि प्रेम-पथ-ही मैँ पहले शिर दे कर, तब मनुष्य चलता है; इस लिये जानोँ जीता-ही मरे के समान है) तिन्ही पुरुषोँ को (मैँ) साधु, अर्थात् समीचीन, कहता हूँ। कवि का तात्पर्य है, कि जब निश्चय है, कि शरीर क्षण-भङ्गुर है तब यह प्रेम-पथ मैँ यदि खोई जाय तो अत्युत्तम; इस लिये जो प्रेम-पथ मैँ शरीर खोवे उसी को मैँ सच्चा साधु महात्मा समझता हूँ ॥ १४८ ॥

इति राज-गजपति-संवाद-खण्ड-नाम त्रयोदश-खण्डं समाप्तम् ॥ १३ ॥

अथ बोहित-खंड ॥ १४ ॥



चउपाई ।

जस रथ रेँगि चलइ गज ठाटी । बोहित चले समुद गे पाटी ॥
धावहिँ बोहित मन उपराहीँ । सहस कोस एक पल मँह जाहीँ ॥
समुद अपार सरग जनु लागा । सरग न घालि गनइ बइरागा ॥
ततखन चाल्ह एक देखरावा । जनु धवला-गिरि परबत आवा ॥
उठी हिलोर जो चाल्ह नराजी । लहरि अकास लागि भुइँ बाजी ॥
राजा सैँति कुअँर सब कहहीँ । अस अस मच्छ समुद मँह अहहीँ ॥
तेहि रे पंथ हम चाहहिँ गवँना । होहु सँजूत बहुरि नहिँ अवना ॥

दोहा ।

गुरु हमार तुम्ह राजा हम चेला तुम्ह नाथ ।
जहाँ पाउँ गुरु राखइ चेला राखइ माँथ ॥ १४९ ॥

जस = यथा = जैसे । रँगि = (रिगि गतौ) रिङ्गण कर = रँग कर । गज = हाथी । ठाटी = ठठम् = ठट = यूथ । गे = गये । पाटी = पाटनम् = पट । धावहिँ = धावइ (धावति) का बहु-वचन । उपराहीँ = उपरि-हि = ऊपर । सहस = सहस्र = हजार । कोस = क्रोश । पल = घटी का साठवाँ भाग । अढाई पल का एक मिनट होता है

जाही = जाहिँ = जाइ (याति) का बहु-वचन। सरग = स्वर्ग। लागा = लग्न हुआ है = लगा है। घालि = गलि = गल कर = चीण हो कर, वा घालि = डाल कर। गनइ = (गणयति) = गिनता है। बइरागा = वैराग्येण = वैराग से। ततखन = तत्क्षणे = तिसी चण में। चाल्ह = चाल: = चेल्हवा = एक प्रकार का सफेद मत्स्य। देखरावा = देखने में आया। धवलागिरि = धवल-गिरि = धवलाचल = सफेद पहाड। परबत = पर्वत। उठी = उठइ (उत्तिष्ठते) का स्त्री-लिङ्ग में भूत-काल का एक-वचन। हिलोर = हिल-लोल = हिलने से चञ्चल। नराजी = नाराज हुई = चिढी = चिढ गई। लहरि = लहरी = तरङ्ग। अकास = आकाश। लागि = लग कर = लग्न हो कर। भुइँ = भूमि। बाजी = बाजइ (वजति = व्रजति) का स्त्री-लिङ्ग में भूत-काल का एक-वचन। सँति = सँती = से। कुअँर = कुमार = राज-कुमार। अस = एतादृश = ऐसे। मच्छ = मत्स्य। अहही = अहहिँ = अहइ (अस्ति) का बहु-वचन। चाहहिँ = चाहइ (चहति, चदति। वा इच्छति) का बहु-वचन। गवँना = गमनम् = जाना। सँजूत = संयुत = सावधान। बहुरि = भूयः = पुनः = फिर। अवना = आगमनम् = आवना = आना॥ पाउँ = पाद = पैर। राखइ = राखे = (रचेत्) = रक्खे॥

जैसे रथ में गज का ठट्ट रँग कर चलता है, (उसी प्रकार सब) जहाज चले, (जिन से) समुद्र पट गये, अर्थात् समुद्र में जहाँ देखो तहाँ जहाज-ही जहाज देख पडते हैं, समुद्र का जल देख-ही नहीं पडता॥ जहाज मन से भी ऊपर दौडते हैं, अर्थात् जहाजों की गति मनो-गति से भी अधिक है। एक पल में हजार कोस जाते हैं॥ समुद्र (ऐसा) अपार है, अर्थात् ऐसा अपार जल-राशि है, जानों आकाश (स्वर्ग) में लगा है, अर्थात् भूमि से आकाश तक जल-ही जल देख पडता है। (ऐसे भयङ्कर स्थान में राजा) गल कर (घालि), अर्थात् पद्मावती के विरह में चीण हो कर, वा अपने को डाल कर, वैराग्य से स्वर्ग को नहीं गिनता है, अर्थात् पद्मावती-विरह-जन्य-वैराग्य के कारण मृत्यु (सरग = स्वर्ग) को नहीं गिनता है॥ तिसी चण में एक चाल्ह देखने में आया। (उस की शरीर ऐसी देख पडी) जानों (चाल्ह नहीं किन्तु) धवलाचल पर्वत आ गया हो॥ (जहाजों के देखने से) जो चाल्ह चिढ गया (तो पुच्छ और पच के हिलाने से समुद्र में बडी) हिलोर उठी, (जिस के कारण) लहर आकाश में लग कर भूमि में आने लगी॥ (इस भयङ्कर-लीला को देख कर) सब राज-कुअँर राजा से कहते हैं, (कि अहो महाराज,) ऐसे ऐसे

अथ बोहित-खंड ॥ १४ ॥



चउपाई ।

जस रथ रँगि चलइ गज ठाटी । बोहित चले समुद गे पाटी ॥
धावहिँ बोहित मन उपराहीँ । सहस कोस एक पल महँ जाहीँ ॥
समुद अपार सरग जनु लागा । सरग न घालि गनइ बइरागा ॥
ततखन चाल्ह एक देखरावा । जनु धवला-गिरि परबत आवा ॥
उठी हिलोर जो चाल्ह नराजी । लहरि अकास लागि भुइँ बाजी ॥
राजा सेँति कुअँर सब कहहीँ । अस अस मच्छ समुद महँ अहहीँ ॥
तेहि रे पंथ हम चाहहिँ गवँना । होहु सँजूत बहुरि नहिँ अवना ॥

दोहा ।

गुरु हमार तुम्ह राजा हम चेला तुम्ह नाथ ।
जहाँ पाउँ गुरु राखइ चेला राखइ माँथ ॥ १४९ ॥

जस = यथा = जैसे । रँगि = (रिगि गतौ) रिङ्गण कर = रँग कर । गज = हाथी । ठाटी = ठठम् = ठट = यूथ । गे = गये । पाटी = पाटनम् = पट । धावहिँ = धावइ (धावति) का बहु-वचन । उपराहीँ = उपरि-हि = ऊपर । सहस = सहस्र = हजार । कोस = क्रोश । पल = घटी का साठवाँ भाग । अढाई पल का एक मिनट होता है ।

जाहीँ = जाहिँ = जाइ (याति) का बहु-वचन। सरग = स्वर्ग। लागा = लग्न हुआ है = लगा है। घालि = गलि = गल कर = चीण हो कर, वा घालि = डाल कर। गनइ = (गणयति) = गिनता है। बइरागा = वैराग्येण = वैराग से। ततखन = तत्क्षणे = तिसी चण में। चाल्ह = चाल: = चेल्हवा = एक प्रकार का सफेद मत्स्य। देखरावा = देखने में आया। धवलागिरि = धवल-गिरि = धवलाचल = सफेद पहाड। परबत = पर्वत। उठी = उठइ (उत्तिष्ठते) का स्त्री-लिङ्ग में भूत-काल का एक-वचन। हिलोर = हिल-लोल = हिलने से चञ्चल। नराजी = नाराज हुई = चिढी = चिढ गई। लहरि = लहरी = तरङ्ग। अकास = आकाश। लागि = लग कर = लग्न हो कर। भुइँ = भूमि। बाजी = बाजइ (वजति = व्रजति) का स्त्री-लिङ्ग में भूत-काल का एक-वचन। सँति = सँती = से। कुअँर = कुमार = राज-कुमार। अस = एतादृश = ऐसे। मच्छ = मत्स्य। अहहीँ = अहहिँ = अहइ (अस्ति) का बहु-वचन। चाहहिँ = चाहइ (चहति, चदति। वा इच्छति) का बहु-वचन। गवँना = गमनम् = जाना। सँजूत = संयुत = सावधान। बहुरि = भूय: = पुन: = फिर। अवना = आगमनम् = आवना = आना॥ पाउँ = पाद = पैर। राखइ = राखे = (रचेत्) = रक्खे॥

जैसे रथ में गज का ठट्ट रँग कर चलता है, (उसी प्रकार सब) जहाज चले, (जिन से) समुद्र पट गये, अर्थात् समुद्र में जहाँ देखो तहाँ जहाज-ही जहाज देख पडते हैँ, समुद्र का जल देख-ही नहीँ पडता॥ जहाज मन से भी ऊपर दौडते हैँ, अर्थात् जहाजों की गति मनो-गति से भी अधिक है। एक पल में हजार कोस जाते हैँ॥ समुद्र (ऐसा) अपार है, अर्थात् ऐसा अपार जल-राशि है, जानों आकाश (स्वर्ग) में लगा है, अर्थात् भूमि से आकाश तक जल-ही जल देख पडता है। (ऐसे भयङ्कर स्थान में राजा) गल कर (घालि), अर्थात् पद्मावती के विरह में चीण हो कर, वा अपने को डाल कर, वैराग्य से स्वर्ग को नहीँ गिनता है, अर्थात् पद्मावती-विरह-जन्य-वैराग्य के कारण मृत्यु (सरग = स्वर्ग) को नहीँ गिनता है॥ तिसी चण में एक चाल्ह देखने में आया। (उस की शरीर ऐसी देख पडी) जानों (चाल्ह नहीँ किन्तु) धवलाचल पर्वत आ गया हो॥ (जहाजों के देखने से) जो चाल्ह चिढ गया (तो पुच्छ और पच के हिलाने से समुद्र में बडी) हिलोर उठी, (जिस के कारण) लहर आकाश में लग कर भूमि में आने लगी॥ (इस भयङ्कर-लीला को देख कर) सब राज-कुअँर राजा से कहते हैं, (कि अहो महाराज,) ऐसे ऐसे

(पर्वताकार) मत्स्य समुद्र मेँ हैँ ॥ (सो) अरे (भाई) तिसी राह मेँ (जिस मेँ ऐसे ऐसे भयङ्कर मत्स्य हैँ) हम लोग चलना (गमनम्=गवँना) चाहते हैँ, (सो सब कोई) सावधान हो (और निश्चय रक्खो, कि अब) लौट कर नहीँ आना होगा, अर्थात् सब कोई इसी राह मेँ गल पच जायँगे, लौट कर घर पहुँचने की कोई आशा नहीँ ॥

(कुअँर लोग कहते हैँ, कि) राजा, आप हमारे लोगोँ के गुरु हैँ, (इस लिये) आप स्वामी (नाथ) हैँ, (और) हम लोग चेला हैँ, (सो हम लोग इस भयङ्कर मार्ग से नहीँ डरते, अर्थात् हमारे लोगोँ का यह साश्चर्य-वचन सुन, आप यह मन मेँ न समझैँ, कि ये लोग आगे चलने से हिचकते हैँ। क्योँकि शास्त्र की मर्यादा है, कि) जहाँ गुरु पैर रक्खे, वहाँ चेला माथ रक्खे, अर्थात् जहाँ गुरु पैर से चलने की इच्छा करे, वहाँ चेले को शिर के बल चलना चाहिए। इन सब बातोँ से कुअँरोँ ने राजा से यह सङ्केत किया, कि आप स्वयं विचार कर लैँ, कि ऐसे भयङ्कर मार्ग मेँ चलना चाहिए, कि नहीँ, और हम लोग तो आप के अनुगामी होने को मनसा वचसा कर्मणा तयार हैँ ॥ १४९ ॥

चउपाई ।

केवट हँसे सो सुनत गवँजा । समुद न जानु कुआँ कर मेँजा ॥
यह तउ चाल्ह न लागइ कोह्न । का कहिहहु जब देखिहहु रोह्न ॥
अब-हीँ तइँ तुम्ह देखे नाहीँ । जेहि मुख अइसे सहस समाहीँ ॥
राज-पंखि तेहि पर मँडराहीँ । सहस कोस जेहि कइ परिछाहीँ ॥
जेइ वेइ मच्छ ठोर गहि लेहीँ । सावक-मुख चारा लेइ देहीँ ॥
गरजइ गगन पंखि जउ बोलहिँ । डोलहिँ समुद डयन जउ डोलहिँ ॥
तहाँ न चाँद न सुरुज असूझा । चढइ सो जो अस अगुमन बूझा ॥

दोहा ।

दस मँह एक जाइ कोइ करम धरम सत नेम ।
बोहित पार होइहि जउ तउ कूसल अउ खेम ॥ १५० ॥

केवट=कैवर्त्त=मलाह । हँसे=हँसइ (हसति) का भूत-काल मेँ बहु-वचन । सुनत=सुनते=शृण्वन्तः । गवँजा=गोजन्=गौगा=बतकही । न=नु=वितर्के ।

जानु = जानइ = (जानाति), वा जानु = जानुँ = जानोँ। कुआँ = कूप = कूआँ। मँजा = मज्जा = अपवित्र जल, मज्जा के सदृश। तउ = तो। चाल्ह = चाल: = चेल्हवा। लागइ = (लगति) लगता है। कोइ = क ह = कुछ भी। कहिहहु = कहोगे = कहइ (कथयति) का भविष्य-काल में बहु-वचन। देखिहहु = देखोगे = देखइ (दृश्यते) का भविष्य-काल में बहु-वचन। रोह = रोहित: = एक प्रकार का मत्स्य। तइँ = तक। अइसे = एतादृश = ऐसे। सहस = सहस्रोँ = हजारोँ। समाहीँ = समाहिँ = समाइ (समाप्यते) का बहु-वचन। राज-पंखि = राज-पक्षी = बडे बडे पक्षी। पर = उपरि = ऊपर। मँडराहीँ = मँडराहिँ = मँडराइ (मण्डलयति) का बहु-वचन। कोस = क्रोश। परिछाहीँ = परिच्छाया = परछाहीँ। जेइ = ये = जो लोग। वेइ = तान् = उन। मच्छ = मत्स्य। ठोर = क्षौरम् = चोँच। गहि = संगृह्य = गृहीत्वा = गह कर = पकड कर। सावक-मुख = बच्चे के मुह में। चारा = चार = भक्षण। गरजइ = (गर्जति) गर्जता है। पंखि = पक्षी। जउ = यदा = जब। बोलहिँ = बोलइ (वल्गति वा वदति) का बहु-वचन। डोलहिँ = डोलइ (दोलति) का बहु-वचन। डयन = डयनम् = डैना। चाँद = चन्द्र। सूरुज = सूर्य। असूझा = असूह्य = असूझ = न देखने योग्य, वा अशुद्ध। चढइ = (चलति) चढता है। अस = एतादृश = ऐसा। अगुमन = आगमने = आगे-ही = पहले-ही। बूझ = बूझइ (= बुध्यते) का भूत-काल में एक-वचन॥ दस = दश। जाइ = (याति) जाता है। कोइ = कोऽपि = कोई। करम = कर्म। धरम = धर्म। सत = सत्य। नेम = नियम। होइहि = होगा। तउ = तब = तदा। कूसल = कुशल। खेम = क्षेम = कल्याण॥

(चाल्ह को देख कर जो राज-कुअरोँ ने बतकही की) उस (सो) बतकही को सुनते-ही केवट हँसे, (और कहने लगे, कि आप लोग) समुद्र को कुआँ का मज्जा जानते हैँ न, अर्थात् जैसे कूएँ के थोडे घेरे में थोडा सा मैला पानी छोटे छोटे जल-जन्तुओं से संयुत रहता है; उसी प्रकार आप लोगोँ ने समुद्र को समझ लिया क्या?॥ (सो) यह चाल्ह तो कुछ भी नहीँ (दृष्टि में) लगता है, अर्थात् यह तो समुद्र के मत्स्योँ में कुछ भी भारी नहीँ है। (आप लोग जो इसी को बहुत भारी मान लिया, तो) जब (समुद्र का) रोह देखोगे तब क्या कहोगे, अर्थात् चाल्ह-दर्शन-ही में जब बुद्धि चकरा गयी, तब नहीँ कह सकते, कि रोह के देखने पर क्या गति होगी॥ अभीँ तक आप लोगोँ ने (रोह को) नहीँ देखा, जिस के (रोह के) मुख में ऐसे (चाल्ह) हजारोँ समा जाते हैँ, अर्थात् 'तिमिंगिल-गिलोऽप्यस्ति

तद्गिलोऽप्यस्ति राघवः' (समुद्र में मछलियों के निगलने-वाला मत्स्य है, उस को भी निगलने-वाला दूसरा मत्स्य है और उस को भी निगलने-वाला राघव है)। (कहावत है, कि समुद्र में राघव और यादव नाम के दो परस्पर प्रतिस्पर्धी महापर्वताकार मत्स्य हैं, जो परस्पर एक एक को लडने के लिये ढूँढते फिरते हैं। जिस दिन दोनों से भेंट होगी और वे दोनों लडने लगेंगे, उसी दिन उन के प्रबल वेग से समुद्र तरङ्गित हो कर, पृथ्वी के चारो ओर फैल जायगा, जिस से संसार प्रलय हो जायगा)॥ तिस (रोह) के ऊपर राज-पची मेंडराते हैं, जिन की परिछाहीं हजारों कोस तक की होती है॥ (और) जो, (कि) उस मत्स्य (रोह) को ठोर से पकड लेते हैं, (और उसे) ले कर (अपने) बच्चे के मुह में चारा देते हैं॥ जब वे पची (राज-पची) बोलते हैं (तब प्रति-ध्वनि से) आकाश गर्जता है, अर्थात् आकाश गर्जने लगता है। (और) जब (उन के) डैने डोलते हैं, (तब) समुद्र डोलते हैं, अर्थात् समुद्र डोलने लगते हैं॥ (मलाह कहते हैं, कि आगे बडे बडे भयङ्कर समुद्र हैं) तहाँ न चन्द्र, (और) न सूर्य है, (सब) असूझ हैं, अर्थात् तहाँ चाँद, सूर्य तारा-गण कुछ भी नहीं देख पडते। ऐसे (कठिन समुद्र) को जो पहले-ही समझ बूझ लेता है, अर्थात् पहले-ही से समुद्र की इस स्थिति को समझ बूझ कर, जो धैर्य धरता है, सो (पार होने के लिये जहाज पर) चढता है॥

(अपने) सत्य कर्म, सत्य धर्म, (और) सत्य नियम से, इस में कोई एक (समुद्र-पार) जाता है, (सो) जब (समुद्र-) पार जहाज हो जायगा, तब कुशल और क्षेम (समझना चाहिए)॥ १५०॥

चउपाई।

राजइ कहा कीन्ह सो पेमा। जेहि रे कहाँ कर कूसल खेमा॥
तुम्ह खेवहु जउ खेवइ पारहु। जइसइ आपु तरहु मोहिँ तारहु॥
मोँहि कूसल कर सोच न ओता। कूसल होत जउ जनम न होता॥
धरती सरग जाँत पर दोऊ। जो तेहि बिच जिउ बाँच न कोऊ॥
हउँ अब कुसल एक पइ माँगउँ। पेम-पंथ सत बाँधि न खाँगउँ॥
जउ सत हिअ तउ नयनहिँ दीआ। समुद न डरइ पइठि मरजीआ॥
तहँ लगि हेरउँ समुद ढिढोरी। जहँ लगि रतन पदारथ जोरी॥

दोहा।

सपत पतार खोजि जस काढेउ बेद गरंथ।
सात सरग चढि धावउँ पदुमावति जेहि पंथ ॥ १५१ ॥

इति बोहित-खंड ॥ १४ ॥

राजइ = राजा ने। कह = कहइ (कथयति) का भूत-काल में एक-वचन। कीन्ह = करइ (करोति) का भूत-काल। सो = स एव = वह। पेमा = प्रेम। कूसल = कुशल। खेमा = क्षेम। खेवड़ = खेवइ (खेवते) का लोट् में मध्यम-पुरुष का बहु-वचन। जउ = यदि। खेवइ = खेने में। पारह = पारइ (पारयति) का लोट् में मध्यम-पुरुष का बहु-वचन। जइसइ = जैसे-ही = यथैव। आपु = आप = आत्मा। तरह = तरइ (तरति) का लोट् में मध्यम-पुरुष का बहु-वचन। तारह = तरइ का लोट् में णिजन्त का रूप। सोच = शोच = अफसोस। ओता = तावान् = उतना। जनम = जन्म। धरती = धरित्री = पृथ्वी। सरग = स्वर्ग। जाँत = यन्त्र = जाँता = पीसने की चक्की। पाट = पट्ट = पट = नीचे ऊपर की चक्की। बाँच = बँचइ = (वञ्चति) (वञ्चु गतौ)। कोऊ = कोऽपि = कथमपि। कुसल = कुशल। माँगउँ = माँगइ (मङ्गते) का लट् में उत्तम-पुरुष का एक-वचन। पेम-पंथ = प्रेम-पथ = प्रेम की राह। सत = सत्य। बाँधि = बन्धयित्वा = बाँध कर। खाँगउँ = खाँगइ (खञ्जति) का लोट् में उत्तम-पुरुष का एक-वचन। हिअ = हृदय। तउ = तदा = तर्हि। दीआ = दीप = दीया। डरइ = (दरति) डरता है। पइठि = प्रविश्य = पैठ कर। मरजीआ = मर कर जीने-वाला = समुद्र में गोता लगाने-वाला = गोता-खोर। हेरउँ = हेरइ (हेडते) का लोट् में उत्तम-पुरुष का एक-वचन। ढिढोरी = ढक्का-ढोल कर के = ढिढोरा फेर कर = डौंडी फिरा कर। रतन = रत्न। पदारथ = पदार्थ = वस्तु। जोरी = जोडी = युग्म ॥ सपत = सप्त = सात। पतार = पाताल। खोजि = सङ्खुज्य (खुज चौर्ये) वा संचुद्य = खोज कर = खोजइ (खोजति) से बना है। काढेउ = काढइ (कर्षति) का लोट् में प्रथम-पुरुष का एक-वचन। बेद = बेद, ऋग्, यजुर्वेद, साम, अथर्वण। गरंथ = ग्रन्थ। सात = सप्त। चढि = चढ़ कर। धावउँ = धावइ (धावति) का लोट् में उत्तम-पुरुष का एक-वचन ॥

राजा (रत्न-सेन) ने (केवटोँ से) कहा, कि रे (केवट) जिस ने उस (सो) प्रेम को किया, अर्थात् जिस ने प्रेम-पथ मेँ पैर डाला (उस को) कहाँ का कुशल (और) क्षेम, अर्थात् उस को इस की चिन्ता नहीँ, कि कुशल और क्षेम हो ॥ (सो) तुम लोग यदि (जहाज को) खे सकते हो (तो) खेवो। जैसे आप तरो, (तैसे) मुझे (भी) तारो, अर्थात् जैसे तुम लोग आप पार उतरोगे, तैसे-ही मुझे-भी उतारो ॥ (जितना तुम लोगोँ को कुशल का सोच है) उतना मुझे कुशल का सोच नहीँ । यदि जन्म न होता तो कुशल होता, अर्थात् जब जन्म ले कर प्राणी संसार मेँ आया तब कहाँ कुशल; कहावत प्रसिद्ध है, कि 'कुशल होत जउ जनम न होत।' इस लिये मुझे कुशल की कुछ-भी चिन्ता नहीँ ॥ (क्योँकि) धरती और स्वर्ग (ये) दोनोँ जाँत के पल्ले हैँ । जो (जीव) तिन (पल्लोँ) के बीच मेँ आया (फिर) (वह) जीव कथमपि नहीँ बचता है, अर्थात् विना मरे नहीँ रहता । कबीर-दास ने भी कहा है, कि;–

'दो चक्की के बीच मेँ साबित गया न कोय ।
यही तमाशा देखि के कबिरा दीन्हा रोय ॥'

मैँ (हउँ=हौँ=अहम्) अब निश्चय कर (पइ) एक कुशल माँगता हूँ, (कि) प्रेम-पथ मेँ सत्य बाँध कर खण्ड न होऊँ, अर्थात् प्रेम-मार्ग मेँ चलने का जो सत्य सङ्कल्प किया है, वह न टूटे ॥ (तुम लोगोँ ने जो वर्णन किया है, कि आगे बडा भयङ्कर समुद्र है, 'तहाँ न चाँद न सुरुज असूझा' सो इस की परवाह मुझे नहीँ है, क्योँकि) यदि हृदय मेँ सत्य है, तो (वही सत्य) नयनोँ मेँ दीप है, अर्थात् सत्य अन्धकार मेँ भी नयनोँ की ज्योति को अविहत रखता है। (सत्य-सङ्कल्प-ही से मोती निकालने के लिये) गोता-खोर समुद्र मेँ पैठ कर (भी) नहीँ डरता है, अर्थात् मोती पाने के सत्य-सङ्कल्प से, गोता-खोर समुद्र के भीतर भी आँखोँ की अविहत-ज्योति से मोती को निकाल लेता है ॥ (सो गोताखोर के ऐसा मैँ भी) ढिढोरा दे कर, तहाँ तक समुद्र को हेरूँ, अर्थात् ढूढूँगा, जहाँ तक, कि रत्न पदार्थ की जोडी है, अर्थात् जहाँ तक कि मेरी जोडी पद्मावती है, तहाँ तक डंका पीट कर समुद्र को ढूढूँगा । जिस का जी चाहे, सो आ कर विघ्न करे और मुझे रोके; मैँ किसी से हारने-वाला और रुकने-वाला नहीँ ॥

जैसे (वेद-व्यास ने) सातो पातालोँ को खोज कर, वेद-ग्रन्थोँ को काढा; तिसी प्रकार जिस राह मेँ पद्मावती है (वह राह यदि सातो स्वर्गोँ के ऊपर भी हो तो

सातो स्वर्गों के ऊपर चढ कर (उस राह में) धाऊँ, अर्थात् दौडूँगा (तुमारे लोगों के डेरवावने से नहीं डरूँगा)। (सात पाताल और सात स्वर्ग के लिये १ दोहे की टीका देखो)॥ पुराणों में कथा है, कि नास्तिकों के कारण जब वेद जहाँ तहाँ छिन्न भिन्न हो गया, तब व्यास जी ने बडे परिश्रम से सर्वच से खोज खोज कर यावच्छक्य सब वेदों को फिर एकट्ठाँ किया। इसी लिये आदर के लिये लोग व्यास को वेद-व्यास कहते हैं और भगवान् के चौबीस अवतारों में १७ वाँ अवतार मानते हैं। कवि ने प्रसिद्ध होने के कारण काढेउ क्रिया के कर्त्ता वेद-व्यास को दोहे में समावेश न ह[illegible] छोड दिया है। क्योंकि उस का अध्याहार करना कुछ कठिन नहीं। वेद-व्यास ह[illegible]। श्रीमद्भागवत, प्रथम-स्कन्ध, अध्याय ३, श्लोक २१।

'ततः सप्तदशे जातः सत्यवत्यां पराशरात्।
चक्रे वेदतरोः शाखा दृष्ट्वा पुंसोऽल्पमेधसः॥' ऐसा लिखा है॥ १५१॥

इति वोहित-खण्ड-नाम चतुर्दश-खण्डं समाप्तम्॥ १४॥

अथ सात-समुदर-खंड ॥ १५ ॥



चउपाई ।

सायर तरइ हिअइ सत पूरा । जउ जिउ सत कायर पुनि हो;-[illegible]॥
तेहि सब बोहित पूर चलाए । जेहि सत पवन पंख जनु ल[illegible]॥
सत साथी सत गुरु सहिवारू । सतइ खेइ लेइ लावइ पा[illegible]॥
सतइ ताकु सब आगू पाछू । जहँ जहँ मगर मच्छ अउ का[illegible]॥
उठइ लहरि जनु ठाढ पहारा । चढइ सरग अउ परइ पतारा ॥
डोलहिँ बोहित लहरइँ खाहीँ । खन तरकहिँ खन होहिँ उपराहीँ ॥
राजइ सो सत हिरदइ बाँधा । जेहि सत टेकि करइ गिरि काँधा ॥

दोहा ।

खार समुद सो नाँघा आग्र समुद जहँ खीर ।
मिले समुद वेइ सात-उ बेहर बेहर नीर ॥ १५२ ॥

सायर = सागर = चार-समुद्र । तरइ = (तरति) तरता है । हिअइ = हृदय । सत = सत्य । पूरा = पूर्ण = भरा । कायर = कातर = कादर = डरपोक । पुनि = पुनः = फिर [illegible] सूरा = शूर = बहादुर = मर्द । पूर = पूर्ण । चलाए = चलइ (चलति) का णिजन्त, भूत-काल में बहु-वचन । पवन = वायु = हवा । पंख = पक्ष = पर । लाए = लगाए = लगइ (लगति) का णिजन्त, भूत-काल में बहु-वचन । साथी = सार्थी = सङ्गी । सहिवारू = सहपाल = साथ में रक्षक = सहायक-वर = श्रेष्ठ-सहायक = अच्छी तरह [illegible]

मदत करने-वाला। खेद = खे कर = खेवद (खेवते) का क्त्वा के स्थान में ल्यप् करने से बना ऊआ प्रयोग। लेद = ले कर, लेद (लाति) से ल्यप् किया गया। लावद = लगावद = लगद (लगति) का णिजन्त। पारू = पार। ताकु = ताकद (तर्कयति) = ताकता है = देखता है। आगू = अग्रे = आगे। पाछू = पश्चात्। मगर = मकर = जल-जन्तु-विशेष। मच्छ = मत्स्य। काछू = कच्छप = कछुआ। उठद = (उत्तिष्ठते) उठती है। लहरि = लहरी = तरङ्ग। ठाढ = (स्थीयते) ठढा है = खडा है। पहार = प्रहार = पहाड = पर्वत। चढद = (चलति) चढता है। सरग = स्वर्ग = आकाश। परद = (पतति) प[illegible]। पतारा = पाताल। डोलहिँ = डोलद (दोलति) का बऊ-वचन। लहरइँ = [illegible]ा बऊ-वचन = लहरेँ। खाहीँ = खाहिँ = खाद (खादति) का बऊ-वचन। [illegible]ण। तरकहिँ = तलक में = तल में, वा तरकहिँ = तडकद (ताड्यते) का [illegible]न। उपराहीँ = उपरि हि = ऊपर। राजद = राजा ने। हिरदद = हृदय = [illegible] बाँधा = बाँधद (बध्नाति) का भूत-काल। टेकि = टेक कर = सँभार कर। [illegible] = पहाड। काँधा = स्कन्ध = कंधा ॥ खार = चार। नाँघा = नाँघद = (लङ्घते) का भू[illegible]-काल। खीर = चीर = दूध। मिले = मिलद (मिलति) का भूत-काल में ब[illegible]-वचन। सात-उ = सप्तापि = सातो। बेहर = विहरः = विधर्म = भिन्न। बेहर बेहर = अलग अलग = भिन्न भिन्न = जुदे जुदे। नीर = जल = पानी ॥

[illegible] हृदय में सत्य भरा (पूरा) (राजा) सागर को तरता है, अर्थात् खार समुद्र में चलना आरम्भ करता है। (कवि कहता है, कि) यदि जी में सत्य (सङ्कल्प) है, (तो) फिर (उसी सत्य-प्रभाव से) कादर भी शूर (बहादुर) हो जाता है (नहीँ तो हाथी, घोडे, पालकी पर का चलने-वाला, मखमल की शय्या पर विहार करने-वाला, वराङ्गनाओँ के हाव भाव लीला की लहरी में लहराने-वाला, बालाओँ के रङ्ग उमङ्ग में चङ्ग, राजा रत्न-सेन, कैसे केवटोँ के सङ्ग में निःसंशय तरङ्ग-लोल-कल्लोल से भरे घोर सागर में तरने के लिये घर की मोह माया बहा, दूर आ कर, रत्नाकर में बहादुर बनता)॥ तिन्ह सभोँ ने, अर्थात् केवटोँ ने जहाजोँ को भर पूर चलाया, अर्थात् जितना वेग संभव था, उतने वेग से जहाजोँ को चलाया। जिन जहाजोँ में (ऐसा. वेग उत्पन्न ऊआ) मानोँ सैकडोँ (सत = शत) पवन के पंखे लगाये होँ॥ (कवि कहता है, कि ऐसे समय में प्राणी का) सत्य-ही साथी, सत्य-ही गुरु (और) सत्य-ही सहायक होता है। सत्य-ही खे कर, (और उस प्राणी को) ले कर पार लगाता है॥

सत्य-ही सर्वत्र, आगे पीछे जहाँ जहाँ मगर, मच्छ, और कछुए रहते हैं, (रक्षा के लिये) ताका करता है, अर्थात् प्राणी का सत्य-ही सब हिंसक जन्तु से बचाने के लिये उस का पहरा दिया करता है ॥ (जिस समय जहाज वेग से चले उस समय समुद्र में ऐसी) लहर उठने लगी जानों (लहर नहीं) पहाड खडे हैं। लहर स्वर्ग तक चढ कर, अर्थात् आकाश में बहुत ऊँचे तक जा कर, फिर (ऐसे झोंक से नीचे की ओर आती है, कि) पाताल में पडती है, अर्थात् पाताल के नीचे तक चली जाती है ॥ (उस समय) जहाज (इधर उधर) डोलने लगते हैं (और) लहरें खाने लगते हैं, अर्थात् लहरों के सङ्ग जहाज भी नीचे ऊँचे आया जाया करते हैं, क्षण में लिये सुड़ क्षण में ऊपर होते हैं, वा (लहरों के आघात से) क्षण में तडकते हैं, अर्थात् तड़ तड शब्द करते हैं, और फिर ऊपर की ओर तड तडा कर आते हैं ॥ (कवि [illegible] है, कि) वह (सो) राजा (रत्न-सेन) सत्य को हृदय में बाँधा है, अर्थात् [illegible] दृढ सत्य-सङ्कल्प किया है, कि अवश्य-ही सिंहल को जाऊँगा। (सो) जिस को [illegible] (उस को वही सत्य) टेक कर, अर्थात् सँभार कर (उस के) कंधे पर पहा[illegible] करता है, अर्थात् उस के कंधे पर पहाड धर देता है, और वह सत्य के आधार [illegible] उस पहाड (प्रेम-पहाड) को सुखेन उठा लेता है ॥

सो राजा (अपने सत्य-सङ्कल्प से) खार समुद्र को लाँघ गया, अर्थात् खार समुद्र के पार हो गया, (और) क्षीर-समुद्र जहाँ है तहाँ (लोग) आये। (कवि कहता है, कि देखने में) वे सातो समुद्र मिले हैं (किन्तु उन के) जल भिन्न भिन्न हैं, अर्थात् जल के भिन्न भिन्न आकार और भिन्न भिन्न स्वादु से वे सातो भिन्न भिन्न नाम से पुकारे जाते हैं; नहीं तो वस्तुतः वे सातो मिले हुए हैं। सातो के मिलाने से कवि ने यह देखलाया, कि उन्ही जहाजों पर विना उतरे लोग चले जाते हैं। परन्तु पुराणों में दो दो समुद्रों के बीच बीच में एक एक द्वीप लिखा है, इस लिये मलिक महम्मद की यह कल्पना भारतवर्षीय विद्वानों के मत से विरुद्ध है। कदाचित् किसी मुसल्मानी ग्रन्थ में यह कल्पना हो तो आश्चर्य नहीं ॥ १५२ ॥

चउपाई ।

खीर-समुद का बरनउँ नीरू। सेत सरूप पिअत जस खीरू।
उलथहिँ मानिक मोती हीरा। दरब देखि मन होइ न थीरा।

मनुआ चाह दरब अउ भोगू। पंथ भुलाइ बिनासइ जोगू ॥
जोगी मनहिँ उह-इ रिस मारइ। दरब हाथ कइ समुद पबारइ ॥
दरब लेइ सो असथिर राजा। जो जोगी तेहि के केहि काजा ॥
पंथिहि पंथ दरब रिपु होई। ठग बटपार चोर सँग सोई ॥
पंथी सो जो दरब सउँ रूसे। दरब समेटि बहुत अस मूसे ॥

तन्हँ न भ

दोहा।

खीर-समुद सब नाँघा आग्र समुद दधि माँह।
जो हहिँ नेह क बाउर ना तेहि धूप न छाँह ॥ १५३ ॥

[illegible]र-समुद = चीर-समुद्र = दूध का समुद्र। बरनउँ = वरनइ (वर्णयति) का लोट् में [illegible]-पुरुष का एक-वचन। नीरू = नीर = जल। सेत = श्वेत = सफेद। सरूप = स्वरूप = [illegible] = सूरत। पीअत = पिबन् सन् = पीने में। जस = यथा = जैसे। खीरू = खीर = [illegible]र = दूध। उलथहिँ = उलथइ (उल्लुथ्यति) का बड़-वचन। मानिक = माणिक्य = [illegible]ल रत्न। मोती = मुक्ता = मौक्तिक। हीरा = हीर = हीरक। दरब = द्रव्य = धन। [illegible]खि = देख कर = देखइ (दृश्यते) से ल्यप्। थीर = स्थिर = अचल। मनुआ = मानव = [illegible]नुष्य, वा मनुआ = मनवा = मन। चाह = चाहइ (चहति)। भोगू = भोग। पंथ = पन्थाः = राह। भुलाइ = विलोप्य = भुलवा कर। बिनासइ = (विनाशयति) विनाश करता है, वा करती है। जोगू = योग = फकीरी। जोगी = योगी। उह-इ = वही। रिस = रिष्ट = अरिष्ट = अनिष्ट। मारइ = (मारयति) मारता है। पबारइ = (प्रवारयति) पबारता है = फँकता है। असथिर = अस्थिर = चञ्चल। काजा = कार्य = काम। पंथिहि = पथिक को। पंथ = पथ में = राह में। रिपु = शत्रु = दुश्मन। ठग = स्थगः = छल से [illegible]गाराने-वाला। बटपार = वाट-पाल = राह-रचा करने-वाले कोल भिल्ल। सँग = संग = [illegible]ङ्ग = साथ। पंथी = पान्थ = पथिक। सउँ = सोँ = से। रूसे = रूसइ (रुष्यति) का भूत-क[illegible]ल में बड़-वचन। समेटि = समेत्य = एकट्ठाँ कर के = बटोर कर। मूसे = मूसे गये = ठ[illegible] गये = मुष्ट ऊए ॥ नाँघा = नाँघइ (लङ्घते) का भूत-काल में एक-वचन। हहिँ = हइ ([illegible]अस्ति) का बड़-वचन। नेह = स्नेह = प्रेम = प्रीति। क = का, वा, के। बाउर = वा[illegible]तुल = बौरहे। ना = न, वा ना = नर। धूप = तेज = घाम। छाँह = छाया ॥

(कवि कहता है, कि) चीर-समुद्र का क्या वर्णन करूँ, अर्थात् उस की शोभा वर्णन से बाहर है। श्वेत (तो उस का) रूप है, (और जल का) पीने में (स्वाद जान पडता है) जैसे दूध का ॥

पुराणों के मत से इसी चीर-सागर में भगवान् विष्णु लक्ष्मी के साथ शेष-नाग के ऊपर सोते हैं, और इसी समुद्र में से चौदहो रत्न मथन करने पर निकले हैं जिन के ये नाम हैं, कल्पद्रुम = कल्पवृक्ष १। वारुणी = मदिरा २। वारण = ऐरावत हस्ती ३। धेनु = काम-धेनु = गाय ४। धन्वन्तरि = वैद्य ५। धनु = शार्ङ्गधनु ... = पाञ्चजन्य शङ्ख ७। चन्द्रमा ८। कमला (लक्ष्मी) ९। मणि = कौस्तुभ मणि ... रम्भा = अप्सरा ११। अमृत १२। विष १३। वाजी = (उच्चैःश्रवा घोडा ... इस को रामसहाय कवि ने रत्नाकर नाम की सवैया छन्द में लिखा है—

'कलपद्रुम बारुनि बारन धेनु धनन्तरि औ धनु संख निसाकर।
कमला मनि रंभ सुधा बिष वाजि सबै प्रगटे इक एक गुनाकर ॥
इन चौदह को सुख मानि लिये हरि संभु सुरासुर इंद्र दिवाकर।
हित ये न सहाय भये तब-हीँ जब-हीँ घट-जोनि पिये रतनाकर ॥'

इसी पर कवि कहता है, कि इस समुद्र में लहर के उठने पर—

माणिक्य, मोती हीरा (इत्यादि रत्न) उलटते हैं, अर्थात् इधर से उधर उलटते पुलटते हैं, (जिन) द्रव्यों को देख कर (लोभ से) मन स्थिर नहीँ होता है, अर्थात् उन के लेने के लिये मन चञ्चल हो जाता है ॥ (कवि कहता है, कि यह) मनुष्य का मन द्रव्य और भोग को चाहता है; (जो द्रव्य, कि) राह (योग की राह) को भुलवा कर, योग का विनाश कर देता है, अर्थात् यह मन जहाँ द्रव्य और भोग-विलास में फँसा, तहाँ योग की राह भूली और योग नष्ट हुआ ॥ (इस लिये योगी मन से उसी रिष्ट को, अर्थात् उसी अनिष्ट-कारक द्रव्य को, मारता है, अर्थात् मन से उस की वासना हटा देता है। द्रव्य हाथ में कर के, अर्थात् अनायास हाथों द्रव्य आ जाने पर भी, (उस द्रव्य को) समुद्र में फेंक देता है॥ द्रव्य को जो लेता है, वह (सो) राजा चञ्चल है, अर्थात् द्रव्य को लेने से राजा भी लोभी कहलाता है। (और) जो योगी है, तिस के लिये (द्रव्य) किस काम का, अर्थात् योगी के लिये द्रव्य किसी काम का नहीँ ॥ पथ में पथिक के लिये द्रव्य शत्रु है। इसी (सोई) के कारण संग में ठग, बटपार और चोर लगते हैं ॥ वे-ही (सो) पथिक (सच्चे)

जो द्रव्य से रूस गये हैं, अर्थात् द्रव्य से मन को हटाये ऊए हैं, (क्योंकि) द्रव्य के समेटने से, अर्थात् द्रव्य को एकट्ठाँ करने से, बऊत ऐसे (देखे गये हैं जो, कि) मूस गये, अर्थात् लुट गये ॥

सब (कोई) चीर-समुद्र को लाँघे (और) दधि के समुद्र में आये। (लोग विश्राम क्यों नहीं लेते हैं; लगातार क्यों चले जाते हैं; इस पर कवि कहता है, कि) जो स्नेह के बौरहे हैं, अर्थात् प्रेम-रस के नशे से जो पागल हो गये हैं; तिन्हैं न [illegible] छाया, वा तिन मनुष्यों को न धूप न छाया कुछ भी नहीं समझ [illegible] दुःख और सुख दोनों का ज्ञान नहीं रहता, प्रेम-रस के नशे में [illegible] जिस पर प्रेम है, उसी के मिलने का दिन रात ध्यान लगा [illegible] ॥

चउपाई।

[illegible]र देखत तस डहा। पेम क लुबुध दगध इमि सहा ॥
[illegible] डाढा धनि वह जीऊ। दधि जमाइ मँथि काढइ घीऊ ॥
[illegible]धि एक बूँद जाम सब खीरू। काँजी बूँद बिनासइ नीरू ॥
[illegible]ाँस डीढ मन-मँथनी गाढी। हिअइ चोट बिनु फूट न साढी ॥
जेहि जिउ पेम चँदन तेहि आगी। पेम बिहून फिरइ डरि भागी ॥
पेम क आगि जरइ जउ कोई। ता कर दुख न अँबिरथा होई ॥
जो जानइ सत आपुहि जारा। निसत हिअइ सत करइ न पारा ॥

दोहा।

दधि समुंद पुनि पार भे　पेमहि कहाँ सँभार।
भावइ पानी सिर परइ　भावइ परहिँ अँगार ॥ १५४ ॥

समुदर = समुद्र। तस = तथा = तैसा। डहा = दहा = डहइ, वा दहइ (दहति) का भूत-काल में एक-वचन। पेम = प्रेम। लुबुध = लुब्ध = लोभी। दगध = दग्ध = दाह। इमि = इदम् = इस। सहा = सहइ (सहते) का भूत-काल में एक-वचन। डाढा = डाहा = डाहइ (दाहयति) का भूत-काल में एक-वचन। धनि = धन्य। जीऊ = जीव।

(कवि कहता है, कि) चीर-समुद्र का क्या वर्णन करूँ, अर्थात् उस की शोभा वर्णन से बाहर है। श्वेत (तो उस का) रूप है, (और जल का) पीने में (स्वाद जान पड़ता है) जैसे दूध का॥

पुराणों के मत से इसी चीर-सागर में भगवान् विष्णु लक्ष्मी के साथ शेष-नाग ऊपर सोते हैं, और इसी समुद्र में से चौदहो रत्न मथन करने पर निकले हैं जिन के ये नाम हैं, कल्पद्रुम = कल्पवृक्ष १। वारुणी = मदिरा २। वारण = ऐरावत हस्ती ३। धेनु = काम-धेनु = गाय ४। धन्वन्तरि = वैद्य ५। धनु = शार्ङ्गधनु ६। शङ्ख = पाञ्चजन्य शङ्ख ७। चन्द्रमा ८। कमला (लक्ष्मी) ९। मणि = कौस्तुभ मणि १०। रम्भा = अप्सरा ११। अमृत १२। विष १३। वाजी = (उच्चैःश्रवा घोडा) १४। इस को रामसहाय कवि ने रत्नाकर नाम की सवैया छन्द में लिखा है—

'कलपद्रुम बारुनि बारन धेनु धनन्तरि औ धनु संख निसाकर।
कमला मनि रंभ सुधा बिष बाजि सबै प्रगटे इक एक गुनाकर॥
इन चौदह को सुख मानि लिये हरि संभु सुरासुर इंद्र दिवाकर।
हित ये न सहाय भये तब-हीँ जब-हीँ घट-जोनि पिये रतनाकर॥'

इसी पर कवि कहता है, कि इस समुद्र में लहर के उठने पर—

माणिक्य, मोती हीरा (इत्यादि रत्न) उलटते हैं, अर्थात् इधर से उधर उलटते पुलटते हैं, (जिन) द्रव्यों को देख कर (लोभ से) मन स्थिर नहीं होता है, अर्थात् उन के लेने के लिये मन चञ्चल हो जाता है॥ (कवि कहता है, कि यह) मनुष्य का मन द्रव्य और भोग को चाहता है; (जो द्रव्य, कि) राह (योग की राह) को भुलवा कर, योग का विनाश कर देता है, अर्थात् यह मन जहाँ द्रव्य और भोग-विलास में फँसा, तहाँ योग की राह भूली और योग नष्ट हुआ॥ (इस लिये) योगी मन से उसी रिष्ट को, अर्थात् उसी अनिष्ट-कारक द्रव्य को, मारता है, अर्थात् मन से उस की वासना हटा देता है। द्रव्य हाथ में कर के, अर्थात् अनायास हाथों में द्रव्य आ जाने पर भी, (उस द्रव्य को) समुद्र में फेंक देता है॥ द्रव्य को जो लेता है, वह (सो) राजा चञ्चल है, अर्थात् द्रव्य को लेने से राजा भी लोभी कहलाता है। (और) जो योगी है, तिस के लिये (द्रव्य) किस काम का, अर्थात् योगी के लिये द्रव्य किसी काम का नहीं॥ पथ में पथिक के लिये द्रव्य शत्रु है। इसी (सोई) के कारण संग में ठग, बटपार और चोर लगते हैं॥ वे-ही (सो) पथिक (सच्चे)

जो द्रव्य से रूस गये हैं, अर्थात् द्रव्य से मन को हटाये ऊए हैं, (क्योंकि) द्रव्य के समेटने से, अर्थात् द्रव्य को एकट्ठाँ करने से, बऊत ऐसे (देखे गये हैं जो, कि) मूस गये, अर्थात् लुट गये॥

सब (कोई) चीर-समुद्र को लाँघे (और) दधि के समुद्र में आये। (लोग विश्राम क्यों नहीं लेते हैं; लगातार क्यों चले जाते हैं; इस पर कवि कहता है, कि) जो स्नेह के बौरहे हैं, अर्थात् प्रेम-रस के नशे से जो पागल हो गये हैं; तिन्हें न धूप न छाया, वा तिन मनुष्यों को न धूप न छाया कुछ भी नहीं समझ पडती, अर्थात् उन्हें दुःख और सुख दोनों का ज्ञान नहीं रहता, प्रेम-रस के नशे में मत्त रहते हैं; जिस पर प्रेम है, उसी के मिलने का दिन रात ध्यान लगा रहता है॥ १५३॥

चउपाई।

दधि समुदर देखत तस डहा। पेम क लुबुध दगध इमि सहा॥
पेम जे डाढा धनि वह जीऊ। दधि जमाइ मँथि काढइ घीऊ॥
दधि एक बूँद जाम सब खीरू। काँजी बूँद बिनासइ नीरू॥
साँस डीढ मन-मँथनी गाढी। हिअइ चोट बिनु फूट न साढी॥
जेहि जिउ पेम चँदन तेहि आगी। पेम बिहून फिरइ डरि भागी॥
पेम क आगि जरइ जउ कोई। ता कर दुख न अँबिरथा होई॥
जो जानइ सत आपुहि जारा। निसत हिअइ सत करइ न पारा॥

दोहा।

दधि समुंद पुनि पार भे पेमहि कहाँ सँभार।
भावइ पानी सिर परइ भावइ परहिँ अँगार॥ १५४॥

समुदर = समुद्र। तस = तथा = तैसा। डहा = दहा = डहइ, वा दहइ (दहति) का भूत-काल में एक-वचन। पेम = प्रेम। लुबुध = लुब्ध = लोभी। दगध = दग्ध = दाह। इमि = इदम् = इस। सहा = सहइ (सहते) का भूत-काल में एक-वचन। डाढा = डाहा = डाहइ (दाहयति) का भूत-काल में एक-वचन। धनि = धन्य। जीऊ = जीव।

जमाइ = जमाय कर, जन्मा कर। मँथि = मन्थयित्वा = मथ कर। काढइ = (कर्षति) काढता है। घीउ = घृत = घी। बूँद = बिन्दु। जाम = जमइ (जायते)। खीरू = चीर = दूध। काँजी = काञ्जी = मठा = मंठा। बिनासइ = (विनाशयति) विनाश करता है। नीरू = नीर = जल। साँस = श्वास। डीढ = दृढ = मजबूत। मन-मँथनी = मनो-मन्थिनी = मन-ही जो मथानी। मथानी = महने की लकडी = छोरी। गाढी = कठिन। हिअइ = हृदय। चोट = घाव = आघात। बिनु = विना। फूट = फुटइ (स्फुटति) फूटती है। साढी = सार = बालाई। चँदन = चन्दन। आगी = अग्नि = आग। बिहून = विहीन = विना। फिरइ = (स्फरति) फिरता है। डरि = डरइ (दरति) से ल्यप् = डर कर। भागी = भागइ (भाजयति) से ल्यप् = भाग कर। जरइ = (ज्वलेत्) = जरे। दुख = दुःख। अँबिरथा = आवृथा = आव्यर्थ = बे-फायदा = बे-मतलब। जानइ = (जानाति) जानता है। जारा = जारइ। निसत = निःसत्य। सत = सत्, वा सत = शत = सौ। करइ = (करोति) करता है॥ समुंद = समुद्र। भे = भये। कहाँ = कथम्। सँभार = सम्भार। भावइ = भावेन = चाहे। परइ = (पतेत्) परे = पडे। अँगार = अङ्गार = अँगारा॥

(राजा जैसे-ही) दधि के समुद्र को (देखा) तैसे-ही देखते डह गया, अर्थात् उस की ज्वाला से भस्म हो गया, (परन्तु) प्रेम का लोभी इस दग्ध (होने के दुःख) को सहा, अर्थात् प्रेम की चाह से इस दुःख को कुछ न समझा, सह लिया॥ (कवि कहता है, कि) प्रेम ने जिस (जीव) को दग्ध कर दिया है; वह जीव धन्य है। (वही जीव इस प्रेम-रस की) दही जमा कर, (उसे) मथ कर, घी (प्रेम-तत्त्व-रूप अपने प्रियतम) को निकालता है॥ (यह न समझो, कि अपार प्रेम-रस का सागर कैसे दही-सदृश जमेगा) दही के एक बूँद से सब दूध जम जाता है, (अर्थात् जैसे दही के एक बूँद से सब दूध जम जाता है; उसी प्रकार यदि प्रेम-रस का एक बूँद भी गाढा हो कर, अपने प्रियतम के रूप-रौप्य की संयोग-वासना से जम कर, दही हो जाय, तो वही दधि-विन्दु सारे प्रेम-रस सागर को भी जमा देगा)। (और) काँजी का एक विन्दु (दूध को कौन कहे) जल को भी नाश कर देता है, अर्थात् मठे के एक विन्दु से दूध तो फट कर बिगड-ही जाता है, किन्तु जल जो है वह भी उस के संयोग से अपेय हो जाता है। इसी प्रकार मठा के ऐसा एक प्रेम-रस-विन्दु, जो प्राणी के हाथ दैव-योग से लग गया है, पतला पड जाने से प्रेम-रस-सागर को

तो फाड कर बिगाडता-ही है किन्तु प्राणी के जीवन (नीर) को भी स्वादु-रहित कर देता है, जिस की ओर एक पखेरू भी भूल कर, एक नयन-कोर से भी नहीँ निरेखता। (प्रेम-सर दैव-वश जम कर, यदि दधि-स्वरूप हो भी गया, तो भी उस में से अपने प्रियतम-रूप, पुनीत, नवनीत का निकालना सहज नहीँ है)। साँस-(रूपी) दृढ (रज्जु) (और) गाढी मन-(रूप) मथानी रहने पर भी, अर्थात् प्राणायाम के बल से श्वास को दृढ और मन को अचलस्तम्भ के सदृश कडा कर लेने पर भी, बिना हृदय के चोट से, अर्थात् दधि के मध्य में बिना उस मथानी के आघात से, साढी नहीँ फूटती (जिस से कि नवनीत मिले)। कवि का तात्पर्य है, कि योग-विद्या से श्वास दृढ और मन अचल कर लेने से भी जब तक समाधि लगा कर, हृदय के मध्य, श्वास-रज्जु से फिरा फिरा कर मन-मथनी से आघात न करोगे, तब तक हृदय-दधि के अन्तर्गत परब्रह्म-रूप प्रियतम नवनीत का मिलना दुर्घट है॥ (दधि-समुद्र के दाह को राजा ने कैसे सह लिया। इस पर कवि की उक्ति है, कि) जिस के जी में प्रेम है, तिसे आग चन्दन है, अर्थात् प्रेम की आग में सब से बढ कर ज्वाला है। सो जिस का जीव उस ज्वाला से तप्त है, उस को और आग की ज्वाला शीतल लगती है। गर्मी स्वभावतः सर्वत्र सम-भाव से रहती है, इस लिये अधिक-तप्त पदार्थ, अल्प-तप्त पदार्थ से जब संयोग करेगा तो सम-भाव होने के लिये अधिक-तप्त पदार्थ अपनी गर्मी में से कुछ अंश न्यून-तप्त पदार्थ की गर्मी में मिला देगा। इस लिये अधिक-तप्त पदार्थ से न्यून-तप्त पदार्थ-ही और अधिक गर्म हो जायगा, और अधिक-तप्त पदार्थ, कुछ गर्मी का भाग निकल जाने से, अपने को कुछ शीतल समझेगा। इस लिये महा-प्रेमानल से झुलसा हुआ प्राणी को इतर अल्पानल-ज्वाल शीतल लगता है; यह कवि का कथन शास्त्र-संमत है। (जो) बिना प्रेम का है, अर्थात् जिसे प्रेमानल का दाह नहीँ व्याप्त है, (वह अवश्य इतर अग्नि से) डर कर, (और) भाग कर, फिरता है, अर्थात् उस आग के आगे से लौट जाता है॥ (कवि कहता है, कि) यदि कोई प्रेम की आग से जरे, अर्थात् जर जाय, (तो) उस का (यह भस्म-रूप) दुःख वृथा नहीँ होता है, अर्थात् जैसे सुवर्ण आग में देने से, मल भस्म हो जाने से, और उत्तम कान्तिमान् हो जाता है, उसी प्रकार अग्नि से सकल उपाधि के भस्म हो जाने पर पर-ब्रह्म रूप हो, प्राणी दिव्य-स्वरूप हो जाता है। इस लिये भस्म हो जाने का दुःख व्यर्थ नहीँ होता। उस के बदले वह

जीवन्मुक्त हो अमरत्व सुख को पाता है॥ जो सत्य को जानता है, अर्थात् सत्य-सङ्कल्प की महिमा से परिचित है, (वह निःसंशय हो कर, आप) अपने को जारता है। (और जो) निःसत्य हृदय है, अर्थात् जिस का हृदय सत्य से विचल गया है, (वह प्राणी) नहीँ सत्य कर सकता है, अर्थात् जिस का मन रात दिन सङ्कल्प-विकल्प मेँ पडा रहता है, वह क्या सत्य-सङ्कल्प करेगा वा उस को सैकडोँ (पुरुष) पार नहीँ कर सकते॥

(कवि कहता है, कि लोग दधि-समुद्र के भयङ्कर-ज्वाला के भय से ठहरे नहीँ, दूध के समुद्र को नाँघ कर) फिर दधि-समुद्र के पार ऊए, (क्योँकि) प्रेम का कहाँ सँभार हो, (अर्थात् प्रेम का ऐसा बडा भारी बोझा है, कि इसे ले कर प्राणी एक स्थान मेँ नहीँ ठहर सकता; यही पडी रहती है, कि कैसे शीघ्र मंजिल पूरी कर, इस बोझे को उतारेँ) चाहे शिर पर पानी पडे, चाहे अङ्गार पडे॥ १५४॥

चउपाई।

आए उदधि समुदर अपारा। धरती सरग जरइ तेहि झारा॥
आगि जो उपनी उह-इ समुंदा। लंका जरी उह-इ एक बुंदा॥
बिरह जो उपना उह-ई काढा। खन न बुझाइ जगत तस बाढा॥
जिन्ह सो बिरह तेहि आगि न डीठी। सउँह जरइ फिरि देइ न पीठी॥
जग मँह कठिन खरग कइ धारा। तेहि तइँ अधिक बिरह कइ झारा॥
अगम पंथ जउ अइस न होई। साधि किए पावइ सब कोई॥
तेहि रे समुद मँह राजा परा। चहइ जरा पइ रोवँ न जरा॥

दोहा।

तलफइ तेल कराह जिमि इमि तलफइ सब नीर।
यह जो मलय-गिरि पेम का बेधा समुद समीर॥ १५५॥

उदधि = जलधि = जल जिस मेँ हो = जल का समुद्र। समुदर = समुद्र। अपारा = अपार = जिस का पार न हो। धरती = धरित्री = पृथ्वी। सरग = स्वर्ग = आकाश = आसमान। जरइ = (ज्वलति) = जरता है। झारा = झाला = तेज। आगि = अग्नि = आग। उपनी = उत्पन्न ऊई। उह-इ = उह-ई = वही = उसी। समुंदा = समुद्र। लंका =

लङ्का = रावण की राज-धानी। जरी = जरइ का स्त्री-लिङ्ग में भूत-काल का एक-वचन। बुंदा = बिन्दु = बूँद। बिरह = विरह = वियोग। उपना = उत्पन्न ऊत्रा। काढा = काढइ (कर्षति) का भूत-काल। खन = चण। बुझाइ = बुझइ = बुतइ (बुदति)। बाढा = बढइ (बर्धते) का भूत-काल में एक-वचन। डीठी = दृष्टि पडती = देख पडती। सउँह = सम्मुख = सामने। फिरि = फिर कर। देइ = (दत्ते) देता है। पीठी = पृष्ठ = पीठ। जग = जगत् = संसार। खरग = खड्ग = तलवार। धारा = धार = वार = बाढ। अगम = अगम्य = दुर्गम = जाने योग्य नहीँ। जउ = यदि। अइस = एतादृश = ऐसा। साधि = श्रद्धा = इच्छा। पावइ = (प्राप्नोति) पाता है। परा = परइ (पतति) का भूत-काल में एक-वचन। चहइ = (चदति, चहति, वा इच्छति) चाहता है। पइ = अपि = परन्तु। रोवँ = रोम = रोआँ। जरा = जरइ का पुंलिङ्ग में भूत-काल का एक-वचन॥ तलफइ = तल में फइ फइ करता है = चुरता है। तेल = तैल। कराह = कटाह = कराहा। जिमि = यथा = यद्वत् = जैसे। इमि = इव = तद्वत् = तैसे। मलय-गिरि = मलयाचल = जहाँ शीतल करने-वाला मलय चन्दन उत्पन्न होता है, जिस के हवा से सब सुगन्धित और शीतल हो जाते हैँ। बेधा = बेधइ (विध्यते) का भूत-काल में एक-वचन॥

(लोग) उदधि, अर्थात् जल के समुद्र में आये, (जो कि पार किया ऊत्रा) समुद्र से भी अपार है, अर्थात् दधि-समुद्र से भी बडा भयङ्कर और अपार है। पुराणोँ के मत से इसी समुद्र में बडवाग्नि है। भारत के ज्यौतिषी-लोग भी इसी समुद्र में बडवाग्नि मानते हैँ, और कहते हैँ, कि इसी आग से जल खौल जाने पर, वाष्प रूप हो कर, वायु-वेग से आकाश पर चढ जाता है; फिर वही मेघ हो कर, समयान्तर में पानी बरसता है। बडे प्राचीन भारत के ज्यौतिषी श्री-पति ने लिखा है, कि—

सुजल-जलधिमध्ये बाडवोऽग्निः स्थितोऽस्मात्
सलिलभरनिमग्नादुत्थिता　धूममालाः।
वियति　पवननीताः　सर्वतस्ता　द्रवन्ति
द्युमणिकिरणतप्ता　विद्युतस्तत्स्फुलिङ्गाः॥　(गणकतरङ्गिणी देखो)।

भास्कराचार्य ने भी अपने गोलाध्याय के भुवनकोश में लिखा है, कि 'स्वादूदकान्तर्बडवानलोऽसौ', अर्थात् सुजल-समुद्र में बडवानल है। इसी लिये कवि कहता है, कि तिस समुद्र के झार से, अर्थात् तिस समुद्रान्तर्गत बडवानल के तेज से पृथ्वी और

आकाश जरते हैँ ॥ उसी समुद्र में जो आग उत्पन्न ऊई है, अर्थात् जो बडवानल है, उसी के एक विन्दु से, अर्थात् उसी अग्नि के एक कण से (हनुमान् जी द्वारा) लङ्का भस्म हो गई है ॥ (सो संसार में) जो विरह-(अनल) उत्पन्न ऊत्रा है। उसी से (बडवानल) काढा है, अर्थात् ब्रह्मा ने बडवानल को विरह के एक कणिका को निकाल कर, उसी से बनाया है। यह कवि की अतिशयोक्ति है। (सो वह विरह) जगत् में तैसा बढा ऊत्रा है, अर्थात् तैसा सर्वत्र व्याप्त है, कि (एक) चण (भी) नहीँ बुझता है ॥

रात दिन विरही के हृदय में पैठ, सब अङ्ग को दहन किया करता है। श्री-हर्ष ने भी इस विरहानल की महिमा में लिखा है, कि सती विरहानल को बुझाने-ही के लिये हिमालय के घर जन्म लिया और महादेव के ललाट में जो संसार-दाहक ज्वाला-मय तीसरा नयन है, वह वस्तुतः सती-विरहानल है। और यह विरहानल साधारण अग्नि से बढ कर है; तब तो नारी-जन पति-विरहानल के दुःख से छुट-कारा पाने के लिये चितानल में मृत-पति के संग भस्म हो जाती हैँ,

जनुरधत्त सती स्मरतापिता हिमवतो न तु तन्महिमादृता।
ज्वलति भालतले लिखितः सती-विरह एव हरस्य न लोचनम् ॥
दहनजा न पृथुर्दवथुव्यथा विरहजैव पृथुर्यदि नेदृशम्।
दहनमाशु विशन्ति कथं स्त्रियः प्रियमपासुमुपासितुमुद्धुराः ॥
(नैष० स० ४ । श्लो० ४५-४६)।

सो जिन्ह को विरह (-अनल) है, अर्थात् जिन्होँ ने विरहानल को सह लिया है, उस को साथ साथ लिये चलते फिरते हैँ। तिन्हँ (यह समुद्र की) आग नहीँ देख पडती, अर्थात् वे लोग इस आग को कुछ नहीँ समझते। (जो विरहानल को सह लिया है, वह इस आग के) सामने जरता है, और फिर कर पीठ नहीँ देता है, अर्थात् इस को तुच्छ समझ कर, इस के भीतर बराबर चला जाता है ॥ संसार में (यह प्रसिद्ध है, कि) तरवार की धार कठिन है, (परन्तु) विरह की दमक (झारा) तलवार (की चमक) से (भी) अधिक है ॥

(कवि कहता है, कि जिस के विरह से यह अग्नि उत्पन्न होती है वह प्रेम-मय प्रियतम) यदि ऐसे अगम्य राह में न होता, (तो) श्रद्धा करने से सब कोई (उस प्रियतम को) पाता, अर्थात् तब तो सर्व साधारण को सुलभ हो जाने से इस

प्रेम-मय प्रियतम (वा पर-ब्रह्म) का माहात्म्य-ही न होता ॥ (सो) अरे (भाई) तिसी समुद्र में (जहाँ धरती सरग जरइ तेहि झारा), (उस विरहानल के बल से) राजा (निःसंशय पार जाने के लिये) पडा, (और) उस में जरा चाहता है, परन्तु (उस विरहानल के प्रभाव से राजा का) रोम भी न जरा ॥

जैसे कराहे में तेल खौलता है (तलफइ), तैसे-ही (इस समुद्र का) जल खौलता है। (परन्तु राजा), जो प्रेम का मलयाचल है, (तिस के) समीर (हवा) से समुद्र विध गया, अर्थात् मलय-स्वरूप राजा के अङ्ग से मिल कर जो हवा समुद्र में लगी उस के कारण समुद्र भी सुगन्धित और शीतल हो गया। मलयाचल का धर्म है, कि अपने भीतर तो गन्धक इत्यादि द्रव्य और विष-धर सर्पादिकों के कारण जला करता है, और बाहर ऐसा सुगन्धित और शीतल रहता है, कि उस की हवा जिस को लगे वह सुगन्धित और शीतल हो जाय। इसी प्रकार, राजा विरहानल से तो भीतर दग्ध हो रहा है, परन्तु ऊपर योगियों के सदृश, ऐसी शान्त, सुगन्धित और शीतल काया को बनाये है, कि उस की हवा समुद्र में लग जाने से, अग्नि-मय समुद्र भी सुगन्धित और शीतल हो गया। यह कवि का गम्भीराशय है, और इस से राजा में विरहानल-दग्धत्व और मलयाचल-शीतलत्व ये दोनों धर्म आ जाने से पूर्णोपमा ऊई। (इस प्रकार समुद्र के ठंढे हो जाने से लोग सहज में इस समुद्र को भी पार कर गये; यह अध्याहार है) ॥ ॥ १५५ ॥

चउपाई।

सुरा समुद महँ राजा आवा। महुआ मद-छाता देखरावा ॥
जो तेहि पिअइ सो भावँरि लेई। सीस फिरइ पँथ पइगु न देई ॥
प्रेम-सुरा जेहि के जिअ माँहा। कित बइठइ महुआ की छाँहा ॥
गुरु के पास दाख रस रसा। बइरी बबुर मारि मन कसा ॥
बिरहइ दगधि कीन्ह तन भाठी। हाड जराइ दीन्ह जस काठी ॥
नयन नीर सउँ पोती किआ। तस मद चुआ बरा जउँ दिआ ॥
बिरह सुरागनि भूँजइ माँसू। गिरि गिरि परहिँ रकत कइ आँसू ॥

दोहा ।

मुहमद मद जो परेम का गए दीप तहँ राखि।
सीस न देइ पतंग होइ तउ लहि जाइ न चाखि ॥ १५६ ॥

सुरा = मदिरा = मद्य । आवा = आवइ (आयाति) का भूत-काल में एक-वचन । मङ्गआ = मधूक = मङ्गए का फल, जिस से इस प्रान्त में शराब बनती है । मद-छाता = मद-च्छत्र = मद का छाता = मादक (नशीली) वस्तु का छाता । जैसे सिँघाडे का छाता पानी में फैला रहता है तिसी प्रकार इस जल-मङ्गए का मद से भरा छाता, अर्थात् पत्र । देखरावा = देखलाया । पिअइ = (पिबति) पीता है । भावँरी = भ्रामरी = घुमरी । सीस = शीर्ष = शिर । फिरइ = (स्फरति) = फिरता है = घूमता है। पँथ = पथ में = राह मेँ। पइगु = पग = प्रग = पैर। पेम-सुरा = प्रेम-सुरा = प्रेम का मद्य। पास = पार्श्व = निकट । दाख = द्राक्षा = अंगूर । रसा = लसा = लसइ (लसति) का भूत-काल। बइरी = वैरी = शत्रु। वा, बइरी = वइरी = वदरी = वैर वृक्ष। बबुर = बर्ब्बर = एक कँटीला वृक्ष जो इस प्रान्त में बङ्गत प्रसिद्ध है। मारि = मारयित्वा = मार कर। कसा = कसइ (कर्षति) का भूत-काल में एक-वचन। बिरहइ = विरह ने। दगधि = दग्ध्वा = दग्ध कर = दहका कर। तन = तनु = शरीर। भाठी = भट्ठी = भस्त्रा। हाड = हड्डी = अस्थि। जराइ दीन्ह = जरा दिया। जस = जैसे = यथा। काठी = काष्ठ = लकडी। सउँ = सोँ = से। पोती = पूत = पवित्र = आग से दहक कर डेगचे में मङ्गआ-गुड वाष्प हो कर जिस नली द्वारा चूते हैँ, उस नली के चारो ओर पोचारे के लिये जल रहता है, जिस से मद्य का वाष्प ठंढा हो कर, जल-रूप में हो कर, नली के मुख से दूसरे पात्र में चूआ करता है। इस जल को पोचारे, वा पोतारे, वा पोती का जल कहते हैँ। मद = मद्य = मदिरा। चुआ = चुअइ = (च्यवते) चूता है। बरा = बरइ (वर्त्तयति) का भूत-काल में एक-वचन। दिआ = दीप = दीया। सुरागनि = सुराग्नि = सुरा की अग्नि से। भूँजइ = (भज्जति, भस्ज धातु से) भूँजता है। माँसू = मांस। गिरि गिरि = गिर गिर कर = गल गल कर। परहिँ = परइ (पतति) का बङ्ग-वचन। रकत = रक्त = लोह्न। आँसू = अश्रु = आँस ॥ परेम = प्रेम। दीप्ह = दीपक = दीया। राखि = रक्षयित्वा = रख कर। पतंग = कीट = फतंगा। तउ लहि = तब तक। जाइ (याति) जाता है। चाखि = चख (चषति) से बना = चाखा ॥

राजा सुरा (मदिरा) के समुद्र में आया । मङ्कश्रा मद के छाते को देखलाया, अर्थात् उस समुद्र में जहाँ देखो तहाँ मङ्कश्रा के छाते (पत्र) मद से भरे देख पडते हैं, जिन के मिलने से समुद्र का जल मदिरा हो गया है ॥ (इस लिये) जो तिस (जल) को पीता है वह (सो) (नशे से) भावँरी लेने लगता है, अर्थात् घुमरी खाने लगता है। शिर फिरता है, अर्थात् शिर में चक्कर आने लगता है, (और वह पुरुष) राह में पैर नहीं देता है, अर्थात् उस पुरुष का राह में सीधा पैर नहीं पडता है ॥ राजा उन मङ्कश्रों की छाया में बैठ कर विश्राम क्यों नहीं लेता है। इस पर कवि कहता है, कि जिस के हृदय में प्रेम-सुरा है, अर्थात् जो प्रेम-सुरा से छक गया है, वह मङ्कए की छाया में क्यों (कित = कुतः) बैठे (बइठइ = बैठे = उपविष्टो भवेत् = विशेत्) ॥ (राजा इस समुद्र-सुरा को क्यों नहीं पीता है; इस पर कवि कहता है, कि) गुरु (शुक वा गोरखनाथ जिस को स्मरण कर चला है) के पास (राजा) अंगूर रस से रस गया है; अर्थात् गुरु की कृपा से द्राक्षा-रूप जो प्रेम उस से राजा की शरीर भर गई है, (और राजा ने) वैरी बबुर को मार कर, अर्थात् शरीरान्तर्गत मोह, लोभ, क्रोध इत्यादि जो वैरी, कण्टक-स्वरूप बबुर के सदृश उन्हें हटा कर, वा मोहादि जो बैर बबुर सदृश उन्हें हटा कर, (उस प्रेम-द्राक्षा को अच्छी तरह) मन में कस लिया, अर्थात् मन के भीतर भर लिया ॥ विरह (अग्नि) को दगधा कर तनु (शरीर) को भट्ठी किया, (और) हड्डियों को ऐसा जराया जैसे कि काठ। (अपने) नयन जलों से पोचारा किया, अर्थात् उस भट्ठी में से वह प्रेम-द्राक्षा का रस वाष्प हो कर, जब गले की पिछली नस-नली से चला, तब उस को ठंढा करने और जल-रूप करने के लिये नयनाश्रुओं से पोचारा किया। (इस प्रकार से नयनों के द्वारा) तैसा मद (मदिरा = सुरा) चुआ जैसे दीप बरा हो, अर्थात् उस चूते सुरा का ऐसा उज्ज्वल तेजो-मय रूप है जैसे दीप की संचलित शिखा हो (इस लिये जिस के पास अंगूरी शराब है, वह मैली मङ्कए की बदबूदार शराब क्यों पीवे) ॥ (यद्यपि राजा के हृदय में ऐसी अंगूरी शराब भरी है, तथापि मुख-द्वारा हृदय में न भरने से, राजा इस के स्वादु से वञ्चित है, क्योंकि यह तो गुरूपदेश से कान की राह से राजा के हृदय में भर गई है। इस लिये दूसरी राह से पेट में जाने से सुख के बदले राजा को दुःख-दायिनी हो गई है)। विरह (इस) सुराग्नि से, अर्थात् घी के स्थान में इसी सुरा को तपा अग्नि-मय कर, उस में (राजा के) मांस को भूँज

रहा है, (जिस के कारण राजा के नयनों से) रक्त की आँस गिर गिर पडती हैं (ऐसी व्याकुल-अवस्था में राजा की दशा अत्यन्त शोचनीय हो गई है)॥

(मुहम्मद कवि कहते हैं, कि यद्यपि राजा के हृदय में प्रेम-सुरा भरी है, तथापि कर्णद्वारा उदर में जाने से यह अजीर्ण हो कर राजा को आकुल किये है। इस लिये 'विषस्य विषमौषधम्' इस सिद्धान्त से यदि और कहीं कुछ प्रेम-सुरा मिले, जिसे मुख-द्वारा राजा पीवे, तो प्रेम-सुरा का स्वादु पावे और अजीर्ण भी नसावे। परन्तु) प्रेम का मद (सुरा) जो है, सो (तो) तहाँ (पद्मावती वा पर-ब्रह्म) दीप (सिंहल-द्वीप, वा परब्रह्म-स्थान) में रख गया है, अर्थात् पद्मावती के दीप में वह स्नेह (प्रेम) स्नेह (तैल) के सदृश वरता ऊआ रक्खा है। (सो जब तक उस दीप में) पतंग हो कर शिर न दे, तब तक वह (स्नेह = प्रेम) चक्खा न जाय, अर्थात् जैसे दीप की शिखा में फतंगा जल जाता है। उसी तरह उस पद्मावती के दीप में जब तक जल न जाय, तब तक उस प्रेम-सुरा के स्वादु को नहीं पा सकता॥ १५६॥

चउपाई।

पुनि किलकिला समुद मँह आए। गा धीरज देखत डरु खाए॥
भा किलकिल अस उठइ हलोरा। जनु अकास टूटइ चहुँ ओरा॥
उडइ लहरि परबत कइ नाईं। होइ फिरइ जोजन लख ताईं॥
धरती लेत सरग लहि बाढा। सकल समुद जानउँ भा ठाढा॥
नीर होइ तर ऊपर सोई। महा-अरंभ समुद जस होई॥
फिरत समुद जोजन लख ताका। जइसइ फिरइ कोम्हार क चाका॥
भा परलउ निअराना जउ-हीँ। मरइ सो ता कहँ परलउ तउ-हीँ॥

दोहा।

गइ अउसान सबहिँ कइ देखि समुद कइ बाढि।
निअर होत जनु लीलइ रहा नयन अस काढि॥ १५७॥

किलकिला = किल किल ऐसा जिस के शब्द में अनुकरण हो। गा = अगात् = गया। धीरज = धैर्य। डरु = डर = दर = भय। खाए = खाद (खादति) का भूत-काल में बज्ज-वचन। भा = अभूत् = भया = ऊआ। उठइ = (उत्तिष्ठते) उठता है। हलोरा =

हिल-लोल = इधर से उधर पानियोँ का चञ्चल होना। अकास = आकाश = आसमान। टूटइ = (त्रुट्यति) टूटता है। चहुँ = चारो। ओर = अपर-प्रान्त = किनारा। उडइ = (उड्डीयते) उडता है, उडती है। लहरि = लहरी, वा लहर = तरङ्ग। परवत = पर्वत = पहाड। नाईं = निभ = सदृश। फिरइ = (स्फरति) फिरता है। जोजन = योजन, (चार क्रोश का एक योजन होता है)। लख = लच = लाख। ताईं = तक = तदन्त। धरती = धरित्री = पृथ्वी। लेत = लेता हुआ। सरग = स्वर्ग = आकाश। लहि = लाभ कर, वा लहि = लगि = लग कर = तक। बाढा = बढइ (वर्द्धते)। ठाढ = ठढा = खडा = उत्थित। नीर = जल। तर = तल = नीचे। ऊपर = उपरि। महा-अरंभ = महारम्भ = महावेग = महात्वरा (आरम्भः सम्भ्रमस्त्वरा, अमरकोश, ३ काण्ड, सङ्कीर्ण-वर्ग)। जस = यथा = जैसे, वा जस = यश = यशो-गान। ताका = ताकने से = देखने से = तर्कतः = तर्क से। जइसइ = जैसे = यथा। कोम्हार = कुम्हार, वा कोहार = कुलाल। क = का। चाका = चक्र = चाक। परलउ = प्रलय = परलय। निअराना = निकट हुआ = निकट आया = नगिचाना। (जैसे भूख से भुखाना, लालच से ललचाना, घाबड से घबडाना इत्यादि)। जउ-हीँ = ज्योँ-ही = जैसे-ही। मरइ = (मरति) मरता है। तउ-हीँ = त्योँ-ही = तैसे-ही॥ गइ = गई = स्त्री-लिङ्ग मेँ भूत-काल का एक-वचन, इसी का पुं-लिंङ्ग मेँ रूप 'गा' होता है। अउसान = अवशान्ति = स्थिरता। बाढि = बाढ = वर्धनम्। निअर = निकट। होत = होते। लीलइ (निगिलति) = लीलता है = निगलता है। काढि = काढ कर = निकाल कर = निःकाश्य।

(लोग) फिर किलकिला समुद्र मेँ आए, (समुद्र को) देखते-ही (लोगोँ का) धीरज (चला) गया, (और) डर खाए, अर्थात् डर गये॥ (उस समुद्र मेँ) किलकिल ऐसा (शब्द) हुआ, अर्थात् होता है, (और) हलोर उठता है। (उस हलोर मेँ अररर ऐसा शब्द होता है)। जानेँ चारो ओर से आकाश टूट रहा है॥ लहर पर्वत के ऐसी उडती है, अर्थात् लहर मेँ समुद्र से अलग पहाड के ऐसा बडे ऊँचे तक जल-पुञ्ज उड जाता है। (और वह लहर) लाख योजन तक हो कर फिरती है, अर्थात् लाख लाख योजन तक लहर मेँ पानी उठ जाता है तब वहाँ से फिरता है॥ (जिस घडी पानी ऊपर को उठता है उस बेरा समुद्र) धरती लेते स्वर्ग तक बढ जाता है। (उस समय जान पडता है, कि) सर्वत्र (सकल-स्थान) जानेँ समुद्र (ही) खडा हुआ है, अर्थात् भूमि से आकाश तक समुद्र-ही समुद्र देख पडता है॥ वही

(सोई) नीर, अर्थात् वही लहर का पानीय-पुञ्ज (आवर्त्त के वेग से) नीचे ऊपर होता है। (उस के कारण जान पडता है) जैसे समुद्र में महा-वेग होता हो, अथवा महा-वेग से समुद्र का यश होता हो, अर्थात् चारो ओर से यशो-गान की घोर-ध्वनि होती हो॥ देखने से, वा तर्क करने से, (जान पडता है, कि) लाख (लख) योजन तक (आवर्त्त से) पानी घूमता है, जैसे (कि) कोहार का चाक फिरता है॥ (ऐसा समुद्र) जैसे-ही नियराना (तैसे-ही) प्रलय हो गया, अर्थात् लोगों ने यही समझा, कि अब प्रलय आ गया, इस में कोई न बचेगा। (प्रलय में तो सब का नाश हो जाता है) इस में यदि मरँगे भी तो राजा और राज-कुअँर-ही मरँगे। फिर इस का नाम कवि ने प्रलय कैसे कहा। इस आशङ्का पर कवि कहता है, कि) (जो) मरता है तिस के लिये त्योहीं, अर्थात् मरण-चण-ही में वह (सो) प्रलय है, अर्थात् जिस दिन जो मर जाता है, उस के लिये जानों प्रलय हो गया। कहावत है, कि 'आप डूबा जग डूबा'। प्रलय पुराणों में चार प्रकार का है, दैनं-दिन प्रलय१, जो कि प्राणियों के मरने से प्रतिदिन ऊआ करता है। ब्राह्म-लय २, ब्रह्मा की रात्रि आ जाने से; इस प्रलय में सब जीवों को अपने उदर में ले कर, ब्रह्मा सो जाता है। प्राकृतिक प्रलय३, इस में ब्रह्मा इत्यादि सब का नाश हो जाता है; सब प्रकृति के अन्तर्गत हो जाते हैं। आत्यन्तिक प्रलय४, उस योगी का होता है, जो समाधि लगा कर, पाप-पुण्य को ज्ञानाग्नि से भस्म कर, पर-ब्रह्म में लीन हो जाता है। भास्कराचार्य ने अपने गोलाध्याय के भुवन-कोश में लिखा है, कि--

दिने दिने यन्म्रियते हि भूतैर्दैनंदिनं तं प्रलयं वदन्ति।
ब्राह्मं लयं ब्रह्म-दिनान्तकाले भूतानि यद्ब्रह्मतनुं विशन्ति॥
ब्रह्मात्यये यत् प्रकृतिं प्रयान्ति भूतान्यतः प्राकृतिकं कृतीन्द्राः।
लीनान्यतः कर्मपुटान्तरत्वात् पृथक् क्रियन्ते प्रकृतेर्विकारैः॥
ज्ञानाग्निदग्धाखिलपुण्यपापा मनः समाधाय हरौ परेशे।
यद्योगिनो यान्त्यनिवृत्तिमस्मादात्यन्तिकं चेति लयश्चतुर्धा॥

(भास्कर के लिये गणकतरङ्गिणी देखो)

इस तरह प्रलयों में चार भेद होने से स्पष्ट होता है, कि कवि ने 'मरइ सो ता कहँ परलउ तउ-हीँ'। इस से दैनंदिन प्रलय को लिया है॥

('सकल समुद जानउँ भा ठाढा' ऐसी) समुद्र की बाढ देख कर सब का धैर्य गया,

अर्थात् सब कोई धीरज छोड कर घबडा गये। (तरङ्ग-रूप) नयनोँ को ऐसा काढ रहा है, अर्थात् वार वार तरङ्ग-नयनोँ से ऐसा गुरेर रहा है; जानोँ नगीच होते-ही लील-ता है, अर्थात् अपने लहरोँ की ऐसी भयङ्कर लीला को देखला रहा है, जिस से यही जान पडता है, कि इस के नगीच हुए, कि निगला ॥१५७॥

चउपाई।

हीरा-मनि राजा सउँ बोला। इह-ई समुद आहि सत-डोला ॥
सिंघल-दीप जो नाहिँ निबाहू। इह-इ ठावँ साँकर सब काहू ॥
इह-इ किलकिला समुद गँभीरू। जेहि गुन होइ सो पावइ तीरू ॥
इह-इ समुदर-पंथ मँझ-धारा। खाँडइ कइ असि धार निरारा ॥
तीस सहसर कोस कइ पाटा। तस साँकर चलि सकइ न चाँटा ॥
खाँडइ चाहि पइनि पइनाई। बार चाहि पातरि पतराई ॥
इह-इ ठावँ कहँ गुरु सँग लीजिअ। गुरु सँग होइ पार तउ कीजिअ ॥

दोहा।

मरन जिअन एही पँथ एही आस निरास।
परा सो गएउ पतारहि तरा सो गा कबिलास ॥ १५८ ॥

हीरा-मनि = हीरा-मणि। सउँ = सोँ = से। बोला = बोलइ (ब्रूते वा वदति) का भूत-काल मेँ एक-वचन। इह-ई = यही = अयं हि। आहि = है (अस्ति)। सत-डोला = सत्य-दोलक = सत्य को डोलाने-वाला = सत्य को डगाने-वाला = सत्य को हिलाने-वाला = सत्य छोडाने-वाला। सिंघल-दीप = सिंहल-द्वीप। निबाहू = निर्वाह। ठावँ = स्थान। साँकर = सङ्कटम् = सङ्कट = कठिन = दुःखद। गँभीरू = गम्भीर = गहरा। गुन = गुण = विद्या = हुनर। वा गुण = डोर, जहाज की। पावइ = (प्राप्नोति) पाता है। तीरू = तीर = तट = किनारा, उस पार का। समुदर = समुद्र। समुदर-पंथ = समुद्र-पथ = समुद्र की राह। मँझ-धारा = मध्य-धारा = बीच की धारा। खाँडइ = खण्ड्य = तलवार = खड्ग। असि = एतादृशी = ऐसी। धार = धारा। निरारा = निरालय = बाहर = निकली = निनार = निराल = खास = अलग। तीस = त्रिंशत्। सहसर = सहस्र = हजार। कोस = क्रोश। पाटा = पाट = पाच। सकइ =

(शक्नोति) सकता है। चाँटा = चाट = चींटा। चाहि = च हि = से भी। पदनि = पानी = पान जिस में हो (अनेक वस्तुओं को पानी में मिला कर, उस मिश्रित पानी में पक्का करने के लिये शस्त्र को बुझाते हैं। इस मिश्रित पानी को संहिता-कारों ने 'पान' के नाम से लिखा है। पान जिस में हो सो पानी, जैसे दण्ड से दण्डी, दान से दानी, मान से मानी इत्यादि) अर्थात् चोखाई, वा तेजाई अथवा तीक्ष्णता। पदनाई = पदनि से धर्मबोधक शब्द बनाने के लिये तद्धित से 'आई' प्रत्यय लगा है, जैसे पाऊन से पऊनाई, मीत से मिताई, खट्टा से खटाई इत्यादि। बार = वाल = केश (चिकुरः कुन्तलो वालः कचः केशः शिरोरुहः, अमरकोश, काण्ड २, मनुष्य-वर्ग। श्लो. ६ ५ ९)। पातरि = पतला = पत्र के ऐसा = सूक्ष्म। पतराई = पतलापन (धर्मवाचक में पतरे से 'आई' प्रत्यय)। लीजिअ = लीजिये। तउ = तहिँ = तो। कीजिअ = कीजिये॥ मरन = मरणम् = मरना। जिअन = जीवनम् = जीना। एही = यही। आस = आशा = उम्मेद। निरास = नैराश्य = ना उम्मेदी। परा = परइ (पतति) का भूत-काल में एक-वचन। पतारहि = पाताल को। तरा = (तरति) तरइ का भूत-काल में एक-वचन। कबिलास = कैलास = शिव-लोक॥

हीरा-मणि (शुक) राजा (रत्न-सेन) से बोला, (कि) सत्य को डोलाने-वाला यही समुद्र है॥ सिंहल-दीप में जो निर्वाह नहीं होता, अर्थात् जा नहीं सकते, (उस का कारण यही है, कि) यही स्थान (किलकिला समुद्र) सब किसी को कठिन है, अर्थात् याचियों को यही रोक रखता है; इसी को देख कर लोग प्राण-भय से फिर जाते हैं॥ यही (बडा) गम्भीर किलकिला समुद्र है। जिस को (कोई अपूर्व) विद्या वा गोन (जहाज खींचने की डोर) हो सो (इस के उस) तीर को पाता है॥ यही समुद्र-पथ में मध्य-धारा है, अर्थात् यही समुद्रों का मध्य-धारा-रूप समुद्र है, इसी में सब से अधिक लहर और भयङ्कर धारा का वेग है। (इस की) खास तलवार के धार ऐसी धारा है, अर्थात् जैसे खड्ग की धारा के सम्मुख जाने से प्राणी टूक टूक हो जाता है; इसी प्रकार इस की धारा के सम्मुख पड जाने से, जीव, जन्तु, जहाज इत्यादि के टुकडे टुकडे हो जाते हैं; वे टुकडे पाताल में पहुँच जाते हैं, क्योंकि पता नहीं लगता, कि कहाँ चले गये॥ तीस हजार क्रोश का (तो इस का) पाट है। (और यह) तैसा कठिन है, कि चींटा भी (इस में) नहीं चल सकता। यहाँ चींटा से चींटा के ऐसा लघु पुरुष समझो, जो कि अपनी लघुता से पानी के नीचे नहीं जाता, किन्तु पानी के ऊपर-ही तैरा

करता है, तिस के लिये भी इस समुद्र का पार होना कठिन है। अन्यथा चींटा एक साधारण जल भरे गडहे के पार नहीं हो सकता, उस को समुद्र-तरण में असमर्थ होने से समुद्र की क्या विशेष महिमा ऊई ॥ (इस समुद्र की धारा में) खड्ग की तीक्ष्णता से भी बढ कर तीक्ष्णता है। बार की पतराई से भी बढ कर पतला-पन है, अर्थात् इस की धारा में ऐसी तेजी और पतला-पन है, कि छोटा से छोटा और पतला से पतला भी जन्तु इस के सामने पडे, तो भी टूक टूक ऊए विना न बचे ॥ इसी स्थान के लिये गुरु को संग लीजिये, अर्थात् गुरु को संग लेना चाहिए, अर्थात् ध्यान से गुरु का स्मरण कर, गुरु को अपने हृदय में धर लेना चाहिए। (जब) गुरु संग में हो तब (इस को) पार कीजिये, अर्थात् ध्यान से गुरु को अपने हृदय में धर कर, उसे संगी बना कर, तब इस को पार करना चाहिए ॥

इस (समुद्र की) राह में मरना जीना (दोनो) है। इस (राह) में आशा, निराशा (दोनो) है, (क्यौं कि) (जो इस की धारा में) पडा वह (सो) (तो) पाताल को चला गया (इस से मरना और निराशा दोनो ऊए), (और जो) तर गया, अर्थात् निर्विघ्न पार हो गया, सो कैलास में गया, अर्थात् आशा पूर्ण ऊई, और सदा के लिये जीना (अमरत्व) हो गया। वह प्राणी जीवन्मुक्त हो पर-ब्रह्म-स्वरूप हो गया ॥ १५८ ॥

चउपाई।

राजइ दीन्ह कटक कहँ बीरा। सु-पुरुख होहु करहु मन धीरा ॥
ठाकुर जेहि क सूर भा कोई। कटक सूर पुनि आपु-हि होई ॥
जउ लहि सती न जिउ सत बाँधा। तउ लहि देइ कहार न काँधा ॥
पेम-समुद मँह बाँधा बेरा। इइ सब समुद बूँद जेहि केरा ॥
ना हउँ सरग क चाहउँ राजू। ना मोहिँ नरक सितैँ किछु काजू ॥
चाहउँ ओहि कर दरसन पावा। जेइ मोहिँ आनि पेम-पँथ लावा ॥
काठहि काह गाढ का ढीला। बूड न समुद मगर नहिँ लीला ॥

दोहा।

गहि समुदर धसि लीन्हेसि भा पाछइ सब कोइ।
कोइ काहु न सँभारई आपुनि आपुनि होइ ॥ १५९ ॥

राजद्द = राजा ने । कटक = सेना । बीरा = बीटक = पान का बीडा = चलने के लिये एक प्रकार का सङ्केत । जैसे राज-कार्य के लिये अब आज्ञा-पत्र निकलते हैं, तैसे-ही प्राचीन समय में बीडा बटता था । जब राजा लोग किसी कार्य के लिये योग्य पुरुष नहीं समझते थे, तब उस कार्य के लिये दर्बार में बीडा रख दिया जाता था, कि जो कोई अपने को इस कार्य के योग्य समझे वह बीडे को उठा ले । जो बीडा उठा लेता था वही उस कार्य करने के लिये नियुक्त किया जाता था । भारत में जो युद्ध इत्यादि के लिये प्रधान समझा जाता था, उस का मङ्गलाशीर्वाद वाक्यों से वरण किया जाता था । यह रीति महाभारत से स्पष्ट है । रामाश्वमेध में अवश्य लिखा है, कि युद्ध-यात्रा के समय वीरों को वीटक (बीडा) दिया गया । आज कल बीडा शब्द बयाने के अर्थ में भी प्रचलित है । जैसे, रण्डी को बीडा दिया गया है, अर्थात् रण्डी को बयाना दिया गया है । सु-पुरुख = सु-पुरुष = सत्पुरुष = सत्य-प्रतिज्ञ । धीरा = धीर = धैर्य । ठाकुर = ठक्कुरः = मालिक = स्वामी । क = का । सूर = शूर = बहादुर । जउ लहि = जब तक । सती = पतिव्रता स्त्री, महादेव की पत्नी सती ऐसी = जो अपने मृत-पति के साथ चिता में भस्म हो जाती है । जिउ = जीव । सत = सत्य = सत्य-सङ्कल्प । बाँधा = बाँधइ (बध्नाति) का भूत-काल में एक-वचन । तउ लहि = तब तक । कहार = स्कन्धाधार = जो कन्धे से भार वा यान को ले चलता है । काँधा = स्कन्ध = कंधा । पेम-समुद = प्रेम-समुद्र = प्रेम-सागर = प्रेम का समुद्र । बेरा = बेडा = एक प्रकार की नाव । एइ = एते = ये । बूँद = विन्दु । हउँ = अहम् = हौं = मैं । सरग = स्वर्ग = इन्द्र-लोक । चाहउँ = चाहइ (चदति वा चहति वा इच्छति) का उत्तम-पुरुष में एक-वचन । राजू = राज्य । नरक = पापियों के लिये यम-पुरी में दुःख और पीडा के देने-वाले स्थान, ये ८४ हैं जो कि गरुड-पुराणादि में बहुत प्रसिद्ध हैं । सितँ = तँ = से । काजू = कार्य । दरसन = दर्शन । आनि = आनीय = आन कर = ले आ कर । पेम-पँथ = प्रेम-पथ = प्रेम की राह । लावा = ले आवा = ले आया । काठहि = काष्ठ को । काह = क हि = क्या । गाढ = कठिन । ढीला = श्लथ = शिथिल । बूड = बूडइ (बुडति) बूडता है । मगर = मकर = एक भयङ्कर जल-जन्तु । लीला = लीलइ (निगिलति) = लीलता है = निगलता है ॥ गहि = आगृह्य = गह कर = पकड कर । समुदर = समुद्र । धसि = धर्षयित्वा = धस कर । लीन्हेसि = लिया = लेइ (लाति) का भूत-काल में एक-वचन ।

पाछ्इ = पीछे = पृष्ठ-भाग में। सँभारई = सँभारइ (सञ्चारयति) सँभारता है। आपुनि = अपना, वा, अपनी ॥

राजा ने कटक, अर्थात् सेना के लोगोँ को, (चलने के लिये) बीडा दिया, (और लोगोँ को समझाया, कि सब कोई) सत्पुरुष, अर्थात् सत्य-प्रतिज्ञ होवो, (और) मन मेँ धीरज करो, (समुद्र देख कर घबडावो मत) ॥ (कवि कहता है, कि) जिस (सेना का) स्वामी शूर होता है (चाहे वह स्वामी कोई हो), (तो उस की) सेना फिर आप-ही शूर हो जाती है। (कहावत है, कि विना दुलहे के बरात की शोभा नहीँ; इसी तरह जहाँ नेता बहादुर नहीँ, तहाँ सेना क्या बहादुरी करेगी)॥ जब तक हृदय से सती सत्य, अर्थात् पति के संग भस्म हो जाना इस का सत्य-सङ्कल्प, नहीँ बाँधती; तब तक कहार कंधा नहीँ देता, अर्थात् तब तक जिस डोली पर वह बैठी है, उस को उठाने के लिये नहीँ तयार होता ॥ (कवि का तात्पर्य है, कि जब तक प्रधान, दृढ चित्त से कमर कस, अपने काम पर नहीँ उद्यत होता, तब तक साथी साथ नहीँ देते) ॥ (सो राजा ऐसे भयङ्कर समुद्र मेँ निःशङ्क पार होने के लिये तयार है, क्योँकि राजा ने) प्रेम-समुद्र मेँ नौका को बाँधा है, अर्थात् उस के पार होने के लिये तयार है, जिस (प्रेम-समुद्र) के बूँद (के सदृश) ये सब समुद्र हैँ ॥ (राजा हीरा-मणि शुक से कहता है, कि) मैँ स्वर्ग का राज्य नहीँ चाहता, (और) मुझे नरक से भी कुछ काम नहीँ, अर्थात् मैँ स्वर्ग और नरक दोनोँ को कुछ नहीँ समझता ॥ (केवल) उस (पद्मावती) का दर्शन चाहता हूँ; जिस (पद्मावती) ने मुझे (यहाँ तक) ला कर प्रेम की राह में लगाया है, अर्थात् यदि उस का दर्शन मुझे नरक मेँ भी मिले तो मैँ उसी को अनुपम स्वर्ग समुझता हूँ ॥ (पिछले दोहे मेँ शुक ने जो इस किलकिला समुद्र की भयङ्कर लीला राजा को सुनाई; उस पर शुक से राजा कहता है, कि) काठ के लिये क्या कठिन (और) ढीला, अर्थात् जो विरह ताप से सूखे सखुए के काठ के सदृश है, उस के लिये भयङ्कर और सुख-कर दोनोँ समान हैँ। क्योँ कि वह (सूखा काठ) न समुद्र मेँ डूबता है (और) न (उसे) मगर लीलते हैँ, अर्थात् सब कोई उसे बे-काम समझ उस पर दृष्टि-ही नहीँ रखते ॥

(राजा ऐसा कह कर, झट पतवार को) पकड कर, धस कर, समुद्र को लिया, अर्थात् आप-ही अगुआ हो कर अपने जहाज को समुद्र मेँ चलाया। (राजा को आगे देखते-ही) सब कोई (राजा के) पीछे हुए, अर्थात् सब किसी ने अपने अपने जहाजोँ

को राजा के पीछे चलाया । (समुद्र के लहर मैँ जहाजोँ के पडते-ही) कोई किसी को सँभारता नहीँ है, अर्थात् कोई किसी की खबर नहीँ लेता है, कि वह आगे है, वा पीछे है, वा समुद्र में डूब गया इस की खोज कोई नहीँ करता है। (सब को) अपनी अपनी हो रही है, अर्थात् सब किसी को अपनी अपनी पडी है। किसी को किसी की खोज खबर नहीँ ॥१५९॥

चउपाई ।

कोइ बोहित जस पवन उडाहीँ। कोई चमकि बीजु बर जाहीँ ॥
कोई जस भल धाव तुखारू। कोई जइस बइल गरिआरू ॥
कोई हरुअ जानु रथ हाँका। कोई गरुअ भार होइ थाका ॥
कोई रेँगहिँ जानउँ चाँटी। कोई टूटि होहिँ सरि माटी ॥
कोई खाहिँ पवन कर झोला। कोई करहिँ पात बर डोला ॥
कोई परहिँ भवँर जल माँहा। फिरत रहहिँ कोइ देइ न बाँहा ॥
राजा कर भा अगुमन खेवा। खेवक आगइ सुआ परेवा ॥

दोहा ।

कोइ दिन मिला सबेरई कोइ आवा पछ-राति ।
जा कर जो हुत साजु जस सो उतरा तेहि भाँति ॥ १६० ॥

बोहित = जहाज। जस = यथा = जैसे। पवन = वायु = हवा। उडाहीँ = उडहिँ = उडइ (उड्डीयते) का बहु-वचन। चमकि = चम् चम् कर। बीजु = विद्युत् = बिजुली। बर = वर = श्रेष्ठ। जाहीँ = जाहिँ = जाइ (याति) का बहु-वचन। भल = वर = अच्छा = श्रेष्ठ। धाव = धावइ (धावति) धावता है = दौडता है। तुखारू = तुखार = तुरङ्ग = घोडा। जइस = जैसा = यथा। बइल = बलीवर्द्दः = बैल। गरिआरू = गरिआर = गर्ह्यालय = निन्दित कर्मोँ से भरा, जो चले नहीँ, चलाने के समय बैठ बैठ जाय। हरुअ = लघु (प्राकृत लहुओ वा हलुओ) = हलका। जानु = जानोँ = जनु। हाँका = हाँ (हाँ करोति) का भूत-काल। गरुअ = गुरु = भार = गढ़। भार = बोझा। थाका = थ (स्थगति) का भूत-काल मैँ एक-वचन। रेँगहिँ = रेँगइ (रिङ्गति) का बहु-वचन। चाँटी

चौँटी = चाटी । टूटि = त्रुटिला = टूट कर । सरि = स्रुला = सर कर = सरक कर । माटी = मट्टी = मृत् = मृत्तिका । खाहिँ = खाइ (खादति) का बज्ज-वचन । झोला = झाला = वेग = आघात । पात = पत्र । बर = वट वृक्ष । डोला = दोला = इधर उधर डोलना । परहिँ = परइ (पतति) का बज्ज-वचन । भवँर = भ्रमर = भौँर = आवर्त्त । बाँहा = वाज्ज । अगुमन = आगमन = आगे = सब से पहले । खेवा = खेव्य = खेवने के योग्य = जहाज । खेवक = खेवने-वाला = ले चलने-वाला = मलाह = केवट । सुआ = शुक = सुग्गा । परेवा = पर्णवान् = पतत्री = पक्षी ॥ सबेरई = सुबेला-ही = सबेरे-ही । आवा = आवइ (आयाति) का भूत-काल में एक-वचन । पछ-राति = पश्चाद्रात्रि = पर-रात्रि = आधी-रात के बाद । ज्ञत = था, वा, थी । साजु = साज = सज्जः = तयारी । उतरा = उतरइ (उत्तरति) का भूत-काल में एक-वचन । भाँति = भङ्गी, विधियोँ की = प्रकार ॥

कोई जहाज (ऐसे वेग से चलते हैँ) जैसे पवन उडते हैँ । (जहाज का सर्वत्र अध्याहार करना चाहिए)। कोई चमक कर बिजुली से भी बढ कर जाते हैँ ॥ कोई ऐसा दौडते हैँ जैसे अच्छा घोडा दौडे । कोई (की ऐसी मन्द दशा है) जैसे गरियार बैल, अर्थात् चलाने से भी नहीँ चलते हैँ ॥ कोई (समुद्र के अनुकूल लहर से ऐसा) हलका (हो कर विना इधर उधर हिले वेग से चलता है) जानेँ रथ हाँकी जा रही है । कोई (प्रतिकूल लहर से ऐसा) भारी (हो गये हैँ और मन्द मन्द चलते हैँ जानेँ) बोझे से थक गये हैँ ॥ कोई (ऐसा धीरे धीरे रेँगते हैँ) जानेँ चीटी (चल रही) हैँ । कोई (समुद्र-तरङ्ग के आघात से) टूट कर, (और) सर कर वा सरक कर मट्टी हो जाते हैँ, अर्थात् मट्टी में मिल जाते हैँ ॥ कोई वायु के धक्के खाते हैँ । कोई (मन्द मन्द वायु के धक्के से एक ही स्थान मेँ) बर के पत्ते के ऐसा डोला, अर्थात् डग मग, करते हैँ ॥ कोई जल के भवँर मेँ पडते हैँ । कोई (भवँर मेँ) फिरते रहते हैँ (परन्तु सामर्थ्य के बाहर होने से) कोई बाँह नहीँ देता है, अर्थात् किसी की सामर्थ्य नहीँ कि उन्हेँ उस भवँर से निकाले ॥ (ऐसी भयङ्कर विकराल दशा मेँ) राजा का जहाज सब से आगे ज्ञआ, (और उस जहाज के) खेवक के आगे (हीरा-मणि) शुक पक्षी ज्ञआ है ॥

(ऐसे भयानक समुद्र में राजा के सत्य और दान-पुण्य के प्रभाव से लोग डूबे नहीं; जीते जागते) कोई (उस पार राजा से) सबेरे-ही दिन को मिले, कोई

आधी रात के बाद आया ॥ जैसा जिस का जो साज था, अर्थात् जैसा जिस का उत्तम, मध्यम, अधम जहाज था, उसी तरह से वह (आगे पीछे) उतरा ॥ १६० ॥

चउपाइ ।

सतएँ समुद मानसर आए। सत जो कीन्ह सहस सिधि पाए ॥
देखि मानसर रूप सोहावा। हिअ हुलास पुरइनि होइ छावा ॥
गा अँधिआर रइनि मसि छूटी। भा भिनुसार किरिन रबि फूटी ॥
असतु असतु साथी सब बोले। अंध जो अहे नयन बिधि खोले ॥
कवँल बिगसि तहँ बिहँसी देही। भवँर दसन होइ होइ रस लेही ॥
हँसहिँ हंस अउ करहिँ किरीरा। चुनहिँ रतन मुकुताहलि हीरा ॥
जो अस साधि आव तप जोगू। पूजइ आस मान रस भोगू ॥

दोहा ।

भवँर जो मनसा मानसर लीन्ह कवँल रस आइ।
घुन जो हिआउ न कइ सका झूर काठ तस खाइ ॥ १६१ ॥

इति सात-समुदर-खंड ॥ १५ ॥

सतएँ = सप्तम = सातवेँ । सत = सत्य-सङ्कल्प, वा सत = सत् (पर-ब्रह्म) के लिये सङ्कल्प। सहस = साहस = ढिठाई, वा, सहस = सहस्र = हजार । सिधि = सिद्धि = मनोरथ-सिद्धि । सोहावा = शोभित । हिअ = हृदय । हुलास = उल्लास = खुशी । पुरइनि = पर्णिनी = जिस मेँ बहुत पत्ते होँ = पद्मिनी = कमलिनी । छावा = छावइ (छादति, छो-कर्त्तने) का भूत-काल में एक-वचन । अँधिआर = अन्धकार = अँधियारा । रइनि = रजनी = रात । मसि = मसी = स्याही । छूटी = छुटइ (छुडति) का स्त्री-लिङ्ग मेँ भूत-काल का एक-वचन । भा = अभूत् = भया = हुआ । भिनुसार = अभीनासार = विहान = व्यहाऽऽसार = प्रातःकाल = सबेरा = सुवेला । किरिन = किरण । रबि = रवि = सूर्य । फूटी = फूटइ (स्फुटति) का स्त्री-लिङ्ग में भूत-काल का एक-वचन । असतु = अस्तु = एवमस्तु = ऐसा हो । साथी = सार्थी = सङ्गी । सब = सर्व । बोले = बोलइ (वल्गति वा वदति) का पुं-लिङ्ग मेँ भूत-काल का बहु-वचन । अंध = अन्ध = अंधा । अहे = थे =

रहे। विधि = विधि = ब्रह्मा। खोले = खोलइ (खोलति) का पुं-लिङ्ग में भूत-काल का बहु-वचन। कवँल = कमल। बिगसि = विकसित हो कर। बिहँसी = बिहँसइ (विहसति) का स्त्री-लिङ्ग में भूत-काल का एक-वचन। देही = देह = शरीर। भवँर = भ्रमर = भौँरा। दसन = दशन = दाँत। लेही = लेइ (लाति) लेता है। वा, लेही = लेहि (लेढि) चाटता है। हँसहिँ = हसइ (हसति) का बहु-वचन। हंस = प्रसिद्ध जल-पक्षी, जो मोती हीरा रत्न को चुँगता है। करहिँ = करइ (करोति) का बहु-वचन। किरीरा = किरीडा = क्रीडा = खेल कूद। चुनहिँ = चुनइ (चिनोति) का बहु-वचन। रतन = रत्न = जवाहिर। मुकुताहलि = मुक्ताफल = मोती। हीरा = हीर = हीरक = वज्र। साधि = साधने = साधन करने। आव = आवे = आवइ (आयाति) का लोट् में प्रथम-पुरुष का एक-वचन। तप = तपः = तपस्या। जोगू = योग। पूजइ = (पूर्यते) पूजता है = पूरा वा पूरी होती है। आस = आशा = उम्मेद। मान = मानइ (मन्यते) मानता है। भोगू = भोग॥ मनसा = मन से = मन कर के। मानसर = मानससर = मानस। घुन = घुण। हिआउ = हृदयाप्त = हृदय से प्राप्ति = हृदय से चाह = हिम्मत। सका = सकइ (शक्नोति) का भूत-काल में एक-वचन। झूर = झीर्ण = सूखा। काठ = काष्ठ। तस = तथा = तैसे। खाइ = (खादति) खाता है॥

(लोग) सतवेँ समुद्र मान-सर में आये। सत्य-सङ्कल्प जो किये थे (इस लिये इस) साहस (कर्म) से सिद्धि को पाए, अर्थात् मनोरथ पूरा हुआ। वा सहस्र सिद्धि को पाये, अर्थात् एक पद्मावती (प्रकृति = पर-ब्रह्म) की खोज में नाना प्रकार के चमत्कारों को लोगों ने देखा॥ शोभित मानसर के रूप को देख कर, (सब के) हृदय (सरोवर) में उल्लास (आनन्द) पुरइनि (रूप) हो कर छा गया॥ अन्धकार गया, अर्थात् अन्धकार दूर हो गया; रात की स्याही, अर्थात् रात की कालिमा, छूट गई, अर्थात् किलकिला के भयङ्कर तरङ्गों के प्रभाव से जो सूर्य छिप कर महा अँधिआरी और भयानक अँधेरी रात हो गई थी वह चली गई, सबेरा हो गया; रवि की किरण (चारो ओर) छूटी॥ सब साथी 'एवमस्तु एवमस्तु' (अब ऐसा-ही प्रकाश रहे, अब ऐसा-ही प्रकाश रहे) बोल उठे। (और लगे कहने, कि अभीँ तक) जो अंधे थे सो ब्रह्मा ने (अब) नयनोँ को खोल दिया॥ तहाँ, अर्थात् उस मानसर में (हृदय) कमल विकसित हो कर, (सब की) देह बिहँस गई, अर्थात् प्रफुल्लित हो गई। भ्रमर दशन हो कर, रस लेता है, वा चाटता है, अर्थात् लोग खुश हो कर जो हँस रहे हैँ, उस की

ऐसी शोभा है, जानों दन्त नहीं हैं, भौंरे दाँतों का रूप धारण कर विकशित मुख-कमल का रस लेते हैं। जब मुख-कमल बंद हो जाता है तब जानों वे दन्त-रूप भौंरे संपुटित हो जाते हैं, और हँसने पर मुख-कमल के प्रफुल्लित होने से देख पडने लगते हैं। मुख-कमल के पुराने अन्तरङ्ग मित्र दाँत हैं। अपरिचित को देख कर, यह मुख-कमल सङ्कोच से कदाचित् अपना शुद्ध-रस न पीने दे। इस लिये भौंरे, कपट से दाँतों का रूप धारण कर, रस लेते हैं। यह कवि की अतिशयोक्ति है॥ (उस मानसर में) हंस हँसते हैं, अर्थात् प्रसन्न वदन हैं, और (आपस में) क्रीडा करते हैं। मोती, हीरा (इत्यादि) रत्न को चुनते हैं, अर्थात् चुँग रहे हैं॥ (कवि कहता है, कि) जो ऐसा तप (और) योग साध आवे, अर्थात् जैसा राजा ने कष्ट सह कर, तप और योग साधा; उसी प्रकार जो तप योग साधन करे, (तो उस की) आशा पूरी होती है, (और वह) इस भोग को मानता है, अर्थात् मन माना प्रेम-रस का भोग करता है॥

भ्रमर जो मन से मानसर (मानस वा, मान्य-सर=उत्तम-तडाग) को लिया, अर्थात् हृदय से सब वासना बिसार कर, नाना प्रकार के क्लेशों को सह कर, जो उत्तम सर में पहुँचा, (तो उसी कष्ट के बदले) आ कर (अनुपम) कमल का रस लिया, ('लीन्ह' क्रिया का दोनो ओर अन्वय करना चाहिए)। (और) घुन जो साहस (हिआउ) न कर सका, तैसा सूखा काठ खाता है, अर्थात् आलस्य से, हिम्मत हार कर, बैठ रहा। तिसी के कारण उस को नीरस सूखा काठ खाना पडता है। कबीरदास ने भी कहा है, कि

'जो ढूँढा तिन पाइयाँ गहिरे पानी पैठि।
वे बपुरी क्या पाइयाँ रहीं किनारे बैठि॥'

हठ-योग के मत से गुद, लिङ्ग, नाभी, हृदय, कण्ठ, भ्रू-मध्य और ब्रह्माण्ड इन स्थानों में शरीरान्तर्गत कमल हैं (बहुतों के मत से हृदय और कण्ठ में अभेद होने से छ-ही कमल हैं), जिन में योगी को क्रम क्रम से प्राण चढाने में क्लेश होता है। अर्थात् गुद पर चढाने की अपेक्षा लिङ्ग-कमल पर चढाना कठिन। लिङ्ग-कमल पर चढाने की अपेक्षा नाभी-कमल पर चढाना कठिन। यों एक से एक कठिन हैं। सब से कठिन नीचे गुद से चढाते भ्रू-मध्य-कमल में ले जाना है। यदि इस कमल पर प्राण चढ गया तो ब्रह्माण्ड-कमल के मध्य जहाँ सच्चिदानन्द से

भरा अमृत-सुख धरा है, और 'सोऽहं सोऽहं' जिसे योगी कहते हैँ उस हंस-स्वरूप पर-ब्रह्म का जहाँ अनाहत ध्वनि से पूरित नाना रत्नमय स्थान है, जाने मेँ कुछ भी देरी नहीँ लगती। यहाँ यदि इन कमलोँ के स्थान मेँ क्रम से खार, चीर, दधि, जलधि, सुरा, किलकिला और मानसर को मान लो, तो राजा (रत्न-सेन) अब भ्रू-मध्य-कमल (किलकिला) के ऊपर अपने प्राणोँ को चढा लाया। इस लिये अब पद्मावती-रूप सच्चिदानन्द के परम-धाम ब्रह्माण्ड सिंहल मेँ पहुँचना कुछ कठिन नहीँ है। गुद से प्राण चढाने मेँ स्थल-विशेषोँ मेँ प्राण के आने से योगी इस काय-व्यूह मेँ नाना प्रकार का चमत्कार देखता है, जहाँ नाना प्रकार की हजारोँ सिद्धि, कर जोरे योगी के सामने सेवा के लिये खडी रहती हैँ। परन्तु यदि भ्रमर के सदृश, योगी उन की माया मेँ फँस कर उन्हीँ स्थानोँ मेँ अपने प्राण को न अटकावे, और सिद्धियोँ की चटक मटक मेँ न आवे, हिम्मत कर, मानसर (ब्रह्माण्ड = ब्रह्म-रन्ध्र) तक चला जावे, तो अवश्य इस साहस के बदले ब्रह्म-रन्ध्र-कमलान्तर्गत पर-ब्रह्म-पराग-रस को पावे, जिस से अजर अमर हो, जीवन्मुक्त कहलावे। अन्यथा घुन के ऐसा प्राण सूखी काय-काठी मेँ पडा उसी काठी-ही को खाता, काठी के साथ-ही नष्ट हो जाता है। इस प्रकार के रूपक से समुद्र-यात्रा-वर्णन सब हठ-योग-पच मेँ लग जाता है।

शरीरान्तर्गत चक्रोँ के विषय मेँ अनेक मत हैँ। देवी-भागवत, सप्तम-स्कन्ध, अध्याय ३५ मेँ भी इन चक्रोँ का विशेष-रूप से वर्णन है। कोई ऐसा भी कहते हैँ।


आधारे लिङ्गनाभौ प्रकटितहृदये तालुमूले ललाटे
द्वे पत्रे षोडशारे द्विदशदशदले द्वादशार्द्धे चतुष्के।
वासान्ते बालमध्ये डफ-कठ-सहिते कण्ठदेशे स्वराणां
हं चं तत्त्वार्थयुक्तं सकलदलगतं वर्णरूपं नमामि॥

आधार = गुद-कमल, ४ दल, व, श, ष, स वर्णात्मक १। लिङ्ग-कमल, ६ दल, ब, भ, म, य, र, ल वर्णात्मक २। नाभी-कमल, १० दल, ड, ढ, ण, त, थ, द, ध, न, प, फ वर्णात्मक ३। हृदय-कमल, १२ दल, क, ख, ग, घ, ङ, च, छ, ज, झ, ञ, ट, ठ वर्णात्मक ४। तालु-मूल = कण्ठ-कमल, १६ दल, अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, ऌ, ॡ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, अः वर्णात्मक ५। ललाट-कमल, २ दल, ह, च वर्णात्मक ६। इस के परे ब्रह्म-रन्ध्र-कमल, जिस मेँ हजार दल हैँ॥ १६१॥

इति सप्त-समुद्र-खण्ड-नाम पञ्चदश-खण्डं समाप्तम्॥ १५।

44

अथ सिंघल-दीप-भाउ-खंड ॥ १६ ॥



चउपाई ।

पूँछा राजइ कहु गुरु सुआ। न जनउँ आजु कहा दहु उआ ॥
पवन बास सीतल लेइ आवा। काया दहत चँदन जनु लावा ॥
कब-हुँ न अइस जुडान सरीरू। परा अगिनि मँह मलय-समीरू ॥
निकसत आउ किरिन रबि रेखा। तिमिर गए निरमर जग देखा ॥
उठइ मेघ अस जानउँ आगइ। चमकइ बीजु गगन पर लागइ ॥
तेहि ऊपर जनु ससि परगासा। अउ सो चाँद कचपची गरासा ॥
अउरु नखत चहुँ दिसि उँजिआरी। ठावँहिँ ठावँ दीप अस बारी ॥

दोहा ।

अउरु दखिन दिसि निअर-हि कंचन मेरु देखाउ ।
जनु बसंत रितु आवइ तस बसंत जग आउ ॥ १६२ ॥

पूँछा = पूँछइ (पृच्छति) का भूत-काल में एक-वचन । राजइ = राजा ने । कहु = कहइ (कथयति) का लोट् में मध्यम-पुरुष का एक-वचन । सुआ = शुक = सुग्गा । जनउँ = जानउँ = जानइ (जानाति) का उत्तम-पुरुष में एक-वचन । आजु = आज = अद्य । दहु = दह = दहा = दशा = भाग्य । उआ = उअइ (उदयति) का भूत-काल में एक-वचन । बास = वास = वासना = सुगन्ध । सीतल = शीतल = ठंढी, वा, ठंढा । काया = काय = शरीर । दहत = दहन् = दहती = भस्म होती । चँदन = चन्दन । लावा = .

लगाया = लगइ (लगति) का णिजन्त का भूत-काल में एक-वचन। कब-ऊँ = कदापि हि = कभी। अइस = एतादृश = ऐसी। जुडान = जुडाई = ठंढी ऊई = जडी-भूत ऊई। सरीरू = शरीर। परा = परइ (पतति) का भूत-काल में एक-वचन। अगिनि = अग्नि = आग। मलय-समीरू = मलय-समीर = मलय का वायु। निकसत = निःकशन् = निकलती। आउ = आवइ (आयाति)। किरिन = किरण। रबि = रवि = सूर्य। रेखा = लेखा = पङ्क्ति = पाँति। तिमिर = अन्धकार = अँधेरा। निरमर = निर्मल = स्वच्छ। जग = जगत् = संसार। देखा = देख पडता है। उठइ = (उत्तिष्ठते) उठता है। मेघ = बादल। अस = एतादृश = ऐसा। आगइ = अग्रे = आगे। चमकइ = (चम् करोति) चमकता है। बीजु = विद्युत् = बिजली। गगन = आकाश। पर = उपरि = ऊपर। लागइ = लगइ (लग्यते) लगती है। ससि = शशि = चन्द्रमा। परगासा = परगासइ = (प्रकाशते) का भूत-काल में एक-वचन। चाँद = चन्द्र = चन्द्रमा। कचपची = कृत्तिका नचत्र जिस में छ तारे रहते हैं = जिस के तारे कचपच करते रहते हैं। गरासा = गरासइ (ग्रसते) का भूत-काल में एक-वचन। अउरु = अपर = इतर। नखत = नचत्र। चऊँ = चारो। दिसि = दिशि = दिशाओं में। उँजिआरी = उज्ज्वलता = उँजेला। ठावँ = स्थान। दीप = दीया = चिराग। बारी = बारइ (वर्त्तयति) का भूत-काल में स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन॥ दखिन = दचिण। निअर-हि = निकट-ही। कंचन = काञ्चन = सुवर्ण। मेरु = प्रसिद्ध उत्तर दिशा का पर्वत जहाँ देवता लोग रहते हैं। देखाउ = देखाता है = देख पडता है। बसंत = वसन्त = ऋतुओं का राजा। बसंत = बसता ऊआ = बसा ऊआ। जग = जगत् = संसार, यहाँ सब स्थान॥

राजा ने (शुक से पूँछा, कि) हे शुक गुरु, कहो (तो आज हम लोग कहाँ आये, क्योंकि) आज नहीं जानता, (कि) कैसी (कहा = कथम्) दशा (भाग्य) उदय ऊई॥ (आज) वायु शीतल सुगन्ध को ले आया है। (जो) शरीर भस्म होती थी (उस में) जानों चन्दन लगाया गया है॥ ऐसी कभीं शरीर नहीं ठंढी ऊई थी। (जान पडता है, कि) आग में मलय-वायु पडा है, अर्थात् आज मलय-वायु से मेरे शरीर की तपन बुझ गई है॥ रवि के किरण की पङ्क्ति निकलती आती है, अर्थात् प्रातःकाल हो रहा है। अन्धकार (नष्ट हो) गये; जगत् निर्मल (साफ) देख पडता है॥ आगे ऐसा (जान पडता है) जानों बादल उठा है। बिजली चमकती है, (और) आकाश पर लगती है, अर्थात् बिजली चमक चमक कर आकाश के ऊपर जा कर

लगती है॥ तिस (बिजली) के ऊपर जानों चन्द्रमा प्रकाश किया है। और (जो) चन्द्रमा है सो कचपची को (जानों) गरासता है, अर्थात् खाता है॥ (कचपची के अतिरिक्त) और नचत्रों की (भी) चारो दिशाओं में उँजियाली है। (उन की ऐसी शोभा है, जानों) जगह जगह में दीप के ऐसे (कोई चमकदार पदार्थ) बारे गये हैं॥

और दक्षिण दिशा में नगीच-ही सुवर्ण का मेरु (पर्वत) देख पडता है। जानों वसन्त ऋतु आती है तैसा, जगत् बसता आता है, अर्थात् आगे सब स्थान ऐसे शोभित हैं, जानों उन स्थानों में वसन्त ऋतु आ कर डेरा लगाये है। यह सब पद्मावती-पच में सिंहल की लीला और ब्रह्म-रन्ध्र में ब्रह्म-रन्ध्रस्थ-कमल की लीला राजा वा योगि-राज को देख पडती है, जिस का यथावत् वर्णन अगली चौपाइयों से विदित होगा॥१६२॥

चउपाई ।

तूँ राजा जस बिकरम आदी। तूँ हरिचंद बइनु सत-बादी॥
गोपिचंद तुइँ जीता जोगा। अउ भरथरी न पूज बिओगा॥
गोरख सिद्धि दीन्ह तोहि हाथू। तारी गुरू मछंदर-नाथू॥
जीता पेम तैं पुहुमि अकासू। दिसिटि परा सिंघल कबिलासू॥
बेइ जो मेघ गढ लाग अकासा। बिजुरी कनइ कोट चहुँ पासा॥
तेहि पर ससि जो कचपचि भरा। राज-मँदिर सोनइ नग जरा॥
अउर-उ नखत कहेसि चहुँ पासा। सब रानिन्ह कइ आहि अबासा॥

दोहा ।

गगन सरोबर ससि कवँल कुमुद तराइँ पास।
तूँ रबि ऊआ भवँर होइ पवन मिला लेइ बास॥१६३॥

तूँ = त्वम्। बिकरम = विक्रम, उज्जयिनी का राजा। आदी = आदि = प्रथम = पहला। हरिचंद = हरिश्चन्द्र = त्रिशङ्कु का पुत्र = अयोध्या का एक राजा। बइनु = वैन्य = वेन का पुत्र राजा पृथु, बर्हिष्मती नगरी का राजा। सत-बादी = सत्य-वादी = सत्य-कहने-वाला = सत्य-वक्ता। गोपिचंद = गोपीचन्द्र = बङ्गाले का एक राजा (१३२ वें दोहे की टीका देखो)। जीता = जीतइ (जयति) का भूत-काल में एक-वचन।

जोगा = योग। भरथरी = भर्त्तृहरि = राजा विक्रम का छोटा भाई (१२४ वँ दोहे की टीका देखो)। पूज = पूजा = पूजइ (पूर्य्यते) का भूत-काल में एक-वचन। बिओगा = वियोग = विरक्तता। गोरख = गोरच-नाथ अवधूत जो मछंदर के प्रधान शिष्य थे (१२८ वँ दोहे की टीका देखो)। हाथू = हाथ = हस्त। तारी = तारइ (तारयति) का स्त्री-लिङ्ग में भूत-काल का एक-वचन। वा, तारी = ताली = कुञ्जी = चाभी। गुरू = गुरु = आचार्य। मछंदर-नाथू = मछंदर-नाथ = मत्स्येन्द्र-नाथ = गोरख के गुरु। पेम = प्रेम। पुहुमि = पृथिवी = भूमि। अकासू = आकाश = आसमान। दिसिटि = दृष्टि। परा = परइ (पतति) का भूत-काल में एक-वचन। सिंघल = सिंहल-द्वीप। कबिलासू = कैलास = महादेव के रहने का स्थान = शिव-लोक। गढ = गाढ = दुर्ग = किला। लाग = लगइ (लगति) का भूत-काल में एक-वचन। अकासा = आकाश। बिजुरी = विद्युत् = बिजली। कनइ = कणी = कणिका = कनी वज्र की। कोट = गढ। चऊँ = चारो। पासा = पार्श्व। ससि = शशि = चन्द्र। कचपचि = कचपची = कृत्तिका नचत्र। भरा = भरइ (भरति) का भूत-काल में एक-वचन। राज-मँदिर = राज-मन्दिर = राजा का घर। सोनइ = स्वर्ण = सुवर्ण = सोना। नग = अमूल्य रत्नों के टुकडे। जरा = जडा = जटित। नखत = नचत्र। कहेसि = कहा = कहइ (कथयति) का भूत-काल में एक-वचन। रानिन्ह = रानी का बहु-वचन, (रानी = राज्ञी = राज-महिषी)। आछि = अस्ति = है। अवासा = आवास = निवास-स्थान = रहने की जगह॥ गगन = आकाश। सरोबर = सरोवर = अच्छा तडाग = पोखरा। कवँल = कमल। कुमुद = कोईं। तराईं = तारायेँ = तारा-गण। ऊआ = उअइ (उदयति) का भूत-काल में एक-वचन। भवँर = भ्रमर = भौंरा। पवन = वायु। मिला = मिलइ (मिलति) का भूत-काल में एक-वचन। लेइ = ले कर। बास = वास = सुगन्ध॥

(शुक ने कहा, कि) राजा, तूँ जैसा आदि विक्रम, अर्थात् विक्रमादित्य था, तैसा-ही है। भारत-वर्ष में प्राचीन परम्परा से बडी बडी राज-धानियों में यह रीति आज तक चली आती है, कि दो चार पीढी के बाद फिर फिर राजाओं के वे-ही नाम रक्खे जाते हैं, जैसे जय-पुर में राम-सिंह, माधव-सिंह, जय-सिंह, मान-सिंह ये-ही चार नाम राजाओं के फिर फिर होते हैं। कवि ने सब से पहला अतिशय प्रतापी विक्रम के बोध होने के लिये 'आदि' शब्द का उपादान किया है। तूँ सत्य-भाषी हरिश्चन्द्र (और) राजा पृथु (वैन्य) है, अर्थात् उन्हीं के ऐसा सत्य-भाषी

और यशखी है ॥ तैँ ने योग मेँ (राजा) गोपीचंद को जीता, अर्थात् जीत लिया। (क्योँकि उस ने माता की आज्ञा से लाचार हो कर योग लिया और तैँ ने खतः अपनी इच्छा से योग लिया इस लिये तूँ बढ कर है)। और विरक्तता मेँ, अर्थात् वैराग्य मेँ, भर्तृहरि भी तेरी बराबरी मेँ नहीँ पूरे ऊए, अर्थात् तैँ ने वैराग्य मेँ राजा भर्तृहरि को भी जीत लिया (क्योँकि उन्होँ ने अपनी पत्नी के दुराचार पर ग्लानि कर, वैराग्य धारण किया, और तूँ ने अपनी इच्छा से वैराग्य को लिया)॥ तेरे हाथ मेँ गोरख-नाथ ने सिद्धि (अष्ट-सिद्धि, अष्ट-सिद्धि के लिये २० वेँ दोहे की टीका मेँ ४६ वाँ पृष्ठ देखो) को दिया, अर्थात् घर से चलती बेला जो तैँ ने 'सिद्ध होइ कहँ गोरख कहा' (१२८ वाँ दोहा) इस से गोरख को गुरु मान उन का स्मरण किया, सो गुरु ने तेरी तपस्या से प्रसन्न हो तुझे सिद्धि दे कर सिद्ध बनाया। (और गुरु के नाते से तेरे दादा) गुरु (महानुभाव) मछंदर-नाथ ने (भी अपना पौत्र समझ तेरी शरीर को) तार दिया, अर्थात् इन महासागरोँ से पार कर दिया। वा (तुझे अपना पौत्र समझ उन सिद्धियोँ की) तारी (तुझे) दिया। इस अर्थ मेँ पहले चरण मेँ जो 'दीन्ह' क्रिया पद है उस का सिद्धि, और तारी, दोनोँ कर्म समझो॥ तैँ ने प्रेम से पृथ्वी (और) आकाश (दोनोँ) को जीत लिया, अर्थात् सिद्ध हो जाने से तेरे लिये यह लोक और पर-लोक दोनोँ सुलभ हो गये। कैलास (सदृश) सिंहल तेरी दृष्टि के सामने पडा, अर्थात् नजर आया, वा कैलास (शिव-लोक, यहाँ सच्चिदानन्द पर-ब्रह्म का स्थान) (और) सिंहल दोनोँ तेरी दृष्टि मेँ आये, अर्थात् षट्-चक्राकार सागरोँ के पार हो जाने से और गोरख से सिद्धि मिलने से, इस लोक का स्वर्ग-स्थान सिंहल और पर-लोक का उत्तम-स्वर्ग कैलास दोनोँ देख पडे॥ जो मेघ है, अर्थात् जिसे तुम मेघ समझते हो, वह (वेद) (सिंहल मेँ राजा गन्धर्व-सेन का) गढ है, जो कि आकाश मेँ लगा है, अर्थात् अत्यन्त ऊँचा है। (और) कोट (गढ) के चारो ओर (चऊँ पासा) जो कनी हैँ, अर्थात् शोभा के लिये उचित उचित स्थानोँ मेँ जो वज्र की कणी लगाई गई हैँ (वे-ही सब) बिजली हैँ, अर्थात् वे-ही बिजली-सी चमकती हैँ॥ (और) तिस के ऊपर (जिसे तुम) कचपची से भरा (मुँह) चन्द्र (कहते हो) सो नगोँ से जडा सोने का राज-मन्दिर है, अर्थात् वही राजा गन्धर्व-सेन का मुख्य रहने का स्थान है, जिस मेँ सुवर्ण-मण्डल चन्द्र और उस मेँ जडे नग कचपची से जान पडते हैँ॥ और उस के चारो ओर (जिसे तुम) और नक्षत्र कहते हो, (वह) सब

रानियों का (अलग अलग) निवास-स्थान है, अर्थात् वह रनिवास है, जिस में अनेक नग-जटित मन्दिर इतर तारागण के ऐसे चमकते हैं ॥

(शुक कहता है, कि राजा निश्चय समझो, कि) आकाश सरोवर में चन्द्र-कमल, (उस चन्द्र-कमल के पास) तारा-गण कुमुद हैं, और (आज) तूँ (उस गगन सरोवर में) रवि उदय हुआ है। (सो आज जो तेरे अङ्ग में शीतल सुगन्ध वायु लग रहा है, उसे वायु न समझो, किन्तु तुमारे रवि-रूप के उदय से जो शशि-कमल खिल गया है, इस की प्रसन्नता में) भ्रमर पवन का रूप धर बास (सुगन्ध) को ले कर (आप से) मिला है। क्योंकि रवि-ही के कारण कमल के खिलने पर भ्रमर के सुगन्ध-बास-ग्रहण मनोरथ की सिद्धि होती है। इस लिये जिस के अनुग्रह से मनोरथ-सिद्धि हुई उस को भेँट देना उचित है। यह समझ भ्रमर पवन के कपट-वेष से उस बास को आप (रवि) के यहाँ भेँट लाया है। यह कवि का आन्तरिक अभिप्राय है। पद्मावती-पच में, गगन से गन्धर्व-सेन का गढ-सरोवर, उस में शशि पद्मावती कमल, उस के पास की सखियाँ तारा-गण, कुमुद ('तुम्ह ससि होऊ तरायन साखी' दोहा ६४, पृष्ठ १०१) लेना चाहिये। और राजा रत्न-सेन ऐसा अपूर्व रवि वहाँ उदय हुआ, कि जिस के कारण उस शशि-(पद्मावती) कमल के साथ कुमुद भी (सखियाँ तारागण) जो रवि-दर्शन से सङ्कुचित हो जाते हैं, प्रफुल्लित हो गये॥ सच्चिदानन्द पर-ब्रह्म-पच में गगन-ही सरोवर, और शशि-ही, कमल, और उस शशि के पास के तारा-गण कुमुद हैं। राजा सिद्ध होने से पूरा योगी हुआ। पुराणों में कथा है, कि योगी सिद्ध होने पर रवि-मण्डल को बेध कर ब्रह्म में लीन हो जाता है। इस लिये योगी में रवि से भी अधिक सामर्थ्य होने से राजा रत्न-सेन अपूर्व रवि हुआ, जिस से शशि और तारागण भी दीप्तिमान् हो कर खिल उठे। भारतवर्षीय ज्यौतिषियों के मत से शशि और तारागणों में रवि-ही के तेज से तेज है। कमलाकर ने लिखा है, कि—

तेजसां गोलकः सूर्यो ग्रहर्चाण्यम्बुगोलकाः।
प्रभावन्तो हि दृश्यन्ते सूर्यरश्मिप्रदीपिताः॥
(सिद्धान्ततत्त्वविवेक बिम्बाधिकार, श्लो० ३।)

योगी षट्-चक्र को बेध कर जब प्राण को सप्तम-चक्र ब्रह्माण्ड में चढाने लगता है, तब ब्रह्माण्ड, आकाश, और शशि, वाम-स्वर जो नासिका के बायेँ पूरे से निकलता है

जिसे योगी ईडा नाडी कहते हैं, उस के पास पास मस्तिष्क से मिले छोटे छोटे नस-तन्तु, तारा-गण और कुमुद। दक्षिण-स्वर, जो नासिका के दहने पूरे से निकलता है, जिसे योगी पिङ्गला नाडी कहते हैं, वह रवि। और उस के पास पास के मस्तिष्क से मिले छोटे छोटे नस-तन्तु विद्युत् सदृश उसे देखाई पडते हैं। फिर योगी यदि इन के दर्शन से घबडा न जावे; गुरूपदेश से आगे प्राण को चढाता जावे, तो आगे सुषुम्ना नाडी में प्राण जायगा। फिर वहाँ से उसे सुन्दर सुखद राज-मार्ग मिलता है, जो कि पर-ब्रह्म-स्थान तक प्राण को पहुँचा कर, पर-ब्रह्म में मिला देता है, और फिर विष्णु-ग्रन्थि, रुद्र-ग्रन्थि, और ब्रह्म-ग्रन्थि भी खुल जाती हैं॥

सुप्ता गुरुप्रसादेन यदा जागर्त्ति कुण्डली।
तदा सर्वाणि पद्मानि भिद्यन्ते ग्रन्थयोऽपि च॥
प्राणस्य शून्यपदवी तदा राजपथायते।
तदा चित्तं निरालम्बं तदा कालस्य वञ्चनम्॥
सुषुम्ना शून्यपदवी ब्रह्मरन्ध्रं महापथः।
श्मशानं शाम्भवी मध्यमार्गश्चेत्येकवाचकाः॥
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन प्रबोधयितुमीश्वरीम्।
ब्रह्मद्वारमुखे सुप्तां मुद्राभ्यासं समाचरेत्॥
महामुद्रा महाबन्धो महावेधश्च खेचरी।
उड्डानं मूलबन्धश्च बन्धो जालन्धराभिधः॥
करणी विपरीताख्या वज्रोली शक्तिचालनम्।
इदं हि मुद्रादशकं जरामरणनाशनम्॥

(हठयोगप्रदीपिका, तृतीयोपदेश, श्लो॰ २-७)।

इस प्रकार पर-ब्रह्म-पक्ष, और पद्मावती-पक्ष, दोनों में सब कवि का कहा हुआ लग जाता है। और जो पिछले दोहे में कहा कि, उस स्थान में जानों वसन्त ऋतु आई है, उस की लीला भी इस दोहे में यथावत् वर्णित हो गई। जब पर-ब्रह्म वा पद्मावती की प्राप्ति हो गई, तब वहाँ जरा-मरण की निवृत्ति हो जाने से सदा एक आनन्द-रस रहने से सर्वदा वसन्त-ऋतु का रहना समुचित है॥

विक्रमादित्य, जिस का संवत् आज तक भारतवर्ष में प्रचलित है, उज्जयिनी वा धारा का राजा था, जिस के दान, पराक्रम, बुद्धि इत्यादि की महिमा सिंहासन-बत्तीसी

और बैताल-पचीसी में विशेष रूप से वर्णित है। ज्योतिष-ज्योतिर्विदाभरण के अन्तिम लेख से यह सिद्ध होता है, कि इन के दरबार में

'धन्वन्तरि-क्षपणका-ऽमरसिंह-शङ्कु-बेतालभट्ट-घटखर्पर-कालिदासाः।
ख्यातो वराहमिहिरो नृपतेः सभायां रत्नानि वै वररुचिर्नव विक्रमस्य॥'

ये नवरत्न थे। परन्तु वराहमिहिर का समय ४२७ शाका है। इस लिये इस स्लोक के सत्य होने में महान् संशय है। ज्योतिर्विदाभरण का कर्त्ता कालिदास भी जान पडता है, कि रघुवंशादि-कर्त्ता कालिदास से भिन्न है। (गणक-तरङ्गिणी देखो)। निदान विक्रम के विषय में विशेष लिखना व्यर्थ है। कुछ इन के विषय में १२४ व दोहे की टीका में भी लिख आये हैं।

हरिश्चन्द्र राजा त्रिशङ्कु के पुत्त्र और अयोध्या के राजा थे। इन की सत्यता और उदारता जगत्प्रसिद्ध है। स्वप्न में भी यदि किसी को कुछ देना स्वीकार कर लेते थे तो प्रातःकाल उस को विना दिये नहीं रहते थे। इन की सत्यता को भङ्ग करने के लिये एक बेर विश्वामित्र ने अपनी सिद्धि के प्रभाव से इन्हे स्वप्न दिखलाया, कि एक बूढे ब्राह्मण को राजा ने अपना सब राज्य सङ्कल्प कर दिया। प्रातःकाल होने पर राजा घर से बाहर निकल उस ब्राह्मण की प्रतीक्षा में राज-कार्य छोड कर बैठे। उन की पत्नी शैव्या मध्याह्न समय जान स्वयं सुजान पति के स्थान में आई। कहने लगी; कि नाथ उच्छिष्ट प्रसाद के लिये यह दासी प्रार्थना करती है। राजा ने कहा, कि प्रिये स्वप्न में इस राज्य को एक ब्राह्मण के नाम से दान दे चुका हूँ, सो जब वह ब्राह्मण आवे, और उसे इस राज्य को सौंप कर, त्रिलोक से न्यारी काशी-पुरी में चलूँ, तब भोजन करूँ। राज-पाट, घर बाहर, धन धान्य, सब ब्राह्मण का हो चुका है, उस के धान्य को कैसे भोजन करूँ। पति के साथ पति-व्रता शैव्या भी सेवा करती बैठ गई। इतने-ही में विश्वामित्र पहुँचे और कहा, कि आप ने स्वप्न में मुझे सब राज्य दे दिया है, सो सत्य-पालन कीजिये। राजा ने कहा, कि इसी लिये मैं आप की प्रतीक्षा-ही में बैठा हूँ। राजा ने झारी से जल डाल कर, झट राज्य को सङ्कल्प कर दिया। और दान-साङ्गता सिद्ध्यर्थ मन्त्री से कहा, कि ब्राह्मण को हजार अशर्फी खजाने से ला कर दो। इस पर विश्वामित्र ने कहा, कि अब तेरा कैसा खजाना; खजाने से तुझ से क्या संबन्ध। सो तूँ यदि अपने को सत्य-सन्ध समझता है तो अपने राज्य के बाहर से हजार अशर्फी ला कर मुझे दे, नहीं तो मैं शाप दूँगा,

तेरी पूर्व पुण्य सब नष्ट हो जायगी। इस पर राजा ब्राह्मण को बडे विनय के साथ काशी में ले आया और दासी-कर्म पर अपनी पत्नी को बेंच ५००) अशर्फी, और अपने को काशी जी में केदारघाट* श्मशान के अधिकारी डोमडे के हाथ दास-कर्म पर बेंच ५०० अशर्फी, यों हजार अशर्फी ले ब्राह्मण को सम्मान पुरःसर दे कर, विदा किया। राजा उस डोमडे के श्मशान पर मुर्दों के कर को उगाहता था। यही उस की नोकरी थी। अपनी नोकरी में भी राजा सत्य से ऐसा बँधा था, कि राजा का एकमात्र पुत्त्र रोहितास, जो कि बालवयः-कारण से माता-ही के साथ रहता था, सर्प के काटने से मर गया और शैव्या अपनी आधी धोती का कफन कर, उस को श्मशान में ले आई, तो राजा ने विना कर लिये फूँकने न दिया। शैव्या ने, यह विचार कर, कि चिर काल से अलग रहने के कारण और रूपान्तर हो जाने से कदाचित् ये मुझे पहचानते न हों, कहा, कि 'प्राण-नाथ मैं वही आप की आज्ञानु-वर्त्तिनी अभागिनी शैव्या हूँ, और यह मृतक आप का वही प्राणाधार एकलौता पुत्त्र रोहितास है, जिस के लिये रोज रोज खोज खोज कर नये चाँदी सोने के खिलोने लिये जाते थे। आप गोद में लिये मारे मोद के अङ्ग न समाते थे।' इस पर राजा ने यही कहा, कि 'प्रिये मैं किसी को भूला नहीं हूँ। सब को पहचानता हूँ। परन्तु मेरी नजर से सब से ऊपर सत्य-ही नजर पडता है। स्वामी से वचन दे चुका हूँ, कि आप की आज्ञा से विना कर लिये आग न दूँगा, और न मुर्दे को जलाने दूँगा।' इस पर अन्त मैं लाचार हो कर शैव्या ने नङ्गी हो कर, अपनी बची आधी धोती को उतार कर, कर देने के लिये कर फैलाने की मन मैं इच्छा की। दम्पतियों का ऐसा अचल सत्य-व्यवहार देख देवों ने पुष्प की दृष्टि की, और विमान को ले आये, उस पर दम्पतियों को स्वर्ग ले चलने के लिये बैठाना चाहा। राजा ने कहा, कि जितने दिनों के लिये मैं नोकरी स्वीकार कर चुका हूँ, उन में अभी कुछ दिन बाकी हैं। सो सत्य-भङ्ग कर, मैं स्वर्ग को नहीं जाया चाहता। इस बात पर देव लोग उस डोम को भी विमान पर बैठा लिये, और कहने लगे, कि वहीं स्वर्ग मैं बाकी दिनों को इस डोम की नोकरी मैं पूरा करियेगा। इस राजा की कुछ कथा महाभारत, २ सभा पर्व, १२ अध्याय मैं ऐसी है। इन की उदारता पर ब्राह्मण का रूप धर विष्णु स्वयं परीक्षार्थ आये हैं। और हरिश्चन्द्र से कहा, कि 'मैं आप से कुछ माँगा

* बङ्कों के मत से यह स्थान काशी में महल्ला हडहा है जहाँ अब तक हरिश्चन्द्रेश्वर महादेव हैं।

चाहता हूँ'। राजा ने कहा 'निःसंशय कहिए'। विष्णु-ब्राह्मण ने कहा, कि 'आप का आधा दक्षिणाङ्ग शिर से पैर तक चाहता हूँ'। राजा ने आरे से आधी देह को देने के लिये चिरवाने लगा। आरा शिर को चीरते चीरते जब मस्तक के पास पहुँचा तब राजा की दहनी आँख से आँस का एक बूँद टपक पडा, इस पर ब्राह्मण ने कहा, कि 'आप दान के समय दुःखित हो गये सो अब मैं इस कलुषित दान को न लूँगा'। इस पर राजा ने कहा, कि 'महाराज मै दुःखित इस चिन्ता से हुआ हूँ, कि आधी देह तो आप के काम आई पर मेरी बची आधी देह व्यर्थ न जाय यह भी किसी के काम मैं आ जाय'। इस बात पर भगवान् राजा से बहुत प्रसन्न हुए और अभय प्रदान कर, विष्णुलोक को चले गये। विष्णुपुराण ४ अंश०। अध्या० ३। श्लो० १५ मैं भी इस राजा का नाम आया है। इसी को ले कर, और देवी भागवत, स्कन्ध ७, अध्या० १२-२७ की कथा को मिला कर कवि लोगों ने अपनी कल्पना के साथ, अनेक मनोरञ्जन कथा बनाई है। मेरे मित्र भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र जी ने भी हिन्दी मैं इस विषय का 'सत्य-हरिश्चन्द्र' नाटक ऐसा करुणा-रस पूरित बनाया है, कि पढने मैं पद पद पर, उन की विपद् से रुलाई आती है। भागवत के ९ स्कन्ध, अध्याय ७ वैं मैं भी संक्षेप से कुछ राजा हरिश्चन्द्र की कथा है। ये त्रेतायुग मैं सूर्यवंश मैं २८ वाँ राजा हुए हैं।

वेनु, यह परम्परा से भ्रष्ट पाठ है, क्योंकि वेनु अर्थात् वेन यह तो भारतवर्ष मैं महा अधम राजा हुआ है। इस के राज्य मैं धर्माधर्म का कुछ भी विचार नहीं था; लोग पशुवत् वृत्ति उठा ली थी। इसी पर मनु-स्मृति मैं लिखा है, कि

नोद्वाहिकेषु मन्त्रेषु नियोगः कीर्त्यते क्वचित्।
न विवाहविधावुक्तं विधवावेदनं पुनः॥
अयं द्विजैर्हि विद्वद्भिः पशुधर्मो विगर्हितः।
मनुष्याणामपि प्रोक्तो वेने राज्यं प्रशासति॥
स महीमखिलां भुञ्जन् राजर्षिप्रवरः पुरा।
वर्णानां सङ्करं चक्रे कामोपहतचेतनः॥
ततः प्रभृति यो मोहात् प्रमीतपतिकां स्त्रियम्।
नियोजयत्यपत्यार्थं तं विगर्हन्ति साधवः॥

(अध्याय ९, श्लो० ६५-६८)

इस लिये हम ने 'बदन' वैन्य का अपभ्रंश, पाठ रक्खा है।

वैन्य, वेन का पुत्र, राजा पृथु। वेन जब अपने राज्य में बहुत अत्याचार करने लगा, तब मुनि और देवता लोगों ने मिल कर उसे मार डाला। उस को सन्तान न था, इस लिये राजा होने के लिये उस से सन्तान पैदा करने के लिये सब प्रजा देव, मुनि लोग उस की मरी शरीर को मथने लगे। मथते मथते पहले उस की शरीर से महापाप-रूप काला निषाद उत्पन्न हुआ। फिर दूसरी वार मथन करने से महा-प्रतापी, यशस्वी, दानी, दयालु, सत्य-वादी राजा पृथु हुआ, जिसे वेन की शरीर से उत्पन्न होने के कारण लोग वैन्य कहते हैं। इस की कीर्त्ति-महिमा चतुर्थ-स्कन्ध भागवत के १५-२३ अध्याय तक वर्णित है। इसी ने पृथ्वी को दुह कर, इस से अनेक धान्य प्रजाओं के सुख के लिये उत्पन्न किया। पृथ्वी इस की भार्या थी। यद्यपि आज तक अनेक राजा हो गये, जो पृथ्वी को भोगते आये, तथापि पृथ्वी आज तक पृथु-ही की भार्या कहाती है। ऐसा मनु ने मनु-स्मृति में कहा है,

पृथोरपीमां पृथिवीं भार्यां पूर्वविदो विदुः।
स्थाणुच्छेदस्य केदारमाहुः शल्यवतो मृगम् ॥
(अध्याय ९, श्लो० ४४)

इस पृथु (वैन्य) की प्रशंसा में व्यास ने ४ स्कन्ध भागवत के २३ वें अध्याय के अन्त में लिखा है, कि

वैन्यस्य चरितं पुण्यं शृणुयात् श्रावयेत् पठेत्।
वैचित्रवीर्याभिहितं महन्माहात्म्यसूचितम् ॥
अस्मिन् कृतमतिर्मर्त्त्यः पार्थवीं गतिमाप्नुयात्।
अनुदिनमिदमादरेण शृण्वन् पृथुचरितं प्रथयन् विमुक्तसङ्गः।
भगवति भवसिन्धुपोतपादे स च निपुणां लभते रतिं मनुष्यः ॥

मछंदर-नाथ वही हैं, जो नेपाल में हुए हैं और संस्कृत में जिन्हें मत्स्येन्द्र-नाथ कहते हैं। इन्हीं के शिष्य गोरख-नाथ थे। नाथ-पंथियों में यह इतिहास है, कि शिव (महादेव) जी, जिन्हें नाथ-पंथी (गोरख-पंथी) आदि-नाथ कहते हैं, किसी समय किसी दीप में एक पुष्कर के तट पर सुखद एकान्त स्थान को देख कर, पार्वती को हठ योग का उपदेश देते थे। तट पर एक मत्स्य भी बैठा उन उपदेशों को निश्चल मन से सुनता था। अन्त में महादेव जी ने उसे भी सत्पात्र समझ, जल के सिञ्चन से सिद्ध-पुरुष बना दिया। प्रधान सिद्धों में आदि-नाथ

(महादेव) के बाद दूसरी गणना इन्हीं की है। हठ-योग-प्रदीपिका में प्रधान सिद्धों के ये नाम लिखे हैं,

श्री-आदिनाथ-मत्स्येन्द्र-शावरा-ऽऽनन्दभैरवाः।
चौरङ्गी-मीन-गोरक्ष-विरूपाक्ष-बिलेशयाः॥
मन्थानो भैरवो योगी सिद्धिर्बुद्धश्च कन्थडिः।
कोरण्टकः सुरानन्दः सिद्धपादश्च चर्पटिः॥
कानेरी पूज्यपादश्च नित्यनाथो निरञ्जनः।
कपाली बिन्दुनाथश्च काकचण्डीश्वराह्वयः॥
अल्लामः प्रभुदेवश्च घोडा चोली च टिण्टिणिः।
भानुकी नरदेवश्च खण्डः कापालिकस्तथा॥
इत्यादयो महासिद्धा हठयोगप्रभावतः।
खण्डयित्वा कालदण्डं ब्रह्माण्डे विचरन्ति ते॥
(उपदेश १। श्लो० ५-९)

मत्स्येन्द्र-नाथ की नव नाथों में भी गणना है। नव नाथों के लिये १२८ वें दोहे की टीका देखो॥ १६३॥

चउपाई।

सो गढ देखु गगन तइँ ऊँचा। नयन देखि कर नाहिँ पहूँचा॥
बिजुरी चकर फिरहिँ चहुँ फेरे। अउ जमकात फिरहिँ जम केरे॥
धाइ जो बाजा कइ मन साधा। मारा चकर भएउ दुइ आधा॥
चाँद सुरुज अउ नखत तराईं। तेहि डर अँतरिख फिरहिँ सबाईं॥
पवन जाइ तहँ पहुँचा चहा। मारा तइस टूटि भुइँ बहा॥
अगिनि उठी जरि बुझी निआना। धुआँ उठा उठि बीच बिलाना॥
पानि उठा तहँ जाइ न छूआ। बहुरा रोइ आइ भुइँ चूआ॥

दोहा।

रावन चहा सउँह कइ (हेरा) उतरि गए दस माथ।
संकर धरा ललाट भुइँ अउरु को जोगी-नाथ॥ १६४॥

गढ = गाढ = दुर्ग = किला । देखु = देखइ (दृश्यते) का लोट् में मध्यम-पुरुष का एक-वचन । गगन = आकाश । तइँ = तैँ = से । ऊँचा = उच्च । नयन = आँख । देखि = दृष्ट्वा = देख कर । कर = हाथ । नाहिँ = न हि = नहीँ । पहुँचा = पहुँचा = पहुँचइ (प्रभुलति, प्राकृत पहुच्चइ) = पहुँचता है । बिजुरी = विद्युत् = बिजुली । चकर = चक्र । फिरहिँ = फिरइ (स्फरति) का बहु-वचन । चहुँ = चारो । फेरे = ओर = प्रान्त । जमकात = यमकास्त्र = जोडे (दोहरे) अस्त्र । वा, जमकात = यमकर्त्तरी = यम की कैँची । जम = यम = प्राण लेने-वाले यमराज । धाइ = धाय कर = दौड कर (धावति से ल्यप्) । बाजा = बाजइ (व्रजति = वजति) का भूत-काल में एक-वचन । साधा = श्रद्धा = साध = इच्छा । आधा = अर्ध = खण्ड = टुकडा । चाँद = चन्द्र । सुरुज = सूर्य । नखत = नक्षत्र । तराई = तारा = तरई । डर = दर = भय । अँतरिख = अन्तरिक्ष = आकाश और भूमि के बीच में । सबाई = सब = सभी । पवन = वायु = हवा । पहुँचा = पहुँचना । चहा = चाहा = इच्छा किया = चहइ (चदति वा इच्छति) का भूत-काल में एक-वचन । मारा = मारइ (मारयति) का भूत-काल में एक-वचन । तइस = तथा = तैसा । टूटि = त्रुटिला = टूट कर । भुइँ = भुवि = पृथ्वी में । बहा = बहइ (वहति) का भूत-काल में एक-वचन । अगिनि = अग्नि = आग । उठी = उठइ (उत्तिष्ठते) का स्त्री-लिङ्ग में भूत-काल का एक-वचन । जरि = जलिला = जर कर = बर कर । बुझी = बुझइ (बुतति) का स्त्री-लिङ्ग में भूत-काल का एक-वचन । निआना = निदान, निआना = निरन्य = विना अन्य = विना सहायक । धुआँ = धूम = धूआँ । उठि = उत्थाय = उठ कर । बिलाना = विलीन हो गया = लय हो गया = लोप हो गया । पानि = पानीय = पानी । कूआ = कुआ = कुअइ (स्पृश्यते) का भूत-काल में एक-वचन । बहुरा = बहुरइ (अवरोहति) का भूत-काल में एक-वचन । रोइ = रुदिला = रो कर । आइ = आगत्य = आ कर । चूआ = चुआ = चुअइ (च्यवते) का भूत-काल में एक-वचन ॥ रावन = रावण । सउँह = शपथ = सौँह = कसम = प्रतिज्ञा । उतरि = उतर (उत्तरण) = कट । दस = दश । माथ = मस्तक = शिर । संकर = शङ्कर = महादेव । धरा = धरइ (धरति) का भूत-काल में एक-वचन । ललाट = भाल = मस्तक = माथा । जोगी-नाथ = योगि-नाथ = योगियों का राजा ॥

(शुक कहता है, कि राजा) देख वह (सो) गढ आकाश से (भी) ऊँचा है । आँख से देख कर (भी वहाँ) हाथ नहीँ पहुँचता है, वा आँख देख कर (भी)

नहीँ पहुँचती है, अर्थात् यह विवेक नहीँ कर सकती, कि कितना ऊँचा है॥ (उस गढ) के चारो ओर बिजुली के चक्र (रक्षा के लिये) फिरा करते हैँ। और यम-राज के दोहरे अस्त्र फिरा करते हैँ, वा (रक्षा के लिये) यम-कर्त्तरी फिरी करती है॥ जो (मनुष्य) मन में श्रद्धा कर, दौड कर, (वहाँ) गया; (जाते-ही उसे) चक्र (बिजुरी-चक्र) ने ऐसा मारा कि दो टुकडा हुआ, अर्थात् चक्र ऐसा उसे मार देता है, कि (वह) दो टुकडा हो जाता है॥ चन्द्र, सूर्य, और नक्षत्र, तारा, सब तिसी (गढ के रक्षकोँ के) डर से (रात दिन) अन्तरिक्ष में फिरा करते हैँ, अर्थात् घूमा करते हैँ॥ तहाँ (गढ तक) वायु जा कर, (गढ-पति के पास) पहुँचना चाहा, (परन्तु जाते-ही बिजुरी-चक्र-यमकास्त्रोँ ने) तैसा मारा, कि टूट (टूट) कर, अर्थात् छिन्न भिन्न हो कर, पृथ्वी में बहने लगा, अर्थात् अङ्ग-भङ्ग हो जाने से असमर्थ हो कर, पृथ्वी में इधर उधर डोलने लगा॥ (उस स्थान में पहुँचने के लिये प्रज्वलित और उच्च शिखा से) आग उठी, (परन्तु) निदान (अन्त) में, वा विना (गुरु) सहायक के जर कर, बुझ गई (वहाँ तक न पहुँच सकी)। (इस पर बाप की कसर निकालने के लिये उस अग्नि का पुत्त्र) धूआँ (पहुँचने के लिये) उठा। (परन्तु वह भी) उठ कर बीच-ही में बिलाय गया (पता भी न लगा, कि क्या हो गया)॥ तहाँ (जाने के लिये मेघ-व्याज से) पानी उठा, (और) जा कर (भी उस गढ-पति को) न छूआ, अर्थात् न छू सका। (इस लिये वहाँ से) रो कर फिरा, (और) भूमि में चू पडा, (बौरहा हो, नारी नारी में घूमने लगा; उच्च स्थान की लालसा मन से बिसार नीच-स्थान-ही में फिरने लगा)। यह सब कवि की उत्प्रेक्षा है॥

रावण शपथ कर (उस पद्मावती-प्रकृति-रूपा सीता के गढ, अर्थात् देह को) चाहा, (कि उस के साथ सुख विलास करूँ। सो इस इच्छापराध-ही के कारण उस के) दशो माथ उतर गये, अर्थात् उस के दशो शिर काटे गये। महादेव जी [जब राम और लक्ष्मण वन में सीता को ढूँढते थे तब उस पद्मावती-प्रकृति-रूप, चिच्छक्ति विशिष्ट सीता के गढ (देह) को स्मरण कर] पृथ्वी में (अपने) ललाट को धर दिया, अर्थात् उस को सब से परे आद्या शक्ति का गढ समझ कर, दूर-ही से दण्डवत किया। रामायण में प्रसिद्ध कथा है, कि जब जानकी-हरण के अनन्तर वन में जानकी को ढूँढते राम जी चले हैँ, तहाँ मार्ग में सती-सहित महादेव से भेँट हुई है। महादेव जी ने राम जी को बडा समझ, प्रणाम किया। इस पर कवि की उत्प्रेक्षा है, कि

महादेव ने राम को प्रणाम नहीँ किया, किन्तु, जिस आद्या शक्ति सीता की गढ (देह) ढूँढने में राम व्याकुल थे उस को सब से परे जान, उसी को ध्यान कर, प्रणाम किया। सो जिस गढ के आगे महादेव ने, (जो नाथ-संप्रदाय-वालोँ में प्रधान हैँ, और आदि-नाथ कहलाते हैँ) अपने माथ को धर दिया, (उस के पास पहुँचने में), और कौन योगि-नाथ है? अर्थात् और कोई नहीँ है (महादेव के आदि-नाथ होने के विषय में पिछले दोहे की टीका में मत्स्येन्द्र-नाथ की कथा देखो)। कवि ने इन वर्णनोँ से देखलाया, कि जिस गढ (सिंहल वा ब्रह्माण्ड) के पास, पवन, अग्नि, वायु, पञ्चतत्त्व-मय प्राणियोँ में सब से प्रतापी रावण, जिस ने वेदोँ के ऊपर व्याख्यान किया, और महादेव, जो योगि-राज हैँ, नहीँ पहुँच सकते, वह गढ अत्यन्त दुर्घट है, उस के पास पहुँचने की कोई नियत राह नहीँ। यदि गढ-पति (पद्मावती वा प्रकृति-रूपा चिच्छक्ति) प्रसन्न हो, तो चाहे जिस राह से, विना किसी के सलाह से, अपने पास बडे सुपास से बुला कर सुख से वास दे सकता है। अन्यथा कोई उपाय नहीँ, कि प्राणी उस अनगढ गढ के पास जाय। सातवाँ कमल-चक्र जो ब्रह्माण्ड है, उसे गढ मानने से, और पिछले दोहे की टीका में ईडा, पिङ्गला आदि जो शशि, तारा-गण, रवि, विद्युत् इत्यादि मान आये हैँ, वैसे-ही यहाँ भी मान लेने से, और गढ-पति को प्रकृति अव्यक्त ब्रह्म समझ लेने से, सब वर्णन योग-पक्ष में लग जाता है। इसी लिये प्रत्येक चौपाइयोँ की टीका में उचित स्थान पर कोष्ठकान्तः पद्मावती और प्रकृति इत्यादि संनिवेश कर दिया है, जिस में सहज में दोनोँ पक्षोँ के अर्थ समझे जायँ ॥ १६४ ॥

चउपाई।

तहाँ देखु पदुमावति रामा। भवँर न जाइ न पंखी नामा॥
अब सिधि एक देउँ तोहि जोगू। पहिलइ दरस होइ तउ भोगू॥
कंचन मेरु देखावसि जहाँ। महादेव कर मंडप तहाँ॥
ओहि क खंड जस परबत मेरू। मेरु-हि लागि होइ अति फेरू॥
माघ मास पाछिल पख लागे। सिरी-पंचमी होइहि आगे॥
उघरिहि महादेव कर बारू। पूजइ जाइ सकल संसारू॥
पदुमावति पुनि पूजइ आवा। होइहि ओहि मिसु दिसिटि मेरावा॥

दोहा।

तुम्ह गवँनहु ओहि मंडप हउँ पदुमावति पास।
पूजइ आइ बसंत जउ तउ पूजिहि मन आस॥ १६५॥

तहाँ = तत्र। देखु = देखइ (दृश्यते) का लोट् में मध्यम-पुरुष का एक-वचन। पदुमावति = पद्मावती। रामा = सुन्दर रमणयोग्य युवती। वा, रामा = रमा = लक्ष्मी। भवँर = भ्रमर = भौंरा। पंखी = पक्षी। नामा = नाम। अब = अधुना = इदानीम्। सिधि = सिद्धि = उपाय। देउँ = देइ = (दत्ते) का उत्तम-पुरुष में एक-वचन। जोगू = योग्य = लायक। पहिलइ = प्रथम हि = पहले। दरस = दर्शन = देखा देखी। होइ = होवे = होय = होइ (भवति) का विध्यर्थ में एक-वचन। तउ = तदा = तब। भोगू = भोग = समागम-सुख। कंचन = काञ्चन = सुवर्ण = सोना। मेरु = उत्तर ध्रुव के नीचे का पर्वत जहाँ देवता लोग बसते हैं। देखावसि = देखावइ (दर्शयति) का मध्यम-पुरुष में एक-वचन। जहाँ = यत्र। मंडप = मण्डप = मन्दिर के बाहर का भाग जो कि छाया-दार रहता है। क = का। खंड = खण्ड = छोटे छोटे भाग = खंभे = आधार। जस = यथा = जैसे। परवत = पर्वत। मेरू = मेरु। लागि = लगिला = लग कर। अति = अत्यन्त = बडा। फेरू = फेर = घेरा = प्रदक्षिणा-परिधि। माघ = दसवाँ चान्द्र-मास। मास = महीना। पाछिल = पिछला = पश्चिम = पश्चात्। पख = पक्ष। लागे = लगने में = लग्ने। सिरी = श्री। सिरी-पंचमी = श्री-पञ्चमी = वसन्त-पञ्चमी, भारतवर्ष में इसी दिन से वसन्तोत्सव आरम्भ होता है। होइहि = होइ (भवति = अस्ति) का भविष्यत्-काल में एक-वचन। आगे = अग्रे। उघरिहि = उघरइ (उद्घटति) का भविष्यत्-काल में एक-वचन। बारू = वार = द्वार = दरवाजा। पूजइ = पूजने। जाइ = (याति) जाता है। सकल = सब। संसारू = संसार = संसार में बसने-वाले जन। पुनि = पुनः। पूजइ = पूजने। आवा = आवइ = आयाति। मिसु = मिष = व्याज = बहाना। दिसिटि = दृष्टि = आँख = नजर। मेरावा = मिलाप = समागम॥ गवँनहु = गमन करो = जाव। हउँ = अहम् = हौं = मैं। पास = पार्श्व = निकट। पूजइ = पूजे = पूजइ (पूर्यते) का संभावना में एक-वचन। बसंत = वसन्त-पञ्चमी। जउ = यदि। पूजिहि = पूजइ (पूर्यते) का भविष्यत् में एक-वचन। आस = आशा = इच्छा = उम्मेद॥

(हीरा-मणि शुक कहता है, कि) तहाँ, अर्थात् जिस गढ की प्रशंसा पीछे कर आये हैं तहाँ, पद्मावती रमणी (वा पद्मावती प्रकृति-रूपा रमा चिच्छक्ति) है। (जिस रमणी के यहाँ) भ्रमर नहीं जाता है, (और उस के यहाँ) पक्षी का नाम नहीं है, अर्थात् वहाँ भ्रमर की गति नहीं है; और उस के यहाँ उस के पिता गन्धर्व-सेन की आज्ञा से कोई पक्षी भी नहीं रहने पाता। मैं केवल था सो आप-ही के पास चला आया। (५७ वाँ दोहा, ८९ पृ० देखो)॥ (सो) तेरे योग्य मैं अब एक सिद्धि देता हूँ, अर्थात् एक उपाय बताता हूँ, (जिस से) पहले (पद्मावती का) दर्शन हो। तब (पीछे उस के समागम का सुख) भोग (मिले)॥ (अब शुक उपाय बताता है) जहाँ तुम सोने का मेरु देखलाते हो ('अउरु दखिन दिसि निअर-हि कंचन मेरु देखाउ' १६२ वाँ दोहा) तिसी स्थान में महादेव का मण्डप है॥ उसी के खण्ड (छोटे छोटे भाग चारो ओर ऐसे हैं) जैसे मेरु के पर्वत, अर्थात् मेरु के आधार-पर्वत हैं। पुराणों में लिखा है, कि सुमेरु छत के ऐसा है, उस के चारो ओर पूर्वादि दिशा के क्रम से मन्दर, सुगन्ध, विपुल, और सुपार्श्व खंभे के ऐसे आधार पर्वत हैं। भास्कराचार्य ने भी गोलाध्याय के भुवनकोश में पुराणानुसार लिखा है, कि 'विष्कम्भशैलाः खलु मन्दरोऽस्य सुगन्धशैलो विपुलः सुपार्श्वः' (भास्कर के लिये गणक-तरङ्गिणी देखो)। (और आधार-पर्वत) मेरु में, अर्थात् ऊपर की छत में, लग कर अत्यन्त घेरा हुआ है, अर्थात् आधार-खंभों को लगा कर मण्डप की गोलाई बहुत भारी बनाई गई है॥ माघ महीने में पिछला पक्ष लगने पर, अर्थात् शुक्ल-पक्ष लगने पर, आगे वसन्त-पञ्चमी होगी॥ (उसी दिन) महादेव (के मन्दिर) का दरवाजा खुलेगा। (उस दिन महादेव को) पूजने को सब संसार, अर्थात् सब लोग जाते हैं॥ (उसी दिन) फिर पद्मावती (भी) पूजने को (वहाँ) आवेगी। उसी व्याज से (वहाँ-ही) दृष्टि-समागम होगा, अर्थात् उस दिन वहाँ तुम से और पद्मावती से आपस में देखा देखी होगी॥

(सो) तुम उसी (महादेव के) मण्डप में चलो (और) मैं पद्मावती के पास (जाता हूँ)। यदि (ईश्वरेच्छा से) वसन्त-पञ्चमी आ कर पूजे, अर्थात् निर्विघ्न पञ्चमी आ कर पूरी पड जाय; तब तक किसी के यहाँ यह भेद न खुले, तो (तुमारे) मन की आशा पूरी होगी॥ हठ-योग के साधने-वाले प्रायः वसन्त-पञ्चमी-ही से योग-क्रिया आरम्भ करते हैं। इस लिये यहाँ मेरु से ब्रह्म-रन्ध्र और उस स्थान में स्थित शाम्भवी शक्ति को महादेव मानने से सब योग-पक्ष में लग जाता है (१६२ दोहे की टीका देखो)॥ १६५॥

चउपाई ।

राजइ कहा दरस जउ पावउँ। परबत काह गगन कहँ धावउँ॥
जेहि परबत पर दरसन लहना। सिर सउँ चढउँ पाउँ का कहना॥
मो-हूँ भाउ ऊँच सउँ ठाऊँ। ऊँचइ लेउँ पिरीतम नाऊँ॥
पुरुखहि चाहिअ ऊँच हिआऊ। दिन दिन ऊँचइ राखइ पाऊ॥
सदा ऊँच पइ सेइअ बारू। ऊँचइ सउँ कीजिअ बेवहारू॥
ऊँचइ चढइ ऊँच खँड सूझा। ऊँचइ पास ऊँच मति बूझा॥
ऊँचइ संग सँगति निति कीजिअ। ऊँचइ लाइ जीउ पुनि दीजिअ॥

दोहा ।

दिन दिन ऊँच होइ सो जेहि ऊँचइ पर चाउ।
ऊँच चढत जउ खसि परइ ऊँच न छाँडिअ काउ॥ १९९॥

कहा = कहइ (कथयति) का भूत-काल मेँ एक-वचन। दरस = दर्शन। जउ = यदि = जौँ। पावउँ = पावइ (प्राप्नोति) का संभावना मेँ उत्तम-पुरुष का एक-वचन = पाऊँ। परबत = पर्वत। काह = क हि = क्या। गगन = आकाश। कहँ = को = ऊपर। धावउँ = धावइ (धावति) का संभावना मेँ उत्तम-पुरुष का एक-वचन = धाऊँ = दौडूँ। पर = उपरि। दरसन = दर्शन। लहना = लभन = लाभ = प्राप्ति। सिर = शिर। सउँ = सोँ = से। चढउँ = चढइ (उच्छर्दति, प्राकृत छड्डइ) का संभावना मेँ उत्तम-पुरुष का एक-वचन = चढूँ। पाउँ = पाद = पैर। का = किम् = क्या। कहना = कथनम्। मो-हूँ = मुझे भी। भाउ = भाइ (भाति) भाता है = सोहता है = अच्छा लगता है। ऊँच = उच्च = ऊँचा। ठाऊँ = स्थान। ऊँचइ = उच्चैः = बडे स्वर से = बडे जोर से। लेउँ = लेइ (लाति) का उत्तम-पुरुष मेँ एक-वचन। पिरीतम = प्रियतम = सब से प्रिय (प्यारा)। नाऊँ = नाम। पुरुखहि = पुरुष को। चाहिअ = चाहिए। ऊँच = ऊँचा = पक्का = दृढ = बडा। हिआऊ = हियाव = हृदयम्, प्राकृत हिअउं = साहस = हिम्मत। ऊँचइ = ऊँचे पर = उच्च पदवी पर। राखइ = रक्खे = रखइ (रचति) का विध्यर्थ मेँ प्रथम-पुरुष का एक-वचन। पाऊ = पाउ = पाव = पाद = पैर। सदा = सर्वदा = हमेशा = सब दिन। ऊँच = उच्च (पुरुष) = बडा आदमी। पइ = अपि = निश्चय कर। सेइअ = सेइये = सेवइ (सेवते) का

विधि मेँ मध्यम-पुरुष का बहु-वचन। बारू = बार = द्वार = डेवढी। ऊँचइ = उच्च (महा-धनी) = महाजन। कीजिअ = कीजिये = करिये = करइ (करोति) का विधि मेँ मध्यम-पुरुष का बहु-वचन। बेवहारू = व्यवहार = लेन देन। ऊँचइ = उच्च स्थान = कोठा, अटारी, वा धरहरा। चढइ = चढे = चढइ (उच्छ्रदति) का संभावना मेँ प्रथम-पुरुष का एक-वचन। ऊँच = ऊँचा = दूर। खँड = खण्ड = भाग। सूझा = सूझइ (शुद्ध्यते) = सूझता है। ऊँचइ = ऊँचा (बुद्धि मेँ) = पण्डित = बहु-श्रुत। पास = पार्श्व = निकट। ऊँच = ऊँची = सब से बढ कर। मति = बुद्धि = अकिल। बूझा = बुझइ (बुध्यते) = बूझता है = जानता है। ऊँचइ = बडे (राजा, बाबू, सिद्ध, महन्त इत्यादि)। संग = सङ्ग = साथ। सँगति = सङ्गति = सङ्गमन = चलना। निति = नित्य = नित। ऊँचइ लाइ = ऊँचे को लगा कर = ऊँचे के लिये = बडे लोग के लिये। दीजिअ = दीजिये = देइ (दत्ते) का विधि मेँ मध्यम-पुरुष का बहु-वचन॥ ऊँच = बडा = प्रतिष्ठित। होइ = होता है। चाउ = चाह = इच्छा। चढत = चढने मेँ। खसि (खचति, प्राकृत खसइ से बना) = खसना = पतन = गिर। परइ = परे = पडे = परइ (पतति) का संभावना मेँ प्रथम-पुरुष का एक-वचन। छाँडिअ = छाडिये = छोडिये (छुडति) का विधि मेँ मध्यम-पुरुष का बहु-वचन। काउ = क्वापि = कभीँ॥

राजा ने (शुक से) कहा, कि यदि (पद्मावती का) दर्शन पाऊँ, (तो) पर्वत क्या आकाश को दौडूँ, अर्थात् तैँ ने जो महादेव के मण्डप-पर्वत पर जाने को कहा, वह तो अत्यन्त सुगम है। मैँ पद्मावती के लिये आकाश के ऊपर दौड सकता हूँ॥ (सो हे शुक,) जिस पर्वत पर (पद्मावती के) दर्शन की प्राप्ति है; (उस अनुपम पर्वत पर) मैँ शिर से चढूँ, पैर का क्या कहना, अर्थात् पैर की क्या बात; मैँ उस पर्वत पर शिर के बल चढ सकता हूँ॥ (क्योँकि उच्च वंश मेँ जन्म लेने से) मुझे भी ऊँचा स्थान अच्छा लगता है। (ऊँच सउँ ठाऊँ = उच्च से जो स्थान हो, अर्थात् प्रतिष्ठित लोग से जो स्थान भूषित हो)। (मैँ सच्चा प्रेमी हूँ; छिप लुक कर नहीँ, किन्तु) उच्च-स्वर से (अपने) प्रियतम का नाम लेता हूँ (सो ऊँचे-ही पर से प्रियतम का नाम पुकारना उत्तम है)॥ पुरुष को चाहिए, कि बडा साहस रक्खे, (जैसे रावण ने साहस किया, कि शिर तक काट कर हवन कर दिया, तब लङ्का का राजा हुआ)। (और) दिन दिन उच्च पदवी पर पैर रखता जाय (राखइ का दोनोँ कर्मोँ मेँ संबन्ध है), (जैसे विश्वामित्र, चत्रिय, ऋषि, राजर्षि होते होते ब्रह्मर्षि हो गये।

वाल्मीकि रामा० बा० का०। स० ५१-६५)॥ सर्वदा निश्चय कर के बडे के द्वार की सेवा करनी चाहिए (नीति में भी लिखा है, कि

'सेवितव्यो महान् वृक्षः फलच्छायासमन्वितः।
यदि दैवात् फलं नास्ति छाया केन निवार्यते'॥)

(जैसे जय और विजय सदा विष्णु के द्वार-पाल हैं)। ऊँचे से सर्वदा व्यवहार करना चाहिए (जिस में दशा हीन होने पर भी महाजन और महाधनी के कारण, वह अपने लेन देन का तगादा असभ्य व्यवहार से न करे, जिस के कारण तुम्हें क्लेश न हो)। यदि व्यवहार से संबन्ध लो, तो 'ऊँचे से संबन्ध करना चाहिए' यह अर्थ करना चाहिए, [जैसे हिमालय ने कन्या-दान दे कर, महादेव (अत्युच्च) से संबन्ध किया]॥ ऊँचे पर चढने से दूर (ऊँचे) तक के खंड, अर्थात् भूमि-खण्ड सूझ पडते हैं। ऊँचे (बुद्धि-वाले ज्ञानी और पण्डित) के पास रहने से ऊँची बुद्धि बूझ पडती है (जैसे उद्धव, हनुमान्, इत्यादि, भगवान् कृष्ण और राघवेन्द्र राम के पास रहने से उत्तम बुद्धि को पाये। व्यास लोगों की कहानी है, कि एक व्यक्ति आवँ की पीडा से आकुल हो पुरीषोत्सर्ग-ही की वेला में हा राम, हा राम, कह कह, कहँरता था। उसी समय उसी राह से दिव्य रूप के वेष से कहीं हनुमान् जी जाते थे सो ऐसे मल-मय स्थल में उस को विमल राम-नामोच्चारण करते देख, अनुचित समझ, क्रोधावेश से बडे बल से उसे पादतल से मार, आगे चले गये। रात्रि में जब राम के शरीर की सेवा में तत्पर हुए, तब राम की पीठ में बडे भारी गडहे को देख कर, हाथ जोड, बडे विनय से हनुमान् ने राम जी से गडहे पडने का कारण पूँछा। राम जी ने हँस कर कहा, कि यह गडहा तुमारे-ही कारण से पड गया है। आवँ की पीडा से जब वह आकुल हो, मुझे पुकार रहा था, तब तुम ने कैसे बल से उस गरीब पर लात चलाई थी। यदि वह चोट उस पर बैठती, तो वह रसातल को चला जाता; सो मैं ने उस को अपनी पीठ की ओट से बचा कर, तुमारी चोट को पीठ पर ली। उसी के कारण यह बडा गडहा है। सो हनुमान् तुम्हें आज से ध्यान देना चाहिए, कि मेरे लिये क्या विमल, क्या मल। जब प्राणी शुद्धान्तःकरण से मुझे स्मरण करे, मैं उसी क्षण में उस का अवलम्बन होता हूँ, यही मेरा विलक्षण पण है। इस पर हनुमान् जी को चेत हुआ, और आगे सावधान होने के लिये अपना कान उमेठा)॥ ऊँच-ही के संग में नित्य संगमन करिये, अर्थात् बडे बडे महानुभावों-ही के

संग मेँ सदा रहना चाहिए (क्योँकि उन के संग के प्रभाव से और उच्छिष्टादि प्रसाद से अधम भी उत्तम हो जाता है। नारद दासी-पुत्त्र थे। इन की माता साधुओँ का चौका वर्त्तन करती थी, और साधुओँ के उच्छिष्ट से अपना और नारद का पालन करती थी। साधुओँ के जूठे अन्न के भक्षण के प्रभाव से नारद महानुभाव हो गये। इन की महानुभावता को देख कर, इन्हेँ ब्रह्मा ने अपना पुत्त्र बनाया। बैरागियोँ मेँ प्रसिद्ध कहानी है, कि नाभा, जिस ने भक्त-माल बनाई है, एक ढरकारिन का लडका था, जो अयोध्या मेँ एक महानुभाव महन्त के मन्दिर के द्वार पर पडी रहती थी। जो कुछ साधुओँ के घूर पर पडे उच्छिष्ट पत्तलोँ पर पडा पावे, उसी से अपना और नाभा का पालन करे। उसी उच्छिष्ट के भक्षण के प्रभाव से नाभा महानुभाव हो गया। एक दिन महन्त जी स्नान कर भजन भाव करते थे। उसी समय एक उन के भक्त शिष्य की चावल से भरी नाव डूब रही थी, और उस भक्त ने अपने गुरु महन्त जी का स्मरण कर, कह रहा था, कि यदि आप की अनुकम्पा से नाव बच जाय, तो आधे चावलोँ को आप के चरणोँ मेँ साधु-सेवा के लिये अर्पण करूँगा। त्रिकालदर्शी महन्त जी, इस बात पर ईश्वर का ध्यान करने लगे, कि 'हे भगवन् उस का बेडा पार लगा दे'। इतने-ही मेँ नाभा, जो वहाँ खडा था, बोल उठा, कि 'महाराज आप की प्रार्थना को भगवान ने सुन कर, उस का बेडा पार लगा दिया'। इस पर महन्त ने विस्मित हो कर, कहा, कि 'अरे नाभा, तूँ वहाँ तक पहुँच गया'। नाभा ने हाथ जोड कर, कहा, कि 'आत्मनाथ आप के उच्छिष्ट के प्रसाद से अवश्य मैँ पहुँच गया'। फिर महन्त प्रसन्न हो कर, कहा, कि 'अब तूँ सिद्ध हो गया, भगवद्भक्तोँ के चरित्रोँ का वर्णन कर'। इसी आज्ञा से नाभा ने भक्त-माल बनाई। सच है बडोँ की, अर्थात् अच्छे महानुभावोँ की सङ्गति से क्या क्या नहीँ होता॥ इसी पर भर्तृ-हरि ने कहा है, कि

'जाड्यं धियो हरति सिञ्चति वाचि सत्यं
मानोन्नतिं दिशति पापमपाकरोति।
चेतः प्रसादयति दिक्षु तनोति कीर्तिं
सत्सङ्गतिः कथय किं न करोति पुंसाम्॥'

(नीतिशतक, श्लो० २३)।

ऊंचे को लगा कर, अर्थात् बडे लोगोँ के लिये, फिर जीव (तक) दे देना चाहिए

(जैसे इन्द्र के लिये दधीचि ने अपनी हड्डी दे कर, अपना प्राण गवाँया, जिस से आज तक सर्वत्र उस का यश छाया है, और इन्द्र भी उस का वज्र, असाधारण समझ, बडे आदर से आज तक धारण किये हैं)॥

जिस को उच्च पर चाह रहती है, अर्थात् जिस को यह इच्छा रहती है, कि मेरी प्रतिष्ठा और यश हो, वह दिन दिन ऊँचा, अर्थात् बढता (प्रतिष्ठा पाता) जाता है। ऊंचे चढने में, अर्थात् प्रतिष्ठा पाने के यत्न में, वा हाथी घोडे के चढने में, यदि (दैवात्) गिर पडे, (तो भी) कभी उच्च (प्रतिष्ठा-यत्न वा हाथी, घोडा, इत्यादि उच्च यान) को न छोडना चाहिए। क्योंकि जो घोडे पर चढता है, वही गिरता है, परन्तु गिर कर भी वह चढना नहीं छोडता, क्योंकि घोडे चढने से कितनी मान मर्यादा है, यह उसे अच्छी तरह मालूम है, इस लिये घोडे से गिर कर, मर जाना अच्छा, पर घोडे का न चढना नहीं अच्छा॥ १९९॥

चउपाई।

हीरा-मनि देइ बचा कहानी। चलेउ जहाँ पदुमावति रानी॥
राजा चलेउ सवँरि सो लता। परबत कहँ जो चलेउ परबता॥
का परबत चढि देखइ राजा। ऊँच मँडप सोनइ सब साजा॥
अंब्रित फल सब लागु अपूरी। अउ तहँ लागु सजीअनि मूरी॥
चउ-मुख मंडप चहूँ केवारा। बइठे देवता चहूँ दुआरा॥
भीतर मँडप चारि खँभ लागे। जिन्ह वेइ छुअइ पाप तिन्ह भागे॥
संख घंट घन बाजहिँ सोई। अउ बहु होम जाप तहँ होई॥

दोहा।

महादेव कर मंडप जगत जातरा आउ।
जस हीँछा मन जेहि कइ सो तइसइ फल पाउ॥ १९७॥

इति सिंघल-दीप-भाउ-खंड॥ १९॥

हीरा-मनि = हीरा-मणि, शुक। देइ = दत्त्वा = दे कर। बचा = वचन। कहानी = कथनम् = वृत्तान्त। चलेउ = चलइ (चलति) का भूत-काल में एक-वचन। पदुमावति =

पद्मावती । रानी = राज्ञी । सवँरि = संस्मृत्य = स्मरण कर = सुमिर कर । लता = वल्ली = प्राण-लता = प्राण की वल्ली । परबत = पर्वत । कहँ = को । जो = जो = जैसे-ही । परबता = पार्वतीय = हीरा-मणि शुक । चढि = चलिला = चढ कर । देखइ (दृश्यते) = देखता है । मँडप = मण्डप । सोनइ = स्वर्ण का = सोने का । साजा = साजइ (सज्जयति) का भूत-काल में एक-वचन । अंब्रित = अमृत । फर = फल । लागु = लाग = लगइ (लगति) का भूत-काल में बहु-वचन = लगे हैं । अपूरी = आपूर्य = भर कर = भर पूर । सजीअनि = सञ्जीविनी = जिलाने-वाली । मूरी = मूली = मूलिका । चउ-मुख = चतुर्मुख = चार मुख का । चहुँ = चारो । कँवारा = कपाट = केवाडा = दरवाजा । बइठे (उपविष्टाः) = बैठे हैं । दुआरा = द्वार = दरवाजा । भीतर = अभ्यन्तर । चारि = चार । खंभ = स्तम्भ = खंभा । लागे = लगे = लगइ (लगति) का भूत-काल में बहु-वचन = लगे हैं । कुअइ (कूपति) = कूता है । पाप = दुष्कर्म से अनिष्ट । भागे = भगइ (वजति = व्रजति) का बहु-वचन = भागहिँ = भागते हैं । संख = शङ्ख = एक जलजन्तु की मृत अस्थि-मय देह, जिसे पूजा के समय लोग बजाते हैं । घंट = घण्ट पीतल का, जो देवता के मन्दिर में बजाया जाता है = घण्टा । घन = कांस्य (काँसे) के और बाजे (ततं वीणादिकं वाद्यमानद्धं मुरजादिकम् ॥ वंशादिकं तु सुषिरं कांस्यताला-दिकं घनम् । चतुर्विधमिदं वाद्यं वादित्रातोद्यनामकम् ॥ अम० को० । प्र० का० । नाट्यवर्ग । श्लो० २०३-२०४) = झाँझ, मँजीरा, विजय-घण्ट इत्यादि । बाजहिँ = बाजइ (वाद्यते) का बहु-वचन । बहु = बहुत । होम = हवन = आग में मन्त्रोँ को पढ पढ कर, घृत इत्यादि की आहुति डालना । जाप = जप मन्त्रोँ की अभीष्ट-सिद्धि के लिये । जगत = जगत् के लोग । जातरा = यात्रा = तीर्थ-यात्रा । आउ = आवइ (आयाति) = आता है । हीँछा = हि-इच्छा = निश्चय से इच्छा । तइसइ = तथा हि = तैसा-ही । पाउ = पावइ (प्राप्नोति) = पाता है ॥

हीरा-मणि (इस प्रकार से) वचन कहानी दे कर, अर्थात् वचन से उपाय बता कर, जहाँ पद्मावती रानी (रहती थी तहाँ) चला ॥ जैसे-ही पर्वत का रहने-वाला (शुक) चला, (तैसे-ही) राजा (भी) उस (सो) लता (पद्मावती) को स्मरण कर, पर्वत को चला, अर्थात् सिंहल-स्थ देव-मण्डप के यहाँ जाने के लिये पर्वत पर चढा ॥ राजा पर्वत पर चढ कर, क्या देखता है, (कि) ऊँचा मण्डप सब सोने से साजा हुआ है, अर्थात् उस महादेव के मन्दिर का मण्डप स्वर्ण-मय है ॥ (और उस के चारो ओर जो वाटिका है,

जिस का वर्णन २८ वेँ दोहे मेँ कर आये हैँ, कि 'गुआ सुपारी जाइफर सब फर फरे अपूरि' उस मेँ) भर पूर सब अमृत फल लगे हैँ। और तहाँ सञ्जीवनी मूरि (भी) लगी है (जिस से लक्ष्मण की शक्ति-जनित मूर्छा निवृत्त हो गई थी)॥ मण्डप चार मुख का है, अर्थात् मण्डप की चारो दिशा मेँ एक एक द्वार है, (और) चारो (द्वारोँ मेँ) केवाडे (लगे) हैँ। चारो दरवाजे पर देवता बैठे हैँ, अर्थात् चारो दरवाजोँ पर अनेक देवमूर्त्ति बनी ऊई हैँ। मण्डप के भीतर (छोटा सा और मण्डप है, जिस मेँ) चार खंभे लगे हैँ। (उसी मेँ मुख्य महादेव जी हैँ), जो लोग उन (खंभोँ) को छूते हैँ, अर्थात् श्रद्धा से स्पर्श करते हैँ, तिन के पाप भाग जाते हैँ॥ वहाँ (सोई) पर, शङ्ख, घण्ट, घन (झाँझ, मँजीरा इत्यादि) बजा करते हैँ। और तहाँ बज्ञ, अर्थात् नाना प्रकार के, होम जाप होते हैँ, अर्थात् मनोरथ पूरा होने से जिस जिस प्रकार की मनौती लोग किये रहते हैँ, तिस तिस प्रकार के होम और जप हो रहे हैँ॥

(उस) महादेव के मण्डप मेँ जगत् के लोग यात्रा (तीर्थ-यात्रा) के लिये जाते हैँ। जिस के मन मेँ जैसी इच्छा रहती है, वह (सो) तैसा-ही फल पाता है, अर्थात् कोढी काया, बाँझ वंश, और दरिद्री धन इत्यादि पाते हैँ॥ १६७॥

इति सिंहल-द्वीप-भाव-खण्ड-नाम षोडश-खण्डं समाप्तम्॥ १६॥

47

अथ मंडप-गवँन-खंड ॥ १७ ॥



चउपाई ।

राजा बाउर बिरह बिओगी। चेला सहस तीस सँग जोगी ॥
पदुमावति के दरसन आसा। दँडवत कीन्ह मँडप चहुँ पासा ॥
पुरुब बार होइ कइ सिर नावा। नावत सीस देव पहँ आवा ॥
नमो नमो नारायन देवा। का मोहिँ जोग सकउँ कइ सेवा ॥
तुइँ दयाल सब के उपराहीँ। सेवा केरि आस तोहि नाहीँ ॥
ना मोहिँ गुन न जीभ रस-बाता। तुइँ दयाल गुन निरगुन दाता ॥
पुरवहु मोरि दरस कइ आसा। हउँ मारग जोअउँ हरि साँसा ॥

दोहा।

तोहि बिधि बिनय न जानउँ जेहि बिधि असतुति तोरि।
करु सु-दिसिटि अउ किरिपा हीँछा पूजइ मोरि ॥ १९८ ॥

बाउर = वातुल = बौरहा। बिरह = विरह = वियोग। बिओगी = वियोगी, जिसे वियोग हो = वैरागी। चेला = शिष्य। सहस = सहस्र = हजार। तीस = त्रिंशत्। सँग = सङ्ग = साथ। जोगी = योगी। दरसन = दर्शन = देखना। आसा = आशा = इच्छा = उम्मेद। दँडवत = दण्डवत् = दण्ड के ऐसा भूमि में गिर कर प्रणाम। मँडप = मण्डप। चहुँ = चारो। पास = पार्श्व = ओर। पुरुब = पूर्व दिशा। बार = द्वार = दरवाजा।

सिर = शिर। नावा = नावइ (नमयति) का भूत-काल में एक-वचन। नावत = नावते = झुँकाते। सीस = शीर्ष = शिर। देव = देवता = महादेव। पहँ = पार्श्व = निकट। आवा = आवइ (आयाति) का पुंलिङ्ग में भूत-काल का एक-वचन। नारायन = नारायण = नारायणाय। देवा = देव = हे देव। वा, देवा = देवाय = महादेवाय = महादेव के लिये। जोग = योग = योग-क्रिया। सकउँ = सकइ (शक्नोति) का उत्तम-पुरुष में एक-वचन। सेवा = टहल = खिदमत। तुइँ = त्वम् = तुम। दयाल = दयालु = दया के घर। उपराहीँ = उपरि हि = ऊपर। गुन = गुण। जीभ = जिह्वा। रस-बाता = रस-वार्त्ता = रस की बात। निरगुन = निर्गुण = गुण-रहित। दाता = देने-वाले। पुरवज्ञ = पुरवइ (पूरयति) का लोट् लकार में मध्यम-पुरुष का बज्ञ-वचन। दरस = दर्शन। आसा = आस = आशा। हउँ = अहम् = मैँ। मारग = मार्ग। जोअउँ = जोअइ (जोहइ = जुहोति) का उत्तम-पुरुष में एक-वचन। हरि = हर = प्रत्येक। साँसा = साँस = श्वास॥ बिधि = विधि = विधान = प्रकार। बिनय = विनय = प्रार्थना = स्तुति। जानउँ = जानइ (जानाति) का उत्तम-पुरुष में एक-वचन। असतुति = स्तुति। करु = करइ (करोति) का लोट् में मध्यम-पुरुष का एक-वचन। सु-दिसिटि = सु-दृष्टि = सुन्दर दृष्टि। किरिपा = कृपा = मेहर्बानी। हीँछा = हि-इच्छा = निश्चय से मनोरथ। पूजइ = पूजे (पूर्यते) = पूजइ का विध्यर्थ में प्रथम-पुरुष का एक-वचन॥

राजा ने विरह से बौरहा (और) विरक्त (वियोगी) हो, तीस सहस्र योगियों को सङ्ग में चेला बनाये [पहले कह आये हैँ, कि सोरह सहस्र राज-कुमार योगी ऊए, (१२६ वाँ दोहा देखो) और यहाँ तीस हजार कहते हैँ। इस विरोध को मिटाने के लिये सोरह हजार राज-कुमार और चौदह हजार इतर साधारण लोगों की संख्या लेनी चाहिए इसी लिये १२६ वेँ दोहे में 'राइ रंक सब भए बिओगी। सोरह सहस कुअँर भए जोगी॥' इस में साधारण लोगों के ग्रहणार्थ राइ, रंक का उपादान है]॥ पद्मावती के दर्शन की आशा से, मण्डप के चारो ओर (आ कर) दण्डवत् किया॥ (मण्डप के) पूर्व-द्वार हो कर शिर को झुँकाया, और शिर को झुँकाते ही, अर्थात् शिर को झुँकाये-ही महादेव (देव) के पास आया॥ (आ कर बाहर से कहने लगा, कि) देवाय नारायणाय नमो नमः, अर्थात् नारायण-स्वरूप देव के लिये मेरी बार बार नमस्कार (योगी लोग सब देवताओं को नारायण-रूप समझ, आज तक 'नारायणाय नमो नमः' ऐसा ही प्रणाम करते हैँ)। मेरे में क्या योग है? मैँ क्या (आप की)

सेवा कर सकता हूँ, अर्थात् मेरे मेँ न योग-वल है न सेवा-वल है जिन से मैँ आप को प्रसन्न कर सकूँ ॥ (सो) आप सब के ऊपर दयाल हो, अर्थात् सब के ऊपर दया करने-वाले हो। तुम्हँ सेवा की आशा नहीँ, अर्थात् आप को सेवा की इच्छा नहीँ, कि जब कोई मेरी सेवा करे तो मैँ फल देऊँ, इस की आप को परवाह नहीँ ॥ मेरे भी गुण नहीँ और न जिह्वा मेँ रस की बात है, अर्थात् न मेरे मेँ ऐसा गुण न मनो-हर वाणी, जिस से यह भरोसा हो, कि मैँ अवश्य ही अपने गुण और मनो-हर वाणी से आप को रिझा लूँगा। आप दयालु हो, निर्गुणोँ को गुण देने-वाले हो (हम ने यहाँ आदरार्थ सर्वत्र बक्र-वचन का प्रयोग किया है, कवि ने देव को अद्वितीय समझ सर्वत्र 'तुइँ' एक-वचन का प्रयोग किया है)॥ (सो हे महादेव,) मेरी जो (पद्मावती के) दर्शन की इच्छा है, (उसे) पूरी कीजिये। मैँ हर श्वास मेँ, अर्थात् प्रति श्वासोच्छ्वासान्तर्वर्त्ती काल मेँ (पद्मावती के) मार्ग को जोहता हूँ। प्रतिक्षण मेँ यही प्रतीक्षा कर रहा हूँ, कि कब पद्मावती आवे और दर्शन हो ॥

जैसे विधि की आप की स्तुति है, अर्थात् आप जिस प्रकार की स्तुति के योग्य हैँ, तिस प्रकार से विनय करना मैँ नहीँ जानता। (सो मेरे ऊपर) सु-दृष्टि और कृपा करो (जिस मेँ) मेरी निश्चय से इच्छा पूरी हो ॥ १६८ ॥

चउपाई ।

कइ असतुति जउ बहुत मनावा। सबद अकूत मँडप मँह आवा ॥
मानुस पेम भएउ बइकुंठी। नाहिँ त काह छार एक मुंठी ॥
पेमहि माँह बिरह अउ रसा। मयन के घर मधु अंम्रित बसा ॥
निसत धाइ जउ मरइ तो काहा। सत जउ करइ बइठि होइ लाहा ॥
एक बार जउ मन देइ सेवा। सेवहि फल परसन होइ देवा ॥
सुनि कइ सबद मँडप झनकारा। बइठहु आइ पुरुब के बारा ॥
पिंडु चढाइ छार जेत आँटी। माटी होहु अंत जो माटी ॥

दोहा ।

माटी मोल न किछु लहइ अउ माटी सब मोल ।
दिसिटि जो माटी सउँ करइ माटी होइ अमोल ॥ १६९ ॥

असतुति = स्तुति। जउ = यदा = जब। बज्जत = बज्जतर। मनावा = मनावइ (मानयति) का पुंलिङ्ग में भूत-काल का एक-वचन। सबद = शब्द = आवाज। अकूत = आकूतम् = इच्छा-सूचक = अकस्माद् वाणी। मँडप = मण्डप। आवा = आवइ (आयाति) का पुंलिङ्ग में भूत-काल का एक-वचन। मानुस = मानुष = मनुष्य। पेम = प्रेम। बइकुंठी = वैकुण्ठी = वैकुण्ठ जिस को हो, अर्थात् देवता। त = तो। काह = का हि = क्या। छार = चार = राख = राखी। एक = एक। मुंठी = मुष्टि = मुट्ठी। बिरह = विरह = वियोगाग्नि। रसा = रस = अमृत-रस। मयन = मदन = काम-देव। वा, मधु-मक्खियों का मोम। मधु-अंब्रित = मध्वमृत = शहद जो अमृत। बसा = बसइ (वसति) का पुंलिङ्ग में भूत-काल का एक-वचन। वा, बसा = वसा = बर्रें। निसत = निःसत्, वा निःसत्य = जिस में सत् वा सत्य न हो। धाइ = धाय कर = दौड कर। जउ = यदि। मरइ = मरे = मरइ (मरति) का सम्भावना में प्रथम-पुरुष का एक-वचन। तो = तर्हि = तदा। काहा = काह = क्या। सत = सत् = सच्चा। बइठि = उपविश्य = बैठ कर। लाहा = लाभा = लाभ = प्राप्ति। बार = वार = मर्त्तब = दफे। सेवा = सेवइ (सेवते) का पुंलिङ्ग में भूत-काल का एक-वचन। परसन = प्रसन्न = खुश। देवा = देव = देवता। सुनि कइ = सुन कर। झनकारा = झणत्-कार = झन झन। बइठज्ज = बइठइ (उपविशति) का आज्ञा में मध्यम-पुरुष का बज्ज-वचन। आइ = आगत्य = आ कर। पुरुब = पूर्व दिशा। बारा = वार = द्वार। पिंडु = पिण्ड = शरीर = देह। चढाइ = चढा कर। जेत = यतमा = जितना। आँटी = अँटे = आप्त हो = पर्याप्त हो। माटी = मट्टी = मृत् = मृत्तिका। अंत = अन्त में॥ मोल = मूल्य = कीमत। किछु = किञ्चित् = कुछ। लहइ = (लभते) लाभ होता है = प्राप्त होता है। दिसिटि = दृष्टि॥

(राजा) स्तुति कर जब (महादेव को) बज्जत मनाया (मनावा), (तब) मण्डप में से अकस्मात् शब्द आया, अर्थात् राजा के लिये आकाश-वाणी ज्जई॥ (कि) मनुष्य प्रेम(-ही) से देवता ज्जआ है, अर्थात् देवता हो जाता है, नहीं तो (मनुष्य) क्या है?, अर्थात् कुछ नहीं है; (केवल) एक मुट्ठी राख है॥ प्रेम-ही के बीच विरह और रस (दोनों भरे) हैं। (जैसे) मदन के घर (मदन-मन्दिर = योनि) मधु (मदिरा) और अमृत (दोनों) बसते हैं, अर्थात् अनुचित रीति से उस घर में व्यवहार करने से मनुष्य को मधु (मदिरा) सदृश, बुद्धि और शरीर के नाश करने-वाले उपदंशादि अनेक रोग हो जाते हैं, और उचित रीति से व्यवहार करने में अमृत-रस-सदृश

अनुपम रस की प्राप्ति होती है। अथवा (जैसे) मदन (मोम) के घर मेँ, अर्थात् मधु-मक्खी के छत्ते मेँ मधु-अमृत और बर्रै दोनोँ बसते हैँ। यदि उचित-रीति से यत्न करो तो मधु-अमृत को पावो, और यदि अनुचित व्यवहार करो तो वसा, अर्थात् बर्रै सदृश मधु-मक्खियोँ के डंक का विष लेवो ॥ असत् (निसत) पुरुष यदि दौड कर (विरहा-नल मेँ) मरे तो क्या? अर्थात् कुछ नहीँ, व्यर्थ है। बहुत से असत् कीट पतङ्ग प्रत्यक्ष दीप-शिखा मेँ भस्म हुआ करते हैँ। ऐसे-ही असत् पुरुष यदि विरहाग्नि मेँ भस्म हो, तो हो जाय, उस की इच्छा-पूर्त्ति नहीँ हो सकती, क्योँकि वह उस विरहानल मेँ कुत्सित व्यवहार (विषय-वासना) से प्रवृत्त हुआ है। (और) यदि (कोई) सत्, अर्थात् सच्चा व्यवहार करे (तो) बैठ कर लाभ हो, अर्थात् एक आसन जमाये रखने-ही से उस को अपने मनोरथ की प्राप्ति होती है ॥ यदि (कोई) एक वार भी मन दे कर, अर्थात् सच्चे मन से (अपने प्रेमी के मिलने के मनोरथ से देवता की) सेवा किया, (तो उस) सेवा-ही के फल से देवता प्रसन्न हो जाता है ॥ (आकाश-वाणी कहती है, कि इस) मण्डप के झणत्-कार शब्द को सुन कर, आ कर, पूर्व द्वार पर (आसन जमा कर) बैठो ॥ जितना अँटे, अर्थात् जितना पर्याप्त हो, उतना भस्म शरीर पर चढा कर, मट्टी हो जाव, अर्थात् अपनी शरीर को मट्टी कर दो, जो कि अन्त मेँ (सड, गल, भस्म हो कर,) मट्टी-ही होने-वाली है ॥

(कवि कहता है, कि) मट्टी कुछ मूल्य को नहीँ लाभ करती है, अर्थात् इस मट्टी का कुछ मोल नहीँ, सँत मेँ मिलती है। और मोल (भी) सब (रुपया, पैसा, कौडी, अशर्फी इत्यादि) मट्टी-ही हैँ, अर्थात् खान से उत्पन्न होने के कारण सब धातु और रत्न सच पूँछो तो मट्टी-ही हैँ। सब पृथ्वी-ही के विकार हैँ। इस लिये यदि (जो) (प्राणी अपनी) दृष्टि माटी से करे, अर्थात् जगत् के पदार्थमात्र को मट्टी-ही समझ मट्टी-ही से दृष्टि-संवन्ध रक्खे, जो कुछ देखे उसे मट्टी-ही समझे, (तो) मट्टी, अर्थात् अपनी शरीर, अमूल्य हो जाय, अर्थात् समदर्शित्व गुण होने से उस की शरीर अमूल्य पर-ब्रह्म-रूप हो जाय ॥ १६९ ॥

चउपाई ।

बइठि सिंघ-छाला होइ तपा। पदुमावति पदुमावति जपा ॥
दिसिटि समाधि ओही सउँ लागी। जेहि दरसन कारन बइरागी ॥

किँगरी गहे बजावइ झूरी। भोर साँझ सिंगी निति पूरी॥
कंथा जरइ आगि जनु लाई। बिरह धँधोर जरत न बुझाई॥
नयन रात निसि मारग जागे। चक्रित चकोर जानु ससि लागे॥
कुंडल गहे सीस भुइँ लावा। पावँरि होउँ जहाँ ओहि पावा॥
जटा छोरि कइ बार बोहारउँ। जेहि पँथ आउ सीस तहँ वारउँ॥

दोहा।

चारि-हु चकर फिरइ मन (खोजत) डँड न रहइ थिर मार।
होइ कइ भसम पवन सँग (धावउँ) जहाँ परान अधार॥ १७०॥

इति मंडप-गवँन-खंड॥ १७॥

बइठि = उपविश्य = बैठ कर। सिंघ-छाला = सिंह-चैल = सिंह-छल्ली (चर्म) = व्याघ्राम्बर = बघंबर = सिंह के चाम का आसन। तपा = तपस्वी। जपा = जपइ (जपति) का पुंलिङ्ग में भूत-काल का एक-वचन। दिसिटि = दृष्टि। समाधि = चित्त और मन को एकाग्र कर, जगत् के सब वस्तुओं से हटा कर, केवल पर-ब्रह्म का ध्यान करता प्राण को ब्रह्माण्ड पर चढा लेना, जिस से श्वास तक बंद हो जाती है, देखने-वाले समझते हैं कि विना प्राण की शरीर है। भारतवर्ष में इस का बहुत प्रचार था, लाहोर के महाराज रणजीतसिंह के समय में भी एक हरिदास नामक योगी ने महाराज और उन के दरबार में स्थित बडे बडे प्रतिष्ठित साहिबों के आगे प्राण को ब्रह्माण्ड में चढा लिया था। महाराज ने उस की शरीर को संदूक में बंद कर, ताले पर अपनी मोहर लगा, जमीन में गडवा, ऊपर जो बोझा दिया और उस स्थान के ऊपर जंगी सिपाहियों का पहरा कर दिया। चालीस दिन के बाद निकालने पर बाबा की शरीर विना जीव के मालूम होती थी, परन्तु चेलों के उपाय से बाबा हरिदास जी राम राम कहते उठ बैठे (बाबू बालमुकुन्द सङ्कलित हरिदास देखो) अब भारतवर्ष में इस क्रिया का देखाने-वाला नहीं देखने में आता। लागी = लगइ (लगति) का स्त्री-लिङ्ग में भूत-काल का एक-वचन। दरसन = दर्शन। कारन = कारण। बइरागी = वैरागी = विरागी। किँगरी = किं-करी = छोटी सारंगी = चिकारी जो योगी लिये बजाया करते हैं। गहे = ग्रहण किये = लिये। झूरी = झूठ-ही = जुष्ट = व्यर्थ।

भोर = भीरु = प्रातःकाल। साँझ = सन्ध्या । सिंगी = शृङ्गी = हरिण के सींग का बाजा। निति = नित्य = नित । पूरी = पूरइ (पूरयति) का स्त्री-लिङ्ग में भूत-काल का एक-वचन । कंथा = कन्था = गुदडी । जरइ = (ज्वलति) जरती है। आगि = अग्नि । जनु = यथा = जैसे = यथा नु । लाई = लगाई = लगइ (लगति) का णिजन्त में रूप । बिरह = विरह = वियोग = जुदाई। धँधोर = धन-धुरा = धन शब्द का धुरा, अर्थात् लवर के साथ बहुत काष्ठ का जलना = होलिका = होली । जरत = जरता हुआ = बरता हुआ । बुझाई = बुझइ = बुतइ (वुदति) = बुझता है। रात = रक्त = लाल। निसि = निशि = रात्रि । मारग = मार्ग = राह । जागे = जागइ (जागर्त्ति) का पुंलिङ्ग में भूत-काल का बहु-वचन। चक्रित = चकित। वा चक्रित = चक्रीतः = कुलाल से प्राप्त, अर्थात् खेलौने का। चकोर = एक पक्षिविशेष, जो अग्नि का अँगारा खाता है, और रात को चन्द्र-ही की ओर दृष्टि किये रहता है, इस प्रान्त में सर्वत्र प्रसिद्ध है। कुंडल = कुण्डल = कर्ण-मुद्रा, जो कान में योगी लोग पहरे रहते हैं (१२८ वें दोहे की छठवीं चौपाई देखो)। सीस = शीर्ष = शिर। भुइँ = भूमि। लावा = लगाया = लगावइ (लगयति) का पुंलिङ्ग में भूत-काल का एक-वचन । पावँरि = पामरी = पादुका = पनही । पावा = पावँ = पाद = पैर। जटा = केशों के लटों का समूह। छोरि = सञ्छुद्य = छोर कर। बार = बाल = केश । बोहारउँ = बोहारूँ = बोहारइ (अवहरति) का सम्भावना में उत्तम-पुरुष का एक-वचन । पँथ = पन्थाः = राह । आउ = आवे = आवइ (आयाति) का सम्भावना में प्रथम-पुरुष का एक-वचन । वारउँ = वारूँ = वारइ (वारयति) का लोट् में उत्तम-पुरुष का एक-वचन ॥ चारि-हु = चारो । चकर = चक्र = मण्डल = फिरइ (स्फुरति) = फिरता है = घूमता है। डँड = दण्ड = घटी। रहइ (रहति) = रहता है। थिर = स्थिर। मार = मार कर। भसम = भस्म = राख। पवन = वायु। सँग = सङ्ग = साथ। परान = प्राण। अधार = आधार = जिस के आसरे ठहरना हो ॥

(आकाश-वाणी होने पर मण्डप के पूर्व-द्वार पर राजा) व्याघ्र-चर्म पर बैठ कर, और तपस्वी हो कर, अर्थात् शरीर के ऊपर भस्म को रमाय कर, (आसन मार) पद्मावती, पद्मावती जपने लगा ॥ जिस (पद्मावती) के दर्शन के लिये (राजा) वैरागी हो गया है, उसी से दृष्टि और समाधि लग गई, अर्थात् पद्मावती-ही की ओर ज्ञान-दृष्टि कर, राजा ने समाधि को लगाया । किँगरी को लिये (राजा) व्यर्थ बजाया करता है (और) साँझ सबेरे नित्य सिंगी को भी पूरा किया, अर्थात् बजाया किया।

	Rs.	
Pariçista Parvan, (Text) Fasc. 1-5 @ /6/ each	1	14
Prākrita-Paingalam, Fasc. 1-7 @ /6/ each	2	10
Prithivirāj Rāsa, (Text) Part II, Fasc. 1-5 @ /6/ each	1	14
Ditto (English) Part II, Fasc. 1	0	12
Prākrta Lakṣaṇam, (Text) Fasc. 1	1	8
Parāçara Smṛti, (Text) Vol. I, Fasc. 1-8; Vol. II, Fasc. 1-6; Vol. III, Fasc. 1-6 @ /6/ each	7	8
Parāçara, Institutes of (English)	0	12
Prabandhacintāmaṇi (English) Fasc. 1-3 @ /12/ each	2	4
*Sāma Vēda Saṁhitā, (Text) Vols. I, Fasc. 5-10; II, 1-6; III, 1-7; IV, 1-6; V, 1-8, @ /6/ each Fasc.	12	6
Sāṅkhya Sūtra Vṛtti, (Text) Fasc. 1-4 @ /6/ each	1	8
Ditto (English) Fasc. 1-3 @ /12/ each	2	4
Suçruta Saṁhitā, (Eng.) Fasc. 1 @ /12/	0	12
*Taittereya Saṁhitā, (Text) Fasc. 14-45 @ /6/ each	12	0
Tāṇḍya Brāhmaṇa, (Text) Fasc. 1-19 @ /6/ each	7	2
Tattva Cintāmaṇi, (Text) Vol. I, Fasc. 1-9, Vol. II, Fasc. 1-10, Vol. III, Fasc. 1-2, Vol. IV, Fasc. 1, Vol. V, Fasc. 1-5, Part IV, Vol. II, Fasc. 1-12 @ /6/ each	14	10
Trikāṇḍa-Maṇḍanam, (Text) Fasc. 1-2 @ /6/	0	12
Tul'si Sat'sai, (Text) Fasc. 1-5 @ /6/ each	1	14
Upamita-bhava-prapañca-kathā (Text) Fasc. 1-5 @ /6/ each ...	1	14
Uvāsagadasāo, (Text and English) Fasc. 1-6 @ /12/	4	8
Varāha Purāṇa, (Text) Fasc. 1-14 @ /6/ each	5	4
Varsa Krya Kaumudi, Fasc. 1-6]@ /6/	2	4
*Vāyu Purāṇa, (Text) Vol. I, Fasc. 2-6; Vol. II, Fasc. 1-7, @ /6/ each	4	8
Viṣṇu Smṛti, (Text) Fasc. 1-2 @ /6/ each	0	12
Vivādaratnākara, (Text) Fasc. 1-7 @ /6/ each	2	10
Vṛhannāradīya Purāṇa, (Text) Fasc. 1-6 @ /6/	2	4
Vṛhat Svayambhū Purāṇa, Fasc. 1-6	2	4
Tibetan Series.		
Pag-Sam Thi S'iñ, Fasc. 1-4 @ 1/ each	4	0
Sher-Phyin, Vol. I, Fasc. 1-5; Vol. II, Fasc. 1-3; Vol. III, Fasc. 1-5, @ 1/ each	13	0
Rtogs brjod dpag hkhri S'iñ (Tib. & Sans.) Vol. I, Fasc. 1-5; Vol. II. Fasc. 1-5 @ 1/ each	10	0
Arabic and Persian Series.		
'Ālamgīrnāmah, with Index, (Text) Fasc. 1-13 @ /6/ each... ...	4	14
Al-Muqaddasi (English) Vol. I, Fasc. 1-3 @ /12/	2	4
Āīn-i-Akbarī, (Text) Fasc. 1-22 @ 1/ each	22	0
Ditto (English) Vol. I, Fasc. 1-7, Vol. II, Fasc. 1-5, Vol. III, Fasc. 1-5, @ 1/12/ each	29	12
Akbarnāmah, with Index, (Text) Fasc. 1-37 @ 1/ each	37	0
Ditto English Fasc, 1-6 @ 1/ each	6	0
Arabic Bibliography, by Dr. A. Sprenger	0	6
Bādshāhnāmah, with Index, (Text) Fasc. 1-19 @ /6/ each	7	2
Catalogue of Arabic Books and Manuscripts	1	2
Catalogue of the Persian Books and Manuscripts in the Library of the Asiatic Society of Bengal. Fasc. 1-3 @ 1/ each	3	0
Dictionary of Arabic Technical Terms, and Appendix, Fasc. 1-21 @ 1/ each	21	0
Farhang-i-Rashīdī, (Text) Fasc. 1-14 @ 1/ each	14	0
Fihrist-i-Ṭūsī, or, Ṭūsy's list of Shy'ah Books, (Text) Fasc. 1-4 @ /12/ each	3	0
Futūḥ-ush-Shām of Wāqidī, (Text) Fasc. 1-9 @ /6/ each	3	6
Ditto of Azādī, (Text) Fasc. 1-4 @ /6/ each	1	8
Haft Āsmān, History of the Persian Masnawi, (Text) Fasc. 1 ...	0	12
History of the Caliphs, (English) Fasc. 1-6 @ /12/ each	4	8
Iqbālnāmah-i-Jahāngīrī, (Text) Fasc. 1-3 @ /6/ each	1	2
Iṣābah, with Supplement, (Text) 51 Fasc. @ /12/ each	38	4
Maāṣir-ul-Umarā, Vol. I, Fasc. 1-9, Vol. II, Fasc. 1-9; Vol. III, 1-10; Index to Vol. I, Fasc. 10-11; Index to Vol. III, Fasc. 11-12; Index to Vol. II, Fasc. 10-12 @ /6/ each	13	2
Maghāzī of Wāqidī, (Text) Fasc. 1-5 @ /6/ each	1	14

* The other Fasciculi of these works are out of stock, and complete copies cannot be supplied

Muntakhabu-t-Tawārikh, (Text) Fasc. 1-15 @ /6/ each ...	Rs.	5	0
Muntakhabu-t-Tawārikh, (English) Vol. I, Fasc. 1-7; Vol. II, Fasc. 1-5 and 3 Indexes; Vol. III, Fasc. 1 @ /12/ each ...	...	12	0
Muntakhabu-l-Lubāb, (Text) Fasc. 1-19 @ /6/ each ...	...	7	2
Ma'āşir-i-'Ālamgīrī, (Text), Fasc. 1-6 @ /6/ each ...	...	2	4
Nukhbatu-l-Fikr, (Text) Fasc. 1	...	0	6
Nizāmī's Khiradnāmah-i-Iskandari, (Text) Fasc. 1-2 @ /12/ each		1	8
Riyāzu-s-Salāṭīn, (Text) Fasc. 1-5 @ /6/ each	...	1	14
Ditto Ditto (English) Fasc. I-II, ...	...	1	8
Tabaqāt-i-Nāşirī, (Text) Fasc. 1-5 @ /6/ each	...	1	14
Ditto (English) Fasc. 1-14 @ /12/ each ...	...	10	8
Ditto Index		1	0
Tārikh-i-Fīrūz Shāhi of Ziyāu-d-din Barni (Text) Fasc. 1-7 @ /6/ each...		2	10
Tārikh-i-Fīrūzshāhi, of Shams-i-Sirāj Aif, (Text) Fasc. 1-6 @ /6/ each...		2	4
Ten Ancient Arabic Poems, Fasc. 1-2 @ 1/8/ each ...	...	3	0
Wis o Rāmin, (Text) Fasc. 1-5 @ /6/ each	...	1	14
Zafarnāmah, Vol. I, Fasc. 1-9, Vol. II, Fasc. 1-8 @ /6/ each	..	6	6
Tuzuk-i-Jahāngīrī, (Eng.) Fasc. 1	...	0	12

ASIATIC SOCIETY'S PUBLICATIONS.

1. Asiatic Researches. Vol. VII, Vols. XI and XVII, and Vols. XIX and XX @ 10/ each 50 0
2. Proceedings of the Asiatic Society from 1865 to 1869 (incl.) @ /6/ per No.; and from 1870 to date @ /8/ per No.
3. Journal of the Asiatic Society for 1843 (12), 1844 (12), 1845 (12), 1846 (5), 1847 (12), 1848 (12), 1866 (7), 1867 (6), 1868 (6), 1869 (8), 1870 (8), 1871 (7), 1872 (8), 1873 (8) 1874 (8), 1875 (7), 1876 (7), 1877 (8), 1878 (8), 1879 (7), 1880 (8), 1881 (7), 1882, (6), 1883 (5), 1884 (6), 1885 (6), 1886 (8), 1887 (7), 1888 (7), 1889 (10), 1890 (11), 1891 (7), 1892 (8), 1893 (11), 1894 (8), 1895 (7), 1896 (8), 1897 (8), 1898 (8), 1899 (8), 1900 (7) & 1901 (7), @ 1/8 per No. to Members and @ 2/ per No. to Non-Members

N. B.—The figures enclosed in brackets give the number of Nos. in each Volume.

4. Centenary Review of the Researches of the Society from 1784–1883 ... 3 0
   A sketch of the Turki language as spoken in Eastern Turkistan, by R. B. Shaw (Extra No., *J.A.S.B.*, 1878) 4 0
   Theobald's Catalogue of Reptiles in the Museum of the Asiatic Society (Extra No., *J.A.S.B.*, 1868) 2 0
   Catalogue of Mammals and Birds of Burmah, by E. Blyth (Extra No., *J.A.S.B.*, 1875) 4 0
   Introduction to the Maithilī Language of North Bihār, by G. A. Grierson, Part II, Chrestomathy and Vocabulary (Extra No., *J.A.S.B.*, 1882) 4 0
5. Anīs-ul-Musharrahīn 3 0
6. Catalogue of Fossil Vertebrata 3 0
7. Catalogue of the Library of the Asiatic Society, Bengal, by W. A. Bion 3 8
8. Ināyah, a Commentary on the Hidāyah, Vols. II and IV, @ 16/ each... 32 0
9. Jawāmlu-l-'ilm ir-riyāẓī, 168 pages with 17 plates, 4to. Part I ... 2 0
10. Khizānatu-l-'ilm 4 0
11. Mahābhārata, Vols. III and IV, @ 20/ each 40 0
12. Moore and Hewitson's Descriptions of New Indian Lepidoptera, Parts I–III, with 8 coloured Plates, 4to. @ 6/ each 18 0
13. Sharaya-ool-Islām 4 0
14. Tibetan Dictionary, by Csoma de Körös 10 0
15. Ditto Grammar „ „ 8 0
16. Kaçmīraçabdāmṛta, Parts I & II @ 1/8/ 3 0
17. A descriptive catalogue of the paintings, statues, &c., in the rooms of the Asiatic Society of Bengal by C. R. Wilson... ... ... 1 0
18. Memoir on maps illustrating the Ancient Geography of Kaśmir by M. A. Stein Ph.D., Jl. Extra No. 2 of 1899 ... ... 4 0

Notices of Sanskrit Manuscripts, Fasc. 1-29 @ 1/ each 29 0
Nepalese Buddhist Sanskrit Literature, by Dr. R. L. Mitra ... 5 0

N.B.—All Cheques, Money Orders, &c., must be made payable to the "Treasurer, Asiatic Society," only.

Books are supplied by V.-P.P. 3-9-02.

BIBLIOTHECA INDICA:

A

COLLECTION OF ORIENTAL WORKS

PUBLISHED BY THE

ASIATIC SOCIETY OF BENGAL.


New Series No. 1172.

THE PADUMĀWATI

OF

MALIK MUHAMMAD JAISI,

EDITED, WITH A COMMENTARY, TRANSLATION, AND CRITICAL NOTES.



BY

G. A. GRIERSON, C.I.E., Ph.D., I.C.S.,

AND

MAHAMAHOPADHYAYA SUDHAKARA DVIVEDI, F.A.U.

FASCICULUS V.

CALCUTTA:

PRINTED AT THE BAPTIST MISSION PRESS,

AND PUBLISHED BY THE

ASIATIC SOCIETY, 57, PARK STREET.

1907.

LIST OF BOOKS FOR SALE

AT THE LIBRARY OF THE

ASIATIC SOCIETY OF BENGAL,

No. 57, PARK STREET, CALCUTTA,

AND OBTAINABLE FROM

THE SOCIETY'S AGENTS, MR. BERNARD QUARITCH,
11, GRAFTON STREET, NEW BOND STREET, LONDON, W., AND MR. OTTO HARRASSOWITZ, BOOKSELLER, LEIPZIG, GERMANY.

*Complete copies of those works marked with an asterisk * cannot be supplied—some of the Fasciculi being out of stock.*

BIBLIOTHECA INDICA.

Sanskrit Series.

*Advaita Brahma Siddhi, Fasc. 2,4 @ /10/ each ...	Rs.	1	4
Advaitachintā Kaustubha, Fasc. 1–3 @ /10/ each		1	14
*Agni Purāṇa, Fasc. 3–14 @ /10/ each		7	8
Aitarēya Brāhmaṇa, Vol. I, Fasc. 1-5; Vol. II, Fasc. 1–5; Vol. III, Fasc. 1–5, Vol. IV, Fasc. 1–8 @ /10/ each		14	6
Aitareya Lochanam		2	0
*Ann Bhashya, Fasc. 2-5 @ /10/ each		2	8
Aphorisms of Sāṇḍilya (English), Fasc. 1 @ 1/-		1	0
Aṣtasāhasrikā Prajñāpāramitā, Fasc. 1-6 @ /1C/ each ...		3	12
*Atharvana Upanishad, Fasc. 2-5 @ /10/ each		2	8
Açvavaidyaka, Fasc. 1–5 @ /10/ each		3	2
Avadāna Kalpalatā, (Sans. and Tibetan) Vol. I, Fasc. 1–6; Vol. II, Fasc. 1–5 @ 1/ each		11	
A Lower Ladakhi version of Kesarsaga, Fasc. 1-3 @ 1/- each ...		3	0
Bālam Bhaṭṭī, Vol. I, Fasc. 1–2, Vol. II, Fasc. 1, @ /10/ each ...		1	14
Bandhāyana Srauta Sūtra, Fasc. 1–3 @ /10/ each		1	14
*Bhamati, Fasc. 4-8 @ /10/ each		3	2
Bhāṭṭa Dīpikā, Vol. I, Fasc. 1-5 @ /10/ each		3	2
Brahma Sutra, Fasc. 1 @ /10/ each		0	10
Brhaddēvatā, Fasc. I-4 @ /10/ each		2	8
Bṛhaddharma Purāṇa, Fasc. 1-6 @ /10/ each		3	12
Bodhicaryāvatāra of Cāntideva, Fasc. 1-5 @ /10/ each ...		3	2
Çatadūṣaṇī, Fasc. 1-2 @ /10/ each		1	4
Catalogue of Sanskrit Books and MSS., Fasc. 1-4 @ 2/ each ...		8	0
Çatapatha Brāhmaṇa, Vol. I, Fasc. 1–7; Vol. II, Fasc. 1–5; Vol. III, Fasc. 1–7, Vol. V, Fasc. 1-2 @ /10/ each		13	2
Çatasāhasrikā-prajnāpāramitā, Part I, Fasc. 1–12 @ /10/ each ...		7	8
*Caturvarga Chintāmaṇi, Vol. II, Fasc. 1–25; Vol. III, Part I, Fasc. 1-18, Part II, Fasc. 1–10; Vol. IV, Fasc. 1–6 @ /10/ each ...		36	14
Çlokavartika, (English), Fasc. 1–6 @ 1/4/ each		7	8
*Çrauta Sūtra of Āpastamba, Fasc. 6-17 @ /10/ each		7	8
Ditto Çāṅkhāyana, Vol I, Fasc. 1–7; Vol. II, Fasc. 1–4; Vol. III, Fasc. 1–4 @ /10/ each; Vol. 4, Fasc 1		10	0
Çrī Bhāshyam, Fasc. 1–3 @ /10/ each		1	14
Dān Kriyā Kaumudī, Fasc. 1–2 @ /10/ each		1	4
Gadadhara Paddhati Kālasāra, Vol. 1, Fasc. 1–7 @ /10/ each ...		4	6
Ditto Ācārasāra, Vol. II, Fasc. 1-2 @ /10/ each ...		1	4
Gobhiliya Grihya Sutra, Fasc. 1-12 @ /10/ each		7	8
Kāla Viveka, Fasc. 1-7 @ /10/ each		4	6
Kātantra, Fasc. 1–6 @ /12/ each		4	8
Kathā Sarit Sāgara, (English) Fasc. 1-14 @ 1/4/ each ...		17	8
Kūrma Purāṇa, Fasc. 1-9 @ /10/ each		5	10
Lalita-Vistara, (English) Fasc. 1-3 @ 1/- each		3	0
*Lalitavistara, Fasc 3-6 @ /10/ each		2	8
Madana Pārijāta, Fasc 1-11 @ /10/ each		6	14
Mahā-bhāsya-pradīpodyota, Vol. I, Fasc. 1-9; Vol. II, Fasc. 1-12; Vol. III, Fasc. 1–5 @ /10/ each		16	4
Manuṭīkā Saṅgraha, Fasc. I-3 @ /10/ each		1	14
Mārkaṇḍeya Purāṇa, (English) Fasc. 1-9 @ 1/- each		9	0
*Mārkaṇḍeya Purāṇa, Fasc. 4-7 @ /10/ each		2	8
*Mimāṁsā Darçana, Fasc. 3-19 @ /10/ each		10	10
Nyāyavārtika, Fasc. 1-6 @ /10/ each		3	12
*Nirukta, Vol. IV, Fasc. 1-8 @ /10/ each		5	0
*Nitisara, Fasc. 2-5 @ /10/ each		2	8

(व्यर्थ कहने का यह भाव है, कि ध्यान तो सर्वात्मना पद्मावती-ही की ओर है, परन्तु मेरा यह भेद लोगों पर न खुले, इस लिये जाहिरा साँझ सबेरे किंगरी, और सिंगी को बजाया करता है)॥ (पद्मावती के विरहानल से ऐसी राजा की शरीर तप्त हो गई है, कि उस तपन से (ऐसी) गुदरी जरती है, जानों (उस गुदरी में) आग लगाई गई हो। (कवि कहता है, कि सच है) बरता विरह(-अनल) का धँधोर नहीं बुझता॥ रात में (पद्मावती के) मार्ग में, अर्थात् ध्यान में जागने से नयन लाल (लाल) हो गए हैं, (उन की ऐसी शोभा है) जानों चकोर चकित हो कर, चन्द्रमा में लगा है (जिस के कारण नयन लाल हो गए हैं। राजा को चकित चकोर, और पद्मावती को शशि समझो) वा, जानों खेलौने का चकोर चन्द्रमा में लगा हो (जिस से पलक नहीं भजती, टकटकी लग गई है)॥ (राजा ने) कुण्डल को पकडे शिर को भूमि में लगाया, अर्थात् कानों की मुद्रा को हाथों से पकडे शिर को जमीन में रगडता है, (अपराध-क्षमा कराने के लिये कानों की मुद्रा को, अर्थात् कानों को हाथों से पकडे, शिर रगडता है), (और मन में यही कहता है, कि) जहाँ उस (पद्मावती) का पैर हो, (वहाँ उन पैरों की मैं) पनही होऊँ॥ जिस पथ से (पद्मावती) आवे (उस पथ को) जटा छोर कर (अपने) केशों से बोहारूँ, अर्थात् झारूँ, और तहाँ, अर्थात् तिस मार्ग में (पद्मावती के निमित्त अपने) शिर को वारूँ, अर्थात् काट कर बलि दूँ॥

(राजा का) मन चारो ओर (पद्मावती के लिये) चक्कर के ऐसा घूमता है, एक दण्ड (भी) मार कर, अर्थात् पद्मावती के ध्यान को बिसार कर, स्थिर नहीं रहता। (राजा यही चाहता है, कि) जहाँ प्राण का आधार (पद्मावती) है, (तहाँ) भस्म हो कर, अर्थात् शरीर को राख कर, पवन के संग पहुँचूँ, वा धाऊँ, यह अध्याहृत है॥१७०॥

इति मण्डप-गमन-खण्ड-नाम सप्तदश-खण्डं समाप्तम्॥ १७॥

अथ पदुमावति-बिओग-खंड ॥ १८ ॥



चउपाई ।

पदुमावति तेहि जोग सँजोगा । परी पेम बस गहे बिओगा ॥
नीँद न परइ रइनि जो आवा । सेज केवाँछ जानु कोउ लावा ॥
डहइ चाँद अउ चंदन चीरू । दगध करइ तन बिरह गँभीरू ॥
कलप-समान रइनि तेहि बाढी । तिल तिल जो जुग जुग पर-गाढी ॥
गहे बीन मकु रइनि बिहाई । ससि-बाहन तब रहइ ओनाई ॥
पुनि धनि सिंघ उरेहइ लागइ । अइसी बिथा रइनि सब जागइ ॥
कहाँ हो भवँर कवँल-रस लेवा । आइ परहु होइ घिरिनि परेवा ॥

दोहा ।

सो धनि बिरह पतँग भइ जरा चहइ तेहि दीप ।
कंत न आउ भिरिँग होइ को चंदन तन लीप ॥ १७१ ॥

जोग = योग । सँजोग = संयोग । पेम = प्रेम । बस = वश । गहे = ग्रहण किया = पकड लिया (ग्रह उपादाने) । बिओग = वियोग = जुदाई । नीँद = निद्रा । परइ = प्रतति । रइनि = रजनी = रात्रि । सेज = शय्या । केवाँछ = कपि-कच्छु = केवाँच = एक लता-फल, जिस के छू जाने से देह में खजुली पैदा हो जाती है । जानु = जाने वा यथा ।

कोउ = कोऽपि = कोई। लावा = लगाया (लग संलग्ने का भूत काल)। डहइ = दहइ (दहति) = जलाता है। चाँद = चन्द्र। चीरू = चीर = कपडा। दगध = दग्ध = भस्म। करइ = करोति = करता है। तन = तनु = शरीर = देह। गँभीरू = गम्भीर = गहिरा। कलप = कल्प = चारो युग का एक हजार वार बीत जाना। बाढी = बढइ (वर्धते) का भूत-काल। जुग = युग = महा-युग = चारो युग का योग। पर-गाढी = प्र-गाढ = बहुत कठिन। बीन = वीणा = एक बाजा। मकु = मैं-ने कहा, यहाँ कदाचित् जिस में। बिहाई = बीते। ससि-बाहन = शशि-वाहन = चन्द्र की सवारी हरिण। तब = तदा। रहइ = रहता है (रह त्यागे का वर्त्तमान-काल) ओनाई = अवनम्य = उनय कर = झुँक कर। पुनि = पुनः = फिर। धनि = धन्या (पद्मावती)। सिंघ = सिंह। उरेहइ = उल्लेखन = लिखने। लागइ = लगति = लगती है। अइसी = एतादृशी = ऐसी। बिथा = व्यथा = पीडा = तकलीफ। जागइ = जागती है (जागर्त्ति)। कहाँ = क्व ह = कुत्र। भवँर = भ्रमर। कवँल-रस = कमल-रस = कमल का रस। लेवा = लेनेवाला (लाति से बना हुआ)। आइ = एत्य = आ कर। परइ = पडो (पततु)। होइ = भूला = हो कर। घिरिनि = घिन्नी = चक्र। परेवा = पारावत = कबूतर॥

पतँग = पतङ्ग = कीट = कीडा। भइ = भई (बभूव)। जरा = जलना = ज्वलनम्। चहइ = (चहते वा इच्छति) चाहती है। दीप = दीया = चिराग। कंत = कान्त = पति। आउ = आयाति = आता है। भिरिंग = भृङ्ग = कीट विशेष जो और कीडोँ को भी अपने ही ऐसा बना लेता है। लीप = लीपे (लिपि धातु का लिङ् लकार का रूप)॥

तिस राजा रत्नसेन के योग (लेने) से पद्मावती को संयोग हुआ, अर्थात् राजा के योग-प्रभाव से पद्मावती को स्वप्न में राजा से भेँट हो गई, पद्मावती (जागने पर) प्रेम के वश हो गई, राजा की जुदाई ने पद्मावती को पकड लिया॥ रात को जो रत्नसेन आया उस से नीँद नहीँ पडती (इधर उधर तडपा करती है) जानोँ किसी ने पलँग में केवाँच लगा दिया हो॥ चन्द्रमा और चन्दन से बासे कपडे भी पद्मावती को जलाते हैँ और पति का गहिरा विरह (जुदाइ) शरीर को भस्म करता है॥ तिस पद्मावती के लिये रात कल्प के बराबर बढ गई, तिल, तिल जो रात सो युग युग के ऐसी बहुत ही कठिन हो गई॥ (विचार कर, कि) कदाचित् रात कट जाय (इस लिये पद्मावती ने) बीन को (बजाने के लिये) लिया, (उस की आवाज सुन कर) चन्द्र-वाहन हरिण झुँक कर, रह गया अर्थात् वीणा के सुर से मोहित हो झुँक कर ठहर

गया इस लिये चाँद के ठहर जाने से रात और बढी ॥ (यह कठिनता देख) फिर धन्या पद्मावती सिंह की मूर्त्ति लिखने लगी, (कि इसे देख कर चन्द्र-वाहन हरिण चन्द्र को ले कर भागे जिस में तुरन्त रात बीते), पद्मावती इस प्रकार की पीडा से सब रात जागी ॥ (और मन में विलाप किया करती, कि) हे कमल-रस के लेनेवाले भ्रमर (कान्त) कहाँ हो, (क्यों नहीं) चक्र या कबूतर हो कर, आ कर (इस सेज पर) पडते हो ॥

वह धन्या पद्मावती विरह-आग की फतिंगा हो गई, तिस विरह के दीप (दीये) में जला चाहती है। भृङ्ग रूप हो कर कान्त नहीं आता है (जो कि अपने ही ऐसा कर अपने साथ में ले)। (फिर) कौन देह में चन्दन पोते (जिस से देह ठंढी हो जाय) ॥ १७१ ॥

चउपाई ।

परी बिरह-बन जानहुँ घेरी। अगम असूझ जहाँ लगि हेरी ॥
चतुर दिसा चितवइ जनु भूली। सो बन कवन जो मालति फूली ॥
कवँल भवँर उहइ बन पावइ। को मिलाइ तन-तपनि बुझावइ ॥
अंग अनल अस कवँल सरीरा। हिअ भा पिअर पेम कइ पीरा ॥
चहइ दरस रबि कीन्ह बिगासू। भवँर दिसिटि मँह कवँल अकासू ॥
पूँछइ धाइ बारि कहु बाता। तुइँ जस कवँल-कली रँग राता ॥
केसर बरन हिआ भा तोरा। मानहुँ मनहिँ भएउ किछु भोरा ॥

दोहा ।

पवन न पावइ संचरइ भवँर न तहाँ बईठ।
भूलि कुरंगिनि कस भएउ मनहुँ सिंघ तुइँ डीठ ॥ १७२ ॥

बिरह = विरह = जुदाई। बन = वन = जङ्गल। जानऊँ = जाने = जानों = यथा। घेरी = घिरी = घिर गई = गृहीत ऊई। अगम = अगम्य = जाने लायक नहीं। असूझ = सूझने लायक नहीं। जहाँ = यावत् = यत्र। लगि = लगित्वा = लग कर। हेरी = आहरण किया = ढूँढा, वा देखा (हेडृ गतौ से यहाँ गति = प्राप्त)। चतुर = चत्वारि = चारो। दिसा = दिशा। चितवइ = चेतयति = देखती है। जनु = जानऊँ = जानों। भूली = भूल गई = भ्रम में पड गई। कवन = क नु = कौन। मालति = मालती = एक फूल।

फूली = (फुल्ल विकसने से फुल्लति का भूत-काल)। कवँल = कमल। भवँर = भ्रमर। उह-ई = वही = स एव। पावइ = पावे (प्र उपसर्ग, आप्लृ व्याप्तौ से बना)। मिलाइ = मेलयित्वा = मिला कर। तन = तनु = देह। तपनि = तापन = ताप = जलन। बुझावइ = (बुन्ध-निशामने बुन्ध्यते से)। अनल = आग। अस = एतादृश = ऐसा। सरीरा = शरीर। हिअ = हृदय। पिअर = पीत = पीला। पेम = प्रेम। पीरा = पीडा। चहइ = चाहता है (चहते वा इच्छति से)। दरस = दर्शन। रवि = सूर्य। कीन्ह = किया (डुकृञ् करणे)। बिगासू = विकाश = प्रकाश। अकासू = आकाश = आसमान। पूँछइ = पूछती है (पृच्छति)। धाइ = धात्री = धाई = दाई। बारि = बाले = हे बेटी। कहु = कथय = कह। बाता = वार्त्ता = बात। तुइँ = त्वम् = तूँ। जस = यादृक् = यथा = जैसे। कवँल-कली = कमल-कली। रँग = रङ्ग। राता = रक्त = लाल। केसर = केशर = एक सुगन्ध-पुष्प। बरन = वर्ण। हिआ = हृदय। भा = हुआ (बभूव)। तोरा = तेरा (तव)। मानहुँ = मन्ये = मानों। मनहिँ = मन में। भएउ = भया (बभूव)। किछु = किञ्चित्। भोरा = भ्रम = संशय = शक॥

पवन = वायु = हवा। पावइ = पाता है (प्राप्नोति)। संचरइ = सञ्चलनम् = भीतर धसना। बईठ = = बैठता है (उपविशति)। कुरंगिनि = कुरङ्गी = हरिणी। कस = कैसा = कथम्। सिंघ = सिंह। डीठ = दृष्टवान् = देखा॥

पद्मावती विरह-वन में पड गई, (उस में से निकल नहीं सकती) जानों (किसी से) घिर गई हो, जहाँ तक (आँख उठा कर, उस ने) देखा (तहाँ तक) अगम और असूझ ही जान पडा॥ चारो दिशा की ओर (इस प्रकार से) ताक रही है जानों (राह) भूल गई हो, जहाँ पर मालती (पति की शोभा) फूली है वह कौन वन है (इस का पता नहीं मिलता)॥ जिस वन में कमल है उस वन को तो भ्रमर पा जाता है (पर इस के पति को) कौन मिला कर इस के देह की जलन को बुझावे॥ कमल-शरीर में अङ्ग अङ्ग आग ऐसी लग गई है, पति के प्रेम की पीडा से हृदय पीला हो गया॥ रवि (पति) ने प्रकाश किया (इस लिये पद्मावती) चाहती है, कि (उस रवि अर्थात् पति का) दर्शन हो; भ्रमर की दृष्टि में कमल आकाश में है अर्थात् पद्मावती-भ्रमर ने देखा कि पति-कमल आकाश में छिपा हुआ है॥ (सबेरा होने पर) धाई ने पूछा, कि बेटी इस बात को तो कहो, कि क्या है क्योंकि तूँ ऐसी लाल रंग की थी जैसी कमल की कली॥ सो (आज) तेरा हृदय केशर के रंग (ऐसा पीला हो गया) है, मानों तेरे मन में कुछ भ्रम हो गया हो॥

गया इस लिये चाँद के ठहर जाने से रात और बढी ॥ (यह कठिनता देख) फिर धन्या पद्मावती सिंह की मूर्त्ति लिखने लगी, (कि इसे देख कर चन्द्र-वाहन हरिण चन्द्र को ले कर भागे जिस में तुरन्त रात बीते), पद्मावती इस प्रकार की पीडा से सब रात जागी ॥ (और मन में विलाप किया करती, कि) हे कमल-रस के लेनेवाले भ्रमर (कान्त) कहाँ हो, (क्यों नहीं) चक्र या कबूतर हो कर, आ कर (इस सेज पर) पडते हो ॥

वह धन्या पद्मावती विरह-आग की फतिंगा हो गई, तिस विरह के दीप (दीये) में जला चाहती है। भृङ्ग रूप हो कर कान्त नहीं आता है (जो कि अपने ही ऐसा कर अपने साथ में ले)। (फिर) कौन देह में चन्दन पोते (जिस से देह ठंढी हो जाय) ॥ १७१ ॥

चउपाई ।

परी बिरह-बन जानहुँ घेरी। अगम असूझ जहाँ लगि हेरी ॥
चतुर दिसा चितवइ जनु भूली। सो बन कवन जो मालति फूली ॥
कवँल भवँर उह-ई बन पावइ। को मिलाइ तन-तपनि बुझावइ ॥
अंग अनल अस कवँल सरीरा। हिअ भा पिअर पेम कइ पीरा ॥
चहइ दरस रबि कीन्ह बिगासू। भवँर दिसिटि मँह कवँल अकासू ॥
पूँछइ धाइ बारि कहु बाता। तुइँ जस कवँल-कली रँग राता ॥
केसर बरन हिआ भा तोरा। मानहुँ मनहिँ भएउ किछु भोरा ॥

दोहा ।

पवन न पावइ संचरइ भवँर न तहाँ बईठ।
भूलि कुरंगिनि कस भएउ मनहुँ सिंघ तुइँ डीठ ॥ १७२ ॥

बिरह = विरह = जुदाई। बन = वन = जङ्गल। जानहुँ = जाने = जानों = यथा। घेरी = घिरी = घिर गई = गृहीत हुई। अगम = अगम्य = जाने लायक नहीं। असूझ = सूझने लायक नहीं। जहाँ = यावत् = यत्र। लगि = लगिला = लग कर। हेरी = आहरण किया = ढूँढा, वा देखा (हेडृ गतौ से यहाँ गति = प्राप्त)। चतुर = चत्वारि = चारो। दिसा = दिशा। चितवइ = चेतयति = देखती है। जनु = जानहुँ = जानों। भूली = भूल गई = भ्रम में पड गई। कवन = क नु = कौन। मालति = मालती = एक फूल।

फूली = (फुल्ल विकसने से फुल्लति का भूत-काल)। कवँल = कमल। भवँर = भ्रमर। उह-ई = वही = स एव। पावइ = पावे (प्र उपसर्ग, • आप्लृ व्याप्तौ से बना)। मिलाइ = मेलयिला = मिला कर। तन = तनु = देह। तपनि = तापन = ताप = जलन। बुझावइ = (बुन्ध-निशामने बुन्ध्यते से)। अनल = आग। अस = एतादृश = ऐसा। सरीरा = शरीर। हिअ = हृदय। पिअर = पीत = पीला। पेम = प्रेम। पीरा = पीडा। चहइ = चाहता है (चहते वा इच्छति से)। दरस = दर्शन। रवि = सूर्य। कीन्ह = किया (डुकृञ् करणे)। बिगासू = विकाश = प्रकाश। अकासू = आकाश = आसमान। पूँछइ = पूछती है (पृच्छति)। धाइ = धात्री = धाई = दाई। बारि = बाले = हे बेटी। कहु = कथय = कह। बाता = वार्त्ता = बात। तुइँ = त्वम् = तूँ। जस = यादृक् = यथा = जैसे। कवँल-कली = कमल-कली। रँग = रङ्ग। राता = रक्त = लाल। केसर = केशर = एक सुगन्ध-पुष्प। बरन = वर्ण। हिआ = हृदय। भा = हुआ (बभूव)। तोरा = तेरा (तव)। मानहुँ = मन्ये = मानों। मनहिँ = मन में। भउ = भया (बभूव)। किछु = किञ्चित्। भोरा = भ्रम = संशय = शक॥

पवन = वायु = हवा। पावइ = पाता है (प्राप्नोति)। संचरइ = सञ्चलनम् = भीतर धसना। बईठ = =बैठता है (उपविशति)। कुरंगिनि = कुरङ्गी = हरिणी। कस = कैसा = कथम्। सिंघ = सिंह। डीठ = दृष्टवान् = देखा॥

पद्मावती विरह-वन में पड गई, (उस में से निकल नहीं सकती) जानों (किसी से) घिर गई हो, जहाँ तक (आँख उठा कर, उस ने) देखा (तहाँ तक) अगम और असूझ ही जान पडा॥ चारो दिशा की ओर (इस प्रकार से) ताक रही है जानों (राह) भूल गई हो, जहाँ पर मालती (पति की शोभा) फूली है वह कौन वन है (इस का पता नहीं मिलता)॥ जिस वन में कमल है उस वन को तो भ्रमर पा जाता है (पर इस के पति को) कौन मिला कर इस के देह की जलन को बुझावे॥ कमल-शरीर में अङ्ग अङ्ग आग ऐसी लग गई है, पति के प्रेम की पीडा से हृदय पीला हो गया॥ रवि (पति) ने प्रकाश किया (इस लिये पद्मावती) चाहती है, कि (उस रवि अर्थात् पति का) दर्शन हो; भ्रमर की दृष्टि में कमल आकाश में है अर्थात् पद्मावती-भ्रमर ने देखा कि पति-कमल आकाश में छिपा हुआ है॥ (सबेरा होने पर) धाई ने पूछा, कि बेटी इस बात को तो कहो, कि क्या है क्योंकि तूँ ऐसी लाल रंग की थी जैसी कमल की कली॥ सो (आज) तेरा हृदय केशर के रंग (ऐसा पीला हो गया) है, मानों तेरे मन में कुछ भ्रम हो गया हो॥

जहाँ हवा भीतर नहीँ धसने पाता तहाँ भ्रमर (भी) नहीँ बैठता अर्थात् तहाँ भ्रमर भी नहीँ बैठ सकता। सो तूँ भूली हरिनी के ऐसी क्योँ हो गई, मानोँ सिंह ने तुझे देखा हो (जिस के डर से पीली हो गई) ॥ १७१ ॥

चउपाई ।

धाइ सिंघ बरु खातेउ मारी। कइ तसि रहति अाहि जस बारी ॥
जोबन सुनेउँ कि नवल बसंतू। तेहि बन परेउ हसति मइमंतू ॥
अब जोबन बारी को राखा। कुंजल बिरह बिधाँसइ साखा ॥
मइँ जानेउँ जोबन रस-भोगू। जोबन कठिन सँताप बिओगू ॥
जोबन गरुअ अपेल पहारू। सहि न जाइ जोबन कर भारू ॥
जोबन अस मइमंत न कोई। नवँइ हसति जउ आँकुस होई ॥
जोबन भर भादउ जस गंगा। लहरइ देइ समाइ न अंगा ॥

दोहा ।

परिउँ अथाह धाइ हउँ जोबन उदधि गँभीर।
तेहि चितवउँ चारि-हु दिसि को गहि लावइ तीर ॥ १७२ ॥

धाइ = धावौ = धाई। सिंघ = सिंह। बरु = वरम् = अच्छा। खातेउ = खाता (खाद् भक्षणे से बना है)। मारी = मार कर = मारयित्वा। कइ = कि = या = अथवा। तसि = तथा = तैसी। रहति = रहती (रह त्यागे से बना है)। अाहि = आसीत् = थी। जस = यथा = जैसी। बारी = बालिका = लडकी = थोडे उमर की। जोबन = यौवन = जवानी। सुनेउँ = सुना (श्रु श्रवणे से बना है)। नवल = नया। बसंतू = वसन्त ऋतु, यहाँ वसन्त-ऋतु का वन। बन = वन। परेउ = पडा (प्र-उपसर्ग पूर्वक पत्लृ पतने से बना है)। हसति = हस्ती = हाथी। मइमंतू = मदमत्त = मद से मस्त। अब = अधुना = इदानीम्। बारी = वालिका = वाल, वा वाटिका। को = कः = कौन। राखा = रक्खे = रक्षेत्। कुंजल = कुञ्जर = हस्ती = हाथी। बिरह = विरह = पति की जुदाई। बिधाँसइ = विध्वंसयति = विध्वंस करता है = नाश करता है। साखा = शाखा = डार। मइँ = मैं ने। जानेउँ = जाना (ज्ञा अवबोधने से बना है)। भोगू = भोग। सँताप = सन्ताप = ताप।

बिओगू = वियोग = जुदाई । गरुअ = गुरु = भारी । अपेल = हठाने योग्य नहीँ । पहारू = पहाड = प्रहार । सहि = सहन = बर्दाश्त । जाइ = जायते = जाता है । भारू = भार = बोझा । अस = ऐसा = एतादृश । कोई = कोऽपि । नवइ = नमति = झुँकता है । जउ = यदि = जौं । आँकुस = अङ्कुश । होई = हो (भवेत्) । भर = भरी = पूरी । भादउ = भादव = भाद्रपद, बरसात का महीना । गंगा = गङ्गा नदी । लहरइ = लहर = तरङ्ग । देइ = देता है = दत्ते । समाइ = समाता है = संमाति । अंगा = अङ्ग ॥

परिउँ = पड गई । अथाह = अस्थल = अतल = अगाध । हउँ = अहम् = मैं । उदधि = समुद्र । गँभीर = गम्भीर = गहरा । तेहि = तिस से = तिस कारण से । चितवउँ = चेतयामि = देखती हूँ । चारि-ऊ = चारो । दिसि = दिशा । को = कः = कौन । गहि = गृहीत्वा = पकड कर । लावइ = लावे = ले आवे । तीर = तट = किनारा ॥

(पद्मावती कहती है, कि) हे धाई सिंह मार कर, खा जाता तो अच्छा होता, अथवा जैसी लडकपन-में थी वैसी ही (अब भी) रहती तो भी अच्छा ॥ सुना था, कि जवानी नया वसन्त-ऋतु का वन है, सो उस वन में मद से मस्त (विरह-रूपी) हाथी (आ कर) पड गया अर्थात् डेरा ले लिया ॥ सो अब (इस) जवानी-वाटिका को कौन रख सकता है, (क्योँकि) विरह-हाथी (हर एक) (अङ्ग-रूपी) शाखाओं को नाश कर रहा है ॥ मैं जानती थी, कि जवानी (अच्छे) रस-भोग (का समय) है, (पर अब समझी, कि पति के) वियोग से जवानी कठिन सन्ताप है ॥ जवानी भारी अटल पहाड है, जवानी का भार नहीं सहा जाता ॥ जवानी के ऐसा कोई मद-मत्त नहीं है, यह (जवानी) हाथी (तभी) (नीचे की ओर) झुँकता है यदि अङ्कुश हो । जवानी भादव की भरी जैसी गङ्गा लहर मारती है, तैसी (इस देह में लहर मार रही है), अङ्ग में समाती नहीं (बाहर उमगी चाहती है) ॥

हे धाई मैं गहरे जवानी-समुद्र के अथाह (जल) में पड गई हूँ तिसी कारण चारो दिशा देख रही हूँ, कि कौन पकड कर, मुझे किनारे ले आवे ॥ १७३ ॥

चउपाई ।

पदुमावति तूँ समुद सयानी । तोहि सरि समुद न पूजइ रानी ॥
नदी समाहिँ समुद मँह आई । समुद डोलि कहु कहाँ समाई ॥
अब-हौँ कवँल-करी हिअ तोरा । अइहइ भवँर जो तो कहँ जोरा ॥

exp

जोबन-तुरी हाथ गहि लीजिअ । जहाँ जाइ तहँ जान न दीजिअ ॥
जोबन जोर मात गज अहई । गहहु ग्यान आँकुस जिमि रहई ॥
अबहिँ बारि तुइँ पेम न खेला । का जानसि कस होइ दुहेला ॥
गगन दिसिटि करु नाइ तराहीँ । सुरुज देखु कर आवइ नाहीँ ॥

दोहा ।

जब लगि पीउ मिलइ तोही साधु पेम कइ पीर ।
जइस सीप सेवाती कहँ तपइ समुद मँझ नीर ॥ १७४ ॥

पदुमावति = पद्मावती । तूँ = त्वम् । समुद = समुद्र । सयानी = सयान का स्त्रीलिङ्ग, सयान = सज्ञान = ज्ञान से भरा । सरि = सदृश = बराबरी । पूजइ = पूर्यते = पूरा पडता । रानी = राज्ञी । समाहिँ = समाइ का बहु-वचन, समाइ = संमाति = धसता है वा धसती है । मँह = मध्ये = बीच । आई = एत्य = आ कर । डोलि = आदोल्य = डोल कर = इधर उधर चल कर । कहु = कथय = कहो । कहाँ = क ह = कुत्र । अब-हीँ = अधुना = अभीँ । कवँल-करी = कमल-कली । हिअ = हृदय । अइहइ = आयास्यति = आवेगा । भवँर = भ्रमर । जो = जो = यः । तो = तव । कहँ = को । जोरा = जोडा = योग्य । तुरी = त्वरी = घोडा । हाथ = हस्त । गहि = ग्रहणम् । लीजिअ = लीजिए (ला उपादाने से बना है) । जहाँ = यत्र । जाइ = जावे (या प्रापणे का लिङ् का एक-वचन) । तहँ = तत्र । जान = जाने = यानम् । दीजिअ = दीजिए (दा दाने से बना है) । जोर = बली । मात = मत्त = मस्त । गज = हाथी । अहई = अस्ति = है । गहहु = गृहाण = पकडो । ग्यान = ज्ञान । आँकुस = अङ्कुश । जिमि = यथा = जैसे = जिस में । रहई = रहे (रह त्यागे का लिङ् के प्रथम पुरुष के एक वचन का रूप) । बारि = बाले = हे बेटी । तुइँ = त्वम् = तूँ । पेम = प्रेम । खेला = खेलइ का भूत, मध्यम-पुरुष का एक-वचन । जानसि = जानासि = जानती है । कस = कथम् = कैसा । होइ = होवे (भवेत्) । दुहेला = दुर्हेला = बुरी खेल = दुःख । गगन = आकाश = आसमान । दिसिटि = दृष्टि । करु = कुरु = करो । नाइ = अवनमय्य = झुँका कर = नवा कर । तराहीँ = तल = नीचे । सुरुज = सूर्य । देखु = देख = पश्य (दृशि प्रेक्षणे से बना है) । कर = हाथ । आवइ = आयाति = आता है ।

जब = यावत्। लगि = लग्न। जब लगि = जब तक। पीउ = प्रिय = पति। मिलइ = मिले (मिल सङ्गमे से)। साधु = साधय। पीर = पीडा। जइस = जैसे = यथा। सीप = सीपी = शुक्ति। सेवाती = स्वाती। तपइ = तपति = तपती है। मँझ = मध्य। नीर = पानी॥

(धाई कहती है, कि) हे पद्मावती तूँ समुद्र है और समझदार है, हे रानी तेरी बराबरी में समुद्र भी नहीँ पूरा पडता॥ नदी तो आ कर, समुद्र में समा जाती है, (पर) कहो तो समुद्र इधर उधर चल कर कहाँ समाय॥ अभीँ तेरा हृदय कमल की कली है, (खिलने पर) जो तेरे लिये (विधना ने) जोडा लिखा है वह (पति-रूपी) भ्रमर आवेगा॥ (अभीँ) जवानी-घोडे को हाथ से पकड लीजिए जहाँ जाना चाहे वहाँ मत जाने दीजिए। जवानी बली मस्त हाथी है, (उस के लिये) ज्ञान-अङ्कुश को पकडो जिस में (वह हाथी) रहे, इधर उधर न जाय॥ हे बेटी अभीँ तूँ ने प्रेम-खेल को नहीँ खेली है (इस लिये तूँ) क्या जाने, कि (प्रेम-खेल में) कैसा दुःख होता है॥ आकाश की ओर जो दृष्टि है उसे झुका कर, नीचे की ओर कर। देख, सूर्य हाथ में नहीँ आता, अर्थात् नहीँ पकडा जाता॥

जब तक तुझे (सपने में) पति मिलता है तब तक प्रेम की पीडा को साध, अर्थात् सह। जैसे कि सीपी समुद्र के पानी के बीच (पडी) स्वाती के लिये तप करती है॥ (सीपी स्वाती के लिये १४१ वें दोहे की टीका देखो, इस ग्रन्थ का पृ० २८३-२८६)॥ १७४॥

चउपाई।

exp: qup.

दहइ धाइ जोबन अउ जीऊ। होई परइ अगिनि मँह घीऊ॥
करवत सहउँ होत दुइ आधा। सहि न जाइ जोबन कइ दाधा॥
बिरहा सुभर समुद असँभारा। भवँर मेलि जिउ लहरहिँ मारा॥
बिरह नाग होइ सिर चढि डसा। अउ होइ अगिनि चाँद मँह बसा॥
जोबन पंखी बिरह बिआधू। केहर भएउ कुरंगिनि खाधू॥
कनक-पानि कत जोबन कीन्हा। अउटन कठिन बिरह ओहि दीन्हा॥
जोबन जलहि बिरह मसि छूआ। फूलहिँ भवँर फरहिँ भा सूआ॥

49

दोहा ।

जोबन चाँद उआ जस बिरह भएउ सँग राहु ।
घटतहि घटत छीन भइ कहै न पारउँ काहु ॥ १७५ ॥

दहइ = दहति = जलाता है । धाइ = धात्री = धाई । जोबन = यौवन = जवानी । अउ = अपि च = और । जीऊ = जीव । होई = हो । परइ = पडा । अगिनि = अग्नि । मँह = मध्य । घीऊ = घृत । करवत = करपत्र = आरा । सहउँ = सहे = सहती हूँ । होत = होती है (भवति) । दुइ = द्वौ = दो । आधा = अर्ध = खण्ड = टुकडा । दाधा = दाह । बिरहा = विरह = जुदाई । सुभर = शुभ्र = अच्छा = साफ = भारी । असँभारा = सँभारने लायक नहीं = सँभार = सम्भार । भवँर = भ्रमर = आवर्त्त = भौँर । मेलि = मेलयित्वा = मेल कर = डाल कर । जिउ = जीव । लहरहिँ = लहरोँ से = तरङ्गोँ से । मारा = मारयति = मारता है । नाग = सर्प = साँप । होइ = होइ = भूला = हो कर । सिर = शिरः । चढि = चढ कर = उच्चैरारुह्य । डसा = दशति = डसता है = काटता है । चाँद = चन्द्र । बसा = वसति = वास किया है । पंखी = पक्षी । बिआधू = व्याध = बहेलिया । केहर = केशरी = सिंह । कुरंगिनि = कुरङ्गी = हरिणी । खाधू = खाद्य = भक्षण = खाने की वस्तु । कनक = सुवर्ण = सोना । पानि = पानीय = पानी । कत = कुतः = कस्मात् = काहे को । अउटन = आवर्त्तन = औटना । जलहि = जल को = पानी को । मसि = मषी = स्याही । कूआ = कूअइ का प्रथम पुरुष में भूत-काल का एक-वचन । फूलहिँ = फूलइ का बहु-वचन (फुल्ल विकसने से बना है) । भवँर = भ्रमर । फरहिँ = फरइ का बहु-वचन (फलति से बना) । भा = बभूव = भया = हुआ, यहाँ हो कर । सूआ = शुक = सुग्गा ।

उगा = उद्गत हुआ = ऊगा । जस = यथा = जैसे । सँग = सङ्ग = साथ । राहु = एक दैत्य जो चन्द्र को निगल जाता है । घटतहि घटत = घटते घटते = कम होते होते (घट चेष्टायां धातु से) । छीन = क्षीण = दुर्बल । कहै = कहने से = कथनेन । पारउँ = पार हो सकती हूँ । काहु = कापि वा किसी से ॥

(पद्मावती कहती है, कि) हे धाई, (विरह) जवानी और जीव (दोनोँ) को जला रहा है (जानोँ) आग में घी पडा हो ॥ (देह जानोँ) आरे से दो टुकडे हुई जाती है (इस दुःख को भी) सहती हूँ; जवानी की जलन नहीं सही जाती ॥ पति की जुदाई भारी अपार समुद्र है वह जीव को भौँर में डाल कर लहरोँ से मार रहा है ॥

विरह साँप हो कर, शिर पर चढ, काट रहा है; और आग हो कर, चन्द्रमा में जा कर वास किया है (इस से चन्द्र-किरण मेरे ऊपर आग बरसाती हैं) ॥ विरहिणी को चन्द्र-किरण आग ऐसी जान पडती है यह बात संस्कृत काव्यों में बहुत प्रसिद्ध है। श्रीहर्ष ने भी नैषध में लिखा है। जब चन्द्र-ताप से दमयन्ती व्याकुल हुई है तब सखी से कहती है, कि—

कुरु करे गुरुमेकमयोघनं वहिरितो मुकुरं च कुरुष्व मे।
विशति तत्र यदैव विधुस्तदा सखि सुखादहितं जहि तं द्रुतम् ॥ (स० ४ श्लो० ५७)

जवानी पक्षी है उस के लिये विरह व्याधा है; विरह-रूपी सिंह का जवानी-हरिणी भक्षण है ॥ (विधना ने) क्यों जवानी को सोने का पानी बनाया, जिस को कि विरह कठिन (कडी आँच में) श्रोटन देता है, अर्थात् श्रोटता है। जवानी-रूपी पानी को विरह-स्याही ने छू दिया (जिस से वह पानी मैला हो गया); (जवानी में) भ्रमर फूलते हैं और सूगे हो कर फलते हैं (जवानी के आरम्भ में स्तनाग्र पहले कुछ काले रहते हैं, वे ही जानों भ्रमर के ऐसे काले फूल हैं; फिर स्तन वढने पर शुक के ऐसे पीले हो जाते हैं, वे ही सुग्गे के ऐसे फल हैं ॥)

जैसे ही जवानी-चन्द्र उदय हुआ तैसे ही संग में विरह-राहु लग गया; (इस कारण हे धाई) घटते घटते मैं क्षीण (दुर्बल) हो गई किसी से कह कर (अपनी दशा के) पार नहीं हो सकती ॥ १७५ ॥

चउपाई।

नयन जो चाक फिरहिँ चहुँ ओरा। चरचइ धाइ समाइ न कोरा ॥
कहेसि पेम जउ उपना बारी। बाँधहु सत मन डोल न भारी ॥
जेहि जिउ मँह सत होइ पहारू। परइ पहार न बाँकइ बारू ॥
सती जो जरइ पेम पिउ लागी। जउ सत हिअ तउ सीतल आगी ॥
जोबन चाँद जो चउदस-करा। बिरह क चिनगि चाँद पुनि जरा ॥
पवन-बंध सो जोगी जती। काम-बंध सो कामिनि सती ॥
आउ बसंत फूल फुलवारी। देओ-बार सब जइहहिँ बारी ॥

दोहा ।

तुम्ह पुनि जाहु बसंत लेइ पूजि मनावहु देउ ।
जीउ पाइ जग जनम कइ पीउ पाइ कइ सेउ ॥ १७६ ॥

नयन = आँख । चाक = चक्र = कोहार का चाक । चहुँ = चारो = चत्वारि । ओर = अपर, वा अवार = तरफ । चरचइ = चर्चयति = उपाय करती है = दुलारती है । समाइ = समाती है = संमाति । कोरा = क्रोड । कहेसि = कहा (कथ व्यक्तायां वाचि से बना है) । पेम = प्रेम । जउ = यदि = जौं । उपना = उत्पन्न हुआ । बारी = बालिका = बाला = बेटी । बाँधहु = बाँधइ का मध्यम-पुरुष में लोट् लकार का एक-वचन । सत = सत् = सत्य-धर्म । डोल = डोले = चले (दोल्ल सञ्चलने से) । भारी = भार जिस में हो । जिउ = जीव । मँह = मध्य । पहारू = प्रहार = पहाड । परइ = पडे (प्र उपसर्ग-पूर्वक पत्लृपतने से) । बाँकइ = बाँके = वक्र हो = टेढा हो । बारू = बाल । सती = पतिव्रता स्त्री = समीचीना । जरइ = जलती है (ज्वलति) । पिअ = प्रिय = पति । लागी = लग्न हो कर = लिये । हिअ = हृदय । तउ = तर्हि = तदा = तो । सीतल = शीतल = ठंढी । आगी = अग्नि = आग । जोबन = यौवन = जवानी । चाँद = चन्द्र । चउदस-करा = चतुर्दश-कला । बिरह = विरह = वियोग = जुदाई । चिनगि = चिल्कण = स्फुलिङ्ग = चिनगी । जरा = जलता है (ज्वल दीप्तौ से बना) । पवन-बंध = पवन बाँधनेवाला = हवा रोकनेवाला । जोगी = योगी । जती = यति । काम-बंध = काम रोकनेवाला । कामिनि = कामिनी = काम की इच्छा करनेवाली स्त्री । आउ = आयाति = आता है । बसंत = वसन्त-ऋतु । फूल = फूलती है (फुल्लति) । फुलवारी = पुष्प-वाटिका । देओ-बार = देव-द्वार । सब = सर्व । जइहहिँ = जइहइ (यास्यति) का बहु-वचन । बारी = बालिका = लडकियाँ ।

तुम्ह = तुम = त्वम् । पुनि = पुनः = फिर । जाहु = जाओ (याहि) । लेइ = लेकर (णी प्रापणे से नीला) । पूजि = आपूज्य = पूज कर । मनावहु = मनाओ (मानयतु) का बहु-वचन । देउ = देव = देवता । जीउ = जीव । पाइ = प्राप्य = पा कर । जग = जगत् = संसार । जनम = जन्म । पीउ = प्रिय = पति । सेउ = सेवा ।

(पद्मावती की) जो आँखें हैं (सो) चारो ओर फिरने लगीं; धाई उपाय करती है (बहुत दुलारती और धीरज देती है और गोद में लेती है पर पद्मावती) गोद में समाती नहीं (गिरी पडती है) ॥ धाई ने कहा, कि बेटी यदि (पति का) प्रेम

भूमिका

आज इस बात को पाँच छः वर्ष हुए होंगे, जब काशीनागरी-प्रचारिणी सभा में रक्षित हस्तलिखित हिंदी पुस्तकों की जाँच की गई थी और उनकी सूची बनाई गई थी। उस समय दो ऐसी पुस्तकों का पता चला जो बड़े महत्त्व की थीं, पर जिनके विषय में किसी को पहले कोई सूचना नहीं थी। इनमें से एक तो सूरसागर की हस्तलिखित प्रति थी और दूसरी कबीरदासजी के ग्रंथों की दो प्रतियाँ थीं। कबीरदासजी के ग्रंथों की इन दो प्रतियों में से एक तो संवत् १५६१ की लिखी है और दूसरी संवत् १८८१ की। दोनों प्रतियाँ सुंदर अक्षरों में लिखी हैं और पूर्णतया सुरक्षित हैं। इन दोनों प्रतियों के देखने पर यह प्रकट हुआ कि इस समय कबीरदास जी के नाम से जितने ग्रंथ प्रसिद्ध हैं, उनका कदाचित् दशमांश भी इन दोनों प्रतियों में नहीं है। यद्यपि इन दोनों प्रतियों के लिपि-काल में ३२० वर्ष का अंतर है पर फिर भी दोनों में पाठ-भेद बहुत ही कम है। संवत् १८८१ की प्रति में संवत् १६६१ वाली प्रति की अपेक्षा केवल १३१ दोहे और ५ पद अधिक हैं। उस समय यह निश्चय किया गया कि इन दोनों हस्त-लिखित प्रतियों के आधार पर कबीरदासजी के ग्रंथों का एक संग्रह प्रकाशित किया जाय। यह कार्य पहले पंडित अयोध्यासिंहजी उपाध्याय को सौंपा गया और उन्होंने इसे सहर्ष स्वीकार भी कर लिया। पर पीछे से समयाभाव के कारण वे यह कार्य न कर सके। तब यह मुझे सौंपा गया। मैंने यथासमय यह कार्य आरंभ कर दिया। मेरे दो विद्यार्थियों ने इस कार्य में मेरी सहायता करने की तत्परता भी प्रकट की, पर इस तत्परता का अवसान दो ही तीन दिन में हो गया। धीरे धीरे

ध रक्खो (जिस मैं
स के ऊपर) पहाड
) ॥ सती जो प्रेम से
तो (उस को) आग
र्दशी का चन्द्र है,
रता है। (चतुर्दशी
जलन से घबडाना
, कहाता है; और
क्रिया करनेवाले को
का देखो पृ० ४६)
तब) सब लडकियाँ

ाँ को ले कर) जाओ
कर जीव तो पाया
॥ १७६ ॥

रहिनि कहँ जाई ॥
ास कलपद्द कोऊ ॥
ाहिँ जनु काँटे ॥
मलइ-गिरि पीऊ ॥
अ लाइ गरासउँ ॥
चहहिँ पुनि घटे ॥
भोग का करना ॥

काज।
धनि कुलवंति जो कुल धरइ कइ जोबन मन लाज ॥ १७७ ॥

इति पदुमावति-बिओग-खंड ॥ १८ ॥

मैंने इस काम को स्वयं ही करना आरंभ किया। संवत् १९८३ के भाद्रपद मास में बहुत बीमार पड़ जाने तथा लगभग दो वर्ष तक निरंतर अस्वस्थ रहने और गृहस्थी संबंधी अनेक दुर्घटनाओं और आपत्तियों के कारण मैं यह कार्य शीघ्रतापूर्वक न कर सका। बीच बीच में जब जब अन्य झंझटों से कुछ समय मिला और शरीर ने कुछ कार्य करने में समर्थता प्रकट की, तब तब मैं यह कार्य करता रहा। ईश्वर की कृपा है कि यह कार्य अब समाप्त हो गया।

जैसा कि मैंने ऊपर कहा है, इस संस्करण का मूल आधार संवत् १५६१ की लिखी हस्तलिखित प्रति है। यह प्रति खेमचंद के पढ़ने के लिए मलूकदास ने काशी में लिखी थी। यह पता नहीं लगा कि ये खेमचंद और मलूकदास कौन थे। क्या ये मलूकदास कबीरदासजी के वही शिष्य तो नहीं थे जो जगन्नाथपुरी में जाकर बसे और जिनकी प्रसिद्ध खिचड़ी का वहाँ अब तक भोग लगता है तथा जिनके विषय में कबीरदासजी ने स्वयं कहा है 'मेरा गुरु बनारसी चेला समंदर तीर'? यदि ये वही मलूकदास हैं तो इस प्रति का महत्त्व बहुत अधिक है। यदि यह न भी हो, तो भी इस प्रति का मूल्य कम नहीं है। जैसा कि इस संस्करण की प्रस्तावना में सिद्ध किया गया है, कबीरदासजी का निधन संवत् १५७५ में हुआ था। यह प्रति उनकी मृत्यु के १४ वर्ष पहले की लिखी हुई है। अंतिम १४ वर्षों में कबीरदासजी ने जो कुछ कहा था यद्यपि वह इसमें सम्मिलित नहीं है, तथापि इसमें संदेह नहीं कि संवत् १५६१ तक की कबीरदासजी की समस्त रचनाएँ इसमें संगृहीत हैं। यह प्रति (क) मानी गई है। इसके प्रथम और अंतिम दोनों पृष्ठों के चित्र इस संस्करण के साथ प्रकाशित किए जाते हैं।

दूसरी प्रति (ख) मानी गई है। यह संवत् १८८१ की लिखी है अर्थात् इस प्रति के और (क) प्रति के लिपिकाल में ३२०

तु
जं
नयन =
अपर, वा अवा
समाती है =
पेम = प्रेम। ज
बाँधछ = बाँध
धर्म। डोल =
जीव। मँह =
से)। बाँकद
समीचीना। ज
= लिये। हि
अग्नि = आग।
बिरह = बिरह
जलता है (ज
जोगी = योगी
काम की इच्छ
फूल = फूलती
सर्व। जरहहिं =
तुम्ह = तुम
(णी प्रापणे से
बहु-वचन। देउ
संघार। जनम =
(पद्मावती की

है (बहुत दुलारती और धीरज देती है और गोद में लेती है पर पद्मावती) गोद में समाती नहीं (गिरी पड़ती है)॥ धाई ने कहा, कि बेटी यदि (पति का) प्रेम

(हृदय मेँ) उत्पन्न हुआ, (तो अभीँ) भारी सत से मन को बाँध रक्खो (जिस मेँ इधर उधर) न चले ॥ जिस के जी मेँ सत्-पहाड होता है, (उस के ऊपर) पहाड (भी गिर) पडे (तो भी उस का) बाल नहीँ बाँकता (टेढा होता) ॥ सती जो प्रेम से पति के लिये जलती है, (उस के) हृदय मेँ यदि सत्-धर्म है तो (उस को) आग ठंढी (जान पडती है) ॥ जो जवानी चतुर्दश-कला अर्थात् चतुर्दशी का चन्द्र है, उस मेँ विरहाग्नि की चिनगी पड जाने से फिर वह चन्द्र जला करता है। (चतुर्दशी के चन्द्र के लिये १६ दोहे की टीका देखो पृ० २२)। इस जलन से घवडाना न चाहिए) ॥ जो हवा को रोक रखता है वही योगी, यती, कहाता है; और जो काम को रोक रक्खे वही स्त्री सती (कहाती) है ॥ (योग-क्रिया करनेवाले को योगी कहते हैँ; यति के लिये ३० दोहे की चौपाइयोँ की टीका देखो पृ० ४६) वसन्त-ऋतु आता है (जब) फुलवारी फूल उठती हैँ। (उस समय तब) सब लडकियाँ (दर्शन के लिये) देव-दार मेँ जायँगी ॥

फिर तुम (भी) वसन्त ले कर (वसन्त के फूलोँ के ऐसी सखियोँ को ले कर) जाओ और देवता को पूज कर मनाओ, (कि हे देव) संसार मेँ जन्म कर जीव तो पाया (अब) पति पा कर (उस की) सेवा (करूँ ऐसा वर दान देओ) ॥ १७६ ॥

चउपाई ।

जब लगि अवधि चाह सो आई । दिन जुग बर बिरहिनि कहँ जाई ॥
नीँद भूख अह-निसि गइ दोऊ । हिअइँ मारि जस कलपइ कोऊ ॥
रोअँ रोअँ जनु लागहिँ चाँटे । सूत सूत बेधहिँ जनु काँटे ॥
दगधि कराह जरइ जस घीऊ । बेगि न आउ मलइ-गिरि पीऊ ॥
कवन देओ कहँ जाइ परासउँ । जेहि सुमेरु हिअ लाइ गरासउँ ॥
गुपुत जो फल साँसहिँ परगटे । अब होइ सुभर चहहिँ पुनि घटे ॥
भए सँजोग जो रे अस मरना । भोगी गए भोग का करना ॥

दोहा ।

जोबन चंचल ढीठ हइ करइ निकाजइ काज ।
धनि कुलवंति जो कुल धरइ कइ जोबन मन लाज ॥ १७७ ॥

इति पदुमावति-बिओग-खंड ॥ १८ ॥

जब लगि = यावत् = जब तक । अवधि = मिती = वसन्त-ऋतु का समय । सो = सः = वह । आई = आवे = (आ-उपसर्ग पूर्वक या प्रापणे से बना)। जुग = युग । बर = वर = बडा । बिरहिनि = विरहिणी । कहँ = को । जाई = जाता है = जायते । नींद = निद्रा । भूख = बुभुक्षा = खाने की इच्छा । अह-निसि = अहर्निश = दिन रात । गइ = गई = अगात् । दोऊ = दोनों = द्वावपि । हिअई = हृदये = हृदय में । मारि = मारयित्वा = मार कर । जस = यथा = जैसे । कलपइ = कल्पति = काटता है (कृपु छेदने)। कोई = कोऽपि । रोअँ = लोम = रोआँ । जनु = जाने = जानों । लागहिँ = लगइ (लगति) का बहु-वचन, लगते हैं । चाँटे = चींटे = चाटुक । सूत = सूत्र = एक परिमाण (दो सूत का एक पैन और चार पैन का एक इंच)। बेधहिँ = बेधइ (विध्यते) का बहु-वचन । काँटे = कण्टक । दगधि = दग्ध्वा = दग्ध हो कर = भस्म हो कर । कराह = कटाह = कराहा । घीउ = घृत = घी । बेगि = वेगेन = जल्दी । आउ = आता है (आयाति)। मलइ-गिरि = मलय-गिरि = मलयाचल । पीउ = प्रिय = पति । कवन = को नु = कौन । देओ = देव = देवता । जाइ = जा कर (या प्रापणे से बना है)। परासउँ = परसउँ (स्पृशानि) = छूऊँ । लाइ = लगा कर । गरासउँ = ग्रसउँ (ग्रसानि) = ग्रसूँ = निगल जायँ । गुपुत = गुप्त = छिपा । साँसहिँ = श्वासे = साँस में । परगटे = प्रकट हुए = परगटइ (प्रकटयति) का प्रथम-पुरुष में लिट् का एक-वचन । सुभर = शुभ्र = अच्छा । चहहिँ = चहइ (चहते वा इच्छति) का बहु-वचन । पुनि = पुनः = फिर । घटे = घटना = घटनम् (घट चेष्टायां से बना)। भए = भए । सँजोग = संयोग । अस = एतादृश = ऐसा । मरना = मरण । भोगी = भोग करने-वाला । गए = जाने पर । भोग = सुख-विलास । करना = करण ॥

जोबन = जवानी = यौवन । चंचल = चञ्चल । ढीठ = धृष्ट = ढीठा । हइ = अस्ति = है । करइ = करता है (करोति)। निकाजइ = निः कार्य का = बेकाम का । काज = कार्य । धनि = धन्य । कुलवंति = कुलवती = कुल-वधू । धरइ = धरती है (धरति)। कइ = कृत्वा = कर । लाज = लज्जा ।

जब तक वह (मन-)चाही मिती (वसन्त-ऋतु) आवे, (तब तक) विरहिणी (पद्मावती) को दिन बडे युग के ऐसा जाता है (बीतता है)॥ दिन रात नींद और भूख दोनों (चली) गई । (ऐसा जान पडता है, कि) कोई हृदय में मार कर काट रहा हो ॥ जानों रोएं रोएं में चींटे लगे हैं, और सूत सूत पर काँटे चुभते हों ॥

जैसे कराह में भस्म हो कर, घी जलता हो (तैसे ही पद्मावती का जो जल रहा है) मलयाचल-रूप पति जल्दी से नहीं आता है (जिस से जी की जलन बुझे)॥ (पद्मावती कहती है, कि) किस देवता को जा कर, कूजँ जिस से सुमेरु (सुमेरु ऐसा पति) को हृदय में लगा कर (इस जलन को) निगल जाऊँ अर्थात् बुझाऊँ। छिपे ऊए फल (जलन-रूप फल हा!) अब साँस की राह से प्रगट ऊए, अर्थात् गर्म साँस चलने लगी; सो अब (मैं) अच्छी (कान्ति की) हो कर, फिर घटना (मलिन ऊआ) चाहती हूँ॥ अरे यह जो संयोग सो ऐसा (आ गया जिस से अब) मरना होगा; सुख-विलास (का समय) बीत जाने पर भोग करनेवाले को (ले कर) क्या करना होगा॥

(कवि कहता है, कि) जवानी चञ्चल और ढीठी है; बेकाम ही का काम करती है। धन्य कुल-बधू है (कि इस) जवानी में मन में लज्जा कर (अपने) कुल को धरती है, अर्थात् नहीं छोडती॥ १७७॥

इति पद्मावती-वियोग-खण्डं नामाष्टादश खण्डं समाप्तम्॥ १८॥

अथ पदुमावति-सुआ-भेँट-खंड ॥ १९ ॥

चउपाई ।

तेहि बिओग हीरा-मनि आवा । पदुमावति जानहुँ जिउ पावा ॥
कंठ लाइ सूआ सो रोई । अधिक मोह जउ मिलइ बिछोई ॥
बुझा उठा दुख हिअइँ गँभीरू । नयनहिँ आइ चुआ होइ नीरू ॥
रही रोइ जउँ पदुमिनि रानी । हँसि पूछहिँ सब सखी सयानी ॥
मिले रहस चाहिअ भा दूना । कित रोइअ जउ मिला बिछूना ॥
तेहि क उतर पदुमावति कहा । बिछुरन दुख जो हिअइँ भरि रहा ॥
मिलत हिअइँ आएउ सुख भरा । वह दुख नयन नीर होइ ढरा ॥

दोहा ।

बिछुरंता जब भेँटइ सो जानइ जेहि नेह ।
सुक्ख सुहेला उग्गवइ दुक्ख झरइ जिमि मेह ॥ १७८ ॥

बिओग = वियोग । हीरा-मनि = हीरा-मणि शुक । आवा = आया = आयात् । जानहुँ = जाने = जानें । जिउ = जीव । पावा = पाया = प्राप्नोत् । कंठ = कण्ठ = गला । लाइ = लगा कर । सूआ = शुक = सूगा = सुग्गा । सो = सा = वह । रोई = रोअइ (रोदिति) का प्रथम-पुरुष में लिट् का एक-वचन । अधिक = बहुत । जउ = यदि = जौं । मिलइ = मिलता है (मिलति) । बिछोई = बिछोही = विच्छुरित = बिछुडा हुआ । बुझा = बुझइ (बुन्ध निशामने बुन्ध्यते से) का प्रथम-पुरुष में लिट् का एक-वचन । उठा = उदतिष्ठत् ।

दुख = दुःख। हिअइँ = हृदये = हृदय में। गँभीरू = गम्भीर = गहिरा। नयनहिँ = आँखों में। आइ = एत्य = आ कर। चुआ = चुअइ (च्यवते) का प्रथम-पुरुष में लिट् का एक-वचन। होइ = भूत्वा = हो कर। नीरू = नीर = पानी। रही = रहइ (रहते) का प्रथम-पुरुष में लिट् का एक-वचन। रोइ = रुदित्वा = रो कर। जउँ = ज्यों = जैसे-ही। पदुमिनि = पद्मिनी। हँसि = हसित्वा = हँस कर। पूछहिँ = पूछइ (पृच्छति) का प्रथम-पुरुष में लट् का बहु-वचन। सयानी = सयान (सज्ञान) का स्त्री-लिङ्ग। मिले = मिलने में (मिल सङ्गमे से)। रहस = क्रीडा = सुख। चाहिअ = चाहिए (चाहइ = इच्छति से बना)। भा = भया, यहाँ होना। दूना = द्विगुण। कित = किमुत = क्यों। रोइअ = रोइए (रोअइ = रोदिति से बना)। बिछूना = विच्छुरित = बिछुडा। क = का। उतर = उत्तर। कहा = कहइ (कथयति) का प्रथम-पुरुष में लिट् का एक-वचन। बिछुरन = विच्छुरण। भरि = भर कर। ढरा = ढरइ (अवधरति) का प्रथम-पुरुष में लिट् का एक-वचन॥

बिछुरंता = विच्छुरित = बिछुडा हुआ। जब = यदा। भेँटइ (मिलति वा अभ्यटति) = भेँटता है। जानइ = (जानाति) जानता है। नेह = स्नेह। सुक्ख = सुख। सुहेला = शोभित = सोहावना। उग्गवइ = उद्गच्छति = उदय होता है। दुक्ख = दुःख। झरइ = झरता है (झरति)। जिमि = यथा = जैसे। मेह = मेघ = बादल॥

तिसी (पति-)वियोग (की पीडा के समय में) हीरा-मणि शुक आ गया, (उस के देखने से) जानोँ पद्मावती जीव को पा गई। वह (पद्मावती) सुग्गे को गले में लगा कर रोई, (सच है) यदि बिछुडा मिले तो बहुत मोह होता है। (सुग्गे के बिछुडने का) दुःख बुझ गया और गहिरे हृदय से उठा; आँखों में आ कर पानी हो कर चू पडा। जैसे-ही पद्मिनी (पद्मावती) रानी रो कर (चुप हो) रही; (तैसे-ही) सब सयानी सखियाँ हँस कर पूछने लगीँ। (कि बिछुडे के) मिलने मेँ चाहिए कि दूना सुख हो; जब बिछुडा मिल गया (तब) क्योँ रोना चाहिए। तिस के उत्तर में पद्मावती ने कहा कि बिछुडने का जो दुःख हृदय में भरा था (उस के स्थान मेँ बिछुडे के) मिलते-ही सुख आ गया और हृदय मेँ भर गया (सो वह दुःख हलका हो कर) आँखोँ से पानी हो कर गिर पडा॥

(कवि कहता है कि) जब बिछुडा हुआ (आ कर) भेँटने लगता है (उस समय की दशा) वही जानता है जिसे कि नेह है; (उस समय) सोहावना सुख उदय होने लगता है और दुःख झरने लगता है जैसे कि मेघ॥ १७८॥

चउपाई ।

पुनि रानी हँसि कूसर पूछा । कित गवँनेहु पीँजर कइ छूँछा ॥
रानी तुम्ह जुग जुग सुख पाटू । छाज न पंखिहि पीँजर ठाटू ॥
जउँ भा पंख कहाँ थिरु रहना । चाहइ उडा पाँख जउँ डहना ॥
पीँजर मँह जो परेवा घेरा । आइ मँजारि कीन्ह तहँ फेरा ॥
दिवस-क आइ हाथ पइ मेला । तेँहि डर बनोबास कहँ खेला ॥
तहाँ बिआध आइ नर साधा । छूट न पाउ मीचु कर बाँधा ॥
वेइ धरि बेँचा बाम्हन हाथा । जंबू-दीप गएउँ तेँहि साथा ॥

दोहा ।

तहाँ चितर चितउर-गढ चितर-सेन कर राज ।
टीका दीन्ह पुतर कहँ आपु लीन्ह सिउ-साज ॥ १७९ ॥

पुनि = पुनः = फिर । रानी = राज्ञी । हँसि = हसित्वा = हँस कर । कूसर = कुशल । पूछा = पूछइ (पृच्छति) का प्रथम-पुरुष मेँ लिट् का एक-वचन । कित = किमुत = क्योँ गवँनेऊ = गए (गमन से बना) । पीँजर = पञ्जर = पिँजडा । कइ = कृत्वा = कर । छूँछा = खाली (छो छेदने से) । जुग = युग = एक काल-परिमाण । पाटू = पट्ट = सिंहासन । छाज = सोहता है (सज्जते) । पंखिहि = पची को । ठाट = स्थिति । जउँ = ज्योँ = जैसे-ही । भा = बभूव = ऊआ । पंख = पच = पर । कहाँ = कुतः = काहे को । थिरु = स्थिर । रहना = रहणीयं (रहइ से बना है) । चाहइ = चाहता है (चदते या इच्छति) । उडा = [उडइ (उड्डीयते) से बना है] उडना । पाँख = पच = पर । डहना = डयन = डैना । मँह = मध्य । परेवा = पारावत, यहाँ पची । घेरा = गृहीत । आइ = एत्य = आ कर । मँजारि = मार्जारी = बिलैया । तहाँ = तत्र । फेरा = स्फुरण = फेरी । दिवस-क = दिवस एक = एक दिन । हाथ = हस्त । पइ = अपि = निश्चय । मेला = मेले (मेलयेत्) = डाले । डर = दर = भय । बनोबास = वनवास । खेला = खेलइ (खेलति) का उत्तम-पुरुष मेँ लिट् का एक-वचन । बिआध = व्याध = बहेलिया । आइ = एत्य = आ कर । नर = नल = नरकट की नली = लग्गी जिस से बहेलिया खोँचा मारते हैँ । साधा = साधइ (साधयति) का प्रथम-पुरुष मेँ लिट् का एक वचन । छूट = छुटइ (छुट छेदने) ।

पाउ = पाता है (प्राप्यते)। मीचु = मृत्यु = मौत। बाँधा = बँधा = बद्ध। बेंद = बद्ध। धरि = धृत्वा = धर कर = पकड कर। बेँचा = बेँचइ (विक्रीणीते) का प्रथम-पुरुष मेँ लिट् का एक-वचन। बाम्हन = ब्राह्मण। जंबू-दीप = जम्बू-द्वीप। गम्रउँ = गया (गाङ् गतौ से बना है)। साथा = सार्थ = सङ्ग ॥

चितर = चित्र = विचित्र। चितउर-गढ = चित्तौर-गढ। चितउर = चित्रवर वा चित्रपुर। गढ = गाढ = दुर्ग = किला। चितर-सेन = चित्रसेन। कर = का। राज = राज्य। टीका = तिलक। पुतर = पुत्र = बेटा। आपु = आत्मा = स्वयम्। लीन्ह = लिया = लेइ (लाति) का प्रथम-पुरुष मेँ लिट् का एक-वचन। सिउ = शिव = महादेव। साज = सज्जित वस्तु॥

फिर रानी ने हँस कर कुशल पूछा (और कहा कि) पिँजडे को खाली कर क्योँ चले गए। (शुक ने कहा कि) हे रानी तुम युग युग सुख से सिंहासन (पर बैठो); पक्षी को पिँजडे की स्थिति नहीँ सोहती। जहाँ (जैसे-ही) पर हुआ (फिर) कहाँ ठहर कर रहना; जैसे-ही डैने मेँ पर हुए (तैसे-ही पक्षी) उडना चाहता है। (मैँ) पक्षी जो पिँजडे मेँ घिरा था, तहाँ बिलैया आ कर फेरी करने लगी। (मैँ ने सोचा कि) एक दिन आ कर निश्चय हाथ डालेगी; तिसी डर से वन-वास के लिये खेल किया अर्थात् चल दिया। तहाँ आ कर बहेलिये ने लग्गी को साधा; मौत का बँधा छूटने नहीँ पाता। (मैँ फँस गया) उस ने पकड कर एक ब्राह्मण के हाथ बेँच दिया, उस (ब्राह्मण) के साथ साथ जम्बू-द्वीप मेँ गया॥

तहाँ विचित्र चित्तौर-गढ मेँ राजा चित्र-सेन की राज है, (उस ने) बेटे को तिलक (राज-गद्दी) दे कर आप स्वयं महादेव के साज को लिया, अर्थात् मर कर शिव-लोक को गया॥ १७९॥

चउपाई।

बइठ जो राज पिता के ठाऊँ। राजा रतन-सेन ओहि नाऊँ॥
का बरनउँ धनि देस दिआरा। जहँ अस नग उपना उँजिआरा॥
धनि माता अउ पिता बखाना। जेहि के बंस अंस अस आना॥
लखन बतीस-उ कुल निरमरा। बरनि न जाइ रूप अउ करा॥
बेइ हउँ लीन्ह अहा अस भागू। चाहइ सोनइ मिला सोहागू॥

सो नग देखि हीँछा भइ मोरी । हइ यह रतन पदारथ जोरी ॥
हइ ससि जोग इहइ पइ भानू । तहँ तोहार मइँ कीन्ह बखानू ॥

दोहा ।

कहाँ रतन रतना-गिरी कंचन कहाँ सुमेरु ।
दइउ जो जोरी दुहुँ लिखी मिली सो कउन-हुँ फेरु ॥ १८० ॥

बइठ = बैठा = बैठइ (विशति) का प्रथम-पुरुष में लिट् का एक-वचन । राज = राजा वा राज्य । पिता = बाप । ठाऊँ = स्थान । रतन-सेन = रत्न-सेन । नाऊँ = नाम । का = क्या = कथम् । वरनउँ = वर्णये = वर्णन करूँ । धनि = धन्य । देस = देश । दिश्रारा = दीपाकार = दीए के ऐसा उज्ज्वल । जहँ = जहाँ = यत्र । अस = एतादृश = ऐसा । नग = पत्थल, यहाँ रत्न । उपना = उत्पन्न ऊआ (उत्पद्यते से लिट् का प्रथम-पुरुष में एक-वचन) । उँजिआरा = उज्ज्वल । बखाना = वर्णन-योग्य । बंस = वंश । अंस = अंश = अवतार । आना = आनइ (आनयति) का प्रथम-पुरुष में लिट् का एक-वचन । लखन = लक्षण । बतीस-उ = द्वात्रिंशदेव = बत्तीसो । (इस ग्रन्थ का ७६-७७ पृ० देखो) । निरमरा = निर्मल = साफ । जाइ = जाता है (याति) । करा = कला = तेज = कान्ति । हउँ = हौँ = मैं, यहाँ मुझे । अहा = आसीत् = थी । भागू = भाग्य । चाहइ = चहइ (चदते या इच्छति) = चाहता है । सोनइ = स्वर्णे = सोने में । मिला = मिलना = मेलनम् । सोहागू = सोहागा । देखि = देख कर (दृष्ट्वा) । हीँछा = हि-इच्छा = निश्चय, इच्छा । भइ = भई = ऊई (बभूव) । मोरी = मेरी = मम । हइ = है (अस्ति) । यह = अयम् । रतन = रत्न । पदारथ = पदार्थ = वस्तु । जोरी = जोडी = योज्य । ससि = शशि = चन्द्र । जोग = योग्य । इहइ = यही = अयमेव । पइ = अपि = निश्चय । भानू = भानु = सूर्य । तोहार = तुम्हारा । मइँ = मैं । बखानू = वर्णन ॥

रतना-गिरि = रत्न-गिरि = रत्न का पहाड । कंचन = काञ्चन = सुवर्ण = सोना । सुमेरु = सोने का पहाड । दइउ = देव वा दैव (भाग्य) = ब्रह्मा = विधि । दुऊ = दोनोँ की = द्वयोरपि । लिखी = लिखइ (लिखति) का प्रथम-पुरुष में लिट् का एक-वचन । कउन-ऊँ = किसी = केनापि । फेरु = फेर = स्फुरण = चाल ॥

पिता के स्थान पर जो राजा बैठा, उस राजा का रत्न-सेन नाम है । क्या वर्णन करूँ । दीपक के ऐसा (वह) देश धन्य है । जहाँ कि ऐसा उजला नग (रत्न-सेन) उत्पन्न ऊआ ।

वर्णन के योग्य माता और पिता धन्य हैं। जिन के वंश में (ब्रह्मा ने) ऐसे अंश को ले आया अर्थात् ऐसे पुरुष को उत्पन्न किया। (रत्न-सेन में) बत्तीसो लक्षण हैं (इस ग्रन्थ का ७६-७७ पृ॰ देखो)। (रत्न-सेन का) निर्मल कुल, रूप और तेज बखाना नहीं जाता। (मेरी) ऐसी भाग्य थी कि उन्हों ने मुझे लिया (खरीदा), (क्योंकि) सोने में सोहागा (रत्न-सेन में पद्मावती) मिलने चाहता है। उस नग (रत्न-सेन) को देख कर, निश्चय कर मेरी इच्छा हुई कि, यही रत्न पदार्थ (पद्मावती) की जोडी है। यही सूर्य निश्चय कर चन्द्र (पद्मावती) के योग्य है; (इस लिये) तहाँ पर मैं ने तुम्हारा वर्णन किया ॥

(देखो) कहाँ रत्नाचल में रत्न और कहाँ सुमेरु में सोना। (पर) देव ने जो दोनों की जोडी लिखी थी (इस लिये) किसी न किसी चाल से दोनों की जोडी मिल गई। (सोने की अँगूठी में रत्न ही जडा जाता है, दोनों के मिलने-ही से शोभा बढती है। दक्षिण ध्रुव के पास रत्नाचल में रत्न होता है और उत्तर ध्रुव के पास सुमेरु में सोना। पर दोनों की जोडी लिखी थी। इस लिये अँगूठी में दोनों एकट्ठे हो जाते हैं। इसी प्रकार तुम दक्षिण दिशा सिंहल में और राजा रत्न-सेन उत्तर दिशा चित्तौर में। परन्तु यदि जोडी लिखी है तो अवश्य मिलना होगा)॥ १८० ॥

चउपाई।

सुनि कइ बिरह-चिनगि ओहि परी। रतन पाउ जउ कंचन-करी ॥
कठिन पेम बिरहा दुख भारी। राज छाडि भा जोगि भिखारी ॥
मालति लागि भवँर जस होई। होइ बाउर निसरा बुधि खोई ॥
कहेसि पतंग होइ धनि लेऊँ। सिंघल-दीप जाइ जिउ देऊँ ॥
पुनि ओहि कोउ न छाडि अकेला। सोरह सहस कुअँर भए चेला ॥
अउरु गनइ को संग सहाई। महादेओ-मढ मेला जाई ॥
सूरुज पुरुस दरस कइ ताईं। चितवइ चाँद चकोर कि नाईं ॥

दोहा।

तुम्ह बारी रस जोग जेहि कवँलहि जस अरघानि।
तस सूरुज परगास कइ भवँर मिलाएउँ आनि ॥ १८१ ॥

सुनि कइ = श्रुत्वा = सुन कर। बिरह = विरह = वियोग = जुदाई। चिनगि = चित्-कण = आग की कनी = स्फुलिङ्ग। परी = परइ (पतति) का प्रथम-पुरुष मेँ लिट् का एक-वचन। रतन = रत्न। पाउ = पाता है (प्राप्यते)। जउ = यदि। कंचन = काञ्चन = सोना। करी = कली = कलिका। कठिन = कडा। पेम = प्रेम। दुख = दुःख। भारी = जिस मेँ भार (बोझा) हो। राज = राज्य। छाडि = छोड कर (आछोड्य)। भा = ऊआ (बभूव)। जोगि = योगी। भिखारी = भिक्षुक (भिक्षालु)। मालति = मालती = एक बरसात का लता-पुष्प। लागि = लग कर (लगित्वा) = लिये। भवँर = भ्रमर। जस = यथा = जैसा। होई = होता है (भवति)। होइ = होइ = हो कर (भूत्वा)। बाउर = वातुल = बौरहा। निसरा = निःसशार = निकला। बुधि = बुद्धि। खोई = खो कर = गवाँ कर। कहेसि = कहा (कथ व्यक्तायां वाचि से बना)। पतंग = पतङ्ग = फतिंगा। धनि = धन्या = पद्मावती। लेऊँ = लेवँ = लेइ (लाति) का सम्भावना मेँ उत्तम-पुरुष का एक-वचन। सिंघल-दीप = सिंहल-द्वीप। जाइ = जा कर (यात्वा)। जीउ = जीव। देऊँ = देवँ = देइ (दत्ते) का सम्भावना मेँ उत्तम-पुरुष का एक-वचन। अकेला = एकलः = एकाकी। सोरह = षोडश। सहस = सहस्र। कुअँर = कुमार = राज-कुमार। भए = भए = ऊए (बभूवुः)। चेला = शिष्य। गनइ = गने = गणयेत्। सहाई = सहाय = सहायक। महादेओ = महादेव। मढ = मठ = मन्दिर। मेला = मिले = डेरा किए (मिल सङ्गमे से)। जाई = जाइ = जा कर। सूरुज = सूर्य। पुरुस = पुरुष। दरस = दर्शन। कइ ताईँ = के लिये। चितवइ = (चेतयति वा चिन्तयति) = देख रहा है। चाँद = चन्द्र। चकोर = एक पक्षी। नाईँ = निभ = सदृश = बराबर ॥

बारी = बालिका थोडी अवस्था की या वाटिका। जोग = योग्य। कवँलहि = कमल मेँ। अरघानि = आघ्राण = सुगन्ध। परगास = प्रकाश। मिलाएऊँ = मिलाया (मेलयेयम्)। आनि = आनीय = ले आ कर ॥

(इस बात को) सुन कर उस के (हृदय मेँ) विरहाग्नि की कनी पड गई, (सच है) यदि कञ्चन की कली हो (तभी) रत्न को पाता है। प्रेम (होने) से विरह का दुःख कठिन और भारी होता है; (वह) राज्य छोड कर भिखारी हो गया। मालती के लिये भ्रमर की जैसी (दशा) होती है; (तैसे-ही) बुद्धि खो कर, पागल हो कर (घर से बाहर) निकला। कहा कि फतिंगा हो कर (उस) धन्या (पद्मावती) को लेऊँ और (उस के लिये) सिंहल-दीप मेँ जा कर जी को देऊँ। फिर उसे कोई

अकेला न छोडे (इस लिये) सोरह हजार राज-कुमार चेला ऊए (और संग मैं चले)। और संग मैं जो सहायक (चले उन को) कौन गिने; (इस प्रकार वह) जा कर महादेव के मठ मैं मिला है अर्थात् उतरा है। (वह) सूर्य-पुरुष (तुम्हारे) दर्शन के लिये (चारो ओर) देख रहा है, जैसे चकोर चन्द्र के लिये चारो ओर देखे॥

तुम थोडी अवस्था की जिस रस के योग्य हो जैसे कि कमल मैं सुगन्ध-रस, तैसा-ही सूर्य को प्रकाश कर, अर्थात् तुम्हारी प्रशंसा से उस के हृदय मैं विरह-रूपी सूर्य का प्रकाश कर (उस) भ्रमर (रत्न-सेन) को ले आ कर, मिलाया है॥ १८१॥

चउपाई।

हीरा-मनि जो कही यह बाता। सुनि कइ रतन पदारथ राता॥
जस सूरुज देखइ होइ ओपा। तस भा बिरह काम-दल कोपा॥
पइ सुनि जोगी केर बखानू। पदुमावति मन भा अभिमानू॥
कंचन जउ कसिअइ कइ ताता। तब जानहु दहुँ पीत कि राता॥
कंचन-करी न काँचुहिँ लोभा। जउ नग होइ पावइ तब सोभा॥
नग कर मरम सो जरिआ जाना। जुरइ जो अस नग हीर बखाना॥
को अस हाथ सिंघ-मुख घालेइ। को यह बात पिता सउँ चालइ॥

दोहा।

सरग इँदर डरि काँपइ बासुकि डरइ पतार।
कहँ अस बर पिरिथुमीँ मोहिँ जोग संसार॥ १८२॥

हीरा-मनि = हीरा-मणि, शुक। कही = कहा का स्त्रीलिङ्ग (कहा, कथ व्यक्तायां वाचि से ऊआ)। बाता = वार्त्ता = बात। सुनि कइ = सुन कर = श्रुत्वा। रतन = रत्न। पदारथ = पदार्थ = वस्तु (पद्मावती)। राता = रक्त = लाल। सूरुज = सूर्य। देखइ = देखता है (दृश्यते)। होइ = हो कर (भूत्वा)। ओपा = आउप = आतप। तस = तथा = तैसेई। भा = ऊआ = बभूव। बिरह = विरह = वियोग। काम-दल = काम की सेना।

कोपा = कोपइ (कुप्यते) का प्रथम-पुरुष मेँ लिट् का एक-वचन। पइ = पर = परन्तु। जोगी = योगी। केर = का। बखानू = वर्णन। अभिमानू = अभिमान। कंचन = कञ्चन = सोना। जउ = यदि। कसिअइ = कसिए = कषइ (कषति से बना है) कइ = कर = कृत्वा। ताता = तप्त = गर्म। जानऊ = जानिए (ज्ञायते)। दऊँ = दोनोँ मेँ = कि = अथवा। पीत = पीला। कंचन-करी = कञ्चन-कली। काँचुहिँ = काचे = काच मेँ। लोभा = लोभाता (लुभ धातु से)। नग = नगीना = रत्न। होइ = होवे (भवेत्)। पावइ = पाता है (प्राप्यते)। सोभा = शोभा। मरम = मर्म = भेद। जरिआ = जडिया = जडने-वाला = जोटक। जुरइ = जुटता है (जुट बन्धने)। हीर = हीरा। अस = ऐसा = एतादृश। हाथ = हस्त। सिंघ = सिंह। मुख = मुह। घालइ = घाले = डाले (घृ-प्रस्रवणे) प्रा. घल्लइ। सउँ = से। चालइ = चलावे (चालयेत्)॥

सरग = स्वर्ग। इँदर = इन्द्र। डरि = डर कर = दरिला। काँपइ = काँपता है (कम्पते)। बासुकि = वासुकि = नाग (इस ग्रन्थ का १६५ पृ० देखो)। डरइ = डरता है (दरति)। पतार = पाताल (३ पृ० देखो)। अस = ऐसा = एतादृश। बर = वर = श्रेष्ठ = विवाहयोग्य। पिरिथुमीँ = पृथिव्याम् = पृथिवी मेँ। जोग = योग्य। संसार = जगत्॥

हीरा-मणि शुक ने जो यह बात कही, (उसे) सुन कर रत्न का पदार्थ (रत्न-सेन के योग्य पद्मावती) (तप कर) लाल हो गया। जैसे सूर्य के देखने से ओप (तप) चढ जाता है; तैसे-ही विरह (और भी तप्त) हो गया और काम की सेना (और भी) कोपित हुई। पर योगी का वर्णन सुन कर पद्मावती के हृदय मेँ अभिमान हुआ। कि यदि कञ्चन की कली को तपा कर कसिए तब जान पडता है कि पीला है कि लाल। कञ्चन की कली काँच मेँ नहीँ लोभाती; यदि (सच्चा) नगीना हो तभी शोभा को पाती है। जो जडनेवाला होता है वही (सो) नग का भेद जानता है; जो वर्णन के योग्य नगीना हीरा हो तो जुटे, अर्थात् यदि रत्न-सेन सच्चा पुरुष-रत्न हो तो उस का और मेरा साथ हो सकता है। (परन्तु) ऐसा कौन है जो सिंह के मुह मेँ हाथ डाले; कौन इस बात को पिता से चलावे अर्थात् कौन ऐसा निडर है जो मेरे पिता के कान मेँ इस बात को डाले॥

(जिस के) डर से इन्द्र स्वर्ग मेँ और वासुकि पाताल मेँ काँपता है (उस के सामने कौन इस बात को चला सकता है)। इस संसार और पृथिवी मेँ कहाँ ऐसा वर है जो मेरे योग्य हो॥ १८१॥

चउपाई ।

तूँ रानी ससि कंचन-करा । वह नग रतन सूर निरमरा ॥
बिरह बजागि बीच का कोई । आगि जो छुअइ जाइ जरि सोई ॥
आगि बुझाइ धोइ जल काढइ । वह न बुझाइ आगि अति बाढइ ॥
बिरह कि आगि सूर नहिँ टीका । रातिहिँ दिवस फिरइ अउ धीका ॥
खनहिँ सरग खन जाइ पतारा । थिर न रहइ तेहि आगि अपारा ॥
धनि सो जीउ दगध इमि सहा । अकसर जरइ न दोसर कहा ॥
सुलगि सुलगि भीतर होइ सावाँ । परगट होइ न कहा दुख नावाँ ॥

दोहा ।

कहा कहउँ हउँ ओहि सउँ जेहि दुख कीन्ह न मेट ।
तेहि दिन आगि करउँ एहि (बाहर) होए जेहि दिन सो भेँट ॥ १८३ ॥

तूँ = त्वम् । ससि = शशि = चन्द्रमा । कंचन-करा = कञ्चन-कला = सोने की कला । रतन = रत्न-सेन । सूर = सूर्य । निरमरा = निर्मल = साफ । बजागि = वज्राग्नि = बिजुरी की आग । बीच = मध्य । का = किमु = क्या । छुअइ = छूता है (स्पृशति) । जाइ = जाता है (याति) । जरि = जर = ज्वलित । सोई = स एव = वही । बुझाइ = बुझा कर (अपबुध्यते से) । धोइ = धो कर = आधूय । जल = पानी । काढइ = काढता है = निकालता है = निःकाशयति । अति = बहुत । बाढइ = बढती है (वर्धते) । टीका = टिकइ (टीकते, टीक्ट गत्यर्थे) = टिकता है = ठहरता है । रातिहिँ = रात्रि = रात । दिवस = दिन । फिरइ = फिरता है (स्फुरति) । धीका = दहकइ (दह्यते) = दहका करता है । खनहिँ = क्षण में । सरग = स्वर्ग । पतारा = पाताल । थिर = स्थिर । रहइ = रहता है (रहति) । अपारा = अपार = जिस का पार न हो । धनि = धन्य । जीउ = जीव । दगध = दग्ध = दाह । इमि = एवम् = ऐसा । सहा = सहइ (सहते) । अकसर = एकसर = अकेला । जरइ = जलता है (ज्वलति) । दोसर = दूसरा = द्विः-सर । कहा = कहइ (कथयति) = कहता है । सुलगि = सुलग कर = सु-लग्य । भीतर = अभ्यन्तर । होइ = होइ = होता है (भवति) । सावाँ = श्याम = काला । परगट = प्रकट । होइ = होइ = हो कर (भूत्वा) । दुख = दुःख । नावाँ = नाम ॥

कहा = किमु हा = क्या । कहउँ = कहूँ (कथये) । हउँ = हैाँ = अहम् = मैँ । ओहि सउँ = उस से । मेट = मेटइ = मिटाता है (मठि शोके, मण्ठते) । करउँ = करूँ (करवाणि) । बाहर = बहिः । भेँट (भट भृतौ वा, अभ्यटति से) = मुलाकात ॥

(हीरा-मणि ने कहा कि) हे रानी (पद्मावती) तूँ चन्द्रमा और सोने की कला है और वह (रत्न-सेन) निर्मल सूर्य और नगीना है। (जो तुम कहती हो कि कौन बीच मेँ पडे और इस बात को पिता से कहे सो) बिरह-बिजुरी की आग के बीच क्या कोई पडे; (पडना दूर रहा) जो कोई (उस) आग को छूवे वही जल जाय। (साधारण) आग को पानी से बुझा कर (उस मेँ पडे सोने को) धो कर (आदमी) निकाल लेता है, (पर) वह (बिजुरी की) आग (पानी से) नहीँ बुझती (किन्तु) और अधिक बढती है। बिरह की आग से सूर्य नहीँ ठहरता है; रात दिन घूमा करता है और (जलन से) दहका करता है। (कवि की उत्प्रेचा है कि भगवान् की आँख से जिस दिन सूर्य बिछुडा, उसी दिन से जुदाई की आग से व्याकुल हो दिन रात तपा हुआ घूमा करता है, ठहरता नहीँ। पुराणोँ मेँ कथा है, कि सूर्य की उत्पत्ति भगवान् की आँख से है। तुलसी-दास ने भी विनय-पत्रिका मेँ लिखा है कि 'बिछुरे ससि रबि मन नयनन्ह तेँ', ८८ वाँ पद देखो)। चण मेँ स्वर्ग और चण मेँ पाताल जाता है; तिसी अपार (बिरह की) आग से स्थिर नहीँ रहता। धन्य वह जीव (रत्न-सेन) है जो ऐसे (आग की) दाह को सहता है; अकेला जला करता है (पर) दूसरे से नहीँ कहता। सुलग सुलग कर भीतर काला हो जाता है (पर) प्रगट हो कर दुःख का नाम (तक) नहीँ कहता है ॥

मैँ उस से (ब्रह्मा से) क्या कहूँ जिस ने दुःख को तो किया अर्थात् दिया (पर उस को) मिटाता नहीँ; (सो हे पद्मावति) जिस दिन वह (रत्न-सेन) भेँट करेगा उसी (तिसी) दिन इस आग को बाहर करूँ अर्थात् करूँगा (घबडाओ न अभीँ जहाँ तक बने इस आग को दबा कर हृदय मेँ रक्खो, भभकने न पावे) ॥ १८३ ॥

चउपाई ।

सुनि कइ धनि जारी अस काया । तन भउ साँच हिअइँ भउ माया ॥
देखउँ जाइ जरइ जस भानू । कंचन जरइ अधिक होइ बानू ॥
अब जउ मरइ सो पेम बिओगी । हतिआ मोहिँ जेहि कारन जोगी ॥

हीरा-मनि जो कही तुम्ह बाता। रहिहउँ रतन-पदारथ राता ॥
जउ वह जोग सँभारइ छाला। देइहउँ भुगुति देहउँ जय-माला ॥
आउ बसंत कुसल सउँ पावउँ। पूजा मिस मंडप कहँ आवउँ ॥
गुरु के बइन फूल मइँ गाँथे। देखउँ नयन चढावउँ माँथे ॥

दोहा ।

कवँल-भवँर तुम्ह बरना मइँ पुनि माना सोइ ।
चाँद सूर कहँ चाहिअ जउ रे सूर वह होइ ॥ १८४ ॥

सुनि कइ = सुन कर = श्रुत्वा। धनि = धन्या (पद्मावती)। जारी = जारइ (ज्वालयति) का प्रथम-पुरुष में लिट् का एक-वचन। अस = ऐसा = एतादृश। काया = काय = शरीर = देह।। तन = तनु = शरीर। भउ = भई (बभूव) = हुई। साँच = सच = सत्य। हिअइँ = हृदये = हृदय में। माया = मोह। देखउँ = देखूँ (पश्येयम्)। जाइ = जा कर = यात्वा। जस = यथा = जैसे। भानू = भानु = सूर्य। अधिक = बहुत। होइ = होइ = होता है (भवति)। बानू = वर्ण = रंग = रंगत। जउ = यदि। मरइ = मरे (मरेत्)। पेम = प्रेम। बिओगी = वियोगी = विरही। हतिआ = हत्या। कारन = कारण। जोगी = योगी। हीरा-मनि = हीरा-मणि। कही = कहा का स्त्री-लिङ्ग (कहा, कथ वाक्यार्थवाचि से)। बाता = वार्त्ता = बात। रहिहउँ = रहूँगी। रतन = रत्न। पदारथ = पदार्थ। राता = रक्त = लगी। जोग = योग। सँभारइ = सम्भरेत् = सँभाले। छाला = चैल = मृग-छाला = मृग-चर्म। देइहउँ = दूँगी = देऊँगी (दास्ये)। भुगुति = भुक्ति = भोग-विलास। देहउँ = देऊँगी। जय-माला = जय-माल = विजय की माला (स्वयंवर में स्त्री जिसे पसंद करती है उस के गले में जो माला पहना देती है, उसे जय-माला कहते हैं। यह प्रायः महुए के फूल की होती है, काव्यों में 'मधूक-माला' मिलता है)। आउ = आता है (आयाति)। बसंत = वसन्त-ऋतु। कुसल = कुशल। पावउँ = पावँ (प्राप्नुयाम्)। मिस = मिष = व्याज = बहाना। मंडप = मण्डप = देव-मन्दिर। आवउँ = आऊँगी (आयास्यामि)। गुरु = हीरा-मणि = शुक। बइन = वचन = बात। फूल = फुल्ल = पुष्प। मइँ = मैं। गाँथे = गाँथा = गाँथइ (ग्रथ्नाति) का उत्तम-पुरुष में लिट् का एक-वचन। नयन = आँख। चढावउँ = चढाऊँ (उच्चालयेयम्)। माँथे = मस्तक ॥

कवँल = कमल । भवँर = भ्रमर । बरना = बरनइ (वर्णयति) का मध्यम-पुरुष में लिट् का बहु-वचन । माना = मानइ (मन्यते) का उत्तम-पुरुष में लिट् का एक-वचन । सोइ = स एव = उसी को । चाँद = चन्द्र । सूर = सूर्य । चाहिअ = चाहिए, [चाहइ (इच्छति) से] । होइ = होवे (भवेत्) ॥

(रत्न-सेन ने) इस प्रकार से शरीर को जलाया है (इस बात को) धन्या (पद्मावती) सुन कर, शरीर में सत्य हो गई, अर्थात् शुक की बात को सच माना, और हृदय में मोह (उत्पन्न) हुआ । (कहने लगी कि इच्छा होती है कि) जिस प्रकार से सूर्य (रत्न-सेन) जल रहा है (उस लीला को) जा कर देखूँ; (क्योंकि) सोने के जलने से (उस में) बहुत रंगत होती है । (यहाँ सोने से रत्न-सेन को समझो जो कि विरहाग्नि में जल रहा है)। अब वह विरही यदि (मेरे) प्रेम से मर जाय (तो) मुझे हत्या लगेगी जिस के कारण कि (वह) योगी हुआ है । हे हीरा-मणि, तुम ने जो बात कही (उसे मैं ने मान लिया अब मैं) रत्न-पदार्थ (रत्न-सेन-रूप वस्तु) में लगी रहूँगी, अर्थात् उसी का ध्यान दिन रात किया करूँगी । यदि वह (रत्न-सेन) मृग-छाले के ऊपर योग को सँभाले (योग बिगडे न, अन्त तक सध जाय), तो (अवश्य) मुक्ति देऊँगी, और जय-माल (भी) देऊँगी, अर्थात् उसी के गले में जय-माल पहना अपना पति बना कर, उसी से भोग-विलास करूँगी । वसन्त-ऋतु आता है, (यदि उस ऋतु को) कुशल से पा जाऊँ, तो पूजा के बहाने देव-मन्दिर में आऊँगी । मैं गुरु की (तुम्हारी) बात, फूल के ऐसी गँठिआ (बाँध) लेती हूँ; (भगवान् से प्रार्थना है, कि उस विरही को) आँखों से देखूँ (और आदर के साथ) माँथे पर रक्खूँ ॥

आप ने (तुम्ह) (उस) कमल-भ्रमर का वर्णन किया, फिर मैं ने भी उसी को मान लिया । यदि रे (शुक) वह सूर्य है, तो चन्द्र सूर्य ही को चाहिए, अर्थात् मैं उसी के योग्य हूँ ॥ १८४ ॥

चउपाई ।

हीरा-मनि जो कही यह बाता । पाएउ पान भएउ मुख राता ॥
चला सुआ तब रानी कहा । भा जो पराउ सो कइसइ रहा ॥
जो निति चलइ सँवारइ पाँखा । आजु जो रहा कालिह को राखा ॥
न जनउँ आजु कहाँ दहुँ ऊआ । आएउ मिलइ चलेहु मिलि सूआ ॥

मिलि कइ बिछुर मरन कइ आना ।　कित आएउ जउ चलेहु निदाना ॥
अनु रानी हउँ रहतेउँ राँधा ।　कइसइ रहउँ बचा कर बाँधा ॥
ता करि दिसिटि अइस तुम्ह सेवा ।　जइस कूँज मन सहज परेवा ॥

दोहा ।

बसइ मीन जल धरती अंबा बसइ अकास ।
जउ पिरीति पइ दोउ मँह अंत होहिँ एक पास ॥ १८५ ॥

हीरा-मनि = हीरा-मणि शुक । कही = कहा का स्त्रीलिङ्ग (कथ व्यक्तायां वाचि से)। यह = अयम् । बाता = वार्त्ता = बात । पाएउ = पाया (प्राप्नोत्) । पान = पर्ण । भएउ = भया (बभूव) = ऊआ । सुख = शुह । राता = रक्त = लाल । चला = चलइ (चलति) का प्रथम-पुरुष में लिट् का एक-वचन । सुआ = शुक = सूगा = सुग्गा । तब = तदा । भा = भया (बभूव) = ऊआ । पराउ = परस्य = पराया = दूसरे का । कइसइ = कैसे = कथम् । रहा = रहे = रहइ (रहते) का प्रथम-पुरुष में लिङ् का एक-वचन । निति = नित्य । चलइ = चलनाय = चलने के लिये । सँवारइ = सँवारता है (संमार्जयति)। पाँखा = पंख = पच = पर । आजु = आज (अद्य) । काल्हि = कल = कल्य । राखा = रक्खे (रचेत्) । जनउँ = जानता हूँ (जाने) । कहाँ = कुत्र । दऊँ = दशा । ऊआ = उदय ऊई (उद्गात्) । आएउ = आए (या प्रापणे से) । मिलइ = मिलने (मेलन) । चलेऊ = चले (चल सञ्चलने से) । मिलि = मिल कर (मिलित्वा) । सूआ = शुक = सुआ । बिछुर = बिछुडना = विच्छुरण । मरन = मरण = मरना । कइ = का = कै । आना = आगमन । कित = किमुत = क्यों । जउ = यदि । निदान = अंत में । अनु = आन = शपथ, (अण प्राणने से) । वा अनु = [अनइ (अण शब्दार्थ का अणति) से] कहता हूँ । हउँ = अहम् = मैं । रहतेउँ = रहता (रह त्यागे धातु से) राँधा = राधित = भगवान् का नाम लेता वा ध्यान करता (कृष्णाय राध्यति दैवं पर्यालोचयतीत्यर्थः, सिद्धान्तकौमुदी, दिवादि)। रहउँ = रहूँ (रह त्यागे से) । बचा = वचन । कर = का । बाँधा = बाँधा ऊआ (बध बन्धने से) । ता करि = तिस की (इस ग्रन्थ का ७ पृ० ५ वेँ दोहे की ३ चौपाई देखो) । दिसिटि = दृष्टि । अइस = ऐसा = एतादृश । सेवा = सेवइ (सेवते) का मध्यम-पुरुष में लिट् का बऊ-वचन । जइस = यथा = जैसे । कूँज = कुञ्ज = वन की झाडी । सहज = स्वभाव ही से । परेवा = पारावत, यहाँ साधारण पची ॥

बसइ = बसता है (वसति)। मीन = मछली। जल = पानी। धरती = धरित्री = भूमि। अंबा = आम्र = आम। अकास = आकाश। पिरीति = प्रीति। पइ = अपि = पर = परन्तु। दोउ = दोनों = द्वयोः। मँह = मध्य = में। अंत = अन्त। होहिँ = होते हैं (भवन्ति)। ग्रक = एक। पास = पार्श्व = निकट ॥

हीरा-मणि ने जो यह बात कही (कि तेरे योग्य पुरुष-रत्न ले आया हूँ, इस से पद्मावती के हाथ से हीरा-मणि ने) पान (बीडा) पाया, (जिस से उस का) मुह लाल हो गया। (वहाँ से बिदा हो कर) शुक (हीरा-मणि) चला; तब रानी (पद्मावती) ने कहा कि जो दूसरे का हुआ वह (सो) कैसे रहे। जो नित्य चलने के लिये परों को सँवारा करता है, वह आज जो रहे (तो फिर) कल (उसे) कौन रक्खे, अर्थात् कोई नहीं रख सकता। हे शुक, नहीं जानती कि आज कहाँ से (आ कर मेरी) दशा उदय हुई, (कि तुम) मिलने आए (और अब) मिल कर चले। मिल कर बिछुडना, मरने को ले आना है, अर्थात् मरण के समान है; यदि अन्त में (तुम्हें) चलना ही था तो क्यों आए। (शुक ने कहा कि, रानी (तुम्हारी) शपथ, या रानी (मैं सच) कहता हूँ कि, भगवान् का स्मरण करता मैं (यहाँ) रह जाता; (पर) वचन से बँध कर (मैं पद्मावती से समाचार कह अभी आता हूँ, ऐसी प्रतिज्ञा रत्न-सेन से कर) (यहाँ) कैसे रहूँ। (इस में संशय नहीं कि) तुम ने तिस की (भगवान की) दृष्टि (कृपा) से (मेरी) ऐसी सेवा की; जैसे कि स्वभाव ही से पक्षियों का मन वन की झाडियों को सेवता है; अर्थात् जैसे पक्षियों का मन वन की झाडियों में लगा रहता है, उसी प्रकार तुम्हारा मन मेरे में लगा रहता है ॥

(सो रानी घबडाओ मत, देखो,) मछली भूमि में जल में बसती है और आम (ऊपर) आकाश में बसता है, अर्थात् रहता है; पर दोनों में जो प्रीति है (इस से) अन्त में (दोनों) एक संग हो जाते हैं। [मछली की मांस में खटाई (नीबू या आम की फाँकी) मिलने से बहुत ही स्वादु होता है। इस पर किसी मैथिल-कवि ने कविता की है कि—

केचिद्वदन्त्यमृतमस्ति सुरालयेषु केचिद्वदन्ति वनिताधरपल्लवेषु ।
ब्रूमो वयं सकलशास्त्रविचारदक्षा जम्बीर-नीर-परिपूरित-मत्स्य-खण्डे]

सो भगवान की दया होगी तो हम लोग फिर एकट्ठा हो जायँगे। यदि जीते जी न मिलँगे तो मरने पर मछली और आम के ऐसा साथ होगा ॥ १८५ ॥

exp.

चउपाई।

आवा सुआ बइठ जहँ जोगी। मारग नयन बिओग बिओगी॥
आइ परेवइँ कहा सँदेसू। गोरख मिला मिला उपदेसू॥
तुम्ह कहँ गुरू मया बहु कीन्हा। कीन्ह अदेस आदि कहँ दीन्हा॥
सबद एक होइ कहा अकेला। गुरु जस भिंग पनिग जस चेला॥
भिंगी ओहि पंखी पइ लेई। एकहि बार गहइ जिउ देई॥
ता कहँ गुरू करइ असि माया। नउ अउतार देइ नइ काया॥
होइ अमर अस मर कइ जीआ। भवँर कवँल मिलि कइ मधु पीआ॥

दोहा।

आवइ रितू बसंत जब तब मधुकर तब बासु।
जोगी जोग जो इमि करइ सिद्धि समापत तासु॥ १८६॥

इति पदुमावति-सुआ-भेँट-खंड॥ १९॥

आवा = आया = (आययौ)। सुआ = शुक = सुग्गा। बइठ = बैठा था = उपविष्ट। जहाँ = यत्र। जोगी = योगी। मारग = मार्ग = राह। नयन = आँख। बिओग = वियोग = विरह। बिओगी = वियोगी = विरही। आइ = एत्य = आ कर। परेवइँ = परेवा ने = पारावत ने, यहाँ पक्षी ने। कहा = कहइ (कथयति) का प्रथम-पुरुष मेँ भूत-काल का एक-वचन। सँदेसू = सन्देश = सँदेसा। गोरख = गोरख-नाथ = गोरक्ष-नाथ। मिला = मिलइ (मिलति) का प्रथम-पुरुष मेँ भूत-काल का एक-वचन। उपदेसू = उपदेश = शिक्षा। गुरू = गुरु। मया = माया = मोह = प्यार = कृपा। बहु = बहुत। अदेस = आदेश = आज्ञा। आदि = मुख्य = असल = पहली। सबद = शब्द = बात। होइ = होइ = हो कर (भूला)। अकेला = एकलः = एकाकी। भिंग = भृङ्ग = एक कीट। पनिग = पतङ्ग = फनगा = फतिंगा। चेला = शिष्य। भिंगी = भृङ्ग। पंखी = पक्ष जिस मेँ हो = फतिंगे। पइ = अपि = निश्चय कर। लेई = लेइ = लेता है (लाति)। बार = वार। गहइ = गहता है (गृह्णाति) = पकडता है। जीउ = जीव। देई = देइ (ददाति वा दत्ते) = देता है। ता कहँ = तिस को। करइ = (करोति) करता है। असि = ऐसी = एतादृशी।

नउ = नव = नया । अउतार = अवतार = जन्म । नद् = नई = नवा । काया = काय = शरीर । होदू = (भवेत्) होवे । अमर = जो न मरे = मृत्यु-रहित । मर कद् = मर कर (मृत्वा)। जीश्रा = जीवेत् = जीवे । भवँर = भ्रमर । कवँल = कमल । मिलि कदू = मिल कर (मिलित्वा)। मधु = शहद। पीश्रा = पीवे (पिबेत्) ॥

आवद् = आता है (आयाति)। रितु = ऋतु । बसंत = वसन्त । मधुकर = भ्रमर । बासु = बास = सुगन्ध। जोग = योग। दूमि = एवं = इस प्रकार। सिद्धि = मनोरथ-सिद्धि। समापत = समाप्त = पूर्ण = पूरी । तासु = तस्य = तिस का ॥

जहाँ योगी (रत्न-सेन) (शुक की) राह की ओर आँख लगाए और विरह से विरही हो कर बैठा था, (वहाँ पर) शुक (हीरा-मणि) आया। पची (शुक) ने आ कर सँदेसे को कहा, कि गोरख मिला और (उस गोरख से) उपदेश भी मिला। (गोरख से यहाँ पद्मावती है। गोरख के लिये २४० पृ० देखो।) तुम्हारे ऊपर गुरु (पद्मावती, गोरख-रूप) ने बहुत कृपा की; आज्ञा की (कि रत्न-सेन को चेला करूँगा) और पहली बात को भी दे दिया अर्थात् बता दिया। (पद्मावती ने) अकेले में हो कर एक बात कही; कि गुरु जैसा भृङ्ग और चेला जैसा फतिंगा है (भृङ्ग के लिये १५७ पृ० देखो)। भृङ्ग उस फतिंगे को निश्चय से लेता है, और एक ही वार पकडता है और (उस में अपना) जीव (डाल) देता है। तिस (फतिंगे) के ऊपर गुरु (भृङ्ग) ऐसी कृपा करता है, कि नया जन्म और नई शरीर दे देता है, अर्थात् अपनी जाति का बना देता है। इस प्रकार (फतिंगे के ऐसा) मर कर जीवे तो अमर होवे, और (तब) भ्रमर के ऐसा कमल में मिल कर मधु, अर्थात् कमल-रस, को पीवे ॥

जब वसन्त-ऋतु आती है तभी भ्रमर (देख पडते हैं), और तभी (फूलोँ में) सुगन्ध भी होती है; जो योगी इस प्रकार से (फतिंगे के ऐसा) योग को करता है, तिस की मनोरथ-सिद्धि पूरी हो जाती है ॥ १८६ ॥

इति पद्मावती-शुक-संमिलन-नामैकोनविंशति-खण्डं समाप्तम् ॥ १९ ॥

अथ बसंत-खंड ॥ २० ॥



चउपाई ।

दइअ दइअ कइ सो रितु गवाँई । सिरी-पंचमी पूजी आई ॥
भएउ हुलास नउल रितु माँहा । खन न सोहाइ धूप अउ छाँहा ॥
पदुमावति सब सखी हँकारी । जावँत सिँघल-दीप कइ बारी ॥
आजु बसंत नउल रितु-राजा । पंचमि होइ जगत सब साजा ॥
नउल सिँगार बनाफर कीन्हा । सीस परासहि सेँदुर दीन्हा ॥
बिगसि फूल फूले बहु बासा । भवँर आइ लुबुधे चहुँ पासा ॥
पिअर पात दुख झरे निपाते । सुख पल्लउ उपने होइ राते ॥

दोहा ।

अवधि आइ सो पूजी जो इच्छा मन कीन्ह ।
चलहु देउ-मढ गोहने चहउँ सो पूजा दीन्ह ॥ १८७ ॥

दइअ = देव । कइ = कर = हला । रितु = ऋतु । (संस्कृत मेँ ऋतु पुंलिङ्ग है परन्तु हिन्दी मेँ पुंलिङ्ग और स्त्री लिङ्ग दोनो है, कवि लोग दोनोँ का प्रयोग करते हैँ)। गवाँई = बिताई (गम्लृ गतौ से)। सिरी = श्रीः। पंचमी = पञ्चमी। श्री-पञ्चमी = वसन्त-पञ्चमी = माघशुक्ला पञ्चमी = जिस दिन से वसन्तोत्सव आरम्भ होता है। पूजी = पूजइ (पूर्यते) से प्रथम-पुरुष मेँ भूत-काल का एक-वचन। आई = आइ = एत्य = आ कर। भएउ = भया (बभूव) = हुआ। हुलास = उल्लास = आह्लाद। नउल = नवल = नए।

52

खन = चण । सोहाइ = सोहाद (शोभते) = सोहता है । धूप = घाम = धाम = रविकिरण । छाँहा = छाहँ = छाया । हँकारी = हँकारइ (हं कारयति वा हक्कारयति) का भूत-काल = पुकरवाई = बोलाई । जावँत = यावन्तः = जितनी । सिँघल-दीप = सिंहल-दीप । कइ = को । बारी = वालिका = लडकियाँ । आजु = अद्य = आज । बसंत = वसन्त । रितु-राजा = ऋतु-राज = ऋतुओं का राजा । होइ = होता है (भवति) । जगत = जगत् = संसार । सब = सर्व । साजा = साज = सज्जित = तयारी । सिँगार = शृङ्गार । बनाफर = वनस्पति, प्राकृत में वनप्फडिआ । सीस = शीर्ष = शिर । परासहि = पलास के । सेँदुर = सिन्दूर = सेँधूर । बिगसि = विकाश्य = विकशित हो कर = खिल कर । फूल = फुल्ल = पुष्प । फूले = फूले हैँ (फुल्लन्ति) । बज = बज्जत । बासा = वास = सुगन्ध । भवँर = भ्रमर । लुबुधे = लोभे हैँ (लोभन्ते) । चज = चारो = चत्वारि । पासा = पास = पार्श्व = ओर । पिअर = पीत = पीला । पात = पत्त्र = पत्ते । दुख = दुःख । झरे = झड पडे = गिर गए = झरइ (झरति) के प्रथम-पुरुष में भूत-काल का बज-वचन । निपाते = निःपत्त्र = बेपत्ते के । पल्लउ = पल्लव = नए पत्ते । उपने = उत्पन्न जए = उपनइ (उत्पद्यते) के प्रथम-पुरुष मेँ भूत-काल का बज-वचन । होइ = होइ = हो कर । राते = रक्त = लाल ॥

अवधि = मिति = मिती । चलज = चलो = चलइ (चलति) का आज्ञा मेँ मध्यम-पुरुष का बज-वचन । देउ-मढ = देव-मठ = देव-मन्दिर । गोहने = गोपन के लिये = रचा के लिये = साथ । चहउँ = चाहती हूँ (इच्छामि) ॥

(पद्मावती ने) हे देव, हे देव, (इस शिशिर ऋतु को शीघ्र बिताओ, ऐसा कह कह कर) उस (सो) ऋतु (शिशिर) को बिताई; श्री-पञ्चमी आ कर पूरी जई, अर्थात् पजँची । नए (वसन्त) ऋतु में (बडा) आह्लाद जआ; चण चण पर न घाम और न छाया सोहती है, अर्थात् घाम मेँ जाओ तो घाम कडा मालूम होता है और छाया मेँ आओ तो ठंढक लगती है (वसन्त का यही धर्म है) । पद्मावती ने सखिओँ को और सिंहल-दीप मेँ जितनी लडकियाँ थीँ सब को बोलवाया । (और कहा कि) आज नए ऋतु-राज वसन्त की पञ्चमी है संसार मेँ सब (उत्सव की) तयारी हो रही है । (वसन्त सब ऋतुओँ का राजा है इसी लिये भगवान कृष्ण ने भगवद्गीता मेँ कहा है कि 'ऋतूनां कुसुमाकरः') । वनस्पतियोँ ने भी नए शृङ्गार को किया है ; (देखो) पलास के शिर मेँ सेँदुर को दिया है । (वसन्त मेँ पलास की डालियोँ मेँ लाल लाल फूल उत्पन्न होते हैँ जिन्हेँ लोग टेँसू का फूल भी कहते हैँ । उन की ऐसी

शोभा है जानोँ वनस्पति ने पलाश के शिर मेँ सेँदुर दे कर शृङ्गार किया हो)। बहुत फूल सुगन्ध से भरे खिल कर फूले हैँ; (उन के) चारो ओर भ्रमर आ कर लोभे हैँ। दुःख-रूप पीले पत्ते झड पडे हैँ (वृक्ष सब) बे-पत्ते के हो गए हैँ; और सुख-रूप पल्लव लाल लाल हो कर उत्पन्न हो रहे हैँ ॥

सो जो मैँ ने मन मेँ इच्छा की थी उस की मिती आ कर पूरी हुई, अर्थात् पहुँची; (सब कोई) साथ साथ देव-मठ मेँ चलो; (इच्छा पूरी होने से देवता को, मानी हुई) सो (उस) पूजा को, दिया चाहती हूँ ॥ १८७ ॥

चउपाई।

फिरी आन रितु-बाजन बाजे। अउ सिँगार बारिन्ह सब साजे ॥
कवँल-करी पदुमावति रानी। होइ मालति जानहुँ बिगसानी ॥
तारा-मँडर पहिरि भल चोला। अउ पहिरइ ससि नखत अमोला ॥
सखी कुमोद सहस दस संगा। सबइ सुगंध चढाए अंगा ॥
सब राजा रायन्ह कइ बारी। बरन बरन पहिरहिँ सब सारी ॥
सबइ सरूप पदुमिनी जाती। पान फूल सेँदुर सब राती ॥
करहिँ कुरेल सुरंग रँगीली। अउ चोआ चंदन सब गीली ॥

दोहा।

चहुँ दिसि रही सु-बासना फुलवारी अस फूल।
वेइ बसंत सउँ भूलीँ गा बसंत ओहिँ भूल ॥ १८८ ॥

फिरी = फिरइ (स्फुरति) का प्रथम-पुरुष मेँ भूत-काल का एक-वचन। आन = आज्ञा। रितु-बाजन = ऋतु के बाजे जो वसन्त-ऋतु मेँ बजाए जाते हैँ, ढोल, डफ इत्यादि। बाजन = वादन = वाद्य। बाजे = बजइ (वाद्यते) का प्रथम-पुरुष मेँ भूत-काल का बहु-वचन। सिँगार = शृङ्गार। बारिन्ह = बारी (बालिका) का बहु-वचन। साजे = सजइ (सज्जते) का प्रथम-पुरुष मेँ भूत-काल का बहु वचन। कवँल-करी = कमल-कली। मालति = मालती = एक लता-पुष्प जो बरसात मेँ फूलती है। जानहुँ = जाने = जानोँ। बिगसानी = विकशित हुई = प्रसन्न हो कर खिल उठी = हँस दिया। तारा-मँडर =

तारा-मण्डल = तारा-गण = ताराओँ का झुंड । पहिरि = परिधाय = पहर कर = पहन कर । भल = अच्छा = वर । चोला = चोलना = निचोल = चोली । पहिरइ = पहरती है (परिधत्ते) । ससि = शशि = चन्द्र । नखत = नक्षत्र । अमोला = अमूल्य । कुमोद = कुमुदिनी = कोई । सहस = सहस्र । दस = दश । संगा = सङ्ग = साथ । सबइ = सभी । सुगंध = सुगन्ध । चढाए = चढाइ (उच्चालयति) का प्रथम-पुरुष मेँ भूत-काल का बक्र-वचन । अंगा = अङ्ग । रायन्ह = राय का बक्र-वचन (राय राजा ही से बना है परन्तु अब राय को राजा से छोटा समझते हैँ) । बरन = वर्ण = भाँति = तरह । पहिरहिँ = पहिरइ का बक्र-वचन । सारी = साडी । सरूप = स्वरूप । पदुमिनी = पद्मिनी । जाती = जाति । पान = पर्ण । फूल = फुल्ल = पुष्प । सेँदुर = सिन्दूर । राती = रक्त = लाल । करहिँ = करइ (करोति) का बक्र-वचन । कुरेल = कुलेल = खेल = क्रीडा । सु-रंग = सुरङ्ग = अच्छे रङ्ग से । रँगीली = रँगी ऊई । चोआ = च्युत = चुआने से जो सुगन्ध-द्रव्य हो । चंदन = चन्दन । गीली = आर्द्र = भीँजी = गलित ॥

चऊँ = चारो = चत्वारि । दिसि = दिशि । रही = रहइ (रहते) का प्रथम-पुरुष मेँ भूत-काल का एक-वचन । सु-बासना = सुगन्ध । फुलवारी = पुष्पवाटिका । भूलीँ = भूल गईँ = [भुलइ (भल परिभाषणे भलते) से] । गा = गया = अगात् ॥

(चारो ओर) आज्ञा फिर गई, वसन्त-ऋतु के बाजे बजने लगे और सब लडकियाँ शृङ्गार को सजने लगीँ । कमल-कली सी पद्मावती रानी जानोँ मालती हो कर विकसित ऊई (कमल-कली लाल होती है, हँसने की उपमा श्वेत से दी जाती है । प्रसन्नता से कमल-कली सी पद्मावती हँस देने से श्वेत हो गई, सो जानोँ मालती हो गई । मालती का फूल श्वेत होता है) । पद्मावती ताराओँ के ऐसी अच्छी चोली पहन कर, (चोली के कपडे मेँ चारो ओर तारे के ऐसे बूटे निकाले ऊए हैँ जिन की शोभा ऐसी है जानोँ पद्मावती तारा-गणोँ ही को पहने ऊई है), और अमूल्य (गहनोँ को) पहनती है, जैसे चन्द्र नक्षत्रोँ को पहने । (चन्द्र पद्मावती और नक्षत्र आभूषण हैँ) कोई (ऐसी) दश हजार सखी संग मेँ हैँ जो सब कि अङ्गोँ मेँ सुगन्ध चढाए (लगाए) ऊई हैँ । सब राजा और रायोँ की लडकियाँ हैँ; सब भाँति भाँति की साडियाँ पहने ऊई हैँ । सब सुन्दर हैँ और जाति मेँ पद्मिनी हैँ; पान, फूल और सेँदुर से सब लाल (हो रही) हैँ । (पद्मिनी के लिये पृ० ४७ देखो) (सब) अच्छे रंग से रँगी ऊई कुलेल करती हैँ और चोआ चन्दन से सब भीँजी ऊई हैँ ॥

चारो दिशा में सु-गन्ध छा रही है; ऐसा (जान पडता है कि) फुलवारी के (सब) फूल हैं। वे सखी सहेलियाँ वसन्त-ऋतु से भूली ऊई हैं और वसन्त-ऋतु उन में भूला ऊआ है, अर्थात् वसन्त की शोभा में सब सखियाँ मोहित हैं और सखियों की शोभा देख वसन्त भी मोहित हो गया है; वसन्त की शोभा और सखियों की शोभा एक एक से बढ कर हैं ॥ १८८ ॥

चउपाई।

भइ आहाँ पदुमावति चली। छत्तिस कुरि भइँ गोहन भली ॥
भइ गउरी सँग पहिरि पटोरा। बाँभनि ठाउँ सहस अँग मोरा ॥
अगरवारि गज-गवँन करेई। बइसिनि पाँउ हंस-गति देई ॥
चँदेलिनि ठमकहिँ पगु ढारा। चलिँ चउहानि होइ झनकारा ॥
चलीँ सोनारि सोहाग सोहाती। अउ कलवारि पेम-मधु माती ॥
बानिनि देइ सैँदुर भल माँगा। कइथिनि चलीँ समाहिँ न आँगा ॥
पटइनि पहिरि सुरँग तन चोला। अउ बरइनि मुख खात तमोला ॥

दोहा।

चलीँ पउन सब गोहने फूल डार लेइ हाथ।
बीसुनाथ कइ पूजा पदुमावति के साथ ॥ १८९ ॥

भइ = भई (बभूव)। आहाँ = आह्वान = पुकारने की बोली। पदुमावति = पद्मावती। चली = चलइ (चलति) का प्रथम-पुरुष में भूत-काल का एक-वचन। छत्तिस = छत्तीस = षट्त्रिंशत्। कुरि = कुली = कुल की = जाति की। गोहन = गोपन = रचा = साथ। भली = अच्छी = वरा। गउरी = गौरी = पार्वती। सँग = सङ्ग = साथ। पहिरि = पहन कर (परिधाय)। पटोरा = पट्टोर्ण = पट्ट और ऊर्ण के वस्त्र = रेशमी और ऊनी कपडे। बाँभनि = ब्राह्मणी। ठाउँ = स्थान। सहस = सहस्र। अँग = अङ्ग। मोरा = मोरती है = ऐँठती है = मोडती है = मोरइ = मोडइ (मुड मर्दने से)। अगरवारि = अगरवालिन = अगरवाले की स्त्री। गज-गवँन = गज-गमन = हाथी की चाल। करेई = करइ (करोति) = करती है। बइसिनि = बैसिनि = वैश्या वा बैस ठाकुर की स्त्री।

पाँउ = पैर = प्रग = पाद । हंस-गति = हंस के ऐसी चाल । (हंस एक श्वेत जल-पत्ती है जो दूध-पानी को अलग अलग कर देता है)। देई = देइ (ददाति) = देती है। चंदेलिनि = चँदेले की स्त्री, (चँदेली मेँ जो चत्रिय बस गए उन्हेँ चँदेला कहते हैँ, चँदेली के लिये पृ० २७० देखो)। ठमकहिँ = ठमकइ (स्तम्भयति) का बक्त-वचन, रुक रुक के चलती हैँ। पगु = प्रग = पैर। ढारा = धारा = धरती हैँ = रखती हैँ (धृ धारणे से)। चलिँ = चलीँ = चलइ (चलति) का प्रथम-पुरुष मेँ भूतकाल बक्त-वचन। चउहानि = चौहान की स्त्री (चौहान एक प्रकार के चत्रिय हैँ। दिल्ली का अन्तिम राजा पृथ्वीराज चौहान ही था)। होइ = होता है (भवति)। झनकार = झणत्कार = गहनोँ का झन झन शब्द। सोनारि = सोनारिन = सोनार की स्त्री। सोनार = सुवर्ण-कार। सोहाग = सौभाग्य। सोहाती = सोहती = शोभित। कलवारि = कलवारिन = कलवार की स्त्री, कलवार = शराब बनाने और बेँचनेवाले। पेम = प्रेम। मधु = मदिरा = शराब। माती = मत्त = मस्त। बानिनि = बनिआइन = बनिये की स्त्री, बनिया = वणिक्। सेँदुर = सिन्दूर। माँगा = माँग (माँग के लिये पृ० १६६ देखो)। कइथिनि = कायस्थ की स्त्री = ललाइन। समाहिँ = समाती नहीँ हैँ (संमाति) = समाइ का बक्त-वचन। आँगा = अङ्ग। पटइनि = पटवे की स्त्री, पटवा = गहना गुहने-वाला = पट्टवाहक = रेशम रखने-वाला। सुरँग = सुरङ्ग = अच्छे रङ्ग का। तन = तनु = शरीर। चोला = चोल = निचोल = चोली वा चोलिया। बरइनि = बरई की स्त्री, बरई = पर्णी = पान-रखनेवाला एक प्रकार का तमोली। खात = खाती (खादृ भक्षणे से)। तमोला = ताम्बूल = पान ॥

पउन = पवन = हवा, वा पउन = पावन = पवित्र। फूल = फुल्ल = पुष्प। डार = डार = डाला = डलिया = डाली। लेइ = लेइ = ले कर (नीला, वा ला धातु से ल्यप्)। हाथ = हस्त। बीसुनाथ = विश्वनाथ = महादेव। साथ = सार्थ = सङ्ग ॥

'पद्मावती (महादेव पूजने) चली' (ऐसी) पुकार की बोली हुई; छत्तीसो कुल की अच्छी अच्छी सखियाँ साथ हुईँ। रेशमी और ऊनी कपडे पहन कर पार्वती के ऐसी ब्राह्मणी (पुरोहितानी) संग हुई, (जो कि नेग लेने के लिये) हजारोँ स्थान पर, अर्थात् स्थान स्थान पर, (अपने) अङ्ग को मोडती है, अर्थात् नाक भौँ सिकोडती है कि विना नेग लिये आगे न बढने दूँगी। अगरवालिन हाथी के ऐसा गमन करती है, अर्थात् बहुत धीरे धीरे चलती है; वैश्या वा बैसठकुराइन, हंस की गति ऐसी (भूमि मेँ)

पैर को देती है अर्थात् रखती है। चंदेलिन (राह में) ठमक जाती हैं इधर उधर नखरा तिल्ला कर, पैर के गहनों को सँभार तब फिर) पैर को रखती हैं। चौहानिन (जब) चलती हैं (तब गहनों का अच्छा) झन झन शब्द होता है, अर्थात् चौहानिन गहनों से लदी हैं। सौभाग्य से सोहती सोनारिन और प्रेम-मदिरा से माती कलवारिन चलीं। बनिआइन और कैथिनि माँग में अच्छी तरह से सेंदुर दे कर चलीं (खुशी से) अङ्ग में नहीं समाती हैं। पटइनि देह में अच्छे रंग की चोलिया पहन कर और बरइनि मुह में पान खाते चलीं॥

सब हवा ऐसी वा पवित्र हाथ में फूलों की डलिया ले ले कर साथ साथ महादेव की पूजा (करने को) पद्मावती के साथ चलीं॥ १८९॥

चउपाई।

ठठेरिनि चलिँ बहु ठाठर कीन्हे। चलीँ अहीरिनि काजर दीन्हे॥
गूजरि चलिँ गोरस कइ माती। तंबोलिनि चलिँ रँग बहु राती॥
चलीँ लोहारिनि पइनइँ नयना। भाँटिनि चलीँ मधुर मुख बयना॥
गंधिनि चलीँ सुगंध लगाए। छीपिनि छीपइँ चीर रँगाए॥
रँगरेजिनि तन राती सारी। चलीँ चोख सउँ नाउनि बारी॥
मालिनि चलीँ फूल लेइ गाँथे। तेलिनि चलीँ फुलाएल माँथे॥
कइ सिँगार बहु बेसवा चलीँ। जहँ लगि मूँदी बिकसीँ कलीँ॥

दोहा।

नटिनि डोमिनि ढोलिनी सहनाइनि भेरिकारि।
निरतत तंत बिनोद सउँ बिहँसत खेलत नारि॥ १९०॥

ठठेरिनि = ठठेर की स्त्री, ठठेर = वर्त्तन बनाने और बेँचने-वाले। ठाठर = ठाट = तयारी। अहीरिनि = अहीर की स्त्री, अहीर = आभीर = गाय पालने-वाले, इन्हें ग्वाल (गोपाल) भी कहते हैं। काजर = कज्जल। गूजरि = गुर्जरी = गूजर की स्त्री, गूजर = गुर्जर = एक प्रकार के अहीर। गोरस = गोदुग्ध = दूध। माती = मत्त = मस्त। तंबोलिनि = तमोलिन = तमोलिनि = तमोली की स्त्री, तमोली = ताम्बूली = ताम्बूल (पान) बेँचने-वाले। रँग = रङ्ग। राती = रक्त = अनुरक्त = रँगी हुई। लोहारिनि =

लोहाइन = लोहार की स्त्री, लोहार = लोहकार = लोहे का काम करने-वाला। पइनइँ = पैनी (पैणृ गति-प्रेरण-स्लेषणेषु, भ्वादि, से बना) = तीक्ष्ण = तीखी। भाँटिनि = भाट की स्त्री, भाट = जो कि लोगोँ का गुण गाया करते हैँ (भटति वदति गुण-मिति भाटः)। मधुर = मीठी। बयना = वचन। गंधिनि = गंधी की स्त्री, गन्धी, जो गन्ध (सुगन्ध द्रव्य) बँचे। लगाए = लगाए हुए (लग धातु से)। छीपिनि = छीपी की स्त्री, छीपी = छापा छापने-वाला = छीँट बनाने-वाला = चेपी = कुछ और वस्त्र मेँ मिला देने-वाला। छीपइँ = छीपी से। चीर = वस्त्र = कपडा। रँगाए = रँगाए हुए (रञ्ज रागे से)। रँगरेजिनि = रँगरेज की स्त्री, रँगरेज = कपडा रँगने-वाला। तन = तनु = शरीर = देह। राती = रक्त = लाल। सारी = साडी। चोख = तीखी = तीक्ष्ण। नाउनि = नाऊ (नाई) की स्त्री, नाऊ = नापित = बाल बनाने-वाला। बारी = बारिनि = बारी की स्त्री, बारी = पर्णी = पत्तल बनाने-वाला। मालिनि = माली की स्त्री, माली, फूलोँ की माला बनाने-वाला। गाँथे = ग्रन्थि मेँ = गठरी मेँ। तेलिनि = तेली की स्त्री, तेली = तेल बनाने और बँचने-वाला। फुलाएल = पुष्पतैल = फुलेल। माँथे = मस्तक पर = शिर पर। सिँगार = शृङ्गार। बेसवा = वेश्या = नगरनारी = वाराङ्गना = कसबी = रंडी। जहँ लगि = जहाँ तक। मूँदी = मुद्रित = बंद। बिकसीँ = विकशित हुईँ = खिलीँ = खिल उठीँ। कलीँ = कली का बहु-वचन ॥

नटिनि = नट की स्त्री, नट = तमाशा देखाने-वाले। डोमिनि = डोम की स्त्री, डोम = मुर्दे घोडे को ले जाने-वाले और खाने-वाले। ढोलिनी = ढोल की स्त्री, ढोल = ढोल बजाने-वाले = डफाली। सहनाइनि = सहनाई बजाने-वाले की स्त्री, सहनाई बजाने-वाला = हेला = मेहतर। भेरिकारि = भेरी (नगाडा) बजाने-वाले की स्त्री, भेरी बजाने-वाला = चमार = चर्मकार। निरतत = नृत्यन् = नाचते। तंत = तन्त्र = बाजा। बिनोद = विनोद = आनन्द = खुशी। बिहँसत = विहसन् = बिहँसती। खेलत = खेलन् = खेलती। नारि = नारी = स्त्री ॥

बहुत तयारी किए ठठेरिन चलीँ; (आँखोँ मेँ) काजर दिए अहीरिन चलीँ। दूध से मस्त गूजरी चलीँ; बहुत रंग से रँगी तमोलिन चलीँ। तीखी आँख-वालीँ लोहारिन चलीँ; मुख मेँ मीठी बात भरे भाँटिन चलीँ। सुगन्ध को लगाए गंधिन चलीँ; छीपी से कपडे को रँगाए छीपिन चलीँ। देह मेँ लाल साडी (पहन कर) रँगरेजिन चलीँ; नाउन और बारिन (बडी) चोखाई से चलीँ, अर्थात् बडी तीखी

चाल से चलीँ (भीतर बाहर सदा काम करते ढीठी हो गई हैँ इस लिये बडी तेजी से चलती हैँ; मर्दों का कान काटती हैँ)। गठरिओं मेँ फूल ले कर मालिन चलीँ; और शिर पर फुलेलोँ को ले कर तेलिन चलीँ। शृङ्गार किए बहुत वेश्या चलीँ; जहाँ तक मूँदी कलिया थीँ सब खिल गईँ, अर्थात् जो जो लडकियाँ घर मेँ सदा बंद रहा करती थीँ सब बाहर निकल पडीँ॥

नटिन, डोमिन, ढोलिन, सहनाई और भेरी बजाने-वालीँ (सब) स्त्रियाँ बाजे के आनन्द से नाचती, विहँसती, और खेलती (चलीँ)॥

कवि ने दोनोँ दोहाओँ की चौपाइओँ मेँ ब्राह्मणी १। अगरवालिन २। बैसिन ३। चंदेलिन ४। चौहाइन ५। सोनारिन ६। कलवारिन ७। बनिआइन ८। कैथिन ९। पटइन १०। बरइन ११। ठठेरिन १२। अहीरिन १३। गुजरी १४। तँबोलिन १५। लोहारिन १६। भाँटिन १७। गंधिन १८। छीपिन १९। रँगरेजिन २०। नाउन २१। बारिन २२। मालिन २३। तेलिन २४। वेश्या २५। नटिन २६। डोमिन २७। ढोलिन २८। सहनाइन २९। भेरिकारिन (चमाइन) ३०। यह तीस जात की स्त्रियोँ को कहा। इन मेँ वेश्या की कोई जाति न होने से २९ ही जाति हुई शेष ७ जाति 'जहँ लगि मूँदी विकसीँ कलीँ' इस से समझ लेना चाहिए। आज कल प्रचलित ३६ जाति के लिये पृ० १५५ देखो॥ १९०॥

चउपाई।

कवँल सहाय चलीँ फुलवारी। फर फूलन्ह कइ इच्छा-बारी॥
आपु आपु मँह करहिँ जोहारू। यह बसंत सब कहँ तेवहारू॥
चहइ मनोरा झूमक होई। फर अउ फूल लिअउ सब कोई॥
फागु खेलि पुनि दाहब होरी। सँतब खेह उडाउब झोरी॥
आजु साजि पुनि दिवस न दूजा। खेल बसंत लेहु कइ पूजा॥
भा आअसु पदुमावति केरा। बहुरि न आइ करब हम फेरा॥
तस हम कहँ होइहि रखवारी। पुनि हम कहाँ कहाँ यह बारी॥

दोहा।

पुनि रे चलब घर आपुन पूजि बिसेसर देउ।
जेहि का होहइ खेलना आजु खेल हँसि लेउ॥ १९१॥

कवँल = कमल। सहाय = सहायक। चली = चलइ (चलति) का प्रथम-पुरुष में भूत-काल का बहु-वचन। फुलवारी = फुल्लवाटिका = पुष्पवाटिका। फर = फल। फूलन्ह = फूल (फुल्ल) का बहु-वचन। कइ = की। बारी = वाटिका = बगीचा। आपु = आप (आत्मा) = अपने। करहिं = करइ (करोति) का बहु-वचन। जोहारू = हे जीव-हार = प्रणाम। तेवहारू = तिहवार = पर्व। चहइ = चाह से = खुशी से। मनोरा = मनोहर = मनोहरा। झूमक = स्त्रियाँ साथ हो कर झूम झूम कर जो गाती हैं उस गान को झूमक कहते हैं। होई = होइ (भवति) = होता है। लिअउ = लिए। फागु = फाल्गुन का उत्सव। खेलि = खेल कर (खेलित्वा)। दाहब = जलावेंगी = (दाहयिष्यामः)। होरी = होली = होलिका (फाल्गुन की पूर्णिमा को रात्रि में प्रत्येक ग्राम की सीमा में काठ सरपत का टाल लगाया जाता है; उसे होली या होलिका कहते हैं; गावँ के लोग एकट्ठाँ हो कर मन्त्र पढ कर उस में आग लगाते हैं, उस की प्रदक्षिणा करते हैं, और आपस में एक दूसरे को गाली देते हैं; होलिका-माहात्म्य में लिखा है कि उस दिन ग्राम में ढुण्ढि राक्षसी आती है और लडकों को दुःख देती है, इस लिये सीमा पर आग बारना और ललकार ललकार गाली देना जिस में वह डर से ग्राम में न आने पावे (भगलिङ्गाङ्कितैः शब्दैस्त्रासयेत् ढुण्ढिराक्षसीम्); यह रीति बढते बढते ऐसी बढ गई कि अब लोग आपस ही में गाली बकते हैं। पुराणों में यह भी कथा है कि हिरण्याक्ष दानव की बहिन होली थी; वह जब स्नान करने लगे तो उस के अञ्चल से आग निकले। हिरण्याक्ष ने अपने पुत्र प्रह्लाद को, जो कि पिता के मत से विरुद्ध वैष्णव हो गया था, जलाने के लिये स्नान के समय अपनी बहिन के गोद में डाल दिया; दैव-संयोग से उस दिन होली ही जल गई प्रह्लाद बच गया; प्रह्लाद के संगी लडके ताली पीट पीट कर खुशी से होली को गाली देने लगे। उसी दिन से प्रतिवर्ष लोग उस की नकल करने लगे। प्राचीन समय में यह रीति थी कि होली की जली हुई भस्म को एकट्ठाँ कर झोरियों में रख आपस में एक दूसरे के देह में पोतते थे और खुशी से गाली बकते थे, पर अब भस्म की जगह अबीर लगाते हैं। होलिका-माहात्म्य में लिखा है कि होली को जला कर उस दिन डोम को छूना चाहिए। सेंतब = सेंतेंगी = एकट्ठाँ करेंगी (समेष्यति)। खेह = धूलि = धूर (खे आकाशे ईहा इच्छा यस्य)। उडाउब = उडावेंगी = उडावइ का उत्तम-पुरुष में भविष्यत् काल में बहु-वचन। झोरी = थैली, वा झोल = जलने के समय

किसी ने आम की डार को पकड लिया; किसी ने विरह के ऐसे बज्जत कडुए चंपे (की डार को) पकडा [चंपे के वृक्ष के फूल का गंध बज्जत कडुआ होता है, इसी लिये भ्रमर भी इस फूल का वास नहीँ लेता इसी पर कवि की उत्प्रेक्षा है कि जैसा विरह (वियोग) कडुआ है उसी प्रकार चंपा भी बज्जत कडुआ है]। किसी ने नारङ्गी और किसी ने चिरौँजी की झाडी को पकडा; किसी ने कटहर, किसी ने बडहर और किसी ने लौँजी लीची की डार को पकडा। किसी ने अनार, किसी ने अङ्गूर और किसी ने खीरिनी की डार को पकडा; किसी ने सदाफल, किसी ने तुरुंज और किसी ने जम्बीर की डार को पकडा। किसी ने जायफल, किसी ने लौँग, किसी ने सोपारी, किसी ने कमरख, किसी ने गुआ और किसी ने छोहारे की डार को पकडा। किसी ने बिजौड, किसी ने नारिकेर की डार को और किसी ने जूरी को पकड लिया। किसी ने अमिली, किसी ने महुआ और किसी ने खजूर की डार को पकडा। किसी ने हालफा-रेवडी, किसी ने कसैले आँरे और किसी ने रायकरौँदे की डार को पकडा। किसी ने केले के घौर को पकड लिया, और किसी के हाथ में निम-कौडी ही पडी॥

किसी ने नगीच ही (अपनी इच्छी को) पाया और किसी के लिये वह इच्छा दूर (निकल) गई। किसी का खेल जहर हो गया और किसी के लिये (वही खेल) अमृत की जड हो गया; अर्थात् खेल में चोट लग जाने से बज्जत सखियाँ गिर पडीँ, उन के लिये खेल जहर हो गया; और बज्जत सी सखियाँ बाजी जीत गईँ, अमृत-फलोँ को भी पा गईँ; इस लिये उन के लिये वही खेल अमृत हो गया। (२८ और ३४ दोहे की चौपाइओँ को भी देखो)॥ १९२॥

१९१ वें पद का अर्थ अगले पृष्ठ पर है

चउपाई।

पुनि बीनहिँ सब फूल सहेली। जो जेहि आस पास सब बेली॥
कोइ केवरा कोइ चाँप नेवारी। कोइ केतकि मालति फुलवारी॥
कोइ सतिबरग कूँद अउ करना। कोइ चवेँइलि नगेसरि बरना॥
कोइ सो गुलाल सुदरसन कूजा। कोई सोनिजरद भल पूजा॥
कोइ सो मउलसिरि पुहुप बकउरी। कोइ रूप-माँजरि अउ गउरी॥

कोइ सिंगार-हार तेहि पाँहा। कोइ सेवती कदम कि छाँहा ॥
कोइ चंदन फूलहिँ जनु फूलीँ। कोइ अजान बीरउ तर भूलीँ ॥

दोहा।

(कोइ) फूल पाउ कोइ पाती जेहि क हाथ जो आँट।
(कोइ सो) हार चीर उरझाना जहाँ छुअइ तहँ काँट ॥ १९३ ॥

बीनहिँ = बीनइ [वेणृ (वेनृ) गतिज्ञानचिन्तानिशामनवादित्रग्रहणेषु, वेणते, वेणति, वा वेनते, वेनति] का बहु-वचन। सहेली = सहचरी = सखी। आस = आशा = दिशा पास = पार्श्व = निकट = नगीच। बेली = वल्ली = लता। केँवरा = केवडा = कैरव = एक प्रकार का कुमुद। चाँप = चाम्पेय = केसर (चाम्पेयः केसरो नाग केसरः काञ्चनाह्वयः, अमरकोशे वनौषधिवर्गे श्लो० ४१२)। नेवारी = नवमालिका = वसन्त का एक श्वेत-पुष्प (सप्तला नवमालिका, अमरकोशे वनौषधिवर्गे श्लो० ४२०)। केतकि = केतकी = प्रसिद्ध पुष्प। मालति = मालती = प्रसिद्ध पुष्प (सुमना मालती जातिः अमरकोशे वनौषधिवर्गे श्लो० ४२०)। फुलवारी = फुल्लवाटिका। सतिबर्ग = जिस में सैकडों पत्तियाँ हों = हजारा गैँदा (६० वाँ दोहा देखो)। कूँद = कुन्द (मुकुन्दः कुन्दकुन्दुरू, अमरकोशे वनौषधिवर्गे श्लो० ४६७) = एक प्रसिद्ध पुष्प। करना = एक प्रकार का निम्बू जिस का फूल सुगन्धित होता है। (३५ वाँ और ६० वाँ दोहा देखो)। चवँदलि = चमेली = एक प्रसिद्ध पुष्प। नगेसरि = नागकेसर (नागकेसरः काञ्चनाह्वयः अमरकोशे वनौषधिवर्गे श्लो० ४१०)। बरना = पुष्प-विशेष = वरणः (वरुणो वरणः सेतुस्तिक्तशाकः कुमारकः, अमरकोशे वनौषधिवर्गे श्लो० ३७३)। गुलाल = गुलाली-रंग का गुलाब (६० वाँ दोहा देखो)। सुदरसन = सुदर्शन = एक लता जिस के पत्ते चौडे होते हैँ। कूजा = एक प्रकार का गुलाब। सोनिजरद = सोनजर्द, जिस का सोने-सा पीला फूल होता है (६० वाँ दोहा देखो)। पूजा = पूज्य = पूजा के योग्य। मउलसिरि = मौलसिरी = मौसिरी = मुक्ताकेसर = वकुल। पुहुप = पुष्प = फूल। बकउरी = बकावली = गुल बकावली। रूपमाँजरि = रूपमञ्जरी = एक प्रसिद्ध पुष्प। गउरी = गौरी = श्वेतमल्लिका। सिंगार-हार = हर-शृङ्गार = पारिजात। पाँहा = पार्श्व = पास। सेवती = एक प्रसिद्ध पुष्प। कदम = कदम्ब। चंदन = चन्दन। फूलहिँ = फूलोँ से। अजान = अज्ञान = अज्ञात ; बीरउ = वीरुध = बिरवा = वृक्ष। तर = तल = नीचे ॥

जो जलते ऊए टण पत्ते ऊपर उड कर फिर बुझ कर नीचे गिरते हैँ । आजु = अद्य = आज । साजि = सजा कर = सज्जयित्वा । दूजा = द्वितीय = दूसरा । खेल = खेला = क्रीडा । भा = भया (ऊआ) । आयसु = आयस = आज्ञा । बऊरि = भूयः = फिर = बऊल । करब = करँगी (कर्त्तव्यम्) । फेरा = स्फुरण = भ्रमण । तस = तथा = तैसी । होइहि = होगी (भविष्यति) । रखवारी = रक्षा = रक्षण = रखवाली । बारी = वाटिका ॥

रे = अरे । चलब = चलँगी (चलितव्यम्) । घर = गृह । आपुन = अपने । पूजि = पूजा कर (पूजयित्वा) । बिसेसर = विश्वेश्वर । देउ = देव = महादेव । होइइ = होवे (भवेत्) । खेल = खेलन । हँसि = हँस कर (हसित्वा) । लेउ = लेओ ॥

कमल (पद्मावती) के सहाय के लिये फुलवारियाँ (सब सखी सहेलियाँ) चलीँ ; (ये सखी सहेलियाँ) फल फूलोँ की इच्छा-बारी हैँ, अर्थात् ये ऐसी बाटिका हैँ कि जो फल फूल की इच्छा हो सब देने-वाली हैँ । अपने अपने मेँ प्रणाम करती हैँ (और कहती हैँ कि) यह वसन्त सब का तिहवार है । चाह से मनोहर झूमक होता है या चाह से मनोहरा और झूमक होता है [किसी विशेष मङ्गल मेँ सब से पहले जो गीत गा कर देव-पूजन करते हैँ उस गीत को स्त्रियाँ मनोरा (मनोहरा) कहती हैँ, और उस पूजन को मनोरा-पूजा कहती हैँ (कहती हैँ कि मनोरा पूजा जाता है)] । फाग खेल कर फिर होली जलाऊँगी; राख को समेट कर झोरी उडाऊँगी, अर्थात् झोरी की झोरी राख उडाऊँगी । आज के ऐसा दूसरा दिन नहीँ है, आज तयारी कर, (और महादेव की) पूजा कर, वसन्त (वसन्तोत्सव) मेँ खेल लेओ । पद्मावती की आज्ञा ऊई कि फिर हम लोग आ कर (यहाँ) न घूमँगी ॥

हम लोगोँ की तैसी रख-वाली होगी कि फिर कहाँ हम लोग और कहाँ यह वाटिका होगी । अरे (सखिओ) (हम लोग) विश्वेश्वर महादेव की पूजा कर फिर अपने अपने घर चलँगी, सो जिस को खेलना हो आज हँसी खुशी से खेल लेओ ॥ १९१ ॥

चउपाई ।

काह्न गही आँब कइ डारा । काह्न बिरह चाँप अति झारा ॥
कोइ नारँग कोइ झार चिरउँजी । कोइ कटहरि बडहर कोइ नउँजी ॥
कोइ दारिउँ कोइ दाख सो खीरी । कोइ सदाफर तुरुँज जँभीरी ॥
कोइ जइफर कोइ लउँग सुपारी । कोइ कमरख कोइ गुआ छोहारी ॥

कोइ बिजउर कोइ नरिअर जूरी। कोइ इबिँली कोइ महुअ खजूरी ॥
कोई हरिफा-रेँउरि कसउँदा। कोइ अउँरा कोइ राइ-करउँदा ॥
काहु गही केरा कइ घउरी। काहु हाथ परी निँउ-कउरी ॥

दोहा।

काहु पाई निअरइँ काहु कहँ गइ दूर।
काहु खेल भएउ बिख काहु अंब्रित-मूर ॥ १९२ ॥

काहु = किसी ने। गही = गहा (जग्राह) का स्त्री-लिङ्ग। आँब = आम = आम्र। डारा = डार = डाल = दाल (जिस में दल अर्थात् पत्ते रहते हैं) = शाखा = दारु। बिरह = वियोग। चाँप = चम्पक (चम्पको हेमपुष्पकः, अमरकोश वनौषधिवर्ग, श्लो० ४११)। अति = बहुत। झारा = झर = कड़ुआ। नारँग = नारङ्गी। झार = झाडी। चिरउँजी = चिरौँजी। कटहरि = कटहर = कण्टकिफल। बडहर = एक प्रसिद्ध फल (वृद्ध फल)। नउँजी = लौँजी लीची वा लकुट (लकुच)। दारिउँ = दाडिम = अनार। दाख = द्राक्षा = अङ्गूर। खीरी = खीरिनी = क्षीरिणी (जिस के फल में दूध हो) = एक बहुत प्रसिद्ध फल। सदाफर = सदाफल = सदाफलने-वाले। तुरुँज = तुरञ्ज = एक प्रकार का निम्बू। जँभीरी = जम्बीर निम्बू। जाइफर = जायफल = जातीफल। लउँग = लवङ्ग। सुपारी = सूपारिः = सुफली = सोपारी = पूगीफल। कमरख = एक प्रसिद्ध फल। गुआ = बङ्गाले की सोपारी = गुवाकः। छोहारी = छोहारा = क्षौद्रहर = एक प्रकार का खजूर। बिजउर = बीजालय = बिजौडिया निम्बू। नरिअर = नारिकेर। जूरी = जूरिका = अङ्कुर। इबिँली = अम्लिका = चिञ्चा। महुअ = मधूक = महुआ। खजूरी = खर्जूरी = खजूर। हरिफा-रेँउरि = हालफा-रेवडी = लवली। कसउँदा = कषायद = कसैला। अउँरा = अमलक = औँरा। राइ-करउँदा = राय-करौँदा = राज-कुरुविन्द। केरा = कदली = केला। घउरी = घौर = घवर = घन फल। निउँ-कउरी = निम-कौडी = निम्ब-कपर्दी = नीम का फल ॥

पाई = पावइ (प्राप्यते) का प्रथम-पुरुष में भूत-काल का एक-वचन। निअरइँ = निकटे = नगीच। गइ = गई = गया (अगात्) का स्त्री-लिङ्ग। बिख = विष = जहर। अंब्रित-मूर = अमृत-मूल = अमृत की जड ॥

पाउ = प्राप्यते = पाता वा पाती है। क = के। हाथ = हस्त। जो = यः। आँट = अँटता है = आस्थीयते। हार = मुक्ता-हार = मोती की माला। चीर = वस्त्र = कपडा। उरझाना = अरुझा = अरुझइ (आरुध्यते) का भूत-काल में एक-वचन। जहाँ = यत्र। कुअइ = छूती है (स्पृशति)। तहाँ = तत्र। काँट = काँटा = कण्टक॥

फिर सब सहेलियाँ, जिन की जिस दिशा में जो लतायें पास (पास) में थीं उन के फूलों को चुनने लगीं। किसी ने केवडे को, किसी ने केसर और नेवारी को, किसी ने फुलवारी के बीच केतकी और मालती को चुना। किसी ने हजारे (गेंदे), कुन्द और करने को, किसी ने चमेली, नागेश्वर और वरण को चुना। किसी ने गुलाब, सुदर्शन और कूजे फूल को, किसी ने रूप-मञ्जरी और गौरी को चुना। किसी ने अपने पास के पारिजात को, किसी ने कदम्ब की छाया में (लगी हुई) सेवती के फूल को चुना। कोई (सुगन्ध-द्रव्यों से ऐसी गमक रही हैं) जानों चन्दन के फूलों से फूली हुई हैं; कोई अजान वृक्ष के नीचे (उस की शोभा से) भूली हुई है, अर्थात् जिस का नाम नहीं जानती उस को पहचानने की इच्छा से उस के नीचे उस की शोभा में भूली हुई है॥

जिस के हाथ में जो आया (उसी को पाया इस लिये) किसी ने फूल को पाया और किसी ने पत्ती को। किसी का हार और (किसी का) कपडा (कँटीले वृक्ष में) उरझ गया। (इस लिये वह) जहाँ छूती है तहाँ काँटा ही काँटा जान पडता है॥१९३॥

चउपाई।

फर फूलन्ह सब डार ओढाईं। झुंड बाँधि कइ पंचम गाईं॥
बाजहिँ ढोल दुंदु अउ भेरी। माँदर तूर झाँझ चहुँ फेरी॥
सिंग संख डफ बाजन बाजे। बंसकार महुअरि सुर साजे॥
अउरु कहिअ जित बाजन भले। भाँति भाँति सब बाजत चले॥
रथहिँ चढीं सब रूप सोहाईं। लेइ बसंत मढ-मँडफ सिधाईं॥
नउल बसंत नउल वेइ बारी। सेँदुर बूका होइ धमारी॥
खनहिँ चलहिँ खन चाँचर होई। नाँच कोड भूला सब कोई॥

दोहा ।

सँदुर-खेह उठा तस गगन भण्उ सब राति ।
राति सकल महि धरती राति बिरिख बन पाति ॥ १९४ ॥

फर = फल । फूलन्ह = फूल (फुल्ल = पुष्प) का बज्ञ-वचन । सब = सर्व । डार = डाल = डलरा = फल-फूल रखने का पात्र । ओढाईं = ओढाई का बज्ञ-वचन; ओढाई = ओढइ (उपवेष्टते) का भूत-काल का एक-वचन । झूँड = झुंड = यूथ । बाँधि कइ = बाँध कर (बद्धा) । पंचम = पञ्चम-स्वर । गाईं = गाई का बज्ञ-वचन, गाई = गावइ (गायति) का भूत-काल में एक-वचन । बाजहिँ = बाजइ (वाद्यते) का बज्ञ-वचन । ढोल = एक मुसल्मानी बाजा । दुंदु = दुन्दुभि । अउ = अपर = और । भेरी = दुन्दुभी का एक भेद = नगारा । माँदर = मर्दल = मृदङ्ग का एक भेद । तूर = तूर्य = तुरही । झाँझ = झञ्झरा । चज्ञँ फेरी = चारो ओर । सिंग = शृङ्गी = सींग के बाजे । संख = शङ्ख = जन्तु विशेष के हड्डी का बाजा । डफ = डफला = एक मुसल्मानी प्रसिद्ध बाजा । बाजन = वाद्य = बाजा । बाजे = बजइ (वाद्यते) का भूत-काल में बज्ञ-वचन । बंस-कार = वंशाकार = वंशी । मज्ञअरि = मधुकरी = एक तुम्बी का प्रसिद्ध बाजा, जिस के स्वर से साँप मोहित हो जाता है । सुर = स्वर । साजे = सज्जित किए = तयार किए = साजइ (सज्जते) का भूत-काल में बज्ञ-वचन । अउरु = अपर । कहिअ = कहे जाते हैँ (कथ्यन्ते) । जित = जितने (यावन्तः) । भले = वर (श्रेष्ठ) का बज्ञ-वचन । भाँति = भङ्गी = रचना विशेष; भाँति भाँति = तरह तरह के । बाजत = बजते ज्ञए (वदन्तः) । चले = चलइ (चलति) का भूत-काल में बज्ञ-वचन । रथहिँ = रथोँ पर । चढीँ = (उच्चलन्त्यः वा उच्चर्दन्त्यः) चढी ज्ञईँ । रूप = सूरत । सोहाईँ = शोभित ज्ञईँ । लेइ = ले कर (नीत्वा वा ला धातु से ला) । बसंत = वसन्त-ऋतु । मढ = मठ । मंडफ = मण्डप । मढ-मंडफ = मठ (मन्दिर) का मण्डप; मण्डप = मन्दिर के द्वार के सामने छाया ज्ञआ स्थान । सिधाईँ = सिधावइ (सिधु गत्याम्, भ्वादि, सेधति) का स्त्री-लिङ्ग में भूत-काल का बज्ञ-वचन । नउल = नवल = नया । वेइ = वे । बारी = बालिका = बाली । सँदुर = सिन्दूर । बूका = बूका ज्ञआ = चूर किया ज्ञआ । होइ = होता है वा होती है (भवति) । धमारी = धमार = धर-मार, होली के दिनोँ में अपने मित्रोँ को पकड कर, उन के अङ्गोँ में अबीर को लगाने, उन से हँसी ठट्ठा करने और गाली की गीत गाने को धमार कहते हैँ ।

खनहिँ = चण मेँ। चलहिँ = चलइ (चलति) का बज्ज-वचन। खन = चण। चाँचर = चर्चरी, होली मेँ जगह जगह पर ठहर ठहर कर, दो गोल बाँध कर, डफ पर जो गाते हैँ, उसे चाँचर कहते हैँ। नाँच = नृत्य। कोड = कूद = कूर्दन = कूदना। भूला = भूल गए = भूलइ (भ्रमति, प्रा० भुल्लइ) का भूत-काल॥

खेह (खे आकाशे ईहा चेष्टा यस्याः सा खेहा) = खेहा = धूर। उठा = उठइ (उत्तिष्ठते) का भूत-काल। तस = तथा = तैसा। गगन = आकाश। भण्उ = भया (बभूव)। राति = रक्त = लाल। सकल = सब। महि = मही = भूमि। धरती = धरित्री = जमीन। बिरिख = वृक्ष। बन = वन। पाति = पत्री = पत्ती॥

सब (सखियोँ) ने डलरे को फल फूल से ओढा दिया, अर्थात् फल फूलोँ से डालियोँ को भर लिया और गोल (झुंड) बाँध कर पञ्चम-स्वर से गाने लगीँ। (जितने ऊँचे स्वर से कोयल बोलती है उस स्वर को पञ्चम कहते हैँ)॥ चारो ओर ढोल, दुन्दुभी, भेरी, मृदङ्ग, तुरही और झाँझ बज रहे हैँ। सीँग के बाजे, शङ्ख, डफ, वंशी, और मऊअर भी स्वर से भरे (सजे) बजने लगे॥ और तरह तरह के जितने अच्छे बाजे कहे जाते हैँ, सब बजते चले॥ सब (सखियाँ) रथ पर चढीँ, रूप से शोभित वसन्त को लिए, अर्थात् अपने रूप और आभूषण से जानोँ वसन्त-ऋतु की शोभा साथ मेँ लिए, मठ-मण्डप की ओर चलीँ॥ (आज) वसन्त-ऋतु नूतन है और वे बालिका (सब सखियाँ) भी नूतन हैँ, (इस लिये उत्साह से भरीँ सब सखियाँ होली खेल रही हैँ, जिस से) बूके ऊए सेँदुर (अबीर) से धमार हो रहा है॥ चण मेँ (सब सखियाँ आगे) चलती हैँ, चण मेँ (गोल बाँध कर गाने से) चाँचर होने लगता है, (इस प्रकार) सब कोई नाँच कूद मेँ भूल गए॥

सेँदुर की ऐसी (तस) धूर उठी कि सब आकाश लाल हो गया। पृथ्वी मेँ सब धरती लाल हो गई और वन मेँ वृचोँ की पत्तियाँ भी लाल हो गईँ॥ १९४॥

चउपाई।

एहि बिधि खेलत सिंघल-रानी। महादेओ मढ जाइ तुलानी॥
सकल देओता देखइ लागे। दिसिटि पाप सब तिन्ह के भागे॥
एहि कबिलास सुनी अपछरी। कहाँ तइँ आईँ परमेसरी॥
कोई कहइ पदुमिनी आईँ। कोइ कहइ ससि नखत तराईँ॥

कोइ कह फूल कोई फुलवारी । भूले सबइ देखि सब बारी ॥
एक सरूप अउ सेंदुर सारी । जानहुँ दिआ सकल महि बारी ॥
मुरुछि परइ जावँत जे जोहइ । जानहुँ मिरिग दिआरहिँ मोहइ ॥

दोहा ।

कोई परा भवँर होइ बास लीन्ह जनु चाँद ।
कोइ पतँग भा दीपक होइ अध-जर तन काँप ॥ १९५ ॥

एहि = यहि = अनेन = इस । बिधि = विधि = प्रकार = तरह । खेलत = खेलन् = खेलते । सिंघल = सिंहल । रानी = राज्ञी । महादेओ = महादेव । मढ = मठ = मन्दिर । जाइ = जा कर (याला) । तुलानी = तुलित हुई = पहुँची । सकल = सब । देओता = देवता । देखइ = देखने (दृशि प्रेक्षणे से) । लागे = लगे (लग संलग्ने से) । दिसिटि = दृष्टि । पाप = दोष । भागे = भग गए = नष्ट हो गए । कबिलास = कैलास, यहाँ इन्द्र-लोक । सुनी = सुनइ (शृणोति) का भूत-काल में एक-वचन । अपछरी = अप्सरा । कहँ तहँ = कस्मात् = कहाँ तें । आईं = आवइ (आयाति) का भूत-काल में बहु-वचन । परमेसरी = परमेश्वरी । कोई = कोऽपि । कहइ = कथयति = कहता है । ससि = शशि = चन्द्र । नखत = नक्षत्र । तराईं = तारा-गण । भूले = भूल गए (भ्रम-सञ्चलने से) । सबइ = सर्वे = सभी । देखि = दृष्ट्वा = देख कर । बारी = बालिका = थोडी उमर की । सरूप = सुरूप = सुन्दर-रूप । सेंदुर = सिन्दूर = प्रसिद्ध अङ्गराग । सारी = सँवारी हैं (वृ-वरणे से) । जानहुँ = जाने = जानों । दिआ = दीया = दीप । महि = मही = पृथ्वी । बारी = बारइ (ज्वलति) का भूत-काल । मुरुछि = मूर्छिता = मूर्छा खा कर = घुमर कर । परइ = पतति = पडता है । जावँत = यावन्तः = जितने । जे = ये = जो । जोहइ = जोहता है (जेह-यत्ने से) । मिरिग = मृग = हरिण । दिआर = दिवाकर = सूर्य, दिआरहिँ = दिवाकर से, सूर्य की चमक से = मृगतृष्णा से । मोहइ = मुह्यति = मोहता है ॥

परा = परइ (पतति) का भूत-काल में एक-वचन । भवँर = भ्रमर = भौँरा । बास = वास = सुगन्ध । लीन्ह = लेइ (लाति) का भूत-काल में एक-वचन । जनु = जाने = जानों । चाँप = दाब (चप धातु से) । पतँग = पतङ्ग = कीट । भा = हुआ (बभूव) । दीपक = दीया । अध-जर = आधा जरा = अर्ध-ज्वलित । तन = तनु = देह । काँप = काँपती है (कम्पते) ॥

इस प्रकार सिंहल की रानी पद्मावती, खेलती महादेव के मन्दिर के पास जा पहुँची॥ सब देवता (पद्मावती और सहेलिओं को) देखने लगे, (देखते ही पद्मावती और सहेलिओं के अङ्ग में दृष्टि-किरण के लगते-ही) तिन्ह देवताओं के सब दृष्टि-दोष भाग गए, अर्थात् देवताओं की दिव्य-दृष्टि हो गई। (मन में कहने लगे कि) यह सुना था कि इन्द्र-लोक में अप्सरा रहती हैं, (सो ये सब) परमेश्वरी रूप कहाँ से आ गईं॥ कोई कहता है कि पद्मिनी आई हैं; कोई कहता है कि (साक्षात्) चन्द्र, नक्षत्र, और तारा-गण हैं॥ कोई कहता है कि फूल हैं, कोई कहता है कि पुष्प-वाटिका है; (इस प्रकार) बालिकाओं को देख कर सब (देवता) भूल गए॥ (उन्ह सबों के) एक तो सुन्दर रूप, दूसरे सेँदुर की बनावट से, जान पडता है कि सब पृथ्वी में दीपक बारे हुए हैं॥ जितने देवता हैं उन में जो जो (बालिकाओं) को देखते हैं सब घूमरी खा कर गिर पडते हैं, जानों मृग-तृष्णा से हरिण मोह गए हों॥

कोई भ्रमर हो कर गिर पडा जानों (सहेलियों के) सुगन्ध ने (उस को) दबा दिया। कोई दीये का फतिंगा हो गया, अर्थात् जैसे दीये की ज्योति में पड कर फतिंगा तडपता है तैसे तडपने लगा; देह अध-जरी हो कर काँपने लगी॥ १९५॥

चउपाई।

पदुमावति गइ देओ-दुआरू। भीतर मँडफ कीन्ह पइसारू॥
देओहि साँसउ भा जिउ केरा। भागउँ केहि दिसि मंडफ घेरा॥
एक जोहार कीन्ह अउ दूजा। तिसरइ आइ चढाई पूजा॥
फर फूलन्ह सब मँडफ भरावा। चंदन अगर देओ अन्हवावा॥
भरि सेँदुर आगइ भइ खरी। परसि देओ पुनि पाएन्ह परी॥
अउरु सहेली सबइ बिआहीँ। मो कहँ देओ कतहुँ बर नाहीँ॥
हउँ निरगुन जेइ कीन्ह न सेवा। गुन निरगुन दाता तुम्ह देवा॥

दोहा।

बर सँजोग मोहिँ मिरवहु कलस जात हउँ मानि।
जेहि दिन हीछा पूजइ बेगि चढावउँ आनि॥ १९६॥

पदुमावति = पद्मावती। गइ = गई = अगात्। देश्रो = देव। दुआरू = द्वार। भीतर = अभ्यन्तर। मँडफ = मण्डप। कीन्ह = करइ (करोति) का भूत-काल। पइसारू = प्रवेश। देश्रोहि = देव को। साँसउ = संशय। भा = हुआ = भया (बभूव)। जिउ = जीव। भागउँ = भागूँ। दिसि = दिशा। घेरा = गृहीत। जोहार = जीव-हार = प्रणाम। दूजा = द्वितीय। तिसरइ = तीसरे = तृतीय। आइ = एत्य = आकर। चढाई = चढावइ (उच्चालयति) का भूत-काल। फर = फल। भरावा = भरावइ (भृ भरणे से णिजन्त) का भूत-काल। चंदन = चन्दन = एक सुगन्ध काष्ठ। अगर = अगुरु = एक सुगन्ध काष्ठ। अन्हवावा = अन्हवावइ (अन्हाइ = स्नाति से णिजन्त) का भूत-काल। भरि = भृत्वा = भर कर। सेंदुर = सिन्दूर = एक प्रकार का अङ्गराग। आगइ = आगे = अग्रे = सामने। भइ = भई (बभूव) = भया का स्त्रीलिङ्ग। खरी = खडा का स्त्रीलिङ्ग। परसि = आस्पृश्य = छू कर। पुनि = पुनः = फिर। पाअन्ह = पायन्ह = पाय का बहु-वचन; पाय = पाद = पैर। परी = परइ (पतति) का भूत-काल। अउरु = अपर। सहेली = सहाली = साथ की सखियाँ। सबइ = सभी। बिआही = व्याही गईं = विवाहिता हुईं। मो कहँ = मुझ को। कतहूँ = कुत्रापि = कहीं भी। हउँ = हूँ = अस्मि। निरगुन = निर्गुण = गुण-रहित। जेइ = जिस से = येन। गुन = गुण। दाता = देने-वाले ॥

सँजोग = संयोग। मिरवहु = मिलावो (मिल-सङ्गमे से)। कलस = घट = घडा। जात = जाती हूँ। मानि = आमान्य = मान कर। हीछा = हि-इच्छा = निश्चय से मनोरथ। पूजइ = पूजे (पूर्यते)। बेगि = वेग = शीघ्र। चढावउँ = चढाऊँ। आनि = आनीय = आन कर = ला कर ॥

पद्मावती देव-द्वार में गई और मण्डप के भीतर प्रवेश की॥ देवता को जीव का संशय हो गया, अर्थात् देवता पद्मावती के तेज से डर गया कि अब जी निकलने चाहता है; (सोचने लगा कि) मण्डप चारो ओर से घिरा हुआ है, किस दिशा से भागूँ॥ (पद्मावती ने) एक वार प्रणाम किया और दूसरी वार भी (बडे विनय से) प्रणाम किया; फिर तीसरी वार प्रणाम कर भीतर आ कर पूजा चढाई॥ फल फूलों से सब मण्डप को भरवा दिया और चन्दन और अगर से देवता को स्नान करवाया॥ सेंदुर से (देवता को) टीक कर (भर कर) सामने खडी हुई; देवता को छू कर पैरों पर पडी॥ (कहने लगी कि) हे देव, और सब साथ की सखियाँ व्याह गईं (पर) मेरे लिये कहीं भी वर नहीं है, अर्थात् मेरे योग्य कहीं भी वर नहीं

ठहरा है। मैं गुण से रहित हूँ, इसी से (आप की) सेवा न की; हे देव, आप निर्गुण को गुण देने-वाले हो ॥

(मेरे) संयोग (योग्य) वर से मुझे मिलाओ; मैं कलस मान जाती हूँ; जिस दिन मेरी इच्छा पूरी होगी उसी दिन शीघ्र ला कर (कलस) चढाऊँगी। प्रसिद्ध रीति है कि स्त्रियाँ दूध से वा दूध-भाँग से भरे कलस की मनौती करती हैं कि हे महादेव यदि मेरा मनोरथ पूरा होगा तो मैं दूध वा दूध-भाँग से भरा कलस चढाऊँगी ॥ १९६ ॥

चउपाई ।

हीछि हीछि बिनवा जस जानी। पुनि कर जोरि ठाढि भइ रानी ॥
उतर को देइ देओ मरि गएउ। सबद अकूत मँडफ मँह भएउ ॥
काटि पवारा जइस परेवा। मरि भा ईस अउरु को देवा ॥
भए बिनु जिउ सब नाउत ओझा। बिख भइ पूरि काल भा गोझा ॥
जो देखइ जनु बिसहर डँसा। देखि चरित पदुमावति हँसा ॥
भल हम आइ मनावा देवा। गा जनु सोइ को मानइ सेवा ॥
को हीछा पुरवइ दुख धोआ। जेहि मनि आए सोई तन सोआ ॥

दोहा ।

जेहि धरि सखीं उठावहिँ सीस बिकल नहिँ डोल ।
धर जिउ कोइ न जानइ मुख रे बकत कुबोल ॥ १९७ ॥

हीछि = इच्छा कर; हीछि हीछि = इच्छा कर कर। बिनवा = विनय किया। जस = जैसी = यथा। जानी = जानइ (जानाति) का भूत-काल। पुनि = पुनः = फिर। कर = हाथ। जोरि = आयोज्य = जोर कर। ठाढि = उत्थित = खडी। भइ = हुई (बभूव)। उतर = उत्तर = जवाब। को = कः = कौन। देइ = देवे (दद्यात्)। देओ = देव। मरि = मर। गएउ = गया (अगात्)। सबद = शब्द = आवाज। अकूत = आकूत = अकस्मात्, वा अकूत = जो कूतने लायक न हो = बेहद्द = बहुत भारी। मँडफ = मण्डप। भएउ = भया = हुआ (बभूव)। काटि = कर्त्तयित्वा = काट कर। पवारा = पवारइ

(प्रवारयति) का भूत-काल मेँ एक-वचन। जइस = जैसे = यथा। परेवा = पारावत; यहाँ साधारण पक्षी। मरि भा = मर गया = मुर्दा हुआ। ईस = ईश = महादेव। अउरु = अपर = और। देवा = देव। बिनु = विना। जिउ = जीव। नाउत = नापित = नाऊ = नाई। ओझा = उपाध्याय = पुजारी। पूरि = पूरी = पूरिता। काल = मारनेहारा। भा = भया (बभूव)। गोझा = गुह्यक = एक प्रकार का पक्वान्न, जिस के भीतर मेवे इत्यादि भरे रहते हैँ। जो = यः। देखइ = देखता है (दृशि प्रेक्षणे से)। जनु = जानेँ = जाने। बिसहर = विषधर = सर्प। डँसा = डसइ (दंशति) का भूत-काल मेँ एक-वचन। देखि = दृष्ट्वा = देख कर। चरित = चरित्र = तमाशा। हँसा = हँसइ (हसति) का भूत-काल मेँ एक-वचन। भल = वर = अच्छा। हम = अहम्। आइ = एत्य = आ कर। मनावा = मनावइ (मानयति) का भूत-काल मेँ एक-वचन। गा = गया (अगात्)। सोइ = सो = स्वपित। मानइ = माने (मन्येत)। सेवा = टहल = खिदमत। पुरवइ = पुरवे = पूरा करे (पूरयेत्)। दुख = दुःख = तकलीफ। धोआ = धोवे = धो डाले [धावु-(गतिशुद्ध्योः) से]। मनि = मानि = मान कर = संमान्य। आए = आए (इण् गतौ से)। सोई = स एव = वही। तन = तनु = देह। सोआ = सोअइ (शेते) का भूत-काल मेँ एक-वचन॥

जेहि = यस्य = जिसे। धरि = धृत्वा = धर कर = पकड कर। उठावहिँ = उठावइ (उत्थापयति) का बहु-वचन। सीस = शीर्ष = शिर। बिकल = विकल = बेचैन। डोल = डोलइ (दोलते) = डोलता है = हिलता है। धर = अधर-भाग = गले के विना देह-भाग। कोइ = कोई = कोऽपि। जानइ (जानाति) = जानता है। सुख = सुह। बकत = बकता है (वक्ति)। कु-बोल = कुत्सित-वाणी = अंड बंड बोली॥

रानी (पद्मावती) ने जैसा (विनय करना) जानती थी (वैसी) इच्छा कर कर विनय किया और फिर हाथ जोड कर (सामने) खडी हुई॥ (बहुत देरी पर) मण्डप मेँ से अकस्मात् शब्द हुआ कि (अरे पद्मावती तेरी विनय-स्तुति) का उत्तर कौन देवे; देव तो (तेरे रूप-तेज से) मर गया॥ जैसे (कोई) पक्षी को काट कर (दो टुकडे कर) फेँक देवे, (उसी प्रकार दो टुकडे हो कर जब) ईश (महादेव) ही मर गया तो और देव कौन है (जो जीता हो)॥ (मन्दिर के) सब नाई ओझा (पद्मावती के दर्शन से) विना जीव के हो गए; (प्रसाद की) पूरिआँ जहर हो गईँ और गोझे काल हो गए॥ जोई (पद्मावती को) देखता है (उस की ऐसी दशा हो जाती है) जानेँ साँप ने

डस लिया हो; यह तमाशा देख कर पद्मावती ने हँस दिया ॥ (और कहने लगी कि) हम ने आ कर अच्छे देवता को मनाया (जो बोलता ही नहीँ), जान पडता है कि सो गया है (फिर) कौन मेरी सेवा को माने, अर्थात् जड क्या समझे कि मैं ने कैसी उस की सेवा की ॥ जिस को (बहुत ही बडा) मान कर आए, वही जब अपनी देह मेँ सो गया, तो (दूसरा) कौन इच्छा को पूरा करे और दुःख को धोवे ॥

जिसी (नाक और ओझे) के शिर को पकड कर सखियाँ उठाती हैँ, वही विकल हो कर कुछ हिलता ही नहीँ (जानोँ काठ की मूर्त्ति हो गया है)। कोई जानता ही नहीँ है कि कहाँ धड है और कहाँ जीव; (कवि कहता है कि, अरे भाई, सब बौरहे हो कर) मुख से अंड बंड बोली बकते हैँ ॥ १९७ ॥

चउपाई।

ततखन एक सखी बिहँसानी। कउतुक एक न देखहु रानी ॥
पुरुब द्वार मढ जोगी छाए। न जनउँ कउन देस तइँ आए ॥
जनु उन्ह जोग तंत अब खेला। सिद्ध होइ निसरे सब चेला ॥
उन्ह मँह एक गुरू जो कहावा। जनु गुड देइ काहु बउरावा ॥
कुअँर बतीस-उ लखन सो राता। दसएँ लखन कहइ एक बाता ॥
जानहुँ आहि गोपिचँद जोगी। कइ सो आहि भरथरी बिओगी ॥
वह जो पिँगला कजरी-आरन। यह सो सिँघला दहुँ केहि कारन ॥

दोहा।

यह मूरति यह मुदरा हम न देख अउधूत।
जानहुँ होहिँ न जोगी कोइ राजा कर पूत ॥ १९८ ॥

ततखन = तत्क्षणे = तिसी क्षण मेँ = उसी क्षण मेँ। बिहँसानी = विहँसइ (विहसति) का भूत-काल मेँ एक-वचन, इस का दूसरा रूप 'बिहँसी' भी होता है। कउतुक = कौतुक = लीला = तमाशा = चमत्कार। न = नु = निश्चय कर = अवश्य। देखहु = देखो = देखइ (दृशि प्रेक्षणे से) का लोट् लकार मेँ मध्यम-पुरुष का एक-वचन। पुरुब = पूर्व।

द्वार = दरवाजा । मढ = मठ । जोगी = योगी । छाए = छादित किए हैँ = छावइ (छादयति) का भूत-काल मेँ बऊ-वचन । न = नहीँ । जनउँ = जानउँ = जानइ (जानाति) का उत्तम-पुरुष मेँ लट् लकार का एक-वचन । कउन = क नु = कौन । देस = देश । तइँ = तेँ = से । आए = आवइ (आयाति) का भूत-काल मेँ प्रथम-पुरुष का बऊ-वचन । जोग = योग । तंत = तन्त्र = क्रिया । अब = अधुना = अभीँ । खेला = खेलइ (खेलति) का भूत-काल मेँ बऊ-वचन । होइ = होने को । निसरे = निसरइ (निःसरति) का भूत-काल मेँ बऊ-वचन । चेला = शिष्य । गुरू = गुरु । कहावा = कहा जाता है (कथ्यते)। देइ = दत्त्वा = दे कर। काहु = किसी ने। बउरावा = बउरावइ (वातुलयति) का भूत-काल मेँ एक-वचन । कुअँर = कुमार । बत्तीस-उ = बत्तीस-हु, बत्तीस = द्वात्रिंशत् । लखन = लक्षण = चिह्न । सो = वह = सः । राता = रक्त = ललित = अनुरक्त । दसएँ = दसो अँगुलियोँ का । कहइ = कहता है (कथयति) । बाता = वार्त्ता = बात । जानऊँ = जनु = जानेँ = जाने । आहि = है (अस्ति) । गोपिचँद = गोपीचन्द । कइ = कि = अथवा । भरथरी = भर्त्तृहरि । बिओगी = वियोगी । पिँगला = पिङ्गला नाडी = नासिका के दक्षिण पूरे का स्वर जिस को सूर्य का स्वर कहते हैँ । कजरी = कदली, वा कज्जली । आरन = अरण्य = वन । सिँघला = सिंघल = सिंहल । दऊँ = क्या जानेँ । कारन = कारण ॥

मूरति = मूर्त्ति । मुदरा = मुद्रा = चिह्न । देख = देखा । अउधूत = अव-धूत । होहिँ = हैँ (सन्ति) । पूत = पुत्र ॥

उसी क्षण मेँ एक सखी (आ कर) बिहँस उठी; (कहने लगी कि) पद्मावती रानी, एक कौतुक को (चलो) अवश्य देखो ॥ मन्दिर के पूर्वद्वार को (बऊत से) योगी छादित किए ऊए हैँ, अर्थात् पूर्वद्वार पर बऊत से योगी पडे ऊए हैँ; नहीँ जानते कि कौन देश से आए हैँ ॥ जान पडता है कि उन लोगोँ ने अभी योगक्रिया को खेला है, अर्थात् अभी थोडे दिनोँ से योगाभ्यास मेँ लगे हैँ; (इस लिये) वे सब चेले सिद्ध होने के लिये निकले हैँ ॥ उन मेँ एक जो गुरु कहाता है (उस की ऐसी दशा जान पडती है) जानेँ किसी ने गुड, अर्थात् गुड मेँ कुछ विष इत्यादि दे कर, उसे बौराहा कर दिया है। वह राज-कुमार बत्तीसो लक्षण से शोभित है (बत्तीसो लक्षण के लिये ७६ पृ० ४९ दोहे की टीका देखो)। (हाथ की) दसो अङ्गुलिओँ का लक्षण (इस) एक बात को कहता है ॥ (कि) जानेँ वह गोपीचन्द योगी है अथवा वियोगी भर्त्तृहरि है ॥ (गोपीचन्द, और भर्त्तृ-हरि के लिये १६२ वेँ दोहे की टीका देखो ।)

वे गोपीचन्द और भर्तृहरि तो पिङ्गला नाडी के लिये अर्थात् योगाभ्यास के लिये कदलीवन मेँ गए, (पर) यह नहीँ जानते कि यह योगी सिंहल मेँ किस कारण आया है। (कदली वा कज्जली वन के लिये १३२ दो० की टीका देखो)॥

हम ने अवधूत मेँ ऐसी मूर्त्ति और ऐसे लक्षण को (आज तक) नहीँ देखा; जानोँ यह योगी नहीँ हैँ किसी राजा के पुत्र हैँ। (अवधूत के लिये ४७ पृ० ३० वेँ दोहे की टीका देखो)॥ १९८॥

चउपाई।

सुनि सो बात रानी रथ चढी। कहँ अस जोगि जो देखउँ मढी॥
लेइ सँग सखीँ कीन्ह तहँ फेरा। जोगिन्ह आइ आछरिन्ह घेरा॥
नयन कचूर पेम-मद भरे। भइ सो दिसिटि जोगी सउँ ढरे॥
जोगिहि दिसिटि दिसिटि सउँ लीन्हा। नयन रूप नयनहिँ जिउ दीन्हा॥
जो मद चहत परा तेहि पालइँ। सुधि न रही ओहि एक पिआलइँ॥
परा माँति गोरख कर चेला। जिउ तन छाडि सरग कहँ खेला॥
किँगरी गहे जो हुत बइरागी। मरतिहिँ बार उहइ धुनि लागी॥

दोहा।

जेहि धंधा जा कर मन लागइ सपनेहुँ सूझ सो धंध।
तेहि कारन तपसी तप साधहिँ करहिँ पेम मन बंध॥ १९९॥

सुनि = श्रुत्वा = सुन कर। बात = वार्त्ता = बात। चढी = चढइ (उच्चलति) का भूत-काल मेँ स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन। कहँ = कहाँ = कुत्र। अस = ऐसा = एतादृश। जोगी = योगी। देखउँ = देखूँ = देखइ का विध्यर्थ मेँ उत्तम-पुरुष का एक-वचन। मढी = मढ (मठ) का स्त्रीलिङ्ग = छोटा मठ। लेइ = ले कर = आलाय। सँग = सङ्ग = साथ। सखीँ = सखियाँ। तहँ = तहाँ = तत्र। फेरा = भ्रमण। जोगिन्ह = योगी का बहु-वचन। आइ = एत्य = आ कर। आछरिन्ह = अछरी (अप्सरा) का बहु-वचन। घेरा = घेरइ (घृषते, घृणि ग्रहणे धातु) का भूत-काल। नयन = नेत्र। कचूर = कर्चूर = एक विष जो हरदी मेँ उत्पन्न होता है और जिस का रंग प्रायः हरदी ही के ऐसा होता है। पेम = प्रेम। मद = मद्य = मदिरा। भरे = भरइ (भरति) का भूत-काल मेँ बहु-वचन।

भइ = भई (बभूव)। दिषिटि = दृष्टि। सउँ = सेँ = से। ढरे = ढरइ (अवधरति) का भूत-काल मेँ बहु-वचन। लीन्हा = लेइ (लाति) का भूत-काल मेँ एक-वचन। जिउ = जीव। दीन्हा = देइ (दत्ते) का भूत-काल मेँ एक-वचन। चहत = चाहता था। परा = पडा = परइ (पतति) का भूत-काल मेँ एक-वचन। पालइँ = पाले = पालिः (पालिः स्त्र्यश्र्यङ्कपङ्क्तिषु, अमरकोषे नानार्थव० श्लो० १४०६)। सुधि = शोध = खबर। पिआलइँ = प्याले मेँ। प्याला = मद्यपीने का पात्र = चषक। माँति = मत्त हो कर = मस्त हो कर। गोरख = गोरखनाथ, प्रसिद्ध अवधूत। चेला = शिष्य। तन = तनु = शरीर। छाडि = छाड कर = छोड कर (छुर छेदने से)। सरग = स्वर्ग। खेला = खेलति = (खेलइ) का भूत-काल मेँ एक-वचन। किँगरी = किं-करी = सारंगी से छोटा चिकारे के ऐसा एक बाजा; आज कल पौरिए रखते हैँ; प्रथम बालक उत्पन्न होने पर लोगोँ के घर जा कर इसी किँगरी को बजाते हैँ। गहे = गहइ (गृह्णाति) से। हुत = था = आसीत्। बइरागी = वैरागी = जिस को विराग हो। मरतिहिँ = मरने को। बार = वार = बेला = समय। उहइ = वही = स एव। धुनि = ध्वनि = शब्द। लागी = लग गई = लगइ (लगति) का भूत-काल मेँ एक-वचन ॥

धंध = धन्धन = काम। लागइ = लगइ (लगति)। सपनेहुँ = स्वप्ने हि = सपने मेँ भी। सूझ = सूझइ = सूझता है (शुद्ध्यते)। तपसी = तपस्वी। साधहिँ = साधइ (साधयति) का बहु-वचन। करहिँ = करइ (करति) का बहु-वचन। बंध = बन्धन ॥

(सखी की) उस बात को सुन कर (पद्मावती) रानी रथ पर चढी; (और कहने लगी कि) मढी मेँ कहाँ ऐसा योगी है जिसे (चल कर) मैँ देखूँ॥ सखिओँ को संग ले कर तहाँ फेरा किया अर्थात् तहाँ पर गई, (उस समय ऐसी शोभा हुई जानोँ) अप्सराओँ ने योगिओँ को घेर लिया हो॥ (पद्मावती के) कचूर से नेत्र प्रेम-मद से भर गए; वैसी ही मद भरी दृष्टि भी हो गई, जिस की धारा (एक वार ही) योगी (रत्न-सेन) पर ढरक पडीँ॥ (पद्मावती ने अपनी) दृष्टि से योगी (रत्न-सेन) की दृष्टि को लिया, अर्थात् पद्मावती और योगी की चार आँखेँ हो गईँ; नजर से नजर मिल गई; (योगी ने पद्मावती के) आँख ही के रूप से अर्थात् आँख के रूपदर्शन ही से (अपनी) आँखो ही से अपने जी को दे दिया; अर्थात् नेत्र को देखते ही अपने नेत्र-द्वारा ही अपने जीव को निकाल कर पद्मावती को सङ्कल्प कर दिया॥ (राजा रत्न-सेन) जिस नशे को चाहता था उसी के पाले पड गया; एक ही प्याले मेँ

अर्थात् एक ही वार के दर्शन में (वेहोश हो गया कुछ भी) खबर न रही ॥ वह गोरख-नाथ का चेला मस्त हो कर गिर पडा; (गोरख-नाथ के लिये १२८ दोहे की टीका देखो) जीव देह त्याग कर स्वर्ग में खेलने लगा, अर्थात् स्वर्ग को चला गया ॥ वह वैरागी (रत्न-सेन) जो किँगरी लिए था (उस में से) मरती-वेला वही (पद्मावती पद्मावती) धुनि होने लगी (मरती वेला पद्मावती का ध्यान आ जाने से मुख और किँगरी से पद्मावती पद्मावती ध्वनि निकलने लगी) ॥

जिस का मन जिस काम में लग जाता है, (उस को) वही काम सपने में भी सूझता है; इसी लिये तपस्वी तप साधा करते हैं, और (ईश्वर के) प्रेम ही को मन का बन्धन करते हैं, जिस में मन उसी में बँधा रहे मरने के समय भी दूसरी ओर न जाय। मरने के समय मन जिस वस्तु का ध्यान करता है; दूसरे जन्म में उसी योनि में जाता है। इसी लिये महानुभाव योगी लोग सदा अपने मन को परमेश्वर में लगाए रहते हैं, जिस में मरती वेला भी उसी में लगा रहे जिस से ईश्वर-स्वरूप हो जाय (इस ग्रन्थ का २३१ पृ० देखो)। इस दोहे के १, ३ चरणों में सोरह सोरह मात्रा हैं इस लिये छन्दःशास्त्र में इस दोहे का नाम हरिपद है। बहुतों का मत है कि इसे दोहा न कहना चाहिए किन्तु यह स्वतन्त्र हरिपद नाम का छन्द ही है ॥ १९९ ॥

चउपाई ।

पदुमावति जस सुना बखानू। सहसहुँ करा देखेसि तस भानू ॥
मेलेसि चंदन मकु खन जागा। अधिकउ सोत सीर तन लागा ॥
तब चंदन आखर हिअ लिखे। भीख लेइ तुइँ जोग न सिखे ॥
बार आइँ तब गा तूँ सोई। कइसइ भुगुति परापति होई ॥
अब जउँ सूर अहउ ससि राता। आएहु चढि सो गगन पुनि साता ॥
लिखि कइ बात सखिन्ह सउँ कही। इहइ ठाउँ हउँ बारति अही ॥
परगट होउँ तउ होइ अस भंगू। जगत दिआ कर होइ पतंगू ॥

दोहा ।

जा सउँ हउँ चखु हेरउँ सोई ठाउँ जिउ देइ।
एहि दुख कतहुँ न निसरउँ को हतिआ असि लेइ ॥ २०० ॥

जस = जैसा = यादृश = यथा । सुना = सुनइ (शृणोति) का भूत-काल मेँ एक-वचन । बखानू = बखान = वर्णन । सहसऊँ = सहस्र = हजारोँ । करा = कला = किरण । देखेसि = देखा = देखइ का भूत-काल मेँ प्रथम-पुरुष का एक-वचन । तस = तैसा = तादृश = तथा । भानू = भानु = सूर्य । मेलेसि = मेला = मेलइ (मेलयति) का भूत-काल मेँ प्रथम-पुरुष का एक-वचन । मकु = मैँ कहा = क्या जानैँ । खन = क्षण । जागा = जागे = जागइ (जागर्त्ति) का विध्यर्थ मेँ प्रथम-पुरुष का एक-वचन । अधिकउ = और = अधिक = अधिकतर । सोत = स्रोतस् = धारा । सीर = फार = हलाग्र । तन = तनु = देह । लागा = लगा = लगइ (लगति) का भूत-काल मेँ प्रथम-पुरुष का एक-वचन । तब = तदानीम् = तदा । आखर = अक्षर । हिअ = हृदय । लिखे = लिखा = लिखइ (लिखति) का भूत काल । भीख = भिक्षा । लेइ = लेना । तुइँ = त्वम् । सिखे = सिखा = सिखइ (शिक्ष्यते) का भूत-काल मेँ उत्तम-पुरुष का एक-वचन । बार = द्वार = दरवाजा । आइँ = आईँ = आवइ (आयाति) का भूत-काल मेँ उत्तम-पुरुष का स्त्रीलिङ्ग मेँ एक-वचन । गा = गया (अगात्) । तूँ = त्वम् । सोई = सो = स्वपित । कइसइ = कैसे = कथम् । भुगुति = भुक्ति = भोग । परापति = प्राप्ति = पराप्ति । होई = होवे (भवेत्) । अब = अधुना । जउँ = जौँ = यदि । सूर = हे सूर्य । अहउ = हो । ससि = शशि । राता = रक्त = आरक्त = आशक्त । आएऊ = आना (आ उपसर्ग पूर्वक या प्रापणे से) । चढि = चढ कर (उच्चाल्य) । गगन = आकाश । पुनि = पुनः = फिर । साता = सात = सप्त । लिखि कइ = लिख कर = आलिख्य । बात = वार्त्ता । सउँ = सोँ = से । कही = कहइ (कथयति) का भूत-काल मेँ स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन । इहइ = यही = इसी । ठाउँ = ठावँ = स्थान । हउँ = अहम् = मैँ । बारति = व्रत । अही = थी । परगट = प्रगट = प्रकट = जाहिर । होउँ = होऊँ (भवेयम्) । तउ = तदा = तर्हि = तो । अस = ऐसा = एतादृश । भंगू = भङ्ग = नाश । जगत = जगत् = संसार । दिआ = दीप । कर = का । पतंगू = पतङ्ग = फतिंगा ॥

जा = यस्य = जिस । हउँ = अहम् = मैँ । चखु = चक्षुः = आँख । हेरउँ = हेरती हूँ (हेडामि) = हेरइ (हेडति) का उत्तम-पुरुष मेँ एक-वचन । सोई = वही = स एव । देइ = देता है (दत्ते) । एहि = इसी । दुख = दुःख । कतऊँ = कुत्र हि = कहीँ । निसरउँ = निसरइ (निःसरति) का उत्तम-पुरुष मेँ एक-वचन । को = कौन । हतिआ = हत्या । असि = ऐसी = एतादृशी । लेइ = लेवे ॥

पद्मावती ने जैसा (उस योगी का) वर्णन सुना था तैसा ही सहस्र-किरण सूर्य के

ऐसा (उसे) देखा ॥ (उस के अङ्ग पर) चन्दन लगाया, कि क्या जानें चण भर के लिये जाग उठे; (परन्तु सो बात न ऊई, चन्दन लगाने से) और भी अधिक (दृष्टि-किरण-रूप) फार के धार देह में लगने लगे ॥ तब (पद्मावती ने उस के) हृदय में चन्दन से अचरों को लिखा, कि तैं ने भिचा के योग्य योग को नहीं सीखा ॥ जब मैं तेरे द्वार पर आई तब तूं सो गया तो तुझे कैसे भुक्ति (भोग-भिचा) की प्राप्ति हो ॥ अब तो हे सूर्य यदि तुम चन्द्र (मेरे) में आसक्त हो तो फिर सात आकाश चढ कर आना ॥ (पद्मावती) इस बात को लिख कर सखियों से कहने लगी, कि इसी स्थान के लिये मैं व्रत कर रही थी ॥ सो यदि (इस अवसर में मैं) प्रगट होती हूं तो मेरा वैसा ही विनाश हो जायगा, अर्थात् वैसी ही दशा हो जायगी जैसी कि संसार में दीप के फतंगे की होती है (कि भस्म हो कर प्राण दे देता है परन्तु दीप-शिखा से भेंट नहीं होती) ॥ भूः, भुवः, स्वः, महः, जन, तप, और सत्य ए सात ऊपर के लोक सप्त आकाश कहे जाते हैं। किसी कार्य-सिद्धि के लिये जो नियम किया जाता है कि जब तक कार्य-सिद्धि न हो तब तक मैं जल ही पीकर रहूँगा वा निर्जल उपवास करूँगा इत्यादि, ऐसे नियम को व्रत कहते हैं ।

(हे सखिओ) मैं जिसी की ओर आँख उठा कर देखती हूं, वही उसी स्थान में जीव दे देता है; इसी दुःख से मैं कहीं (बाहर) नहीं निकलती, कि कौन ऐसी हत्या को लेवे । हत्या एक महापाप है जो किसी के मारने से मनुष्य को लगता है, जैसे ब्राह्मण को मारने से ब्रह्महत्या, गौ को मारने से गोहत्या इत्यादि ॥ २०० ॥

चउपाई ।

exp.

कीन्ह पयान सबन्ह रथ हाँका । परबत छाडि सिँघल-गढ ताका ॥
भए बलि सबइ देओता बली । हतिआरिन हतिआ लेइ चली ॥
को अस हितू मुए गह बाहीँ । जउँ पइ जिउ आपुन तन नाहीँ ॥
जउ लहि जिउ आपुन सब कोई । बिनु जिएँ सबइ निरापुन होई ॥
भाइ बंधु अउ मीत पिआरा । बिनु जिएँ घडी न राखइ पारा ॥
बिनु जिएँ पीँड छार करि कूरा । छार मिलावइ सो हित पूरा ॥
तेहि जिएँ बिनु अब मर भा राजा । को उठि बइठि गरब सउँ गाजा ॥

दोहा ।

परी कया भुइँ रोअई कहाँ रे जिउ बलि भीउ ।
को उठाइ बइसारई बाजु पिरीतम जीउ ॥ २०१ ॥

कीन्ह = करइ (करोति) का भूत-काल । पयान = प्रयाण = यात्रा । सबन्ह = सब (सर्व) का बहु-वचन । हाँका = हाँकइ (अकयति, अक कुटिलायां गतौ से णिच्) का भूत-काल । परबत = पर्वत = पहाड । छाडि = छोड कर (सन्त्यज्य) । सिँघल = सिंहल । गढ = गाढ = दुर्ग = किला । ताका = ताकइ (तर्कयति) का भूत-काल । सबइ = सभी । देओता = देवता । बली = प्रबल । हतिआरिन = हत्या-कारिणी = हत्या करनेहारी । हतिआ = हत्या = पाप । लेइ = ले कर (ला धातु से) । चली = चलइ (चलति) का भूत-काल में स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन । को = कौन = कः । अस = ऐसा = एतादृश । हितू = हित = हितैषी । मुए = मरे का । गह = गहे (गृह्णीयात्) = पकडे । बाहीँ = बाहु = बाँह । जउँ = यदि = जौँ । पइ = अपि = निश्चय । जिउ = जीव । आपुन = अपना । तन = तनु = देह । जउ लहि = जब लग = जब तक । बिनु = विना । जिअ = जीव । निरापन = जो अपना नहीँ = बेगाना = पराया । होई = होता है (भवति) । भाइ = भाई = भ्राता । बंधु = बन्धु । अउ = अपि च = और । मीत = मित्र । पिआरा = प्यारा । घडी = एक घडी = एक घटी । राखइ = रखने को । पारा = पार = समर्थ = शक्य । पौंड = पिण्ड = देह । छार = चार = भस्म । करि = हला = कर के । कूरा = कूट = ढेर । मिलावइ = मिलाता है (मेलयति) । पूरा = पूर्ण = पक्का । अब = इदानीम् = अधुना । मर = मुर्दा = मृतक । भा = भया = हुआ (बभूव) । उठि = उठ कर (उत्थाय) । बइठि = बैठ कर (उपविश्य) । गरब = गर्व = अभिमान । सउँ = सोँ = से । गाजा = गाजे = गरजे = गाजइ (गर्जति) से ॥

परी = परइ (पतति) का भूत-काल में स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन । कया = काय = देह । भुइँ = भूमि में । रोअइ = रोती है (रोदिति) । बलि = वलि राजा, जिस के छलने के लिये भगवान् विष्णु का वामनावतार हुआ है; पुराणोँ में प्रसिद्ध कथा है । भीउ = भीम = युधिष्ठिर के दूसरे भाई जो कि महाबली थे । उठाइ = उठा कर । बइसारइ = बैठावे (उपवेशयेत्) । बाजु = बरजे = रोके (वर्जयेत्) । पिरीतम = प्रियतम = सब से प्यारा ॥

सब किसी ने यात्रा की, रथ को हाँका; और पर्वत (देव मन्दिर का पर्वत) को छोड कर, सिंहल-गढ की ओर दृष्टि की ॥ सब बली देवता बलि हो गए अर्थात् पद्मावती के रूप से मोहित हो मृतक से हो गए; (इस प्रकार) हत्यारिन (पद्मावती) (सब की) हत्या को ले कर चली ॥ (कवि कहता है कि) कौन ऐसा हितैषी है जो मरे की बाँह पकडे; यदि जीव अपनी देह में नहीं है (तो कोई साथ देने-वाला नहीं) ॥ जब तक जीव है तभीं तक सब कोई अपना है; जीव के विना सभी पराए हो जाते हैं ॥ भाई, बन्धु, और प्यारा मित्र, (सब) जीव के विना एक घडी भी नहीं रख सकते ॥ जो विना जीव की देह को (भस्म कर) राख की ढेरी कर राख में मिला देवे वही पूरा हितू है ॥ (जिस जीव ही से संसार में सब नाता है) उसी जीव के विना अब राजा मुर्दा हो गया; कौन उठ कर बैठे और गर्व से गरजे ॥

भूमि में पडी देह रो रही है (रो रो कर पुकारती है कि) अरे जीव, अरे राजा बलि और भीम, कहाँ हो (आ कर शरीर के सहायक हो); अरे (इस कु-अवसर में) कौन उठा कर (मुझे) बैठावे और कौन प्रियतम जीव को रोके (और डाँटे कि इस की देह को न छोड इसी में रह) ॥ २०१ ॥

चउपाई ।

पदुमावति सो मँदिर पईठी । हँसत सिँघासन जाइ बईठी ॥
निसि सूती सुनि कथा बिहारी । भा बिहान अउ सखी हँकारी ॥
देओ पूजि जस आएउँ काली । सपन एक निसि देखेउँ आली ॥
जनु ससि उदउ पुरुब दिसि लीन्हा । अउ रबि उदउ पछिउँ दिसि कीन्हा ॥
पुनि चलि सूर चाँद पहँ आवा । चाँद सुरुज दुहुँ भएउ मेरावा ॥
दिन अउ राति जानु भए एका । राम आइ रावन-गढ छेंका ॥
तस किछु कहा न जाए निखेधा । अरजुन-बान राहु गा बेधा ॥

दोहा ।

जनहुँ लंक सब लूसी हनू बिधाँसी बारि ।
जागि उठेउँ अस देखत सखि कहु सपन बिचारि ॥ २०२ ॥

सो = वह। मँदिर = मन्दिर = घर। पईठी = पैठी = पइठइ (प्रविशति) का भूत-काल में स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन। हँसत = हँसती ऊई = हसन्ती। सिँघासन = सिंहासन। जाइ = जा कर = संयाय। बईठी = बैठी = बइठइ (उपविशति) का भूत-काल में स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन। निसि = निशि = रात्रि में। सूती = सूतइ (शेते) का भूत-काल में स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन। सुनि = सुन कर (श्रुत्वा)। कथा = कहानी। बिहारी = विहारी = विहार की = सैर की। भा = भया = ऊआ = (बभूव)। बिहान = सबेरा = व्यह = भोर। सखी = प्रिय-सखी, जिस से भली बुरी बात कहने में सङ्कोच न हो। हँकारी = हँकारइ (ऊँ-कारयति) का भूत-काल में स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन। देश्रो = देव। पूजि = पूज कर (पूजयित्वा)। जस = जैसेही = यथा। आएउँ = आई = आवइ (आयाति) का भूत-काल में स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन। काली = कल = कल्यम्। सपन = स्वप्न = सपना। देखेउँ = देखा = देखइ का भूत-काल। आली = सखी। जनु = जानों = जाने। ससि = शशि = चन्द्र। उदउ = उदय। पुरुब = पूर्व। दिसि = दिशा। लीन्हा = लेइ (लाति) का भूत-काल। रबि = रवि = सूर्य। पछिउँ = पश्चिम। कीन्हा = करइ (करोति) का भूत-काल। पुनि = पुनः = फिर। चलि = चल कर = (चलित्वा)। सूर = सूर्य। चाँद = चन्द्र। आवा = आवइ (आयाति) का भूत-काल में एक-वचन। सुरुज = सूर्य। दुऊँ = दोनों में = दयोर्हि। भएउ = भया = ऊआ (बभूव)। मेरावा = मिलाप = मेलाप = भेंट। राति = रात्रि। एका = एक। राम = अयोध्या के प्रसिद्ध राजा, दशरथ के पुत्त। राश्रोन = रावण। गढ = गाढ = दुर्ग = किला। राश्रोन-गढ = रावण का गढ = लङ्का। छेँका = छेँकइ (शकि शङ्कायाम् से णिजन्त, शङ्कयति) का भूत-काल। तस = तथा = तैसा। किछु = किञ्चित् = कुछ। कहा न जाए = कहा नहीँ जाता। निखेधा = निखेधइ (निषेधयति) का भूत-काल। अरजुन = अर्जुन = युधिष्ठिर का तीसरा भाई, इन्द्र का अंश। बान = वाण। राऊ = राऊ के (सर्प के) आकार का एक लक्ष्य (निशाना)। गा = गया (अगात्)। बेधा = विद्ध = विध ॥

जनउँ = जानों = जाने। लंक = लङ्का। लूसी = लुट गई (लूष हिंसायाम्, चुरादि)। हनू = हनूमान्। बिधाँसी = विधंसी = विधंसइ (विध्वंसयति) का भूत-काल। बारि = वाटिका। वा बारि = बार कर जला कर। जागि = जाग कर = जाग्रित हो कर। उठेउँ = उठी = उठइ (उत्तिष्ठते) का भूत-काल में स्त्रीलिङ्ग का उत्तम-पुरुष में एक-वचन। सखि = हे सखि। कऊ = कह (कथय)। बिचारि = विचार कर (विचार्य) ॥

(देव-मन्दिर से आ कर) वह पद्मावती अपने मन्दिर में पैठी, अर्थात् प्रवेश की, और हँसती हुई, जा कर सिंहासन पर बैठ गई। विहार (सैर) की कथा (सखिओं से) सुन कर रात को सूती; और होते-ही प्रिय-सखी को बुलाई। (और कहने लगी, कि) हे सखि कल्ह देवता को पूज कर जैसे आई (उन सब बातों को तो तुम जानती ही हो; नई बात यह है कि आज) रात्रि में एक सपना देखी हूँ कि। जानों पूर्व दिशा से चन्द्रमा उदय को लिया है, अर्थात् उदय हुआ है, और पश्चिम दिशा में सूर्य उदय किया है। फिर सूर्य चल कर चन्द्र के पास आया है; चन्द्र और सूर्य दोनों में मिलाप हुआ है। जानों दिन और रात दोनों एक में मिल गए और राम ने आ कर लङ्का को घेर लिया है। (इस के अनन्तर) ऐसा कुछ हुआ जो कहा नहीं जाता, (उस बात के कहने का शास्त्रों में) निषेध है; (यही समझ लो) कि अर्जुन के वाण से राहु (निशाना) बिध गया (द्रौपदी-रूपा जो मैं चन्द्र, तिस का उस सूर्य से विवाह हो गया)। द्रुपद ने द्रौपदी के विवाह के लिये स्वयंवर रचा था। उस में एक धनु और पाँच वाण रख दिए थे और एक यन्त्र के ऊपर अकाश में एक निशाना, जो कि वक्तों के मत से सर्पाकार वा मत्स्याकार था, लटका दिया गया था; यन्त्र में एक छेद कर दिया था। प्रतिज्ञा थी कि जो इस धनु को चढा कर, इन्हीं पाँच वाणों से निशाने को इस प्रकार से बेध दे, कि वाण यन्त्र के छेद में से होते हुए निशाने को बेधे तो उसी के साथ द्रौपदी का विवाह हो, अर्थात् द्रौपदी उसी पुरुष की भार्या होगी। रङ्गशाला में द्रौपदी का भाई धृष्टद्युम्न ने ललकार कर कहा है कि—

इदं धनुर्लक्ष्यमिमे च वाणाः शृण्वन्तु मे भूपतयः समेताः।
छिद्रेण यन्त्रस्य समर्पयध्वं शरैः शितैर्व्योमचरैर्दशार्धैः॥
एतन्महत्कर्म करोति यो वै कुलेन रूपेण बलेन युक्तः।
तस्याद्य भार्या भगिनी ममेयं कृष्णा भवित्री न मृषा ब्रवीमि॥

(भारत, आदि पर्व, १८७ अध्या० श्लो० २५-२६)।

जानों हनूमान् ने वाटिका को (पद्मावती के भूषणों को) विध्वंस कर दिया है और लङ्का [पद्मावती की लङ्क=(कटि)] को नष्ट भ्रष्ट कर दिया है; ऐसा (स्वप्न) देखते-ही मैं जाग उठी। (सो) हे सखि, विचार कर (इस) सपने को कह, अर्थात् इस सपने का फल विचार कर, कह ॥ २०२ ॥

चउपाई ।

सखी सो बोली सपन बिचारी । जो गइहु काल्हि देओ कर बारी ॥
पूजि मनाइहु बहुत बिनाती । परसन आइ भएउ तुम्ह राती ॥
सूरुज पुरुख चाँद तुम्ह रानी । अस बर दइउ मेरावइ आनी ॥
पछिउँ खंड कर राजा कोई । सो आइहि बर तुम्ह कहँ होई ॥
किछु पुनि जूझ लागि तुम्ह रामा । राओन सउँ होइहि सँगरामा ॥
चाँद सुरुज सउँ होइ बिआहू । बारि बिधंसब बेधब राहू ॥
जस ऊखा कहँ अनिरुध मिला । मेटि न जाइ लिखा परबिला ॥

दोहा ।

सुख सोहाग हइ तुम्ह कहँ पान फूल रस भोगु ।
आजु काल्हि भा चाहिअ अस सपने क सँजोगु ॥ २०३ ॥

इति बसंत-खंड ॥ २० ॥

सो = सा = वह । बोली = बोलइ (वदति) का भूत-काल मेँ स्त्री-लिङ्ग का एक-वचन । सपन = स्वप्न = सपना । बिचारी = विचार कर (विचार्य) । गइऊ = गई थीँ । काल्हि = कल = कल्य । देओ = देव । कर = की वा का । बारी = बार = द्वार, वा बारी = वाटिका । पूजि = पूजा कर = आपूज्य । मनाइऊ = मनाया, वा मनाई = मनावइ (मानयति) से । बऊत = बऊतर । बिनाती = विज्ञप्तिका = प्राकृत विण्णत्तिआ । परसन = प्रसन्न = खुश । आइ = आ कर (एत्य) । भएउ = भया = ऊआ (बभूव) । तुम्ह = तुम से । रानी = हे रानी । सूरुज = सूर्य । पुरुख = पुरुष । चाँद = चन्द्र । अस = ऐसा = एतादृश । बर = वर = पति । दइउ = देव = भगवान् । मेरावइ = मिलावे, यहाँ मिलावेगा = मेलवइ (मेलयति) का भविष्य-काल । आनी = आन कर = आनीय । पछिउँ = पश्चिम । खंड = खण्ड = भू-खण्ड । आइहि = आवेगा = आवइ (आयाति) का भविष्य-काल मेँ प्रथम-पुरुष का एक-वचन । होई = होगा (भविष्यति) । किछु = कुछ = किञ्चित् । पुनि = पुनः = फिर । जूझ = युद्ध । लागि = लग कर, वा लागि = लिये । रामा = राम की स्त्री, सीता = रमा । राओन = रावण । सउँ = से । होइहि = होगा (भविष्यति) ।

सँगरामा = सङ्ग्राम = युद्ध। सुरुज = सूर्य। होइ = होगा = होई (भविष्यति)। बिआह = विवाह। बारि = वाटिका। बिधंसब = विध्वंस करना। बेधब = बेधना। राह = राहु = सर्पाकार वा मत्स्याकार लक्ष्य (निशाना)। जस = जैसे = यथा। ऊखा = ऊषा = वाणासुर की कन्या। अनिरुध = अनिरुद्ध = कृष्ण का पौत्र = प्रद्युम्न का पुत्र। मिला = मिलइ (मिलति) का भूत-काल। मेटि = मिटाया = मर्दन। जाइ = जाता (जायते)। लिखा = लिखा हुआ। परबिला = प्रबल।

सोहाग = सौभाग्य। हइ = है (अस्ति)। पान = पर्ण। फूल = फुल्ल = पुष्प। भोगु = भोग। आजु = अद्य। भा = भया = हुआ। चाहिअ = चाहता है। अस = ऐसा = एतादृश। क = का। सँजोगु = संयोग॥

वह सखी स्वप्न (का फल) विचार कर बोली, कि जो कल देव के द्वार, वा देव की वाटिका मेँ, तुम गई थी। (वहाँ देव की) पूजा कर तुम ने बहुत विनय से (देवता को) मनाया था सो हे रानी (वही देवता) आ कर तुम्हारे ऊपर प्रसन्न हुआ है। (स्वप्न मेँ जो) सूर्य है वह पुरुष है और चन्द्रमा तुम रानी हो; (जान पडता है कि) भगवान् (सूर्य के) ऐसा वर ला कर तुम से मिलावेगा। (स्वप्न मेँ सूर्य पश्चिम से उदय हुआ है इस लिये) कोई पश्चिम-भूखण्ड का जो राजा है वह आ कर तुम्हारा वर (पति) होगा। फिर (स्वप्न मेँ जो राम-रावण की लडाई हुई उस का यह फल है कि) सीता-समान तुम्हारे लिये कुछ युद्ध होगा; रावण (सिंहल के राजा तुमारे पिता गन्धर्वसेन) से (अवश्य) सङ्ग्राम होगा। (स्वप्न मेँ हनुमान् का वाटिका विध्वंस करना और अर्जुन का राहु बेधना, ए आगम जनाते हैँ कि) चन्द्र (तुम) और सूर्य (वह राजा) से विवाह होगा। जिस प्रकार ऊषा को (घर बैठे-ही) अनिरुद्ध मिला (उसी प्रकार तुम को यहाँ-ही पर वर मिलेगा; ब्रह्मा का) प्रबल लिखा हुआ मिटा नहीँ जाता, अर्थात् ब्रह्मा ने जो ललाट मेँ भला या बुरा लिखा है वह मिटता नहीँ, अवश्य-ही होता है। शोणित-पुर के राजा बलि के सौ पुत्रोँ मेँ जेठा वाणासुर था। उस की कन्या ऊषा थी। उस ने स्वप्न मेँ एक सुन्दर पुरुष को देखा; जागने पर उस पुरुष के विरह से बहुत व्याकुल हो गई; उस की ऐसी दशा देख, उस की एक सखी चित्रलेखा ने उस समय के सब प्रसिद्ध सुन्दर पुरुषोँ का चित्र खीँच खीँच कर उस को देखाने लगी। कृष्ण के पौत्र और प्रद्युम्न के पुत्र अनिरुद्ध के चित्र को देख कर ऊषा ने कहा कि यही स्वप्न मेँ मेरे पास आया था। फिर माया कर

चित्रलेखा रात को द्वारिका मेँ जा कर सोते ऊए अनिरुद्ध को उठा लाई और ऊषा से मिला दी। इस पर द्वारिका मेँ अनिरुद्ध को न देख कर बऊत घबडाहट मची और इधर पुत्री के साथ अनुचित व्यवहार करने से बाणासुर ने अनिरुद्ध को कैद कर लिया। बऊत दिनोँ के बाद नारद से खबर पा कर, कृष्ण शोणितपुर गए और बाणासुर को पराजय कर, ऊषा के साथ अनिरुद्ध को द्वारिका मेँ ले आए। श्रीमद्भागवत के दशमस्कन्ध ६२-६३ अध्याय मेँ इस की सविस्तर कथा लिखी है॥

(सो रानी तुम घबडाओ मत) तुम को (सदा) सुख, सौभाग्य है और पान फूल के रस का भोग है; ऐसा सपने का संयोग, आज कल मेँ (सच) ऊआ चाहता है॥ २०३॥

इति वसन्त-खण्डं नाम विंश-खण्डं समाप्तम्॥ २०॥

अथ राजा-रतनसेन-सती-खंड ॥ २१ ॥

चउपाई।

कइ बसंत पदुमावति गई। राजहि तब बसंत सुधि भई ॥
जो जागा न बसंत न बारी। नहिँ सो खेल न खेलन-हारी ॥
ना उन्ह कइ वह रूप सोहाई। गइ हेराइ पुनि दिसिटि न आई ॥
फूल झरे सूखी फुलवारी। दिसिटि परी उकठी सब झारी ॥
केइँ यह बसत बसंत उजारा। गा सो चाँद अथवा लेइ तारा ॥
अब तेहि बिनु जग भा अँध-कूपा। वह सुख छाँह जरउँ हउँ धूपा ॥
बिरह दवाँ को जरत सिरावा। को पीतम सउँ करइ मेरावा ॥

दोहा।

हिअइ देख जो चंदन खेवरा मिलि कइ लिखा बिछोउ।
हाथ मीँजि सिर धुनि सो रोअइ जो निचिंत अस सोउ ॥ २०४ ॥

कइ = कर = कृत्वा। बसंत = वसन्त-ऋतु। गई = गया (अगात्) का स्त्रीलिङ्ग। तब = तदानीम्। सुधि = शोध = खबर। भई = भया का स्त्रीलिङ्ग (बभूव) = हुई। जागा = जागइ (जागर्त्ति) का भूत-काल। बारी = वाटिका, वा वालिका। खेल = खेला = क्रीडा। कइ = की। सोहाई = सोहइ (शोभते) का भूत-काल। गइ हेराइ = हेराय गई = हृत हो गई = लोप हो गई। पुनि = पुनः = फिर। दिसिटि = दृष्टि। आई = आवइ (आयाति) का भूत-काल में स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन। फूल = फुल्ल = पुष्प।

झरे = झरइ (झरति) का भूत-काल में प्रथम-पुरुष का बहु-वचन। सूखी = सूखइ (शुष्यति) का भूत-काल में स्त्रीलिङ्ग का प्रथम-पुरुष में एक-वचन। फुलवारी = पुष्पवाटिका। परी = परइ (पतति) का स्त्रीलिङ्ग में भूत-काल का एक-वचन। उकठी = उकठ गई = सूख गई। छारी = भस्म हो गई = छार हो गई = राख हो गई। केइँ = किस ने। बसत = बसते। उजारा = उजारइ (उज्ज्वारयति) का भूत-काल में एक-वचन। गा = गया (अगात्)। चाँद = चन्द्र। अथवा = अस्त हो गया (अस्तमितः)। लेइ = ले कर (आलाय)। तारा = तारा-गण। अब = इदानीम्। बिनु = विना। जग = जगत् = संसार। भा = भया (बभूव)। अँध-कूपा = अन्ध-कूप। छाँह = छाया। जरउँ = जरइ (ज्वलति) का उत्तम-पुरुष में एक-वचन। हउँ = अहम् = मैं। धूप = घाम। बिरह = विरह = वियोग। दवाँ = दवानल = दवाग्नि। जरत = जरते (ज्वलन्)। सिरावा = सिरावे = सिरावइ (शीतयति) का सम्भावना में प्रथम-पुरुष का एक-वचन। पीतम = प्रियतम। सउँ = सेँ = से। करइ = करे (कुर्यात्)। मेरावा = मिलाप = मेलापक ॥

हिअइ = हृदये = हृदय में। देख = देखा = देखइ का भूत-काल में प्रथम-पुरुष का एक-वचन। खेंवरा = खौरा हुआ = लगाया हुआ (खेट खेवने से)। मिलि कइ = मिल कर। लिखा = लिखा हुआ। बिछोउ = बिछोह = विशोक = विशेष शोक, वा वियोग। हाथ = हस्त। मीँजि = मीँज कर (आमर्द्य)। सिर = शिर। धुनि = धुन कर = कँपा कर (धुञ् कम्पने से)। रोअइ = रोता है (रोदिति)। निचिंत = निश्चिन्त = विना चिन्ता के। अस = ऐसा = एतादृश। सोउ = सोता है (शेते) ॥

जब पद्मावती वसन्त कर, अर्थात् वसन्त ऋतु की शोभा फैला कर, चली गई; तब राजा (रत्न-सेन) को वसन्त-ऋतु की याद हुई, अर्थात् वसन्त-ऋतु की शोभा देखते-ही बेहोश हो गया था; होश होते-ही उस वसन्त की सुधि हुई। जो जागा (तो देखता है कि) न वसन्त है न वाटिका है वा न वे बालिकाएँ हैँ; न वह खेल है, न वे खेलन-हारी (नवयौवना युवती) ही हैँ। और न उन के शोभित रूप ही हैँ; (वह पद्मावती) लोप हो गई, फिर दृष्टि में न आई। फूल झड पडे, फुलवारी सूख गई; (राजा की) दृष्टि सब भस्म हो कर राख हुई, और उकठी फुलवारी पर पडी। (रोने लगा कि हाय) किस ने इस बसते वसन्त को उजाड दिया; (हा वह) चन्द्र (पद्मावती का रूप) चला गया; (सब) ताराओँ (सखिओँ) को ले कर अस्त हो गया। अब उस के विना संसार अन्ध-कूप हो गया; (हा) वह (पद्मावती-रूप चन्द्र)

सुख से छाया मैँ (जा कर बैठा) है, और मैँ धूप मैँ जलता हूँ। (हा इस) जरती ऊई विरहाग्नि को कौन ठंढी करे, और कौन प्रियतम (पद्मावती) से भेँट करावे।

देखा कि हृदय मैँ जो चन्दन घेवरा है उस मैँ लिखा है कि मिल कर वियोग ऊआ है, अर्थात् मैँ तुम से मिली पर तुमारे सो जाने से मिलना न मिलना बराबर हो गया; (इस लेख के पढते-ही) वह (रत्न-सेन) हाथ मल मल कर और शिर को पीट पीट कर रोने लगा, कि (हाय मैँ ऐसा क्योँ सो गया) ऐसा (वही) सोता है जो कि निचिंत (बेफिक्र) हो ॥ २०४ ॥

चउपाई ।

जस बिछोउ जल मीन दुहेला। जल हुति काढि अगिनि मँह मेला ॥
चंदन आँक दाग होइ परे। बुझहिँ न ते आखर परजरे ॥
जनु सर आगि होइ होइ लागे। सब बन दागि सिंघ बन दागे ॥
जरहिँ मिरिग बन-खँड तेहि ज्वाला। अउ ते जरहिँ बइठ तेहि छाला ॥
कित ते आँक लिखे जिन्ह सोआ। मकु आँकन्ह तेहि करत बिछोआ ॥
जइस दुखँत कहँ साकूँतला। माधउनलहि कामकंदला ॥
भएउ अंग नल जइस दमावति। नयनाँ मूँदि छपी पदुमावति ॥

दोहा ।

आइ बसंता छपि रहा होइ फूलन्ह के भेस।
केहि बिधि पावउँ भवँर होइ कउनु सो गुरु उपदेस ॥ २०५ ॥

जस = जैसे = यथा। बिछोउ = विच्छुरउ = बिछुडना = वियोग। जल = पानी। मीन = मछली। दुहेला = दुःखी = दुखिया। हुति = से। काढि = काढ कर (आकृष्य) = खीँच कर। अगिनि = अग्नि = आग। मेला = मेलइ (मेलयति) का भूत-काल मैँ प्रथम-पुरुष का एक-वचन। आँक = अङ्क = चिह्न = अक्षर। दाग = निशान = दग्ध स्थान। होइ = हो कर (भूला)। परे = परइ (पतति) का भूत-काल मैँ प्रथम-पुरुष का बहु-वचन। बुझहिँ = बुझइ (व्यवहायति = प्राकृत बोज्झेइ) का बहु-वचन। आखर = अक्षर। परजरे = परजरइ (प्रज्वलति) का भूत-काल मैँ प्रथम-पुरुष का बहु-वचन। सर = शर = वाण। आगि =

अग्नि । लागे = लगइ, वा लागइ (लगति) का भूत-काल में प्रथम-पुरुष का बहु-वचन । बन = वन = जङ्गल । दागि = दग्ध्वा = जला कर । सिंघ = सिंह । दागे = दगधइ (दहति) का भूत-काल में प्रथम-पुरुष का बहु-वचन । जरहिँ = जरइ (ज्वलति) का बहु-वचन । मिरिग = मृग = हरिण । बन-खँड = वन-खण्ड = वनविभाग । ज्वाला = ज्वलन = तेज वा अग्नि । बइठ = बैठते हैं (उपविशन्ति) । छाला = छाल = चैल = मृगचैल । कित = कुतः = क्यों । लिखे = लिखे गए । सोत्रा = स्वपित = सोत्रा है । मकु = मैं कहा = क्या जानें । आँकन्ह = आँक का बहु-वचन । करत = करते हैं (कुर्वन्ति) । बिछोत्रा = विच्छुरित = वियोगी । जइस = जैसे = यथा । दुखँत = दुष्यन्त, एक प्रसिद्ध राजा । साकुँतला = शकुन्तला = मेनका की पुत्री, कण्व से जो पाली गई । माधउनलहि = माधवानल को; माधवानल एक प्रसिद्ध गुणी, जो सङ्गीतशास्त्र में बहुत निपुण था । कामकंदला = एक वेश्या । नल = एक प्रसिद्ध राजा । दमावति = दमयन्ती = विदर्भदेश के राजा भीमसेन की पुत्री । नयनाँ = नयन का बहु-वचन = आँखें । मूँदि = मूँद कर (आमुद्य) = बंद कर । छपी = छपइ (औत्क्षिपत् प्रक्षेपणे से क्षिपते) का भूत-काल में स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन । पदुमावति = पद्मावती ॥

आइ = आ कर = एत्य । बसंता = वसन्त-ऋतु । छपि रहा = छिप रहा । फूलन्ह = फूल का बहु-वचन । भेस = वेष = सूरत । पावउँ = पावइ (प्राप्नोति) का सम्भावना में उत्तम-पुरुष का एक-वचन । भवँर = भ्रमर = भौंरा । कउनु = को नु = कौन । उपदेस = उपदेश = शिक्षा ॥

जैसे जल के वियोग से मछली दुखिया हो और उसे पानी से निकाल कर आग में डालें (उसी प्रकार राजा रत्नसेन की दशा हुई); (हृदय में) चन्दन के (लिखे हुए) अक्षर के दाग पड गए वे अक्षर बुझते नहीं प्रज्वलित हो गए । जानों (वे अक्षर) आग के बाण हो हो कर (रत्न-सेन के हृदय में) लगे हैं; (वे अक्षर) सब वन को दाग कर वन में सिंह को दागे हैं (कवि की उत्प्रेक्षा है कि वन के वृक्षों में स्थान स्थान पर जो चिन्ह हैं उन्हें चिह्न न समझो, किन्तु वे उन्हीं अक्षरों के दागे हुए चिन्ह हैं और सिंह के अङ्ग में जो स्थान स्थान पर काले चिन्ह हैं वे भी उन्हीं अक्षरों के दाग हैं) । उन्हीं (अक्षरों) की ज्वाला से वनविभाग में (कभीं कभीं) हरिण जल जाते हैं, अर्थात् उन्हीं अक्षरों से दावाग्नि उत्पन्न होती है; और जो तिस (राजा के आसन) मृग-छाला पर बैठ जाते हैं वे भी जरने लगते हैं ।

जो (पुरुष स्वस्थ हो कर) सोया था (उस के हृदय में) क्यों वे अक्षर लिखे गए; क्या जानें वे अक्षर ही विरह (दुःख) को करते हैं, अर्थात् यदि अक्षर न लिखे होते तो राजा को विरह-दुःख न होता; अक्षरों ही के कारण राजा को ज्ञान हुआ, कि पद्मावती आ कर चली गई, इस लिये विरह-दुःख का कारण अक्षर ही हैं। जैसे दुष्यन्त को शकुन्तला ने, माधवानल को काम-कन्दला ने विरह-दुःख दिया। और जैसे दमयन्ती के वियोग से नल के अङ्ग की दशा हुई (वैसी ही राजा रत्न-सेन की दशा हुई); (राजा रत्न-सेन की) आँखों को बंद कर पद्मावती लोप हो गई॥

दुष्यन्त पुरुवंशियों में प्रधान पुरुष थे; इन से विश्वामित्र के वीर्य से मेनका अप्सरा से उत्पन्न शकुन्तला का विवाह हुआ था। प्रत्यक्ष विवाह होने के पूर्व वन में कण्व के आश्रम में दुष्यन्त और शकुन्तला से प्रथम भेंट हुई थी और परस्पर वचनप्रमाण से एक प्रकार का विवाह हो गया था; पीछे से गर्भवती शकुन्तला जब राजा के पास गई तब राजा को शकुन्तला के साथ वन में विवाह करना भूल गया इस लिये उस को भार्या न बनाया; इस से वह बहुत व्याकुल हुई। पुत्री की ऐसी दशा देख मेनका उठा ले गई। फिर विवाह का होना स्मरण कर दुष्यन्त शकुन्तला के विरह से बहुत ही व्याकुल हुआ था; भारत आदिपर्व, अध्याय ६८-७४ में इस की सविस्तर कथा लिखी हुई है; पद्मपुराण में भी कुछ भिन्न प्रकार से इस की कथा है। कालिदास ने जो शाकुन्तल नाटक को बनाया है उस में प्रायः पद्मपुराण ही की बहुत कथा है।

माधवानल एक ब्राह्मण था। कामकन्दला पर आसक्त हो गया था। उस के विरह से व्याकुल हो कर हा कामकन्दला, हा कामकन्दला, कहता इधर उधर बौरहा सा फिरा करता था। इस की सविस्तर कथा सिंहासन-बतीसी की २१ वीं कहानी में है। राजा नल वीर-सेन के पुत्त्र थे; और दमयन्ती विदर्भ-राज भीम-सेन की पुत्त्री थी; नल ने हंस से दमयन्ती की प्रशंसा सुन उस के विरह से बहुत ही व्याकुल हुआ था। इस की कथा भारत वनपर्व ५२-८९ अध्यायों में विस्तरपूर्वक है। इसी की छाया से श्रीहर्ष ने नैषध काव्य लिखा है॥

(राजा रत्न-सेन विलप रहा है कि) वसन्त (पद्मावती) आ कर फूलों के वेष में हो कर छिप रहा, अर्थात् वसन्त-रूप पद्मावती फूल हो कर राज-मन्दिर में चली गई; सो भ्रमर हो कर (उसे) किस प्रकार से पाऊँ; कौन ऐसा वह गुरु है जो (इस विषय में) उपदेशे, अर्थात् शिक्षा दे॥ २०५॥

चउपाई ।

रोअइ रतन माल जनु चूरा । जहँ होइ ठाढ होइ तहँ कूरा ॥
कहाँ बसंत सो कोकिल बइना । कहाँ कुसुम अलि बेधी नइना ॥
कहाँ सो मूरति परी जो डीठी । काढि लीन्ह जिउ हिअइ पईठी ॥
कहाँ सो दरस परस जेहि लाहा । जउँ सो बसंत करीलहि काहा ॥
पात बिछोउ रूख जो फूला । सो महुआ रोअइ अस भूला ॥
टपकहिँ महुअ आँसु तस परहीँ । होइ महुआ बसंत जउँ झरहीँ ॥
मोर बसंत सो पदुमिनि बारी । जेहि बिनु भएउ बसंत उजारी ॥

दोहा ।

पावा नउल बसंत पुनि　बहु आरति बहु चोपु ।
अइस न जाना अंत होइ　पात झरहिँ होइ कोपु ॥ २०६ ॥

रोअइ = रोता है (रोदिति) । रतन = रत्न-सेन । माल = माला = मुक्ता-माला । चूरा = चूर्ण । ठाढ = खडा = स्थित । कूरा = कूट = ढेरी । बसंत = वसन्त । कोकिल = एक प्रसिद्ध काले वर्ण का पक्षी जो वसन्त-ऋतु में बोलता है; इसे पिक भी कहते हैं; भाषा में कोयल नाम से प्रसिद्ध है। बइना = बैन = वचन । कुसुम = पुष्प । अलि = भ्रमर । बेधी = बेधइ = (विध्यति) का भूत-काल में स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन । नइना = नयन = आँख । मूरति = मूर्त्ति । परी = परइ (पतति) का भूत-काल में स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन । डीठी = दृष्टि। काढि = काढ = कर्षण। लीन्ह = लेइ (लाति) का भूत-काल। जिउ = जीव । हिअइ = हृदय में। पईठी = पैठि = पैठ कर (प्रविश्य) । दरस = दर्शन । परस = स्पर्श । जेहि = जिस का । लाहा = लाभ । जउँ = यदि = जौं । करीलहि = करील को, करील एक प्रकार का वृक्ष है जो कि वृन्दावन में बहुत प्रसिद्ध है, वसन्त में सब वृक्षों में नए पत्ते उत्पन्न होते हैं परन्तु करील में नए पत्ते नहीं होते, यह वृक्ष प्रायः बेपत्ते का होता है। पात = पत्ता = पत्र । बिछोउ = विच्छुरण = वियोग । रूख = वृक्ष । फूला = फूलइ (फुल्लति) का भूत-काल में पुंलिङ्ग का एक-वचन । महुआ = मधूक = एक प्रसिद्ध वृक्ष । अस = ऐसा = एतादृश । भूला = भूला हुआ ।

टपकहिँ = टपकइ (प्रपतति) का बक्ठ-वचन । आँसु = अश्रु = आँस । तस = तैसा = तथा । परहीँ = परइ (पतति) का बक्ठ-वचन । जउँ = ज्यौँ = यथा । झरहीँ = झरइ (झरति) का बक्ठ-वचन । बारी = बालिका । उजारी = उजार = उज्जरण ॥

पावा = पावइ (प्राप्नोति) का भूत-काल । आरति = आर्त्त = दुःख = आतुरी । चोपु = चोप = वेग = इच्छा । अइस = ऐसा । जाना = जानइ (जानाति) का भूत-काल । अंत = अन्त मेँ = आखिर मेँ । कोपु = कोप = पल्लव ॥

रतन (राजा रत्न-सेन) रोने लगा (आँसुओँ की पङ्क्ति जान पडती है कि) जानोँ चूर हो कर, अर्थात् टूट कर मुक्ता-माला गिरती हो; जहाँ खडा होता है तहाँ ही मोतिओँ की ढेर हो जाती है। (विलपने लगा, कि हाय) वह वसन्त, वह कोकिल सा वचन, कहाँ है और जिस फूल ने नयन-भ्रमर को बेध दिया वह फूल कहाँ है। जिस मूर्त्ति पर दृष्टि पडी थी वह कहाँ है; (उस) मूर्त्ति ने हृदय मेँ पैठ कर जी को निकाल लिया। (मेरी ऐसी भाग्य) कहाँ जिस से (पद्मावती के) दर्शन और स्पर्श का लाभ हो; यदि वह वसन्त-ऋतु हो भी तो करील को क्या (भर्तृहरि ने भी नीति-शतक मेँ लिखा है कि 'पत्त्रं नैव यदा करील-विटपे दोषो वसन्तस्य किम्')। पत्तोँ के बिछुडने पर (और) जो वृक्ष हैँ वे फूलते हैँ (परन्तु) वह मङ्कआ ही है जो (पत्तोँ के बिछुडने पर मेरे) ऐसा भूला ऊआ रोता है (आँसुओँ के बूँद सा, बक्ठत दिनोँ तक टपटप फूलोँ को टपकाया करता है)। मङ्कआ उसी प्रकार टपकते हैँ जैसे कि (मेरी) आँस; वसन्त-ऋतु मेँ जैसे मङ्कआ झरते हैँ (उसी प्रकार) मङ्कआ हो कर (मेरी आँस) झरती हैँ। मेरा वसन्त पद्मावती वाला है; जिस के विना (मेरे लिये) वसन्त उजाड हो गया ॥

फिर बक्ठत आर्त्त (नाद) और आतुरी से नूतन वसन्त को पाया; ऐसा नहीँ जाना, कि पल्लव हो कर, अन्त मेँ (सब) पत्ते झड जाते हैँ, अर्थात् यह न समझा था कि वसन्तागम मेँ पल्लव होते ही पत्ते झड जायँगे (पद्मावती आते ही फिर लौट जायगी) ॥ २०६ ॥

चउपाई ।

अरे मलेछ बिसुआसी देवा। कित मइँ आइ कीन्ह तोरि सेवा ॥
आपुनि नाउ चढइ जो देई। सो तउ पार उतारइ खेई ॥

सुफल लागि पगु टेकेउँ तोरा । सुत्रा क सेवँरि तूँ भा मोरा ॥
पाहन चढि जो चहइ भा पारा । सो अइसइ बूडइ मँझ धारा ॥
पाहन सेवा कहा पसीजा । जरम न पलुहइ जउँ निति भीँजा ॥
बाउर सोइ जो पाहन पूजा । सकति क भार लेइ सिर दूजा ॥
काहे न पूजिअ सोइ निरासा । मुए जिअत मन जा करि आसा ॥

दोहा ।

सिंघ तरँदा जेइँ गहा पार भए तेहि साथ ।
ते पइ बूडे बारि ही भेँड पूँछि जिन्ह हाथ ॥ २०७ ॥

अरे = अरे = नीच सम्बोधन । मलेछ = म्लेच्छ । बिसुआसी = विश्वाशी = विश्व (संसार) को खाने-वाला । कित = कुतः = क्योँ । मइँ = मैँ । आइ = आ कर = एत्य । कीन्ह = करइ (करोति) का भूत-काल । तोरि = तोरी = तेरी । सेवा = टहल । आपुनि = अपनी । नाउ = नाव = नौका । चढइ = चढने । जो = यः । देई = देइ (दत्ते) = देता है । सो = सः = वह । तउ = तो = तर्हि । उतारइ = उतारता है (उत्तारयति) । खेई = खे कर (खेट सेवायाम्) । सु-फल = सुन्दर फल के लिये । लागि = लग कर = लिये । पगु = प्रग = पैर । टेकेउँ = टेकइ (टङ्कति) का सम्भावना मेँ उत्तम-पुरुष का एक-वचन । सुआ = शुक । क = का । सेवँरि = शाल्मलि = सेमर; जिस के फल मेँ रस नहीँ रहता केवल रूई भरी रहती है । तूँ = त्वम् । भा = भया (बभूव) । पाहन = पाषाण = पत्थल । चढि = चढ कर । चहइ = चाहता है (इच्छति) । अइसइ = ऐसे ही = एतादृशो हि । बूडइ = बूडता है = डूबता है (ब्रुड मज्जने, ब्रुडति) । मँझ = मध्य । कहा = कथम् = कैसे । पसीजा = पसीजइ = पसीजे = प्रस्वेदित हो । जरम = जन्म । पलुहइ = पनफता है (पल्लवयति) । जउँ = जौँ = यदि । निति = नित्य । भीँजा = अभ्यक्षित । बाउर = वातुल = बौरहा । सोइ = स एव = वही । पूजा = पूज = पूजइ (पूजयति) । सकति = शक्यते । क = क = कहाँ । भार = बोझा । लेइ = लेवे । सिर = शिर । दूजा = दूसरा = द्वितीय । काहे न = किमु न = क्योँ नहीँ । पूजिअ = पूजिए (पूजयेः) = पूजो । निरासा = निराशः = आशा से रहित = परमेश्वर । मुए = मरने पर । जिअत = जीते = जीवन् । जा करि = जिस की । आसा = आशा ॥

सिंघ = सिंह। तरँदा = तैरिंद = तैरने-वाला जन्तु। जेइँ = जिन्हों ने। गहा = पकडा = गहइ (गृह्णाति) का भूत-काल। भए = ऊए (= बभूवुः)। तेहि = तिसी के = उसी के। साथ = सार्थ = संग। पइ = अपि = निश्चय। बूडे = बूडइ का भूत-काल में प्रथम-पुरुष का बऊ-वचन। बारि ही = पानी में। भेँड = भेँडा = मेड = मेष। पूँछि = पुच्छ = पोँछ। जिन्ह = जिन्ह के। हाथ = हस्त॥

(राजा रत्न-सेन विलप कर कहने लगा, कि) अरे विश्व को (ठग ठग कर) खाने वाला म्लेच्छ देव; मैं ने क्यों आ कर तेरी सेवा की। जो अपनी नाव पर चढने देता है; वह तो खे कर पार उतार देता है (तैं ने क्यों मुझे डुवा दिया)। सुन्दर फल के लिये तेरे पैर को टेका (पकडा); (सो) तूँ मेरे लिये शुक का सेमर ऊआ (शुक सेमर के फल को सरस जान उस में चोँच लगाता है परन्तु चोँच में नीरस रूई लपट जाने से रस के बदले दुःख ही पाता है)। (सच है) जो पत्थल (की नाव) पर चढ कर पार ऊआ चाहता है; वह ऐसे ही (मेरे ऐसे) बीच धारा में डूबता है। पत्थल सेवा से कैसे पसीजे। यदि नित्य (पानी से) भीँगा रहे तौ भी जन्म भर में (वह) नहीँ पनफता है, अर्थात् रत्ती भर भी नहीँ बढता है। जो पत्थल पूजता है वही (सच्चा) पागल है; (परमेश्वर को छोड) दूसरा कहाँ (किसी का) भार ले सकता है। (इस लिये) उसी निराश्र परमेश्वर को क्योँ न पूजिए; जिस की आशा मरने और जीने दोनों में लगी रहती है॥

जिन्हों ने तैरने-वाले जानवरों में जो सिंह अर्थात् श्रेष्ठ है उस को पकडा वे उस के साथ ही साथ पार हो गए; पर जिन के हाथ में भेँड की पुच्छ है, अर्थात् जो भेँड की पुच्छ पकड कर पार ऊआ चाहे, वे अवश्य पानी में डूब गए। (सो भेँड की पुच्छ-सदृश इस देवता के पैर को मैं ने व्यर्थ ही पकडा)॥ २०७॥

चउपाई।

देओ कहा सुनु बउरे राजा। देओहि अगुमन मारा गाजा॥
जो पहिलइँ अपुनइ सिर परई। सो का काहु क धरहरि करई॥
पदुमावति राजा कइ बारी। आइ सखिन्ह सउँ मँडफ उघारी॥
जइसइ चाँद गोहन सब तारा। परेउँ भुलाइ देखि उँजिआरा॥
चमकइ दसन बीजु कइ नाईँ। नयन-चकर जमकात भवाँईँ॥

हउँ तेहि दीप पतँग होइ परा। जिउ जम काढि सरग लेइ धरा ॥
बहुरि न जानउँ दहुँ का भई। दहुँ कबिलास कि कहँ अपसई ॥

· दोहा ।

अब हउँ मरउँ निसासी हिअइ न आवइ साँस ।
रोगिआ की को चालइ बइदहि जहाँ उपास ॥ २०८ ॥

देओ = देव । कहा = कहइ (कथयति) का भूत-काल में प्रथम-पुरुष का एक-वचन । बउरे = बातुल = बौरहे । देओहि = देव को । अगुमन = आगमन = आगे ही = पहले । मारा = मारइ (मारयति) का भूत-काल का एक-वचन । गाजा = गर्जन = विद्युत् । पहिलइँ = पहले ही = प्रथम एव । सिर = शिर । परई = परइ (पतति) । का = क्या = किम् । काऊ क = किसी का । धरहरि = धरहरिया = धर-धर = पकड कर रक्षा करना । करई = करे (कुर्यात्) । कइ = की । बारी = बालिका = बाला = कन्या । आइ = आ कर (एत्य) । सखिन्ह = सखी का बहु-वचन । सउँ = सोँ = से । मँडफ = मण्डप । उघारी = उघारइ (उद्घाटयति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन । जइसइ = जैसे = यथा । चाँद = चन्द्र । गोहन = गोपन = संग । परउँ = परइ (पतति) सम्भावना में, उत्तम-पुरुष, एक-वचन । भुलाइ = भूल कर (भ्रान्त्वा) । देखि = देख कर = दृष्ट्वा । उँजिआरा = उज्ज्वलता = उँजेला । चमकइ = चमकता है (संस्कृत में लिट् के प्रथम-पुरुष का एक-वचन चकमे) । दसन = दशन = दाँत । बीजु = विद्युत् = बिजुरी । कइ = की । नाईं = निभ = सदृश । नयन = नेत्र । चकर = चक्र = चक्कर । जमकात = यम-कर्त्तरी = एक प्रकार की प्राण लेने-वाली कैंची । भवाँईं = भवाँवइ (भ्रामयति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, प्रथम-पुरुष का बहु-वचन । हउँ = हैाँ = मैं । दीप = दीया = दीपक = चिराग । पतँग = पतङ्ग = फतिंगा = कीट । होइ = हो कर (भूत्वा) । परा = परइ (पतति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, उत्तम-पुरुष का एक-वचन । जिउ = जीव । जम = यम = यम-राज । काढि (आकृष्य) = खींच कर = निकाल कर । सरग = स्वर्ग । लेइ = ले कर = आलाय । धरा = धरइ (धरति) का भूत-काल, प्रथम-पुरुष, एक-वचन । बहुरि = भूयः = पुनः = फिर । जानउँ = जानइ (जानाति) का उत्तम-पुरुष, एक-वचन = जानता हूँ । दहुँ = दुहुँ = दोनों में से = किं वा । कबिलास = कैलास । कि = अथवा = किं वा । कहँ = कहाँ = कुत्र । अपसई = अपसरइ (अपसरति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन ॥

अब = अधुना = इदानीम्। मरउँ = मरइ (मरति) का उत्तम-पुरुष मेँ एक-वचन। निसासी = निःश्वासी = बेदम का। हिअइ = हृदय मेँ। आवइ = आयाति = आती है। साँस = श्वास। रोगिआ = रोगी। चालइ = चलावे (चालयेत्)। बइदहि = वैद्य को। जहाँ = यत्र। उपास = उपवास = फाँका॥

(रत्न-सेन के कटु-वचन कहने पर) देव ने कहा कि अरे पगला राजा सुन; देव को तो पहले ही बिजुरी ने मार दिया। जो पहले ही अपने गिर के बल गिर पडता है वह क्या किसी की धरहरिया करे। (सुन) राजा (गन्धर्व-सेन) की कन्या पद्मावती ने सखिओँ के साथ मण्डप मेँ आ कर, (अपने मुह को) खोला। (उस बेला मेँ सखिओँ के मुख के संग उस के मुख की ऐसी शोभा ऊई) जैसे चाँद के साथ सब तारा होँ; (सो उस) उँजेले को देख कर मैँ भ्रम मेँ पड गया। विद्युत् की नाईँ (उस के) दाँत चमकते हैँ, अर्थात् चमकते थे; आँखोँ के चक्र (जानोँ) यम-कर्त्तरी को फेरते थे। मैँ उसी नयनचक्र-रूपी दीप मेँ फतिंगा हो कर गिर पडा; यमराज ने (मेरे) जीव को निकाल कर, स्वर्ग मेँ रख दिया। (मैँ बेहोश हो गया) फिर नहीँ जानता कि (वह पद्मावती) क्या हो गई; कैलास मेँ चली गई कि कहाँ सरक गई (सो मैँ नहीँ कह सकता)॥

अब मैँ (स्वयं उस के लिये) बेदम का हो कर मर रहा हूँ; हृदय मेँ साँस नहीँ आती है; (सो हे राजा) जहाँ वैद्य ही उपवास कर रहा है वहाँ रोगी की कौन (बात) चलावे, अर्थात् मैँ देवता हो कर जब मर रहा हूँ तब तुम्हारी सहायता क्या करूँ॥ २०८॥

चउपाई।

अनु हउँ दोस देउँ का काहू। संगी कया मया नहिँ ताहू॥
हतेउ पिआरा मीत बिछोई। साथ न लागि आपु गा सोई॥
का मइँ कीन्ह जो काया पोखी। दूखन मोहिँ आपु निरदोखी॥
फागु बसंत खेलि गइ गोरी। मो तनु लाइ आगि देइ होरी॥
अब अस काहि छार सिर मेलउँ। छारइ होउँ फागु तस खेलउँ॥
कित तप कीन्ह छाडि कइ राजू। आहर गएउ न भा सिध काजू॥
पाएउँ नहिँ होइ जोगी जती। अब सर चढउँ जरउँ जस सती॥

दोहा ।

आइ पिरीतम फिरि गया मिला न आइ बसंत ।
अब तन होरी घालि कइ जारि करउँ भसमंत ॥ २०९ ॥

अनु = पश्चात् = पीछे । हउँ = हौं = मैं । दोस = दोष । देउँ = देऊँ = देइ (दत्ते) का सम्भावना, उत्तम-पुरुष का एक-वचन । का = क्या = किमु । काहू = किसी को । संगी = सङ्गी = साथी । कया = काय = शरीर = देह । मया = माया = मोह । ताहू = तिस को भी । हतेउ = हतइ (हन्ति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष का एक-वचन । पिआरा = प्यारा । मीत = मित्र । बिछोई = बिछुडा हुआ । साथ = सार्थ = सङ्ग । लागि = लग कर = लगिला । आपु = आप = स्वयम् = आत्मा । गा = गया (अगात्) । सोई = वह । मइँ = मैं । कीन्ह = करइ (करोति) का भूत-काल । काया = काय = शरीर । पोखी = पोखइ (पोषयति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, प्रथम-पुरुष का एक-वचन । दूखन = दूषण = दोष । निरदोखी = निर्दोषी = दोष-रहित । फागु = फाल्गुनोत्सव = फगुआ । बसंत = वसन्त-ऋतु । खेलि = खेल कर = (खेलिला) । गइ = गई (अगात्) । गोरी = गौरी = सुन्दर युवती । मो = मेरी । तनु = शरीर = देह । लाइ = लाई = लगाई । आगि = अग्नि । देइ = दे कर = दत्त्वा । होरी = होलिका = होली । अब = अधुना = इदानीम् । अस = ऐसा = एतादृश । काहि = किस के । छार = चार = रचा = राखी = भस्म । सिर = शिर । मेलउँ = मेलइ (मेलयति) का सम्भावना में, पुंलिङ्ग, उत्तम-पुरुष का एक-वचन । छारइ = छार ही = भस्म ही । होउँ = होइ (भवति) का सम्भावना में पुंलिङ्ग, उत्तम-पुरुष का एक-वचन । तस = तैसा = तथा । खेलउँ = खेलइ (खेलति) का सम्भावना में पुंलिङ्ग, उत्तम-पुरुष का एक-वचन । कित = कुतः = क्यों । तप = तपः = तपस्या । छाडि कइ = छोड कर । राजू = राज्य । आहर = आहार = खाना पीना । गअउ = गया (अगात्) । भा = भया = हुआ (बभूव) । सिध = सिद्ध = पूरा । काजू = कार्य = काम । पाअउँ = पावइ (प्राप्नोति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, उत्तम-पुरुष का एक-वचन । होइ = हो कर (भूत्वा) । जोगी = योगी । जती = यति । सर = शर = शर-चिता । चढउँ = चढइ (उच्चलति) का पुंलिङ्ग, उत्तम-पुरुष का एक-वचन । जरउँ = जरइ (ज्वलति) का पुंलिङ्ग, उत्तम-पुरुष का एक-वचन । जस = जैसे = यथा । सती = साध्वी स्त्री = पतिव्रता ॥

आइ = आ कर (एत्य)। पिरीतम = प्रियतम = सब से प्यारा। फिरि = लौट गया = अगात्। मिला = मिलइ (मिलति) का भूत-काल। तन = तनु = देह। घालि कइ = घाल कर = नाश कर = गला कर। जारि = जला कर (प्रज्वाल्य)। करउँ = करइ (करोति) का पुंलिङ्ग उत्तम-पुरुष का एक-वचन। भसमंत = भस्म = राख।

(देव-वचन सुन कर राजा कहने लगा कि जब बात बिगड गई तो) पीछे से मैँ क्या किसी को दोष देऊँ; जो शरीर की संगी (पद्मावती) है उस को भी तो मोह नहीँ है (मोह होता तो क्योँ मुझे छोड कर चली जाती)। (सो) प्यारा वियोगी मित्र (पद्मावती) ने (मुझे) मार डाला; साथ न लगा कर, अर्थात् साथ मैँ न हो कर, वह आप (मेरे पास से) चला गया। मैँ ने क्या किया जो देह को पोसा; (सब) दोष मेरे ही मेँ हैँ आप (वह पद्मावती) निर्दोष है। (वह) गौरी-रूपा (पद्मावती) वसन्त मैँ फाग खेल कर चली गई; आग दे कर मेरी शरीर होरी को लगा दिया, अर्थात् फूँक दिया। अब ऐसी (होली की) राख को किस के शिर मैँ लगाऊँ? (कोई हितू संसार मैँ नहीँ देख पडता सो अब) तैसा फाग खेलता हूँ कि (स्वयं मैँ) राख हो जाऊँ। मैँ ने राज्य छोड कर क्योँ (निराहार) तप को किया; (जिस से) आहार गया, अर्थात् भोजन विना मर गया और काम भी पूरा न हुआ। योगी, यती, हो कर भी (पद्मावती को) न पाया तो अब चिता पर चढता हूँ और जैसे पति-व्रता सती स्त्री (पति-वियोग से) जरती है; उसी प्रकार मैँ प्रिया-वियोग से जरता हूँ। (योगी, यति के लिये ३० वेँ दोहे की टीका देखो)।

प्रियतम (पद्मावती) आ कर लौट गया; वसन्त मैँ भी आ कर न मिला। (इस लिये) अब देह को गला कर, और होरी के ऐसा जला कर, भस्म कर देता हूँ॥ २०९॥

चउपाई।

ककनू पंखि जइस सर साजा। तस सर साजि जरइ चह राजा॥
सकल देओता आइ तुलाने। दहुँ कस होइ देओ-असथाने॥
बिरह अगिनि बजरागि असूझा। जरइ सूर न बुझाए बूझा॥
तेहि के जरत जो उठइ बजागी। तीनउँ लोक जरहिँ तेहि लागी॥

58

अब-हि कि घडी चिनगि पइ छूटिहि । जरिहि पहाड पहन सब फूटिहि ॥
देओता सबइ भसम होइ जाहीँ । छार समेटइ पाउब नाहीँ ॥
धरती सरग होइ सब ताता । हइ होई एहि राख बिधाता ॥

दोहा ।

मुहमद चिनगि परेम कइ सुनि महि गगन डेराइ ।
धनि बिरहिन अउ धनि हिआ जहँ अस अगिनि समाइ ॥ २१० ॥

ककनू = ककनुस (ققنوس یا ققنس)। यह अरबी या यूनानी शब्द है ; एक पक्षी का नाम है ; इसे फारसी में आतशजन (آتش زن) भी कहते हैँ । पंखि = पक्षी । जइस = जैसे = यथा । सर = शर = सरपत = शर की चिता । साजा = साज = साजइ (सज्जते) । तस = तैसे = तथा । साजि = सज्ज कर = तयार कर । जरइ = जरना । चह = चाहा = चहइ (इच्छति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग प्रथम-पुरुष का एक-वचन । सकल = सब । देओता = देवता । आइ = आ कर (एत्य) । तुलाने = पहुँचे । दहुँ = देखेँ । कस = कैसा = कथम् । होए = होइ = होता है (भवति) । देओ = देव । असथाने = स्थान मेँ । बिरह = विरह = वियोग । अगिनि = अग्नि = आग । बजरागि = वज्राग्नि । असूझा = देखने योग्य नहीँ = तीव्र । जरइ = (ज्वलति) जरता है । सूर = शूर = बहादुर (रत्न-सेन) । बुझाए = बुझाने से । बूझा = बूझ = बुझइ = बुझती है । जरत = जरते । उठइ = उठे (उत्तिष्ठेत्) । बजागी = वज्राग्नि । जरिहिँ = जरँगे = जरइ (ज्वलति) का भविष्यकाल, प्रथम-पुरुष का बहु-वचन । लागी = लगने से । अब-हि = अभी । घडी = घटी = दण्ड = यहाँ समय । चिनगि = चिल्कण = स्फुलिङ्ग = आग की कनी । पइ = अवश्य = अपि । छूटिहि = छूटइ (छुट्यते) का भविष्य काल = छूटेगी । जरिहि = जरेगा । पहाड = प्रहार = पर्वत । पहन = पाहन = पाषाण = पत्थल । फूटिहि = फुटइ (स्फुटति) का भविष्यकाल = फूटेगा । सबइ = सभी । भसम = भस्म । जाहीँ = जायँगे । छार = चार = राख । समेटइ = समेटने से (संवर्त्तयति से)। पाउब = पावइ (प्राप्नोति) का भविष्यकाल = पावँगे । धरती = धरित्री = जमीन । सरग = स्वर्ग । होइ = होँगे । ताता = तप्त = गर्म । राख = रक्खे = रचेत् । बिधाता = विधाता = ब्रह्मा ॥

परेम = प्रेम। कइ = की। सुनि = सुन कर (श्रुत्वा)। महि = मही = पृथिवी। गगन = आकाश। डेराइ = (दरति) = डरता है। धनि = धन्य वा धन्या। बिरहिन = विरहिणी। हिश्रा = हृदय। जहँ = जहाँ = यत्र। अस = ऐसी = एतादृश। अगिनि = अग्नि। समाइ = समाती है (समेति)॥

ककनू पक्षी जैसे (लकडिओँ का) चिता बनाता है; वैसे ही चिता बना कर राजा जरना चाहा॥ [यूनान मेँ कहावत है कि ककनुस, फुट पैदा होता है; नर ही होता है इस की मदिया नहीँ होती। यह सङ्गीत-शास्त्र मेँ बडा निपुण होता है; सब रागोँ को ठीक ठीक गाता है। जब यह पूरा हजार वर्ष का होता है तब लकडिओँ का जालीदार खोता बना कर उस के भीतर बैठ जाता है और रागोँ को गाने लगता है; जब दीपक राग गाने लगता है तब खोते मेँ आग भभक उठती है और यह ककनुस जल कर भस्म हो जाता है, फिर इस की राख पर बरसात का पानी पडने से एक अंडा पैदा होता है जिस मेँ से फिर एक ककनुस उत्पन्न होता है। इसे वहाँ के लोग आतशजन (آتش زن) भी कहते हैँ; इस लिये संस्कृत मेँ इसे अग्निजन्य कहते हैँ।] (राजा को जलते देख) सब देवता आ कर पहुँचे (और आपस मेँ कहने लगे कि) आश्चर्य है, देव-स्थान मेँ यह कैसी बात होती है। विरहाग्नि वज्राग्नि के ऐसी असूझ है, अर्थात् उस का तेज देखा नहीँ जाता; (उसी मेँ) शूर (रत्न-सेन वीरपुङ्गव) जरता है, जो कि बुझाने से भी नहीँ बुझती। इस के जरते जो वज्राग्नि उठेगी उस के लगने से तीनोँ लोक (आकाश, पाताल, भूलोक) जल जायँगे। अभी इसी समय अवश्य चिनगिआँ छटकेँगी (जिन से) पहाड जल जायगा और सब पत्थल फूट जायँगे (फूट फूट कर टुकडे टुकडे हो जायँगे)। सब देवता भस्म हो जायँगे। हम लोग उन की राख समेटने से भी नहीँ पावेँगे। पृथ्वी और स्वर्ग सब तप जायँगे; (सो) हे विधाता (इस समय ऐसा) कोई है जो इस (राजा) को (जलने से) बचावे॥

मुहम्मद कवि कहते हैँ प्रेम(-अग्नि) की (ऐसी) चिनगी है (जिस का नाम ही) सुन कर, पृथ्वी और आकाश डर जाते हैँ। धन्य विरहिणी और धन्य (उस का) हृदय है जहाँ कि ऐसी अग्नि समा जाती है, अर्थात् प्रेमाग्नि से राजा तो जलने लगा, पर धन्य विरहिणी पद्मावती है जिस ने इस आग को समेट कर अपने हृदय मेँ रख लिया; गुरुजनोँ मेँ प्रकाश होने न दिया॥ २१०॥

चउपाई ।

हनुवँत बीर लंक जेइँ जारी। परबत उहइ अहा रखवारी ॥
बइठ तहाँ होइ लंका ताका। छठएँ मास देइ उठि हाँका ॥
तेहि कइ आगि उहउ पुनि जरा। लंका छाडि पलंका परा ॥
जाइ तहाँ वेइँ कहा सँदेसू। पारबती अउ जहाँ महेसू ॥
जोगी आहि बिओगी कोई। तुम्हरेइ मँडफ आगि तेइ बोई ॥
जरे लँगूर सु-राते ऊहाँ। निकसि जो भाग भएउँ कर-मूहाँ ॥
तेहि बजरागि जरइ हउँ लागा। बजर-अंग जरतहि उठि भागा ॥

दोहा ।

राओन-लंका हउँ डही वेइँ मोहिँ डाढन आइ ।
घन-इ पहार होत हइ रावट को राखइ गहि पाइ ॥ २११ ॥

इति राजा-रतन-सेन-सती-खंड ॥ २१ ॥

Introduction (*Preliminary*)		1
Text—		
१।	अस्तुति-खंड	२
२।	सिंघल-दीप-बरनन-खंड	३७
३।	जनम-खंड	७८
४।	मानसरोदक-खंड	९४
५।	सुआ-खंड	१०७
६।	राजा-रतन-सेन जनम-खंड	११८
७।	बनिजारा-खंड	१२०
८।	नागमती-सुआ-संवाद-खंड	१३४
९।	राजा-सुआ-संवाद-खंड	१४६
१०।	नखसिख-खंड	१६२
११।	प्रेम-खंड	२२०
१२।	जोगी-खंड	२३८
१३।	राजा-गजपति-संवाद-खंड	२८३
१४।	बोहित-खंड	३१०
१५।	सात-समुदर-खंड	३१८
१६।	सिंघल-दीप-भाउ-खंड	३४६
१७।	मंडप-गवँन-खंड	३७०
१८।	पदुमावति-बिओग-खंड	३७८
१९।	पदुमावति-सुआ-भेँट-खंड	३९२
२०।	बसंत-खंड	४०६
२१।	राजा-रतन-सेन-सती-खंड	४४५
२२।	पारबती-महेस-खंड	४६२
२३।	राजा-गढ़-छेंका-खंड	४८२
२४।	मंत्री-खंड	५३०
२५।	सूरी-खंड	५७३
Critical notes. Vv. 1–286		1–54

With much sorrow I here record the lamented death of my old friend and colleague Mahāmahōpādhyāya Paṇḍit Sudhākara Dvivēdī, the joint editor of this poem.

It was his custom, in the midst of other multifarious occupations, to write the admirable commentary as it was required by the printer, and the present fasciculus, the last few sheets of which have not had the benefit of his revision, contain the final instalment of his work.

Until arrangements can be made by the Asiatic Society of Bengal for another scholar to carry on his task, the publication of this edition of the Padumāwati is necessarily suspended.

As it stands, this first volume fulfils one of the objects with which the edition was undertaken. It gives a very complete example of the old Awadhī dialect spoken in the 16th century A.D. For those who wish to study the poem for its contents, there are published in India numerous uncritical editions of the text, which will meet their requirements.

GEORGE A. GRIERSON.

का प्रथम-पुरुष, पुंलिङ्ग, भूत-काल, एक-वचन। कुसिटी = कुष्टी = कोढी। कर = का। भेसू = वेष = सूरत। गिरिजा-पति = पार्वती-पति। सत = सत्य = निश्चय। आहि = अस्ति = है। महेसू = महेश = महादेव। चीन्हइ = परिचयति = चीन्हता है। सोइ = स एव = वही। तेहि = तिसे। खोजा = खोजइ (अन्विष्यति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। जस = यथा = जैसे। बिकरम = विक्रम = अवन्ती का प्रसिद्ध राजा। अउ = और = अपि च। भोजा = भोज = धारा नगरी का प्रसिद्ध राजा। कइ = कि = वा। जिउ = जीव। तंत = तन्त्र = जिस ग्रन्थ मेँ मारण, मोहन इत्यादि की विधि लिखी रहती है। मंत = मन्त्र। सउँ = से। हेरा = हेरइ (हेडते) का प्रथम-पुरुष, पुंलिङ्ग, भूत-काल, एक-वचन। गएउ = गया (अगात्)। हेराय = खो। मेरा = मेल॥

बिनु = विना। पंथ = पन्थाः = राह। पाइअ = प्राप्यते = मिलता है। भूलइ = भ्रमति = भूलता है। मेट = मिटाता है। जोगी = योगी। तब = तदा। जब = यदा। गोरख = प्रसिद्ध अवधूत गोरखनाथ। भेँट = समागम = मुलाकात॥

महादेव की भाषा सुन कर, राजा ने मन मेँ लखा कि यह कोई सिद्धपुरुष है। (क्योँकि) सिद्ध की देह पर मक्खी नहीँ बैठती, सिद्ध आँखोँ पर पलक नहीँ लगाते (एक टक विना पलक भाँजे देखा करते हैँ)। सिद्ध के संग छाया नहीँ होती, अर्थात् सिद्ध के देह की छाया नहीँ देख पडती। सिद्ध को भूख और माया नहीँ होती। यदि जगत् मेँ भगवान् ने सिद्धि की अर्थात् सिद्धि दी, तो (वह पुरुष चाहे) प्रगट वा गुप्त रहे (उसे) कौन चीन्हता है अर्थात् कोई नहीँ चीन्हता। (राजा मन मेँ विचार करता है कि) बैल पर चढे कोढी का वेष किए निश्चय पार्वती-पति महादेव हैँ। इन्हेँ वही चीन्हता है जो इन की खोज मेँ रहता है; जैसे विक्रम और राजा भोज। वा (जिस ने) जीव से तन्त्र और मन्त्र को हेरा है (वह इन्हेँ पाता है)। जो उस (पुरुष) से मेल हुआ तो (मेल होते-ही) वह हेराय गया, अर्थात् ईश्वर से मेल होते-ही वह पुरुष तन्मय हो कर लुप्त हो जाता है॥

गुरु के विना राह नहीँ मिलती, जो (राह को) मिटा देता है वही भूलता है। जब गोरखनाथ (ऐसे गुरु) से भेँट हो तब योगी सिद्ध होता है॥

राजा विक्रम भर्त्तृहरि के बडे भाई थे। इनकी वीरता और सिद्धि बैतालपचीसी और सिंहासनबत्तीसी मेँ प्रसिद्ध है। राजा भोज बडे संस्कृतानुरागी थे। योग इत्यादि मेँ बडे निपुण थे। भोजवृत्ति, राजमार्त्तण्ड इत्यादि अनेक ग्रन्थ इन के बनाए

60

हैँ। ये धारा नगरी के राजा थे। भोजप्रबन्ध में इनकी विस्तृत कथा लिखी है। गोरखनाथ के लिये १२८ वेँ दोहे की टीका देखो ॥ २१७ ॥

चउपाई ।

ततखन रतनसेन गहबरा। छाँडि डफार पाउँ लेइ परा ॥
मातइ पितइ जरम कित पाला। जउँ अस फाँद पेम गिअ घाला ॥
धरती सरग मिले हुत दोऊ। कित निनार कइ दीन्ह बिछोऊ ॥
पदिक पदारथ कर हुत खोआ। टूटहिँ रतन रतन तस रोआ ॥
गगन मेघ जस बरसहिँ भली। पुहुमी पूरि सलिल होइ चली ॥
साएर उपटि सिखर गे पाटी। जरइ पानि पाहन हिअ फाटी ॥
पउन पानि होइ होइ सब गरहीँ। पेम फाँद केहु जनि परहीँ ॥

दोहा ।

तस रोअइ जो जरइ जिउ गरइ रकत अउ माँसु ।
रोअँ रोअँ सब रोअहिँ सोत सोत भरि आँसु ॥ २१८ ॥

ततखन = तत्क्षणे = तिसी समय = उसी समय। रतन-सेन = रत्न-सेन (राजा)। गहबरा = गह्वर हो गया = गहन हो गया, अर्थात् व्याकुल हो गया। छाँडि = छोड कर (संकुच्य)। डफार = पुक्का फार रोदन = गाल फार रोदन। पाउँ = पाद = पैर। लेइ = ले कर = पकड कर (आलाय)। परा = परइ (पतति) का प्रथम-पुरुष, पुंलिङ्ग, भूत-काल का एक-वचन। मातइ = माता ने। पितइ = पिता ने। जरम = जन्म दे कर। कित = कुतः = क्योँ। पाला = पालइ (पालति) का प्रथम-पुरुष भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक वचन। जउँ = यदि = जो। अस = एतादृश = ऐसा। फाँद = फंदा = पाश = फसरी। पेम = प्रेम। गिअ = ग्रीवा = गला। घाला = घालइ (गेरइ = गारयति) का प्रथम-पुरुष, पुंलिङ्ग, भूत-काल का एक-वचन। धरती = धरित्री = पृथिवी। सरग = स्वर्ग। मिले = मिले हुए (मिल सङ्गमे से)। हुत = थे। दोऊ = द्वावपि = दोनो। निनार = निनय = निलय = भिन्न भिन्न। दीन्ह = दिया (अदात्) का बहु-वचन। बिछोऊ = बिच्छुडन = वियोग। पदिक = रत्न-भूषण। पदारथ = पदार्थ। कर = हाथ। खोआ =

खोअइ (खति) का उत्तम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। टूटहिँ = त्रुट्यन्ति = टूटते हैँ। रतन = रत्न = जवाहिर। रतन = रत्न-सेन (राजा)। तस = तथा = तैसे। रोआ = रोअइ (रोदिति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। गगन = आकाश। मेघ = बादल = मेह। जस = जैसे = यथा। बरसहिँ = वर्षन्ति = बरसते हैँ। भली = वरम् = भद्रम् = अच्छी तरह से। पुहुमी = पृथिवी। पूरि = पूर हो कर = आपूर्य। सलिल = जल = पानी। होइ = भूत्वा = हो कर। चली = चलइ (चलति) का प्रथम-पुरुष, स्त्रीलिङ्ग, भूत-काल का एक-वचन। साएर = सागर = जलस्थान। उपटि = उत्पद्य = भर कर। सिखर = शिखर = चोटी। गे = गए। पाटी = पट = भर। जरइ = ज्वलति = जरता है। पानि = पानीय = पानी। पाहन = पाषाण = पत्थल। हिय = हृदय। फाटी = फटइ (स्फुटति) का भूत-काल, फाटा पुंलिङ्ग के स्थान में फाटी। पउन = पवन = वायु = हवा। सब = सर्व। गरहीँ = गरहिँ = गरइ (गरति) का बहु-वचन = गलते हैँ। केह = केऽपि = कोई। जनि = मत। परहीँ = परइ (पतति) का बहु-वचन, यहाँ परहिँ = पड़ेँ॥

जिउ = जीव। गरइ = गरति = गलता है। रकत = रक्त = लोहू। माँसु = माँस = मांस। रोअँ = रोम = रोआँ। रोअहिँ = रुदन्ति = रोते हैँ। सोत सोत = स्रुत स्रुत। भरि = भृत्वा = भर कर। आँसु = अश्रु = आँस॥

उस क्षण रत्नसेन व्याकुल हो गया, पुक्का फार, उच्च स्वर निकाल निकाल कर, (महादेव का) पैर पकड़ कर, (गिर) पड़ा। (रो कर कहने लगा कि) यदि ऐसा ही गले में प्रेम का फन्दा पड़ना (डालना) था तो माता-पिता ने पैदा (जनमा) कर क्योँ पाला। पृथ्वी और स्वर्ग दोनोँ मिले हुए थे, क्योँ (ईश्वर ने) अलग कर वियोग कर दिया। (हाय) जो रत्नाभरणरूप पदार्थ हाथ मेँ था (उसे) मैँ ने खो दिया अर्थात् आई हुई पद्मावती हाथ से निकल गई। (इस प्रकार से) रत्नसेन ने रोया, (आँसू के जल टपकते हैँ जैसे) रत्न (मोती) टूट टूट कर गिरते होँ। (वा) आकाश से जैसे मेघ बरसते हैँ (जिस से) अच्छी तरह पृथ्वी भर गई (पीछे भरने के बाद जानोँ वही पृथ्वी) पानी हो कर बह चली। (सब) स्थल भर कर (पहाड़ोँ) की चोटिआँ डूब गईँ; (रत्नसेन के आसूँ के) पानी जरते हैँ, जिन के लगने से पत्थल के कलेजे (हृदय) फट गए। हवा पानी हो हो कर गलते हैँ, (भगवान् करे कि) प्रेम-फन्द मेँ कोई न पड़े॥

जिस का जीव (विरहाग्नि से) जलता है वह उसी तरह से रोता है, (और) उस के रक्त और मांस गलते हैं, अर्थात् गल गल कर गिरते हैं, सूत सूत (अङ्ग के अवयव) आँसू से भर (उस के) रोएँ रोएँ सब रोते हैं ॥ २१८ ॥

चउपाई ।

रोअत बूडि उठा संसारू। महादेओ तब भएउ मयारू ॥
कहेसि न रोउ बहुत तइँ रोआ। अब ईसुर भा दारिद-खोआ ॥
जो दुख सहइ होइ सुख ओ का। दुख बिनु सुख न जाइ सिउ-लोका ॥
अब तूँ सिद्ध भया सुधि पाई। दरपन कया छूटि गइ काई ॥
कहउँ बात अब हो उपदेसी। लागि पंथ भूले परदेसी ॥
जउँ लहि चोर सेँधि नहिँ देई। राजा केर न मूसइ पेई ॥
चढइ त जाइ बार वह खूँदी। परइ त सेँधि सीस सउँ मूँदी ॥

दोहा ।

कहउँ सो तोहि सिंघल गढ हइ खँड सात चढाउ ।
फिरइ न कोई जिअत जिउ सरग पंथ देइ पाउ ॥ २१९ ॥

रोअत = रुदन् = रोते । बूडि = बूड = डूब (ब्रुड संवरणे से)। उठा = उठइ (उत्तिष्ठते) का पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, भूत-काल का एक-वचन। संसारू = संसार = जगत्। महादेओ = महादेव। तब = तदा। भएउ = बभूव = भया = हुआ। मयारू = मायालय = दयालु। कहेसि = कहा (अकथयत्)। रोउ = रोओ (रोदीः)। बहुत = बहुतर = अधिक। तइँ = तैँ। रोआ = रोदअ (रोदिति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल का एक-वचन। अब = इदानीम्। ईसुर = ईश्वर। भा = बभूव = हुआ। दारिद = दरिद्र। खोआ = खोने-वाला। जो = यः। दुख = दुःख। सहइ = सहते = सहता है। होइ = (भवति) होता है। ओ का = उस को। जाइ = जाता है (याति)। सिउ-लोका = शिव-लोक = कैलास। तूँ = त्वम्। भया = (बभूव) हुआ। सुधि = शुद्धि = पवित्रता। पाई = पावइ (प्राप्नोति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन। दरपन = दर्पण = आरसी = ऐना। कया = काय = शरीर। गइ = गई (अगात्)। काई = कायी = मैला। कहउँ = कहता हूँ (कथयामि)। बात = वार्त्ता। हो = हे = अहो।

उपदेसी = उपदेशी = उपदेश-योग्य । लागि = लग कर (लगिला) । पंथ = पन्थाः = राह । भूले = भूलइ (भ्रमति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का बहु-वचन । परदेसी = परदेशी = परदेश के लोग । जउँ = यदि । लहि = लगि = तक = अवधि । चोर = चौर । सँधि = सन्धि । देई = देइ (दत्ते) = देता है । केर = का । मूसइ = मूसने (मुष धातु से) । पेई = पाई = पाता है (प्राप्नोति) । चढइ = चढे (उच्चलेत्) । त = तदा = तर्हि = तो । बार = वार = द्वार । खूँदी = खुन्दन । परइ = पतेत् = पडे । सीस = शीर्ष = शिर । सउँ = से = तेँ । मूँदी = मुद्रित ॥

सो = सो = वह, यहाँ उस । तोहि = तुझ से । सिंघलगढ = सिंहल-गाढ = सिंहल का किला । हइ = है (अस्ति) । खँड = खण्ड = महल । सात = सप्त । चढाउ = (उच्चलन) = चढाव । फिरइ = लौटता है (परावर्त्तते, निवर्त्तते) । कोई = कोऽपि । जिअत = जीवन् = जीता । जिउ = जीव । सरग = स्वर्ग । देइ = दत्त्वा = दे कर । पाउ = पाद = पैर ॥

(रत्न-सेन के) रोते (आँस से) संसार बूड उठा, तब महादेव दयालु हुए । (और) बोले कि बहुत रो चुका अब तूँ न रो, अब ईश्वर (तेरे) दरिद्र के खोने पर हुआ । जो दुःख सहता है उसे (पीछे से) सुख होता है, दुःख किए विना (कोई) सुख से शिवलोक में नहीँ जाता । अब तूँ सिद्ध हो गया, तैँ ने पवित्रता को पाया, शरीर-दर्पण की काई छूट गई । हे (रत्न-सेन) अब (एक) उपदेश-योग्य बात कहता हूँ, (जिस के) लिये परदेशी (लोग) राह में भटके हैँ । जब तक चोर सँध नहीँ देता तब तक राजा को नहीँ मूसने पाता । यदि (वह चोर) चढे तो दरवाजे-ही पर खूँदा जाय; और (गिर) पडे तो सँध-ही मेँ शिर गाडा (मूँदा) जाय ॥

तुझ से कहता हूँ, उस सिंहलगढ में सात महल की चढाई है, सो स्वर्ग की राह में पावँ दे कर, कोई जीता जीव नहीँ लौटता है ॥ २१९ ॥

चउपाई ।

गढ तस बाँक जइस तोरि काया । परखि देखु यह ओहि कइ छाया ॥
पाइअ नाहिँ जूझि हठ कीन्हे । जेइँ पावा तेइँ आपुहिँ चीन्हे ॥
नउ पउरी तेहि गढ मँझिआरा । अउ तहँ फिरहिँ पाँच कोटवारा ॥
दसउँ दुआर गुपुत एक नाँकी । अगम चढाउ बाट सुठि बाँकी ॥

भेदी कोइ जाइ ओहि घाँटी । जउँ लहि भेद चढइ होइ चाँटी ॥
गढ तर एक कुंड अउगाहा । तेहि मँह पंथ कहउँ तोहि पाँहा ॥
चोर पइठि जस सेंधि सँवारी । जुआ पइँत जिउ लाउ जुआरी ॥

दोहा ।

जस मरजिआ समुँद धसइ हाथ आउ तब सीपु ।
ढूँढि लेहु वह सरग दुआरी अउ चढु सिंघल-दीपु ॥ २२० ॥

गढ = गाढ = दुर्ग = किला । तस = तथा = तैसा । बाँक = वक्र = कठिन = बाँका । जइस = यथा = जैसा । काया = काय = शरीर । परखि = परीक्ष्य = परीक्षा कर । देखु = पश्य = देखो । यह = अयम् । ओहि कइ = उस की । छाया = प्रतिबिम्ब = परिछाहीँ । पाइअ = प्राप्यते = पाया जाता है । नाहिँ = नहीँ = न हि । जूझि = युद्ध । हठ = हठेन = जबर्दस्ती । कीन्हे = करने से (डुकृञ् करणे से) । जेइँ = जिन्होँ ने = यैः । पावा = पाया = प्राप्नोत् । तेइँ = तीन्होँ ने = तैः । आपुहिँ = अपने से = स्वयम् = आत्मतः । चीन्हे = चीन्हने से = परिचय करने से । नउ = नव = नौ । पउरी = प्रतोली = पुरद्वारी = डेवढी । मँझिआरा = मध्य में । अउ = अपि च = और । तहँ = तत्र = तहाँ । फिरहिँ = भ्रमन्ति = घूमते हैँ । पाँच = पञ्च । कोटवारा = कोटपाल = कोतवाल । दसउँ = दशम = दसवाँ । दुआर = द्वार = दरवाजा । गुपुत = गुप्त = छिपी । एक = एक । नाँकी = नाँका = नोक्कए = नासिका (नाक) के ऐसा नुखीला स्थान । अगम = जाने योग्य नहीँ = दुर्गम । चढाउ = चढाव = (उच्चालन) । बाट = पथ = राह । सुठि = सुष्ठु = अच्छी-तरह से = अत्यन्त । बाँकी = वक्र = टेढी । भेदी = ज्ञाता = जानकार । कोइ = कोऽपि = कोई । जाइ = जाता है = याति । ओहि = उस । घाटी = घाँटी = घट्ट = घाट का स्त्रीलिङ्ग । जउँ = यदि = जो । लहि = लब्ध्वा = पा कर । चढइ = चढे (उच्चलेत्) । होइ = भूत्वा = हो कर । चाँटी = चीँटी = पिपीलिका । तर = तले = नीचे । कुंड = कुण्ड । अउगाहा = अवगाढ = अगाध । मँह = मध्ये = मेँ । पंथ = पन्थाः = राह । कहउँ = कथयामि = कहता हूँ । तोहि पाँहा = तुझ से । पइठि = प्रविश्य = पैठ कर । जस = यथा = जैसे । सेँधि = सन्धि = भेद । सँवारी = सँवारइ (संमार्जयति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन । जुआ = द्यूत = जूआ । पइँत = परितः = सर्वभावतः = सब तरह से । जिउ = जीव । लाउ = लगाता है = लगावइ । जुआरी = द्यूती = जुआ खेलने-वाला = द्यूतकारी ॥

मरजिश्रा = मर कर जीनेवाला = गोताखोर = समुद्र में गोता मारने-वाला। समुँद = समुद्र। धसइ = धँसता है (ध्वंसते)। हाथ = हस्त। श्राउ = श्रायाति = श्राता है, वा श्राती है। तब = तदा। सीपु = सीपी = शुक्ति। ढूँढि = ढूँढ (ढुण्ढि अन्वेषणे से)। लेइ = लेश्रो। सरग-दुश्रारी = स्वर्ग-द्वारी = स्वर्ग का दरवाजा। चढु = चढ = चढो। सिंघल-दीपु = सिंहल-द्वीप ॥

(सिंहल) गढ वैसा ही बाँका है जैसी कि तुमारी शरीर, परीक्षा कर देखो तो यह शरीर उस (सिंहलगढ) की छाया है। हठ कर युद्ध करने से वह (दीप = द्वीप वा = ज्योति) नहीं मिलता, जिन्हों ने (उस को) पाया वे लोग अपने को चीन्हने ही से (पाया)। उस गढ में नौ डेवढिश्राँ हैं, श्रोर तहाँ (रात दिन) पाँच कोतवाल घूमा करते हैं। दसवें दरवाजे पर एक छिपी हुई नाकी है, (उस पर जाने में) अगम चढाव श्रोर बहुत ही कठिन राह है। कोई भेदी उस घाटी पर जाता है यदि भेद पा कर चींटी हो कर चढे तो। गढ के नीचे एक अगाध कुण्ड है, उस में जाने के लिये तुझ से राह कहता हूँ। चोर पैठ कर जैसे सँध को सुधारता है, जुश्राडी जैसे जुश्रा में सब तरह से जीव लगाता है ॥

जैसे गोताखोर समुद्र में धँसता है तब (उस के) हाथ सीपी श्राती है। उसी तरह उस स्वर्ग-द्वार को ढूँढ लेश्रो श्रोर सिंहल-द्वीप पर चढो ॥ ४१–४२ दोहे की टीका देखो। शरीरपक्ष में दसएँ द्वार से ब्रह्मरन्ध्र लेना जहाँ अथाह ब्रह्माण्डकुण्ड में सच्चिदानन्द-परब्रह्मरूपा दीपशिखोपमा पद्मावती बैठी है ॥ २२० ॥

चउपाई।

दसउँ दुश्रार तारु का लेखा। उलटि दिसिटि जो लाउ सो देखा ॥
जाइ सो जाइ साँस मन बंदी। जस धँसि लीन्ह कान्ह कालंदी ॥
तूँ मन नाथ मारु कइ साँसा। जउँ पइ मरहु आपु करु नासा ॥
परगट लोकचार कहु बाता। गुपुत लाउ मन जा सउँ राता ॥
हउँ हउँ कहत मँटि सब खोई। जउँ तूँ नाहिँ श्राहि सब सोई ॥
जिश्रतहिँ जो रे मरइ एक बारा। पुनि को मीचु को मारइ पारा ॥
श्रापुहि गुरु सो श्रापुहि चेला। श्रापुहि सब अउ आपु अकेला ॥

दोहा ।

आपुहि मीचु जिअन पुनि आपुहि तन मन सोइ ।
आपुहि आपु करइ जो चाहइ कहाँ क दोसर कोइ ॥ २२१ ॥

इति पारबती-महेस-खंड ॥ २२ ॥

दसउँ = दशम = दसवाँ । दुआर = द्वार = दरवाजा । तारु = तार (ताल वृक्ष) वा तालू । लेखा = हिसाब । उलटि = विपर्यय = उलट कर । दिसिटि = दृष्टि । जो = यः । लाउ = लाता है = लगाता है (लाति) । सो = सो = वह । देखा = देख = देखता है (पश्यति) । जाइ = जाय । साँस = श्वास । मन = मनः । बंदी = बन्धी = बन्धन में बँध जाना । जस = यथा = जैसे । धँसि = धँस कर । लीन्ह = लिया (ला देने से) । कान्ह = कृष्ण । कालंदी = कालिन्दी = यमुना । तूँ = त्वम् । नाथ = नाथो (नाथृ बन्धने से) । मारु = मारो । साँसा = श्वास । जउँ = यदि = जो । पइ = अपि = निश्चय । मरङ = मरो (मरत) । आपु = आप = स्वयम् (आत्मा) । करु = कुरु = करो । नासा = नाश । परगट = प्रकट = प्रगट । लोकचार = लोकाचार = लोक का आचार । कहु = कथय = कहो । बाता = वार्त्ता = बात । गुपुत = गुप्त । जा सउँ = जिस से । राता = रक्त = लगा । हउँ = अहम् = मैं । कहत = कथयन् = कहते । मेंटि = मिटा कर = भ्रष्ट कर । सब = सर्व । खोई = खो दिया । आहि = अस्ति = है । सोई = स एव = वही । जिअतहिँ = जीवन्नेव = जीते ही । मरइ = मरे = मरेत् । एक = एक । बारा = वार । पुनि = पुनः = फिर । को = कः = कौन वा किम् । को = कः । मारइ = मारने । पारा = पार = समर्थ । आपुहि = स्वयम् । चेला = शिष्य । अकेला = एकलः = एकाकी ॥

जिअन = जीवन । तन = तनु = शरीर । सोइ = स एव । करइ = करे (कुर्यात्) । चाहइ = चाहे (इच्छेत्) । कहाँ क = कहाँ का = कस्य कः । दोसर = द्वितीय = दूसरा । कोइ = कोऽपि = कोई ॥

तार वा तालू के लेखा सा दसवाँ द्वार है, अर्थात् जैसे तालवृक्ष, अथवा शरीर में तालु-स्थान, ऊँचा है उसी तरह का दसवाँ दरवाजा है; जो उलट कर उस पर दृष्टि लगावे वह (उसे) देखता है । साँस से मन को बाँध कर जो जाय वह (वहाँ पर) जा सकता है, जैसे कि कृष्ण ने यमुना में धँस कर (कालिय नाग को) लिया (पकड़ा) ।

तूँ साँस को मार और (उसी साँस से) मन को नाथ, यदि निश्चय मरा चाहता है तो अपने को नाश कर। प्रगट (तो) लोकव्यवहार की बात कह, और गुप्त जिस से मन लगा है उसी में मन लगाओ। (तैं ने) मैं मैं कहता सब को मिटा कर खो दिया, (सो अब) यदि तूँ नहीं हो अर्थात् अपने को मिटा दे तो तूँ सब वही है, अर्थात् सर्वाङ्गरूप से फिर तूँ पद्मावती ही हो जाय। अरे (रत्न-सेन) जो जीते ही एक वार मर जाय, फिर (उस के लिये) मौत क्या है और (उसे) कौन मार सकता है। वह आप ही गुरु और आप ही चेला है, वह (यद्यपि) आप अकेला है (तथापि वह) आप ही सब है॥

(वह) आप ही मृत्यु और आप ही जीवन है, वह आप ही शरीर और मन है। (वह) जो चाहे सो आप अपने को करे, (फिर) कहाँ का कौन (उस के) सामने दूसरा है, अर्थात् फिर वह अद्वितीय, घट घट व्यापक परब्रह्म-रूप ही है॥ २२१॥

इति पार्वती-महेशखण्डं नाम द्वाविंशति-खण्डं समाप्तम्॥ २२॥

61

अथ राजा-गढ-छेँका-खंड ॥ २३ ॥

चउपाई ।

सिद्धि-गोटिका राजइ पावा । अउ भइ सिद्धि गनेस मनावा ॥
जब संकर सिधि दीन्ह को टेका । परी हूल जोगिन्ह गढ छेँका ॥
सबइ पदुमिनी देखहिँ चढी । सिंघल घेरि कीन्ह उठि मढी ॥
जस खर-फरा चोर मति कीन्ही । तेहि बिधि सेँधि चाह गढ दीन्ही ॥
गुपुत जो चोर रहइ सो साँचा । परगट होइ जीउ नहिँ बाँचा ॥
पउरि पउरि गढ लाग केवारा । अउ राजा सउँ भई पुकारा ॥
जोगी आइ छेँकि गढ मेले । न जनउँ कउनु देस कहँ खेले ॥

दोहा ।

भएउ रजाएसु देखहु को अस भिखारी ढीठ ।
जाइ बरजि तिन्ह आवहु जन दुइ जाहिँ बसीठ ॥ २२२ ॥

सिद्धि = अष्टसिद्धि । गोटिका = गुटिका = गोली । राजइ = राजा ने = राज्ञा । पावा = पाया (प्राप्नोत्) । अउ = अपि च = और । भइ = (भवति) होई = होता है वा प्रथम-पुरुष, स्त्रीलिङ्ग, भूत-काल का एक-वचन । गनेस = गणेश । मनावा = (मानयति)

मनावद का प्रथम-पुरुष, पुंलिङ्ग, भूत-काल, एक-वचन। जब = यदा। संकर = शङ्कर = महादेव। सिधि = सिद्धि। दीन्ह = दिया का बहु-वचन। को = कौन। टेका = टेके = रोके (रोधयेत्)। परी = परद (पतति) का प्रथम-पुरुष, स्त्रीलिङ्ग, भूत-काल का एक-वचन। हूल = हुङ्कार = हौरा = कोलाहल। जोगिन्ह = जोगी (योगी) का बहु-वचन। गढ = गाढ = दुर्ग = किला। छेंका = रोका = शङ्कित किया = छेंकद (शङ्कते) का प्रथम-पुरुष, पुंलिङ्ग, भूत-काल का एक-वचन। सबद = सर्वा हि = सभी। पदुमिनी = पद्मिनी। देखहिँ = देखद (पश्यति) का बहु वचन। चढी = चढी हुई (उच्चलन्ती)। सिंघल = सिंहल। घेरि = घेरा (अग्रहीत्)। कीन्ह = किया का बहु-वचन। उठि = उत्थाय = उठ कर। मढी = मठ = मठी = देव-मन्दिर। जस = यथा = जैसे। खर-फरा = चर-फरा = आतुर = जल्दबाज। तेहि बिधि = तिसी तरह = उसी तरह। सेँधि = सन्धि। चाह = इच्छा। दीन्ही = देइ (दत्ते) का प्रथम-पुरुष, स्त्रीलिङ्ग, भूत-काल, बहु-वचन। गुपुत = गुप्त। जो = जो = यः। रहद = रहे (तिष्ठेत्)। सो = सः = वह। साँचा = सत्य = सच। परगट = प्रगट = प्रकट। होद = होय (भवेत्)। जीउ = जीव। बाँचा = बचे = उर्वर्यात् = अवशिष्येत। पउरि = पुरद्वारी = पौरी = प्रतोली। लाग = लगा = लग्न हुआ। केवारा = केवारा = कपाट। राजा सउँ = राजा से। भई = (भवति) होद का प्रथम-पुरुष, स्त्रीलिङ्ग, भूत-काल का एक-वचन। पुकारा = पुकार = पुत्कार। जोगी = योगी। आद = एत्य = आ कर। छेंकि = छेंक कर (आशङ्क्य) = शङ्कित कर = रोक कर। मेले = मिले हुए हैँ (मिल सङ्गमे से) = एकट्ठाँ हो कर। जनउँ = जानउँ = जाने। कउनु = कौन = क नु। देस = देश। कहँ = को। खेले = खेले हैँ = खेलयन्ति वा खेलन्ति ॥

भएउ = भया (बभूव)। रजाएसु = राजाज्ञा = राजादेश। देखहु = देखो (दृशि प्रेक्षणे से)। को = कः = कौन। अस = एतादृश = ऐसा। भिखारी = भिक्षुक। ढीठ = धृष्ट = ढीठा। जाद = जा कर (याता)। बरजि = वर्जन। तिन्ह = तिन्हैँ। आवहु = आओ (आयाहि)। जन = आदमी। दुइ = दो (द्वौ)। जाहिँ = जायँ (याताम्)। बसीठ = दूत ॥

राजा ने (महादेव से) सिद्धि-गुटिका को पाया, गणेश को मनाया और सिद्धि (प्राप्त) हुई। जब महादेव ने सिद्धि दी (तो उस को) कौन रोके, योगिओं ने गढ को छेंक लिया यह कोलाहल हुआ। सब पद्मिनी (अटारिओं पर) चढी देख रही हैँ, (योगिओं ने) देवमन्दिर से उठ कर सिंहल (गढ) को घेर लिया। जिस तरह जल्द-बाज चोर मति करता है अर्थात् आतुर चोर की जैसी बुद्धि होती है उसी

तरह योगी लोग (शीघ्र) गढ में सेँध दिया चाहते हैँ। वही सच्चा चोर है जो कि छिपा रहता है, (यदि चोर) प्रगट हो जाय तो जीव न बचे। गढ की हर एक पौरी पर दरवाजे बंद हो गए, और राजा से पुकार की गई। (कि) योगी गढ छेंक कर एकट्ठे हुए हैँ, नहीँ जानते कि किस देश में खेला चाहते हैँ॥

राजा की आज्ञा हुई कि देखो कौन ऐसे ढीठे भिखारी हैँ, दो आदमी दूत ऐसे जायँ और उन्हेँ बरज आवैँ॥ २२२॥

चउपाई।

उतरि बसिठ दुइ आइ जोहारे। कइ तुम्ह जोगी कइ बनिजारे॥
भएउ रजाएसु आगइ खेलहु। गढ तर छाँडि अनत होइ मेलहु॥
अस लागेहु केहि के सिखि दीन्हे। आएहु मरइ हाथ जिउ लीन्हे॥
इहाँ इँदर अस राजा तपा। जउँ-हि रिसाइ सूर डरि छपा॥
हहु बनिजार तो बनिज बेसाहहु। भरि बइपार लेहु जो चाहहु॥
जोगी हहु तो जुगुति सउँ माँगहु। भुगुति लेहु लेइ मारग लागहु॥
इहाँ देओता अस गए हारी। तुम्ह पतंग को आहि भिखारी॥

दोहा।

तुम्ह जोगी बइरागी कहत न मानहु कोहु।
लेहु माँगि किछु भिच्छा खेलि अनत कहँ होहु॥ २२३॥

उतरि = उत्तीर्य = उतर कर। बसिठ = बसीठ = वसिष्ठ, के ऐसा दूत। दुइ = द्वौ = दो। आइ = एत्य = आ कर। जोहारे = जोहार किए = प्रणाम किए (हे जीव-हार ऐसा कह कर प्रणाम किए)। कइ = कि। जोगी = योगी। कइ = कि = वा। बनिजारे = वणिज = बनिए। भएउ = बभूव = हुआ। रजाएसु = राजादेश = राजाज्ञा। आगइ = आगे = अग्रे। खेलहु = खेलो = खेलइ (खेलति) का, मध्यम-पुरुष, लोट लकार, बहु-वचन। गढ = गाढ = दुर्ग = किला। तर = तल। छाँडि = (सञ्छुद्य) छोड कर। अनत = अन्यत्र। होइ = हो कर (भूला)। मेलहु = मिलो = एकट्ठाँ हो (मिल सङ्गमे से)। अस = एतादृश = ऐसा। लागेहु = लगे = लग्न हुए। केहि के = किस के। सिख = शिक्षा। दीन्हे = देने से (दा दाने से)। आएहु = आए। मरइ = मरने के लिये = मरणाय। हाथ = हस्त।

जिउ = जीव = प्राण। लीन्हे = लिए ऊए (ला दाने से)। इहाँ = अत्र = यहाँ। इँदर = इन्द्र = देवताओँ का राजा। तपा = तप = तपइ (तपति) = तपता है। जउँ = यदि। हि = निश्चयेन। रिसाइ = रिस करे = क्रुद्ध हो (रुष्येत्)। सूर = सूर्य। डरि = डर कर (आदर्य)। छपा = छप = छपे = छिपे (चिप प्रेरणे से)। हऊ = हो (भवथ)। तो = तो = तर्हि। बनिज = वाणिज्य। बेसाहऊ = बेसाहइ (क्रीणीते) का लोट लकार, मध्यम-पुरुष, बऊ-वचन। भरि = भर कर (भृत्वा)। बइपार = व्यापार। लेऊ = लेइ (लाति) का लोट लकार, मध्यम-पुरुष, बऊ-वचन। लेऊ = लेओ (ला दाने से)। चाहहु = चाहो (इच्छथ)। जुगुति = युक्ति = उपाय। सउँ = से। माँगऊ = माँगो। भुगुति = भुक्ति = भोजन। लेइ = ले कर (आलाय)। मारग = मार्ग = राह। लागऊ = लगिए = लगइ (लगति) का लोट लकार, मध्यम-पुरुष, बऊ-वचन। देओता = देवता। हारी = हार गए (हृ हरणे से)। पतंग = पतङ्ग = फतिंगे। को = क्व = कौन। आहि = हो। भिखारी = भिक्षुक = भिखमंगा ॥

बइरागी = वैरागी। कहत = कहते (कथयन्)। मानऊ = मानिए = मानइ (मन्यते) का लोट लकार, मध्यम-पुरुष, बऊ-वचन। कोहु = क्रोध। माँगि = माँगना = याचना। किछु = कुछ = किञ्चित्। भिच्छा = भिक्षा = भीख। खेलि = (खेलित्वा) खेल कर। होऊ = होओ (भवत) ॥

दो दूतोँ ने (गढ से) उतर कर, (योगिओँ के पास) आ कर, (उन को) प्रणाम किए (और पूछे) कि तुम लोग योगी हो वा बनिजारे। राजा की आज्ञा ऊई है कि आगे जा कर खेलो, गढ के तल को छोड कर अन्यत्र जा कर एकट्ठाँ होओ। किस के सिखाने से इस तरह (गढ के नीचे) लगे हो, (क्या) जीव को हाथ में ले कर मरने आए हो। यहाँ इन्द्र के ऐसा राजा (गन्धर्व-सेन) तपता है, यदि सचमुच क्रोध करे तो सूर्य डर कर छिप जाय। (यदि) बनिए हो तो बनिज को खरीदो, (और अपने) व्यापार भर जो चाहो सो लेओ। यदि योगी हो तो युक्ति (कायदे वा रीति) से माँगो, भोजन लो और (भोजन) ले कर रास्ता पकडो। देवता ऐसे (लोग) तो यहाँ हार ही गए, तुम्ह लोग फतिंगे ऐसे भिखारी क्या हो, अर्थात् फतिंगे ऐस तुम फकीरोँ की क्या गिनती ॥

तुम लोग योगी वैरागी हो, (मेरे) कहने पर क्रुद्ध न हो, कुछ भीख माँग लो (फिर) खेल कूद कर अन्यत्र कहीँ चले जाओ ॥ १२२ ॥

चउपाई ।

अनु जो भीखि हउँ आएउँ लेई । कस न लेउँ जउँ राजा देई ॥
पदुमावति राजा कइ बारी । हउँ जोगी तेहि लागि भिखारी ॥
खप्पर लिए बार भा माँगउँ । भुगुति देइ लेइ मारग लागउँ ॥
सोई भुगुति परापति पूजा । कहाँ जाउँ अस बार न दूजा ॥
अब धर इहाँ जीउ ओहि ठाऊँ । भसम होउँ पइ तजउँ न नाऊँ ॥
जस बिनु प्रान पिंड हइ छूँछा । धरम लागि कहिअउ जउँ पूँछा ॥
तुम्ह बसीठ राजा कइ ओरा । साखि होहु यह भीखि निहोरा ॥

दोहा ।

जोगी बार आउ सो जेहि भिखिआ कइ आस ।
जउँ निरास डिढ आसन कित गउँनइ केहु पास ॥ २२४ ॥

अनु = अनुज्ञा = आज्ञा । जो = यः । भीखि = भिक्षा । हउँ = अहम् = हम । आएउँ = आया (या प्रापणे से आ-उपसर्ग) । लेई = लेने (ला दाने से) । कस = कथम् = क्योँ । लेउँ = लेऊँ । जउँ = यदि । देई = दे (दद्यात्) । पदुमावति = पद्मावती । कइ = की । बारी = बालिका = कन्या । जोगी = योगी । तेहि लागि = तिस के लिये । भिखारी = भिक्षुक । खप्पर = खर्पर = खप्पड़ । बार = द्वार । भा = हुआ । माँगउँ = माँगता हूँ (याचे) । भुगुति = भुक्ति । देइ = दे (दद्यात्) । लेइ = ले कर (आलाय) । मारग = मार्ग = राह । लागउँ = लगउँ = लगूँ (लगेयम्) । सोई = स एव = वही । परापति = प्राप्ति । कहाँ = कुत्र । जाउँ = जावँ (यानि) । अस = ऐसा = एतादृश । दूजा = द्वितीय = दूसरा । अब = इदानीम् । धर = धड़, यहाँ, शरीर । इहाँ = अत्र = यहाँ । जीउ = जीव । ओहि = तत्र = तहाँ = वहाँ । ठाऊँ = ठावँ = स्थान । भसम = भस्म = राख । होउँ = होवँ (भवानि) । पइ = अपि । तजउँ = तजूँ (त्यजानि) = छोड़ूँ । नाऊँ = नाम । जस = यथा = जैसे । बिनु = विना । प्रान = प्राण । पिंड = पिण्ड = शरीर = देह । हइ = है (अस्ति) । छूँछा = रिक्त = खाली = शून्य । धरम = धर्म । धरम लागि = धर्म के लिये । कहिअउ = कहना । जउँ = यदि = जो । पूँछा = पूँछे (पृच्छेत्) । बसीठ = वसिष्ठ = दूत । कइ = की । ओर = तरफ = अग्र । साखि = साक्षी = गवाह । होहु = हूजिए (भवत) । निहोरा = निहोरइ (निरोधयति) का उत्तम-पुरुष, भूत-काल का एक-वचन ॥

आउ = आवे (आयात्)। जेहि = जिस। भिखिआ = भिक्षा। कइ = की। आस = आशा = उम्मीद। निरास = निराश। डिढ = दृढ = मजबूत। कित = कुतः = क्यों। गउँनइ = जाय (गच्छेत्)। कोऊ = किस। पास = पार्श्व = नगीच = निकट ॥

(राजा रत्न-सेन ने कहा कि) यदि आज्ञा ऊई है तो जिस भीख लेने के लिये मैं आया हूँ उसे यदि राजा (गन्धर्व-सेन) दे तो मैं क्यों न लेऊँ। पद्मावती जो राजा की लड़की है, उसी के लिये मैं योगी भिखारी ऊआ हूँ। (उसी को) खप्पर लिए द्वार पर पडा माँग रहा हूँ, (यदि राजा उस) भुक्ति को दे तो मैं ले कर अपनी रास्ता लूँ। (उस) भुक्ति की प्राप्ति ही (मेरे लिये सब) पूजा है, मैं कहाँ जाऊँ, (उस भुक्ति-प्राप्ति के लिये मुझे) दूसरा ऐसा द्वार नहीं है। अब तो मेरी शरीर यहाँ और जीव (जहाँ पद्मावती है) उस स्थान पर है, (मर कर) भस्म हो जाऊँ पर उस के नाम को न छोडूँ (यही मेरी प्रतिज्ञा है)। यदि (तुम से राजा गन्धर्व-सेन) पूछे तो धर्म के लिये कहना कि जैसे प्राण के विना शरीर छूँछी (व्यर्थ) है (उसी तरह उस योगी की दशा है)। तुम राजा की ओर से दूत हो, मैं ने इसी भीख के लिये निहोरा किया है इस बात के तुम लोग गवाह हो ॥

जिस योगी को भिक्षा की आशा होती है वही (भिक्षा के लिये) दरवाजे पर आता है, यदि निराश हो कर आसन पर दृढ रहे तो (फिर) किसी के पास क्यों जाय ॥ २२४ ॥

चउपाई ।

सुनि बसीठ मन उपनी रीसा। जउ पीसत घुन जाइहि पीसा ॥
जोगी अइस कहइ नहिँ कोई। सो कहु बात जोग तोहि होई ॥
वह बड राज इँदर कर पाटा। धरती परइ सरग को चाटा ॥
जउँ यह बात होइ तहँ चली। छूटिहिँ अबहिँ हसति सिंघली ॥
अउ छूटिहिँ तहँ बजर क गोटा। बिसरइ भुगुति होहु तुम्ह रोटा ॥
जहँ लगि दिसिटि न जाइ पसारी। तहाँ पसारसि हाथ भिखारी ॥
आगू देखि पाउँ धरु नाथा। तहाँ न हेरु टूट जहँ माथा ॥

दोहा ।

वह रानी जेहि जोग हइ तेही राज अरु पाट ।
सुंदरि जाइ राज-घर जोगिहि बाँदर काट ॥ २२५ ॥

सुनि = श्रुत्वा = सुन कर । बसीठ = वसिष्ठ = दूत । उपनी = उत्पन्न ऊई । रीसा = रिस = रोष = क्रोध । जउ = जव = यव, एक प्रसिद्ध अन्न । पीसत = पीसते (पिष्लृ संचूर्णने से) । घुन = घुण = काठ वा अन्न खानेवाला एक प्रसिद्ध कीडा । जाइहि = जायगा (यास्यति) । पीसा = पीस । जोगी = योगी । अइस = एतादृश = ऐसा । कहइ = (कथयति) कहता है । कोई = कोऽपि । सो = सः = वह । कहु = कह (कथय) । बात = वार्त्ता । जोग = योग्य । तोहि = तुझे । होई = होय (भवेत्) । बड = बडा (वर) । राज = राजा । इँदर = इन्द्र । पाटा = पट्टा = सिंहासन । धरती = धरित्री = भूमि । परइ = पडे (पतन्) । सरग = स्वर्ग । को = कः = कौन । चाटा = चाट = चाटता है (चट भेदने से, चटयति) । जउँ = यदि = जो । होइ = होवे (भवेत्) । तहँ = तत्र = तहाँ । चली = चलाई (प्रचार) । छूटिहिं = छूटेंगे (क्रुटिष्यन्ति, क्रुट छेदने, तुदादि) । अबहिं = इदानीं हि = अभी । हसति = हस्ती = हाथी । सिंघली = सिंहली = सिंहल के । तहँ = तत्र = तहाँ । बजर = वज्र । गोटा = गोट = गोला । बिसरइ = बिसरे = भूल जाय (विस्मर्येत) । भुगुति = भुक्ति = भोजन । होउ = हो (भवय) । रोटा = रोडा = लोष्ट = ढेला । जहँ लगि = जहाँ तक = यावत् । दिसिटि = दृष्टि । जाइ = जाय (यायात्) । पसारी = प्रसार = फैलाय । पसारसि = फैलाता है (प्रसारयसि) । हाथ = हस्त । भिखारी = भिक्षुक । आगू = आगे = अग्रे । देखि = देख कर (दृष्ट्वा) । पाउँ = पाद = पैर । धरु = धर (धर) । नाथा = नाथ = हे गोरखनाथी योगी । हेरु = हेर (हेड्रि अन्वेषणे से) । टूट = टूटे (त्रुट्येत) । जहँ = जहाँ = यत्र । माथा = मस्तक ॥

रानी = राज्ञी = राजा की पत्नी, यहाँ गन्धर्वसेन की कन्या । हइ = है (अस्ति) । पाट = पट्ट = सिंहासन । सुंदरि = सुन्दरी (पद्मावती) । जाइ = जायगी (यास्यति) । राज-घर = राज-गृह । जोगिहि = योगी को । बाँदर = बंदर (वानर) । काट = काटे (कर्त्तयेत्) ॥

(रत्न-सेन की बात) सुन कर दूत के मन में रोष उत्पन्न ऊआ, (कहने लगा कि खबर्दार ऐसा न कह, नहीं तो) जौ के पीसते घुन भी पीसा जायगा, अर्थात् तेरे संग

मैँ भी मारा जाऊँगा। कोई योगी ऐसा नहीँ कहता, जो तेरे योग्य बात हो उसे कह। वह (गन्धर्व-सेन) बडा राजा है (उस का) इन्द्र के ऐसा सिंहासन है, कौन ऐसा है जो जमीन पर पडा स्वर्ग को चाटना चाहे। यदि यह बात वहाँ (गन्धर्व-सेन के यहाँ) चलाई जाय (तो) अभीँ सिंहल के हाथी छूटँगे। और वज्र के गोले छूटँगे, (जिस से यह) भुक्ति-वासना भूल जायगी, तुम (मर कर) ढेले हो जाओगे। जहाँ फैलाने से नजर भी नहीँ पहुँचती तहाँ अरे भिखारी तूँ हाथ फैलाता है। अरे गोरख-नाथ के चेले, आगे देख कर पावँ रख, उस जगह न ढूँढ जहाँ कि माथ टूट जाय ॥

वह (पद्मावती) रानी जिस के योग्य है उसी को (यहाँ के) राज्य और सिंहासन हैँ, (वह) सुन्दरी राजा के घर जायगी; योगी को बंदर काट खायगा ॥

एक माकन्दिका पुरी मैँ मौनी योगी भिक्षा माँगा करता था। दैवात् एक दिन एक बनिए के घर भिक्षा माँगने गया। उस की सुन्दरी कन्या को देख मोहित हो मौनव्रत को त्याग उस के विरह से व्याकुल हो गया। योगी की यह दशा देख वह बनिया योगी के पीछे पीछे दौडा। और ज्योँ ही वह अपनी मठ के पास पहुँचा त्योँ ही वह योगी के पास पहुँच कर प्रार्थना की कि महाराज मेरी कन्या को देख कर आप दुःखी क्योँ हुए। योगी ने कन्या को लेने के लिये उस से धूर्त्तता से कहा कि यह कन्या बडी अभागी है। विवाह होते ही तुमारा सर्वनाश करेगी। सो यदि अपना भला चाहो तो इसे रात को संदूक मैँ बंद कर गङ्गा जी मैँ बहा दो। बहाते समय संदूक के ऊपर एक बरता हुआ दीप रख देना। योगी के कहने से बनिए ने वैसा ही किया। इधर योगी ने अपने चेलोँ से कहा कि जाओ गङ्गा जी मैँ एक संदूक जिस के ऊपर चिराग जल रहा है बह रही है उसे ज्योँ की त्योँ उठा लाओ। इस बीच मैँ एक राजकुमार शिकार खेलते खेलते गङ्गा के किनारे पहुँचा और संदूक को बहते देख अपने नौकरोँ से पकडवा मँगाया। खोलने पर उस मैँ अति सुन्दरी स्त्री को देख, मोहित हो उसे अपनी रानी बनाया और उस संदूक मैँ एक बनैले भयङ्कर बंदर को जिसे कि बन से फँसा लाया था बंद कर गङ्गा जी मैँ बहा दिया। योगी के चेलोँ ने उस संदूक को पकड कर योगी के पास लाए। योगी संदूक देख कर बहुत खुश हुआ और कोठरी के भीतर ले जा कर चेलोँ से कहा कि बाहर से कोठरी बंद कर दो, मैँ योग सिद्ध करूँगा, तुम लोग चुप चाप नीचे जा कर सोओ। निदान संदूक खोलने पर बंदर ने योगी को काट खाया। योगी कोठरी खोलने के

लिये बक्रत चिल्लाया पर योगी की पूर्वाज्ञा से चेले चुप चाप नीचे सोए रह गए। इस प्रकार वह सुन्दरी राजा के घर गई और योगी के नाक कान को बंदर ने काट खाया। यह कथा, कथासरित्सागर के तृतीय लम्बक के प्रथम तरङ्ग के २०-५२ स्लोकों में लिखी है॥ २२५॥

चउपाई।

जउँ जोगिहि सुठि बाँदर काटा। एकइ जोग न दोसरि बाटा॥
अउरु साधना आवइ साधे। जोग-साधना आपुहि दाधे॥
सिर पहुँचाउ जोग करि साथू। दिसिटि चाहि हो अगुमन हाथू॥
तुम्हरइ जउँ रे सिंघली हाथी। मोरइ गुरू हसति होइ साथी॥
हसति नसत जेहि करत न बारा। परबत करइ पाउँ कइ छारा॥
गढ कइ गरब खेह मिलि गए। मंदिर उठइ ढहइ भुइ नए॥
अंत जो चलना कोउ न चीन्हा। जो आवइ आपुन चह कीन्हा॥

दोहा।

जोगिहि कोहु न चाहिअ तब न मोहिँ रिस लागि।
पेम-पंथ जेहि पानि हइ कहा करइ तेहि आगि॥ २२६॥

जउँ = यदि। जोगिहि = योगी को। सुठि = सुष्ठु = अच्छी तरह। बाँदर = बंदर (वानर)। काटा = काटे (कर्त्तयेत्)। एकइ = एक एव = एक ही। जोग = योग। दोसरि = दूसरी (द्वितीय)। बाटा = वाट = पथ = राह। अउरु = अपर = दूसरी। साधना = साधन-वस्तु। आवइ = (आयाति) आती है। साधे = साधने से = साधन करने से (साधनेन)। जोग-साधना = योग-साधना। आपुहि = अपने को (आत्मनः)। दाधे = दग्ध करने से। सिर = शिरः = शिर। साथू = साथ (सार्थ)। दिसिटि = दृष्टि। चाहि = बढ कर। हो = अहो (संबोधनसूचक शब्द)। अगुमन = अग्रगमन = आगे। हाथू = हाथ = हस्त। तुम्हरइ = तुम्हारे। सिंघली = सिंहली = सिंहल के। हाथी = हस्ती। मोरइ = मोरे = मुझे। गुरू = गुरु, गोरख-नाथ। हसति = हस्ती = हाथी। साथी = संगी (सार्थी)। नसत = नष्ट। जेहि = जिसे। करत = करते (कुर्वत्)। बारा = वार = विलम्ब। परबत = पर्वत = पहाड। करइ = (करोति) करता है। पाउँ = पावँ = पैर। कइ = की। छारा = चार = राख = भस्म। गढ = गाढ = दुर्ग = किला। गरब = गर्व = अभिमान। खेह = धूर।

मंदिर = मन्दिर = गृह । उठइ = (उत्तिष्ठते) उठता है । ढहइ = (ध्वंसते) ढहता है = गिर पड़ता है । भत्र = भए ऊए । नए = नव । अंत = अन्त में । चलना = चलन = जाना । कोउ = कोऽपि = कोई । चीन्हा = चीन्हइ (चिन्हयति, चिन्हं लक्ष्म च लक्ष्मणम्—अमरकोश) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन । आपुन = अपना । चह = चहइ = (इच्छति) चाहता है । कीन्हा = करना ॥

कोऊ = कोह = क्रोध । चाहिअ = चाहिए । मोहिँ = मुझे । रिस = रोष = क्रोध । लागि = लगी = लगइ (लगति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन । पेम = प्रेम । पंथ = पन्थाः = राह । पानि = पानीय = पानी । हइ = है (अस्ति) । कहा = किमु = क्या । करइ = करे (कुर्यात्) । आगि = अग्नि = आग ॥

(राजा रत्नसेन ने कहा कि) यदि योगी को अच्छी तरह से बंदर काटे, तो भी (योगी के) योग की एक ही राह है दूसरी नहीं । और साधना साधने से आ जाती है, पर योग-साधना अपने को जला देने ही से आती है । योग को साथ में कर, शिर को पङ्कँचाओ, और हे (वसीठ) दृष्टि से बढ कर, आगे हाथ दो (तब योग-सिद्धि हो) । यदि तुम्हारे (साथ) सिंहली हाथी हैं, (तो) मेरे साथ भी गुरु (गोरख-नाथ) हाथी हैं । जिस को (तुम्हारे) हाथिओं को नाश करते देर नहीं, और जो कि पर्वत को भी पावँ की धूर कर देता है । (गुरु के आगे) गढ के अभिमान खेह में मिल गए हैं, मन्दिर उठता है, ढह जाता है (और फिर ढह कर) नए हो जाते हैं । अन्त में जो (संसार से उठ) चलना है उस चलने को कोई नहीं जानता, जो (यहाँ) आता है वह अपने ही ऐसा किया चाहता है ॥

(हे दूत तुम ने जो कहा कि) योगी को क्रोध न चाहिए (सो ठीक है), तभी तो मुझे रिस नहीं लगी । जिस की राह में प्रेम-रूप पानी है, उस को आग क्या कर सकती है ॥ २२६ ॥

चउपाई ।

exp.

बसिठहि जाइ कही असि बाता । राजा सुनत कोहु भा राता ॥
ठाउँहिँ ठाउँ कुअँर सब माखे । केइँ अब लगि जोगी जिउ राखे ॥
अब-हूँ बेगि करहु संजोऊ । तस मारहु हतिआ किन होऊ ॥
मँतिरिन्ह कहा रहहु मन बूझे । पति न होइ जोगिहिँ सउँ जूझे ॥

वेइँ मारहिँ तो काह भिखारी। लाज होइ जउँ मानिश्र हारी ॥
ना भल मुश्रइ न मारइ मोखू। दुहूँ बात तुम्ह लागिहि दोखू ॥
रहइ देहु जउँ गढ तर मेली। जोगी कित आछहिँ बिनु खेली ॥

दोहा।

रहइ देहु जो गढ तर जनि चालहु यह बात।
तिन्हहिँ जो पाहन भख करहिँ अस केहि के मुख दाँत ॥ २२७ ॥

बसिठन्हि = बसीठ ने = दूत ने। जाइ = (संयाय) = जा कर। कही = कहइ (कथयति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन। असि = एतादृशी = ऐसी। बाता = वार्त्ता = बात। सुनत = सुनते (शृण्वन्)। कोहु = क्रोध। भा = हुआ (बभूव)। राता = रक्त = लाल। ठाउँहिँ ठाउँ = स्थान स्थान में। कुअँर = (राज) कुमार। माखे = आमर्ष में हो गए। केइँ = किन लोगों ने। अब लगि = अब तक। जोगी = योगी। जिउ = जीव। राखे = रक्खे (रचित किए)। अब-हूँ = इदानीं हि = अब भी। बेगि = वेगेन = शीघ्र। करहु = करो (कुरुथ)। संजोउ = संयोग = युक्ति। तस = तथा = तैसा। मारहु = मारो (मारयथ)। हतिआ = हत्या = पाप। किन = किं न = क्यों न। होउ = होवे (भवेत्)। मँतिरिन्ह = मन्त्री का बहु-वचन। कहा = (अकथयत्)। रहहु = रहो (तिष्ठथ)। बूझे = बूझने पर = बोध होने पर। पति = पत्ति = लज्जा = मर्यादा। होइ = होती है (भवति)। जोगिहिँ सउँ = योगिओं से। जूझे = युद्ध करने से (युद्धेन)। वेइँ = उन्हें। मारहिँ = मारें (मारयेम)। तो = तर्हि। काह = किम् = क्या। भिखारी = भिक्षुक। लाज = लज्जा। होइ = होय (भवेत्)। जउँ = यदि। मानिअ = मन्येत = मानिए। हारी = हार। ना = नहीं। भल = वर। मुअइ = मरने (मरणे)। मारइ = मारने में (मारणे)। मोखू = मोक्ष। दुहूँ = दोनों में (द्वयोर्हि)। बात = वार्त्ता। लागिहि = लगेगा (लगिष्यति)। दोखू = दोष। रहइ = रहने। देहु = दो। गढ = गाढ = दुर्ग = किला। तर = तल = नीचे। मेली = मिले = एकट्ठे हुए। कित = किम् = क्या। आछहिँ = अच्छे हैं। बिनु = विना। खेली = खेल ॥

जनि = मत। चालहु = चलाओ (चालयथ)। पाहन = पाषाण = पत्थर। भख = भक्षण। करहिँ = करते हैं (कुर्वन्ति)। अस = एतादृश = ऐसा। केहि = किस। मुख = मुँह। दाँत = दन्त ॥

दूत जा कर (रत्न-सेन की कही) ऐसी बात (गन्धर्व-सेन से) कही, राजा (गन्धर्व-सेन) सुनते ही क्रोध से लाल हो गया। जगह जगह पर सब राज-कुमार माख गए, (कहने लगे कि) किन लोगोँ ने अभीँ तक योगी के जीव को रख छोडा है। अब भी जल्द उपाय करो, ऐसा मारो (कि सब मर जायँ) पाप क्योँ न हो। मन्त्रिओँ ने कहा कि ठहरो मन मेँ समझने दो, योगिओँ से लडने मेँ इज्जत नहीँ रहती। उन भिखारिओँ को मारिए तो क्या (फल), (और लड कर) हार मानिए तो (बडी) लज्जा हो। मरने मेँ भी भला नहीँ और मारने मेँ भी मोच नहीँ, दोनोँ बातोँ मेँ तुम लोगोँ को दोष लगेगा। यदि गढ के नीचे एकट्ठे ऊए हैँ तो रहने दो, खेल छोड और क्या योगी अच्छे हैँ, अर्थात् योगी लोग सेवाय खेल कूद के और क्या कर सकते हैँ॥

यदि गढ के नीचे हैँ तो रहने दो, इस (उठा देने की) बात को न चलाओ, जो (योगी लोग) पत्थर को खाते हैं, उन लोगोँ के ऐसे किस के मुँह मेँ दाँत हैँ॥ २२७॥

चउपाई।

गए जो बसिठ पुनि बहुरि न आए। राजइ कहा बहुत दिन लाए॥
न जनउँ सरग बात दहुँ काहा। काहु न आइ कही फिरि चाहा॥
पाँख न कया पउन नहिँ पाया। केहि बिधि मिलउँ होउँ केहि छाया॥
सवँरि रकत नइनहिँ भरि चूआ। रोइ हँकारेसि माँझी सूआ॥
परहिँ जो आँसु रकत कइ टूटी। अबहुँ सो राती बीर-बहूटी॥
उहइ रकत लिखि दीन्ही पाती। सुअइ जो लीन्ह चोँच भइ राती॥
बाँधा कंठ पडा जरि काँठा। बिरह क जरा जाइ कहँ नाठा॥

दोहा।

मसि नइना लिखनी बरुनि रोइ रोइ लिखा अकत्थ।
आखर दहहिँ न कोइ गहइ (सो) दीन्ह परेवा हत्थ॥ २२८॥

गए = गए। बसिठ = बसीठ = वसिष्ठ = दूत। पुनि = पुनः। बहुरि = भूयः = लौट कर। आए = (आययुः)। राजइ = राजा ने। कहा = अकथयत्। बहुत = बहुतर =

अधिक । लाए = लगाए । जनउँ = जानउँ = जाने = जानता हूँ । सरग = स्वर्ग । बात = वार्त्ता । दक्रँ = क्या जानेँ । काहा = किम् = क्या । काक्र = किसी ने । आइ = आ कर (एत्य) । कही = कहइ (कथयति) का भूत-काल, प्रथम-पुरुष, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन । फिरि = फिर कर = लौट कर । चाहा = चाह = इच्छा । पाँख = पच = पर । कया = काय = शरीर । पउन = पवन = हवा । पाया = पाद = पैर । केहि = किस । बिधि = प्रकार = उपाय । मिलउँ = मिलूँ (मिलेयम्) । होउँ = होयँ (भवेयम्) । छाया = आश्रित । सवँरि = संस्मृत्य = स्मरण कर । रकत = रक्त । नइनहिँ = नयनोँ मेँ । भरि = भर कर (भृत्वा) । चूआ = चुअइ (च्यवति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन । रोइ = रो कर (रुदित्वा) । हँकारेसि = पुकारा (हमकारयत्) । माँझी = मध्यी = मध्यस्थ । सूआ = शुक = सुग्गा । परहिँ = पडती हैँ (पतन्ति) । आँसु = अश्रु = आँस । कइ = की । टूटी = टूट कर (त्रुटित्वा) । अबक्रँ = अब भी (इदानीँ हि) । राती = लक्तित = लाल । बीर-बह्रटी = वीर-वधू = इन्द्र-वधू । उहइ = वही = स एव । लिखि = लिख कर (लिखित्वा) । दीन्ही = देइ (दत्ते) का भूत-काल, प्रथम-पुरुष, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन । पाती = पत्री = चीठी । सुअइ = (शुकेन) = सुग्गेने । लीन्ह = लिया (ला दाने से) । चोँच = चञ्चु । भइ = भई (बभूव) । बाँधा = बाँधइ (बध्नाति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन । कंठ = कण्ठ = गला । पडा = पडइ (पतति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन । जरि = जर कर (जरित्वा) । काँठा = कंठा = शुक के गले की धारी । बिरह = विरह = वियोग । क = का । जरा = जरा ङ्रआ = जला ङ्रआ । जाइ = जाय (यात्) । कहँ = कुत्र = कहाँ । नाठा = नष्ट ॥

मसि = मषी = स्याही । नइना = नयन । लिखनी = लेखनी = कलम । बरुनि = बरोनी = वारणी (१०६ दोहे की टीका देखो) । रोइ रोइ = रो रो कर । लिखा = लिखइ (लिखति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन । अकत्थ = अकथ्य = कहने के न योग्य । आखर = अक्षर । दहहिँ = दहइ (दहति) का बक्र-वचन । गहइ = (गृह्णाति) पकडता है । दीन्ह = दिया (अदात्) । परेवा = पारावत = यहाँ पची शुक । हत्थ = हाथ = हस्त ॥

राजा (रत्न-सेन) ने कहा कि, दूत बक्रत दिन लगाए, जो गए सो फिर लौट कर न आए । नहीँ जानता कि (क्या ङ्रआ), क्या जानेँ स्वर्ग मेँ बात है क्या, (क्योँकि) किसी ने आ कर फिर (अपनी) इच्छा न कही । (मेरी) शरीर मेँ न पर, न प्राण

(पवन) और न पैर है, किस तरह से मिलूँ, किस के शरण में जाऊँ। (पद्मावती के) स्मरण करते ही आँखों में रक्त भर कर चूने लगे, रो कर (रत्न-सेन ने) मध्यस्थ हीरामणि शुक को पुकारा। रक्त की आँस टूट टूट कर जो पडी हैं, उन्हीं से अब तक बीर-बहूटी लाल हैं। उसी अश्रु रक्त से लिख कर चिट्ठी को दिया, सुग्गे ने जो (उस रक्ताक्षर की चीठी) ली उसी से उस की चोँच लाल हो गई। (रत्न-सेन ने उस चीठी को शुक के) गले में बाँध दिया, (बाँधने से) गला जल गया (इसी से) कण्ठ में लाल धारी का कंठा पड गया। (चीठी में यही लिखा था कि,) विरह का जला झआ नष्ट हो कर कहाँ जाय॥

आँख की (आँस की) स्याही, और बरौनी की कलम से, (और भी बहुत विरह की बातेँ जो) कहने योग्य नहीँ (सब) रो रो कर लिखा। अक्षर जलते हैँ, कोई (जल जाने के डर से जिस पक्षी को) पकडता नहीँ, (उस को) सुग्गे के हाथ में दिया॥ २२८॥

चउपाई।

अउ मुख सउँ बच कहेसु परेवा। पहिलइ मोरि बहुत कइ सेवा॥
पुनि सवँराइ कहेसु अस दूजे। जो बलि दीन्ह देओतन्ह पूजे॥
सो अबहूँ तइसइ बलि लागा। कब लगि कया रहन मढ जागा॥
भलेहि ईस तुम्ह-हूँ बलि दीन्हा। जहँ तुम्ह भाउ तहाँ बलि कीन्हा॥
जउँ तुम्ह मया कीन्ह पगु ढारा। दिसिटि देखाइ बान-बिख मारा॥
जो अस जा कर आसा-मुखी। दुख मँह अइस न मारइ दुखी॥
नइन भिखारि न मानहिँ सीखा। अगुमन दउरि लीन्ह पइ भीखा॥

दोहा।

नइनहिँ नइन जो बेधि गइ नहिँ निकसहिँ वेइ बान।
हिअइ जो आखर तुम्ह लिखे ते सुठि घटहिँ परान॥ २२९॥

अउ = अपि च = और। मुख सउँ = मुख से = मुँह से। बच = वचः = वचन। कहेसु = कहना (कथनीयम्)। परेवा = पारावत = पक्षी। पहिलइ = प्रथम = पहले ही। मोरि = मेरी। बहुत = बहुतर = अतिशय। कइ = कर। सेवा = खुशामद = विनति = विनय।

पुनि = पुनः = फिर । सवँराइ = स्मरण करा कर (संस्मार्य) । अस = एतादृश = ऐसा । दूजे = दूसरी = द्वितीय । बलि = बलिदान । दीन्ह = दिया (अदात्) । देओतन्ह = देवता का बहु-वचन । पूजे = पूजइ (पूजयति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का बहु-वचन । अब-हुँ = इदानीं हि = अब भी । तइसइ = तथैव = तैसा ही । लागा = लगा है (लग्नः) । कब लगि = कब तक = कियत् कालम् । कया = काय = देह । सून = शून्य = खाली । मढ = मठ = देव-मन्दिर । जागा = जागे = जागइ (जागर्ति) का सम्भावना में, प्रथम-पुरुष, पुंलिङ्ग का एक-वचन । भलेहि = भले ही = अच्छी तरह से = वरम् । ईस = ईश = महादेव । तुम्ह-हूँ = तुम्ह भी = त्वमपि । दीन्हा = दीन्ह । जहँ = यत्र = जहाँ । तुम्ह = तुम्हें । भाउ = भाया = अच्छा मालूम हुआ (भा दीप्तौ से) । तहाँ = तत्र । कीन्हा = कीन्ह = किया (अकरोत्) । जउँ = यदि = जो । मया = माया = मोह = कृपा । पग = प्रग = पैर । ढारा = धारा = धारण किया । दिसिटि = दृष्टि । देखाइ = देखा कर (प्रदर्श्य) । बान-बिष = विषवाण = विष से बुझाया हुआ वाण । मारा = मारइ (मारयति) का प्रथम-पुरुष भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन । जा कर = जिस का । आसा = आशा = दिशा, वा उम्मेद । आसा-मुखी = दिशा वा उम्मेद की तरफ मुँह रखने-वाला । दुख = दुःख । मँह = मध्ये = में । अइस = एतादृश = ऐसा । मारइ = मारता है (मारयति) । दुखी = दुःखी = दुखिआ । नइन = नयन = आँख । भिखारि = भिखारी = भिक्षुक । मानहिँ = मानइ (मन्यते) का बहु-वचन । सीखा = शिक्षा = उपदेश । अगुमन = अग्रगमन = आगे । दउरि = दौड कर (संद्रुत्य वा द्रुत्वा) । लीन्ह = लिया (ला दाने से) । पइ = अपि = निश्चय । भीखा = भिक्षा = भीख ॥

बेधि गइ = बिध गई = विद्ध हो गईं । निकसहिँ = (निष्क्रशति) निकसइ का बहु-वचन । वेइ = वे । बान = वाण । हिअइ = हृदय में (हृदये) । लिखे = (लिखति) लिखइ का मध्यम-पुरुष, पुंलिङ्ग, भूत-काल का बहु-वचन । ते = वे । सुठि = सुष्टु = अच्छी तरह से । घटहिँ = घटाते हैं । परान = प्राण ॥

(राव-सेन ने कहा कि) और पहले हमारी ओर से बहुत खुशामद कर, हे पारावत (शुक पक्षी) मुख से (चीठी की) बात कहना । फिर सुधि दिला कर ऐसा कहना कि, जिस ने देवताओं को पूजा और वलि को दिया, वह अब तक (अपने को) वलि देने के लिये उसी तरह से लगा हुआ है, अर्थात् तैयार है, (सो) शून्य (प्राण के बिना) देह कब तक मठ में जागती रहे (अन्त में सो गई) । तुम ने भी

अच्छी तरह से महादेव को बलि दी, जहाँ तुम्हँ भाया तहाँ तुम ने बलि की, अर्थात् बलिदान दिया। यद्यपि तुम ने अनुग्रह कर (मेरे यहाँ) पैर को धारण किया, अर्थात् आप आईँ, (तथापि) दृष्टि को देखा कर विष-वाण मार दिया। सो जो जिस का ऐसा आशामुखी हो, उस दुखिआ को वह ऐसे दुःख में नहीँ मारता। (क्या किया जाय) भिख-मंगी आँखेँ सीख नहीँ मानतीँ, आगे-ही से दौड कर भीख को ले लिया॥

आखोँ से आँखेँ बिध गईँ, वे (तुम्हारे विष-)वाण नहीँ निकसते, हृदय में जो तुम ने अक्षर लिखे वे अच्छी तरह से प्राण को कम कर रहे हैँ। (हृदय के अक्षर के लिये २०० दोहे को देखो)॥ २२९॥

चउपाई।

तेइ बिख-बान लिखउँ कहँ ताईं। रकत जो चुआ भीँज दुनिआईं॥
जानु सो गारइ रकत पसेऊ। सुखी न जान दुखी कर भेऊ॥
जेँहि न पीर तेँहि का करि चीता। प्रीतम निठुर होइ अस नीता॥
का सउँ कहउँ बिरह कइ भाखा। जा सउँ कहउँ होइ जरि राखा॥
बिरह आगि तन जर बर जरई। नइन नीर सायर सब भरई॥
पाती लिखी सवँरि तुम्ह नावाँ। रकत लिखे आखर भए स्यावाँ॥
आखर जरहिँ न कोई छूआ। तब दुख देखि चला लेइ सूआ॥

दोहा।

अब सुठि मरउँ छूँछि गइ पाती पेम पिआरे हाथ।
भेँटि होति दुख रोइ सुनावत जीउ जात जउँ साथ॥ २३०॥

तेइ = तिस। बिख-बान = विष-वाण = विष के वाण। लिखउँ = लिखूँ (लिखानि)। कहँ ताईं = कहँ ताईँ = कहाँ तक। रकत = रक्त = खून। जो = यत् = जो। चुआ = चुअइ (च्यवति) का प्रथम-पुरुष, पुंलिङ्ग, भूत-काल का एक-वचन। भीँज = भीँगा = अभिषिक्त हुआ। दुनिआईं = दुनिआ। जानु = जाने = जानेँ। सो = वह = सः। गारइ = (गारयति) गारता है। पसेऊ = प्रस्वेद = पसीना। सुखी = सुखिआ। जान = जानइ (जानाति) = जानता है। दुखी = दुःखी = दुखिआ। कर = का। भेऊ = भेद।

पीर = पीडा = व्यथा । का करि = किस की । चीता = चिन्ता = फिक्र । प्रीतम = प्रियतम । निठुर = निष्ठुर = कठोर । होइ = (भवति) होता है । अस = एतादृश = ऐसा । नीता = नीत । कहऊँ = कहूँ (कथयानि) । बिरह = विरह = वियोग । भाखा = भाषा = वाणी । जरि = जल कर (प्रज्वल्य) । राखा = राख = रक्षा = भस्म । आगि = अग्नि । तन = तनु = शरीर । जर = जड । बर = वट = बर का पेंड । जरइ = (ज्वलति) जलता है । नइन = नयन = आँख । नीर = पानी । सायर = सागर = जलस्थान । सब = सर्व । भरइ = (भरति) भरता है । पाती = पत्री = चिट्ठी । लिखी = लिखइ (लिखति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन । सवँरि = (संस्मृत्य) स्मरण कर । नावँ = नावँ = नाम । आखर = अक्षर । भए = भए (बभूवुः) । स्यावँ = श्याम = काले । जरहिँ = जरइ का बहु-वचन । छूआ = छुअइ (स्पृशति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन । तब = तदा । दुख = दुःख । देखि = (दृष्ट्वा) देख कर । चला = चलइ (चलति) का प्रथम-पुरुष, पुंलिङ्ग भूत-काल का एक-वचन । लेइ = ले कर (आलाय) । सूआ = शुक = सुग्गा ॥

अब = इदानीम् = अधुना । सुठि = सुष्ठु = अच्छी तरह से । मरउँ = मरता हूँ (मरामि) । छूँछि = छूँछी = खाली (रिक्त) । गइ = गई (अगात्) । पेम = प्रेम । पिआरे = प्रिय । हाथ = हस्त । भेँटि = भेँट = समागम । होति = होती (भवेत्) । रोइ = रो कर (रुदित्वा) । सुनावत = सुनावता (श्रावयेत्) । जीउ = जीव । जात = जाता (यात्) । जउँ = यदि । साथ = सार्ध ॥

उस विष-वाण (की कथा) कहाँ तक लिखूँ, (उस से विद्ध होने से आँखोँ से) जो रक्त चुआ, उस से दुनिआ भीँग गई । कवि कहता है कि जान पडता है कि वह (रत्न-सेन) खून का पसीना गार रहा है, (सच है) सुखी दुःख का भेद नहीँ जानता । जिसे पीडा नहीँ उसे किस की चिन्ता, प्रियतम निष्ठुर होता है, ऐसी नीति है । मैँ (अपनी) विरह की वाणी किस से कहूँ, जिस से कहता हूँ वही जल कर राख हो जाता है । विरहाग्नि से बर के जड ऐसी देह जलती है, आँखोँ के पानी से सब जलस्थल भर रहे हैँ । (हे पद्मावती) तेरे नाम को स्मरण कर (मैँ ने इस) पत्नी को लिखी है, रक्त के लिखे अक्षर (विरहाग्नि से) काले हो गए । कवि कहता है कि अक्षर जल रहे हैँ (उन्हेँ जल जाने के डर से) कोई छूता नहीँ है, तब (अन्त मेँ रत्न-सेन का) दुःख देख कर शुक (हीरामणि) (उस पत्री को) ले कर चला ॥

(रत्न-सेन कहता है कि हाय) मेरो प्रेम-पत्री प्यारे (पद्मावती) के हाथ में खाली गई, अर्थात् पत्री के साथ मेरा जीव नहीं गया, (इसी पछतावे से) अब अच्छी तरह से मरता हूँ, यदि पत्री के साथ जीव जाता तो भेंट होती और (रो) रो कर मेरे दुःख को सुनाता ॥ २३० ॥

चउपाई।

कंचन तार बाँधि गिअँ पाती। लेइ गा सुआ जहाँ धनि राती ॥
जइसइ कवँल सुरुज कइ आसा। नीर कंठ लहि मरइ पिआसा ॥
बिसरा भोगु सेज सुख बासू। जहाँ भवँर सब तहाँ हुलासू ॥
तब लगि धीर सुना नहिँ पीऊ। सुनतहि घरी रहइ नहिँ जीऊ ॥
तब लगि सुख हिअ पेम न जामा। जहाँ पेम गा सुख बिसरामा ॥
अगर चँदन सुठि दहइ सरीरू। अउ भा अगिनि कया कर चीरू ॥
कथा कहानी सुनि सुठि जरा। जानहुँ घिउ बइसंदर परा ॥

दोहा।

बिरह न आपु सँभारइ मइल चीर सिर रूख।
पिउ पिउ करत रात दिन पपिहा भइ मुख सूख ॥ २३१ ॥

कंचन = काञ्चन = सुवर्ण। तार = तागा = सूत्र। बाँधि = बाँध कर (बन्धयित्वा)। गिअँ = ग्रीवा = गला। पाती = पत्री। लेइ = ले कर (आलाय)। गा = गया (अगात्)। सुआ = शुक = सुग्गा। जहाँ = यत्र। धनि = धन्या, पद्मावती। राती = रक्ता = रत्न-सेन के ध्यान में मग्ना। जइसइ = यथा = जैसे। कवँल = कमल। सुरुज = सूर्य। कइ = की। आसा = आशा = उम्मीद। नीर = जल। कंठ = कण्ठ। लहि = लब्ध्वा = पा कर। मरइ = मरता है (म्रियते)। पिआसा = पिपासा = प्यास। बिसरा = बिसरइ (विस्मरति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। भोगु = भोग = सुखविलास। सेज = शय्या = पलँग। बासू = वास। भवँर = भ्रमर = भौँरा। सब = सर्व। तहाँ = तत्र। हुलासू = उल्लास। तब लगि = तब तक। धीर = धैर्य = ढाढस। सुना = सुनइ (शृणोति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। पीऊ = प्रिय। सुनतहि = सुनते-ही (शृण्वन् हि)। रहइ = रहता है (तिष्ठति)। जीऊ = जीव। हिअ = हृदय में। पेम =

प्रेम । जामा = जमइ (जायते) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन । बिसरामा = विश्राम । अगर = अगुरु = एक सुगन्ध काष्ठ । चँदन = चन्दन = एक प्रसिद्ध सुगन्ध काष्ठ । सुठि = सुष्ठु = अच्छी तरह = अत्यन्त । दहइ = दहता है (दहति) = भस्म करता है । सरीरू = शरीर = देह । भा = भया = हुआ (बभूव) । अगिनि = अग्नि = आग । कथा = काय = शरीर । कर = का । चीरू = चीर = वस्त्र । कहानी = कथानीक । सुनि = सुन कर (श्रुत्वा) । जरा = जरइ (ज्वलति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन । जानऊँ = जाने = जानें । घिउ = घृत = घी । बइसंदर = वासंदर = वैश्वानर = आग । परा = परइ (पतति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन ॥

बिरह = विरह = वियोग = जुदाई । आपु = आप = स्वयम् । सँभारइ = सँभारता है (सम्भारयति) । मइल = मैला = मलिन = मलयुक्त । चीर = वस्त्र । सिर = शिर । रूख = रूक्ष = रूखा । पिउ = प्रिय । करत = करते (कुर्वत्) । रात = रात्रि । पपिहा = पपीहा = चातक = एक प्रसिद्ध पक्षी जो स्वाती ही का जल पीता है । भइ = भई (बभूव) । मुख = मुँह । सूख = शुष्क हुआ = सूख गया = सुखइ का भूत-काल ॥

(अपने) गले में सोने के तार से पक्षी को बाँध कर, जहाँ रत्न-सेन के ध्यान में लगी पद्मावती थी (वहाँ पर हीरा-मणि) शुक (पक्षी को) ले गया । जैसे सूर्य की आशा से कमल, कण्ठ तक पानी पा कर भी (रवि-किरणरूप जल के) प्यास से मरता रहता है, (उसी तरह रत्न-सेन के विना पद्मावती मरती थी) । (पद्मावती को) भोग, सय्या, सुख का वासस्थान, (सब) भूल गया, जहाँ भ्रमर (रत्न-सेन) था, वहाँ ही पर सब भोग-विलास चला गया । जब तक प्रिय (के आगमन) को नहीं सुना था, तब तक धैर्य था, (आगमन) सुनते-ही (अब) घडी (घरी = घटी) भर भी जीव (स्थिर) नहीं रहता है । जब तक हृदय में प्रेम नहीं जमा था तभी तक सुख था, जहाँ प्रेम जमा कि सुख के साथ विश्राम गया । अगर और चन्दन शरीर को भस्म करते हैं, और देह पर का वस्त्र आग हो गया है । (रत्न-सेन की) कथा कहानी सुन (सुन) कर और भी जीव जल रहा है, जानों आग में घी पडा हो ॥

बिरह से (पद्मावती) अपने को नहीं सँभारती है, कपडा मैला हो गया है, शिर (के बाल) रूखे हो गए हैं; रात दिन पी, पी (प्रिय, प्रिय) करती पपीहा हो गई है, (और) मुँह सूख गया है ॥ २३१ ॥

चउपाई ।

ततखन हीरामनि गा आई । मरत पिआस छाँह जनु पाई ॥
भल तुम्ह सुआ कीन्ह हइ फेरा । गाढ न जानेउँ प्रीतम केरा ॥
बाटहि जानहुँ बिखम पहारा । हिरदइ मिला न होइ निनारा ॥
मरम पानि कर जान पिआसा । जो जल मँह ता कहँ का आसा ॥
का रानी यह पूँछहु बाता । जनि कोइ होइ पेम कर राता ॥
तुम्हरे दरसन लागि बिओगी । अहा सो महादेओ मढ जोगी ॥
तुम्ह बसंत लेइ तहाँ सिधाई । देओ पूजि पुनि ओ पहँ आई ॥

दोहा ।

दिसिटि बान तस मारेहु　घाइ रहा तेहि ठाउँ ।
दोसरि　बार　न　बोला　लेइ पदुमावति नाउँ ॥ २३२ ॥

ततखन = तत्क्षणे = उसी समय । हीरामनि = हीरामणि (शुक) । गा = गया (अगात्) । आई = आ कर (एत्य) । मरत = मरता (मरन्) । पिआस = पिपासा = प्यास । छाँह = छाया । जनु = जाने = जानेँ । पाई = पावइ (प्राप्नोति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन । भल = वर = भला । सुआ = शुक = सुग्गा । कीन्ह = किया (अकरोत्) । हइ = है (अस्ति) । फेरा = स्फुरण = पुनरागमन । गाढ = कठिन = कष्ट । जानेउँ = जानी (अजानम्) । प्रीतम = प्रियतम । केरा = का । बाटहि = बाट मेँ = राह मेँ । जानऊँ = जाने = जानेँ । बिखम = विषम = नीचा ऊँचा । पहारा = पहाड = प्रहार = पर्वत । हिरदइ = हृदये = हृदय मेँ । मिला = मिला हुआ = मिलित । होइ = होता है (भवति) । निनारा = निरालय = अलग = निर्गत । मरम = मर्म = भेद । पानि = पानीय = पानी । जान = जानइ (जानाति) जानता है । पिआसा = प्यासा हुआ = पिपासु । जो = यः । जल = पानी । मँह = मध्ये = मेँ । ता कहँ = तिस को । का = किम् = क्या । आसा = आशा = उम्मीद । रानी = राज्ञी = पद्मावती । यह = इदम् । पूँछहु = पूछती हो (पृच्छथ) । बाता = वार्त्ता = बात । जनि = मत = न । कोइ = कोऽपि = कोई । होइ = होय = होवे (भवेत्) । पेम = प्रेम । कर = का । राता = रक्त =

सक्त । दरसन = दर्शन । लागि = लिये = वास्ते = लग्न । बिश्रोगी = वियोगी = विरही । अहा = था = आसीत् । सो = वह = सो । महादेश्रो = महादेव । मढ = मठ = मन्दिर । जोगी = योगी । बसंत = वसन्त ऋतु । लेइ = ले कर (आलाय) । तहाँ = तत्र । सिधाई = सिधावइ (सेधति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन । देश्रो = देव = देवता । पूजि = पूज कर (आपूज्य) । पुनि = पुनः = फिर । श्रो पहँ = उस के यहाँ । आई = आवइ (आयाति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन ॥

दिसिटि = दृष्टि । बान = वाण । तस = तथा = तैसा । मारेहु = मारा = मारइ (मारयति) का मध्यम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन । घाइ = घाव = घात । रहा = था = आसीत् । तेहि = तिसी = उसी । ठाउँ = स्थान = ठावँ । दोसरि = दूसरी = द्वितीया । बार = वार = मर्तब । बोला = बोलइ (वदति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन । पदुमावति = पद्मावती । नाउँ = नाम = नावँ ॥

उसी समय हीरामणि (शुक) आ गया, जानों प्यास से मरता छाँह पा जाय (ऐसी दशा पद्मावती की हुई) । (कहने लगी कि) हे शुक अच्छा किया जो तुम्ह ने फेरा की, मैं (अपने) प्रियतम के कष्ट को नहीं जानी (कि क्या उस पर बीत रही है) । (मेरे लिये उस के मिलने की) राह में जानों विषम पहाड पडा हुआ है, (तो भी) हृदय में मिला (वह किसी तरह से) अलग नहीं होता । प्यासा पानी का मर्म जानता है, जो पानी में है उस के लिये क्या (पानी की) आशा । (शुक ने उत्तर दिया कि) रानी इस बात को क्या पूछती हो; (भगवान करे कि) प्रेम का अनुरागी कोई न हो । वह (रत्न-सेन) विरही योगी तुम्हारे दर्शन के लिये महादेव के मन्दिर में (ठहरा) था । तुम वसन्त ऋतु (सखिओं) को ले कर वहाँ पधारी और देवता पूज कर फिर उस के पास आई ॥

तुम ने ऐसा दृष्टि-वाण मारा कि (उस) घाव से (वह बेचारा) उसी जगह रह गया, (एक वार) पद्मावती (ऐसा तुमारा) नाम ले कर (मूर्छित हो गया फिर) दूसरी वार न बोला ॥ २३२ ॥

चउपाई ।

exp.

रोश्रँहिँ रोश्रँ बान बेइ फूटे । सोतहिँ सोत रुहिर मुख छूटे ॥
नइनन्ह चली रकत कइ धारा । कंथा भीँजि भएउ रतनारा ॥

सूरुज बूडि उठा परभाता । अउ मँजीठ टेँसू बन राता ॥
भएउ बसंत रात बनफती । अउ राते सब जोगी जती ॥
पुहुमि जो भीँज भई सब गेरू । अउ तहँ अहा सो रात पखेरू ॥
राती सती अगिनि सब काया । गगन मेघ राते तेहि छाया ॥
ईँगुर भा पहार तस भीँजा । पइ तुम्हार नहिँ रोअँ पसीजा ॥

दोहा ।

तहाँ चकोर कोकिला तिन्ह हिअ मया पईठि ।
नइन रकत भरि आए तुम्ह फिरि कीन्ह न दीठि ॥ २३३ ॥

रोअँहिँ रोअँ = रोम रोम । बान = बाण । वेइ = वे । फूटे = फूटइ (स्फुटति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का बहु-वचन । सोतहिँ सोत = सोते सोते = स्रोत स्रोत । रुहिर = रुधिर । मुख = मुँह । कूटे = कूटइ (कुटति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का बहु-वचन । नइनन्ह = नयनन्ह = आँखोँ से । चली = चलइ (चलति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन । रकत = रक्त = रुधिर = खून = लोहू । कइ = की । धारा = प्रवाह । कंथा = कन्था = गुदरी । भीँजि = भीँग कर (अभ्यज्यते) । भएउ = हुआ (बभूव) । रतनारा = रक्तवर्ण = लाल । सूरुज = सूर्य । बूडि = बूड कर = डूब कर (संब्रुड्य) । उठा = उठइ (उत्तिष्ठते) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन । परभाता = प्रभात = प्रातःकाल । मँजीठ = मञ्जिष्ठा । टेँसू = किंशुक = पलास । बन = वन । राता = रक्त । बसंत = वसन्त ऋतु । रात = रक्त । बनफती = वनस्पति । राते = रक्त हो गए । सब = सर्व । जोगी = योगी । जती = यतिः । पुहुमि = पृथ्वी = भूमि । भीँज = भीँजी = भीँगी । भई = हुई (बभूव) । गेरू = गैरिक । तहँ = तत्र = तहाँ । अहा = था = आसीत् । सो = सः = वह । पखेरु = पची । राती = रक्तवर्ण की । सती = साध्वी स्त्री = पतिव्रता, जो मृतपति के साथ चिता पर भस्म हो जाती है । अगिनि = अग्नि = आग । काया = काय = देह । गगन = आकाश । मेघ = बादल । ईँगुर = हिङ्गुल । भा = भया = हुआ (बभूव) । पहार = प्रहार = पहाड = पर्वत । तस = तथा = तैसा । पइ = अपि = पर । पसीजा = पसीजइ (प्रस्विद्यति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल पुंलिङ्ग का एक-वचन ॥

तहाँ = तत्र। चकोर = एक प्रसिद्ध पक्षी, जो अङ्गार खाता है। कोकिला = एक प्रसिद्ध पक्षी। तिन्ह = तिन्ह के = उन के। हिय = हृदय। मया = माया = दया। पईठि = पैठी = प्रविष्ट हुई। नइन = नयन। भरि = भर = पूर्ण। आए = आवइ (आयाति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का बहु-वचन। फिरि = फिर कर। कीन्ह = किया (अकरोत्)। दीठि = दृष्टि = नजर ॥

उन बाणों से रोएँ रोएँ फूट गए, (उन के) मुखों से रुधिर के सोते के सोते छूटे। आँखों से रक्त की धारा (बह) चली, कन्था भीँग कर लाल हो गया। प्रातःकाल का सूर्य (उसी रक्त-धारा से) बूड उठा और वन के मँजीठ और टेँसू लाल हो गए। (उसी रक्त-धारा से) वसन्त ऋतु मेँ वनस्पतिआँ लाल हो गईं, और योगी यती सब लाल हो गए, अर्थात् उन के गेरुआ वस्त्र उसी रक्तधारा से लाल हो गए हैं। (उस धारा से) पृथ्वी जो भीँगी उसी से भूमि मेँ गेरू हुए (कवि के मत से गेरू स्त्रीलिङ्ग है इसी से भई का प्रयोग किया है) और उस जगह जितने पक्षी थे सब लाल हो गए। (उसी रक्त-धारा से) अग्नि मेँ सती की सब शरीर लाल हो गई, (उसी धारा की) छाया पडने से आकाश मेँ मेघ लाल रङ्ग के हुए। (उसी रक्त-धारा से) पहाड ऐसा भीँग गया कि उस मेँ ईँगुर (की खानि) हो गई, (यह सब कबि की उत्प्रेक्षा है), ये सब तो हुए पर तुम्हारा एक रोआँ भी न पसीजा ॥

उस स्थान मेँ चकोर और कोकिला जो थे उन के हृदय मेँ दया आई, (दया से) उन की आँखोँ मेँ रुधिर भर आए पर तुम फिर कर (उस की ओर) दृष्टि न की। चकोर और कोकिला की आँखेँ लाल लाल होती हैँ वहाँ कवि की उत्प्रेक्षा है कि दया-ही के कारण रक्ताश्रु भर जाने से उन की आँखेँ लाल हो गई हैँ ॥ २३३ ॥

चउपाई ।

अइस बसंत तुम्हइँ पइ खेलहु। रकत पराए सेँदुर मेलहु ॥
तुम्ह तउ खेलि मँदिर कहँ आईँ। ओहि क मरम पइ जानु गोसाईँ ॥
कहेसि मरइ को बारहिँ बारा। एकहि बार होउँ जरि छारा ॥
सर रचि चहा आगि जो लाई। महादेओ गउरइ सुधि पाई ॥
आइ बुझाइ दीन्ह पँथ तहवाँ। मरन खेल कर आगम जहवाँ ॥

उलटा पंथ पेम कइ बारा। चढइ सरग सो परइ पतारा॥
अब धँसि लीन्ह चहइ तेहि आसा। पावइ आस कि मरइ निरासा॥

दोहा।

पाती लिखि जो पठाई लिखा सबइ दुख रोइ।
दहुँ जिउ रहइ कि निसरइ काह रजाएसु होइ॥ २३४॥

अइस = एतादृश = ऐसा। बसंत = वसन्त-ऋतु। तुम्हइँ = तुम्हीँ। पइ = अपि। खेलहु = खेलती हो (खेलथ)। रकत = रक्त = रुधिर। पराए = परस्य = दूसरे के। सेँदुर = सिन्दूर = सेँधुर। मेलहु = मेलती हो = लगाती हो (मेलयथ)। तउ = तो। खेलि = खेल कर (खेलित्वा)। मँदिर = मन्दिर = गृह। कहँ = को। आईँ = आवइ (आयाति) का मध्यम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का बहु-वचन। ओहि क = उस का, मरम = मर्म = भेद। जानु = जान = जानता है (जानाति)। गोसाईँ = गोस्वामी = भगवान्। कहेसि = कहा (अकथयत्)। मरइ = मरे (मरेत्)। को = कः = कौन। बारहिँ बारा = बरम्बार। होउँ = होऊँ (भवानि)। जरि = जल कर (प्रज्वल्य)। छारा = छार = भस्म = राख। सर = शर = शरशय्या = चिता। रचि = रच कर (आ-रचय्य)। चहा = चाहा = चाहइ (इच्छति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। आगि = अग्नि = आग। लाई = लगावैँ (लगयेः)। महादेओ = महादेव। गउरइ = गौरी ने। सुधि = शोध = खबर। पाई = पावइ (प्राप्नोति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन। आइ = आ कर (एत्य)। बुझाइ = बुझा कर (निर्वाप्य)। दीन्ह = दिया (अदात्)। पँथ = पथ = पन्थाः = राह। तहवाँ = तहाँ = तत्र। मरन = मरणार्थ। खेल = लीला। आगम = आगमन। जहवाँ = जहाँ = यत्र। उलटा = उद्वर्त्तन = विपरीत। पेम = प्रेम। कइ = के। बारा = द्वार। चढइ = चढे (उच्चलेत् वा आरोहेत्)। सरग = स्वर्ग। सो = सः = वह। परइ = पडे (पतेत्)। पतारा = पाताल। अब = इदानीम् = अधुना। धँसि = धँस कर (आध्वंस्य)। लीन्ह = लेना। चहइ = चाहता है (इच्छति)। आसा = आशा = उम्मीद। पावइ = पावे (प्राप्नुयात्)। कि = वा = अथवा। मरइ = मरे (मरेत्)। निरासा = निराश = नैराश्य = नाउम्मीद॥

पाती = पत्री। लिखि = लिख कर (लिखित्वा)। पठाई = पठवइ (प्रेषयति वा प्रस्थापयति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन। लिखा = लिखइ

(लिखति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। सबद्द = सभी। दुख = दुःख। रोइ = रो कर (रुदित्वा)। दऊँ = देखेँ = क्या जानेँ। जिउ = जीव। रहइ = रहता है (तिष्ठति)। निसरइ = निकलता है (निःसरति)। काह = किम् = क्या। रजाएसु = राजाज्ञा। होइ = होती है (भवति)॥

(शुक पद्मावती से कह रहा है कि) ऐसा वसन्त निश्चय है कि तुम्ही खेलती हो, दूसरे के रुधिर का सेँदुर लगाती हो। तुम तो खेल कर घर चली गई पर उस (रत्न-सेन) का हाल भगवान-ही जानता है। (उस रत्न-सेन ने) कहा कि वारंवार (पद्मावती के ध्यान से) कौन मरता रहे, एक-ही वार जल कर राख हो जाऊँ (तो अच्छा)। (ऐसा विचार कर) चिता रच कर, ज्योँ-ही आग लगा कर जलना चाहा, त्योँ ही महादेव और पार्वती (गौरी) ने खबर पाई (कि रत्न-सेन जल रहा है)। आ कर, आग को बुझा कर, उस पथ को दिया, अर्थात् बताया, जिस मेँ कि मरने के खेल का आगम है। (कवि कहता है कि) प्रेम-द्वार की राह उलटी है, स्वर्ग को चढे तो पाताल मेँ गिरे। (राजा रत्न-सेन) अब उस (पद्मावती) की आशा से, (गढ मेँ) धँस कर। (उस राह को) लेना चाहता है; (उस राह मेँ) आशा को पावे या नैराश्य हो कर मरे॥

(रत्न-सेन ने) जो पत्ती भेजी थी (उस मेँ) सभी दुःख रो रो कर लिखा था, (उस मेँ यह भी लिखा था कि) देखेँ जीव रहता है कि जाता है (देखेँ) राजा (गन्धर्व-सेन) की क्या आज्ञा होती है॥ २३४॥

चउपाई।

कहि कइ सुअइ छोडि दइ पाती। जानहुँ दीप छुअत तस ताती॥
गिअहिँ जो बाँधे कंचन तागे। राते स्यावँ कंठ जरि लागे॥
अगिनि साँस सँग निसरी ताती। तरुअर जरहिँ तहाँ को पाती॥
रोइ रोइ सुअइ कही सब बाता। रकत क आँसुहिँ भा मुख राता॥
देखु कंठ जरि लागु सो गेरा। सो कस जरइ बिरह अस घेरा॥
जरि जरि हाड भए सब चूना। तहाँ माँस को रकत बिहूना॥
वेइ तोहि लागि कया असि जारी। तपत मीन जल रहइ न पारी॥

दोहा ।

तेहि कारन वह जोगी भसम कीन्ह तन दाहि ।
तूँ अस निठुर निछोही बात न पूँछी ताहि ॥ २३५ ॥

कहि कइ = कह कर (कथयित्वा)। सुअइ = शुक ने। छोडि दइ = छोड दी। दइ = दी = दई (अदात्)। जानहुँ = जाने = जानों। दीप = दीपक = दीया = चिराग। छुअत = छूते (स्पृशन्)। तस = तथा = तैसी। तातो = तप्त = गर्म। गिअहिँ = ग्रीवा में = ग्रीवायाम्। बाँधे = बँधे थे = बद्ध थे। कंचन = काञ्चन = सुवर्ण। तागे = सूत। राते = रक्त = लाल। स्यावँ = श्याम = काला। जरि = जल कर (प्रज्वल्य)। लागे = लगे = लग्न हो गए। अगिनि = अग्नि = आग। साँस = श्वास। सँग = संग = साथ। निसरी = निसरइ (निःसरति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन। तरुअर = तरुवर = बडे वृक्ष। जरहिँ = जरइ (ज्वलति) का बहु-वचन = जलते हैं। तहाँ = तत्र। को = क्या = किम्। रोइ = रो कर (रुदित्वा)। कही = कहइ (कथयति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन। बाता = वार्त्ता = बात। रकत = रक्त = रुधिर। क = की। आँसुहिँ = आँसुओं से = अश्रुभिः। भा = भया (बभूव) = हुआ। मुख = मुँह। राता = रक्त = लाल। देखु = देख (पश्य)। कंठ = कण्ठ = गला। लागु = लगा = लग्न हुआ। सो = वह। गेरा = गिरा दिया। कस = कथम् = कैसा। जरइ = जलता है (ज्वलति)। बिरह = विरह = वियोग। अस = एतादृश = ऐसा। घेरा = घेर लिया। हाड = अस्थि = हड्डिआँ। भए = हुए (बभूवुः)। चूना = चूर्ण। तहाँ = तत्र। माँस = मांस। को = किम् = क्या। बिहूना = विहीन। वेइ = उन्हों ने। तोहि लागि = तेरे लिये। कया = काय = शरीर = देह। असि = एतादृशी = ऐसी। जारी = जारइ (ज्वालयति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन। तपत = तप्त। मीन = मछली। जल = पानी। रहइ = रहने को। पारी = पारइ (पारयति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन ॥

कारन = कारण। जोगी = योगी। भसम = भस्म = राख। कीन्ह = किया (अकरोत्)। तन = तनु = देह। दाहि = दाह कर (दग्ध्वा)। तूँ = त्वम्। निठुर = निष्ठुर = क्रूर। निछोही = निःक्षोभी = निर्मोही। बात = वार्त्ता। पूँछी = पूँछइ (पृच्छति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन ॥

शुक ने (इतनी बात) कह कर (पद्मावती के आगे, गले से) खोल कर पत्री को रख दी, (पत्री) छूने से ऐसी तप्त जान पडती है जैसे कि दीप। (दो फेरे) सोने के ताग जो गले में बाँधे गए थे (वे पत्री की आग से) जल कर कण्ठ में लाल काले (कण्ठे) हो गए, कवि की उत्प्रेक्षा है कि शुक के गले में लाल काले जो कण्ठे हैं वे पत्री की आग से ताग के जल जाने से हैं। (शुक की) गर्म श्वास के साथ आग भभक उठी जिस से बडे बडे वृक्ष जलने लगे, तहाँ (वृक्ष की) पक्षिओं की क्या गिनती है। शुक (हीरा-मणि) ने रो रो कर सब बात कही, रक्त की आँसुओं से मुख लाल हो गया। (शुक कहता है कि, पद्मावती) देख, कण्ठ जलने लगा तब (इस पत्री को) गिरा दिया, सो (जिस के हाथ की पत्री है वह) ऐसी विरहाग्नि के घेरे से कैसा जरता है (यह तूँ ही समझ)। (उस रत्न-सेन के) सब हाड जल जल कर चूने हो गए, वहाँ रक्त के विना मांस की क्या बात है। उन्हों ने तेरे लिये इस तरह से देह को भस्म कर दिया; (सो तूँ ही कह कि) जलती मछली पानी में रह सकती है ? ॥

तेरे लिये उस योगी ने देह को जला कर, राख कर दी, (पर) तूँ ऐसी निर्मोही है कि उस से बात तक न पूछी ॥ २३५ ॥

चउपाई ।

कहेसि सुआ सो सउँ सुनु बाता । चहउँ तो आजु मिलउँ जस राता ॥
पइ सो मरमु न जानइ भोरा । जानइ प्रीति जो मरि कइ जोरा ॥
हउँ जानति हउँ अब-हूँ काँचा । ना जेहि प्रीति रंग थिरु राँचा ॥
ना जेहि होइ भवँर कर रंगू । ना जेहि दीपक होइ पतंगू ॥
ना जेहि करा भिंगि कइ होई । ना जेहि अबहि जिअइ मरि सोई ॥
ना जेहि पेम अउटि एक भएउ । ना जेहि हिअइ माँह डर गएऊ ॥
ना जेहि भएउ मलइ गिरि बासा । ना जेहि रबि होइ चढेउ अकासा ॥

दोहा ।

तेहि का कहिअ रहन खन जो हइ पीतम लागि ।
जहाँ सुनइ तहँ लेइ धँसि कहा पानि का आगि ॥ २३६ ॥

कहेसि = कहा (अकथयत्)। सुआ = शुक। मो सउँ = मुझ से। सुनु = सुन (शृणु)। बाता = वार्त्ता = बात। चहउँ = चाहूँ (इच्छामि)। तौ = तर्हि। आजु = आज = अद्य। मिलउँ = मिलूँ (मिलामि)। जस = यथा = जैसे। राता = रक्त = अनुरक्त। पइ = अपि = पर। सो = सः = वह। मरमु = मरम = मर्म = भेद। जानइ = जानता है (जानाति)। भोरा = भुलना = बौरहा = गवाँर = वातुल। प्रीति = प्रेम। जो = यः = जो। मरि कइ = मर कर (मृत्वा)। जोरा = जोरइ (जोटयति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन। हउँ = अहम् = मैं। जानति = जानती (ज्ञाता)। हउँ = हूँ (अस्मि)। अब-हूँ = इदानीमपि = अधुनापि = अब भी। काँचा = कच्चा (कच्यः कच बन्धने से)। ना = न = नहीं। रंग = रङ्ग = वर्ण। थिरु = स्थिर = ठहराऊ। राँचा = रचा गया, वा रचा = रचइ (रचयति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। होइ = होता है (भवति) भवँर = भ्रमर = भौँरा। रंगू = रङ्ग = वर्ण। दीपक = दीप = दीया। पतंगू = पतङ्ग = फतिंगा। करा = कला। भिंगि = भृङ्गी = बिलनी = एक कीट विशेष। होई = होइ (भवति)। अबहि = अभी। जिअइ = जीवता है (जीवति)। मरि = मर कर (मृत्वा)। सोई = स एव = वही। पेम = प्रेम। अउटि = आवर्त्त्य = औट कर। एका = एक। भएऊ = भया (बभूव) = ऊआ। हिअइ = हृदय। माँह = मध्ये = मेँ। डर = दर = भय। गएऊ = गया (अगात्)। मलइ = मलय। गिरि = पर्वत। बासा = वास। रबि = रवि = सूर्य। होइ = हो कर (भूत्वा)। चढेउ = चढा (उच्चलित ऊआ)। अकासा = आकाश = स्वर्ग ॥

का = किम् = क्या। कहिअ = कहिए (कथ्यते)। रहन = रहना। खन = क्षण। हइ = है (अस्ति)। पीतम = प्रियतम। लागि = लिये। जहाँ = यत्र। सुनइ = सुने (शृणुयात्)। तहँ = तहाँ। लेइ = लेता है (लाति)। धँसि = धँस कर (प्रध्वंस्य)। कहा = किम् = क्या। पानि = पानीय = पानी। का = किम् = क्या। आगि = अग्नि = आग ॥

(पद्मावती ने) कहा कि, हे शुक मुझ से बात सुन, जैसा (वह मेरे मेँ) अनुरक्त है (इस बात के सुनने से) चाहूँ तो आज ही मिलूँ। पर वह गवाँर (प्रीति का) मर्म नहीं जानता, जो मर कर प्रीति को जोडता है वही (प्रीति को) जानता है। मैं जानती हूँ, अभीँ वह कच्चा है, जिस मेँ स्थिर प्रीति-वर्ण नहीँ रचा गया। जिस मेँ (अभीँ) भौँर का रङ्ग नहीँ आया, जो कि (अभीँ) दीए का फतिंगा न ऊआ। जिस मेँ अभीँ भृङ्गी की कला न ऊई, जो कि वह अभीँ मर कर नहीँ जीआ है।

(शृङ्गी के लिये ७८ वँ दोहे की टीका देखो)। जिस की (देह मेँ) श्रोट कर प्रेम एक नहीँ हुआ है, अर्थात् मिल नहीँ गया है, जिस के हृदय मेँ से डर नहीँ गया है। जिस को मलयाचल का वास नहीँ हुआ, अर्थात् मलय-चन्दन की प्राप्ति नहीँ हुई, जो सूर्य हो कर, आकाश पर नहीँ चढा ॥

जो प्रियतम के लिये (उपस्थित) है, उस को क्या रहने का चण कहा जाता है, अर्थात् वह क्या एक चण भी ठहरता है; उस को क्या पानी क्या आग, जहाँ (प्रियतम का नाम) सुने वहीँ धँस कर (प्रियतम-प्राप्ति का सुख) ले ॥ २३६ ॥

चउपाई ।

पुनि धनि कनक पानि मसि माँगी। उतर लिखत भीँजी तनु आँगी ॥
तेहि कंचन कहँ चहिअ सोहागा। जउँ निरमल नग होइ सो लागा ॥
हउँ जो गइउँ मढ मंडप भोरी। तहवाँ तुइँ न गाँठि गहि जोरी ॥
गा बिसँभारि देखि कइ नइना। सखिन्ह लाज का बोलउँ बइना ॥
खेलहि मिसु मइँ चंदन घाला। मकु जागसि तो देउँ जइ-माला ॥
तबहुँ न जागा गा तूँ सोई। जागइँ भेँटि न सोअइँ होई ॥
अब तउ ससि होइ चढेउँ अकासा। जो जिउ देइ सो आवइ पासा ॥

दोहा ।

तब लगि भुगुति न लेइ सका रावोन सिअ एक साथ ।
कउन भरोसइँ अब कहउँ जीउ पराए हाथ ॥ २३७ ॥

पुनि = पुनः = फिर। धनि = धन्या (पद्मावती)। कनक = सुवर्ण। पानि = पानी = पानीय। मसि = मषी = स्याही। माँगी = माँगइ (याचते) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन। उतर = उत्तर = जवाब। लिखत = लिखते (लिखन्)। भीँजी = भीँजइ (अभ्यज्यते) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन। तनु = शरीर = देह। आँगी = अँगिआ (अङ्गिनी) = चोलिआ = चोली। तेहि = तिस। कंचन = काञ्चन = सुवर्ण। कहँ = को। चहिअ = चाहिए। सोहागा = सोहागा = (शुभाङ्ग)। जउँ = यदि = जो। निरमल = निर्मल = स्वच्छ = साफ। नग = रत्न का खण्ड, जो अँगूठी इत्यादि मेँ

जड़ा जाता है। होइ = होय = होवे (भवेत्)। सो = वह = सः। लागा = लाग = लगता है (लगति)। हउँ = अहम् = मैं। गइउँ = गई (अगाम्)। मढ = मठ = देव-मन्दिर। मंडप = मण्डप = मन्दिरद्वार के बाहर की शाला। भोरी = बौरही। तहवाँ = तहाँ = तत्र। तुइँ = त्वम् = तूँ। गाँठि = ग्रन्थि = गाँठ। गहि = गृहीत्वा = गह कर = पकड़ कर। जोरी = जोरइ (जोटयति) का, प्रथम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन। गा = गया (अगात्)। बिसँभारि = बेसँभार (विसम्भार)। देखि कइ = देख कर (दृष्ट्वा)। नइना = नयन = आँख। सखिन्ह = सखी का बहु-वचन। लाज = लज्जा। का = किम् = क्या। बोलउँ = बोलूँ (वदानि)। बइना = वचन। खेलहि = खेल के = खेलायाः। मिसु = मिष = व्याज = बहाना। मइँ = मैं। चंदन = चन्दन = सुगन्ध द्रव्य। घाला = घालइ (गारयति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। मकु = मैं ने कहा = कि। जागसि = जागे = जागइ (जागर्त्ति) का मध्यम-पुरुष, सम्भावना में पुंलिङ्ग का एक-वचन। तो = तर्हि। देउँ = देऊँ (ददानि)। जइ-माला = जय-माला। तबहूँ = तदापि = तौ भी। जागा = जागइ (जागर्त्ति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। गा = गया (अगात्)। तूँ = त्वम्। सोई = सोय = शयित = शयन। जागइँ = जागने से (जागरणेन)। भेँटि = भेँट = समवेत = समागम। सोअइँ = सोने से (शयनेन)। होई = होइ = होता वा होती है (भवति)। अब तउ = अब तो = इदानीं तु। ससि = शशी = चन्द्र। होइ = हो कर (भूत्वा)। चढेउँ = चढी (उज्ज्वलितास्मि)। अकासा = आकाश। जो = यः। जिउ = जीव। देइ = दे = देवे (दद्यात्)। सो = सः = वह। आवइ = आवे (आयात्)। पासा = पार्श्व = पास॥

तब लगि = तब तक। भुगुति = भुक्ति = भोजन। सका = सकइ (शक्नोति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। रावन = रावण = प्रसिद्ध लङ्का का राजा। सिअ = सीता = प्रसिद्ध पतिव्रता, राम-पत्नी, जनक की कन्या। एक = एक। साथ = सार्थ। कवन = क्व नु = किम। भरोसइँ = भरोसे से (भराशया)। कहउँ = कहूँ (कथयेयम्)। जीउ = जीव। पराए = परस्य = दूसरे के। हाथ = हस्त॥

फिर धन्या (पद्मावती) ने सोने की पानी की स्याही, अर्थात् सोने की स्याही माँगी, उत्तर लिखती बेरा (प्रियतम के अनुराग से, रोमाञ्च और पसीना आ जाने से) देह की चोलिआ भीँग गई। (लिखने लगी कि) उस सोने में सोहागा मिलना चाहिए यदि (वह सोना चाहे कि मैं) निर्मल होऊं (तब) उस में नग लगा हो,

अर्थात् तब उस मेँ नग लगाया जाता है। मैँ बौरही जब मठ-मण्डप मेँ गई, उसी जगह तैँ ने क्योँ न (मुझ से) गाँठ जोडी। (मेरी) आँखोँ को देख कर तूँ बेसँभार, अर्थात् बेहोश, हो गया, (मैँ उस समय) सखिओँ की लाज से क्या बात बोलूँ। मैँ ने खेल के बहाने से (तेरे ऊपर) चन्दन को डाल दिया, कि तूँ जागे तो मैँ जय-माला (तुझे) देऊँ। तब भी तूँ न जागा, सो गया, (सो) जागने से भेँट होती है सोने से नहीँ। अब तो मैँ चन्द्र हो कर आकाश (धरहरे) पर चढी हूँ; जो जीव दे, अर्थात् मर कर स्वर्ग पर चढे, वह मेरे पास आवे, (जीव रहते स्वर्ग पर आना असम्भव है)॥

सीता के एक साथ मेँ (रह कर भी) तब तक रावण ने भुक्ति (स्वर्ग-सुख) को न ले सका (जब तक कि जीव को न दिया)। सो अब किस भरोसे से कहूँ (कि मैँ कैसे मिलूँगी), जीव तो दूसरे के, अर्थात् पिता के हाथ मेँ है ॥ २३७ ॥

चउपाई ।

अब जउँ सूर गगन चढि आवइ। राहु होइ तउ ससि कहँ पावइ॥
बहुतइँ अइस जीउ पर खेला। तूँ जोगी केहि माँह अकेला॥
बिकरम धँसा पेम कइ बारा। चंपावति कहँ गएउ पतारा॥
सुदइ बच्छ मगधावति लागी। कँकन पूरि होइ गा बइरागी॥
राज कुअँर कंचन-पुर गएऊ। मिरगावति कहँ जोगी भएऊ॥
साध कुअँर गंधावति जोगू। मधु मालति कहँ कीन्ह बिओगू॥
पेमावति कहँ सर सुर साधा। उखा लागि अनिरुध बर बाँधा॥

दोहा ।

हउँ रानी पदुमावती सात सरग पर बास।
हाथ चढउँ हउँ ताहि के प्रथम करइ अपुनास॥ २३८॥

अब = इदानीम्। जउँ = यदि = जो। सूर = सूर्य, वा शूर = बहादुर रत्न-सेन। गगन = आकाश। चढि = चढ कर = आरुह्य = प्रचाल्य। आवइ = आवे (आयात्)। राहु = प्रसिद्ध दैत्य। होइ = होवे = भवेत् = हो। तउ = तर्हि = तो। ससि = शशि = चन्द्र। कहँ = को। पावइ = पावे = प्राप्नुयात्। बहुतइँ = बहुत लोग = बहवो हि। अइस = ऐसे = एतादृश। जीउ = जीव। पर = उपरि। खेला = अखेलत्। तूँ = त्वम्।

जोगी = योगी। केहि = कस्य = किस। माँह = मध्ये = में। अकेला = एकलः = एकाकी। बिकरम = विक्रम = उज्जयिनी का प्रसिद्ध राजा। धँसा = पैठा [ध्वंसु अवस्रंसने (भ्वादि) से]। पेम = प्रेम। कइ = के। बारा = वार = द्वार। चंपावति = चम्पावती = एक पाताल की राज-कन्या। कहँ = के। गयउ = गया (अगात्)। पतारा = पाताल। सुदइ बच्छ = सुदेव वत्स = वत्सदेव। मगधावति = मगधावती = मागधी = मगधराज की कन्या। लागी = लिये। कँकन = कङ्कण = कडा। पूरि = आपूर्य = पहन कर। होइगा = हो गया। बइरागी = वैरागी = विरागी। राज-कुअँर = राज-कुमार = राज-पुत्त्र। कंचन-पुर = कञ्चन-पुर। मिरगावति = मृगावती = एक राज-कन्या। भयउ = भया (बभूव)। साध = साधा (असाधयत्)। कुअँर = कुमार = राज-पुत्त्र। गंधावति = गन्धावती = एक राज-कन्या। जोगू = योग। मधु = मधुकर = एक राजा। मालति = मालती = एक राज-कन्या। कीन्ह = किया (अकरोत्)। बिओगू = वियोग। पेमावति = प्रेमावती = मोहनी। सर = शर = फूस की चिता। सुर = देव = महादेव। साधा = असाधयत्। उखा = ऊषा = वाणासुर की कन्या। अनिरुध = अनिरुद्ध = कृष्ण का पौत्त्र = प्रद्युम्न का पुत्त्र। बर = वर = विवाहयोग्य पुरुष। बाँधा = बाँधा गया॥

हउँ = मैं। पदुमावती = पद्मावती। सात = सप्त। सरग = स्वर्ग। पर = उपरि। वास = बास = रहने का स्थान। हाथ = हस्त। चढउँ = चढती हूँ। ताहि के = तिस के। प्रथम = पहले। अपुनास = अपना नाश॥

अब तो सूर्य (रत्न-सेन) यदि आकाश पर चढ कर आवे और राहु होवे तो शशि (पद्मावती) को पावे अर्थात् शशि के साथ का सुखानुभव करे। (मेरे लिये) ऐसे-ही बहुत से लोग जीव पर खेल गए, अर्थात् उद्योग कर मर गए, तूँ अकेला योगी किस गिनती में है। प्रेम के द्वार में विक्रम धँसा, (और) चम्पावती के लिये पाताल में चला गया। वत्सदेव मगधावती के लिये (हाथों में) कङ्कण पहन कर वैरागी हो गया। राज-कुअँर मृगावती के लिये कञ्चन-पुर गया और योगी हो गया। कुअँर ने गन्धावती के लिये योग साधा। मधुकर ने मालती को वियोग, अर्थात् व्याकुल, किया, अर्थात् विरहिणी किया। सुर ने प्रेमावती के लिये चिता लगाई, अनिरुद्ध ऊषा के लिये बाँधा गया॥

मैं पद्मावती रानी हूँ सात स्वर्ग (धरहरे) के ऊपर मेरा वास है, जो पहले अपने को खोवे (नाश करे) उस के हाथ मैं आती हूँ (चढती हूं)॥

विक्रम—चम्पावती—लल्लू जी की सिंहासनबत्तीसी में पाँचवीं पुतली लीलावती की कथा में चम्पावती के स्थान में सिंहावती नाम लिखा है, जिस के लिये विक्रम बक्कत कष्ट भोगा है। यदि सिंहावती यह नाम शुद्ध है तो मूल में 'चंपावति' के स्थान में 'सिंहावति' होना चाहिए ॥

वत्सराज—मगधावती—अवन्ती का राजा वत्सराज मगध देश के लावानक-पुर के वन में अपनी पत्नी वासवदत्ता के साथ विहार करने आया था। एक दिन शिकार खेलने के लिये राजा दूर चला गया। अवसर पा कर यौगन्धरायण ने वासवदत्ता को छिपा दिया। राजा के आने पर कहा कि लावानक में वासवदत्ता आग लगने से जल गई आप मगधराज प्रद्योत की पुत्री पद्मावती से विवाह कर मागधी पद्मावती को रानी बनाइए। अन्त में वत्सराज ने मागधी से विवाह किया फिर पीछे से वासवदत्ता भी मिली। यह कथा बृहत्कथामञ्जरी के तृतीयलम्बकान्तर्गत सातवीं आख्यायिका में मिलती है और बृहत्कथा सरित्सागर के तृतीयलम्बक के दूसरे तरङ्ग में भी है। संभव है कि इसी की छाया ले कर किसी ने मगधावती नाम की कथा लिखी हो ॥

राज-कुअँर—मिरिगावती—सेख बुर्हान का चेला कुतबन ने सन् ९०९ में मिरिगावती नाम की पुस्तक बनाई है। उस में राज-कुअँर और मिरिगावती की सविस्तर कथा लिखी है। यह मलिक महम्मद की पद्मावती से ३८ वर्ष पहले की है। बाबू हरिश्चन्द्र के पुस्तकालय में एक खण्डित पुस्तक मुझे मिली है। इस में मुझे राज-कुमार का नाम नहीं मिला है संभव है कि "राज-कुअँर" यही नाम हो क्योंकि पुस्तक में एक स्थान में लिखा है कि "तुला रास गनि नाउँ जो राखा। राज-कुअँर सब पंडित भाखा ॥" चित्रा के तीसरे चरण में जन्म होने से राज-कुअँर की तुला राशि होती है। एक दिन यह शिकार खेलते खेलते मान-सरोवर के तीर पर पहुँचा। इसे देखते-ही एक हरिणी उतर कर सरोवर के भीतर लोप हो गई। राज-कुअँर इसे ढूँढने के लिये पानी के भीतर गया है। कुतबन ने लिखा है—

कुअँर सँकेत कुरंगिन डरी। मानसरोदक भीतर परी ॥
तेहि महँ सो मिरगी छिपि जाए। फिरि नहिँ निकसी गई हेराए ॥

दोहरा।

तुरी बाँधि तरवर सो कापर धरा उतार।
बेग पैठ सरवर महँ ढूँढ़इ लाग निहार ॥

मिरगावती किसी राजा की लडकी थी राज-कुअँर ने किसी स्थान में इसे देख कर इस की धाई से अपना विरह कहा है। यह धाई के कहने पर उड कर आकाश को चली गई है। चलती बेरा अपनी धाई से कही है—

धाइ न अउगुन आहइ तोरा । कहियो जोहार कुअँर सो मोरा ॥
अउ अस कहहु कुअँर सो बाता । मोर जीउ आहे तोहि राता ॥
सँत-हि पाए सुख-हि अमोला । ता कर मरम न जानइ भोला ॥
जेहि कारन हउँ जाउँ उडाई । कहहु कुअँर सो आवइ धाई ॥
कंचन-नगर हमारो ठाऊँ । रूप-मुरार पिता कर नाऊँ ॥

निदान राज-कुअँर ने बडे कष्ट से कञ्चन-पुर में जा कर इस से विवाह किया है। राज-कुअँर की पहली रानी रुक्मिणी थी ॥

पद्मावती और मिरगावती दोनों की एक चाल है। एक पुस्तक की छाया दूसरी पुस्तक है। मुझे मिरगावती की भाषा पद्मावती की भाषा से नई जान पडती है। संभव है कि इस खण्डित पुस्तक में जो सन् ९०९ दिया है वह हिजरी सन् न हो। कुतबन जहाँ रहता रहा हो वहाँ के नवाब के राज्यकाल से सन् लिखा हो जो कि पद्मावती के सन् से बहुत पीछे हो। कुतबन ने एक जगह पर लिखा है कि—

साह हुसेन आहि बड राजा । छच सिँहासन उन को छाजा ॥

मुझे इतिहास में कोई हुसेन शाह नाम का प्रसिद्ध बादशाह नहीं मिलता। हुसेन शाह शरकी जौन-पुर के सुलतान सन् ८६८ हिजरी (१४५८ ईसवी) में हुए थे। संभव है कि इन्हीं को कुतबन शाह हुसेन कहा हो। इतिहास के जानने-वालों को इस का पूरा पता लगाना चाहिए ॥

कुअँर—गन्धावती—स्त्रियों में परम्परा से कहानी सुनी जाती है कि एक राजा को पाँच लडके थे। सब से छोटा लडका एक दिन चुप चाप अपनी भौजाई के पास बैठा था बोलाने से भी नहीं बोलता था। इस पर भौजाई ने ताना मार कर कहा कि मानों आप गन्धावती से जो तौल में एक फूल के बराबर है विवाह कर उसी से बोलिएगा। इस पर उस कुअँर ने निश्चय कर लिया कि गन्धावती-ही से विवाह करूँगा। इस के लिये योग धारण कर जङ्गल जङ्गल घूमता फिरता था। एक दिन एक वन में एक योगी से भेंट हुई। यह वहीं ठहर कर उस की सेवा करने लगा। योगी ने प्रसन्न हो कर उस से कहा कि वर माँग। कुअँर ने गन्धावती से विवाह हो जाना बर माँगा। योगी ने कहा कि दूसरे वन में मेरा साथी रहता है उस के पास जाओ वह

तुम्हारी मनकामना पूरी करेगा। कुअँर उस के पास जा कर उस की सेवा में लगा। बहुत दिनों पर वह प्रसन्न हो कर कहा कि क्या चाहते हो। कुअँर ने कहा कि योगि-राज गन्धावती को चाहता हूँ। इस पर उस ने कहा कि यह मेरी सामर्थ्य से बाहर है तुम मेरे गुरु के पास जाओ। कुअँर उस के गुरु के पास जा कर उस की सेवा करने लगा और उस के प्रसाद से शुक हो कर गन्धावती से मिला। गन्धावती तौल में एक फूल से बढ गई इस पर उस के पिता को उस पर पर-पुरुष संयोग का संशय हुआ। बहुत खोज करने पर उस ने चाहा कि सुग्गे को मार डालें पर गन्धावती ने उसे उडा दिया। वह कुअँर मनुष्य वेष से वहीं रहने लगा अन्त में स्वयंवर के समय गन्धावती ने उसी के गले जय-माल डाल कर उसी से विवाह किया। संभव है कि इसी कहानी को बढा कर किसी ने गन्धावती नाम की कोई पुस्तक लिखी हो॥

मधु-मालती—मोहनपुर में मधुकर नाम का राजा रहता था। एक दिन राजा अहेर करने गया वहाँ एक हरिण के पीछे दौडा। बहुत दूर जाने पर हरिण लोप हो गया। राजा एक वृक्ष की घनी छाँह के नीचे कपडे को बिछा कर आराम करने लगा। बहुत दिनों के बिछुडे दो सुग्गे दैवात् उस वृक्ष पर आए। दोनों से भेंट होने पर दोनों प्रसन्न हो कर आपस में बात चीत करने लगे। एक ने कहा कि मित्र तुम से बिछुड कर एक वृक्ष पर बैठा था तहाँ अचानक एक व्याधे ने मुझे फँसा लिया। उस ने प्रम-नगर की हाट में रूप-राजा के यहाँ मुझे बेंच दिया। राजा ने अपनी कन्या मालती से कहा कि इस सुग्गे को पालो। उस ने मुझे बडे प्यार से पाला। वह ऐसी सुन्दरी है कि मैं वर्णन नहीं कर सकता। एक दिन वह सरोवर में स्नान करने गई। घर को सूना पा कर मेरे पिँजरे पर बिलैया झपटी। भाग्य-वश पिँजरे से भाग कर उड आया। मधुकर मालती का नाम सुन प्रेम से विकल हो गया। मधुकर ने उस सुग्गे से कहा कि नीचे उतर कर मेरे पास आओ और मालती कैसे मिलेगी इस का उपाय बताओ। राजा के बहुत कहने पर सुग्गे ने मालती के पास जा कर राजा का सँदेसा सुनाया। मधुकर का नाम सुन कर मालती भी उस के मिलने की चाह से बहुत व्याकुल हुई। मालती की दशा पर सुग्गा फिर लौटा और मालती की फुलवारी में रहने लगा। धाई ने मालती की दशा देख कर सब वृत्तान्त पूछी। मालती ने धाई के कहने से प्रेम बनिजारे के साथ सुग्गे को भेज कर मधुकर को बुला कर उस के साथ विवाह किया। इस की सविस्तर कथा इन्द्रावती के मधुकरखण्ड में नूर महम्मद ने लिखी है। नागरी प्रचारिणी ग्रन्थमाला में इन्द्रावती छापी गई है॥

सुर-प्रेमावती—इस नाम से मुझे यह कथा नहीं मिली है। बहुत लोग कहते हैं कि प्रेमावती मोहनी का नामान्तर है। समुद्र मथने के समय जब अमृत निकला है तब उस के लिये देवता और राक्षस लडने लगे। इस पर भगवान् मोहनी स्त्री का रूप बन कर आए। सब लोग उस पर मोहित हो गए, अमृत का घट उसी को दे दिया। मोहनी ने छल से सुरा राक्षसों में और अमृत देवताओं में बाँट दिया। एक दिन महादेव ने भगवान् से कहा कि मैं आप का मोहनी रूप देखा चाहता हूँ। बहुत कहने पर भगवान् विष्णु ने मोहनी रूप देखाया। महादेव मोहित हो उस के पीछे पीछे दौडने लगे। अन्त में मोहनी अन्तर्धान हो गई। इस पर व्याकुल हो उस के लिये महादेव जी मरने के लिये तयार हुए। पुराणों में यह कथा मिलती है। मैं नहीं कह सकता कि प्रेमावती से मोहनी-ही है वा दूसरी। संभव है कि प्रेमावती कोई राज-कन्या हो और सुर देवता रूप कोई राजा रहा हो॥

अनिरुद्ध—ऊषा। शोणित-पुर के राजा बाणासुर की कन्या ऊषा थी। एक दिन इस ने स्वप्न में अनिरुद्ध को देखा। उस के व्याकुल होने पर उस की सखी चित्र-लेखा ने सब के चित्र खीँच खीँच कर उसे देखाया। अन्त में अनिरुद्ध के चित्र को उस ने पहचाना और कहा कि यही चित-चोर रात को स्वप्न में मेरे पास आया था। चित्र-लेखा द्वारिका से सोते हुए अनिरुद्ध को उठा लाई और ऊषा से मिलाई। खबर लगने पर बाणासुर ने अनिरुद्ध को कैद किया। फिर पीछे कृष्ण ने यदुवंशियों के साथ आ कर, बाणासुर से लड कर, अनिरुद्ध को छुडाया। यह कथा श्रीमद्भागवत के दशमस्कन्ध में विस्तार के साथ लिखी है॥ २३८॥

चउपाई।

हउँ पुनि अहउँ अइसि तोहि राती। आधी भेँटि पिरीतम पाती॥
तोहि जउँ प्रीति निबाहइ आँटा। भवँर न देखु केत मँह काँटा॥
होहु पतंग अधर गहि दीआ। लेहु समुँद धँसि होइ मरजीआ॥
राति रंग जिमि दीपक बाती। नइन लाउ होइ सीप सेवाती॥
चातक होइ पुकारु पिआसा। पीउ न पानि सेवाति क आसा॥
सारस होहु बिछुरि जस जोरी। रइनि होहु जल चकइ चकोरी॥
होहु चकोर दिसिटि ससि पाँहा। अउ रबि होहु कवँल ओहि माँहा॥

दोहा ।

हम-हुँ अइसि हउँ तो सउँ सकसि त प्रीति निबाहु ।
राहु बेधि अरजुन होइ जिति दुरपदी बिआहु ॥ २३९ ॥

हउँ = अहम् = मैं । पुनि = पुनः = फिर । अहउँ = हूं (अस्मि) । अइसि = एतादृशी = ऐसी । तोहि = तेरे में । राती = रक्त = अनुरक्त । आधी = अर्ध । भेंटि = भेंट = समवेत = मुलाकात । पिरीतम = प्रियतम । पाती = पत्री = चिट्ठी । तोहि = तुझे । जउँ = यदि = जो । प्रीति = प्रेम । निबाहइ = निर्वाह करना = निबाहना । आँटा = आँट = अँटइ (समेति) । भवँर = भ्रमर = भौंरा । देखु = देख = देखता है (पश्यति) । केत = केतक = केतकी = एक प्रसिद्ध पुष्प । मँह = मध्ये = में । काँटा = कण्टक । होऊ = होओ (भवथ) । पतंग = पतङ्ग = फतिंगा । अधर = ओठ । गहि = गह कर (गृहीला) = पकड कर । दीआ = दीप = चिराग । लेऊ = लेओ (लाथ) । समुँद = समुद्र । धँसि = धँस कर (आध्वंस्य) । होइ = हो कर (भूला) । मरजीआ = मर कर जीने-वाला = गोताखोर = समुद्र में गोता लगाने-वाला । राति = रक्त = लाल । रंग = रङ्ग = वर्ण । जिमि = यथा = जैसे । दीपक = दीप = दीआ । बाती = वर्त्ती = बत्ती । नइन = नयन = आँख । लाउ = लगावो (लगय) । होइ = हो कर (भूला) । सीप = शुक्ति । सेवाती = स्वाती = बर्षा की एक नक्षत्र । चातक = पपीहा = एक प्रसिद्ध पक्षी । पुकारु = पुकार (फुत्कारय) । पिआसा = पिपासित = प्यासा । पीउ = पी (पिब) । पानि = पानी (पानीय) । क = की । आसा = आशा = उम्मीद । सारस = एक प्रसिद्ध जल-पक्षी । बिछुरि = बिछुड कर = विच्छुरित हो कर । जस = यथा = जैसे । जोरी = जोडी = युगल । रइनि = रजनी = रात्रि । जल = पानी । चकइ = चकई = चक्रवाकी = चकवा (चक्रवाक) की स्त्री । चकोरी = चकोर पक्षी की स्त्री । दिस्टि = दृष्टि । ससि = शशी = चन्द्र । पाँहा = पार्श्व = निकट । रबि = रवि = सूर्य । कवँल = कमल । ओहि माँहा = उस में ॥

हम-हुँ = अहमपि = हम भी । अइसि = एतादृशी = ऐसी । हउँ = हूँ (अस्मि) । तो सउँ = तुझ से । सकसि = सकते हो (शक्नोसि) । त = तर्हि = तो । प्रीति = प्रेम । निबाहु = निबाह (निर्वाहय) । राहु = राहु (सर्प वा मत्स्य) के आकार का लक्ष्य (निशाना) । बेधि = बेध कर (बिद्धा) । अरजुन = अर्जुन = युधिष्ठिर के भाई, भारत के प्रसिद्ध योद्धा । जिति = जीत कर (जिला) । दुरपदी = द्रौपदी = युधिष्ठिरादि पाँचो पाण्डवों की स्त्री । बिआहु = ब्याह (विवाहय) ॥

फिर मैं भी तुझ में ऐसी-ही अनुरक्त हूँ, (अनुरक्त होने-ही से आधी भैंट के लिये तेरे पास चिट्ठी भेजी है क्योंकि कहावत है कि) पत्री प्रियतम की आधी मुलाकात है। यदि तूँ प्रीति-निर्वाह कर सकता है तो भ्रमर यह नहीं देखता कि, केतकी में (कितने) काँटे हैं। ओठों से दीप (ज्योति) को पकड़ कर, फतिंगा हो जाओ, अर्थात् दीप-ज्योति-सम मैं जो हूँ उस के लिये फतिंगा हो जाओ, गोताखोर हो कर समुद्र में धँस कर (मोती-रूप मुझे) लेओ। जैसे दीए की बत्ती लाल रंग की होती है, वैसे-ही स्वाती के लिये सीप हो कर (मेरे में) आँखें को लगाओ। कहावत है कि यद्यपि सीप समुद्र में रहती है तथापि स्वाती-ही का पानी पीती है, उसी पानी के पीने से उस में मुक्ता पैदा होती है। चातक हो कर प्यास के दुःख से स्वाती के पानी की आशा से "पीव, पीव" पुकार, अर्थात् मेरे लिये प्यासा हो कर दिन रात मेरे नाम को पुकारा कर। कहावत है कि चातक स्वाती-ही का पानी पीता है, इस के ऊपर तुलसी-सतसई में अनेक दोहे लिखे हैं। (१४१ वें दोहे की टीका देखो)। जोडी बिछुडने पर जैसी सारस की दशा होती है वैसा-ही मेरे लिये तुम सारस हो। सारस के जोडे में बहुत-ही प्रीति होती है, एक के वियोग से दूसरा प्राण दे देता है, इसी पर वाल्मीकि-रामायण का पहला श्लोक बनाया गया है। रात्रि में (पति-वियोग के कारण) पानी में चकई और चकोरी की जो दशा होती है वैसा-ही तुम भी हो। कहावत है कि चकवे और चकोर के जोडे में रात्रिसमय वियोग हो जाता है। चकोर हो कर चन्द्र पर दृष्टि लगाओ; (कहावत है कि रात को चकोर चन्द्र-ही को देखा करता है) अर्थात् मुझे चन्द्र समझ कर तुम चकोर हो जाओ; और रवि जो है उस में कमल हो जाओ, अर्थात् मुझे रवि ज़ान कर उस के लिये तुम कमल हो जाओ॥

हम भी तुम से ऐसी-ही (प्रीति लगाई हुई) हैं, (सो) तूँ भी, यदि कर सकता है, तो प्रीति को निबाह। अर्जुन हो कर राहु (मत्स्याकार लक्ष्य) को बेध कर, (और सब को) जीत कर, द्रौपदी से विवाह कर, अर्थात् मुझ से विवाह कर। राहु के लिये १०४ दोहे की टीका देखो॥ २३९॥

चउपाई।

राजा इहाँ तइस तप झूरा। भा जरि बिरह छार कर कूरा॥
मउन लगाए गण्उ बिमोही। भा बिनु जिउ जिउ दीन्हेसि ओही॥

गहि पिंगला सुखुमना नारी । सुन्न समाधि लागि गइ तारी ॥
बूँद-हि समुँद होइ जस मेरा । गा हेराइ तस मिलइ न हेरा ॥
रंग-हि पानि मिला जस होई । आपुहि खोइ रहा होइ सोई ॥
सुअइ आइ देखा भा नासू । नइन रकत भरि आएउ आँसू ॥
सदा पिरीतम गाढ करेई । वह न भूल भूला जिउ देई ॥

दोहा ।

मूरि सजीओनि आनि कइ अउ मुख मेला नीर ।
गरुर पाँख जस झारइ अँबिरित बरसा कीर ॥ २४० ॥

इहाँ = यहाँ = अत्र । तइस = तैसा = तथा । तप = तपः = तपस्या । झूरा = झूर हो गया = शुष्क हो गया । भा = भया (बभूव) = हुआ । जरि = जल कर (आज्वल्य) । बिरह = विरह = वियोग । छार = चार = राख । कूरा = कूट = ढेर । मउन = मौन = चुप । गएउ = गया = (अगात्) । बिमोही = विमोह = मूर्छित । बिनु = विना । जिउ = जीव । दीन्हेसि = दिया (अदात्) । ओही = उसे । गहि = गह कर (गृहीत्वा) = पकड कर । पिंगला = पिङ्गला = नासिका का दहिना स्वर । सुखुमना = सुषुम्णा = नासिका के दोनों स्वर । नारी = नाडी । सुन्न = शून्य = ब्रह्माण्ड । समाधि = ध्यान में मग्न हो जाना, संसार से चित्तवृत्ति को हटा लेना (चित्तवृत्तिर्निरोधः समाधिः, ऐसा योगशास्त्र में लिखा है) । लागि गइ = लग गई । तारी = ताली = तालिका = कुञ्जी । बूँद-हि = बूँद से (विन्दुतः) । समुँद = समुद्र । होइ = होता है (भवति) । जस = यथा = जैसे । मेरा = मेल = संग । गा = गया (अगात्) । हेराइ = लोप (हेडृ अन्वेषणे से) । तस = तथा = तैसे । मिलइ = मिलता है (मिलति) । हेरा = हेरने से = ढूंढने से (हेडृ अन्वेषणे से) । रंग-हि = रङ्ग में । पानि = पानी (पानीय) । मिला = मिलित । होई = होइ = होता है (भवति) । आपु-हि = अपने को (आत्मनः) । खोइ = खो = नाश । रहा = रहइ (तिष्ठति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन । होइ = हो कर (भूत्वा) । सोई = सा एव = वही । सुअइ = शुक ने । आई = आ कर (एत्य) । देखा = देखइ (पश्यति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन । भा = भया (बभूव) = हुआ । नासू = नाश । नइन = नयन = आँख । रकत = रक्त = खून = रुधिर । भरि = भर = पूर्ण । आएउ = आया (आयात्) । आँसू = आँस (अश्रु) ।

सदा = हमेशा। पिरीतम = प्रियतम = प्यारा। गाढ = कठिन = कष्ट। करेई = करइ (करोति) = करता है। भूल = भूलइ (भ्रमति) = भूलता है। भूला = भूला ऊआ = भ्रान्त। जिउ = जीव। देई = देइ = देता है (दत्ते)॥

मूरि = मूली = मूलिका। सञीओनि = सञ्जीवनी = जिलानेवाली। आनि कइ = आन कर (आनीय)। मेला = मेलइ (मेलयति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। नीर = पानी। गरुर = गरुड = प्रसिद्ध पक्षी, विष्णु का वाहन। पाँख = पक्ष = पर। जस = यथा = जैसे। झारइ = झारता है (झारयति)। अँबिरित = अमृत। बरसा = बरसइ (वर्षति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। कीर = शुक॥

यहाँ राजा तप से ऐसा सूख गया कि, विरहाग्नि से जल कर राख का ढेर हो गया। चुप साधे मूर्छित हो गया, जीव उस (पद्मावती) को दे दिया, (आप) विना जीव का हो गया। पिङ्गला और सुखमणा नाडी को पकड कर (ऊपर खीँच लिया इसी से) शून्य (ब्रह्माण्ड) में, अर्थात् ब्रह्मरन्ध्रस्थान मेँ समाधि लग गई (और ब्रह्म-कपाट मेँ) ताली लग गई, अर्थात् जिस ब्रह्मछिद्र से प्राण ऊपर चढ गया वह छिद्र बंद हो गया। योगी लोग इसी तरह से ब्रह्माण्ड पर प्राण चढाते हैँ। (इस ग्रन्थ का २५१–२५२ पृष्ठ देखो।) जैसे समुद्र मेँ एक जल-विन्दु का मेल हो जाय (तो फिर उस का पता नहीँ लगता, उसी तरह (राजा रत्न-सेन पद्मावती के ध्यान मेँ) लोप हो गया, ढूँढने से भी नहीँ मिलता। जैसे (किसी) रंग मेँ पानी मिला होता है (पर पानी की सूरत नहीँ देख पडती) उसी तरह (राजा रत्न-सेन) अपने को खो कर, वही (पद्मावती) हो कर रह गया है। शुक (हीरा-मणि) ने आ कर देखा कि, (राजा का तो) नाश हो गया, (देख कर) आँखोँ मेँ रक्ताश्रु भर गई। (मन मेँ कहने लगा कि हाय विरही) सदा (अपने) प्रियतम के लिये कष्ट करता है, वह प्रियतम नहीँ भूलता पर आप भूला ऊआ (उस के लिये) जीव देता है॥

सञ्जीवनी मूली ला कर और (उस के रस के साथ राजा के) मुख मेँ पानी डाला, जैसे गरुड अपने पंख को झारता है उसी तरह सुग्गे ने (राजा के मुख के ऊपर) अमृत की वृष्टि की॥ २४०॥

चउपाई।

सुआ अहा जेहि आस सो पावा। बहुरी साँस पेट जिउ आवा॥
देखेसि जागि सुअइ सिर नावा। पाति दीन्ह मुख बचन सुनावा॥

गुरू सबद दुइ सरवन मेला। गुरू बोलाउ बेगि चलु चेला ॥
तोहि अलि कीन्ह आपु भा केवा। हउँ पठवा कइ बीच परेवा ॥
पउन साँस तो सउँ मन लाई। जोवइ मारग दिसिटि बिछाई ॥
जस तुम्ह कया कीन्ह अगि-डाहू। सो सब गुरु कहँ भएउ अगाहू ॥
तब उडंत-छाला लिखि दीन्हा। बेगि आउ चाहउँ सिधि कीन्हा ॥

दोहा ।

आवहु स्यावँ सुलक्खनँ जीउ बसइ तुम्ह नाउँ।
नइनहिँ भीतर पंथ हइ हिरदहि भीतर ठाउँ ॥ २४१ ॥

सुआ = शुक = सुग्गा। अहा = था (आसीत्)। जेहि = जिस। आस = आशा। सो = सो = वह = सः। पावा = पावइ (प्राप्नोति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। बहुरी = फिरी = लौटी (न्यवर्त्ति = व्यवर्त्ति)। साँस = श्वास। पेट = पेटिका। जिउ = जीव। आवा = आवइ (आयाति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। देखेसि = देखा (अपश्यत्)। जागि = जाग कर (जागरला)। सुअइ = शुक ने। सिर = शिर। नावा = नावइ (नामयति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। पाति = पाती = पत्री = चिट्ठी। दीन्ह = दिया (अदात्)। मुह = मुँह = मुख। बचन = वचन = बात। सुनावा = सुनावइ (श्रावयति) का प्रथम-पुरुष, भूत काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। गुरू = गुरु। सबद = शब्द। दुइ = दो = द्वयम्। सरवन = श्रवण = कान। मेला = मेलइ (मेलयति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। बोलाउ = बुलाता है (ह्वलयति)। बेगि = बेग = शीघ्र। चलु = चल (चल)। चेला = शिष्य। तोहि = तुझे। अलि = भ्रमर = भौंरा। कीन्ह = किया (अकरोत्)। आपु = आप = स्वयम्। भा = भया (बभूव) = हुआ। केवा = कमल वा केवडा। हउँ = अहम्, यहाँ मुझे। पठवा = पठवइ (प्रेषयति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। कइ = कर। बीच = मध्य। परेवा = पारावत = पक्षी। पउन = पवन = वायु। साँस = श्वास। तो सउँ = तुझ से। लाई = लगाई = लगावइ (लगयति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन। जोवइ = जोहता है (जेहति) प्रा० जोएदि। मारग = मार्ग। दिसिटि = दृष्टि। बिछाई = बिछा कर (विस्तीर्य)। जस = यथा = जैसे।

कया = काय = शरीर। कीन्ह = किया (अकरोत्)। अगि-डाह = अग्नि-दाह = अग्नि से दाह। सो = सः = वह। सब = सर्व। गुरु कहँ = गुरु को। भण्उ = भया (बभूव) = ऊआ। अगाह = आगाह = विदित। तब = तदा। उडंत-छाला = उड्डयन-चैल = उडने-वाली छाल = जिसे शरीर मैं रखने से मनुष्य को उडने की शक्ति होती है। लिखि = लिख कर (लिखिला)। दीन्हा = दिया (अदात्)। आउ = आव (आयाहि)। चाहउँ = चाहता हूँ (इच्छामि)। सिधि = सिद्ध। कीन्हा = करना (करणम्)।

आवऊ = आइए = (आयाथ)। स्यावँ = श्याम। सुलक्खनँ = सुलचण = जिस मैं सुन्दर लचण हों। जीउ = जीव। बसइ = बसता है (वसति)। नाउँ = नाम = नावँ। नइनहिँ = नयनों के = आँखों के। भीतर = अभ्यन्तर। पंथ = पन्थाः = राह। हइ = है (अस्ति)। हिरदहि = हृदय के। ठाउँ = ठावँ = स्थान ॥

जिस आशा मैं (कि राजा जी जाय) शुक था, उस आशा को पाया, अर्थात् रत्न-सेन जी उठा, पेट मैं साँस फिर आई और जीव (प्राण) भी लौट आया। (राजा रत्न-सेन ने) जाग कर (सुग्गे को) देखा, सुग्गे ने भी (राजा के सामने) शिर झुँकाया, (पद्मावती की) चिट्ठी दी, और मुँह से (पद्मावती का) सँदेसा सुनाया। (कहा कि) गुरु (पद्मावती) ने (तुम्हारे) कान मैं दो शब्द डाला है, (एक शब्द तो यह है कि) गुरु (तुझे) बोलाता है, (और दूसरा शब्द यह कि कहो) चेला जल्द आवे। (गुरु ने) तुझे भ्रमर बनाया है और आप कमल ऊआ है, और मुझ पची को मध्यस्थ कर (तेरे पास) भेजा है। (गुरु ने) तुझ से, श्वास-वायु के द्वार से, मन को लगाया है, दृष्टि को फैला कर (बिछाई) तेरी राह जोह रहा है। जिस तरह तुम्ह ने अपनी देह को आग मैं भस्म कर दिया, वह सब गुरु को मालूम ऊआ है। तब (इस पची को) उडंत-छाला (के ऐसा) लिख दिया है, (और कहा है कि) जल्द आव, मैँ (तुझे) सिद्ध किया चाहता हूँ ॥

(और भी कहा है कि) हे सुलचण श्याम (कृष्ण-स्वरूप) (शीघ्र) आओ, (मेरा) जीव तुम्हारे नाम मैं बस गया है; (तुम्हारे लिये) आँखों के भीतर राह और हृदय के भीतर स्थान है ॥ २४१ ॥

चउपाई।

सुनि कइ असि पदुमावति मया। भा बसंत उपनी नइ कया ॥
सुआ क बोलि पउन होइ लागा। उठा सोइ हनुवँत होइ जागा ॥

चाँद मिलन कइ दीन्हेसि आसा। सहसहु कराँ सूर परगासा॥
पतरि लीन्ह लेइ सीस चढावा। दिसिटि चकोर चाँद जनु पावा॥
आस पिआसा जो जेहि केरा। जउँ झिझिकार ओही सो हेरा॥
अब यह कउन पानि मइँ पीआ। भा तन पाँख पनग मरि जीआ॥
उठा फूलि हिरदइ न समाना। कंथा टूक टूक बिहराना॥

दोहा।

जहाँ पिरीतम वेइ बसहिँ यह जिउ बलि तेहि बाट।
जउँ सो बोलावइ पाउँ सउँ हउँ तहँ चलउँ ललाट॥ २४२॥

सुनि कइ = सुन कर (श्रुत्वा)। असि = ऐसी = एतादृशी। पदुमावति = पद्मावती। मया = माया = दया = कृपा। भा = भया (बभूव) = हुआ। बसंत = वसन्त-ऋतु। उपनी = उत्पन्न हुई (उत्पन्ना)। नइ = नई (नव)। कया = काय = शरीर = देह। सुआ = शुक = सुग्गा। क = की। बोलि = बोली = वाणी। पउन = पवन = वायु। होइ = हो कर (भूत्वा)। लागा = लगा = लगइ (लगति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। उठा = उठइ (उत्तिष्ठते) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। सोइ = सो कर (आशीय)। हनुवँत = हनुमान्। जागा = जागइ (जागर्त्ति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। चाँद = चन्द्र। मिलन कइ = मिलने की = मेलनस्य। दीन्हेसि = दिया (अदात्)। आसा = आशा = उम्मीद। सहसहु = सहस्रैः = हजारौँ। कराँ = कला वा किरण। सूर = सूर्य। परगासा = प्रकाश किया (प्राकाशयत्)। पतरि = पत्री = चिट्ठी। लीन्ह = लिया [अलात्)। लेइ = ले कर (आलाय)। सीस = शीर्ष = शिर। चढावा = चढावइ (उच्चालयति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। दिसिटि = दृष्टि। चकोर = एक प्रसिद्ध पक्षी, जो चन्द्र से अत्यन्त प्रेम रखता है। जनु = जाने = जानौँ। पावा = पावइ (प्राप्नोति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। आस = आशा। पिआसा = पिपासित = प्यासा। जो = यः। जेहि केरा = जिस का वा जिस के। जउँ = यदि। झिझिकार = झझकारे = झट-कारे (झट् कारयेत्)। ओही = उसी को। सो = सः = वह। हेरा = हेरइ (हेडते) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। अब = अधुना = इदानीम्। यह = अयम् वा इदम्।

कउन = क नु = कौन । पानि = पानी (पानीय) । मइँ = मैं । पीश्रा = पीश्रइ (पिबति) का उत्तम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन । भा = (बभूव) = भया = ऊश्रा । तन = तनु = देह । पाँख = पक्ष = पर । पनग = पन्नग = साँप । मरि = मर कर (मृत्वा) । जीश्रा = जीश्रइ (जीवति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन । फूलि = फूल कर (सम्फुल्य) । हिरदइ = हृदय । समाना = समाइ (संमाति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन । कंथा = कन्था = गुदरी । टूक टूक = खण्ड खण्ड = टुकडे टुकडे । बिहराना = बिहरइ (विहरति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन ॥

जहाँ = यत्र । पिरीतम = प्रियतम । वेइ = वे = ते । बसहिँ = बसइ (वसति) का बऊ-वचन । जिउ = जीव । बलि = बलिदान । तेहि = तिस । बाट = वाट = मार्ग = राह । बोलावइ = बोलावे (श्राकर्येत्) । पाउँ सउँ = पायँ से । हउँ = श्रहम् = मैं । तहँ = तहाँ = तत्र । चलउँ = चलूँ (चलानि) = जाऊँ । ललाट = मस्तक = माथा ॥

ऐसी पद्मावती की करुणा भरी वाणी को सुन कर, (राजा रत्न-सेन के लिये) वसन्त (का समय) हो गया, नई शरीर उत्पन्न हो गई । शुक की वाणी (देह में ठंढी) हवा सी लगी, सोता ऊश्रा, हनुमान के ऐसा उठा श्रौर जाग गया । चन्द्र (पद्मावती) ने मिलने की श्राशा दी (इस लिये) सूर्य (रत्न-सेन) हजारोँ कला वा किरणोँ से प्रकाशित ऊश्रा । चिट्ठी को लिया, ले कर शिर पर चढाया, (ऐसा प्रसन्न ऊश्रा) जानोँ चकोर की दृष्टि ने चन्द्र को प्राप्त कर लिश्रा हो । (कवि कहता है कि, सच है) जो जिस की श्राशा का प्यासा है, वह, यदि झिझिकारा भी जाय, तो भी उसी को ढूँढा करता है । (राजा कहता है कि) श्रब मैं यह कौन पानी को पी लिया, (जिस से) शरीर में पर जम गए (जिस से उडने की शक्ति हो गई), श्रौर मरा ऊश्रा (मैं) साँप जी उठा । हृदय फूल उठा (देह में) नहीँ समाता, श्रौर कंथा टुकडे टुकडे हो कर फट गया ॥

(रत्न सेन कहने लगा कि) जहाँ वह प्रियतम (पद्मावती) बसता है, उस राह में यह जीव बलि है; यदि वह (पद्मावती) पैर से बोलावे वहाँ मैं शिर से चलूँ ॥ २४२ ॥

चउपाई ।

जो पँथ मिला महेसइ सेई । गण्उ सो मुंद उहइ धँसि लेई ॥
जहँ वह कुंड बिखम श्रउगाहा । जाइ परा जहँ पाश्रो न थाहा ॥

बाउर अंध पेम कर लागू। सउँह धँसइ किछु सूझ न आगू ॥
लीन्हेसि धँसि सुआँस मन मारा। गुरू मोछंदर-नाथ सँभारा ॥
चेला परइ न छाँडइ पाछू। चेला मच्छ गुरू जस काछू ॥
जनु धँसि लीन्ह समुँद मरजीआ। उघरइ नइन बरइ जनु दीआ ॥
खोजि लीन्ह सो सरग दुआरा। बजर जो मूँदे जाइ उघारा ॥

दोहा।

बाँक चढाउ सरग गढ चढत गएउ होइ भोर।
भइ पुकार गढ ऊपर चढे सेँधि देइ चोर ॥ २४३ ॥

जो = यः। पँथ = पंथ = पन्थाः = राह। मिला = मिलइ (मिलति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। महेसइ = महेश (महादेव) को। सेई = सेवा कर (संसेव्य)। गएउ = गया (अगात्)। सो = वह। मुंद = मुद्रित = बंद। उहइ = उसी को। धँसि = धँस कर (आध्वंस्य)। लेई = लेने के लिये। जहँ = जहाँ = यत्र। कुंड = कुण्ड। विखम = विषम = कठिन = नीँचा ऊँचा। अउगाहा = अगाध = अथाह। जाइ = जा कर (संयाय)। परा = परइ (पतति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। पाओ = पावइ (प्राप्नोति) = पाता है। थाहा = थाह = स्थल = तल। बाउर = वातुल = बौरहा। अंध = अन्ध = अंधा। पेम = प्रेम। लागू = लगा = लग्न ऊआ। सउँह = सैाँह = संमुख। धँसइ = धँसता है (ध्वंसते)। किछु = कुछ = किञ्चित्। सूझ = सूझइ (शुध्यति) = सूझता है। आगू = आगे = अग्रे। लीन्हेसि = लिया (अलात्)। सुआँस = श्वास = साँस। मारा = मारइ (मारयति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। गुरू = गुरु। मोछंदर-नाथ = मत्स्येन्द्र-नाथ। सँभारा = सँभारइ (सम्भारयति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। चेला = शिष्य। परइ = पडता है (पतति)। छाँडइ = छोडता है (छोडयति)। पाछू = पीछा = पृष्ठे। मच्छ = मत्स्य। जस = जैसा = यथा। काछू = कछुआ (कच्छप)। जनु = जाने = जानोँ। लीन्ह = लिया (अलात्)। समुँद = समुद्र। मरजीआ = मर कर जीने-वाला = गोता खोर = गोता लगाने-वाला। उघरइ = उघरे = उघरइ (उद्घटते) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का बऊ-वचन। नइन = नयन = आँख। बरइ = बरे = बरइ (ज्वलति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का बऊ-वचन।

जनु = जाने = जानों। दीश्रा = दीप = चिराग। खोजि लीन्ह = खोज लिया = ढूँढ लिया। सो = वह। सरग = खर्ग। दुआरा = द्वार = दरवाजा। बजर = वज्र। मूँदे = मुद्रित थे = बंद थे। जाग्र = जाइ (याति) यहाँ जाग्र = गए। उघारा = उद्घटित = खुला ॥

बाँक = वक्र = टेढा। चढाउ = चढाव (उच्चलन)। गढ = गाढ = किला = दुर्ग। चढत = चढते (उच्चलन्)। गग्रउ होद = हो गया। भोर = व्यह = सबेरा। भद = भई (बभूव) = ऊई। पुकार = हँकार (पुं-वा ऊं-कार)। ऊपर = उपरि। चढे = चढद (उच्चलति, आरोहति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का बऊ-वचन। सँधि = सन्धि। देद = दे कर (दत्त्वा)। चोर = चौर ॥

महादेव की सेवा करने से जो (रत्न सेन को) पथ (राह) मिला था (२१९—२२० दोहे को देखो) वह मुद्रित, अर्थात् बंद था, उसी को (रत्न-सेन) धँस कर लेता है, अर्थात् लेना चाहता है। जहाँ पर वह विषम और अगाध कुण्ड था, वहाँ पर जा कर पडा, जहाँ कि थाह नहीं पाता है। (कवि कहता है कि,) प्रेम के लाग, अर्थात् प्रेम के लगने से (मनुष्य) पागल और अंधा हो जाता है, सामने-ही धँसता है, आगे, अर्थात् सामने, कुछ भी नहीं सूझता है कि, (आग है कि पानी)। (रत्न-सेन ने) धँस कर (राह को) लिया, अर्थात् राह को पा गया, मन में श्वास को मार लिया, अर्थात् हृदय के भीतर श्वास को रोक लिया, (और) गुरु मोछंदर-नाथ को सँभारा, अर्थात् स्मरण किया (मोछंदर-नाथ के लिये १६३ दोहे की टीका देखो)। (कवि कहता है कि) चेला गिर पडे (तो भी गुरु का) पीछा नहीं छोडता, गुरु कच्छप ऐसा (अचल) होता है और चेला मछली के ऐसा (चञ्चल)। जैसे गोताखोर समुद्र में धँस कर (तीव्र दृष्टि से देख कर मोती को) लिया, अर्थात् निकाल लेता है (उसी तरह रत्न-सेन के) नयन खुल गए जानों दीप बरे (ऐसे तीव्र हो गए)। सो (रत्न-सेन ने) स्वर्ग, अर्थात् ऊपर चढने का दरवाजा खोज लिया, जो दरवाजे वज्र (कपाट) से बंद थे खुल गए ॥

गढ के स्वर्ग, अर्थात् ऊपर जाने के लिये (बऊत) टेढा (कठिन) चढाव था, चढते चढते भोर हो गया, (चौकीदारों की) पुकार ऊई कि, चोर सँध दे कर ऊपर चढे हैं ॥ २४३ ॥

चउपाइ।

राजइ सुना जोगि गढ चढे। पूँछी पास पँडित जो पढे ॥
जोगी गढ जो सँधि देइ आवहिँ। कहहु सो सबद सिद्धि जिन्ह पावहिँ ॥

कहहिँ बेद पढ पंडित बेदी। जोगि भवँर जस मालति-भेदी ॥
जइसइ चोर सँधि सिर मेलहिँ। तसि प्रइ दोउ जीउ पर खेलहिँ ॥
पंथ न चलहिँ बेद जस लिखे। चढे सरग सूरी चढि सिखे ॥
चोरहि होइ सूरी पर मोखू। देइ जो सूरी तेहि नहिँ दोखू ॥
चोर पुकारि बेधि घर मूँसा। खोलहिँ राज-भँडार-मँजूसा ॥

दोहा।

जइस भँडारहि मूँसहिँ चढहिँ रइनि देइ सँधि।
तइस चहिअ पुनि उन्ह कहँ मारहु सूरी बेधि ॥ २४४ ॥

इति राजा-गढ-छेंका-खंड ॥ २३ ॥

राजइ = राजा (गन्धर्व-सेन) ने। सुना = अशृणोत्। जोगि = योगी। गढ = गाढ = दुर्ग = किला। चढे = चढइ (उच्चलति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का बहु-वचन। पूँछी = पूछइ (पृच्छति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का बहु-वचन। पास = पार्श्व = निकट। पँडित = पण्डित। पढे = पढइ (पठति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का बहु-वचन। जोगी = योगी। सँधि = सन्धि। देइ = दे कर (दत्त्वा)। आवहिँ = आवइ (आयाति) का बहु-वचन। कहहु = कहिए (कथयथ)। सो = सः = वह। सबद = शब्द = बात। जिन्ह = जिन से। पावहिँ = पावइ (प्राप्नोति) का बहु वचन। कहहिँ = कहइ (कथयति) का बहु-वचन। पढ = पढहिँ = पढते हैँ (पठन्ति)। बेदी = वेदी = जानने-वाले = विज्ञ। भवँर = भ्रमर। जस = यथा = जैसे। मालति = मालती = एक प्रसिद्ध सुगन्धित पुष्प। भेदी = भेद (मर्म) के जानने-वाले = जासूसी। जइसइ = जैसे = यथा। चोर = चौर। सँधि = सँध दे कर। सिर = शिर। मेलहिँ = मेलइ (मेलयति) का बहु-वचन। तसि = तथा = तैसे-ही। प्रइ = ए = एते। दोउ = दोनोँ = दो। जीउ = जीव। पर = उपरि। खेलहिँ = खेलइ (खेलति) का बहु-वचन। पंथ = पन्थाः = राह। चलहिँ = चलइ (चलति) का बहु-वचन। लिखे = लिखइ (लिखति) का प्रथम-पुरुष, भूत-काल, पुंलिङ्ग का बहु-वचन। सरग = स्वर्ग = ऊपर। सूरी = शूली। चढि = चढना। सिखे = सीखे हैँ = शिचित हुए हैँ। होइ = होता है (भवति)। मोखू = मोच। देइ = देता है (दत्ते)। जो = यः। तेहि = तिसे।

दोखू = दोष = पाप। पुकारि = पुकार कर (पुंकृत्य वा ऊंकृत्य)। बेधि = बेध कर = (विद्धा)। घर = गृह। मूँसा = मूँस = मूँसहिँ (मुष्णन्ति) = मूसते हैँ। खोलहिँ = खोलइ (उद्घाटयति) का बहु-वचन। राज-भँडार = राज-भाण्डालय = राजा के भंडार का घर, जहाँ सब चीज रहती है। मँजूसा = मञ्जूषा = संदूक ॥

जइस = यथा = जैसे। भँडारहि = भंडारे को। चढहिँ = चढइ (उच्चलति, आरोहति) का बहु-वचन। रइनि = रजनी = रात। तइस = तथा = तैसे। चहिअ = चाहिए। पुनि = पुनः = फिर। उन्ह कहँ = उन को। मारहु = मारो (मारयत) ॥

राजा (गन्धर्व-सेन) ने सुना कि, योगी गढ पर चढ गए हैँ, (इस विषय पर विचार करने के लिये कि, क्या किया जाय) पास मेँ (बैठे) पढे (लिखे) जो पण्डित लोग थे (उन से बात) पूछी कि, जो योगी लोग सँध दे कर गढ मेँ आ रहे हैँ (उन के विषय मेँ) उस बात को कहो (जिस से) वे लोग सिद्धि को पावैँ, अर्थात् जिस से उन लोगोँ को मुक्ति मिले। (वेद) कहते हैँ और विज्ञ पण्डित लोग भी पढा करते हैँ कि योगी वैसा-ही होते हैँ जैसा कि मालती का भेदिआ भ्रमर, अर्थात् जैसे भ्रमर मालती को ढूँढ लेता है उसी तरह योगी लोग भी अपने अभीष्ट को ढूँढ लेते हैँ। जैसे चोर सँध दे कर (तब) सिर डालता है, वैसे-ही ए दोनोँ (योगी, और भ्रमर) भी जीव पर खेलते हैँ। ए वेद मेँ जैसा लिखा है उस राह पर नहीँ चलते, स्वर्ग पर, अर्थात् ऊपर, चढ गए हैँ, (ए) सूली पर चढना सीखे हैँ, अर्थात् इस बुरे काम से सूली पर चढाए जायँगे। चोर को सूली-ही पर मोच होता है, अर्थात् सूली पर चढा देने से उस का पाप दूर हो जाता है। (इस लिये उन के पाप की निवृत्ति के लिये) जो सूली देता है उसे दोष नहीँ होता। चोर लोग पुकार कर, अर्थात् ललकार कर, (भीत को) बेध कर घर मूसते हैँ और राज-भँडारे की संदूकोँ को खोल डालते हैँ ॥

जिस तरह से ए राज-भँडारे को मूसते हैँ और रात को सँध दे कर (ऊपर) चढ जाते हैँ; उसी तरह उन को भी (ऊपर चढाना) चाहिए, सो सूली से बेध कर (उन लोगोँ को) मार डालो ॥ सूली (शूली) त्रिशूलाकार होती थी जिस पर अपराधी चढा दिया जाता था, फिर खटका खीँच लेने से त्रिशूल कण्ठ को छेदते सिर के ऊपर निकल जाता था ॥ २४४ ॥

इति राज-दुर्गावरोधनं-नाम त्रयोविंश-खण्डं समाप्तम् ॥ २३ ॥

अथ मंत्री-खंड ॥ २४ ॥



चउपाई ।

राँधि जो मंत्री बोलइ सोई । अइस जो चोर सिद्ध पइ कोई ॥
सिद्ध निसंक रइनि पइ भवँहीँ । ताकहिँ जहाँ तहाँ उपसवहीँ ॥
सिद्ध निडर पइ अइसइ जीआ । खरग देखि कइ नावँहिँ गीआ ॥
सिद्ध जाहिँ पइ जिउ बधि जहाँ । अउरहि मरन पंख अस कहाँ ॥
चढहिँ जो कोपि गगन उपराहीँ । थोरइ साज मरहिँ सो नाहीँ ॥
जंबुक कहँ जउँ चढिअहि राजा । सिंघ साजि कइ चढिअ त छाजा ॥
सिद्ध अमर काया जस पारा । छरहिँ मरहिँ पइ जाहिँ न मारा ॥

दोहा ।

छरहिँ काज किरिसुन कर साजा राजा धरहिँ रिसाइ ।
सिद्ध गिद्ध जेहिँ दिसिटि गगन पर बिनु छर किछु न बसाइ ॥ २४५ ॥

राँधि = आराध्य = आराधना कर = पूज कर = प्रणाम कर । जो = जो = यः । मंत्री = मन्त्री । बोलइ = वदति = बोलता है । सोई = स एव = वही । अइस = एतादृश = ऐसा । चोर = चौर । पइ = अपि = निश्चय से । कोई = कोऽपि । निसंक = निःशङ्क = बेडर । रइनि = रजनी = रात । भवँहीँ = भ्रमन्ति = भ्रमण करते हैँ । ताकहिँ =

तर्कयन्ति = ताकते हैँ = देखते हैँ। जहाँ = यत्र। तहाँ = तत्र। उपसवहीँ = उपसर्पन्ति = चले जाते हैँ। निडर = निर्द्दर = निर्भय। अइसइ = एतादृशो हि = ऐसे ही। जीआ = जीव = प्राणी। खरग = खड्ग = तलवार। देखि कइ = दृष्ट्वा = देख कर। नावँहिं = नमयन्ति = झुकाते हैँ। गीआ = ग्रीवा = गला। जाहिं = यान्ति = जाते हैँ। जिउ = जीव = प्राण। बधि = हत्वा = बध कर। अउरहि = अपरस्य = दूसरे को। मरन = मरण = मृत्यु। पंख = पच = पर। अस = एतादृश = ऐसा। कहाँ = क्व हि। चढहिँ = उच्चलन्ति = चढते हैँ। कोपि = सङ्कुप्य = कोप कर = क्रोध कर। गगन = आकाश। उपराहीँ = उपरि हि = ऊपर। थोरइ = स्तोकेन = थोडे। साज = सज्जन = तयारी। मरहिँ = मरन्ति = मरते हैँ। सो = सः, यहाँ = वे। नाहीँ = नहि। जंबुक = जम्बुक = सिथार। कहँ = को। जउँ = यदि = जो। चढिअहि = चढिए = उच्चलेत्। सिंघ = सिंह। साजि कइ = सज कर = तयारी कर। चढिअ = चढिए = उच्चलेत्। त = तर्हि = तो। छाजा = शोभित हो। काया = काय = शरीर। जस = यथा = जैसे। पारा = पारद। छरहिँ = चरन्ति = छरते हैँ। मारा = मारे ॥

काज = कार्य = काम। किरिसुन = कृष्ण = कृष्ण-चन्द्र। कर = का। साजा = सज्जित। धरहिँ = धरन्ति = धरते हैँ। रिसाइ = रिस कर = रोष कर। गिद्ध = गृध्र = मांस खाने-वाला प्रसिद्ध पची। जेहिँ = येषाम् = जिन की। दिसिटि = दृष्टि = नजर। पर = उपरि। बिनु = विना। छर = चर = नाश। किछु = किञ्चित् = कुछ। बसाइ = वशमेति = बसाता है = चलता है ॥

(गन्धर्व-सेन को) प्रणाम कर जो मन्त्री था वह बोलता है कि, ऐसा जो चोर वह निश्चय कर कोई सिद्ध है। सिद्ध बेडर रात मेँ घूमा करते हैँ, जहाँ देखते हैँ, अर्थात् इच्छा करते हैँ, वहीँ चले जाते हैँ। सिद्ध निडर होते हैँ और ऐसे जीव हैँ कि खड्ग देख कर (उस के सामने अपना) गला झुका देते हैँ। निश्चय कर सिद्ध जहाँ चाहते हैँ वहाँ जीव का नाश कर चले जाते हैँ, दूसरे को कहाँ ऐसा मरना और पच है (जो आकाश पर जाय)। जो सिद्ध क्रोध कर आकाश पर चढते हैँ, वे थोडी (सेना की) तयारी से नहीँ मरते। हे राजा यदि स्यार पर चढाई करना हो तो सिंह (के मारने) की तयारी कर चढिए तो उचित हो। सिद्ध की शरीर अमर है जैसे कि पारा, (ए दोनोँ) छर जाते हैँ, अर्थात् टुकडे टुकडे हो जाते हैँ, पर (किसी के) मारे नहीँ मरते ॥

सिद्ध कृष्ण भगवान का भी सजा सजाया काम बिगाड देते हैं । क्रोध कर राजा लोगों को भी पकड लेते हैं । सिद्धरूप गिद्ध जिन की दृष्टि आकाश के ऊपर रहती है उन से (अपने) नाश के सेवाय कुछ नहीं बसाती अर्थात् कुछ नहीं चलती ॥

दशमस्कन्ध श्रीमद्भागवत के ५७ अध्याय में कथा है कि उदास हो कर द्वारिका से महात्मा अक्रूर के चले जाने पर कृष्ण से कुछ भी न हो सका । द्वारिका के लोग आधि व्याधि और अवर्षण से बहुत ही पीडित हो गए। अन्त में कृष्ण के उपदेश से जब लोग प्रार्थना कर अक्रूर को द्वारिका में ले आए तब सब रोग नष्ट हुए और वृष्टि भी हुई ॥

सिद्ध गोरख-नाथ जब कामाख्या में गए तो वहाँ एक दुष्टा स्त्री ने व्यभिचार की इच्छा से भिक्षा माँगते हुए गोरख के एक गरीब चेले को पकड रक्खा । गोरख ने क्रोध से उस राज्य के सब लोगों को पत्थर कर दिया । अन्त में जब वहाँ का राजा गिडगिडा कर गोरख के पैरों पर पडा तब गोरख ने कृपा कर सब का उद्धार किया । इस प्रकार भारतवर्ष में सिद्धों की सैकडों कहानिआँ प्रसिद्ध हैं ॥ २४५ ॥

चउपाई ।

आवहु करी गुदर मिस साजू । चढहु बजाइ जहाँ लगि राजू ॥
होहु सँजोइल कुअँर जो भोगी । सब दर छेंकि धरहु अब जोगी ॥
चउबिस लाख छतर-पति साजे । छपन कोटि दर बाजन बाजे ॥
बाइस सहस सिंघली चाले । गिरिह पहार पुहुमि सब हाले ॥
जगत बराबर देइ सब चाँपा । डरा इँदर बासुकि हिअ काँपा ॥
पदुम कोटि रथ साजे आवहिँ । गिरि होइ खेह गगन कहँ धावहिँ ॥
जनु भुइँ-चाल चलत तहँ परा । कुरमहि पीठि टूटि हिअ डरा ॥

दोहा ।

छतरहिँ सरग छाइ गा सूरज गएउ अलोपि ।
दिनहिँ राति असि देखी चढा इँदर होइ कोपि ॥ २४६ ॥

आवहु = आयात = आओ । करी = करिए । गुदर = गुदरी = कन्था । मिस = मिष = बहाना । साजू = साज = तयारी । चढहु = उच्चलत = चढो । बजाइ = संवाद्य =

बजा कर। जहाँ लगि = जहाँ तक। राजू = राज्य। होऊ = भवत = हो। सँजोदल = संसज्जित = तयार। कुअँर = कुमार = राज-कुमार। जो = जो = ये। भोगी = भोग करने-वाले = जागीर पाने-वाले। सब = सर्व। दर = दरी = घाँटी। छेंकि = छेकयित्वा = छेंक कर = रोक कर। धरऊ = धरत = धरो। अब = अधुना = इदानीम्। जोगी = योगी। चउबिस = चतुर्विंशति = चौबीस। लाख = लक्ष। छतर-पति = छत्रपति। साजे = सज्जित किए गए। छपन = षट्पञ्चाशत् = छप्पन। दर = दल = सेना। बाजन = वाद्य। बाजे = बजे = बजाए गए। बाइस = द्वाविंशति। सहस = सहस्र = हजार। सिंघली = सिंहली = सिंहल के हाथी। चाले = चलाए गए। गिरिह = गृह = घर। पहार = प्रहार = पहाड। पुहुमि = पृथ्वी = भूमि। हाले = हिले = हिलने लगे। जगत = जगत् = संसार। बराबर = एकतार = लगातार। देइ = देइ = दत्वा = दे कर। चाँपा = चाँपइ (चापयति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। डरा = डरइ (दरति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। इँदर = इन्द्र = देवराज। बासुकि = वासुकि = एक प्रकार का सर्प। हिग्र = हृदय। काँपा = चकम्पे = काँप उठा। पदुम = पद्म = सौ करोड। कोटि = करोड। साजे = सज्जित किए। आवहिँ = आयान्ति = आते हैं। गिरि = पर्वत। होइ = भूत्वा = हो कर। खेह = धूलि = धूर। गगन = आकाश। कहँ = को। धावहिँ = धावन्ति = दौडते हैं। जनु = जानों। भुइँ-चाल = भूमिचाल = भूकम्प = भूडोल। चलत = चलते। तहँ = तहाँ = तत्र। परा = परइ (पतति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। कुरमहि = कूर्म को = कछुए की। पीठि = पृष्ठ = पीठ। टूटि = टूटी = टूटइ (त्रुट्यति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन॥

छतरहिँ = छत्रों से = छाताओं से। सरग = स्वर्ग। छाइ गा = छा गया = छादित हो गया। सूरुज = सूर्य। गएउ = अगात् = गया। अलोपि = अलोप = अदृश्य। दिनहिँ = दिन में। राति = रात्रि = रात। अस = एतादृशी = ऐसी। देखी = देखइ (दृश्यते) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन। चढा = चढइ (उच्चलति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। कोपि = सङ्कुप्य = कोप कर = क्रोध कर॥

(मन्त्री ने कहा कि) आइए गुदर अर्थात् गुदरी वाले योगिओं के बहाने तयारी करिए, जहाँ तक राज्य है (सब कोई) बाजा बजा कर, अर्थात् डंका दे कर, चढिए। जो जागीरदार कुअँर हैं सब तयार हों और सब घाटिओं को रोक कर योगी को पकडें। चौबीस लाख छत्रपति तयार हुए, सेना में छप्पन करोड बाजे बजने लगे।

बाइस हजार सिंहली हाथी चलाए गए (जिस से) पृथ्वी पर के सब घर और पहाड हिल उठे। सब (हाथी, घोडे, पैदल) बराबर (पैर) दे कर जगत् (भूमि) को चाँपा (जिस से) इन्द्र डर गया, वासुकि नाग का हृदय काँपने लगा। सजे ऊए करोड पद्म रथ आए, (जिन से) पहाड धूर हो कर आकाश में उडने लगे। (सेना के) चलते जानों वहाँ पर भूडोल आ गया, कछुए की पीठ टूट गई और उस का हृदय डर गया। पुराणों में कथा है कि भगवान कच्छप का अवतार ले कर पृथ्वी को अपनी पीठ पर रक्खे ऊए हैं जिस से वह नीचे नहीं जाती। सेना से कच्छप की पीठ का टूटना यह अतिशयोक्ति है जैसा बिहारी ने सतसई में लिखा है कि—

"अहो पथिक कहियो तुरत गिरिधारी सों टेरि।
दृग झरि लाई राधिका बह्यो चहै ब्रज फेरि॥"

तोष कवि ने भी कहा है,—

गोपिन के अँसुआन के नीर पनारे भए बहि के भए नारे।
नारे भए सो भईं नदिआँ नदिआँ नद ह्वै गए काटि करारे॥
बेगि चलो जू चलो ब्रज को कवि तोष सुनो ब्रज-राज दुलारे।
वे नद चाहत सिंधु भए अब सिंधु तें ह्वैहैं जलाहल सारे॥

(छत्रपतिओं के) छाते से स्वर्ग छा गया सूर्य अलोप गया, दिन में रात ऐसी देख पडने लगी। (जान पडा कि) इन्द्र देवराज क्रोध कर (जगत् को विध्वंस करने के लिये) चढा है॥ २४६॥

चउपाई।

देखि कटक अउ मइमत हाथी। बोले रतन-सेन के साथी॥
होत आउ दर बहुत असूझा। अस जानत हहिँ होइहइ जूझा॥
राजा तूँ जोगी होइ खेला। इहइ दिवस कहँ हम भए चेला॥
जहाँ गाढ ठाकुर कहँ होई। संग न छाडइ सेवक सोई॥
जो हम मरन दिवस मन ताका। आज आइ सो पूजी साका॥
बरु जिउ जाउ जाए जनि बोला। राजा सत्त सुमेरु न डोला॥
गुरू केर जउँ आएसु पावहिँ। सउँह होइ हम चकर चलावहिँ॥

दोहा।

आजु करहिँ रन भारथ　सत्त बचा दइ राखि।
सत्त करइ सब कउतुक　सत्त भरइ पुनि साखि ॥ २४७ ॥

देखि = दृष्टा = देख कर। कटक = सेना। अउ = अपि। मदमत = मदमत्त = मद से मस्त। हाथी = हस्ती। बोले = बोलइ (वदति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, बहु-वचन। रतन-सेन = रत्न-सेन। साथी = सार्थ = संगी। होत = होता = भवन्। आउ = आयाति = आता है। दर = दरी = घाँटी। बहुत = बहुच, वा बहुतर। असूझा = अदृश्य = अँधेरा = अशुद्ध। अस = ऐसा = एतादृश। जानत = जानते। हहिँ = स्मः = हैँ। होइहइ = भविष्यति = होगा। जूझा = युद्ध। ठँ = लम्। जोगी = योगी। होइ = भूला = हो कर। खेला = खेलइ (खेलइ) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। इहइ = इह हि = इसी। दिवस = दिन। कहँ = को। हम = अहम्, यहाँ वयम्। भए = हुए = बभूविम। चेला = शिष्य। जहाँ = यत्र। गाढ = कठिन। ठाकुर = ठक्कुर = मालिक। होई = होवे = भवेत्। संग = सङ्ग = साथ। छाडइ = छोटयति = छोडता है। सेवक = दास। सोई = स एव = वही। जो = यः। मरन = मरण। मन = मनसि = मन में। ताका = ताकइ (तर्कयति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। आज = अद्य। आइ = एत्य = आ कर। सो = सः = वह। पूजी = पूरी हुई। साका = शक = वर्ष। बरु = वरम् = बल्कि। जिउ = जीव = प्राण। जाउ = यातु = जाय। जाय = जाय। जनि = योन = जिन = मत। बोला = बोली = वचन। सत्त = सत्ता = सत्य। सुमेरु = सोने का पहाड जो उत्तर ध्रुव के नीचे है। डोला = डोल = डोलइ (दोलति)। गुरू = गुरु। केर = का। जउँ = यदि = जो। पावहिँ = पावैँ = प्राप्नुयाम्। सउँह = सम्मुख = सामने। चकर = चक्र। चलावहिँ = चलावैँ = चालयेयम् ॥

आजु = आज = अद्य। करहिँ = करैँ = कुर्याम्। रन = रण = संग्राम। भारथ = भारत। बचा = वचन। दइ = देव = भगवान। राखि = राख = रखता है (रक्षति)। कउतुक = कौतुक = क्रीडा। भरइ = भरति = भरता है। पुनि = पुनः = फिर। साखि = साक्षी = गवाह ॥

सेना और मदमत्त हाथिओं को देख कर राजा रत्न-सेन के साथी (कुअँर लोग। बोले, कि घाटिओं में बहुत अँधेरा होता आता है, ऐसा जान पडता है कि युद्ध

होगा। हे राजा तूँ (तै ने) योगी हो कर खेल किया, हम लोग इसी दिन के लिये चेले ऊए हैं। जहाँ मालिक के ऊपर कष्ट पड़े वहाँ पर जो संग न छोड़े वही (सच्चा) सेवक है। हम लोग जिस मरणदिन को मन में अनुमान किया था, आज वह शाका (वर्ष) पूरी ऊई। (ईश्वर से प्रार्थना है कि) जीव जाना अच्छा पर वचन (बात) न जाय, हे राजा सत्य (वचन) और सुमेरु नहीं हिलता, अर्थात् नहीं डगमगाता। यदि गुरु की आज्ञा पावें तो हम लोग सामने हो कर चक्र चलावें॥

(हम लोग) आज भारत के ऐसा सङ्ग्राम करें। भगवान् सत्य वचन को रखता है। सत्य ही सब कौतुक करता है और सत्य ही साखी भरता है, अर्थात् मनुष्य का सच्चा गवाह सत्य ही है; शास्त्र में भी लिखा है कि सत्ये सर्वं प्रतिष्ठितम्। जल, वायु, पृथ्वी, अग्नि, और सूर्यादि यह सब सत्य ही से अपने अपने कामों में लगे हैं। कहावत है कि साँच को आँच क्या, अर्थात् सच्चे को आग की आँच क्या है॥

गोरखनाथी और नान्हकशाही साधु लोग अपने शिर की पगड़ी में एक लोहे का वृत्ताकार हथिआर रखते हैं। उसी को चक्र कहते हैं। इसे हाथ की अँगुली से घुमा कर शत्रु के गले पर फेंकते हैं। वह गला काटता ऊआ आगे निकल जाता है। सुनते हैं कि पहले यह इस चाल से फेंका जाता था जिस से यह शत्रु का गला काटता और चक्कर लगाता ऊआ घूम कर फिर अपने मालिक के पास लौट आता था। भगवान कृष्ण का सुदर्शन चक्र सर्वत्र प्रसिद्ध है॥

कौरव पाण्डवों का भारत सङ्ग्राम व्यासकृत महाभारत में प्रसिद्ध है जहाँ सत्य-धुरन्धर, धर्मराजावतार, युधिष्ठिर ने भी कृष्ण के कहने से द्रोणाचार्य के मारने के लिये 'अश्वत्थामा हतो नरो वा कुञ्जरः' यह झूठी बात कह कर अपने को कलङ्कित किया॥ २४७॥

चउपाई।

गुरू कहा चेला सिध होह्न। पेम बार होइ करी न कोह्न॥
जा कहँ सीस नाइ कइ दीजिअ। रंग न होय ऊभ जउँ कीजिअ॥
जेहि जिअँ पेम पानि भा सोई। जेहि रँग मिलइ तेही रँग होई॥
जउँ पइ जाइ पेम सउँ जूझा। कित तपि मरहिँ सिद्ध जेइँ बूझा॥
यह सत बहुत जो जूझि न करिअइ। खरग देखि पानी होइ ढरिअइ॥

पानिहि काह खरग कइ धारा। लउटि पानि सोई जो मारा॥
पानी सैँति आगि का करई। जाइ बुझाइ पानि जउँ परई॥

दोहा।

सीस दीन्ह मइँ अगुमन पेम पाअ सिर मेलि।
अब सो पिरीति निबाहउँ चलउँ सिद्ध होइ खेलि॥ २४८॥

गुरू = गुरु। कहा = कहइ (कथयति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। चेला = शिष्य। सिध = सिद्ध। होइ = होऊ = भवत = हो। पेम = प्रेम। बार = वार = द्वार। होइ = भूत्वा = हो कर। करी = करिए = कुर्यासम्। कोह = कोह = क्रोध। जा कहँ = यस्य = जिस को। सीस = शीर्ष = शिर। नाइकइ = आनमय्य = झुका कर। दीजिअ = दीजिए = दीयेत। रंग = रङ्ग = वर्ण। होय = हो = भवेत्। ऊभ = उद्वेग = घबडाहट = भय। जउँ = यदि। कीजिअ = कीजिए = क्रियेत। जेहि = यस्य = जिस। जिअ = जीव। पानि = पानीय = पानी। भा = अभूत् = हुआ। रँग = रंग। मिलइ = मिले = मिलेत्। तेही = तिसी। होई = होवे = भवेत्। पइ = अपि = निश्चय कर। जाइ = जाय = यात्। सउँ = सोँ = से। जूझा = युद्ध। कित = कुतः = कस्मात् = क्योँ। तपि = प्रतप्य = तप कर। मरहिँ = मरेँ = मरेयुः। जेइँ = जिन्होँ ने। बूझा = बूझइ (बुध्यति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। यह = अयम्, वा इदम्। सत = सत्य। जूझि = युद्ध। करिअइ = कीजिए = कुर्यासम्। खरग = खड्ग। देखि = दृष्ट्वा = देख कर। ढरिअइ = ढरिए = धारा के ऐसा होइए। (धृङ् अवस्थाने से अङ् प्रत्यय कर फिर टाप् करने से धारा बनता है उसी से, ढरइ (धरति) होता है।) पानिहि = पानी को। काह = क्या = किम्। कइ = की। धारा = धार। लउटि = उलट कर = अवलुण्ठ्य। पानि = पानी। सोई = वही। मारा = मारइ (मारयति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। सैँति = सैँती = से। आगि = अग्नि। का = किम्। करई = करइ (करोति)। जाइ = याति = जाती है। बुझाइ = बुझ। परई = पतेत् = पडे॥

दीन्ह = अदाम् = दिया। अगुमन = अग्रतः। पाअ = पाद = पैर। सिर = शिर। मेलि = मेलयित्वा = डाल कर। पिरीति = प्रीति। निबाहउँ = निर्वाहयामि = निबाहता हूँ। चलउँ = चलामि = चलता हूँ। खेलि = खेलयित्वा = खेल कर॥

68

गुरु (रत्न-सेन) ने कहा कि चेले लोग सिद्ध हो जाओ, प्रेम-द्वार में हो कर अर्थात् पैठ कर, क्रोध न करना चाहिए। जिस के लिये झुका कर शिर दीजिए, (वहाँ) यदि भय कीजिए तो (फिर) रंग नहीं होता, अर्थात् भय करने से मनुष्य बदरंग हो कर फीका पड जाता है। जिस के हृदय में वह (सच्चा) प्रेम का पानी (उत्पन्न) हुआ, उस (पानी) में जो रंग मिले वह वही (प्रेम-)रंग हो जाय, अर्थात् प्रेम-रस में किसी रंग के पडने से उस में विकार नहीं होता वह ज्यों का त्यों बना रहता है। यदि प्रेम से युद्ध होता हो तो सिद्ध लोग, जिन्हों ने (प्रेम को) बूझ लिया है, क्यों तपस्या कर के मरते। यही बहुत सत्यता है जो युद्ध न कीजिए, अर्थात् इस अवसर पर युद्ध न करना यही सब से बढ कर सच्ची बहादुरी है, (इस अवसर पर) खड्ग को देख कर पानी हो कर ढरक जाना चाहिए। पानी के लिये खड्ग की धारा क्या है, अर्थात् कुछ नहीं है, (पानी को) जो मारता है वही उलट कर पानी हो जाता है, अर्थात् पानी को मारने के लिये जो पानी में पैठता है वह पानी के भीतर ही गल कर पानी हो जाता है। पानी से आग क्या कर सकती है, अर्थात् क्रोधाग्नि शान्त-रूप पानी के पडते ही बुझ कर ठंढी हो जाती है, जहाँ पानी पडा कि (वह) बुझ जाती है ॥

प्रेम के पैर में शिर डाल कर मैं ने पहले ही से (अपने) शिर को दे दिया है, अब तो मैं उस प्रीति को निबाहता हूँ, और सिद्ध हो कर खेल कर (उस प्रेम-द्वार में) चलता हूँ ॥ २४८ ॥

चउपाई ।

राजहि छेंकि धरे सब जोगी। दुख ऊपर दुख सहइ बिओगी ॥
ना जिउ धडक धरत हइ कोई। न जनउँ मरन जिअन कस होई ॥
नाग-फाँस उन्ह मेली गीआ। हरख न बिसमउ एकउ जीआ ॥
जेइँ जिउ दीन्ह सो लेउ निरासा। बिसरइ नहिँ जउँ लहि तन साँसा ॥
कर किँगरी तेइ तंत बजावा। नेह गीत बैरागी गावा ॥
भलेहिँ आनि गिअ मेली फाँसी। हिअइँ न सोच रोस रिस नासी ॥
मइँ गिअ-फाँद ओही दिन मेला। जेहि दिन पेम-पंथ होइ खेला ॥

दोहा ।

परगट गुपुत सकल महि पूरि रहा सब ठाउँ ।
जहँ देखउँ ओहि देखउँ दोसर नहिँ कहँ जाउँ ॥ २४९ ॥

राजहि = राजा को । छेँकि = छेकयित्वा = छेँक कर = रोक कर । धरे = धरइ (धरति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, बहु-वचन । सब = सर्व । जोगी = योगी । दुख = दुःख । ऊपर = उपरि । सहइ = सहते = सहता है । बिओगी = वियोगी = विरही । ना = न । जिउ = जीव । धडक = धडका = धडधडाहट । धरत हइ = धरइ (धरति) धरता है । कोई = कोऽपि । जनउँ = जाने = जानता हूँ । मरन = मरण । जिअन = जीवन । कस = कथम् = कैसा । होई = भवति होता है । नाग-फाँस = नाग-पाश = सर्पाकार फंदा । उन्ह = उन्हों ने । मेली = मेलइ (मेलयति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन । गीआ = ग्रीवा = गला । हरख = हर्ष = खुशी । बिसमउ = विस्मय = चिन्ता । एकउ = एकोऽपि = एक भी । जीआ = जीव । जेइँ = यैः = जिन्हों ने । दीन्ह = अदात् = दिया । सो = सः = वह । लेउ = लातु = लेवे । निरासा = नैराश्येन = निराश से । बिसरइ = बिसरे (विस्मर्यते) = भूले । जउँ लहि = जब तक । तन = तनु = शरीर । साँसा = श्वास । कर = हाथ । किँगरी = किन्नरी = एक तरह की चिकारी जिसे पौरिया वा योगी हाथ में लिए बजाया करते हैं । तेइ = तिस ने । तंत = तन्तु = तार । बजावा = बजावइ (वादयति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन । नेह = स्नेह = प्रीति । गीत = गान । बैरागी = विरागी = योगी । गावा = गावइ (गायति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन । भलेहिँ = वरम् = अच्छा । आनि = आनीय = आन कर । गिअ = ग्रीवा = गला । मेली = मेलइ (मेलयति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन । फाँसी = पाशी = फाँसी लगाने की रस्सी । हिअइँ = हृदय में । सोच = शोच = चिन्ता । रोस = रोष = क्रोध । रिस = रिष्ट = शुभ । नासी = नसइ (नश्यति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन । मइँ = मैं = अहम् । फाँद = पाश = फंदा । ओही = उसी । मेला = मेलइ (मेलयति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन । जेहि = जिस । पेम = प्रेम । पंथ = पन्थाः = राह । होइ = भूत्वा = हो कर । खेला = खेलइ (खेलति) का भूतकाल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन ॥

परगट = प्रकट = जाहिर । गुपुत = गुप्त = छिपा । सकल = सब = समग्र । महि = पृथ्वी = भूमि । पूरि = पूर = पूर्ण । रहा = रहइ (रहति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग,

एक-वचन। सब = सर्व। ठाउँ = ठावँ = स्थान। जहँ = जहाँ = यत्र। देखउँ = पश्यामि = देखता हूँ। ओहि = उसी को। दोसर = दूसरा = द्वितीय। कहँ = कहाँ = कुत्र। जाउँ = यानि = जाऊँ ॥

सब (कुअँर) योगिओं ने राजा (रत्न-सेन) को पकड़ रक्खा, (बेचारा) वियोगी (रत्न-सेन) दुःख के ऊपर दुःख सह रहा है। (मुझे) कोई पकड़ रहा है इस बात का खटका (राजा के) जीव में नहीं है, (राजा कहने लगा कि) मैं नहीं जानता कि मरना और जीना कैसा होता है। उस (पद्मावती) ने गले में नाग-पाश डाल दिया है, (अब) हर्ष और विस्मय एक भी जी में नहीं है। जिस ने जी दिया है, वही नैराश्य कर (जी को) ले ले, (मुझे कुछ परवाह नहीं) जब तक शरीर में श्वास है तब तक (वह) न भूले (यही मेरी प्रतिज्ञा है)। (ऐसा कह) उस वैरागी (रत्न-सेन) ने हाथ से किंगरी के तारों को बजाने और स्नेह गीत को गाने लगा। (गीत का अर्थ यही था कि) उस (पद्मावती) ने अच्छा किया जो ला कर मेरे गले में फाँसी डाली, (अब) मेरे दिल में शोच नहीं क्रोध और शुभेच्छा भी नष्ट हो गई। मैं तो उसी दिन अपने गले में फंदे को डाल दिया जिस दिन प्रेम-राह में पड़ कर खेलने को चला, अर्थात् योगी का सवाँग बनाया ॥

(मेरी समझ में तो वह प्राणप्रिया पद्मावती) समग्र पृथ्वी में क्या प्रगट क्या छिपे सब स्थानों में पूर्ण (विराजमान) हो रही है, जहाँ देखता हूँ तहाँ उसी को देखता हूँ (मेरे लिये) दूसरा (कोई) नहीं है, (इस लिये) कहाँ जाऊँ ॥ २४९ ॥

चउपाई।

जब लगि गुरु मइँ अहा न चीन्हा। कोटि अँतर पट हुत बिच दीन्हा ॥
जउँ चीन्हा तउ अउरु न कोई। तन मन जिउ जोबन सब सोई ॥
हउँ हउँ कहत धोख अँतराहीँ। जो भा सिद्ध कहाँ परछाहीँ ॥
मारइ गुरू कि गुरू जिआवा। अउरु को मार मरइ सब आवा ॥
सूरी मेलि हसति गुरु पूरू। हउँ नहिँ जानउँ जानइ गूरू ॥
गुरू हसति पर चढा सो पेखा। जगत जो नास्ति नास्ति सब देखा ॥
अंध मीन जस जल मँह धावा। जल जीअन पुनि दिसिटि न आवा ॥

दोहा।

गुरू मोर मोरइ सिर देइ तुरंगहि ठाठ।
भीतर करहि डोलावई बाहर नाँचइ काठ ॥ २५० ॥

जब लगि = जब तक = यावत्। मइँ = मैं। अहा = था, अहइ (अस्ति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। चीन्हा = चीन्हइ (चिह्नयति) से संज्ञा बनाई गई है। कोटि = करोड। अँतर = अन्तर। पट = वस्त्र वा पट्ट = केवाडा = पर्दा। हुत = था। बिच = बीच = मध्य। दीन्हा = दिया हुआ। जउँ = यदि वा जब। तउ = तदा = तब। अउरु = अपर। कोई = कोऽपि। तन = तनु = शरीर। मन = मनः = मानस। जिउ = जीव। जोबन = यौवन = जवानी। सोई = वही = स एव। हउँ = अहम् = मैं। कहत = कथयन् = कहते। धोख = धोखा = भ्रम। अँतराहीँ = अन्तरे हि = भीतर में। जो = जब, वा यदि। भा = बभूव = हुआ। कहाँ = कुत्र। परछाहीँ = परिच्छाया। मारइ = मारे = मारयेत्। गुरू = गुरु। जिआवा = जीवयेत् = जिलावे। को = को = कः = कौन। मार = मारने। मरइ = मरने। आवा = आवइ (आयाति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। सूरी = शूली = फाँसी। मेलि = मेलयित्वा = मेल कर = डाल कर। हसति = हस्ती = हाथी। पूरू = पूर = पूरइ = पूरयति = पूरा करता है। हउँ = मैं = अहम्। जानउँ = जानामि = जानता हूँ। जानइ = जानाति = जानता है। गूरू = गुरु। चढा = उच्चलन् = चढा हुआ। सो = सः = वह। पेखा = पेख = प्रेक्षति = पेखता है, देखता है वा परीक्षा करता है। जगत = जगत् = संसार। जो = जो = यत्। नास्ति = नहीं है = नष्ट है। देखा = देख = देखइ (पश्यति) = देखता है। अंध = अन्ध = अंधा। मीन = मछली। जस = यथा = जैसे। जल = पानी। मँह = मध्ये = में। धावा = धाव = धावइ (धावति) = दौडता है। जल = जड = मूर्ख। जीअन = जीवन = पानी = जल। पुनि = पुनः = फिर। दिसिटि = दृष्टि = नजर। आवा = आव = आवइ (आयाति) = आता है ॥

मोर = मेरा = मम। मोरइ = मोरे = मेरे = मम। सिर = शिरः। देइ = दत्त्वा = दे कर। तुरंगहि = तुरङ्गस्य = घोडे को। ठाठ = ठाट = संस्थान = साज। भीतर = अभ्यन्तर। करहि = कला को (कलायाः) = कल को। डोलावई = डोलावइ (दोलयति) = डोलाता है = घुमाता है। बाहर = बाह्य। नाँचइ = नृत्यति = नाँचता है। काठ = काष्ठ = लकडी, यहाँ काठ सी शरीर ॥

(राजा रत्न-सेन कहता है कि) जब तक मैं गुरु (पद्मावती) को नहीं पहचाना था तब तक (उस के और मेरे) बीच में करोडों पर्दे थे। जब चीन्ह गया तो (उस के सेवाय) दूसरा कोई नहीं, शरीर, मन, जीव और यौवनावस्था सब वही गुरु है। (मुझे) मैं मैं कहता भीतर धोखा था, जो सिद्ध हुआ तो (फिर) कहाँ परछाहीं, अर्थात् अब गुरु-कृपा से सिद्ध होने पर फिर दिल के भीतर कहाँ भ्रम रह सकता है, प्रसिद्ध है कि सिद्ध के शरीर की परछाहीं नहीं देख पडती, वह सिद्ध हो कर स्वयं प्रकाशवान् हो जाता है। (चाहे) गुरु मारे वा गुरु जिआवे और (दूसरा) कौन मार सकता है (क्योंकि इस संसार में गुरु को छोड) और सब मरने के लिये आए हुए हैं। गुरु शूली पर चढा कर (फिर) हाथिओं से (घर को) भर देता है, मैं कुछ नहीं जानता हूँ, (सब कुछ) गुरु जानता है। हाथी पर चढा हुआ गुरु सब की परीचा करता है वा सब को देखता रहता है, (निश्चय समझो कि) जो यह जगत् (कुछ) नहीं है, (कुछ) नहीं है, उस सब को भी गुरु देखा करता है। जैसे अंधा मीन जल में दौडा करता है (पर उस) जड को वह जीवन, अर्थात् जल, देख नहीं पडता, (उसी तरह प्राणी लोग अंधे हो कर इस संसार में दौडा करते हैं परन्तु यह संसार उन को नहीं देख पडता)॥

मेरा गुरु घोडे को साज दे कर, अर्थात् तुरङ्ग सा चञ्चल मन को तयार कर, मेरे शिर पर खडा हुआ है, (शिर के) भीतर कल को हिला रहा है (इसी से) बाहर काठ (की पुतली सी) यह शरीर नाँच रही है। योगक्रिया में उस परमात्मा का स्थान, जिसे ब्रह्मगुफा कहते हैं, शिर में है। वही मन-घोडे को इन्द्रिय-कल के द्वार से चारो ओर नँचाया करता है। योगाभ्यास से जब योगी उस ब्रह्मगुफा में पहुँच जाता है। तब ब्रह्म-रूप गुरु को पहचानता है। पहचानने पर फिर उसे जीने और मरने की चिन्ता मिट जाती है। स्वयं ब्रह्मस्वरूप हो जाता है॥ १५०॥

चउपाई।

सो पदुमावति गुरु हउँ चेला। जोगतंत जेहि कारन खेला॥
तजि ओहि बार न जानउँ दूजा। जेहि दिन मिलइ जातरा पूजा॥
जीउ काढि भुइँ धरउँ ललाटू। ओहि कहँ देउँ हिआ मँह पाटू॥

को मोहिँ लेइ सो छुआवइ पाया। नउ अउतार देइ नइ काया॥
जीउ चाहि सो अधिक पिआरी। माँगइ जीउ देउँ बलिहारी॥
माँगइ सीस देउँ सइँ गीआ। अधिक नवउँ जउँ मारइ जीआ॥
अपने जिउ कर लोभ न मोही। पेम-बार होइ माँगउँ ओही॥

दोहा।

दरसन ओहिक दिआ जस हउँ रे भिखारि पतंग।
जउँ करवत सिर सारइ मरत न मोरउँ अंग॥ २५१॥

सो = सा = वह। पदुमावति = पद्मावती। हउँ = अहम् = मैं। चेला = शिष्य। जोग = योग। तंत = तन्त्र = शास्त्र। जेहि = जेहि = जिस। कारन = कारण। खेला = खेलइ (खेलति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। तजि = त्यक्त्वा = त्याग कर। ओहि = ओहि = उस। बार = द्वार = दरवाजा। जानउँ = जानामि = जानता हूँ। दूजा = दूसरा = द्वितीय। मिलइ = मिलेत् = मिले। जातरा = यात्रा। पूजा = पूरी हुई = पूर्यत। जीउ = जीव = प्राण। काढि = कर्षयित्वा = खींच कर = निकाल कर। भुइँ = भूमि में। धरउँ = धरूँ = धरामि। ललाटू = ललाट = मस्तक। कहँ = को। देउँ = दद्याम् = देऊँ। हिआ = हृदय = दिल। मँह = मध्ये = में। पाटू = पाट = पट्ट = पीढा = आसन। को = कः = कौन। मोहिँ = मोहि = मुझे। लेइ = लेइ = लाला = ले कर। सो = वह, यहाँ उस का। छुआवइ = छुआवे (स्पर्शयेत्)। पाया = पाय = पाद = पैर। नउ = नव = नया। अउतार = अवतार = जन्म। देइ = दद्यात् = देवे। नउ = नवा = नई। काया = काय = शरीर। चाहि = बढ कर। अधिक = ज्यादा। पिआरी = प्रिया = प्यारी। माँगइ = याचेत = माँगे। बलिहारी = बलिदान। सीस = शिर। सइँ = सह = साथ। गीआ = ग्रीवा = गला। नवउँ = नमेयम् = झुकूँ। जउँ = यदि। मारइ = मारयेत् = मारे। जीआ = जीव = प्राण। अपने = आत्मनः। कर = का। लोभ = लालच। मोही = मोहीँ = मुझे। पेम = प्रेम। बार = वार = द्वार = दरवाजा। होइ = हो कर = भूत्वा। ओही = उसी से॥

दरसन = दर्शन। ओहिक = ओहिक = उस का। दिआ = दीप = दीआ = चिराग। जस = यथा = जैसे। भिखारि = भिखारी = भिक्षुक = भिखमंगा। पतंग = फतिंगा =

फनगा = पाँखी । करवत = करपत्र = श्रारा । सिर = शिरः । सारद्द = सारे = रचे = सारयेत् । मरत = मरते । मोरउँ = मोरूँ = फेरूँ = मूर्क्कानि । श्रंग = श्रङ्ग = देह ॥

(रत्न-सेन कहता है कि) वह पद्मावती गुरु है और मैं (उस का) चेला हूँ, जिस (गुरु) के कारण मैं ने योग-शास्त्र को खेला अर्थात् सीखा। उस के द्वार को छोड कर दूसरा (द्वार) नहीँ जानता, जिस दिन मिले उसी दिन (मेरी) यात्रा पूरी होगी। (यदि वह मिले तो) प्राण को निकाल कर मस्तक को जमीन पर रक्खूँ, उस के लिये हृदय मेँ आसन देऊँ। कौन ऐसा है जो मुझे ले कर उस के पैर को छुआवे, और नया जन्म दे कर नई शरीर करे। वह प्राण से भी अधिक प्यारी है, (यदि) माँगे (तो) प्राण दे कर बलिदान करूँ। यदि शिर माँगे तो गले के साथ शिर को देऊँ, यदि जी मारे तो और भी अधिक झुँक जाऊँ। मुझे अपने प्राण का लोभ नहीँ है, प्रेम-द्वार मेँ हो कर, अर्थात् पैठ कर, (केवल) उसी को, अर्थात् उसी के, दर्शन को माँगता हूँ, अर्थात् यही चाहता हूँ कि कोई उपकारी उस का दर्शन करा दे ॥

(मेरे लिये) उस का दर्शन दीए के ऐसा है और अरे (कुअँर लोग) मैं भिखारी (उस दीए मेँ जलने-वाला) फतिंगा हूँ। यदि वह मेरे शिर पर आरा रक्खे, अर्थात् चलावे, तो मरते मरते अंग न मोरूँ, अर्थात् प्राण निकलते निकलते भी आरे के सामने से न हटूँ ॥ २५१ ॥

चउपाई ।

पदुमावति कवँला ससि जोती। हँसइ फूल रोअइ तब मोती ॥
बरजा पितइ हँसी अरु रोजू। लाए दूत होइ निति खोजू ॥
जउ हिँ सुरुज कहँ लागेउ राहू। तउ हिँ कवँल मन भएउ अगाहू ॥
बिरह अगस्ती बिसमउ भएऊ। सरवर हरख सूखि सब गएऊ ॥
परगट ढारि सकइ नहिँ आँसू। घटि घटि माँसु गुपुत होइ नासू ॥
जस दिन माँझ रइनि होइ आई। बिगसत कवँल गएउ कुम्हिलाई ॥
राता बदन गएउ होइ सेता। भवँर भवँति रहि गई अचेता ॥

दोहा ।

चितहिँ जो चितर कीन्ह धनि रोआँ रोआँ अंग समेटि ।
सहस साल दुख आहि भरि मुरुछि परी गइ मेटि ॥ २५२ ॥

पदुमावति = पद्मावती। कवँला = कमल (ससि = शशि = चन्द्र। जोती = ज्योतिः = प्रकाश। हँसइ = हसति = हँसती है। फूल = फुल्ल। रोअइ = रोदिति = रोती है। तब = तदा। मोती = मुक्ता = मौक्तिक। बरजा = बरजइ (वर्जयति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। पितइ = पित्रा = पिता ने। हँसी = हास्य। अरु = अपि च = और। रोजू = रुज = रोग वा रोज। लाए = लगाए। दूत = भेदी। होइ = होता है। निति = नित्य = रोज। खोजू = खोज = शोध। जउहिँ = जवहि = यदा हि। सुरुज = सूर्य। कहँ = को। लागेउ = लगा = लगइ (लगति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। राहु = राहु। तउहिँ = तवहि = तदा हि = तभी से। कवँल = कमल। भएउ = भया = बभूव = हुआ। अगाहु = आगाह = खबर। विरह = विरह = वियोग। अगस्ती = अगस्त्य ऋषि। बिसमउ = बेसमय = विना समय। भएऊ = भएउ = हुआ। सरवर = सरोवर = तडाग। हरख = हर्ष। सूखि = शुष्क = सूख। सब = सर्व। गएऊ = गया (अगात्)। परगट = प्रगट = प्रकट। ढारि = धारायित = धारा के ऐसा (धाड़ विसरणे से)। सकइ = शक्नोति = सकती है। आँसू = अश्रु = आँस। घटि घटि = घट घट कर = कम हो हो कर। माँसु = मांस = माँस। गुपुत = गुप्त = लोप। होइ = भवति = होती है। नासू = नाश। जस = यथा = जैसे। माँझ = मध्ये = में। रइनि = रजनी = रात। आई = आवइ (आयाति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन। बिगसत = विकाश होते। कुम्हिलाइ = कुमलिन = कुम्लान। राता = रक्त = लाल। बदन = वदन = मुख। सेता = श्वेत = सफेद। भवँर = भ्रमर = आवर्त्त। भवँति = भ्रमन्ति = घूमती। रहि गई = हो गई। अचेता = अचेतन = बेहोश॥

चितहिँ = चित्त में। चितर = चित्र = तसवीर। कीन्ह = किया (अकृत)। धनि = धन्या (पद्मावती)। रोअँ रोअँ = रोअँ रोअँ = रोम रोम = रोआँ रोआँ। अँग = देह के अवयव। समेटि = समेत्य = समेट कर = सङ्कुचित कर। सहस = सहस्र = हजार। साल = सालइ (शल्यति) का भूत-काल पुंलिङ्ग, एक-वचन। दुख = दुःख। आहि = आह। भरि = भृत्वा = भर कर। मुरुछि = मूर्छा खा कर = संमूर्च्छ्य = मूर्छित हो कर। परी = परइ (पतति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन। गइ = गई = अगात्। मेटि = मिट = मट्टी = मृत्तिका॥

पद्मावती कमल और चन्द्र-ज्योति है, हँसती है तो फूल चूता है और रोती है तब (आँसुओं से) मोती टपकती है। पिता ने हँसी और (विरह) रोग को रोक दिया, अर्थात् पिता का हुक्म हुआ कि यह हँसी ठट्ठा न करने पावे और अकेली

बैठ कर रोवे भी न, (पिता ने) भेदिश्रोँ को लगा दिया, रोज खोज होने लगी। जैसे ही सूर्य को राहु लगा, अर्थात् सूर्य-स्वरूप रत्न-सेन को राहु-रूप गन्धर्वसेन के सेना के लोग पकडने की इच्छा की उसी समय कमल (पद्मावती) के मन मेँ यह खबर पहुँच गई। विरह अगस्त्य बेसमय (उदित) हुआ, सब हर्ष-रूप तडाग सूख गया। (पिता के भय से) जाहिरा मेँ आँसू को नहीँ गिरा सकती, (पर) मांस कम होते होते लोप हो कर नष्ट हो गई, अर्थात् दुबली हो गई, मांस गल गई, खाली हड्डी भर रह गई। जैसे दिन मेँ रात हो आई (इस लिये) प्रफुल्लित कमल (पद्मावती) कुम्हिला गया। ललित मुँह सफेद हो गया, (जल के) भवँर ऐसी घूमती घूमती अचेत हो गई॥

अंग के रोएँ रोएँ को समेट कर जो धन्या पद्मावती ने (अपने) चित्त के भीतर (रत्न-सेन की) तसबीर की, अर्थात् बनाई (इस से) हजारोँ वाणोँ के सालने के ऐसा दुःख हुआ; आह भर के मूर्छा खा कर गिर पडी और मिट गई॥

देवा-सुर-सङ्ग्राम मेँ जब भगवान् मोहिनी-रूप धारण कर देवताओँ मेँ अमृत परोसने लगे तब सूर्य और चन्द्र के बीच मेँ राहु दैत्य छिप कर वैठ गया था, अमृत पान करते ही सूर्य चन्द्र के बताने से भगवान ने सुदर्शन चक्र से उस का शिर काट डाला परन्तु अमृत के प्रभाव से दोनोँ टुकडे अमर हो कर आकाश मेँ चलने लगे। धड को राहु और शिर को केतु कहते हैँ। सूर्य और चन्द्र के कारण से राहु का शिर काटा गया इसी लिये वह बदला लेने के लिये अवसर पा कर सूर्य और चन्द्रमा को गरासता है। यह पुराणोँ मेँ प्रसिद्ध कथा है॥

वर्षा-ऋतु के अन्त मेँ अगस्त्य तारा, जिसे अंगरेजी मेँ Canopus कहते हैँ, उदय होता है। इस के उदय होते ही वर्षा की समाप्ति होती है और पोखरी, पोखरे, सूखने लगते हैँ; तुलसी-दास ने भी अपने रामायण के किष्किन्धाकाण्ड मेँ लिखा है कि—

उदित अगस्त पंथ-जल सोखा। जिमि लोभहि सोखइ संतोखा॥

प्रसिद्ध है कि रात को खिले हुए कमल कुम्हिला जाते हैँ, कमल के फूल का मुँह बंद हो जाता है॥ २५२॥

चउपाई।

पदुमावति सँग सखी सयानी। गनि कइ नखत पीर ससि जानी॥
जानहिँ मरम कवँल कर कोई। देखि बिथा बिरहिनि कइ रोई॥

बिरहा कठिन काल कइ कला। बिरह न सहइ काल पर भला॥
काल काढि जिउ लेइ सिधारा। बिरह काल मारे पर मारा॥
बिरह आगि पर मेलइ आगी। बिरह घाउ पर घाउ बजागी॥
बिरह बान पर बान बिसारा। बिरह रोग पर रोग सँचारा॥
बिरह साल पर साल नवेला। बिरह काल पर काल दुहेला॥

दोहा।

तन राओन होइ गढ चढा बिरह भएउ हनुवंत।
जारे ऊपर जारई तजइ न कइ भसमंत॥ २५३॥

पदुमावति = पद्मावती। सँग = संग। सखी = सहेली। सयानी = सज्ञाना = चतुर। गनि-कइ = गणयित्वा = गन कर। नखत = नक्षत्र। पीर = पीडा। ससि = शशि = चन्द्र। जानी = जानइ (जानाति) का भूत काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन। जानहिँ = जानन्ति = जानती हैँ। मरम = मर्म = भेद। कवँल = कमल। कर = का। कोईं = कुमुदिनी। देखि = दृष्ट्वा = देख कर। बिथा = व्यथा = पीडा। बिरहिनि = विरहिणी। कइ = की। रोईँ = रोअइ (रोदिति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, बज्ज-वचन। बिरहा = विरह = वियोग। कठिन = कठोर। काल = प्राण लेने-वाला = यम-दूत। कला = अंश = अवतार। सहइ = सहते = सहता है। पर = परन्तु। भला = वर = अच्छा। काढि = कर्षयित्वा = खीँच कर। जिउ = जीव। लेइ = ले कर (आलाय)। सिधारा = सिधार = सिधारइ (सेधति) = सिधारता है = चला जाता है। मारे = मारने। पर = उपरि = ऊपर। मारा = मार = मारइ (मारयति) = मारता है। आगि = आग = अग्नि। मेलइ = मेलयति = मेलता है = डालता है। आगी = आग। घाउ = घात = चत = घाव। बजागी = वज्राग्नि = बिजली की आग। बान = वाण। बिसारा = बिसार = बिसारइ (विसारयति) = विशेष कर सारता है = विशेष कर फेँकता है। सँचारा = सँचार = सँचारइ (सञ्चालयति) = सँचारता है = फैलाता है। साल = शाल = शल्य = दुःख। नवेला = नवल = नया। दुहेला = दुर्हेल = भयङ्कर = कठिन॥

तन = तनु = शरीर। राओन = रावण। होइ = होइ = भवति = है। गढ = गाढ = दुर्ग = किला। चढा = चढइ (उच्चलति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। भएउ =

बभूव = भया = हुआ। हनुवंत = हनुमंत = हनुमान्, प्रसिद्ध रामायण के महावीर और राम के सेवक। जारे = जारने। ऊपर = उपरि (ज्वलनोपरि)। जारई = जारइ (ज्वलयति) = जारता है। तजइ = त्यजति = तजता है = छोडता है। कइ = कृत्वा = कर। भसमंत = भस्म = राख ॥

पद्मावती के साथ की नक्षत्र-रूप चतुरी सखी गन कर, अर्थात् रुख देख कर शशि (पद्मावती) की पीडा को जान गई। कमल (पद्मावती) का भेद कोई (सखिआँ) ही जानती हैं, विरहिणी (पद्मावती) की पीडा देख कर (सब सखिआँ) रोने लगीं। (आपस में कहने लगीं कि) विरह (पति-वियोग) कठिन काल का अवतार है, विरह नहीं सहा जाता (इस लिये उस से) बल्कि काल भला है। काल (तो) प्राण खींच कर, और ले कर चला जाता है, अर्थात् जीव केवल ले कर मरी शरीर को छोड देता है। पर विरह-काल (तो) मारने पर मारता है। विरह आग पर आग डालता है, वज्राग्नि विरह घाव पर घाव करता है। विरह बाण के ऊपर बाण फेंकता है, विरह रोग पर रोग फैलाता है। विरह साल पर नया साल है, विरह काल पर भयङ्कर काल है ॥

शरीर रावण का गढ (लङ्का) हुई है, विरह हनुमान् हुआ है और (उस गढ पर) चढा है,। जारने के ऊपर जार रहा है (शरीर को) भस्म कर के (भी) नहीं छोडता है ॥

सहवासी विजानीयात् चरित्रं सहवासिनाम्, इस नियम से साथ की रहने-वालीं कोईरूप सखिआँ ही कमल (पद्मावती) का भेद जानती हैं ॥ यह कवि का लिखना बहुत उचित है ॥

रामायण-सुन्दर-काण्ड में हनुमान् का लङ्का जारना प्रसिद्ध है, तुलसी-दास ने भी लिखा है कि 'उलटि पलटि लंका कपि जारा। कूदि परा पुनि सिंधु मँझारा' ॥ इस लिये मलिक महम्मद का तनु लंका, विरह हनुमान् और जारे ऊपर जारई यह कहना बहुत ही रोचक है ॥ २५३ ॥

चउपाई।

कोइ कुम्मेद कर परसहिँ पाया। कोइ मलयागिरि छिडकहिँ काया ॥
कोइ मुख सीतल नीर चुआवहिँ। कोइ अंचल सउँ पउन डोलावहिँ ॥

कोइ मुख अबिँरित आनि निचोआ। जनु बिख दीन्ह अधिक धनि सोआ॥
जोवहिँ साँस खनहिँ खन सखी। कब जिउ फिरइ पउन अउ पँखी॥
बिरह काल होइ हिअइँ पईठा। जीउ काढि लेइ हाथ बईठा॥
खन एक मूँठि बाँध खन खोला। खनहिँ जीभ मुख जाइ न बोला॥
खनहिँ बजर के बानन्ह मारा। कँपि कँपि नारि मरइ बिकरारा॥

दोहा।

कइसेहु बिरह न छाडइ भा ससि गहन गिरास।
नखत चहूँ दिसि रोअहिँ अँधिअर धरति अकास॥ २५४॥

कोइ = कोई = कापि। कुमोद = कुमुदिनी = कोईँ। कर = हाथ। परसहिँ = स्पृशन्ति = परसती हैँ = छूती हैँ। पाया = पाद = पैर। मलयागिरि = मलयगिरि का चन्दन। छिडकहिँ = शेकन्ते = छिडकती हैँ। मुख = मुँह। सीतल = शीतल = ठंढा। नीर = जल = पानी। चुआवहिँ = च्योतयन्ति = चुआती हैँ। अंचल = अञ्चल = आँचर। सउँ = सोँ = से। पउन = पवन = हवा। डोलावहिँ = दोलयन्ति = चलाती हैँ। अबिँरित = अमृत। आनि = आनीय = आन कर। निचोआ = निचोअ = निचोती हैँ = निच्योतयन्ति = गारती हैँ। जनु = जाने = जान पडता है। बिख = विष = जहर। दीन्ह = दिया = अदात्। अधिक = ज्यादा = और भी। धनि = धन्या (पद्मावती)। सोआ = सोअइ (स्वपिति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन, सोई के स्थान मेँ अनुप्रास मिलाने के लिये सोआ किया गया। जोवहिँ = जोवइ (जोहते) का बहु-वचन, जोहती हैँ = देखती हैँ वा द्युत दीप्तौ से संद्योतयति का बहु-वचन। साँस = श्वास। खनहिँ खन = चणे चणे = चण चण पर। सखी = सहेली। कब = कदा। जिउ = जीव = प्राण। फिरइ = परिवर्त्तयति = फिरता है। अउ = अपि च। पँखी = पची। बिरह = विरह = प्रियवियोग। काल = मारने-वाला = यम-दूत। होइ = होइ = भूत्वा = हो कर। हिअइँ = हृदय मेँ। पईठा = पइठा = पैठा = पइठइ (प्रविशति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। काढि = कर्षयित्वा = खीँच कर = निकाल कर। लेइ = लेइ = आलाय = ले कर। हाथ = हस्त। बईठा = बइठा = बैठा = बइठइ (विशति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। खन = चण। एक = एक। मूँठि = मुट्ठी = मुष्टि। बाँध = बाँधइ (बध्नाति) = बाँधता है।

खोला = खोल = खोलइ (खोलति) = खोलता है। खनहिँ = चण मेँ। जीभ = जिह्वा। मुख = मुँह। जाइ = याति = जाती है = निकलती है। बोला = बोल = बोली = बात। बजर = वज्र। बानन्ह = बान (बाण) का बज़-वचन। मारा = मार = मारइ (मारयति) = मारता है। कँपि कँपि = कम्पयित्वा कम्पयित्वा = कँप कँप कर। नारि = नारी (पद्मावती)। मरइ = मरति = मरती है। बिकरारा = विकराल = भयङ्कर ॥

कइसेज़ = कथमपि = कैसेह्र = किसी तरह से। छाडइ = छोडता है = छन्दति। भा = भया = बभूव = ज़ुआ। ससि = शशि = चन्द्र। गहन = ग्रहण। गिरास = ग्रास। नखत = नक्षत्र। चहुँ दिसि = चतुर्दिचु = चारो दिशा। रोअहिँ = रोदन्ति = रोती हैँ। अँधिअर = अँधिआर = अन्धकार = अँधेरा। धरति = धरती = धरित्री। अकास = आकाश = आसमान ॥

कोई कुमुदिनी (सखिआँ) हाथ से (पद्मावती के) पैर को छू रही हैँ (कि ठंढा तो नहीँ हो गया), कोई शरीर पर मलय-चन्दन को छिडक रही हैँ। कोई मुँह मेँ ठंढा पानी चुआ रही हैँ, कोई (अपने) आँचर से हवा कर रही हैँ। कोई मुँह मेँ अमृत, अर्थात् संजीवनी जडी को निचोड रही हैँ, (वह ओषधि ऐसी हो गई) जानोँ विष दिया गया, वह धन्या (पद्मावती) और भी सो गई, अर्थात् बेहोश हो गई। सखिआँ चण चण पर साँस देखती हैँ, कि कब जी आता है और पवन पची (का संयोग होता) है, अर्थात् देखेँ कब शरीर मेँ प्राण फिर कर आता है। (पद्मावती के) हृदय मेँ विरह काल हो कर पैठ गया है, जी को निकाल कर, हाथ मेँ ले कर बैठा ज़ुआ है। एक चण मेँ मुट्ठी को बाँध लेता है (तब पद्मावती बेजीव की हो जाती है), एक चण मेँ (मुट्ठी को) खोल देता है (तब पद्मावती की साँस कुछ चलने लगती है), एक चण मेँ मुख की जीभ से कुछ बोली नहीँ बोली जाती, अर्थात् एक चण मेँ जीभ ऐँठ जाती है, मुँह से बोली नहीँ निकलती। एक चण मेँ (वह विरह-काल) वज्र के वाणोँ से (पद्मावती को) मारता है, (जिस से) वह नारी (पद्मावती) काँप काँप कर बेकरार (विकराल) हो जाती है ॥

विरह किसी तरह से (पद्मावती को) नहीँ छोडता है (जानोँ) ग्रहण मेँ चन्द्र का ग्रास हो गया, अर्थात् चन्द्र-रूपा पद्मावती कान्तिहीन हो गई। चारो ओर से नक्षत्र-रूप (सखिआँ) रो रही हैँ, धरती और आकाश मेँ अँधेरा छा गया ॥ २५४ ॥

चउपाई ।

घरी चारि इमि गहन गिरासी। पुनि बिधि जोति हिअइँ परगासी ॥
निसँसि ऊभि भरि लीन्हेसि साँसा। भइ अधार जीअन कइ आसा ॥
बिनवँहिँ सखी छूटि ससि राह्न। तुम्हरी जोति जोति सब काह्न ॥
तूँ ससि-बदन जगत उँजिआरी। कॆइ हरि लीन्ह कीन्ह अँधिआरी ॥
तूँ गजगाविँनि गरब गहीली। अब कस अस छाडइ सत ढीली ॥
तइँ हरि लंक हराई केहरि। अब कस हारि करसि हइ हे हरि ॥
तूँ कोकिल-बइनी जग मोहा। को ब्याधा होइ गहइ बिछोहा ॥

दोहा ।

कवँल करी तूँ पदुमिनि गइ निसि भएउ बिहान।
अबहुँ न संपुट खोलेसि जो रे उठा जग भान ॥ २५५ ॥

घरी = घटी = २४ मिनट । चारि = चार = चत्वारि । इमि = एवम् = इस तरह से । गहन = ग्रहण । गिरासी = ग्रस्त ऊई । पुनि = पुनः = फिर । बिधि = विधि = ब्रह्मा । जोति = ज्योतिः = प्रकाश । हिअइँ = हृदय मेँ । परगासी = परगासइ (प्रकाशयति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन । निसँसि = निश्वस्य = उसास ले कर = उच्छ्वास ले कर । ऊभि = ऊब कर = घबडा कर = उद्विज्य । भरि = भर कर = भृत्वा । लीन्हेसि = लिया = अलात् । साँसा = श्वास । भइ = भई = होइ (भवति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन । अधार = आधार । जीअन = जीवन । कइ = की । आसा = आशा = उम्मीद । बिनवँहिँ = विनमन्ति = विनय करती हैँ । सखी = सहेली । छूटि = छूटा । ससि = शशि = चन्द्र । राह्न = राहु । तुम्हरी = तुम्हारी = आप की । काह्न = को । तूँ = त्वम् = तुम । ससि-बदन = शशि-वदना = चन्द्र-मुखी । जगत = जगत् = संसार । उँजिआरी = उज्ज्वलता । कॆइ = केइ = केन = किस ने । हरि = हर = चुरा । लीन्ह = लिया = अलात् । कीन्ह = किया = अकृत । अँधिआरी = अन्धकार = अँधेरा । गजगाविँनि = गजगामिनी = हाथी के चाल ऐसी चलने-वाली । गरब = गर्व = अभिमान । गहीली = ग्रहिला = आग्रह करने-वाली । अब = अधुना = इदानीम् । कस = कथम् = क्योँ । अस = एतादृश = ऐसी । छाडइ = छोडती है (छन्दति) । सत = सत्ता वा सत्य । ढीली = अधीर्य = ढीली हो कर ।

तइँ = त्वम् = तैँ । हरि = हृत्वा = हरण कर । लंक = लङ्क = कटि = कमर । हराई = हरावइ (हारयति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन । केहरि = केशरी = सिंह । हारि = हार कर = आहार्य । करसि हइ = करती है (करोषि) । हे हरि = हे हरे । कोकिल-बइनी = कोकिल-वचनी = कोकिला-सी बोलने-वाली । जग = जगत् = संसार । मोहा = मोही = मोहइ (मोहयति) का भूत-काल, मध्यम-पुरुष, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन । को = कौन = कः । ब्याधा = व्याध । होइ = होइ = हो कर = भूत्वा । गहइ = ग्रसति = ग्रसता है । बिछोहा = विचुब्धा = वियोगिनी = विरहिणी ॥

कवँल = कमल । करी = कली = कलिका । पदुमिनि = हे पद्मिनि । गइ = गई = अगात् । निसि = निशा = रात । भएउ = भया = बभूव = ऊआ । बिहान = व्युह = सबेरा । अबऊँ = अब भी = इदानीमपि । सम्पुट = बंद मुख । खोलेसि = खोली = खोलइ (खोलति) का भूत-काल, मध्यम-पुरुष, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन । उठा = उठइ (उत्तिष्ठते) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन । जग = जगत् वा जग = जगि = जागृत्वा = जाग कर । भान = भानु = सूर्य ॥

इस तरह से (पद्मावती) चार घडी तक ग्रहण मेँ ग्रस्त थी, फिर ब्रह्मा ने हृदय मेँ ज्योति को प्रकाश की, अर्थात् फिर हृदय मेँ प्राण आया । उच्छ्वास ले कर, ऊब कर, और (हृदय मेँ) भर कर (ठंढी) साँस ली, (सब सखिओँ का) आधार ऊई और जीने की आशा ऊई । सब सखिआँ विनय करने लगीँ कि राऊ से चन्द्रमा छूट गया, (हे रानी) तेरी ही ज्योति से सब किसी को ज्योति है । तूँ चन्द्रमुखी संसार की उँजिआरी है, (नहीँ जानतीँ कि) किस ने (उस उँजिआरी को) हर लिया था और अँधेरा कर दिया था । तूँ गज-गामिनि, गर्वीली और हठीली है, अब क्योँ इस तरह से ढीली हो कर (अपने) सत को छोडती है । तैँ ने कमर को चुरा कर सिंह को हरा दिया, अर्थात् सिंह की कमर से भी तेरी कमर पतली है, अब क्योँ हार कर हे हरि, हे हरि करती है, अर्थात् अब क्योँ जी मेँ हार कर हे हरि, हे भगवान्, हाय भगवान् कह कह कर कराहती है । तूँ जग के मोहने-वाली कोकिल-वचनी है, कौन व्याध हो कर (तुझ) विरहिणी को पकडता है ॥

हे पद्मिनि तूँ कमल-कली है सो रात बीत गई, सबेरा ऊआ अब तक भी सम्पुट को नहीँ खोली, अर्थात् अब तक तेरी मुख-कमल-कली नहीँ खुली (विकसित ऊई), क्योँकि रे (पद्मावति देख) जगत् मेँ सूर्य उठ आया, वा सूर्य जग कर उदय ऊआ ॥ २५५ ॥

चउपाई।

भान नाउँ सुनि कवँल बिगासा। फिरि कइ भवँर लीन्ह मधु बासा॥
सरद चाँद मुख जीभ उघेली। खंजन नइन उठे कइ केली॥
बिरह न बोल आउ मुख ताई। मरि मरि बोलि जीउ बरिआई॥
दवइ बिरह दारुन हिअ काँपा। खोलि न जाइ बिरह दुख झाँपा॥
उदधि समुँद जस तरँग देखावा। चखु घूमहिँ मुख बात न आवा॥
यह सुठि लहरि लहरि पर धावा। भवँर परा जिउ थाह न पावा॥
सखी आनि बिख देहु त मरऊँ। जिउ नहिँ पेट ताहि डर डरऊँ॥

दोहा।

खनहिँ उठइ खन बूडइ अस हिअ कवँल सँकेत।
हीरामनिहि बोलावहु सखी गहन जिउ लेत॥ २५६॥

भान = भानु = सूर्य। नाउँ = नाम। सुनि = श्रुत्वा = सुन कर। कवँल = कमल। बिगासा = बिगसा = बिगसइ = विकसइ (विकाशते) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। फिरि कइ = फिर कर = लौट कर। भवँर = भ्रमर = भौंरा। लीन्ह = लिया = अलात्। मधु = पुष्परस = मकरन्द। बासा = वास = सुगन्ध। सरद = शरत् = शरत् ऋतु। चाँद = चन्द्र = चंद। मुख = मुँह। जीभ = जिह्वा। उघेली = उघारी = उघेरइ वा उघारइ (उद्घाटयति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन। खंजन = खञ्जन = खञ्जरीट = एक प्रसिद्ध पक्षी जो शरत् ऋतु में देख पडता है। नइन = नयन = आँख। उठे = उठइ (उत्तिष्ठते) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, द्वि-वचन। कइ = कर। केली = केलि = क्रीडा। बिरह = विरह = प्रियवियोग। बोल = बोली = बात। आउ = आवइ (आयाति) = आती है। ताई = तावइ (तायते) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन = ताय गई = मूँद गई = बंद हो गई। मरि मरि = मर मर कर = मारं मारम्। बोलि = बोली = बात। जीउ = जीव = प्राण। बरिआई = वरबलेन = प्राबल्येन = हठ से = जबर्दस्ती से। दवइ = दव = दवाग्नि = वन की आग। दारुन = दारुण = कठिन। हिअ = हृदय = दिल। काँपा = काँपइ (कम्पते) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। खोलि = खोला। जाइ = याति = जाता है। दुख = दुःख। झाँपा = झाँपइ (झम्पति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग एक-वचन।

उदधि = उदक (जल) जिस में रहे। समुँद = समुद्र। जस = जैसे = यथा। तरँग = तरङ्ग = लहर। देखावा = देखावइ (दर्शयति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। चखु = चक्षुः = आँख। घूमहिँ = घूर्मयन्ति = घूमती हैं। बात = वार्त्ता = बोली। आवा = आवइ (आयाति) = आती है। यह = अयम्, वा इदम्। सुठि = सुष्ठु = अच्छा। लहरि = लहर = लहरी = तरङ्ग। धावा = धाव = धावइ (धावति) = धावती है = दौडती है। भवँर = भ्रमर = भौंर। परा = पडा हुआ = पतित। जिउ = जीव = प्राण। थाह = स्थल = जमीन। पावा = पाव = पावइ (प्राप्नोति) = पाता है। सखी = हे आली। आनि = आनीय = आन कर = ला कर। देहु = देओ = दद्याः। त = तर्हि = तो। मरऊं = मरूं = मराणि। पेट = पिटक = उदर। ताहि = तिस के। डर = दर = भय। डरऊँ = डरती हूँ (दरामि = बिभेमि)॥

खनहिँ = क्षण में। उठइ = उत्तिष्ठते = उठता है = ऊपर आता है। खन = क्षण में। बूडइ = ब्रुडते = बूडता है = डूब जाता है। अस = ऐसा = एतादृश। हिअ = हृदय। सँकेत = संकेत = संकष्ट = महादुःख। हीरामनिहि = हीरामणेः = हीरामणि (शुक) को। बोलावहु = बोलावइ (वादयति) का विध्यर्थ में मध्यम-पुरुष का बहु-वचन। सखी = हे आली। गहन = ग्रहण। लेत = लेइ (लाति) = लेता है॥

सूर्य का नाम सुन कर (पद्मावती) कमल खिल उठा, भ्रमर लौट कर (उस के) रस का वास लेने लगा, अर्थात् शरीर में प्राण आ जाने से शरीर की सुगन्ध चारो ओर फैल गई जिस से फिर भ्रमर लौट कर वास लेने लगे। शरद काल के चन्द्र ऐसे मुख ने जीभ खोली, खञ्जन नयन, अर्थात् खञ्जन से नयन क्रीडा कर उठे, अर्थात् खुले। खञ्जन, और मछली की चञ्चलता ले कर कवि लोग आँख की उपमा खञ्जन और मछली से देते हैं। गिरिधरदास ने भी लिखा है कि 'सफरी से चल नैन'। विरह से मुख बंद हो गया, बोल नहीं आती है, प्राण मर मर कर जबर्दस्ती से बोली (कुछ) बात कहता है। कठिन विरहाग्नि से हृदय काँपने लगा, विरहदुःख ने (फिर मुख को) बंद कर दिया, (मुँह) खोला नहीं जाता। सुखादु पानी के समुद्र ऐसा (विरह ने) तरंग को देखाने लगा, आँख घूमने लगी, मुँह से बात नहीं आती। पुराणों में कथा है कि जिस समुद्र का सुस्वाद पानी है उसी में वडवानल है जिस कारण से उस समुद्र में बडे बडे तरँग उठते हैं। भास्कराचार्य ने भी अपनी सिद्धान्त-शिरोमणि के गोलाध्याय में लिखा है कि "स्वादूदकान्तर्वडवानलोऽसौ"। बडे तरंग ही के

कारण कवि ने 'उदधि समुंद' का प्रयोग किया है। यहाँ उदधि से समुद्र ग्रहण करने से पुनरुक्ति दोष होता है इस लिये उदधि से 'सुन्दरपानी-वाला' यही अर्थ करना चाहिए। इस अच्छे (समुद्र) में लहर पर लहर दौडती है, अर्थात् उठती है, भौंर में पडा जी थाह नहीं पाता है। (पद्मावती कहती है, कि) हे सखि विष ला कर दे दे तो मर जाऊँ (जिस से) पेट में जी न रहे, (क्योंकि उसी जी के रहने के) डर से डरती हूँ, अर्थात् जब तक पेट में जी है तब तक यह डरा करता है और उसी के डर से मैं भी डरती हूँ ॥

एक क्षण में जी उठता है, अर्थात् होश में आ जाता है दूसरे क्षण में (विरह सागर में) डूब जाता है, अर्थात् बेहोश हो जाता है। इस तरह से (हे सखि) हृदय-कमल में बहुत-ही कष्ट है। (हे सखि) (विरह) ग्रहण जी लेता है। (शीघ्र) हीरामणि (शुक) को बुलाओ ॥ २५६ ॥

चउपाई ।

पुरइनि धाइ सुनत खन धाईँ। हीरामनिहि बेगि लेइ आईँ ॥
जनहुँ बइद ओखद लेइ आवा। रोगिआ रोग मरत जिउ पावा ॥
सुनत असीस नइन धनि खोली। बिरह बइन कोइल जिमि बोली ॥
कवँलहि बिरह बिथा जसि बाढी। केसरि बरन पिअरि हिअ गाढी ॥
कित कवँलहि भा पेम अँकूरू। जउँ पइ गहन लीन्ह दिन सूरू ॥
पुरइनि छाँह कवँल कइ करी। सकल बिभास आस तुम्ह हरी ॥
पुरुख गँभीर न बोलहिँ काहू। जउँ बोलहिँ तउ अउरु निबाहू ॥

दोहा ।

एतना बोल कहत मुख पुनि होइ गई अचेत ।
पुनि कइ चेत सँभारी उहइ बकत मुख लेत ॥ २५७ ॥

पुरइनि = पद्मिनी = जल का पुष्प विशेष जिस के पत्र चारो ओर से जल को छिपाए रहते हैं। धाइ = धाई = धात्री = बचपन में दूध पिलाने-वाली। सुनत = सुनते-ही। खन = क्षण। धाईँ = धावइ (धावति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, बहु-वचन।

हीरामनिहि = हीरामणि को। बेगि = बेगेन = शीघ्र। लेइ = ले कर = आलाय। आईं = आवइ (आयाति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का बहु-वचन। जनहुँ = जानों = जानें = जान पडता है। बइद = वैद्य = बैद। ओखद = औषध = दवा। आवा = आवइ (आयाति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। रोगिआ = रोगी। रोग = बीमारी। मरत = मरन् = मरते। जिउ = जीव = प्राण। पावा = पावइ (प्राप्नोति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। असीस = आशीस = आशीर्वाद। नइन = नयन = आँख। धनि = धन्या (पद्मावती)। खोली = खोलइ (खोलति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन। बिरह = विरह = प्रियवियोग। बइन = वचन = बैन। कोइल = कोकिला = कोयल = पिक। जिमि = यथा = जैसे। बोली = बोलइ (वदति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन। कवँलहि = कमल में (पद्मावती को)। बिथा = व्यथा = पीडा। जसि = जैसी = यथा। बाढी = बाढइ (वर्धते) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन। केसरि = केशर = एक प्रसिद्ध पुष्प की पखडी। बरन = वर्ण = रङ्ग। पिअरि = पीली = पीत। हिअ = हृदय। गाढी = गाढ का स्त्रीलिङ्ग = गहिरी। कित = कुतः = क्यों। भा = बभूव = भया = हुआ। पेम = प्रेम। अँकूरू = अङ्कुर = अँखुआ। जउँ = यदि = जो। पइ = अपि = निश्चय। गहन = ग्रहण। लीन्ह = लिया = अलात्। सूरू = सूर्य। छाँह = छाया। कइ = की। करी = कली। सकल = सब। बिभास = विभास = प्रकाश = तेज = कान्ति। आस = आशा = उम्मीद। तुम्ह = तुम ने। हरी = हरइ (हरति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन। पुरुख = पुरुष = मनुष्य। गँभीर = गभीर = गम्भीर। बोलहिँ = वदन्ति = बोलते हैं। काहू = कस्यापि = किसी को वा क्वापि = कभीं। तउ = तर्हि = तो। अउरु = अपि च = और। निबाहू = निबाह = निबाहहिँ (निर्वाहयन्ति) = निबाहते हैं॥

एतना = एतावती = इतनी। बोल = बोली = बात। कहत = कथयन्ती = कहते। मुख = मुँह। होइ गई = हो गई। अचेत = अचेतन = बेहोश। पुनि = पुनः = फिर। कइ = कर = से। चेत = चेतन = होश। सँभारी = सँभारइ (सम्भारयति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन। उहइ = वही। बकत = बकते = कहते। लेत = लेते॥

(हीरामणि को ले आओ इस बात के) सुनने-ही के क्षण में पुरइनि (ऐसी) धाई दौडीं और झट हीरामणि को ले आईं। (हीरामणि का उस समय में ले आना ऐसा हुआ) जानों वैद्य ने औषध को ले आया और जानों रोग से मरते मरते रोगी ने प्राण पाया। (हीरामणि ने आते-ही आशीस दी) धन्या (पद्मावती) ने आशीस सुनते-ही

आँख खोली और कोयल ऐसी विरह वचन बोली। कमल मैं अर्थात् मेरे मैं जैसी जैसी विरह व्यथा बढने लगी (वैसा वैसा मेरी देह का) रंग केशर सा होता गया, (अब) हृदय मैं गाढी पिअराई (छा गई) है। यदि दिन ही मैं निश्चय कर ग्रहण ने सूर्य को ले लिया, अर्थात् यदि दिन मैं सूर्य को ग्रहण से अदृश्य होना था, तो क्यों कमल (मेरे) मैं प्रेम का अङ्कुर उत्पन्न हुआ। पुरइनि (धाइओं) की छाया मैं (सुख से) कमल-कली (मैं) थी, (उस को) तुम ने सब आशा और कान्ति को हर लिया, अर्थात् तुम ने उस सूर्य रत्न-सेन का नाम सुना कर, मेरे मैं प्रेमाङ्कुर पैदा किया फिर उस सूर्य रत्न-सेन को अदृश्य कर अब मेरी सब आशा और कान्ति नष्ट कर डाली। गम्भीर पुरुष (कभी) किसी से नहीं बोलते अर्थात् किसी को वचन नहीं देते, और यदि देते हैं, तो निर्वाह करते हैं अर्थात् वचन दे कर उस का पालन करते हैं, तुम ने वचन दिया है मुझ को उस सूर्य रत्न-सेन का दर्शन कराओ॥

इतनी बात मुख से कहते कहते (पद्मावती) फिर बेहोश हो गई, (कुछ देर मैं) उसी (बात) को बकते और उसी (रत्न-सेन के नाम) को मुख से लेते फिर अपने होश को सँभाली, अर्थात् फिर होश मैं आई ॥ २५७ ॥

चउपाई ।

अउरु दगध का कहउँ अपारा। सुनइ सो जरइ कठिन असि झारा॥
होइ हनिवंत बइठ हइ कोई। लंका डाहि लागु तनु सोई॥
लंका बुझी आगि जउँ लागी। यह न बुझइ तस उपज बजागी॥
जनहुँ अगिनि के उठहिँ पहारा। वेइ सब लागहिँ अंग अँगारा॥
कँपि कँपि माँसु सुराग पुरोआ। रकत कि आँसु माँसु सब रोआ॥
खन एक मारि माँसु अस भूँजा। खनहिँ जिआइ सिंघ अस गूँजा॥
यह रे दगध हुति उतिम मरीजिअ। दगध न सहिअ जीउ बरु दीजिअ॥

दोहा ।

जहँ लगि चंदन मलइ-गिरि अउ साएर सब नीर।
सब मिलि आइ बुझावहिँ बुझइ न आगि सरीर॥ २५८॥

अउरु = अपर = और । दगध = दग्ध = दाह = जलन । का = किम् = क्या । कहउँ = कहूँ (कथयानि) । अपारा = अपार = बेहद्द । सुनइ = शृणोति = सुनता है । सो = सो = स: = वह । जरइ = ज्वलति = जलता है । कठिन = कठोर । असि = ऐसी = एतादृशी । झारा = झार = तेजी = तीव्रता = तिखाई = तीक्ष्णता । होइ = हो कर (भूत्वा) । हनिवंत = हनुमान् । बइठ = बैठा = उपविष्ट । हइ = है (अस्ति) । कोई = कोऽपि । लंका = लङ्का = रावण की राजधानी । डाहि = दग्ध्वा = दाह कर = जला कर । लागु = लाग = लगा है (लगति) । तनु = शरीर = देह । सोई = स एव = वही । बुझी = बुझइ (बुझते) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन । आगि = अग्नि । जउँ = यदि । लागी = लगइ (लगति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन । बुझइ = (बुझते) = बुझती है । तस = तथा = तैसी । उपज = उपजी = उत्पन्न हुई । बजागी = वज्राग्नि । जनऊँ = जाने = जानों = जान पडता है । अगिनि = अग्नि = आग । उठहिँ = उत्तिष्ठन्ते = उठते हैँ । पहारा = पहाड = प्रहार । वेइ = वे । लागहिँ = लगन्ति = लगते हैँ । अंग = अङ्ग = देह । अँगारा = अङ्गार । कँपि = कम्पयित्वा = कँप कर । माँसु = मांस = माँस । सुराग = सुरङ्गा = सुरङ्ग । पुरोआ = पुरोअइ (प्रवयति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन । रकत = रक्त = लोहू । कि = की । आँसु = अश्रु = आँस । रोआ = रोअ = रोअहिँ = रुदन्ति = रोती हैँ । खन = क्षण । एक = एक । मारि = मारयित्वा = मार कर । अस = ऐसा = एतादृश । भूँजा = भूँजइ (भ्रज्जति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन । खनहिँ = क्षण मेँ । जिआइ = आजीव्य = जिला कर । सिंघ = सिंह, प्रसिद्ध जन्तु । गूँजा = गूँजइ (गर्जति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन । ऊति = से । उतिम = ऊतिम = उत्तम । मरीजिअ = मरजाना । सहिअ = सहना चाहिए (सह्येत) । जीउ = जीव = प्राण । बरु = वरम् = श्रेष्ठ = भला । दीजिअ = दीजिए (दीयेत) ॥

जहँ लगि = जहाँ तक । चंदन = चन्दन । मलइ-गिरि = मलय-गिरि = मलयाचल । अउ = और = अपि च । साएर = सागर = जलस्थान । नीर = जल = पानी । मिलि = मिलित्वा = मिल कर । आइ = एत्य = आ कर । बुझावहिँ = बुझावेँ । बुझइ = बुझती है । सरीर = शरीर = देह ॥

(पद्मावती फिर कहने लगी कि) और अपार दाह को क्या कहूँ (इस की) ऐसी कठिन तेजी है कि (इस के नाम को) जो सुनता है वही जलने लगता है । (जान पडता है कि) कोई हनुमान हो कर, (शरीर मेँ) बैठा है और वह हनुमान लङ्का को जला कर

(अब मेरी) शरीर में लगा है, अर्थात् शरीर जलाने के लिये शरीर में पैठा है। यदि लङ्का में आग लगी तो (कुछ काल में) बुझ गई, (परन्तु) यह ऐसी वज्राग्नि उत्पन्न हुई है कि बुझती ही नहीं। जान पडता है कि (शरीर के भीतर से) आग के पहाड उठते हैं और वे सब अङ्गों में अङ्गार से लगते हैं। (जान पडता है कि) काँप काँप कर, अर्थात् गल गल कर, माँस सुरङ्ग में चली जाती हैं, (उस दुःख से) सब माँस रक्ताश्रु के बहाने रो रही हैं। ऐसा (जान पडता है कि कोई) एक चण में मार कर माँस को भूँजता है, फिर दूसरे चण में जिला कर (भय दिखाने के लिये) सिंह के ऐसा गर्जता है। अरे (हीरामणि) इस दाह से अच्छा तो मर जाना है, जीव दे देना अच्छा पर इस दाह का सहना नहीं अच्छा ॥

(संसार में) जहाँ तक मलयाचल चन्दन हैं और सब जलस्थल में जितने पानी हैं, सब एकट्ठाँ हो (मेरे पास आ कर यदि बुझावें तो भी शरीर की आग नहीं बुझती) ऐसा मुझे जान पडता है। यहाँ पर यह कवि की अतिशयोक्ति है ॥ २५८ ॥

चउपाई ।

हीरामनि जो देखी नारी। प्रीति बेलि उपनी हिअ बारी ॥
कहेसि कस न तुम्ह होहु दुहेली। अरुझी पेम प्रीति कइ बेली ॥
प्रीति-बेलि जनि अरुझइ कोई। अरुझा मुअइ न छूटइ सोई ॥
प्रीति-बेलि अइसइ तनु डाढा। पलुहत सुख बाढत दुख बाढा ॥
प्रीति-बेलि कइ अमर सो बोई। दिन दिन बढइ खीन नहिँ होई ॥
प्रीति-बेलि सँग बिरह अपारा। सरग पतार जरइ तेहि झारा ॥
प्रीति अकेलि बेलि चढि छावा। दोसर बेलि न सरिवरि पावा ॥

दोहा ।

प्रीति-बेलि उरझाइ जब　तब सो छाँह सुख साख ।
मिलइ पिरीतम आइ कइ　दाख बेलि रस चाख ॥ २५९ ॥

हीरामनि = हीरामणि (शुक)। देखी = देखइ (पश्यति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन। नारी = स्त्री, वा नाडी हाथ की। प्रीति = स्नेह। बेलि = वल्ली = लता।

उपनी = उपनइ (उत्पद्यते) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन। हित्र = हृदय। बारी = वालिका (पद्मावती) वा वाटिका = बाग। कहँसि = कहा = अकथयत्। कस = कथम् = क्यों। होऊ = हो (भवत)। दुहेली = दुर्हेली = दुःखिता। अरुझी = अरुझइ (अवरुध्यते) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन। पेम = प्रेम। कइ = की। बेली = वल्ली। जनि = न = मत। अरुझइ = अरुझे (अवरुध्येत)। कोई = कोऽपि। अरुझा = अरुझा हुआ = अवरुद्ध। मुअइ = मरता है = मरति। छूटइ = छूटता है (छन्द्यते)। सोई = स हि = वह। अइसइ = ऐसे ही = एतादृश। तनु = शरीर। डाढा = डाढ = दाहइ (दहति) = जलाती है। पलुहत = पल्लवित = लगने में। बाढत = बढते = वर्धयन्। दुख = दुःख। बाढा = बाढइ (वर्धते) का भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। कइ = के यहाँ को। अमर = जो मरे नहीं। सो = सो = वह (परमात्मा, भगवान्)। बोई = बोअइ (वपति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन। बढइ = वर्धते = बढती है। खीन = क्षीण = नाश। होई = भवति = होती है। सँग = सङ्ग = साथ। बिरह = विरह = प्रियवियोग। अपारा = अपार = बेहद। सरग = स्वर्ग। पतार = पाताल। जरइ = ज्वलति = जलता है। तेहि = तिस के = उस के। झारा = झार = तेजी = तीव्रप्रभाव। अकेलि = अकेली = एकला। चढि = चढ कर (उच्चस्य)। छावा = छाव = छावइ (छादयति) = छावती है। दोसर = दूसरी = द्वितीया। सरिवरि = बराबरी = सादृश्य = साम्य। पावा = पाव = पावइ (प्राप्नोति) = पाती है॥

उरझाइ = उरझइ (अवरुद्ध्यते) = अरुझती है। जब = यदा। तब = तदा। छाँह = छाया। साख = शाखा। मिलइ = मिले (मिलेत्)। पिरीतम = प्रियतम = सब से प्यारा। आइ कइ = एत्य = आ कर। दाख = द्राचा = अङ्गूर। चाख = चखे (चषेत्) = चक्खे॥

हीरामणि ने जो नाडी वा नारी (पद्मावती) देखी तो (समझ लिया कि इस के) हृदय-वाटिका में प्रीति की बेलि उत्पन्न हुई, वा इस वालिका के हृदय में प्रीति-बेलि उत्पन्न हुई। (देख कर शुक ने) कहा कि (तुमारे हृदय में) प्रीति-बेलि अरुझ गई फिर तुम क्यों न दुखिआ हो। (ईश्वर करे) कोई प्रीति-बेलि में न अरुझे, (क्योंकि) अरुझने-वाले के मरने पर भी वह प्रीति-बेलि नहीं छूटती, अर्थात् मरने पर भी प्रीति-बेलि से छुटकारा नहीं होता। (जैसी तुमारी शरीर जल रही है) उसी तरह प्रीति-बेलि शरीर को जलाती है, प्रीति-बेलि के उत्पन्न होने में तो सुख जान पडता है (परन्तु यह ज्यों ज्यों) बढती जाती है (त्यों त्यों) उसी के साथ दुःख बढता जाता है।

परमात्मा ने प्रीति-बेलि को अमर कर के बोया है। यदि बोई के स्थान में पोई पाठ हो तो पोई=पोअइ (पचति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग का एक-वचन समझना और तब 'प्रीति-बेलि को अमर कर के पोया है अर्थात् बनाया है' ऐसा अर्थ करना। (यह) दिन दिन बढती है चीण नहीँ होती। प्रीति-बेलि के साथ साथ अपार विरह भी रहता है जिस के झार (कटुता) से स्वर्ग और पाताल (दोनोँ) जलते हैँ। प्रीति-बेलि अकेली चढ कर (स्वर्ग और पाताल को) छा लेती है, दूसरी बेलि इस की समता को नहीँ पाती है॥

जब प्रीति-बेलि (हृदय मेँ) अरुझ जाती है, तब सुख-रूप शाखा उस की छाया मेँ पड जाती है, अर्थात् प्रीति-बेलि के छा लेने से सुख-शाखा उस की छाया मेँ पड कर दब जाती है, (जब) प्रियतम आ कर मिले (तब) द्राचा-बेलि के रस को चक्खे, अर्थात् द्राचा-रस सदृश प्रियतम मिले तब प्रीति-बेलि-रस से दुःखित प्राणी सुख पावे नहीँ तो जन्म भर प्रीति-बेलि में अरुझा तडप तडप कर कराहता रहे॥ २५९॥

चउपाई।

पदुमावति उठि टेकइ पाया। तुम्ह हुति हो प्रीतम कइ छाया॥
कहत लाज अउ रहइ न जीऊ। एक दिसि आगि दोसरि दिसि सीऊ॥
तुम्ह सो मोर खेवक गुरु देऊ। उतरउँ पार तेही बिधि खेऊ॥
सूर उदइ-गिरि चढत भुलाना। गहने गहा कवँल कुम्हिलाना॥
ओहट होइ मरउँ तेहि झूरी। यह सुठि मरन जो निअरहि दूरी॥
घट मँह निकट बिकट भा मेरू। मिलेहु न मिलइ परा तस फेरू॥
दामवती नल हंस मिलावा। तब हीरामनि नाउँ कहावा॥

दोहा।

मूरि सजीवनि दूरि इमि सालौ सकती बानु।
प्रान मुकुत अब होत हइ बेगि देखावहु आनु॥ २६०॥

पदुमावति=पद्मावती। उठि=उत्थाय=उठ कर। टेकइ=टेकती है (टीकयति)। पाया=पाय=पैर=पाद। तुम्ह हुति=तुम से। हो=अहो। प्रीतम=प्रियतम।

कद्द = की । छाया = छाहँ । कहत = कहते (कथयन्) । लाज = लज्जा । अउ = अपि = और । रहइ = रहति = रहता है । एक = एक । दिसि = दिशि = दिशा में । आगि = अग्नि । दोसरि = दूसरी = द्वितीया । सीऊ = सीत = शीत = पानी । सो = सो = सः = वह । मोर = मेरा = मम । खेवक = खेवने-वाले । गुरदेऊ = गुरुदेव । उतरउँ = उत्तरामि = उतरूँ । तेही = तेही = तिस । बिधि = विधि = प्रकार । खेऊ = खेवइ (खेवते) का विध्यर्थ में मध्यम-पुरुष, पुंलिङ्ग का एक-वचन । सूर = सूर्य । उदइ-गिरि = उदय-गिरि = उदयाचल । चढत = चढते = उच्चलन् । भुलाना = भुलइ (भ्रमति) का भूत-काल, एक-वचन । गहने = ग्रहणे = ग्रहण में । गहा = ग्रस्त हुआ (जकडे) । कवँल = कमल । कुम्हिलाना = कुम्हिलाइ का भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन = कुम्लान हुआ = बुरी तरह से मलिन हुआ । ओहट = अरहट्ट = रहँट = पुरवट । होइ = हो कर = भला । मरउँ = मरती हूँ (मरामि) । झूरी = झूर हो कर = सूख कर = झरिला = झर कर । सुठि = सुष्ठु = अच्छा । मरन = मरण = मरना । निअरहि = निकटे हि = निकट में । दूरी = दूर । घट = शरीर । मँह = मध्ये = में । निकट = नगीच । बिकट = विकट = कठिन । भा = भया = बभूव = हुआ । मेरू = मेरु = मेरुदण्ड । मिलेऊ = मिलने पर । मिलइ = मिलति = मिलता है । परा = पडा = परइ (पतति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन । तस = तथा = तैसा । फेरू = फेर = फेरा । दमावती = दमयन्ती । नल = राजा नल । हंस = प्रसिद्ध मानस सर का पक्षी । मिलावा = मिलावइ (मेलयति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन । तब = तदा = तो । हीरामनि = हीरामणि (शुक) । नाउँ = नाम । कहावा = कहावइ (कथ्यते) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन ॥

मूरि = मूली । सजीवनि = सञ्जीवनी = जिलाने-वाली । दूरि = दूर । इमि = इस तरह से = इस प्रकार से । साली = सालइ (शल्यति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन । सकती = शक्ति । बानु = वान = वाण । प्रान = प्राण = जीव । मुकुत = मुक्त = छूटता । अब = इदानीम् = अधुना । होत हइ = होता है । बेगि = वेगेन = शीघ्र । देखावहु = देखाओ (दर्शयत) । आनु = आनय = आनो = ले आओ ॥

पद्मावती उठ कर (हीरामणि के) पैर को टेकने लगी, अर्थात् उस के पैर पर अपना शिर रख दिया (और कहने लगी कि) अहो (शुक) तुम्हीं से प्रियतम की छाया है, अर्थात् तुम्हारे ही उद्योग से अपने प्रियतम की परछाहीं देख सकती हूँ । कहने में लज्जा आती है और (कहे विना) जी रहता नहीं, एक तरफ आग और

दूसरी तरफ पानी है (क्या करूँ किधर जाऊँ)। तुम मेरे गुरुदेव खेवक हो, इस रीति से खेओ जिस में (इस विरहसागर के) पार उतर जाऊँ। (तुम ने सुना होगा कि) सूर्य (रत्न-सेन) उदयाचल (गढ) पर चढते भूल गया, (अब) ग्रहण में पकड गया (इसी से) कमल (मैं) कुम्हिला गया, इसी कारण मैं रहँट हो कर भी सूख कर मर रही हूँ, अर्थात् दिन रात आँसू के जल से नहा रही हूँ तौ भी सूख कर मरती हूँ, जैसे जल के भीतर रह कर भी सूर्य के विना कमल मुरझा जाता है। यह अच्छा मरना है (जो प्रियतम के) नगीच में रह कर भी दूर पर हूँ, अर्थात् अलग हूँ। घट (शरीर) में नगीच ही मेरुदण्ड रहने पर भी (उस का मिलना) कठिन हो गया। (गुद-मूल से शिर तक शरीर में पीठ की ओर जो एक हड्डी चली गई है उसी में लगा हुआ भीतरी ओर मेरुदण्ड है इसी में छ कमल हैं। यदि योगाभ्यास से मेरुदण्ड को ठीक ठीक पहचान कर प्राण उन कमलों में चढ जाय तो फिर सिद्ध हो कर अमर हो जाना सहज है।) ऐसा फेर पड गया है कि मिलने पर भी (वह मेरुदण्ड, अर्थात् रत्न-सेन) नहीँ मिलता है।) जैसे हंस ने दमयन्ती और नल को मिला दिया (ऐसे ही तुम मुझे राजा रत्न-सेन से मिला दो) तब तो हीरामणि तुमारा नाम कहने योग्य (नहीँ तो काच से भी अधम तुमारा नाम समझूँगी)। विदर्भ देश के राजा भीम-सेन की कन्या दमयन्ती थी और निषध देश का राजा नल था। नल ने अपने बाग के तडाग में एक विचित्र हंस को देख कर पकड लिया। उस के रोने पर करुणा में आ कर छोड दिया। छुटने पर हंस ने प्रसन्न हो कर कहा कि राजा आप ने दया कर जो मुझे छोड दिया इस के प्रत्युपकार में मैं जगत्-सुन्दरी दमयन्ती से आप का विवाह करा दूँगा। फिर हंस ने दमयन्ती के यहाँ जा कर नल की प्रशंसा कर बडे उद्योग से दोनों को मिलाया। इस की कथा भारत और श्रीहर्षरचित नैषध काव्य में विस्तार से लिखी है। जिस समय नल से विदा हो कर हंस दमयन्ती के यहाँ चलने लगा है, उस समय नल के आशीर्वाद की कविता श्रीहर्ष ने नैषध में ऐसी की है—

तव वर्त्मनि वर्त्ततां शिवं पुनरस्तु त्वरितं समागमः ।
अयि साधय साधयेप्सितं स्मरणीयाः समये वयं वयः ॥

(पद्मावती विलपती है कि) सञ्जीवनी मूली (राजा रत्न-सेन) दूर है (और यहाँ पर मुझे) इस तरह से शक्ति-बाण, अर्थात् शक्ति-साल रही है, (अरे हीरामणि)

अब प्राण छूटने चाहता है, शीघ्र (रत्न-सेन को) देखाओ (शीघ्र उसे) ले आओ। रावण के बेटे मेघनाद की ब्रह्म-दत्त शक्ति (साँगी) प्रसिद्ध है जिस के आघात से लक्ष्मण अचेत हो गए थे। उन के जिलाने के लिये हनुमान द्रोणाचल को उठा लाए थे जिस पर कि सञ्जीविनी जडी थी। रामायण में यह कथा प्रसिद्ध है ॥ २६० ॥

चउपाई।

हीरामनि भुइँ धरा लिलाटू। तुम्ह रानी जुग जुग सुख पाटू ॥
जेहि के हाथ जरी अउ मूरी। सो जोगी नाहीँ अब दूरी ॥
पिता तुम्हार राज कर भोगी। पूजइ बिपर मरावइ जोगी ॥
पवँरि पंथ कोतवार बईठा। पेम क लुबुध सुरंग पईठा ॥
चढत रइनि गढ होइ गा भोरू। आवत बार धरा कइ चोरू ॥
अब लेइ देन गए ओहि सूरी। तेहि सौं अगाह बिथा तुम्ह पूरी ॥
अब तुम्ह जीउ कया वह जोगी। कया क रोग जान पइ रोगी ॥

दोहा।

रूप तुम्हार जीउ लेइ आपन पिंड कमावा फेरि।
आपु हेराइ रहा तेहि खंडहि काल न पावइ हेरि ॥ २६१ ॥

हीरामनि = हीरामणि (शुक)। भुइँ = भुवि = पृथ्वी में = जमीन में। धरा = धरइ (धरति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। लिलाटू = ललाट = मस्तक। तुम्ह = आप = आत्मा। रानी = राज्ञी। जुग = युग। पाटू = पाट = पट्ट = सिंहासन। जेहि = जिस। हाथ = हस्त। जरी = जडी। अउ = और। मूरी = मूली। सो = सः = वह। जोगी = योगी। नाहीँ = नहीँ = न हि। अब = अधुना = इदानीम्। दूरी = दूर। पिता = बाप। तुम्हार = तुम्हारा = आप का। राज = राज्य। कर = का। भोगी = भोग करने-वाला। पूजइ = पूजयति = पूजता है। बिपर = विप्र = ब्राह्मण। मरावइ = मारयति = मरवाता है। पवँरि = पवँरी = पौरी = पुरद्वार। पंथ = पन्थाः = राह। कोतवार = कोतवाल = कोटपाल। बईठा = बइठा = बैठा = बइठइ वा बैठइ (विशति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। पेम = प्रेम। क = का। लुबुध = लुब्ध = लोभी। सुरंग = सुरङ्गा। पईठा = पइठा = पैठा = पइठइ वा पैठइ (प्रविशति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन।

चढत = चढते (उच्चलन्)। रइनि = रजनी = रात। गढ = गाढ = दुर्ग = किला। होइ गा = हो गया। भोरू = भोर = सबेरा। आवत = आते = आयन्। बार = द्वार = दरवाजा। धरा = धरइ (धरति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। कइ = कर = कृत्वा। चोरू = चोर। अब = इदानीम् = अधुना। लेइ = ले कर = आलाय। देन = देने। गए = जाइ (याति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, बहु-वचन। ओहि = उसे। सूरी = शूली = फाँसी। तेहि सौं = तिसी से = उसी से। अगाह = अगाध = बेहद्द। बिथा = व्यथा = पीडा। तुम्ह = तुम्हें। पूरी = पूरइ (पूर्यते) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन। जीउ = जीव = प्राण। कया = काय = शरीर। रोग = मर्ज। जान = जानइ (जानाति) = जानता है। पइ = अपि = निश्चयेन। रोगी = रोगिआ = जिसे रोग हुआ हो॥

रूप = सूरत। आपन = अपना वा अपनी। पिंड = पिण्ड = देह। कमावा = कमाया = कमाइ का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। फेरि = फिर = पुनः। आपु = आप = स्वयम्। हेराइ = हेराइ = हरित। रहा = रहइ (रहति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। खंडहि = खण्ड में। काल = प्राण लेने-वाला यमदूत। पावइ = प्राप्नोति = पाता है। हेरि = हिण्डित्वा = हेर कर = ढूँढ कर॥

हीरामणि ने जमीन पर (अपने) मस्तक को रक्खा (और आशीर्वाद दिया कि) हे रानी तुम्हें युग युग सुख और सिंहासन है। जिस के हाथ में (जिलाने-वाली) जडी और मूली है, वह (राजा रत्न-सेन) योगी अब दूर नहीं है। तुम्हारा पिता (केवल) राज्य का भोगी है, ब्राह्मण को तो पूजता है (पर) योगी को मरवाता है। पुरद्वार की राह पर कोतवाल बैठा था, (वहाँ) प्रेम का लोभी (रत्न-सेन योगी) सुरंग लगा कर पैठा। रात में गढ पर चढते चढते भोर हो गया, (ऊपर) दरवाजे पर आते आते (कोतवाल के सिपाहिओं ने) चोर समझ कर पकड लिया। अब (लोग) उसे (रत्न-सेन को) पकड कर फाँसी देने गए हैं, इसी से तुम्ह भी अगाध पीडा से भर गई। अब तुम्ह जीव और वह योगी शरीर है, अर्थात् योगी का प्राण तुम हो और उस की खाली बेप्राण की शरीर वहाँ पर पडी है, निश्चय समझो कि रोगिआ ही शरीर के रोग को जानता है, अर्थात् तुम्ह दुखिआ हो तुम्ही समझती हो कि उस बेचारे दुखिआ पर क्या बीतता होगा॥

तुम्हारा रूप और अपना प्राण ले कर (रत्न-सेन ने) फिर से (योगाभ्यास के बल से) अपनी शरीर को बनाया है, अर्थात् अपनी देह को नई कर डाला है

जिसे कि योगी लोग काय-कल्प कहते हैं। (इसी से) उस खण्ड में, अर्थात् नए देह के अवयव में आप हेराय गया है (दूसरी देह हो जाने से) ढूँढने से भी (उसे) काल नहीं पाता है (इसी लिये अभी तक जीता है)॥ २६१॥

चउपाई।

हीरामनि जो बात यह कही। सुरुज के गहन चाँद पुनि गही॥
सुरुज के दुख जो ससि भइ दुखी। सो कित दुख मानइ करमुखी॥
अब जउँ जोगि मरइ मोहिँ नेहा। मोहिँ ओहि साथ धरति गगनेहा॥
रहइ तो करउँ जरम भरि सेवा। चलइ तो यह जिउ साथ परेवा॥
कउनु सो करनी कहु गुरु सोई। पर-काया परबेस जो होई॥
पलटि सो पंथ कउनु बिधि खेला। चेला गुरू गुरू होइ चेला॥
कउनु खंड अस रहा लुकाई। आवइ काल हेरि फिरि जाई॥

दोहा।

चेला सिद्धि सो पावई गुरु सउँ करइ उछेद।
गुरू करइ जउँ किरिपा कहइ सो चेलहि भेद॥ २६२॥

हीरामनि = हीरामणि (शुक)। जो = जो। बात = वार्त्ता। यह = अयम्, वा इयम्, वा इदम्। कह = कहइ (कथयति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन। सुरुज = सूर्य। के = के। गहन = ग्रहण। चाँद = चन्द्र। पुनि = पुनः = फिर। गही = गहइ (गृह्यते) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन। दुख = दुःख। ससि = शशि = चन्द्र। दुखी = दुःखित। सो = सा = वह। कित = कुतः = कस्मात् = क्यों। मानइ = मन्येत = माने। करमुखी = कृष्णमुखी = जिस का काला मुँह हो। अब = इदानीम् = अधुना। जउँ = यदि = जो। जोगि = जोगी = योगी। मरइ = मरेत् = मरे। मोहिँ = मोहिँ = मेरे। नेहा = नेह = स्नेह। ओहि = ओहि = उस का। साथ = सार्थ = संग। धरति = धरती = धरित्री = पृथ्वी। गगनेहा = गगन में = आकाश में। रहइ = रहे (रहेत्)। तो = तो = तर्हि। करउँ = कुर्याम् = करूँ। जरम = जन्म। भरि = भर = पूरा। सेवा = खिदमत = टहल। चलइ = चले (चलेत्)। जिउ = जीव = प्राण। परेवा = पारावत = पची। कउनु = कौन = को नु। करनी = करणी = कर्त्तव्यता।

कऊ = कह = कथय। सोई = साऽपि = वह, यहाँ उसे। पर-काया = परकाय = दूसरे की शरीर। परबेस = प्रवेश = जाना। होई = होय (भवेत्)। पलटि = परिवर्त्य = उलट कर। पंथ = पन्थाः = राह। बिधि = विधि = रीति = प्रकार। खेला = खेल = क्रीडा। चेला = शिष्य। गुरू = गुरु। होइ = होइ = हो = भवेत्। खंड = खण्ड = भूमि-खण्ड। अस = ऐसा = एतादृश। रहा = रहइ (रहति वा तिष्ठति) का भूत काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। लुकाई = लुका कर = लुक्कायित हो कर = छिप कर। आवइ = आयाति = आता है। काल = प्राण लेने-वाला यम-दूत। हेरि = हिण्डिला = हेर कर = ढूँढ कर। फिरि जाई = फिर जाता है = प्रयाति = लौट जाता है ॥

सिद्धि = अणिमादि अष्ट सिद्धि, जिन से जो चाहे सो कर ले। पावई = पावइ = प्राप्नोति = पाता है। सउँ = सोँ = से। करइ = करे = कुर्यात्। उछेद = उच्छेद = नाश = सर्वनाश। जउँ = यदि = जो। किरिपा = कृपा = दया। कहइ = कथयति = कहता है। चेलहि = चेला को। भेद = मर्म बात = हाल ॥

हीरामणि ने जो यह पिछले दोहे में बात कही (कि सूर्य का ग्रहण हो गया, अर्थात् रत्न-सेन पकड गया, तो) सूर्य के ग्रहण होने से, अर्थात् रत्न-सेन के पकड जाने का वृत्तान्त सुनने से, फिर चन्द्र (पद्मावती) भी ग्रस्त हो गई। सूर्य के दुःख से चन्द्रमा में जो दुःख हुआ, उस दुःख को कर-मुखी (सूर्य) क्यों माने, अर्थात् ग्रस्त सूर्य (रत्न-सेन) को क्या मालूम कि मेरे दुःख से चाँद (पद्मावती) के ऊपर कैसा वज्रपात के ऐसा दुःख पडा है। (पद्मावती कहने लगी, कि) यदि मेरे स्नेह से योगी (रत्न-सेन) मर जाय तो मेरा और उस का साथ यहाँ पृथ्वी और आकाश दोनों स्थानों में रहेगा। यदि पृथ्वी पर वह योगी (रत्न-सेन) रहे तो जन्म भर (उस की) सेवा करूँ (यदि परलोक में) चले तो यह मेरा प्राण पखेरू भी (उस के) साथ चलेगा। वह कौन सी क्रिया है जिस से परकाय में (प्राण का) प्रवेश हो, उस क्रिया को हे गुरु (शुक) कह, अर्थात् बताव। किस तरह से खेल अर्थात् काम किया जाय और वह कौन पथ है जिस से पलट कर चेला गुरु और गुरु चेला हो जाय। ऐसे कौन भूमि-खण्ड में (वह रत्न-सेन) लुका रहा है, जहाँ कि काल आता है और ढूँढ कर (लाचार हो कर न पाने से) लौट जाता है ॥

वही चेला सिद्धि को पाता है जो कि गुरु से सर्वनाश करता है अर्थात् गुरु के उपदेश से सब विघ्नों का नाश करता है। गुरु यदि कृपा करे तो चेला से सब

भेद कह दे। अर्थात् चेला उस सिद्धि को तभी पा सकता है जब निष्कपट हो सर्वनाश कर गुरु की शरण में आवे और गुरु उसे शुद्ध समझ कर कृपा कर उस सिद्धि मिलने के उपाय को ठीक ठीक बता दे ॥ २६२ ॥

चउपाई ।

अनु रानी तुम्ह गुरु वह चेला। मोहिँ पूँछेहु कइ सिद्ध नवेला ॥
तुम्ह चेला कहँ परसन भईँ। दरसन देइ मँडफ चलि गईँ ॥
रूप तुम्हार सो चेलइ डीठा। चित समाइ होइ चितर पईठा ॥
जीउ काढि तुम्ह लेइ उपसई। वह भा कया जीउ तुम्ह भई ॥
कया जो लागु धूप अउ सीऊ। कया न जानु जानु पइ जीऊ ॥
भोग तुम्हार मिला वह जाई। ओहि कइ बिथा सो तुम्ह कहँ आई ॥
तुम्ह ओहि घट वह तुम्ह घट माँहा। काल कहाँ पावइ ओहि छाँहा ॥

दोहा ।

अस वह जोगि अमर भा पर-काया परबेसु ।
आवइ काल तुम्हहिँ तिन्ह (देखे) फिरि कइ करइ अदेसु ॥ २६३ ॥

अनु = आन = शपथ = कसम = अणक । रानी = राज्ञी । तुम्ह = आप । गुरु = उस्ताद । वह = सः । चेला = शिष्य । मोहिँ = मुझ से । पूँछेऊ = पूँछइ (पृच्छति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, बहु-वचन । कइ = कर = कृत्वा । सिद्ध = सिद्ध पुरुष, जो चाहे सो कर डाले । नवेला = नवल = नया । कहँ = को, यहाँ से । परसन = प्रसन्न = खुश । भईँ = हुईँ (बभूविथ) । दरसन = दर्शन । देइ = दत्त्वा = दे कर । मँडफ = मण्डप । चलि गईँ = चली गईं । रूप = सूरत । तुम्हार = आप का । सो = वह = सः । चेलइ = चेला ने । डीठा = देखा = दृष्टिगोचर किया = ददृशे । चित = चित्त । समाइ = समेत्य = समाय कर । होइ = हो कर = भूत्वा । चितर = चित्र = तसवीर । पईठा = पइठा = पैठा = पइठइ (प्रविशति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन । जीउ = जीव = प्राण । काढि = कर्षयित्वा = खींच कर । लेइ = ले कर (आलाय) । उपसई = उपससर्प = उपससार = चली गईं = हट गईँ । भा = बभूव = हुआ । कया = काय = शरीर । भई = होइ (भवति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन । लागु = लाग = लागइ (लगति) = लगता है ।

धूप = घाम । अउ = अपि च = और । सीउ = शीत = ठंढक । जानु = जान = जानइ (जानाति) जानता है । पइ = अपि = निश्चय । भोग = सुखसामग्री । मिला = मिलइ (मिलति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन । वह = उस में । जाई = जा कर (याला) । ओहि कइ = उस की । बिथा = व्यथा = पीडा । तुम्ह कहँ = तुम को । आई = आवइ (आयाति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन । ओहि = उस के । घट = शरीर । माँहा = माँह = मध्य = में । काल = प्राण निकालने-वाला यम-दूत । कहाँ = कुच । पावइ = पावे (प्राप्नुयात्) । छाँहा = छाँह = छाया = परछाहीँ ॥

अस = ऐसा = एतादृश । जोगि = योगी = जोगी । अमर = जो मरे न । परकाया = परकाय = दूसरे की शरीर । परवेसु = प्रवेश । आवइ = आयाति = आता है । तुम्हहिँ = तुम्हें । तिन्ह = तिन्हें । फिरि कइ = फिर कर = लौट कर । करइ = करोति = करता है । अँदेसु = अंदेश = अँदेसा = चिन्ता ॥

(हीरामणि ने कहा कि) रानी तुम्हारा शपथ है, तुम्ह गुरु और वह (रत्न-सेन) तुम्हारा चेला है । आन शपथ के अर्थ में तुलसी-दास ने भी अयोध्याकाण्ड में लिखा है— 'सपथ तुम्हार भरत कइ आना । हेतु न दूसर मैँ कछु जाना' । (उसे) नया सिद्ध कर (अब) मुझ से पूछी हो । आप (उस) चेले के ऊपर प्रसन्न हुईँ, (महादेव के) मण्डप में (उसे) दर्शन दे कर चली गईँ । उस चेले (रत्न-सेन) ने तुम्हारे रूप को देखा, (देखते ही वह रूप) चित्त में समाय कर तसवीर हो कर (भीतर) पैठ गया । आप (उस का) जीव निकाल कर (उस मण्डप से) हट गईँ, (अब) वह (रत्न-सेन) तो शरीर हुआ और आप (उस शरीर का जीव) हुईँ । शरीर में जो धूप और शीत लगते हैँ उन्हें शरीर नहीँ जानती निश्चय कर जीव जानता है, अर्थात् प्राण ही धूप और शीत का अनुभव करता है जड शरीर को धूप-शीत का कुछ भी ज्ञान नहीँ । तुम्हारा भोग-विलास जा कर उसे मिला और उस की वह पीडा तुम्हारे यहाँ चली आई । तुम्ह उस की शरीर में और वह तुम्हारी शरीर में है, अर्थात् परकायप्रवेशविद्या से तुम्ह उस की देह में और वह तुम्हारी देह में प्रवेश कर गया है, (इस लिये) काल उस की परछाहीँ भी कहाँ पावे, अर्थात् वह रत्न-सेन योगी परकायप्रवेशविद्या से तुम्हारे (परब्रह्म-स्वरूप रूप) में लीन हो गया, इस लिये अब काल उस के प्रतिबिम्ब को भी नहीँ पा सकता । वह अजर अमर ब्रह्मगुफा में पैठ कर ब्रह्म-रूप हो गया, वहाँ पर काल की गति ही नहीँ फिर वह बेचारा कैसे उस की छाया को पा सकता है ॥

इस तरह से वह योगी परकायप्रवेशविद्या से अमर हो गया। काल (प्राण लेने के लिये) तुम्हारे और उन के (रत्न-सेन के) पास आता है (पर आप लोगों का यथार्थ रूप न पा कर) लौट कर चिन्ता करता है, अर्थात् झंखता है कि यम-राज की आज्ञा से प्राण लेने के लिये आया पर यहाँ रूप मिलता ही नहीँ, अब क्या करूँ, और कहाँ ढूँढूँ ॥ २६३ ॥

चउपाई ।

सुनि जोगी कइ अम्मर करनी । नेउरी बिरह-बिथा कइ मरनी ॥
कवँल-करी होइ बिगसा जीऊ । जनु रबि देखि छूटि गा सीऊ ॥
जो अस सिद्ध को मारइ पारा । नीँऊ रस तइँ जो होय छारा ॥
कहउ जाइ अब मोर सँदेसू । तजहु जोग अब होहु नरेसू ॥
जनि जानहु हउँ तुम्ह सउँ दूरी । नइनहिँ माँझ गडी वह सूरी ॥
तुम्ह परसेत घटइ घट केरा । मोहिँ जिउ घटत न लागइ बेरा ॥
तुम्ह कहँ राज-पाट मइँ साजा । अब तुम्ह मोर दुअउ जग राजा ॥

दोहा ।

जउँ रे जिअहिँ मिलि केलि करहिँ मरहिँ तो एकइ दोउ ।
तुम्ह पिअ जिउ जनि होउ किछु मोहिँ जिउ होउ सो होउ ॥ २६४ ॥

इति मंत्री-खंड ॥ २४ ॥

सुनि = श्रुत्वा = सुन कर। जोगी = योगी। कइ = की। अम्मर = अमर। करनी = करणी = कर्म। नेउरी = नेउरइ (निवरति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन। बिरह-बिथा = विरह-व्यथा = विरह की पीडा। मरनी = मरण = मृत्यु। कवँल-करी = कमल-कली = कमल की कली। होइ = हो कर = भूत्वा। बिगसा = बिगसइ (विकाशते) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। जीऊ = जीव = प्राण। जनु = जाने = जानता हूँ = जानेँ। रबि = रवि = सूर्य। देखि = दृष्ट्वा = देख कर। छूटि गा = छूट गया। सीऊ = शीत = ठंढक। अस = ऐसा = एतादृश। सिद्ध = सिद्ध-पुरुष, जो चाहे सो कर डाले। को = को = कौन। मारइ = मारे (मारयेत्)। पारा = पारद = तुङ्गबीज।

नीँऊ = निंबू = निबुआ। तइँ = तें = से। होय = होय = होता है (भवति)। छारा = छार = चार = राख = भस्म। कहउ = कहो (कथयत)। जाइ = गला = याला = जा कर। अब = इदानीम् = अधुना। मोर = मेरा = मम। सँदेसू = सन्देश = सँदेसा। तजऊ = तज देओ = छोड देओ (त्यजथ)। जोग = योग। होऊ = होओ (भवथ)। नरेसू = नरेश = राजा। जनि = न = मत। जानऊ = जानइ (जानाति) का विध्यर्थ में मध्यम-पुरुष, बऊ-वचन। हउँ = अहम् = मैं। सउँ = से = तें। दूरी = दूर। नइनहिँ = नयनों = नयनयोः = आखों। माँझ = मध्य = में। गडी = गडइ (गडति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन। वह = सा। सूरी = शूली = फाँसी। तुम्ह = तुम्हारा = आप का। परसेत = प्रस्वेद = पसीना। घटइ = घटे = कम हो। घट = शरीर। केरा = का। मोहिँ = मेरे = मम। जिउ = जीव = प्राण। घटत = घटते = कम होते = निकलते। लागइ = लगता है (लगति), यहाँ लगेगा। बेरा = वेला = समय = काल। कहँ = को। राज-पाट = राज-पट्ट = राज-सिंहासन। मइँ = मैं। साजा = साजइ (सज्जयते) का भूत-काल, पुंलिङ्ग का एक-वचन। दुअउ = दोनों = द्वयोः। जग = जगत् = लोक। राजा = पति ॥

जउँ = यदि = जो। जिअहिँ = जीएँ (जीवेयम्)। मिलि = मिल कर = मिलित्वा। केलि = केलि = क्रीडा = भोग-विलास। करहिँ = करेँ (कुर्याम्)। तो = तो = तर्हि। एकइ = एक ही। दोउ = दोनों = द्वावपि। पिअ = प्रिय = पति। होउ = होवे = भवेत्। किछु = कुछ = किञ्चित् ॥


(हीरा-मणि से) योगी (रत्न-सेन) की अमर-करणी सुन कर, (पद्मावती की) विरह-व्यथा की मृत्यु हट गई। प्राण कमल-कली हो कर (फिर) विकशित ऊआ, जानों सूर्य देख कर शीत छूट गया। (पद्मावती कहने लगी कि) यदि ऐसा सिद्ध हो गया, तो (अब) पारे को कौन मारे, जो कि नीबू के रस से भस्म हो जाता है, अर्थात् जब सिद्ध हो गया, तो उसी के मिलने से सब मनोरथ सिद्ध हो जायगा, पारे के मारने से क्या प्रयोजन, क्योंकि मारा ऊआ पारा तो नीबू के रस से भस्म, अर्थात् राख हो जाता है; फिर उस में कुछ शक्ति ही नहीं रहती। वैद्यशास्त्र में पारा मारने की विधि लिखी ऊई है, उस विधि से बडे प्रयास से पारा मारा जाता है। मरे ऊए पारे के सेवन से अनेक रोग दूर हो जाते हैं। मरे ऊए पारे को बडे यत्न से रखना पडता है। यदि उस में नीबू का रस पड जाय, तो वह राख हो जाता है;

उस की सब शक्ति नष्ट हो जाती है। इस पर पद्मावती कहती है कि ऐसा जो रत्न-सेन सिद्ध हो गया तो उसी का सेवन करूँगी, उसी से सब रोग दूर करूँगी; जो पारा (क्षुद्र मनुष्य) नीबू के रस से (क्षुद्र मनुष्य के भोग-विलास से) राख हो जाता है अब उसे कौन मारे। (हे हीरा-मणि) अब जा कर तुम मेरे सँदेसे को कहो कि (पद्मावती ने कहा है कि) अब योग का त्याग करो (तपस्या पूरी हो गई) और अब राजा हो। यह न जानो कि मैं तुम से दूर हूँ, वह (तुम्हारी) शूली मेरी आँखों में गडी ऊई है। तुम्हारी शरीर के पसीने के घटने में (चाहे देर हो तो हो, पर) मेरे प्राण के घटने में, अर्थात् निकलने में, देर न लगेगी। आप के लिये मैं राज-सिंहासन सज चुकी, अब आप यह लोक पर-लोक दोनों में मेरे राजा अर्थात् स्वामी हैं॥

(अरे हीरा-मणि जा कर बेखटके कह दे कि) जब तक जीएँ मिल कर भोग-विलास करें, और मरें तो एक ही साथ रहें। हे (प्राण) प्रिय, आप के जीव को कुछ न हो, जो हो सो मेरे जीव को हो ॥ २६४ ॥

इति मन्त्रि-खण्ड-नाम चतुर्विंश-खण्डं समाप्तम् ॥ २४ ॥

अथ सूरी-खंड ॥ २५ ॥



चउपाई ।

बाँधि तपा आनेउ जहँ सूरी। जुरी आइ सब सिंघल पूरी ॥
पहिलइँ गुरू देइ कहँ आना। देखि रूप सब कोउ पछिताना ॥
लोग कहहिँ यह होइ न जोगी। राजकुअँर कोउ अहइ बिओगी ॥
काहु लागि भएउ हइ तपा। हिअइँ सो माल करइ मुख जपा ॥
जस मारइ कहँ बाजा तूरू। सूरी देखि हँसा मन सूरू ॥
चमके दसन भएउ उँजिआरा। जो जहँ तहाँ बीजु अस मारा ॥
जोगी केर करहु पइ खोजू। मकु न होइ यह राजा भोजू ॥

दोहा ।

सब पूँछहिँ कहु जोगी जाति जरम अउ नाओँ।
जहाँ ठाओँ रोअइ कर हँसा सो कहु केहि भाओ ॥ २६५ ॥

बाँधि = बद्धा = बाँध कर। तपा = तपस्वी = तपसी। आनेउ = आनयत् = ले आए। जहँ = यत्र = जहाँ। सूरी = शूली = फाँसी। जुरी = युक्ताऽभूत् = एकट्ठी ऊई। आइ = एत्य = आ कर। सब = सर्व। सिंघल = सिंहल। पूरी = पुरी = पुर के रहने-वाले। पहिलइँ = प्रथमे = पहले। गुरू = गुरु = रत्न-सेन। देइ कहँ = देने के लिये = शूली देने के लिये। आना = आनयत् = ले आए। देखि = दृष्ट्वा = देख कर। रूप = सूरत। कोउ = कोऽपि = कोई। पछिताना = पश्चात्ताप = पछताने लगे (यहाँ पर बऊ-वचन

समझना)। लोग = लोकाः। कहहिँ = कथयन्ति = कहते हैँ। यह = अयम्। होअइ = होवे = भवेत्। जोगी = योगी। राज-कुअँर = राज-कुमार = राज-पुत्त्र। अहइ = अस्ति = है। बिओगी = वियोगी = विरही। काहु लागि = कस्या अर्थम् = किसी के लिये। भएउ = भया = अभूत्। हइ = अस्ति = है। हिअइँ = हृदय = हृदय मेँ। सो = सो = वह। माल = माला। करइ = करोति = करता है। मुख = मुँह। जपा = जप। जस = जैसे ही = यदैव। मारइ कहँ = मारने के लिये। बाजा = बजा = अवादीत्। तूरू = तूर्य = तुरही। हँसा = अहसत् = हँस दिया। मन = मनसः = मन से। सूरू = सूर्य = रत्न-सेन, वा सूरू = शूर = बहादुर रत्न-सेन। चमके = चमक उठे = चकमे। दसन = दशन = दाँत। उँजिआरा = उज्ज्वलन = उँजेरा = प्रकाश। जो = यः। तहाँ = तत्र। बीजु = विद्युत् = बिजुरी। अस = एतादृश = ऐसा। मारा = ममार = मार दिया। केर = का। करहु = कुरुत = करिए। पइ = अपि = निश्चय। खोजू = खोज = अन्वेषण। मकु = मैँ ने कहा = क्या जानैँ। भोजू = भोज = धारा नगरी का प्रसिद्ध संस्कृतानुरागी राजा॥

सब = सर्व। पूँछहिँ = पृच्छन्ति = पूछते हैँ। कहु = कथय = कह। जाति = ज्ञाति। जरम = जन्म। अउ = अपि च = और। नाओँ = नावँ = नाम। ठाओँ = ठावँ = स्थान। रोअइ कर = रोने का। केहि भाओँ = किस भाव से = किस अभिप्राय से = केन भावेन॥

तपस्विओँ को (लोग) बाँध कर जहाँ शूली खडी की गई थी (वहाँ) ले आए। (उस के देखने के लिये) सब सिंहल पुरी एकट्ठी हुई, अर्थात् सिंहल के सब लोग एकट्ठे हुए। (सब से) पहले गुरु (रत्न-सेन को शूली) देने के लिये (लोग) ले आए, सब लोग उस के रूप को देख कर पछताने लगे। लोग कहते हैँ कि यह योगी नहीँ है कोई विरही राज-कुमार है। किसी के लिये तपस्वी हो गया है, हृदय मेँ वह माला (ऐसी) है, (उसी के नाम का) जप मुख से करता है। जैसे ही मारने के लिये अर्थात् शूली देने के लिये तुरही बजी, (और शूली देखाई गई उसी क्षण) शूली को देख कर मन से, अर्थात् (लोगोँ को देखाने के लिये बाहर और बात और मन मेँ और बात नहीँ किन्तु सच्चे) हृदय से हँसने लगा। (हँसने से) दाँत चमक उठे। (सब जगह) उँजेला हो गया, जो जहाँ खडे थे सब (जानोँ) बिजली के मारे हुए हैँ। (सब आपस मेँ चौँक कर कहने लगे कि) योगी का खोज करो, क्या जानैँ यह राजा भोज न हो॥

विक्रम के बाद उज्जयिनी में राजा भोज हुआ है इस ने धारा नगरी बसाई है और यह बडा ही संस्कृतानुरागी था। भोज-प्रबन्ध में इस की बडी बडी कथा लिखी हुई है ॥

सब पूछने लगे कि योगी, अपनी जाति, जन्म-स्थान और नाम को कह (बताओ) (क्योंकि हम लोगों को बडा अचरज है) जहाँ रोने का स्थान है वहाँ कह किस अभिप्राय से हँसा ॥ २६५ ॥

चउपाई ।

का पूँछहु अब जाति हमारी। हम जोगी अउ तपा भिखारी ॥
जोगिहि कवन जाति हो राजा। गारिहि कोह न मारहि लाजा ॥
निलज भिखारि लाज जिन्ह खोई। तिन्ह के खोज परउ जनि कोई ॥
जा कर जीउ मरइ पर बसा। सूरी देखि सो कस नहिँ हँसा ॥
आजु नेह सउँ होइ निबेरा। आजु पुहुमि तजि गगन बसेरा ॥
आजु कया-पिंजर बँध टूटा। आजु परान-परेवा छूटा ॥
आजु नेह सउँ होइ निरारा। आजु पेम सँग चला पिआरा ॥

दोहा ।

आजु अवधि सरि पूजी कइ जो चलउँ मुख रात ।
बेगि होहु मोहिँ मारहु का चालहु बहु बात ॥ २६६ ॥

का = क्यों = किमर्थम् । पूँछहु = पूँछते हो = (पृच्छन्ति) पूछइ का विध्यर्थ में मध्यम-पुरुष का बहु-वचन । अब = इदानीम् = अधुना । जाति = ज्ञाति । हमारी = मेरी का बहु-वचन । हम = हौं (अहम्) का बहु-वचन । जोगी = योगी । अउ = अपर = और । तपा = तपस्वी = तपसी । भिखारी = भिक्षुक । जोगिहि = योगिनः = योगी को । कवन = क नु = कौन । हो = अहो सम्बोधन । गारिहि = गालैः = गाली से । कोह = क्रोध । मारहि = मारणेन = मारने से । लाजा = लज्जा । निलज = निर्लज्ज । जिन्ह = जिन्हों ने । खोई = खोअइ (क्षयति) का भूत-काल, स्त्री-लिङ्ग, एक-वचन, प्रथम-पुरुष । तिन्ह के = तेषाम् । खोज = अन्वेषणे = ढूँढने में । परउ = पतेत् = पडे । जनि = जातु न = कदाचित् न = मत । कोई = कोऽपि । जा कर = यस्य = जिस का ।

जीउ = जीव । मरइ पर = मरने पर । बसा = बसइ (वसति) = बसता है । सूरी = शूली । देखि = दृष्ट्वा = देख कर । सो = सो = वह । कस = कथम् । हँसा = हँसे = हसेत् । आजु = अद्य = आज । नेह = स्नेह । सउँ = से । होइ = भवति = होता है । निबेरा = निवृत्ति । पुहुमि = पृथ्वी = भूमि । तजि = त्यक्ता = तज कर = छोड कर । गगन = आकाश । बसेरा = वास । कया-पिंजर = काय-पिञ्जर = शरीर-पिँजडा । बँध = बन्धन । टूटा = टूट = टूटइ = त्रुट्यति = टूटता है । परान-परेवा = प्राण-पारावत = प्राण-पक्षी । छूटा = छूटइ = छूट (छोटति) = छूटता है । निरारा = निराश्रय = अलग । पेम = प्रेम । सँग = सङ्ग = साथ । चला = चल = चलइ (चलति) चलता है । पिआरा = प्यारा = प्रिय ॥

अवधि = सीमा = हद्द । सरि = सरित् = नदी । पूजी = पूजइ (पूर्यते) का भूत-काल, प्रथम-पुरुष, स्त्री लिङ्ग, एक-वचन । कइ = कृत्वा = कर के । चलउँ = चलामि = चलता हूँ । मुख = मुँह । रात = रक्त = लाल । बेगि = वेग = शीघ्र । होहु = भवथ = हो । मोहिँ = मोहिँ = मुझे । मारहु = मारयथ = मारिए । चालहु = चालयथ = चलाते हो । बात = वार्त्ता ॥

(राजा रत्न-सेन ने कहा कि) अब हमारी जाति क्या पूछते हो, हम योगी और तपस्वी भिखारी हैं । हे राजा, योगी की कौन जात (जिसे) मारने से न क्रोध और गाली से न लज्जा । भिखारी, जिन्हों ने लाज खो दिया है, निर्लज्ज होते हैं, उन्ह के खोज में कोई मत पडो । जिस का जीव मरने पर बस गया वह शूली देख कर क्यों न हँसे । आज स्नेह से निबटेरा (निवृत्ति) होता है, आज भूमि छोड कर आकाश में वास होता है । आज शरीर-पिँजडे का बन्धन टूटता है (इस लिये) आज प्राण-पक्षी छूटता है । आज स्नेह से अलग होना होता है, आज प्यारा (प्राण) प्रेम के साथ चलता है ॥

आज (प्रेम-)अवधि-रूप नदी भर गई (इस लिये अपना) मुँह लाल कर चलता हूँ, अर्थात् प्रेम-नदी-धारा में पड कर मुँह नहीं मोडा उस के भर जाने से मरता हूँ । लोग यह तो कहेंगे कि जिस राह में रत्न-सेन पडा उस में प्राण तक दे दिया पर मुँह नहीं मोडा । इस लिये मैं अपना मुँह लाल कर के चलता हूँ । जौं मुँह मोडता तो अवश्य काला मुँह कर के जाता । (रत्न-सेन कहता है कि). बेगि होहु अर्थात् जल्दी करो, (अभी) मुझे मारो ; क्यों बहुत बात चलाते हो ॥

योगी लोग परब्रह्म के प्रेम में डूब कर नीचे से षट् चक्र और अष्ट कमलों में क्रम क्रम से प्राण चढाते जब ब्रह्मगुफा के पास ब्रह्माण्ड में प्राण को ले जाते हैं तब अप्सरा-उर्वशी और काम की तरह तरह की मन हरने-वाली लीला सब उस योगी के प्राण को ऊपर न चढने के लिये विघ्न करते हैं। उस घडी जो योगी न घबडाय और उस लीला में फँस कर अपने को फाँसी पर न चढावे तो ब्रह्म-रन्ध्र में अपने प्राण को घुसा कर, उस परब्रह्म के दर्शन को पा कर, आप सच्चिदानन्द हो जाय और प्रकृति-रूप पद्मावती से भेंट कर सायुज्य मुक्ति को पावे। इस लिये मलिक महम्मद ने यहाँ रूपकालङ्कार किया है कि योगी रत्न-सेन ब्रह्मगुफा के दरवाजे पर आ चुका है, राजा गन्धर्व-सेन की फाँसी-लीला अप्सरा-उर्वशी इत्यादि लीला के समान हैं जिन्हें देख कर कुछ भी नहीं डरता। जिस प्रकृति-परब्रह्म-रूप पद्मावती के ध्यान में मग्न है उस के बल से उन लोगों की शूली-रचना से कुछ भी नहीं डरता है, बल्कि इस तुच्छ शूली को देख कर हँसता है कि मैं तो आप मरने पर अर्थात् इस मलिन काया के छोडने पर तयार हूँ, शूली की मुझे क्या डर है॥ २६६ ॥

चउपाई ।

कहहिँ सवँरु जेहि चाहसि सवँरा। हम तोहि करहिँ केति कर भवँरा॥
कहेसि ओही सवँरउँ हरि फेरा। मुअइँ जिअत आहइँ जेहि केरा॥
जहाँ सुनउँ पदुमावति रामा। यह जिउ नेवछावरि तेहि नामा॥
रकत क बूँद कया जत अहहीँ। पदुमावति पदुमावति कहहीँ॥
रहहिँ त बूँद बूँद मँह ठाऊँ। परहिँ त सोई लेइ लेइ नाऊँ॥
रोअँ रोअँ तनु ता सउँ ओधा। सूतहि सूत बेधि जिउ सोधा॥
हाडहि हाड सबद सो होई। नस नस माँह उठइ धुनि सोई॥

दोहा ।

खाइ बिरह गा ता कर गूद माँसु कइ खान।
हउँ होइ साँच रहा अब वह होइ रूप समान॥ २६७॥

कहहिँ = कथयन्ति = कहते हैँ । सवँरु = संस्मर = स्मरण कर = याद कर । जेहि = जेहि = यस्य वा यस्याः = जिसे । चाहसि = इच्छसि = चाहता है । सवँरा = स्मरण = याद । हम = हौं (अहम्) का बहु-वचन । तोहि = तोहि = तव = तुझे । करहिँ = कुर्मः = करते हैँ । केति = केतक = केतकी । कर = का । भवँरा = भ्रमर = भौँरा । कहेसि = अकथयत् = कहा । ओही = ओही = तस्याः = उसी को । सवँरउँ = स्मरामि = स्मरण करता हूँ । हरि = हर = प्रत्येक । फेरा = फेर = वार = मर्त्तबा । मुअइँ = मरने पर = मरणानन्तर । जिअत = जीते = जीवने । आहउँ = अस्मि = हूँ । जेहि केरा = यस्याः = जिस का । जहाँ = यत्र । सुनउँ = शृणुयाम् = सुनूँ । पदुमावति = पद्मावती । रामा = सुन्दरी = रमणी । यह = अयम् । जिउ = जीव = प्राण । नेवछावरि = न्योछावर = नामोत्सव । तेहि = तेहि = तिस । नामा = नाम । रकत = रक्त = लोहू । क = की । बूँद = बिन्दु । कया = काय = शरीर । जत = यावत् । अहहीँ = सन्ति = हैँ । रहहिँ = तिष्ठन्ति = रहैँ । त = तर्हि = तो । मँह = मध्ये = मेँ । ठाऊँ = ठावँ = स्थान । परहिँ = पतन्ति = पडैँ । सोई = सा एव = वही । लेइ = आलाय = ले कर । नाऊँ = नावँ = नाम । रोआँ = रोम = रोआँ । तनु = शरीर । ता सउँ = तिस से = उस से = तस्याः । ओधा = रुद्ध = नद्ध = बाँधा । सूत = सूत्र = मुसल्मानी तसू = (इंच) का चौथा हिस्सा । बेधि = विद्धा = बेध कर = छेद कर । सोधा = शोधयामास = शुद्ध किया । हाड = अस्थि = हड्डी । सबद = शब्द = धुनि । सो = वह । होई = भवति = होता है । नस = शिरा । माँह = मँह = मध्ये = मेँ । उठइ = उत्तिष्ठते = उठती है । धुनि = आवाज ॥

खाइ = खाय = भक्षण । बिरह = विरह = वियोग । गा = अगात् = गया । ता कर = तस्याः = तिस का = उस का । गूद = गुद्दा । माँसु = मांस । कइ = की । खान = खनि । हउँ = अहम् = हौँ । होइ = भूला = हो कर । साँच = साँचा = सत्ता । रहा = अभूत् । अब = इदानीम् = अधुना । समान = समाय गई = समनयत् ॥

(लोग) कहने लगे कि जिसे स्मरण करना चाहता है स्मरण कर, हम (अब) तुझे केतकी का भौँरा किया चाहते हैँ, अर्थात् जैसे केतकी के नोख-दार पत्ते पर बैठ कर भौँरा अपने गले को छेदवा कर प्राण देता है उसी तरह हम तुझे शूली पर लटकाया चाहते हैँ । (इस बात को सुन कर रत्न-सेन ने) कहा कि हर वार उसी को सुमिरता हूँ जिस का कि मैँ मरने और जीने पर हूँ । जहाँ पद्मावती सुन्दरी को

सुनूँ, तहाँ उस के नाम पर इस जीव को नेवछावर करूँ। शरीर में जितने रक्त के बिन्दु हैं (सब) पद्मावती पद्मावती कहा करते हैं। (मेरी शरीर में) रहैं तो (उन रक्त के) बूँद बूँद में (उस के लिये) स्थान है, (जमीन पर) पड़ैं तो उसी के नाम कों ले ले कर, अर्थात् भूमि पर गिरैं तो उसी के नाम को ले ले कर गिरैं। शरीर के रोएँ रोएँ उसी से बँध गए हैं, (मेरे) जीव का (भी) सूत सूत उसी से शुद्ध हुए हैं। (मेरे) हाड हाड में वही (पद्मावती के नाम का) शब्द होता है, नस नस में वही (पद्मावती के नाम की) धुनि उठती है ॥

उसका (पद्मावती का) विरह मांस की खानि के गुद्दे को खाय गया, अर्थात् हाड और नस के भीतर मांस की गुद्दी को खा गया, मैं साँचा ऐसा रह गया अब (उस साँचे में) उस का रूप समाय गया, अर्थात् मेरे ठठरी-रूप साँचे में उस का रूप ढारा गया अब वह और मैं दोनों मिल कर एक हो गया, उस के और मेरे रूप में अभेद हो गया। जैसे योगी मुक्त हो कर परब्रह्म में लीन हो जाता है, उसी तरह मैं उस में और उसका रूप मुझ में लीन हो गया है ॥ २६७ ॥

चउपाई ।

जोगिहिँ जउहिँ गाढ अस परा। महादेओ कर आसन टरा ॥
अउ हँसि पारबती सउँ कहा। जानहुँ सूर गहन अस गहा ॥
आजु चढइ गढ ऊपर तपा। राजइँ गहा सूर तब छपा ॥
जग देखइ कउतुक कइ आजू। कीन्ह तपा मारइ कहँ साजू ॥
पारबती सुनि पाँइन परी। चलहु महेस देखहिँ एक घरी ॥
भेस भाट भाटिन कर कीन्हा। अउ हनुवंत बीर सँग लीन्हा ॥
आइ गुपुत होइ देखन लागे। दहुँ मूरति कस सती सभागे ॥

दोहा ।

कटक असूझ देखि कइ (आपनि) राजा गरब करेइ ।
दइउ क दसा न देखिअइ दहुँ का कहँ जइ देइ ॥ २६८ ॥

जोगिहिँ = योगिनाम् = योगिओं को। जउहिँ = यदा हि = जैसे ही। गाढ = कठिन (दुःख)। अस = एतादृश = ऐसा। परा = पपात = पडा। महादेओ = महादेव।

कर = का । आसन = बैठने की स्थिति । टरा = टरइ (चलति) का भूत-काल, प्रथम-पुरुष, एक-वचन । अउ = अपि = और । हँसि = हसित्वा = हँस कर । पारबती = पार्वती = महादेव की स्त्री । सउँ = से । कहा = कहइ (कथयति) का भूत-काल, प्रथम-पुरुष, एक-वचन । जानऊँ = जाने = जान पडता है । सूर = सूर्य वा शूर = बहादुर । गहन = ग्रहण । गहा = जग्टहे = गहा गया = पकड गया । आजु = अद्य = आज । चढइ = उच्चलने = चढने में । गढ = गाढ = दुर्ग = किला । ऊपर = उपरि । तपा = तपस्वी = योगी । राजइँ = राज्ञा = राजा ने । तब = तदा । छपा = छपइ (चपति) का भूत-काल, प्रथम-पुरुष, एक-वचन । जग = जगत् = संसार । देखइ = दर्शनार्थ = देखने । कउतुक = कौतुक = लीला = खेल । कइ = के । आजू = आज = आजु । कीन्ह = अकृत = किया । मारइ कहँ = मारने के लिये । साजू = सज्जन = तयारी । सुनि = श्रुत्वा = सुन कर । पाँअन = पायँ का बहु वचन, पायँ = पाद = पैर । परी = परइ (पतति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन । चलऊ = चलथ = चलिए । महेस = महेश = महादेव । देखहिँ = देखैँ = पश्येव । एक = एक । घरी = घटी = चौबिस मिनिट, यहाँ एकचण = चणभर । भेस = वेष = रूप । भाट = भट = कवित्त मेँ यश पढने-वाला । भाटिन = भाट की स्त्री । कर = का । कीन्हा = कीन्ह = अकृत = किया । हनुवंत = हनुमान् = राम का प्रसिद्ध भक्त, लङ्का जलाने-वाला । बीर = वीर = योद्धा = बली । सँग = संग = सङ्ग = साथ । लीन्हा = अलात् = लिया = लीन्ह । आइ = एत्य = आ कर । गुपुत = गुप्त, गुपुत होइ = गुप्त हो कर = छिप कर । देखन = देखने में । लागे = लग्न ऊए = लग गए । दऊँ = देखैँ । मूरति = मूर्त्ति । कस = कथम् = कैसी । सती = सच्ची । सभागे = भाग्यवान = भाग्य के सहित ॥

कटक = सेना = फौज । असूझ = जो समझ न पडे कि कितनी है = अपार = अगाध । देखि कइ = दृष्ट्वा = देख कर । (आपनि) = आत्मनः = अपनी । राजा = गन्धर्व-सेन । गरब = गर्व = गरूर = अभिमान । करेइ = करइ (करोति) = करता है । दइउ = देव = भगवान् । क = की । दसा = दशा = हाल = गति = लीला । देखिअइ = देखी जाती है । दऊँ = न जानेँ = दो में से एक । का कहँ = कस्य = किस को । जइ = जय = विजय = जीत । देइ = दद्यात् = दे ॥

जैसे ही योगिओं पर ऐसा दुःख पडा (उसी चण) महादेव का आसन टल गया, (पार्वती की ओर मुँह को फेर लिया)। और हँस कर पार्वती से कहा कि जान पडता है

सूर रत्न-सेन (सूर्य) ग्रहण के ऐसा पकड गया, अर्थात् जैसे ग्रहण में राहु से सूर्य पकडा जाता है उसी तरह यह रत्न-सेन भी राजा गन्धर्व-सेन के सिपाहिओं से पकड गया। आज तपखी (रत्न-सेन) को गढ के ऊपर चढने में राजा गन्धर्व-सेन ने पकड लिया, तब (वह) सूर (रत्न-सेन वा सूर्य) छिप गया। आज जगत (सिंहल-वासिओं) ने तमाशा देखने के लिये तपखी (रत्न-सेन) को मारने के लिये तयारी की है। (यह) सुन कर पार्वती (महादेव के) पैरों पर पडी (और कहने लगी कि) हे महादेव जी चलिए एक घडी (इस तमाशे को) देखें। (आपस में सलाह कर) महादेव ने भाट का और पार्वती ने भाटिन का रूप बनाया और हनुमान् वीर को संग में ले लिया। आ कर, छिप कर देखने लगे कि देखें (उस) भाग्यवान् (रत्न-सेन की) कैसी सच्ची मूर्त्ति है॥

राजा गन्धर्व-सेन अपनी असूझ सेना को देख कर (अपने मन में) गर्व करता है (कि मेरे बराबर बली संसार में दूसरा कौन है, पर) देव की गति नहीं देखी जाती, न जानें वह किस को जय दे॥ २६८॥

चउपाई।

अस बोलई रहा होइ तपा। पदुमावति पदुमावति जपा॥
मन समाधि अस ता सउँ लागी। जेहि दरसन कारन बइरागी॥
रहा समाइ रूप ओहि नाऊँ। अउरु न सूझ बार जहँ जाऊँ॥
अउ महेस कहँ करउँ अदेसू। जेहि एहि पंथ दीन्ह उपदेसू॥
पारबती सुनि सत्त सराहा। अउ फिरि मुख महेस कर चाहा॥
हइँ महेस पइ भई महेसी। कित सिर नावँहिँ यह परदेसी॥
मरतेहुँ लीन्ह तुम्हारइ नाऊँ। तुम्ह चुप कीन्ह सुनहु एहि ठाऊँ॥

दोहा।

मारत हइँ परदेसी राखि लेहु एहि बेरि।
कोइ काहु कर नाहीँ जो होइ जाइ निबेरि॥ २६९॥

अस = एतादृश = ऐसा। बोलई = बोल। रहा = तस्थौ। होइ = होइ = भूत्वा = हो कर। तपा = तपखी। पदुमावति = पद्मावती। जपा = जजाप = जपने लगा। मन =

मनः । समाधि = चित्तवृत्तिनिरोध = सब तरफ से चित्त को हटा लेना । ता सउँ = तिस से । लागी = लगइ (लगति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन । जेहि = जेहि = यस्याः = जिस के । दरसन = दर्शन । कारन = कारण । बइरागी = बैरागी = विरागी । समाइ = समापित = समाय । रूप = सूरत । ओहि = ओहि = उस के = तस्याः । नाऊँ = नावँ = नाम । अउरु = अपर = और । सूझ = शुध्यति = सूझता है । बार = द्वार = दरवाजा । जहँ = यत्र = जहाँ । जाऊँ = यानि । अउ = और = अपि । महेस = महेश = महादेव । कहँ = का । करउँ = करोमि = करता हूँ । अदेसू = आदेश = आज्ञा । एहि = अस्मिन् = इस । पंथ = पन्थाः = राह । उपदेसू = उपदेश = शिक्षा । पारबती = पार्वती = महादेव की स्त्री । सुनि = श्रुत्वा = सुन कर । सत्त = सत्यता = सत्ता । सराहा = सराहइ (श्लाघते) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन । फिरि = घूम कर । मुख = मुँह । कर = का । चाहा = चाहइ (इच्छति) का भूत-काल पुंलिङ्ग, एक-वचन । हइँ = हहिँ = सन्ति = हैँ । पइ = अपि = निश्चय से । भई = होइ (भवति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन । महेसी = महेशी = पार्वती । कित = कुतः = कस्मात् = क्योँ । सिर = शिर । नावँहिँ = नामयेयुः = नवावैँ । यह = एते = ये । परदेसी = परदेशी = दूसरे देश के रहने-वाले । मरतेऊँ = मरते समय भी = मरती बेरा भी । लीन्ह = अलात् = लिया । तुम्हारइ = तुम्हारा ही = भवतां हि । तुम्ह = आप । चुप = मौन । कीन्ह = अकृत = किया । सुनहु = शृणुथ = सुनिए । ठाऊँ = स्थान = ठावँ ॥

मारत हइँ = मारयन्ति = मारते हैँ । राखि लेहु = रक्षथ = रख लेओ = बचा लेओ । बेरि = बेरा = अवसर । कोइ = कोऽपि = कोई । काहु कर = किसी का = कस्यापि । जो = यः । होइ जाइ = हो जाय । निबेरि = निपटाने-वाला = निवारण करने-वाला ॥

ऐसी बोली पर तपस्वी (रत्न-सेन) ठहर गया और पद्मावती पद्मावती जपने लगा । (कहने लगा कि) मन में पद्मावती से समाधि ऐसी लग गई, जिस के लिये कि बैरागी हुआ हूँ । उसी (पद्मावती) के नाम में (मेरा) रूप समा गया है, और दूसरा द्वार नहीँ सूझ पडता जहाँ जाऊँ । और महादेव का कहा करता हूँ जिन्होँ ने इस राह में (जाने के लिये) उपदेश दिया । (इस बात को) सुन कर पार्वती ने (राजा रत्न-सेन के) सत्य को सराहा, अर्थात् राजा रत्न-सेन की पद्मावती में सच्ची प्रीति है, इस बात की प्रशंसा की और फिर कर महादेव जी के मुँह को देखने लगी (कि इन के मन में क्या है) । (कवि कहता है कि एक तो) महादेव ही

(राजा रत्न-सेन के पक्ष पर) हैं (और अब) निश्चय से पार्वती भी (राजा के पक्ष पर) ऊई (तो फिर) ये परदेशी (योगी लोग) क्यों (हार मान कर राजा गन्धर्व-सेन के सामने) शिर झुकावें। (पार्वती बडे आग्रह से कहने लगी कि हे नाथ) सुनो मरने समय भी तुम्हारा ही नाम ले रहा है, सो आप चुप अर्थात् मौन व्रत धारण किए हो (ऐसी बेरा में आप को यह उचित नहीं कि मौन-व्रत धारण करें ॥)

(ये गन्धर्व-सेन के सिपाही) परदेशी (योगिओं) को मारते हैं, इस बेरा (इन योगिओं को) रख लेओ अर्थात् बचा लेओ, (इस अवसर में) कोई किसी (योगी) का नहीं है जो कि निवारण करने-वाला हो, अर्थात् ऐसा कोई आप के सेवाय दूसरा नहीं देख पडता जो कि इस अवसर में इन योगिओं का प्राण बचावे ॥ २६९ ॥

चउपाई ।

लेइ सँदेस सुअटा गा तहाँ । सूरी देन गए लेइ जहाँ ॥
देखि रतन हीरामनि रोआ । रतन ग्यान ठगि लोगन्ह खोआ ॥
देखि रोदन हीरामनि केरा । रोअहिँ सब राजा मुख हेरा ॥
माँगहिँ सब बिधिना पहुँ रोई । करु उपकार छोडावइ कोई ॥
कहि सँदेस सब बिनति सुनाई । बिकल बहुत किछु कहा न जाई ॥
काढि परान बइसि लेइ हाथा । मरइ तो मरउँ जिअउँ तेहि साथा ॥
सुनि सँदेस राजा तब हँसा । प्रान प्रान घट घट मँह बसा ॥

दोहा ।

हीरामनि अउ भाट दसउँधी भए जिउ पर एक ठाउँ ।
चलहु जाइ कह बतकही जहाँ बइठु रहिँ राउ ॥ २७० ॥

लेइ = लेइ = आलाय = ले कर । सँदेस = सन्देश = सँदेसा = खबर । सुअटा = शुक = सुग्गा । गा = अगात् = गया । तहाँ = तत्र । सूरी = शूली । देन = देने । गए = जग्मुः । जहाँ = यत्र । देखि = देख कर = दृष्ट्वा । रतन = रत्न = रत्न-सेन । हीरामनि = हीरामणि शुक । रोआ = ररोद = रोया । ग्यान = ज्ञान । ठगि = स्थगिला = ठग कर । लोगन्ह = लोग (लोक) का बज-वचन । खोआ = खोअइ का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन । रोदन = रोदन = रोना । केरा = का । रोअहिँ = रुदन्ति = रोते हैं ।

सब = सर्वे। मुख = मुँह। हेरा = हेरइ (हेडते) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, एक-वचन। माँगहिँ = याचन्ते = माँगते हैँ। बिधिना = विधि = ब्रह्मा। पहँ = पहँ = से। रोई = रुदित्वा = रो कर। करु = कुरु = कर। छोडावइ = छोडावे (छोटयेत्)। कोई = कोऽपि। कहि = कथयित्वा = कह कर। बिनति = विनति = विनय। सुनाई = सुनावइ (श्रावयति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन। बिकल = विकल = दुःखित। बहुत = बहुतर। किछु = कुछ = किञ्चित्। कहा = कथन। जाई = जायते। काढि = कर्षयित्वा = खीँच कर = निकाल कर। परान = प्राण। बइसि = बैठी = उपविष्टा। लेइ = ले कर = आलाय। हाथा = हाथ = हस्त। मरइ = मरे = म्रियेत। तौ = तर्हि = तो। मरउँ = मरूँ = मराणि। जिअउँ = जीवेयम् = जीवँ। तेहि = तस्याः = तिस के। साथा = साथ = सार्थ = सङ्ग। सुनि = श्रुत्वा = सुन कर। तब = तदा। हँसा = हँसइ (हसति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन। प्रान = प्राण। घट = शरीर। मँह = मध्ये = मेँ। बसा = बस = वसति = बसता है॥

अउ = अपि = और। भाट = स्तुति करने-वाला (महादेव) दसउँधी = दशधी = साधारण मनुष्य से जिस की दश गुनी बुद्धि हो। आज कल भाटोँ मेँ एक जाति राय और दूसरी दसौँधी कहाती है। भए = भए = बभूवतुः = हुए। जिउ = जीव। पर = उपरि। एक = एक। ठाउँ = ठावँ = स्थान। चलहु = चलैँ। जाइ = आयाय = जा कर। कह = कहँ। बतकही = वार्त्ताकथनम् = बातचीत। बइठु हहिँ = बैठे हैँ = उपविशन्ति = तिष्ठन्ति। राउ = राजा॥

(इसी बीच मेँ) हीरामणि शुक (पद्मावती का) सँदेसा ले कर गया जहाँ कि (लोग) (राजा रत्न-सेन को) शूली (फाँसी) देने ले गए थे। हीरामणि रत्न-सेन को (ऐसी दुर्दशा मेँ) देख कर रोने लगा कि (हाय) लोगोँ ने रत्न-सेन को ठग कर (इस के) ज्ञान को खो दिया। हीरामणि का रोना देख कर सब रोने लगे और राजा रत्न सेन का मुँह देखने लगे। सब (लोग) रो कर ब्रह्मा से (हाथ जोड जोड कर) माँगते हैँ कि (हे विधि, इस समय) उपकार कर (और ऐसी प्रेरणा कर कि) कोई (आ कर राजा रत्न-सेन को शूली से) छोडावे। (शुक ने पद्मावती का सब सँदेसा) कह कर (उस की) विपत्ति सुनाई कि (पद्मावती) बहुत विकल है, कुछ कहा नहीँ जाता। (घट के भीतर से) प्राण को निकाल कर हाथ मेँ ले कर बैठी है, (और कहती है कि राजा रत्न-सेन) मरे तो मैँ भी मरूँ (और जीवे तो)

उसी के साथ मैं भी जीऊँ। तब (पद्मावती के इस) सँदेस को सुन कर राजा रत्न-सेन ने हँस दिया (और कहने लगा कि मेरा) प्राण (उस के) प्राण में और (मेरी) शरीर (उस की) शरीर में बस गई है। (इतना कह कर राजा रत्न-सेन चुप हो गया, आँख बंद कर पद्मावती का ध्यान कर समाधि में हो गया)॥

(यह राजा की दशा देख कर) हीरामणि शुक और दसौंधी भाट (महादेव जी) (दोनों) एक स्थान पर (एकट्ठे हो, सलाह कर) जीव (देने) पर (तयार ऊए। कहने लगे कि) चलो जहाँ राजा गन्धर्व-सेन बैठे हैं वहाँ जा कर (कुछ) बात (तो) कहैं॥ २७०॥

चउपाई।

राजा रहा दीठि कइ अउँधी। रहि न सका तब भाट दसउँधी॥
कहेसि मेलि कइ हाथ कटारी। पुरुस न आछहिँ बइठि पिटारी॥
कान्ह कोपि कइ मारा कंसू। गूँग कि फूँक न बाजइ बंसू॥
गँधरब-सेन जहाँ रिस बाढा। जाइ भाट आगइँ भा ठाढा॥
ठाढ देखि सब राजा राऊ। बाएँ हाथ दीन्ह बर-भाऊ॥
गँधरब-सेन तुँ राजा महा। हउँ महेस मूरति अस कहा॥
जोगी पानि आगि तूँ राजा। आगिहि पानि जूझ नहिँ छाजा॥

दोहा।

आगि बुझाई पानि सउँ तूँ राजा मन बूझ।
तोरइ बार खपर हइ (लीन्हे) भिखिआ देहि न जूझ॥ २७१॥

रहा = रहइ (तिष्ठति) का भूत-काल, पुंल्लिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन। दीठि = दृष्टि = आँख। कइ = कर = हला। अउँधी = औंधी = अधः = नीचे। रहि = रह = ठहर = स्थिर। सका = सकइ (शक्नोति) का भूत-काल, पुंल्लिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन। तब = तदा। भाट = स्तुति करने-वाला। दसउँधी = दशधी = भाटों की एक जाति। कहेसि = अकथयत् = कहा। मेलि = मेलयित्वा = मेल कर = ले कर। हाथ = हस्त। कटारी = कटार = कर्त्तरी। पुरुस = पुरुष = मर्द। आछहिँ = शोभन्ते = सोहते हैं।

बइठि = उपविश्य = बैठ कर। पिटारी = पेटिका = पेटारी। कान्ह = कृष्ण = भारत के प्रधान नेता = भगवान् का आठवाँ अवतार। कोपि = कुपित्वा = कोप कर = क्रोध कर। मारा = मारइ (मारयति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन। कंसू = कंस = प्रसिद्ध मथुरा का राजा। गूँग = गूँगा = मूक। कि = की। फूँक = फुंकार। बाजइ = वादते = बजता है। बंसू = वंश = बाँस। गँधरब-सेन = गन्धर्व-सेन। जहाँ = यत्र। रिस = रोष = क्रोध। बाढा = वद्धे = बढा था। जाइ = आयाय = जा कर। आगइँ = अग्रे = आगे = सामने। भा = बभूव = भया = हुआ। ठाढा = खडा = स्थित। ठाढ = खडा। देखि = दृष्ट्वा = देख कर। सब = सर्व। राऊ = राय = छोटे राजा। बाएँ = वाम = बायाँ। दीन्ह = अदात् = दिया। बर = वर = श्रेष्ठ। भाऊ = भाव। बरभाव = श्रेष्ठ-भाव = उचित रीति से हाथ उठा कर आशीर्वाद। तुँ = तूँ = त्वम् = तुम। महा = महान् = बडा। हउँ = हौं = अहम्। महेस = महेश = महादेव। मूरति = मूर्त्ति। अस = एतादृश = ऐसा = एवम्। कहा = अकथयत्। जोगी = योगी। पानि = पानीय = पानी। आगि = अग्नि = आग। तूँ = त्वम्। जूझ = युद्ध। छाजा = छाजइ (सज्जते) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन ॥

बुझाई = निवर्त्तति = बुझती है। सउँ = से। मन = मनसः = मन से। बूझ = बुध्यस्व = समझ। तोरइ = तवैव = तेरे-ही। बार = द्वार। खपर = खर्पर = खप्पड = भीख माँगने का पात्र। हइ = अस्ति = है। लीन्हे = लिए। भिखिआ = भिक्षा = भीख। देहि = दे। जूझ = युध्यस्व = लड ॥

राजा गन्धर्व-सेन नीचे की ओर आँख किए था, (उस समय) तब दसौंधी भाट रह न सका। हाथ में कटार ले कर (मन में) कहने लगा कि पेटारी में बैठने से पुरुष नहीं सोहते, अर्थात् मन की बात मन-ही में रखने से पुरुष की शोभा नहीं। बुद्धिमान् वही जो समय पर अपनी बात सुना कर अपना काम साधे। जिस को प्रौढि नहीं उस का पढना व्यर्थ है। शास्त्रों में लिखा भी है कि,

प्रागल्भ्यहीनस्य नरस्य शास्त्रं शस्त्रं तथा कापुरुषस्य हस्ते।
नो प्रीतिमुत्पादयते शरीरे अन्धस्य भार्या इव दर्शनीयाः ॥

कृष्ण नें क्रोध कर (गर्ज कर और अपना पराक्रम देखा कर) कंस को मारा, गूँगे की फूंक से वंशी नहीं बजती, अर्थात् जिस के गले में बोलने की सामर्थ्य नहीं वह क्या वंशी बजावेगा! (ऐसा विचार कर) जहाँ क्रोध से बढा हुआ राजा गन्धर्व-सेन

(बैठा) था वहाँ आगे जा कर (वह) भाट खडा हो गया। सब राजा राय को (गन्धर्व-सेन के आगे) खडा देख कर बाएँ हाथ से (गन्धर्व-सेन को) आशीर्वाद दिया। (और कहने लगा कि) हे गन्धर्व-सेन तूँ बडा राजा है, और मैं (भाट) महादेव की मूर्त्ति हूँ, ऐसा (लोगों ने) कहा है। (सो सुन) योगी पानी है और हे राजा, तूँ आग है, आग और पानी से युद्ध नहीं सोहता ॥

हे राजा, तूँ मन में समझ आग पानी से बुझ जाती है। (यह योगी) तेरे ही दरवाजे पर खप्पड लिए (आया है। इसे) भीख दे, लड मत ॥ २७१ ॥

चउपाई ।

भइ अगिआँ को भाट अभाऊ। बाएँ हाथ दीन्ह बरभाऊ ॥
को जोगी अस नगरी मोरी। जो देइ सँधि चढइ गढ चोरी ॥
इँदर डरइ निति नावइ माथा। किरिसुन डरइ कालि जेइँ नाथा ॥
बरँभा डरइ चतुर-मुख जासू। अउ पातार डरइ बलि बासू ॥
मेघ डरहिँ बिजुरी जिन्ह डीठी। कुरुम डरइ धरती जेहि पीठी ॥
धरति डरइ मंदर अरु मेरू। चंद सुरुज अउ गगन कुबेरू ॥
चहउँ तो सब भंजउँ गहि केसा। अउ को कीट पतंग नरेसा ॥

दोहा ।

बोला भाट नरेस सुनु　गरब न छाजा जीउँ ।
कुंभकरन कइ खोपडी　बूडत बाँचा भीउँ ॥ २७२ ॥

भइ = बभूव = हुई। अगिआँ = आज्ञा = हुकुम। को = कः = कौन। भाट = स्तुति करने-वाला। अभाऊ = अभागा = अभाग्य। बाएँ = वाम। हाथ = हस्त। दीन्ह = अदात् = दिया। बरभाऊ = वरभाव = आशीर्वाद। जोगी = योगी। अस = एतादृश = ऐसा। नगरी = पुरी = शहर। मोरी = मम = मेरी। जो = यः। देइ = दत्त्वा = दे कर। सँधि = सन्धि = सेँध। चढइ = उच्चलति = चढता है। गढ = गाढ = दुर्ग = किला। चोरी = चौर्य्येण = चोरी से = चोरी के लिये। इँदर = इन्द्र = देवताओं का राजा डरइ = दरति = डरता है। निति = नित्य = रोज। नावइ = नामयति = नवाता है = झुँकाता है। माथा = मस्तक = शिर। किरिसुन = कृष्ण = यदुवंशिओं में प्रधान पुरुष।

कालि = कालिय नाग जिस की कथा श्रीमद्भागवत दशमस्कन्ध में प्रसिद्ध है। जेइँ = येन = जिस ने। नाथा = नाथइ (नाथते) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन। बरँभा = बरह्मा = ब्रह्मा = सृष्टि के रचने-वाले त्रिदेव में एक देव। चतुर-मुख = चतुर्मुख = जिसे चार मुँह हो। जासू = यस्य = जिस को। अउ = अपि = और। पातार = पाताल। बलि = राजा बलि। बासू = वासुकि-नाग = आठ नागों में एक प्रसिद्ध नाग। मेघ = पानी बरसाने-वाले बादल। डरहिँ = डरइ (दरति) का बहु-वचन = डरते हैं। बिजुरी = विद्युत् = बिजली। जिन्ह = येषाम् = जिन की। डीठी = दृष्टि = आँख = नेत्र। कुरुम = कूर्म = कच्छप = पृथ्वी का आधार = भगवान का एक अवतार। धरती = धरित्री = भूमि। जेहि = यस्य = जिस की। पीठी = पृष्ठ = पीठ। मंदर = मन्दर = एक पहाड जिस से समुद्र मथा गया है। मेरू = मेरु = सोने का प्रसिद्ध पर्वत जिस पर देवता वास करते हैं। चंद = चन्द्र = चाँद। सुरुज = सूर्य। गगन = आकाश। कुबेरू = कुबेर = रावण का बडा भाई, धन का देवता। चहउँ = इच्छेयम् = चाहूँ। तो = तर्हि = तो। भंजउँ = भञ्जेयम् = नाश करूँ = तोड डालूँ। गहि = गृहीला = ग्रहण कर = पकड कर। केसा = केश = बाल। कीट = कीडे, रँगने-वाले। पतंग = कीडे, उडने-वाले। नरेसा = नरेश = राजा लोग ॥

बोला = बोलइ (वदति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन। नरेस = नरेश = राजा। सुनु = शृणु = सुन। गरब = गर्व = अभिमान। छाजा = छाज = छाजइ (सज्जते वा शोभते) सोहता है = छाजता है। जीउँ = जीवे = जीव में। कुंभकरन = कुम्भकर्ण = रावण का भाई। कइ = की। खोपडी = करोटी = मस्तक के ऊपर का हिस्सा। बूडत = बूडने से = (ब्रुड धातु से) डूबने से। बाँचा = बच गया। भीउँ = भीम = युधिष्ठिर से छोटा और अर्जुन से बडा पाँचो पाण्डवों में एक प्रसिद्ध कुन्ती का पुत्र ॥

(राजा गन्धर्व-सेन की) आज्ञा हुई कि (यह) कौन अभागा भाट है जिस ने बाएँ हाथ से (मुझे) आशीर्वाद दिया है। (और) मेरे शहर में ऐसा कौन योगी है जो कि सँध दे कर चोरी करने के लिये गढ पर चढता है। (मुझ से) इन्द्र डरता है, नित (मेरे सामने) माथ झुँकाता है। जिस कृष्ण ने कालिय नाग को नाथा है वह (मुझ से) डरता है। जिस ब्रह्मा को चार मुँह है वह (मुझ से) डरता है, और पाताल में बलि और वासुकि नाग (मुझ से) डरते हैं। जिन की आखों में बिजली बसती है वे मेघ (भी मुझ से) डरते हैं। जिस को पीठ पर धरती है

वह कच्छप (भी मुझ से) डरता है। मुझ से धरती, मन्दर और मेरु डरते हैं, आकाश में चन्द्र, सूर्य और कुवेर डरते हैं। चाहूँ तो (शिर के) बाल पकड कर सब को (पटक कर) तोड डालूँ (मार डालूँ)। (जब मैं इन लोगों को कुछ नहीं समझता, तो) और (मेरे सामने) कीडे, फतंगे ऐसे राजा लोग कौन हैं ॥

(राजा गन्धर्व-सेन की अभिमान भरी बात को सुन कर) भाट बोला कि राजा गन्धर्व-सेन, सुन, जी में गर्व नहीं सोहता। भीम (जिसे अपने बल का बहुत ही अभिमान था) कुम्भकर्ण की खोपडी में डूबते डूबते बच गया ॥

कश्यप को अदिति स्त्री से जो पुत्र हुए वे देवता कहाते हैं। उन में सब से जेठा इन्द्र, देवताओं का राजा, अमरावती नगरी में रहता है। पुराणों में प्रसिद्ध कथा है कि जो पृथ्वी का राजा सौ अश्वमेध करे वह इन्द्र हो जाय। इसी लिये जब किसी राजा की ९९ अश्वमेध यज्ञ पूरी हो जाती है, तब इन्द्र डर कर सौवें अश्वमेध में विघ्न करता है जिस में वह पूरी न हो।

कृष्ण की कथा श्रीमद्भागवत में प्रसिद्ध है। इन के पिता वसु-देव और माता कंस की बहिन देवकी हैं ॥

ब्रह्मा क्षीरशायी भगवान के नाभिकमल से उत्पन्न हुआ है। पुराणों में कथा है कि प्रलय काल में भगवान क्षीर-सागर में शेष के ऊपर सो जाते हैं। फिर जब उन की इच्छा सृष्टि करने की होती है, तब उन की नाभी से एक कमल का वृक्ष उत्पन्न होता है। उस का नाल जब जल के ऊपर आता है तब उस में पुष्प उत्पन्न होता है। उसी कमल के फूल में सृष्टि करने के लिये ब्रह्मा उत्पन्न होता है।

बलि प्रह्लाद का पुत्र है। ऐसा दानी राजा कोई नहीं हुआ। अपने दान और यज्ञ के प्रभाव से इस ने इन्द्र की पदवी को ले लिया। इन्द्र बहुत दुःखी हुआ। इस पर अदिति के गर्भ से भगवान ने वामन-रूप उत्पन्न हो कर बलि को छल कर, इन्द्र को फिर स्वर्ग का राजा और बलि को पाताल का राजा बनाया। पुराणों में प्रसिद्ध कथा है।

वासुकि के लिये इस ग्रन्थ का १६५ पृष्ठ देखो।

मेघ पानी बरसाने-वाले इन्द्र के अनुचर हैं।

ज्यौतिषी लोग अपने पञ्चाङ्ग में नव मेघ लिखते हैं, जिन के नाम— आवर्त्त १। संवर्त्त २। पुष्कर ३। द्रोण ४। काल ५। नीलक ६। वरुण ७। वायु ८। तम ९। ये हैं।

मकरन्द-कल्पलता में लिखा है—

शाके ऽष्टगुणिते नन्दैर्भाजिते शेषतो घनः । आवर्त्त एकशेषे स्यात् संवर्त्ताख्यो द्विशेषके ॥
त्रिशेषे पुष्करो द्रोणश्चतुःशेषे प्रकीर्त्तितः । कालनामा पञ्चशेषे षट्शेषे नीलकः स्मृतः ॥
वरुणः सप्तशेषे स्याद्वायुरष्टावशेषके । नवशेषे तमो नामा क्रमान्मेघा नव स्मृताः ॥

कच्छप एक भगवान का अवतार है। पुराणों में कथा है कि जब क्षीर-सागर मथने जाने लगा उस समय मन्दर मथानी के ठहरने के लिये भगवान ने कच्छप का रूप धारण किया। फिर कच्छप और वराह (शूकरावतार) ये दोनों पृथ्वी को नीचे गिरने से रोके हुए हैं। शेष भी अपने हजार फनों से पृथ्वी को रोके हुए है जिस में पृथ्वी नीचे न चली जाय ॥

कथा है कि एक वार युधिष्ठिर के छोटे भाई भीमसेन अभिमान से अपने साथियों से कहते बरसात में कहीं चले जाते थे कि कुम्भकर्ण में कुछ भी बल न था। जौं आज वह होता तो मैं एक हाथ से उसे उठा कर समुद्र पार फेंक देता। इस बतकही में ऊपर आँख किए अभिमान से भरे बडे उमंग से आगे आगे चले जाते थे। नीचे की ओर नजर न रहने से अकस्मात् एक पानी भरे बडे ताल में गिर कर डूबने लगे। साथियों के बडे जतन से मरते मरते निकले। फिर पीछे से पता लगाने पर जान पडा कि कुम्भकर्ण की खोपडी पानी से भरी हुई बडे ताल ऐसी हो गई है। तुलसी-दास के रामायण में भी किसी ने क्षेपक में लिखा है कि 'जोजन तीन सीस की फेरी' अर्थात् कुम्भकर्ण के शिर की फेरी (खोपडी) तीन योजन याने बारह कोस की थी। भारतवर्ष में भीमसेन के अभिमान-भंग की यह कथा घर घर प्रसिद्ध है पर मुझे अभी तक इस का पता न लगा कि यह कथा किस पुराण की है ॥ २७२ ॥

चउपाई ।

राओन गरब बिरोधा रामू। उहई गरब भएउ सँगरामू ॥
तेहि राओन अस को बरिवंडा। जेहि दस सीस बीस बहु-दंडा ॥
सूरज जेहि कइ तपइ रसोई। बइसंदर निति धोती धोई ॥
सूक सउँटिआ ससि मसिआरा। पउनु करइ निति बार बोहारा ॥
मीचु लाइ कइ पाटी बाँधी। रहा न ओ सउँ दोसरि काँधी ॥

जो अस बजर टरइ नहिँ टारा । सोउ मुआ दुइ तपसिन्ह मारा ॥
नाती पूत कोटि दस अहा । रोअनिहार न एकउ रहा ॥

दोहा ।

ओछ जानि कइ काहुही जनि कोइ गरब करेइ ।
ओछे पारइँ दइउ हइ जीत-पतर जो देइ ॥ २७३ ॥

राओन = रावण = प्रसिद्ध लङ्का का राजा । गरब = गर्वेण = गर्व से अभिमान से । बिरोधा = बिरोधइ (विरोधयति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन । रामू = राम = भगवान का प्रसिद्ध एक अवतार = दशरथ का पुत्र । उहई = वही = तेनैव । भएउ = बभूव = हुआ । सँगरामू = सङ्ग्राम = युद्ध । तेहि = तस्य = तिस । अस = ऐसा = एतादृश । को = कः = कौन । बरिवंडा = बलवन्त = बलवान् । जेहि = यस्य = जिसे । दस = दश । सीस = शीर्ष = शिर । बीस = विंशति । बाहु-दंडा = बाहु-दण्ड = भुज-दण्ड । सूरज = सूर्य । कइ = की । तपइ = तपति = तपता है । रसोई = रसवती । बइसंदर = बैश्वानर = आग । निति = नित्य । धोती = धौत वस्त्र । धोई (धावयति) = धोअइ = का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन । सूक = शुक्र तारा । सउँटिआ = सोँटिआ = सोँटाबर्दार = द्वारपाल । ससि = शशि = चन्द्रमा । ससिआरा = मशालची = मशाल देखाने-वाला । पउनु = पवन = हवा = वायु । करइ = करोति = करता है, यहाँ करता था । बार = द्वार = दरवाजा । बोहारा = बोहारइ (व्याहारयति) = बोहार । मीँचु = मृत्यु = मौत । लाइ करि = आलाय = ले कर = पकड कर । पाटी = पट्टिका = पट्टी । बाँधी = बाँधइ (बध्नाति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन । रहा = आसीत् । ओ सउँ = तत्सदृश = उस के ऐसा । दोसरि = द्वितीय = दूसरा । काँधी = कन्धादेने-वाला = बराबरी करने-वाला । जो = यः । बजर = वज्र । टरइ = टरता = चलता । टारा = टालने से = चलाने से । सोउ = सोऽपि = वह भी । मुआ = ममार = मर गया । दुइ = द्वौ = दो । तपसिन्ह = तपसी (तपस्वी) का बहु-वचन । मारा = मारइ (मारयति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, बहु-वचन । नाती = नप्ता = कन्या का पुत्त्र, या पौत्र, पुत्र का लडका । पूत = पुत्त्र = बेटा । कोटि = करोड । दस = दश । अहा = आसीत्, यहाँ आसन् = थे । रोअनिहार = रोनेवाला । एकउ = एकोऽपि = एक भी । रहा = ठहरा = तस्थौ ॥

थोक = तुच्छ = छोटा । जानि कइ = ज्ञात्वा = जान कर । काहूही = कस्यापि = किसी को । जनि = न = नहीँ । कोइ = कोऽपि = कोई । करेइ = कुर्यात् = करे । पारइँ = पक्षे = पक्ष मेँ । दइउ = देव = भगवान । हइ = है = अस्ति । जीत-पतर = जयपत्र = विजय का परवाना । देइ = दत्ते = देता है ॥

रावण ने गर्व कर राम से विरोध किया, उसी गर्व के कारण (राम-रावण से) सङ्ग्राम हुआ । उस रावण के ऐसा कौन बलवान था जिसे कि दश शिर और बीस भुज-दण्ड थे । जिस की रसोईँ मेँ सूर्य तपता था, अर्थात् आग का काम सूर्य से लिया जाता था, आग धोती धोती थी । (सप्तशती दुर्गास्तोत्र के ४ अध्याय के ५२ श्लोक मेँ शुंभ-निशुंभ की प्रशंसा मेँ लिखा है कि 'वह्निरपि ददौ तुभ्यमग्निशौचे च वाससी' ।) शुक्र सोँटेदार, चन्द्रमा मशालची, और वायु दरवाजे पर झाड़ू देता था । (जिस रावण ने) मौत को पकड कर (चारपाई की) पाटी मेँ बाँध रक्खा था, उस रावण का बराबरी करने-वाला दूसरा कोई भी नहीँ था । जो (रावण) वज्र के ऐसा था, किसी के टालने से नहीँ टलता था, वह भी (गर्व ही के करने से) मरा, दो तपसिओँ (राम-लछ्मण) ने (उसे) मार डाला । (जिस रावण को) दश करोड नाती और बेटे थे (उस की दुर्गति ऐसी हुई कि मरने पर उस के नाम पर) एक भी रोने-वाला न ठहरा अर्थात् नाती बेटे मेँ कोई भी न रहा जो उस के नाम पर दो चार बूँद आँसू टपकाता ॥

(भाट कहता है कि हे राजा गन्धर्व-सेन, ऐसा जान कर) किसी को छोटा समझ कर (उचित है कि) कोई अभिमान न करे । भगवान छोटे का पक्ष करता है, जो कि विजय-पत्र देता है, अर्थात् विजय-पत्र देने-वाला है ॥ २७३ ॥

चउपाई ।

अउरु जो भाट उहाँ हुत आगे । बिनइ उठा राजा रिस लागे ॥
भाट आहि ईसुर कइ कला । राजा सब राखहिँ अरगला ॥
भाट मीँचु जो आपनि दीसा । ता सउँ कउनु करइ रिस रीसा ॥
भएउ रजाएसु गँधरब-सेनी । काह मीँचु कइ चढा निसेनी ॥
काहे अनबानी अस धरई । करइ बिटंड भटंत न करई ॥

जाति करा कित अउगुन लावसि। बाएँ हाथ राज बरभावसि॥
भाट नाउँ का मारउँ जीवा। अबहूँ बोल नाइ कइ गीवा॥

दोहा।

तूँ रे भाट यह जोगी तोहि एहि कहाँ क संग।
कहाँ छरइ अस पावा कहा भएउ चित भंग॥ २७४॥

अउरु = अपर = और। जो = जो = यः। भाट = भट = स्तुति करने-वाला। उहाँ = तत्र = वहाँ। हुत = आसीत् = था। आगे = अग्रे = सामने। बिनइ = विनीय = विनय कर। उठा = उत्तस्थौ। रिस = रोष = क्रोध। लागे = लग्ने = लगने पर। आहि = अस्ति = है। ईसुर = ईश्वर = भगवान या महादेव। कइ = की। कला = अंश = अवतार। सब = सर्वे। राखहिँ = राखइ (रक्षति) का बहु-वचन = रखते हैँ। अरगला = अर्गला = अगडी = अवरोधक = बन्धन। मीँचु = मृत्यु = मौत। आपनि = अपनौ = आत्मनः। दीसा = दीस = देखइ (पश्यति) = देखता है। ता सउँ = तिस से = उस से। कउनु = को नु = कौन। करइ = कुर्यात् = करे। रिस = रोषेण। रीसा = रोष = क्रोध। भएउ = बभूव = हुई। रजाएसु = राजाज्ञा = हुक्म। गँधरब-सेनी = गन्धर्व-सेनी = गन्धर्व-सेन की। काह = किम् = क्या। चढा = चढइ (उच्चलति) का भूत-काल, प्रथम-पुरुष, एक-वचन। निसेनी = निश्रेणी = सीढी। काहे = कथं वा किमर्थम्। अनबानी = अनुचितवाणी = कुवाणी, वा अणुवाणी = छोटी बोली। अस = एतादृश = ऐसी। धरई = धरति = धरता है। बिटंड = वितण्डावाद = बखेडा। भटंत = भटता = भाट का काम। करई = करइ = करता है = करोति। जाति = ज्ञाति = जात। करा = कला। कित = कुतः = क्योँ। अउगुन = अवगुण = दोष। लावसि = लागयसि = लगाता है। बाएँ = वाम। हाथ = हस्त। राज = राज्ञः = राजा को। बरभावसि = वरं भावयसि = आशीर्वदसि = आशीर्वाद देता है। नाउँ = नावँ = नाम। का = किम् = क्या। मारउँ = मारूँ = मारयेयम्। जीवा = जीव = प्राण। अबहूँ = अद्यापि = इदानीमपि = अब भी। बोल = वद। नाइ कइ = विनमय्य = झुँका कर = नवा कर। गीवा = ग्रीवा = गला॥

तूँ = त्वम् = तैँ। रे = अरे = नीच सम्बोधन। जोगी = योगी। तोहि = त्वत्तः = तुझ से। एहि = अस्मात् = इस सेँ। कहाँ = कस्य। क = का। संग = सङ्ग = साथ।

कहाँ = कुत्र । करद = करने के लिये = नाश करने के लिये = चरणार्थ । पावा = पावइ (प्राप्नोति) का भूत-काल, प्रथम-पुरुष, एक-वचन । कहा = कथम् = क्यों । चित = चित्त = मन । भंग = भङ्ग = विकार ॥

और (फिर) जो वहाँ भाट आगे (खडा) था (वह) राजा गन्धर्व-सेन के क्रोध होने पर विनय कर के खडा हो गया । (और फिर क्रोध में आ कर कहने लगा कि) भाट ईश्वर की कला है, सब राजा लोग (भाट को) अर्गला के लिये (अनुचित कार्य के रोकने के लिये) रखते हैं । जो भाट (सदा) अपनी मौत देखा करता है, उस से कौन क्रोधी क्रोध कर सकता है, अर्थात् जो मौत को नहीं डरता उस पर कोई क्या क्रोध करे । (भाट की ऐसी खरी बात सुन कर) गन्धर्व-सेन को आज्ञा हुई कि (अरे भाट) क्या मौत की सीढी पर चढा है । क्यों ऐसी अनुचित वाणी (मन में) रखता है, क्यों बखेडा करता है, क्यों नहीं भाट के ऐसी बात करता । (तेरी) जात (ईश्वर की) कला है (उस में) क्यों दोष लगाता है, क्यों राजा को बाएँ हाथ से आशीर्वाद देता है । तेरा नाम भाट है, (इस लिये) क्या तेरे जीव को मारूँ, (सावधान हो जा) अब भी गर्दन को झुका कर (उचित बात को) बोल ॥

अरे तूं तो भाट और यह योगी, तुझ से और इस (योगी) से कहाँ का सङ्ग । (अपने को) नाश करने के लिये कहाँ ऐसा (योगी का) भङ्ग पाया, क्यों (तेरा) चित्त भङ्ग हो गया ॥ २७४ ॥

चउपाई ।

जो सत पूँछसि गँधरब-राजा । सत पइ कहउँ परइ किन गाजा ॥
भाटहि कहा मीँचु सन डरना । हाथ कटार पेट हनि मरना ॥
जंबुदीप जो चितउर देसू । चितर-सेन बड तहाँ नरेसू ॥
रतन-सेन यह ता कर बेटा । कुल चहुआन जाइ नहिँ मेटा ॥
खाँडे अचल सुमेरु पहारू । टरइ न जउँ लागइ संसारू ॥
दान सुमेरु देत नहिँ खाँगा । जो ओहि माँग न अउरहि माँगा ॥
दाहिन हाथ उठाएउँ ताही । अउरु को अस बरभावउँ जाही ॥

दोहा ।

नाउँ महापातर मोहिँ　　तेहि क भिखारी ढीठ ।
जउँ खरि बात कहत रिस (लागइ)　खरिअइ कहहिँ बसीठ ॥ २७५ ॥

जो = जौँ = यदि । सत = सत्य = सच । पूँछसि = पृच्छसि = पूछता है । गँधरब-राजा = गन्धर्व-राज = गन्धर्व-सेन राजा । पइ = अपि = निश्चय कर । कहउँ = कथयामि = कहता हूँ । परइ = पतेत् = पडे । किन = किमु न = क्यौँ न । गाजा = गर्ज्या = गरजने-वाली = बिजली । भाटहि = भटस्य = भाट को । कहा = किम् = क्या । मौँचु = मृत्यु = मौत । सन = से । डरना = दरण = भय करना । हाथ = हस्त । कटार = कर्त्तक = काटने-वाला । पेट = पिटक = उदर । हनि = हत्वा = हन कर = मार कर । मरना = मरण । जंबुदीप = जम्बूदीप । जो = यः । चितउर = चित्रवर, वा = चित्रपुर = चितौर गढ । देसू = देश । चितर-सेन = चित्र-सेन । बड = बर = बडा । तहाँ = तत्र । नरेसू = नरेश = राजा । रतन-सेन = रत्न-सेन । यह = अयम् । ता कर = तस्य = तिस का = उस का । बेटा = वत्स = वेत्र = आधार = पुत्त्र । कुल = वंश । चहुआन = चतुःस्थान = चौहान । जाइ = जायते । मेटा = मार्ष्टि स्म = मिटाया । खाँडे = खण्डक = काटने-वाला या खाँडा = खड्ग = तलवार । अचल = अटल । सुमेरु = सोने का सब से श्रेष्ठ पर्वत । पहारू = प्रहार = पहाड । टरइ = चलति = टरता है । जउँ = यदि = जौँ । लागइ = लगेत् = लगे । संसारू = संसार । देत = देने में । खाँगा = कम = शुष्क = खुक्ख = खाली खङ्ग (खजि गतिवैकल्ये) । ओहि = तस्मात् = उस से । माँग = माँगइ (याचते) । अउरहि = अपरस्मात् = और से = दूसरे से । माँगा = माँगता = जाँचता । दाहिन = दक्षिण = दहिना । उठाएउँ = उत्थापयामास = उठाया । ताही = तिसे = उसे । को = कः = कौन । अस = एतादृश = ऐसा । बरभावउँ = वरं भावयेयम् = आशीर्वाद देऊँ ॥

नाउँ = नाम = नावँ । महापातर = महापात्र । मोहिँ = मम = मेरा । क = का । भिखारी = भिक्षुक । ढीठ = धृष्ट = ढीठा । खरि = खरी = सच्ची = खर । बात = वार्त्ता । कहत = कथयतः = कहने से । रिस = रोष = क्रोध । (लागइ) = लगति = लगती है । खरिअइ = खरी-ही = सच्ची-ही । कहहिँ = कथयन्ति = कहते हैं । बसीठ = दूत = वशिष्ठ ॥

(भाट बोला कि) जौँ राजा गन्धर्व-सेन तूँ सच पूछता है (तो मैं) निश्चय कर सच कहता हूँ, (उस सच के कहने से मेरे ऊपर) बिजली क्यौँ न पडे (पर मैं सच

कहना नहीं छोडूँगा)। भाट को क्या मौत से डरना, (भाट के) हाथ में कटार है (सच कहने पर जौं आप को बुरा लगे तो आप क्या मुझे मारेंगे मुझे तो) पेट में कटार मार कर (आप) मरना है। (अब मैं सच बात कहता हूँ, सुन,) जम्बूदीप में जो चितौर देश है, वहाँ का (सब से) बडा राजा चित्र-सेन था। यह रत्न-सेन उस का बेटा है, (यह) चौहान वंश का है (जो कर्म में लिखा रहता है वह) मिटाया नहीं जाता। तलवार चलाने में सुमेरु पहाड ऐसा अचल है, जौं सारा संसार लगे तौ भी टरने-वाला नहीं। दान देने में सुमेरु के ऐसा है (कभी ऐसा नहीं कि धन) घटे; जो कोई उस से माँगता है वह दूसरे से नहीं माँगता, अर्थात् राजा रत्न-सेन के दान से वह सन्तुष्ट हो जाता है, फिर उस को दूसरे से माँगने की जरूरत नहीं पडती। (हे राजा गन्धर्व-सेन, सुन, मैं आशीर्वाद देने के लिये अपना) दहिना हाथ उस के (आगे) उठा चुका हूँ, (अब) दूसरा ऐसा कौन है जिसे (दहिने हाथ से) आशीर्वाद दूँ ॥

मेरा नाम महापात्र है मैं उसी (रत्न-सेन) का ढीठा भिखारी हूँ (उसी के आगे दहिना हाथ उठाने-वाला हूँ)। यद्यपि खरी बात कहने से (सुनने-वाले को) क्रोध हो जाता है, पर दूत (बुरा लगे तो लगे) सच्ची ही बात कहते हैं ॥

विश्वनाथ महापात्र ने काव्यप्रकाश बनाया है। ये बडे कवि थे इसी लिये ग्रन्थकार ने आदर के लिये केवल पदवी मात्र से भाट का नाम महापात्र रक्खा हो तो आश्चर्य नहीं ॥ २७५ ॥

चउपाई।

ततखन सुनि महेस मन लाजा। भाट कला होइ बिनवा राजा ॥
गँधरब-सेन तुँ राजा महा। हउँ महेस मूरति सुनु कहा ॥
पइ जो बात होइ भलि आगइँ। कहा चाहि का भा रिस लागइँ ॥
राज-कुअँर यह होइ न जोगी। सुनि पदुमावति भएउ बिओगी ॥
जंबूदीप राज-घर बेटा। जो हइ लिखा सो जाए न मेटा ॥
तोरइ सुअइँ जाइ एहि आना। अउ जा कर बरोक तुइँ माना ॥
पुनि यह बात सुनी सिउ लोका। करहु बिआह धरम बड तो का ॥

दोहा।

खपर लिए उहई पइ माँगइ मुएहु न छाडइ बारु।
बूझि देखु जो कनक कचउरी देहु भीख नहिँ मारु॥ २७६॥

ततखन = तत्क्षणे = उस क्षण में। सुनि = श्रुत्वा = सुन कर। महेस = महेश = महादेव। लाजा = लज्जित हुआ। भाट = भट = स्तुति करने-वाला। कला = अंश = रूप। होइ = भूत्वा = हो कर। बिनवा = बिनवइ (विनमति) का भूत-काल, प्रथम-पुरुष, एक-वचन। गँधरब-सेन = गन्धर्ब-सेन। तुँ = त्वं = त्वम्। महा = महान् = बडा। हउँ = हौं = अहम् = मैं। मूरति = मूर्त्ति। सुनु = शृणु = सुन। कहा = कहते हैं = कहा गया है = कथ्यते। पइ = अपि = निश्चय कर। जो = यः, यहाँ या। बात = वार्त्ता। होइ = भवति = होती है। भलि = भली = वर = अच्छी। आगइँ = अग्रे = आगे। कहा चाहि = कहना चाहिए। का = क्या = किम्। भा = बभूव = भया = हुआ। रिस = रोष = क्रोध। लागइँ = लगने से = लग्नतः। राज-कुअँर = राज-कुमार। यह = अयम्। होइ = अस्ति = है। जोगी = योगी। पदुमावति = पद्मावती। भएउ = बभूव = भया = हुआ। बिओगी = वियोगी = विरही। जंबूदीप = जम्बूद्वीप। राज-घर = राज-गृह = राज-घराना। बेटा = वत्स वा वेच। लिखा = लेख। सो = सः = वह। जाए = जाय = जायते। मेटा = मिटाया = मार्ष्टि स्म (मृजू शुद्धौ से)। तोरइ = तवैव = तेरा ही। सुअइँ = शुकेन = सुग्गे ने। जाइ = आयाय = जा कर। एहि = अमुम् = इसे। आना = आनयत् = ले आया। अउ = अपि = और। जा कर = यस्य = जिस का। बरोक = वरेक्षण = बरच्छा = बरेखी। तुइँ = त्वया = तैं ने। माना = मानइ (मन्यते) का भूत-काल, प्रथम-पुरुष, पुंलिङ्ग, एक-वचन। पुनि = पुनः = फिर। सुनी = सुनइ (शृणोति) का भूत-काल, प्रथम-पुरुष, स्त्रीलिङ्ग, एक-वचन। सिउ = शिव = महादेव। लोका = लोक। करहु = कुरुथ = करिए। बिआह = विवाह = ब्याह। धरम = धर्म। बड = बडा = बृहत्। तो का = तव = तुझे॥

खपर = खर्पर = खप्पड। लिए = लिए हुए। उहई = वही = तामेव। माँगइ = याचते = माँगता है। मुएहु = मृतेऽपि = मरने पर भी। छाडइ = छोडे (छोटयेत्) यहाँ छोडेगा। बारु = द्वार = बार। बूझि = सम्बुध्य = समझ कर = बूझ कर। देखु = पश्य = देख। कनक = सोना। कचउरी = कचौरी = तामा सोने का मेल। देहु = ददथ = देओ। भीख = भिक्षा। मारु = मारय = मारो॥

उसी समय (राजा गन्धर्व-सेन के यहाँ बडे बडे लोग जो बैठे थे सभी ने भाट की बात की निन्दा करने लगे। उस निन्दा को) सुन कर महादेव (भाट) का मन लज्जित हो गया, (और) भाट की कला अर्थात् चाल ऐसे हो कर राजा गन्धर्व से विनय करने लगे, अर्थात् भाट के ऐसा दहिने हाथ से गन्धर्व-सेन, को आशीर्वाद दे कर भाट विनय करने लगा। राजा गन्धर्व-सेन, सुन, तूँ बडा राजा है (और लोग) मुझे (भाट को) महेश की मूर्त्ति कहते हैं। पर (ऐसी चाल है कि) जो बात आगे के लिये भली हो, उस को कहना चाहिए, क्रोध लगने से क्या ऊआ, अर्थात् सुनने-वाले को क्रोध लगे तो लगे, पर भली बात को जरूर कहना चाहिए। भारवी ने माघकाव्य में सच लिखा है कि 'हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः'। हित की बात मनोहर भी हो यह दुर्लभ है। यह राज-कुमार है योगी नहीँ, पद्मावती (की सुन्दरता) सुन कर विरही हो गया है। जम्बूद्वीप के राज-घराने का बेटा है, जो (कर्म में) लिखा है वह मिटाया नहीँ जाता। तेरेई सुग्गा (हीरामणि) (जम्बू-द्वीप में) जा कर इस को ले आया है, और (यह वही राज-कुमार है) जिस का तैँ (पद्मावती के साथ व्याह करने के लिये) बरच्छा माना है अर्थात् बरच्छा किया चाहता है। फिर यह बात शिव-लोक में (भी) सुनी गई है (वहाँ भी इस के साथ पद्मावती का व्याह योग्य समझा गया है। सो आप इस के साथ पद्मावती का) व्याह कीजिए। (ऐसा करने से) आप को बडा धर्म होगा॥

(यह) खप्पर लिए उसी (पद्मावती) को माँगता है, मरने पर भी (तुम्हारा) दरवाजा न छोडेगा। राजा तूँ बूझ कर देख जो यह (सच्चा) सोना है (या) कचौडी है। (मेरा कहना मान इसे) भीख देओ, मारो मत, अर्थात् पद्मावती के साथ इस का व्याह कर दो, मारो मत। यही पद्मावती के योग्य वर है॥ २७६ ॥

चउपाई ।

भाट भेस ईसुर जस भाखा। हनुवँत बीर रहइ नहिँ राखा॥
लीन्ह चूरि ततखन वइ सूरी। धरि मुख मेलेसि जानहुँ मूरी॥
महादेओ रन घंट बजावा। सुनि कइ सबद बरम्ह चलि आवा॥
चढे अतर लेइ बिसुन मुरारी। इँदर-लोक सब लाग गोहारी॥
फन-पति फन पतार सउँ काढा। असटउ कुली नाग भा ठाढा॥

तेइँतिस कोटि देओता साजा। अउ छाँनबइ मेघु-दल गाजा ॥
छपन कोटि बइसुंदर बरा। सवा लाख परबत फरहरा ॥

दोहा ।

नवइ नाथ चलि आवहीँ अउ चउरासी सिद्ध।
अहुटि बजर जर धरती गगन गरुर अउ गिद्ध ॥ २७७ ॥

भाट = भट = स्तुति करने-वाला। भेस = वेष = रूप। ईसुर = ईश्वर = महादेव। जस = यथा = जैसे। भाखा = भाखइ = (भाषते) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन। हनुवँत = हनुमान्। बीर = वीर = योद्धा। रहइ = तिष्ठति = रहता है। राखा = रखने से = रक्षणतः। लीन्ह = अलात् = लिया। चूरि = चूर्ण = चूर। ततखन = तत्क्षणे = तिस क्षण में = उस क्षण में। वह = वह वा उस। सूरी = शूली। धरि = धृत्वा = धर कर = पकड कर। मुख = मुँह। मेलेसि = अमेलयत् = मेल दिया = डाल दिया। जानहुँ = जाने = जानोँ। मूरी = मूली = मूलिका = मुरई = एक खाने का कन्द। महादेओ = महादेव। रन = रण = सङ्ग्राम। घंट = घण्टा। बजावा = बजावइ (वादयति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन। सुनि कइ = श्रुत्वा = सुन कर। सबद = शब्द = आवाज। बरम्ह = ब्रह्मा। चलि आवा = आयात् = चला आया। चढे = चढइ (उच्चलति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, बहु-वचन। अतर = अस्त्र = जो कि मन्त्र से चलाया जाय। लेइ = आलाय = ले कर। बिसुन = विष्णु। मुरारी = मुरारि = मुर के शत्रु। इँदर-लोक = इन्द्र-लोक। सब = सर्व। लाग = लगइ (लगति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन। गोहारी = गोहार = गोपन = रक्षण = रक्षा करना। फनपति = फणिपति = साँपोँ का राजा = शेष नाग। फन = फण। सउँ = से। काढा = काढइ (कर्षति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन। असटउ = अष्टौ = आठो। कुली = कुल के। नाग = साँप = सर्प। भा = बभूव = भया = हुआ, यहाँ हुए। ठाढा = खडा = उत्थान। तेइँतिस = तेँतीस = त्रयस्त्रिंशत्। कोटि = करोड। देओता = देवता। साजा = साजइ (सज्जते) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन। अउ = अपि = और। छाँनबइ = षण्णवति = छानवे। मेघु-दल = मेघ-दल = मेघोँ की सेना = बादलोँ के झुंड। गाजा = गाजइ (गर्जति = गरजइ) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन। छपन = षट्पञ्चाशत् = छप्पन। बइसुंदर =

बैस्वानर = आग । बरा = बरइ (वरति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, का एक-वचन । सवा लाख = सपादलक्ष । परबत = पर्वत । फरहरा = फरहरइ (स्फुरति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन ॥

नवइ = नवापि = नवो । नाथ = नाथान्त सिद्ध-पुरुष, गोरख-नाथादि । चलि = चल कर = चलिला । आवहीँ = आयान्ति = आते हैँ । चउरासी = चतुरशीति = चौरासी । सिद्ध = सिद्ध-पुरुष । अऊटि = औटन = आवर्त्तन । बजर = वज्र = बिजली । जर = जरइ (ज्वलति) = जरता है वा जरती है । धरती = धरित्री = भूमि । गगन = आकाश = आसमान । गरुर = गरुड = मांसखाने-वाला प्रसिद्ध पक्षी, जिसे इस प्रान्त मेँ ढकपडेर कहते हैँ । गिद्ध = गृध्र = मांसखाने-वाला प्रसिद्ध पक्षी ॥

जैसे-ही भाट के वेष मेँ महादेव ने (पिछले दोहे की बात) कही, (वैसे-ही) वीर हनुमान रखने से अर्थात् रोकने पर भी नहीँ रहे (झट उठ खडे हुए)। उसी क्षण मेँ उस शूली को चूर कर डाला, (और) पकड कर मुँह मेँ डाल लिया जानोँ (कोई) मूली मुँह मेँ डाल कर खाता हो। महादेव ने रण का घंटा बजाया, जिस का शब्द सुन कर (ब्रह्म-लोक से दौडे) ब्रह्मा चले आए। मुरारि विष्णु अस्त्र ले कर (लडने के लिये) चढाई किए; इन्द्र-लोक के सब लोग (रत्न-सेन की) रक्षा करने लगे। पाताल से शेष नाग ने अपने फन को निकाला, आठो कुल के नाग (आ कर) खडे हुए। तैँतिस करोड देवता (लडने की) तयारी करने लगे और छानबे बादलोँ के झुंड गरजने लगे। छप्पन करोड आग बरने लगी, सवा लाख पर्वत फरकने लगे ॥

नवो-नाथ और चौरासी सिद्ध भी (वहाँ) चले आए। बिजली के औटने से भूमि जलने लगी। गरुड और गिद्ध (नर-मांस खाने के लिये) आकाश मेँ मँडराने लगे ॥

हनुमान = केशरी के वीर्य से अञ्जना के गर्भ से उत्पन्न हुए हैँ, रामायण मेँ इन की कथा प्रसिद्ध है ॥

महादेव, ब्रह्मा और विष्णु ये पुराणोँ मेँ प्रसिद्ध तीन देवता हैँ ॥

इन्द्र-लोक मेँ इन्द्र रहता है। वह देवताओँ का राजा है, इस के लोक को स्वर्ग लोक कहते हैँ। इस की राजधानी अमरावतीपुरी और सभा सुधर्मा है। इस ने गौतम की स्त्री अहल्या का सत बिगाडा था। इस लिये गोतम के शाप से इस की देह मेँ हजार योनि हो गई थी। पीछे लङ्का विजय करने पर राम के वर से

वे सहस्र योनि सहस्र आँख हो गईं । इसी से इस का नाम सहस्राक्ष हुआ । रामायण में इसकी सविस्तर कथा लिखी हुई है ॥

फणिपति शेषनाग के ऊपर प्रलयकाल में भगवान विष्णु लक्ष्मी के साथ सोते हैं । शेष ही ने पतञ्जलि हो कर अष्टाध्यायी का भाष्य और कपिल हो कर योगशास्त्र को बनाया है ॥

अष्टकुली नाग के लिये इस ग्रन्थ का १६५ पृ० देखो ॥

ऋग्वेद में ग्यारह भूमि के, ग्यारह पाताल के और ग्यारह स्वर्ग के सब तैंतीस देवता लिखे हैं । पर पुराणों में एक एक के करोड करोड सन्तान मान कर तैंतीस करोड देवता लिखे हैं ॥

ज्यौतिष के मेघमाला नाम ग्रन्थ में मन्दर के उत्तर १२ मेघ, बारह महीने के १२ मेघ, कैलास, विकट, जठर, मेरु, शृङ्ग, पारिजात, हिमवान्, और गन्धमादन पर्वत पर के दश दश मेघ सब ८४ लिखे हैं । ग्रन्थकार ने एक प्रलय काल का सांवर्त्तक और दूसरा मेघदूत का पुष्पकावर्त्त ले कर ८६ लिखा है, ऐसा जान पडता हैं । श्रीमद्भागवत दशमस्कन्ध के २५ अध्याय में लिखा है कि इन्द्र ने प्रलय करने-वाले सांवर्त्तादिक मेघों को ले कर व्रज पर चढाई किया था ॥

अग्नि—श्रीमद्भागवत षष्ठस्कन्ध—१८ अध्याय के ३ श्लोक की टीका में 'पञ्च वा एते ऽग्नयो यच्चितय इति' यह श्रीधर लिखते हैं । इस से पाँच आग, और चतुर्थ-स्कन्ध के १ अध्याय के ५८—६० श्लोक—

स्वाहाभिमानिनश्चाग्नेरात्मजांस्त्रीनजीजनत् ।
पावकं पवमानं च शुचिं च हुतभोजनम् ॥
तेभ्यो ऽग्नयः समभवंश्चत्वारिंशच्च पञ्च च ।
त एवैकोनपञ्चाशत् साकं पितृपितामहैः ॥

इन से ४९ अग्नि हैं । दोनों के जोडने से ५४ अग्नि और स्मार्त्ताग्नि, श्रौताग्नि दो और अधिक करने से ५६ अग्नि होते हैं । इन के, तैंतिस देवताओं के सन्तान ऐसा, कोटि कोटि सन्तान मान कर ग्रन्थकार ने ५६ करोड अग्नि को लिखा है । वेदों में और कर्मकाण्डग्रन्थों में अनेक अग्नि के भेद लिखे हैं ॥

पर्वत—पद्म-पुराण के उत्तर-खण्ड के दूसरे अध्याय में लिखा है कि सवा लाख पर्वतों के बीच में वदरिकाश्रम स्थित है । वहाँ नर और नारायण जी रहते हैं ।

महेश उवाच ।

एकलक्षं पञ्चविंशत्सहस्राः पर्वतास्तथा ।
तेषां मध्ये महत्पुण्यं बद्रिकाश्रममुत्तमम् ॥ १ ॥
नरो नारायणो देवो यत्र तिष्ठति नारद ।
तस्य स्वरूपं तेजस्य वक्ष्यामीह च सांप्रतम् ॥ २ ॥

(वेङ्कटेश्वर छापेखाने की छपी पुस्तक, खेतबाडी-मुंबई)।

नवोनाथों के लिये इस ग्रन्थ का २४१ पृ० देखो ।

गोरख-नाथिओं में चौरासी सिद्ध हैं जिन के नाम नीचे लिखे ऊए हैं ।

सिद्ध-नाथ १ । बद्धपद्म-नाथ २ । दृढ-नाथ ३ । वीर-नाथ ४ । पवनमुक्त नाथ ५ । धीर-नाथ ६ । श्वास-नाथ ७ । पश्चिमतान-नाथ ८ । वातायन-नाथ ९ । मयूर नाथ १० । मत्स्येन्द्र-नाथ ११ । कुक्कुट-नाथ १२ । भद्र-नाथ १३ । अर्धपाद-नाथ १४ । पूर्णपाद-नाथ १५ । दक्षिण-नाथ १६ । शव-नाथ १७ । अध्व-नाथ १८ । धनुष-नाथ १९ । पादशिरा-नाथ २० । द्विपादशिरा-नाथ २१ । स्थिर-नाथ २२ । वृक्ष-नाथ २३ । अर्धवृक्ष-नाथ २४ । चक्र-नाथ २५ । ताल-नाथ २६ । ऊर्ध्वधनुष-नाथ २७ । वामसिद्ध-नाथ २८ । स्वस्तिक-नाथ २९ । स्थितविवेक-नाथ ३० । उत्थितविवेक-नाथ ३१ । दक्षिणतर्क-नाथ ३२ । पूर्वतर्क-नाथ ३३ । निःश्वास-नाथ ३४ । अर्धकूर्म-नाथ ३५ । गरुड-नाथ ३६ । व्याघ्र-नाथ ३७ । वामत्रिकोण-नाथ ३८ । प्रार्थना-नाथ ३९ । दक्षिणसिद्ध-नाथ ४० । पूर्णत्रिकोण-नाथ ४१ । वामभुज-नाथ ४२ । भयङ्कर-नाथ ४३ । अङ्गुष्ठ-नाथ ४४ । उत्कट-नाथ ४५ । वामाङ्गुष्ठ नाथ ४६ । ज्येष्ठिका-नाथ ४७ । वामार्धपाद-नाथ ४८ । वामभुजपाद-नाथ ४९ । भुजपाद-नाथ ५० । वामवक्र-नाथ ५१ । वामजानु-नाथ ५२ । वामशाख-नाथ ५३ । त्रिस्तम्भ-नाथ ५४ । वामपादापान-नाथ ५५ । वामहस्तचतुष्कोण-नाथ ५६ । गोमुख-नाथ ५७ । गर्भ-नाथ ५८ । एकपादवृक्ष-नाथ ५९ । मुक्तहस्तवृक्ष-नाथ ६० । हस्तवृक्ष-नाथ ६१ । द्विपादपार्श्व-नाथ ६२ । कन्दपीडन-नाथ ६३ । प्रौढ-नाथ ६४ । उपधान-नाथ ६५ । ऊर्ध्वसंयुक्तपाद-नाथ ६६ । अर्धशव-नाथ ६७ । उत्तानकूर्म-नाथ ६८ । सर्वाङ्ग-नाथ ६९ । अपान-नाथ ७० । योनि-नाथ ७१ । मण्डूक-नाथ ७२ । पर्वत-नाथ ७३ । शलभ-नाथ ७४ । कोकिल-नाथ ७५ । लोल-नाथ ७६ । उष्ट्र-नाथ ७७ । हंस-नाथ ७८ । प्राण-नाथ ७९ । कार्मुक-नाथ ८० । आनन्दमन्दिर-नाथ ८१ । खञ्जन-नाथ ८२ । ग्रन्थिभेदन-नाथ ८३ । भुजङ्ग-नाथ ८४ । इन लोगों ने, जिस जिस आसन से हठ-योग सिद्ध किए हैं, उन्हीं

आसन-संबन्धी नाम हैं । जैसे जिस ने सिद्धासन से हठ-योग सिद्ध किया उस का नाम सिद्ध-नाथ पडा । कहीं कहीं इन के दूसरे नाम भी मिलते हैं । काशी के श्रीरामशास्त्री-भारद्वाज के शिष्य ब्रह्मचारी नृसिंहशर्मा ने मुंबई "कर्नाटक" मुद्रालय में सन् १८९८ ई० में एक "चौरासी-आसन" नाम की पुस्तक छपवाई है । उस में चौरासी आसनों के अवान्तर भेद से ९७ आसन चित्र के साथ दिखलाए हैं । परन्तु ज्यौतिषशास्त्र में सिद्ध शब्द से आज कल २४ संख्या लेते हैं । जैनिओं में चौबीस जिन देव सिद्ध ऊए हैं इस लिये जान पडता है कि आज कल प्रचलित ज्यौतिष-ग्रन्थों में 'जिन' या 'सिद्ध' वा 'अर्हत्' से चौबीस का ग्रहण करते हैं ॥

गोरक्ष-पद्धति में भी चौरासी लाख आसनों में से ८४ ही को मुख्य माना है ।

चतुराशीतिलक्षाणामेकैकं समुदाहृतम् ।
ततः शिवेन पीठानां षोडशोनं शतं (८४) कृतम् ।

बऊत लोग दोहे के 'चउरासी सिद्ध' से चौरासी आसनों के द्वार से जो सिद्ध हैं, उन्हें लेते हैं ॥ २७७ ॥

चउपाई ।

जोगी धरि मेले सब पाछइँ । अउरु माल आए रन काछइँ ॥
मंत्रिन्ह कहा सुनहु हो राजा । देखहु अब जोगिन्ह के काजा ॥
हम जो कहा बड ता कर जूझू । होत आउ दर बहुत असूझू ॥
खन एक मँह छरहट होइ बीता । दर मँह छरहिँ रहइ सो जीता ॥
कइ धीरज राजा तब कोपा । अंगद आइ पाँओ रन रोपा ॥
हसति पाँच जो अगुमन धाए । ते अंगद धरि सूँड फिराए ॥
दीन्ह अडारि सरग कहँ गए । लउटि न बहुरे तहँ के भए ॥

दोहा ।

देखत रहे अचंभउ जोगी हसति बहुरि नहिँ आए ।
जोगिन्ह कर अस जूझब पुहुमि न लागहिँ पाए ॥ २७८ ॥

जोगी = योगी । धरि = धृत्वा = धर कर = पकड कर । मेले = मेलइ (मेलयति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, बऊ-वचन । सब = सर्वे । पाछइँ = पृष्ठे = पीछे । अउरु = और = अपर । माल = मल्ल = कुश्ती लडने-वाले । आए = उपेयुः । रन =

रण = सङ्ग्राम । काछहँ = कच्छित = कच्छ कसे = लँगोटा कसे । मंत्रिन्ह = मन्त्रिभिः = मन्त्रिओं ने । कहा = अकथयत् । सुनज = शृणुथ = सुनिए । हो = अहो = हे = उच्च सम्बोधन । देखज = पश्यथ = देखिए । अब = इदानीम् = अधुना । जोगिन्ह = जोगी का बज-वचन । के = का का बज-वचन । काजा = कार्य = काम । हम = हौं वा मैं का बज-वचन । जो = यः = जो । बड = बृहत् = बडा । ता कर = तस्य = तिस का = उस का । जूझ = युद्ध । होत = होता = भवन् । आउ = आयाति = आता है । दर = दल = सेना । बजत = बजतर = अधिक । असूझू = असूझ = अगोध = जिस की गणना न हो । खन = चण । एक = एक । मँह = मध्ये = में । हरहट = चरहट्टा = मरने की बाजार । होइ = भूला = हो कर । बीता = बीत = बीतता है = व्यत्येति । छरहिँ = चरन्ति = मरते हैं । रहइ = तिष्ठति = रहता है । सो = सः = वह । जीता = जीत = जयति = जीतता है । कइ = कला = कर के । धीरज = धैर्य । तब = तदा । कोपा = चुकोप = कोप किया = क्रोध किया । अंगद = अङ्गद = बालि का पुत्र, सुग्रीव का भतीजा । आइ = एत्य = आ कर । पाँओ = पाद = पैर । रोपा = रोपइ (रोपयति रुह, बीजजन्मनि प्रादुर्भावे से) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन । हसति = हस्ती = हाथी । पाँच = पञ्च । अगुमन = अग्रगमन = पहले । धाए = धावइ (धावति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, बज-वचन । ते = वे । सूँड = शुण्ड = हाथी का हाथ । फिराए = फिरावइ (भ्रमयति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, बज-वचन । दीन्ह = अदात् = दिया । अडारि = अधारण = प्रचेपण = फैंक । सरग = स्वर्ग । कहँ = को । गए = जाइ (याति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, बज-वचन । लउटि = परावर्त्य = लौट कर । बजरे = फिरइ (परिवर्त्तयति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, बज-वचन । तहँ = तत्र । भए = बभूवुः = जए ॥

देखत = पश्यन् = देखते । रहे = तस्थुः = थे । अचंभउ = अचंभा = आश्चर्य । बजरि = फिर = भूयः । आए = आए । कर = का । अस = एतादृश = ऐसा । जूझब = योद्धव्य = जूझना = लडना । पुजमि = भूमि = पृथ्वी । लागहिँ = लगन्ति = लगते हैं । पाँए = पाँय = पैर = पाद ॥

(पहले कहे जए ब्रह्मादिक ने) योगिओं को पकड कर पीछे कर दिए, और रण में लँगोटा कस कस सब (ब्रह्मादि) माल उतर पडे । (गन्धर्व-सेन के) मन्त्रिओं ने कहा कि हे राजा, (मेरी बात) सुनिए, अब योगिओं के काम को देखिए । हम ने जो

(पहले-ही आप से) कहा कि योगिओं का संग्राम बडा (भयङ्कर) होता है, (सो देखिए) असूझ बझत दल होता आता है, अर्थात् असंख्य सेना चली आती है। एक चण में मुर्दों की बाजार लगी चाहती है, दल में (लोग) मरा चाहते हैं, सो जो जीतेगा वही (दल में) रहेगा। (मन्त्रिओं की इतनी बात सुन कर) राजा (गन्धर्व-सेन) ने तब क्रोध किया, (इतने-ही में) रण में आ कर अङ्गद ने (लडने के लिये) पैर को जमाया। पहले जो (राजा गन्धर्व-सेन के) पाँच हाथी (अङ्गद की ओर पकडने को) दौडे, अङ्गद ने उन्हें सूँड पकड कर फिराया (और फिरा कर आकाश में फेंक दिया। वे (उड कर) स्वर्ग को चले गए, फिर न लौटे, वहीं के हो गए॥

योगी लोग इस आश्चर्य को देखते रह गए कि वे हाथी फिर नहीं (जमीन पर) आए। (कवि कहता है कि) योगिओं का ऐसा लडना होता है कि जमीन पर पैर नहीं लगता, अर्थात् योगी लोग आसमान-ही से लडते हैं, जमीन पर नहीं उतरते॥

अङ्गद की कथा रामायण में प्रसिद्ध है। ये राम का दूत बन कर रावण की सभा में गए थे, और प्रतिज्ञा की थी कि रावण, मेरे टेके ऊए पैर को जौं घसका दो, तो मैं सीता को हार जाता हूँ, राम जी विना लडे लौट जायँगे॥ २७८॥

चउपाई।

कहहिँ बात जोगिहिँ हम पाई। खन एक मँह चाहत हहिँ धाई॥
जउँ लहि धावहिँ अस का खेलहु। हसतिन्ह केर जूह सब पेलहु॥
जस गज पेलि होइ रन आगइँ। तस बगमेल करहु सँग लागइँ॥
हसति कि जूह जउहिँ अगुसारी। हनुवँत तउहिँ लँगूर पसारी॥
जउहिँ सो सइन जीति रन आई। सबहि लपेटि लँगूर चलाई॥
बहुतक टूटि भए नउ खंडा। बहुतक जाइ परे ब्रहमंडा॥
बहुतक फिरा करहिँ अँतरीखा। अहे जो लाख भए ते लीखा॥

दोहा।

बहुतक परे समुँद मँह परत न पावा खोज।
जहाँ गरब तहँ बेरा जहाँ हँसी तहँ रोज॥ २७९॥

कहहिँ = कथयन्ति = कहते हैँ । बात = वार्त्ता । जोगिहिँ = योगिनाम् = योगिश्रोँ का । हम = हौँ (मैँ) का बक्त-वचन । पाई = पावद (प्राप्नोति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, बक्त-वचन । खन = चण । एक = एक । मँह = मध्ये = में । चाहत हहिँ = इच्छन्ति = चाहते हैँ । धाई = धावनम् = धावा मारना । जउँ लहि = जब तक = यावद्धि । धावहिँ = धावन्ति = दौडते हैँ = धावा मारते हैँ । अस = एतादृश । का = कि । खेलक = खेलन्तु = खेलो । हसतिन्ह केर = हस्तिनाम् = हाथिश्रोँ का । जूह = यूथ = झुंड । सब = सर्वे । पेलक = पीलयन्तु = पेलो = कुलाश्रो । जस = यथा = जैसे । गज = हस्ती = हाथी । पेलि = पीलयित्वा = पेल कर = कुला कर । होइ = भवेत् = हो । रन = रण = सङ्ग्राम । आगइँ = अग्रे = आगे । तस = तथा = तैसे । बगमेल = वागमेल = वाग से वाग को मिलाना = मुठ भेर = डट जाना = ऊपर पक्तँच जाना । करक = कुर्वन्तु = करो । सँग = संग = साथ । लागइँ = लगे क्तए = लगन्तः । हसति = हस्ती = हाथी । कि = की । जउहिँ = यदा हि = जैसे-ही । अगुसारी = अग्रसरण = आगे गमन । हनुवँत = हनुमान् = हनुमंत । तउहिँ = तदा हि = तैसे-ही । लँगूर = लाङ्गूल = पोक = पुच्छ । पसारी = पसारइ (प्रसारयति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन । सो = सः = वह । सइन = सेनायाम् = सेना में । जीति = जीतने के लिये = जयार्थं । आई = आवइ (आयाति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन । सबहि = सर्वेषाम् = सब को । लपेटि = प्रपुञ्च्य = लपेट कर । चलाइ = चलावइ (चालयति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन । बक्ततक = बक्ततरकः = बक्तत एक = बक्तत तो । टूटि = त्रुटित्वा = टूट कर । भए = बभूवुः = क्तए = हो गए । नउ-खंडा = नव-खण्ड = नव टुकडे । जाइ = यात्वा = जा कर । परे = परइ (पतति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, बक्त-वचन । ब्रहमंडा = ब्रह्माण्ड = आकाश । फिरा करहिँ = भ्रमन्तः सन्ति = फिरा करते हैँ = घूमा करते हैँ । अँतरीखा = अन्तरिच । अहे = आसन् = थे = रहे । जो = यः = जो । लाख = लच । ते = वे । लीखा = लीचा = लीख ॥

समुँद = समुद्र । परत = पडत-ही = पतन्त एव । पावा = पावइ (प्राप्नोति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन । खोज = चिह्न = निशान = पता । जहाँ = यत्र । गरब = गर्व = अभिमान । तहँ = तत्र । बेरा = बेँडा = वक्र = कठिनता । हँसी = हास्य = ठट्ठा । रोज = रुज = रोग ॥

(राजा गन्धर्व-सेन के पच-वाले) कहने लगे कि हम लोग जोगिओं के (मतलब को) पा गए, अर्थात् समझ गए, (ये लोग) एक चण में (हमारी सेना के ऊपर) धावा मारा चाहते हैं। जब तक (ये लोग) धावा मारें (तब तक) ऐसा खेलो कि (धावा न करने पावें, इसी बीच में इन की सेना में) हाथिओं का झुंड पिला दो। जैसे हाथी पिल कर रण के आगे हों, वैसे-ही सब लोग साथ में लगे हुए मुठ भेर करो, अर्थात् शत्रुओं से भिड जाओ। जैसे-ही हाथिओं का झुंड (रत्न-सेन की सेना के) आगे आया, वैसे-ही हनुमान ने अपने लंगूर को फैलाया। जैसे-ही वह झुंड (रत्न-सेन की) सेना में जीतने के लिये रण-चेत्र में आया, (वैसे-ही) हनुमान ने सब को लंगूर में लपेट कर (ऊपर की ओर) चलाया। बहुत टूट कर नव टुकडे हो गए, बहुत जा कर ब्रह्माण्ड में पडे। बहुत अन्तरिच में घूमने लगे, जो लाख थे वे लीख हो गए, अर्थात् लाखों हाथी लीख के ऐसे छितिर बितिर हो गए ॥

बहुत समुद्र में जा कर पडे, पडते-ही उन का पता न लगा (कि क्या हो गए)। (कवि कहता है कि) जहाँ अभिमान है वहीं कठिनता पडती है, अर्थात् घमंडी-ही के ऊपर विपत्ति पडती है, (और) जहाँ हँसी होती है वहीं (लडाई का) रोग होता है। कहावत है कि 'रोग की जड खाँसी और झगडे की जड हाँसी'। कवि का अभिप्राय है कि भाट और मन्त्रिओं के समझाने पर भी राजा गन्धर्व-सेन ने न माना, घमंड से भरा लडने-ही लगा, जिस का फल यह हुआ कि जिन हाथिओं का बडा घमंड था वे हनुमान के फेँकने से लीख के ऐसे टुकडे टुकडे हो कर छितिर-बितिर हो गए ॥ २७९ ॥

चउपाई ।

फिरि आगइँ का देखइ राजा । ईसुर केर घंट रन बाजा ॥
सुना संख सो बिसुन जउँ पूरा । आगइँ हनुवँत केर लँगूरा ॥
लीन्हइँ फिरहिँ सरग ब्रहमंडा । सरग पतार लोक म्रितमंडा ॥
बलि बासुकि अउ इँदर नरंदू । गरह नखत सूरज अउ चंदू ॥
जावँत दानउ राकस पुरी । अहठउ बजर आइ रन जुरी ॥
जिन्ह कर गरब करत हुत राजा । सो सब फिरि बइरी होइ साजा ॥
जहवाँ महादेओ रन खरा । नारी घालि आइ पाँ परा ॥

दोहा ।

केहि कारन रिस कीजिअ हउँ सेवक अउ चेर ।
जेहि चाहिअ तेहि दीजिअ बारि गोसाइँ केर ॥ २८० ॥

फिरि = पुनः = भूयः । आगइँ = अग्रे = आगे । का = किम् = क्या । देखइ = पश्यति = देखता है । ईसुर = ईश्वर = महादेव । केर = का । घंट = घण्टा । रन = रण = सङ्ग्राम । बाजा = बाजइ (वाद्यते) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन । सुना = सुनइ (शृणोति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन । संख = शङ्ख । सो = सो = सः = वह । बिसुन = विष्णु = भगवान । जउँ = यथा = जैसे-ही । पूरा = पूरइ (पूर्यते) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन । हनुवँत = हनुमान = हनुमन्त । लँगूरा = लाङ्गूल = पूछ = पुच्छ । लीन्हइँ = लीन्हे = लिए । फिरहिँ = भ्रमन्ति = फिरते हैँ । सरग = स्वर्ग । ब्रहमंडा = ब्रह्माण्ड । पतार = पाताल । मितमंडा = मृत्युमण्डित = मर्त्यलोक । बलि = पाताल का प्रसिद्ध राजा । बासुकि = नाग की एक जाति । अउ = अपि = और । इँदर = इन्द्र । नरंदू = नरेन्द्र = राजा । गरह = ग्रह । नखत = नक्षत्र । सूरज = सूर्य । चंदू = चन्द्र । जावँत = यावन्तः = जितने । दानउ = दानव = दनु के सन्तान । राकस = राक्षस, जो मनुष्य को खाते हैँ । पुरी = नगरी । अऊठउ = आवर्त्य = औटने-वाला । बजर = वज्र = बिजली । आइ = एत्य = आ कर । जुरी = जुरइ = (युज्यते) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन । जिन्हकर = येषाम् = जिनका । गरब = गर्व = घमंड = अभिमान । करत हुत = करता था । सब = सर्व । बइरी = वैरी = शत्रु । होइ = भूला = हो कर । साजा = साजइ (सज्जते) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन । जहवाँ = जहाँ = यत्र । महादेओ = महादेव । खरा = खडा = उत्थित । नारी = स्त्री । घालि = गिरा कर = अवघार्य (ह चरणदीप्योः से) । पाँ = पाद = पैर । परा = परइ (पतति) का भूत-काल, पुंलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन ॥

केहि = कस्य = केन = किस । कारन = कारण । रिस = रोष = क्रोध । कीजिअ = क्रियन्ते = करते हैँ । हउँ = अहम् = मैँ । सेवक = दास । चेर = चेटः = चेटक = टहलुआ । जेहि = यस्य = जिसे । चाहिअ = चाहिए = इच्छ्यते । तेहि = तस्य = तिसे = उसे । दीजिअ = दीयताम् = दीजिए । बारि = बाला = बालिका = कन्या = लडकी । गोसाइँ = गोस्वामी = मालिक । केर = की ॥

फिर (इस के) आगे राजा क्या देखता है कि रण में महादेव का घंटा बजा। (उस घंटे की आवाज ज्यों ही सुनी गई (त्यों ही) विष्णु ने (अपनी) उस (पाञ्च-जन्य) शंख को (स्वर से) पूरा, अर्थात् मुँह में लगा कर फूँक को भरा (जिस से बहुत भारी शब्द हुआ। (फिर इस के) आगे हनुमान के लंगूर में शत्रु की सेना के सब हाथी घोडे योद्धा लिपटे हुए (उसी लंगूर में) पडे स्वर्ग से ब्रह्माण्ड में, स्वर्ग से पाताल में और (पाताल से) मर्त्य लोक में घूमा फिरते हैं। बलि, वासुकि, और (देवताओं का राजा) इन्द्र, मनुष्यों के राजा, (भौमादि) ग्रह, नक्षत्र, सूर्य और चन्द्र, (सब) पुरियों के जितने दानव और राक्षस, (सब को) औटने-वाला वज्र, ये सब (महादेव के घंटा के बजते ही) आ कर रण में जुट गए। राजा गन्धर्व-सेन जिन लोगों का गर्व करता था वे सब उलट कर (राजा गन्धर्व-सेन के) शत्रु हो कर (उन्हीं के ऊपर लडने के लिये) तयारी करने लगे। (इस आश्चर्य को देख कर राजा गन्धर्व-सेन घबडा गया) जहाँ रण में महादेव खडे थे (वहाँ महादेव जी के पैर पर अपनी) स्त्री (चम्पावती) को गिरा कर (आप भी वहाँ पर) आ कर (महादेव जी के) पैर पर गिर पडा ॥

(और गिडगिडाने लगा कि आप) किस कारण से क्रोध करते हैं। मैं तो (आप का) दास और टहलुआ हूँ। (आप) गोसाईं की (वह पद्मावती) बेटी है, जिसे चाहिए उसे दीजिए। मैं जो आप की इच्छा में कुछ बाधा करूँ तो अवश्य मेरे ऊपर क्रोध कीजिए ॥

महादेव प्रसिद्ध तीन देवताओं में एक देवता हैं जो सृष्टि का नाश करते हैं।

विष्णु भी प्रसिद्ध तीन देवताओं में एक देवता हैं जो सृष्टि का पालन करते हैं।

हनुमान की कथा रामायण में प्रसिद्ध है।

स्वर्ग के लिये इस ग्रन्थ का २ पृ० देखो।

पाताल के लिये इस ग्रन्थ का २ पृ० देखो।

बलि के लिये इस ग्रन्थ का ४३८ पृ० और २०२ दोहे की टीका देखो।

वासुकि के लिये इस ग्रन्थ का १६५ पृ० देखो।

इन्द्र देवताओं का राजा, अदिति का ज्येष्ठ पुत्र, पुराणों में स्वर्ग का राजा कहा जाता है।

ग्रह से यहाँ पर भौम, बुध, बृहस्पति, शुक्र और शनैश्चर हैं।

77

नक्षत्र प्रसिद्ध ज्यौतिषशास्त्र में सत्ताइस हैं, पर यहाँ पर कवि ने नक्षत्र से सब ताराओं को लिया है ।

दानव और राक्षस में भेद है इसी लिये मनुस्मृति के १ अध्याय ३७ वें श्लोक में लिखा है कि

यक्षरक्षःपिशाचांश्च गन्धर्वाप्सरसोऽसुरान् ।
नागान् सर्पान् सुपर्णांश्च पितॄणां च पृथग् गणान् ॥ २८० ॥

चउपाई ।

तउ महेस उठि कीन्ह बसीठी । पहिलइँ कडुइ अंत होइ मीठी ॥
तूँ गँधरब राजा जग पूजा । गुन चउदह सिख देइ को दूजा ॥
हीरामनि जो तुम्हार परेवा । गा चितउर गढ कीन्हेसि सेवा ॥
तेहि बोलाइ पूछहु ओहि देसू । अउ पूछहु जोगिन्ह कर भेसू ॥
हमरे कहत रहइ नहिँ मानू । वह बोलइ सोई परवाँनू ॥
जहाँ बारि तहँ आउ बरोका । करहु बिआह धरम बड तो का ॥
जो पहिले मन मान न काँधी । परखि रतन गाँठी तब बाँधी ॥

दोहा ।

रतन छपाए ना छपइ पारख होइ सो परीख ।
घालि कसउटी दीजिअइ कनक कचउरी भीख ॥ २८१ ॥

तउ = तदा = तर्हि । महेस = महेश = महादेव । उठि = उत्थाय = उठ कर । कीन्ह = अकृत = किया । बसीठी = विशिष्टत्व = दूतत्व = दूत का काम । पहिलइँ = पहले = प्रथमे । कडुइ = कटु = कडुई । अंत = अन्त्य = आखिर । होइ = भवति = होती है । मीठी = मिष्ट । तूँ = त्वम् = तैं । गँधरब = गन्धर्व = गन्धर्व-सेन । जग = जगत् = संसार । पूजा = पूज्य । गुन = गुण । चउदह = चतुर्दश = चौदह । सिख = शिक्षा । देइ = दद्यात् = देवे । को = कः = कौन । दूजा = द्वितीय = दूसरा । हीरामनि = हीरामणि शुक । जो = जो = यः । तुम्हार = तुम्हारा = तव । परेवा = पारावत = पक्षी । गा = अगात् = गया । चितउर = चित्र-वर वा चित्र-पुर । गढ = गाढ = दुर्ग = किला । कीन्हेसि = अकृत =

किया । सेवा = टहल = खिदमत । तेहि = तम् = तिसे = उसे । बोलाइ = आहूय = आवाद्य = बुला कर । पूछहु = पृच्छथ = पूछिए । ओहि = तस्य = उस का । देसू = देश । अउ = अपि = और । जोगिन्ह कर = योगिनाम् = योगिओं का । भेसू = वेष । हमरे = अस्माकम् = हमारे । कहत = कथने = कहने में । रहइ = रहता है (तिष्ठति) । मानू = मान = आदर । वह = सः । बोलइ = वदेत् = बोले । सोई = स एव = वही । परवाँनू = प्रमाण । जहाँ = यत्र । बारि = वालिका = बाला = कन्या । तहँ = तत्र = तहाँ । आउ = आयात् = आया । बरोका = वर ओका = उस का वर । करहु = कुर्वथ = कीजिए । बिआह = विवाह = व्याह । धरम = धर्म = पुण्य । तो का = तवक = तुझे = तुझ को । मन = मनसि । मान = मानइ = मन्यते । काँधी = स्कन्धी = कन्धा देनेवाला = आधार देने-वाला । परखि = परीक्ष्य = परीक्षा कर = परख कर । रतन = रत्न । गाँठी = ग्रन्थि = गाँठ । तब = तदा । बाँधी = बाँधइ (बध्नाति) का भूत-काल, स्त्रीलिङ्ग, प्रथम-पुरुष, एक-वचन ॥

छपाए = छिपाने से = चपयन् । ना = न = नहीं । छपइ = चपति = छिपता है । पारख = पारखी = परीक्षक । होइ = भवेत् = स्यात् = हो । सो = सो = वह । परीख = परीक्षेत = परखे । घालि = घाल कर = कर्षयित्वा = कस कर । कसउटी = कषवटी = कसौटी । दीजिअइ = दीयेत = दीजिए । कनक = सुवर्ण = सोना । कचउरी = कचौरी = सोने ताँबे का मेल । भीख = भिक्षा ॥

